Kulakar-Pad (Segment of clan founders) 547
Vakshaskar-Pad (Segment of vakshaskar) 548
Kalp-Pad (Segment of divine realms) 549
Pratima-Pad (Segment of special codes) 550
Jiva-Pad (Segment of living beings) 551
Shatayushk-Pad (Segment of hundred years of age) 552
Trinavanaspati-Pad (Segment of gramineous plants) 553
Shreni-Pad (Segment of ranges) 553
Graiveyak-Pad (Segment of graiveyak) 554
Tejasa-Bhasmakaran-Pad (Segment of burning by fire-power) 554
Ashcharyak-Pad (Segment of the miraculous) 559
Kaand-Pad (Segment of sections) 561
Udvedh-Pad (Segment of depth) 562
Nakshatra-Pad (Segment of constellations) 563
Jnanavriddhikar-Pad (Segment of enhancement of knowledge) 563
Kulakoti-Pad (Segment of species) 564
Paap-Karma-Pad (Segment of demeritorious karma) 564
Pudgal-Pad (Segment of matter) 566

Appendix **567-576**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ॐ नमो समणस्स भगवओ महावीरस्स

Om Namo Samanassa Bhagavao Mahavirassa

पंचमगणहर–सिरिसुहम्मसामिविरइयं तइयं अंगं

ठाणं

पंचमगणधर–श्रीसुधर्मास्वामिविरचिततृतीयअंग

स्थानांग

The third Anga Agam by the fifth Ganadhar,
Shri Sudharma Swami

THANAM

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चतुर्थ स्थान : चतुर्थ उद्देशक
FOURTH STHAAN (Place Number Four) : FOURTH LESSON

प्रसर्पक-पद PRASARPAK-PAD (SEGMENT OF ITINERANT)

५०९. चत्तारि पसप्पगा पण्णत्ता, तं जहा–(१) अणुप्पण्णाणं भोगाणं उप्पाएत्ता एगे पसप्पए, (२) पुव्वुप्पण्णाणं भोगाणं अविप्पओगेणं एगे पसप्पए, (३) अणुप्पण्णाणं सोक्खाणं उप्पाइत्ता एगे पसप्पए, (४) पुव्वुप्पण्णाणं सोक्खाणं अविप्पओगेणं एगे पसप्पए।

५०९. प्रसर्पक चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई अप्राप्त भोगों को प्राप्त करने के लिए देश-विदेश में भ्रमण करता है, (२) कोई भोग जनित प्राप्त भोगों के संरक्षण के लिए, (३) कोई अप्राप्त सुखों को प्राप्त करने के लिए, और (४) कोई प्राप्त सुखों के संरक्षण के लिए प्रयत्न करता रहता है।

509. *Prasarpak* (itinerants) are of four kinds—(1) Someone takes to itinerant life (moving around within and outside the country) in order to seek unobtained *bhogas* (enjoyments). (2) Someone takes to itinerant life in order to sustain obtained experiences. (3) Someone takes to itinerant life in order to seek unavailable happiness (through gratifying experiences). (4) Someone takes to itinerant life in order to sustain available happiness.

आहार-पद AHAR-PAD (SEGMENT OF FOOD)

५१०. णेरइयाणं चउव्विहे आहारे पण्णत्ते, तं जहा–इंगालोवमे, मुम्मुरोवमे, सीतले, हिमसीतले।

५१०. नारकीय जीवों का आहार चार प्रकार का है-(१) **अंगारोपम**–अंगार के समान अल्पकालीन दाह उत्पन्न करने वाला, (२) **मुर्मुरोपम**–मुर्मुर भोभर की अग्नि के समान दीर्घकाल तक दाह उत्पन्न करने वाला, (३) **शीतल**–शीत वेदना उत्पन्न करने वाला, और (४) **हिमशीतल**–अत्यन्त शीत वेदना उत्पन्न करने वाला आहार।

510. The *ahar* (food) of *naarakiya jivas* (infernal beings) is of four kinds—**(1) angaropam (spark-like)**—that which gives spark-like short lived suffering of burn, **(2) murmuropam (oven-like)**—that which gives sustained suffering of burn like hot ash of a oven, **(3) sheetal (cold)**—which gives suffering of cold and **(4) himasheetal (ice-like cold)**—which gives extreme suffering of intense cold.

विवेचन–जिन नरकों में उष्णवेदना निरन्तर रहती है, वहाँ के नारक अंगारोपम और मुर्मुरोपम मृत्तिका का आहार करते हैं और जिन नरकों में शीतवेदना निरन्तर रहती है वहाँ के नारक शीतल

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

और हिमशीतल मृत्तिका का आहार करते हैं। पहले नरक से लेकर तीसरे नरक तक उष्णवेदना और चौथे से आगे सातवें तक शीतवेदना उत्तरोत्तर अधिक-अधिक पाई जाती है।

Elaboration—The infernal beings of hells, where heat-suffering is a norm, eat spark-like and ember-like clay. The infernal beings of hells, where cold-suffering is a norm, eat cold and icy clay. From first hell to the third hell there is a gradual increase in heat-suffering and from fourth to seventh hell there is a gradual increase in cold-suffering.

५११. तिरिक्खजोणियाणं चउव्विहे आहारे पण्णत्ते, तं जहा—कंकोवमे, बिलोवमे, पाणमंसोवमे, पुत्तमंसोवमे।

५११. तिर्यक्योनिक जीवों का आहार चार प्रकार का है—(१) **कंकोपम**—कंक[१] पक्षी के आहार के समान सुभक्ष्य और सुपाच्य आहार; (२) **बिलोपम**—बिना चबाये निगला जाने वाला आहार। जैसे—सर्प, मछली आदि; (३) **पाण—मांसोपम**—चण्डाल के मांस के समान घृणित आहार; और (४) **पुत्र—मांसोपम**—पुत्र के मांस-सदृश निन्द्य और कठिनाई से खाया जाने वाला आहार।

511. The *ahar* (food) of *tiryakyonik jivas* (animal beings) is of four kinds—**(1) kankopam (kank-like)**—food that is easy to eat and digest like the food of bird Kank[1] (white kite or heron), **(2) bilopam (swallowed food)**—food that is swallowed without chewing (as done by snake and fish), **(3) paan-masopam**—detestable meat like that of a low born (*chandal*) and **(4) putra-mamsopam (like son's flesh)**—detestable and unpalatable food like son's flesh.

५१२. मणुस्साणं चउव्विहे आहारे पण्णत्ते, तं जहा—असणे, पाणे, खाइमे, साइमे।

५१२. मनुष्यों का आहार चार प्रकार का है—(१) **अशन**—चौबीस प्रकार के धान्यादि से बनी रोटी, दाल आदि का भोजन, (२) **पान**—पानी आदि पेय पदार्थ, (३) **खाद्य**—गुड़, शक्कर, मेवा, फल, मिष्ठान आदि, और (४) **स्वाद्य**—लौंग, इलायची, पान-सुपारी औषध आदि सुगन्धित पदार्थ।

512. The *ahar* (food) of *manushyas* (human beings) is of four kinds—**(1) Ashan**—staple food made from twenty four kinds of grains including wheat, rice, pulses, etc. **(2) Paan**—That which is drunk, such as water, juice, etc. **(3) Khadya**—all other eatables including jaggery, sugar, dry-fruits, fruits, sweets etc. **(4) Svadya**—Cardamom, clove, beetle-leaf, and suchlike fragrant things.

---

१. कंक नामक पक्षी दुष्पाच्य आहार को भी सुख से खाता है और सुख से पचा लेता है-टीका पत्र, २५१।

1. *Kank* (white kite) conveniently eats and digests unpalatable and indigestible food. (*Tika*, leaf 251)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५१३. देवाणं चउव्विहे आहारे पण्णत्ते, तं जहा–वण्णमंते, गंधमंते, रसमंते, फासमंते।

५१३. देवों का आहार चार प्रकार का होता है–(१) वर्णवान्–उत्तम वर्ण (रंग) वाला, (२) गन्धवान्–उत्तम सुगन्ध वाला, (३) रसवान्–उत्तम मधुर रस वाला, और (४) स्पर्शवान्–मृदु और स्निग्ध स्पर्श वाला।

513. The *ahar* (food) of *devas* (divine beings) is of four kinds—**(1) Varnavaan**—of good colour, **(2) gandhavaan**—of excellent smell, **(3) rasavaan**—of good and sweet taste and **(4) sparshavaan**—having soft and smooth touch.

विवेचन–देव और नारक जीव कवलाहार नहीं करते है, वे मन से ही पुद्गलों का आकर्षण कर रोमाहार करते हैं। तिर्यंच तथा मनुष्य कवलाहार करते हैं।

Elaboration—Divine and infernal beings do not eat morsels through mouth. They mentally draw particles and ingest through body-pores. Animals and human beings eat morsels through mouth.

आशीविष–पद ASHIVISH-PAD (SEGMENT OF THE POISONOUS)

५१४. चत्तारि जातिआसीविसा पण्णत्ता, तं जहा–विच्छुयजातिआसीविसे, मंडुक्कजातिआसीविसे, उरगजातिआसीविसे, मणुस्सजातिआसीविसे।

विच्छुयजातिआसीविसस्स णं भंते ! केवइए विसए पण्णत्ते ?

पभू णं विच्छुयजातिआसीविसे अद्धभरहप्पमाणमेत्तं बोंदिं विसेणं विसपरिणयं विसट्टमाणिं करित्तए। विसए से विसट्टताए, णो चेव णं संपत्तीए करेंसु वा करेंति वा करिस्संति वा।

मंडुक्कजातिआसीविसस्स [णं भंते ! केवइए विसए पण्णत्ते] ?

पभू णं मंडुक्कजातिआसीविसे 'भरहप्पमाणमेत्तं बोंदिं विसेणं विसपरिणयं विसट्टमाणिं' [करित्तए। विसए से विसट्टताए, णो चेव णं संपत्तीए करेंसु वा करेंति वा] करिस्संति वा।

उरगजाति [आसीविसस्स णं भंते ! केवइए विसए पण्णत्ते] ?

पभू णं उरगजातिआसीविसे जंबुद्दीवपमाणमेत्तं बोंदिं विसेणं विसपरिणयं विसट्टमाणिं करित्तए। विसए से विसट्टताए, णो चेव णं (संपत्तीए करेंसु वा करेंति वा) करिस्संति वा।

मणुस्सजाति (आसीविसस्स णं भंते ! केवइए विसए पण्णत्ते) ?

पभू णं मणुस्सजातिआसीविसे समयखेत्तपमाणमेत्तं बोंदिं विसेणं विसपरिणतं विसट्टमाणिं करेत्तए। विसए से विसट्टताए, णो चेव णं (संपत्तीए करेंसु वा करेंति वा) करिस्संति वा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५१४. चार प्रकार के जीव जाति (जन्म) से आशीविष होते हैं, जैसे-(१) वृश्चिक, (२) मेंढक, (३) सर्प, और (४) मनुष्य।

प्रश्न-भगवन् ! जाति-आशीविष वृश्चिक के विष में कितना सामर्थ्य होता है ?

उत्तर-गौतम ! जाति-आशीविष वृश्चिक अपने विष के प्रभाव से आधे भरत क्षेत्र प्रमाण क्षेत्र में रहने वाले शरीरों को विष-परिणत (व्याप्त) और विदलित कर सकता है। उसके विष में इतना सामर्थ्य है, किन्तु कार्य रूप में न कभी उसने अपने इस सामर्थ्य-शक्ति का उपयोग किया है, न वर्तमान में करता है और न भविष्य में कभी करेगा।

प्रश्न-भगवन् ! जाति-आशीविष मेंढक के विष में कितना सामर्थ्य है ?

उत्तर-गौतम ! जाति-आशीविष मेंढक अपने विष के प्रभाव से भरत क्षेत्र-प्रमाण प्रदेश में रहने वाले शरीरों को विष से व्याप्त और विष विदलित करने के लिए समर्थ है। उसके विष में इतना सामर्थ्य है, किन्तु न कभी उसने अपने इस सामर्थ्य का उपयोग किया है, न वर्तमान में करता है और न भविष्य में करेगा।

प्रश्न-भगवन् ! जाति-आशीविष सर्प के विष का कितना सामर्थ्य है ?

उत्तर-गौतम ! जाति-आशीविष सर्प अपने विष के प्रभाव से जम्बूद्वीप प्रमाण (एक लाख योजन वाले) प्रदेश में रहने वाले शरीरों को विष-परिणत और विदलित करने में लिए समर्थ है। उसके विष में इतना सामर्थ्य मात्र है, किन्तु न कभी उसने इस सामर्थ्य का उपयोग किया है, न करता है और न कभी करेगा।

प्रश्न-भगवन् ! जाति-आशीविष मनुष्य के विष का कितना सामर्थ्य है ?

उत्तर-गौतम ! जाति-आशीविष मनुष्य अपने विष के प्रभाव से समय क्षेत्र-प्रमाण (पैंतालीस लाख योजन) क्षेत्र में रहने वाले शरीरों को विष-परिणत और विदलित करने में लिए समर्थ है। उसके विष में इतना सामर्थ्य मात्र है, किन्तु न कभी उसने इस सामर्थ्य का उपयोग किया है, न करता है और न कभी करेगा।

514. Four kinds of beings are *jati-ashivish* (poisonous by birth—(1) *vrishchik* (scorpion), (2) *mendhak* (frog), (3) *sarp* (snake) and (4) *manushya* (man).

(Question) *Bhagavan* ! How strong is the venom of *jati-ashivish vrishchik* (venomous breed of scorpion) ?

(Answer) Gautam ! A *jati-ashivish vrishchik* can harm bodies living in half the area of Bharat. Its venom is as strong as that but it did not, does not and will not ever employ all that strength.

(Question) *Bhagavan* ! How strong is the venom of *jati-ashivish mendhak* (venomous breed of frog) ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जाति आशीविष

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय-१

Illustration No. 1

जाति आशीविष

दृश्य–१

जिसके जन्म से ही दाढ़ों में अथवा जन्मजात विष होता है, उसे **जाति आशीविष** कहा जाता है।

(१) बिच्छू की पूँछ में जहर होता है। अति विशालकाय बिच्छू के विष में इतनी उत्कृष्ट सामर्थ्य होती है कि वह क्रमशः फैलता हुआ आधे भरत क्षेत्र तक फैल सकता है।

(२) मेंढक की दाढ़ों में रहे विष का उत्कृष्ट प्रभाव सम्पूर्ण छह खण्ड भरत क्षेत्र तक व्याप्त हो सकता है।

(३) सर्प जाति के विष का उत्कृष्ट प्रभाव सम्पूर्ण जम्बूद्वीप तक फैल सकता है।

(४) मनुष्य अपने मुख (दाढ़ों) के विष से सम्पूर्ण ढाई द्वीप तक को प्रभावित कर सकता है। किन्तु आज तक किसी ने इतनी सामर्थ्य का उपयोग नहीं किया है।

–स्थान ४, सूत्र ५१४

करण्डक

दृश्य–२

(१) **चर्मकार करण्डक**–जिसमें चमड़े के टुकड़े या चमड़ा छीलने के औजार रखे रहते हैं।

(२) **वेश्या करण्डक**–वेश्या अपनी पेटी में लाख, पीतल, चाँदी आदि के साधारण आभूषण भरकर रखती है।

(३) **गृहपति करण्डक**–श्रेष्ठी अपने बक्से में सोने, मोती आदि के कीमती आभूषण रखता है।

(४) **राज–करण्डक**–राजा अपने बक्से में अत्यन्त मूल्यवान हीरे आदि के आभूषण रखता है।

ये चारों क्रमशः एक–दूसरे से श्रेष्ठ माने गये हैं।

–स्थान ४, सूत्र ५४१

JATI-ASHIVISH

First Illustration

A *jati-ashivis* being is poisonous by birth.

(1) A scorpion has poison in its tail. The poison of a giant scorpion is so strong that spreading gradually it can harm bodies living in half the area of Bharat.

(2) The venom of a frog can harm bodies living in the whole area of Bharat.

(3) The venom of a snake can harm bodies living in the whole area of Jambu Dveep.

(4) The venom of a man can harm bodies living in the whole area of Adhai Dveep. However no one has ever employed all that strength.

—Sthaan 4, Sutra 514

KARANDAK

Second Illustration

(1) Box of a shoemaker—contains leather cutting tools and pieces of leather.

(2) Box of a prostitute—contains ordinary ornaments made of silver, brass shellac etc.

(3) Box of householder—contains costly ornaments made of real pearls and gold.

(4) Box of a king contains invaluable diamond studded ornaments.

Each one of these is better than the preceding one.

—Sthaan 4. Sutra 541

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(Answer) Gautam ! A *jati-ashivish mendhak* can harm bodies living in the whole area of Bharat. Its venom is as strong as that but it did not, does not and will not ever employ all that strength.

(Question) *Bhagavan* ! How strong is the venom of *jati-ashivish sarp* (venomous breed of snake) ?

(Answer) Gautam ! A *jati-ashivish sarp* can harm bodies living in the whole area of Jambu Dveep (one hundred thousand *Yojans*). Its venom is as strong as that but it did not, does not and will not ever employ all that strength.

(Question) *Bhagavan* ! How strong is the venom of *jati-ashivish manushya* (venomous breed of man) ?

(Answer) Gautam ! A *jati-ashivish manushya* can harm bodies living in the whole area of *Samaya Kshetra* (fourty five hundred thousand *Yojans*). Its venom is as strong as that but it did not, does not and will not ever employ all that strength.

विवेचन–आशी का अर्थ दाढ़ है। जाति अर्थात् जन्म से ही जिनकी दाढ़ों में विष होता है, उन्हें जाति-आशीविष कहा जाता है। यद्यपि वृश्चिक (बिच्छू) की पूँछ में विष होता है, किन्तु जन्म-जात विषवाला होने से उसकी भी गणना जाति-आशीविषों के साथ की गई है।

प्रस्तुत सूत्र में जिन चार प्रकार के आशीविष जीवों के विष के सामर्थ्य का निरूपण किया है, वे सभी जीव आगम-प्ररूपित उत्कृष्ट शरीरावगाहना वाले जानने चाहिए। मध्यम या जघन्य अवगाहना वालों के विष में इतना सामर्थ्य नहीं होता। इसका एक भाव यह भी हो सकता है कि ये जीव इतने क्षेत्र में ही पाये जाते हैं। इसलिए उनका क्षेत्र सूचित किया हो।

हिन्दी टीकाकार ने इन सूत्रों का स्पष्टीकरण करते हुए कहा है बिच्छू के डंक में संखिया विष होता है। बिच्छू ने किसी को डंक मारा, उस प्राणी का शव किसी मांसाहारी जीव ने खाया तो वह भी विषाक्त होता जायेगा। इस प्रकार परम्परा में वह विष फैलता हुआ आधे भरत क्षेत्र तक फैल सकता है।

बिच्छू व उरग जाति के प्राणियों में विष होता है, यह तो सभी जानते हैं, किन्तु मनुष्य जाति के दाढ़ों में इतना उग्र विष होता है, यह सर्व ज्ञात नहीं है। कहा जाता है जिस मनुष्य ने जीवनभर खटाई, मिठाई और नमक नहीं खाया हो उसके रक्त में अत्यधिक तेज विष होता है, वह कुपित होकर किसी को काट ले तो उसके सम्पूर्ण शरीर में विष व्याप्त हो जायेगा। विषैले जीव भी मनुष्य को काटने से मर जाते हैं। मनुष्य के विष का प्रभाव सम्पूर्ण मनुष्य क्षेत्र तक व्याप्त हो सकता है। साथ ही शास्त्रकार यह भी कहते हैं कि उनके विष में इतनी शक्ति तो है, परन्तु आज तक ऐसा किसी प्राणी ने प्रयोग नहीं किया। *(हिन्दी टीका भाग १ पृष्ठ १०२५)*

Elaboration—*Ashi* means molar teeth. *Jati-ashivish* are beings having venomous teeth or fangs by birth. Although scorpion has poison in its tail it has been included here because it is also poisonous by birth.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

This aphorism describes the strength of the venom of four kinds of beings that are poisonous by birth. The body size of the beings mentioned here should be taken to be the maximum mentioned in *Agams*. The venom of those with medium and minimum size is not so potent. Another interpretation of these statements could be that the area covered refers to the availability of the poisonous beings referred therein.

The commentator (*Tika*), explaining these aphorisms states—"Sting of a scorpion contains arsenic. If a scorpion stings an animal the arsenic kills it. This toxic dead body when consumed by some carnivore transfers the toxicity into the body of the flesh eater. If this process continues in progression, the toxicity may spread in an area equivalent to half the area of Bharat.

The fact that scorpion and reptiles are poisonous is universally known but the molars of human beings also contain so strong a poison is a lesser known fact. It is said that the blood of a person who strictly avoids sour, sweet, and salty things becomes highly toxic. If such person bites someone in a fit of anger this poison will spread throughout his body. Even poisonous beings die when they bite such person. The area where this toxicity may spread is said to be the whole area inhabited by human beings. However, the author also adds that although their poison is so strong no being has ever used the poison to that effect. *(Hindi Tika, part 1. p. 1025)*

व्याधि–चिकित्सा–पद VYADHI CHIKITSA-PAD (SEGMENT OF TREATMENT OF AILMENTS)

५१५. चउव्विहे वाही पण्णत्ते, तं जहा–वातिए, पित्तिए, सिंभिए, सण्णिवातिए।

५१५. व्याधियाँ चार प्रकार की होती हैं–(१) वातिक–वायु के विकार से उत्पन्न होने वाली, (२) पैत्तिक–पित्त शास्त्र विकार से उत्पन्न होने वाली, (३) श्लेष्मिक–कफ के विकार से उत्पन्न होने वाली, और (४) सान्निपातिक–वात, पित्त और कफ के सम्मिलित विकार से उत्पन्न होने वाली व्याधि।

515. *Vyadhis* (ailments) are of four kinds—(1) *vatik*—caused due to disturbed *vaayu* (air), (2) *paittik*—caused due to disturbed *pitta* (bile), (3) *shleshmik*—caused due to disturbed *kaf* (phlegm) and (4) *sannipatik*—caused due to combined disturbance of all the three said body humours.

५१६. चउव्विहा तिगिच्छा पण्णत्ता, तं जहा–विज्जो, ओसधाइं, आउरे, परियारए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५१६. चिकित्सा के चार अंग हैं–(१) वैद्य, (२) औषध, (३) आतुर (रोगी), और (४) परिचारक (परिचर्या करने वाला)।

516. There are four organs of *chikitsa* (treatment)—(1) *vaidya* (doctor), (2) *aushadh* (medicine), (3) *aatur* (patient) and (4) *paricharak* (nurse)

५१७. चत्तारि तिगिच्छगा पण्णत्ता, तं जहा–आततिगिच्छए णाममेगे णो परतिगिच्छए, परतिगिच्छए णाममेगे णो आततिगिच्छए, एगे आततिगिच्छएवि परतिगिच्छएवि, एगे णो आततिगिच्छए णो परतिगिच्छए।

५१७. चिकित्सक (वैद्य) चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई वैद्य अपनी चिकित्सा करता है, दूसरे की नहीं करता; (२) कोई दूसरे की चिकित्सा करता है, अपनी नहीं करता; (३) कोई अपनी भी चिकित्सा करता है और दूसरे की भी करता है; तथा (४) कोई न अपनी चिकित्सा करता है और न दूसरे की ही करता है।

517. *Chikitsak* (doctors) are of four kinds—(1) some doctor cures himself and not others, (2) some doctor cures others and not himself, (3) some doctor cures himself as well as others and (4) some doctor neither cures himself nor others.

व्रणकर–पद VRANKAR-PAD

५१८. चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–वणकरे णाममेगे णो वणपरिमासी, वणपरिमासी णाममेगे णो वणकरे, एगे वणकरेवि वणपरिमासीवि, एगे णो वणकरे णो वणपरिमासी।

५१८. व्रण (ऑप्रेशन या शल्यचिकित्सा) करने वाले पुरुष चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई चिकित्सक व्रण–(घाव) करता है, किन्तु उसका परिमर्श–अच्छी प्रकार सफाई आदि नहीं करता; (२) कोई व्रण (घाव) का परिमर्श–(सफाई) करता है, किन्तु व्रण नहीं करता; (३) कोई व्रण भी करता है और व्रण–परिमर्श भी करता है; तथा (४) कोई न व्रण करता है और न व्रण का परिमर्श करता है।

518. There are four kinds of men who do surgery (*vran*)—(1) some doctor incises but does not clean the wound (*vran-parimarsh*), (2) some doctor cleans the wound but does not incise, (3) some doctor incises as well as cleans the wound and (4) some doctor neither incises nor cleans the wound.

५१९. चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–वणकरे णाममेगे णो वणसारक्खी, वणसारक्खी णाममेगे णो वणकरे, एगे वणकरेवि वणसारक्खीवि, एगे णो वणकरे णो वणसारक्खी।

५१९. व्रण करने वाले पुरुष चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई व्रण करता है, किन्तु व्रण पर पट्टी आदि बाँधकर उसकी रक्षा नहीं करता; (२) कोई व्रण का संरक्षण करता है, किन्तु व्रण नहीं करता;

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(३) कोई व्रण करता है और उसका संरक्षण भी करता है; तथा (४) कोई न व्रण करता है और न उसका संरक्षण करता है।

519. There are four kinds of men who do surgery (*vran*)—(1) some doctor incises but does not protect the wound by bandaging (*vran-samrakshan*), (2) some doctor protects the wound by bandaging but does not incise, (3) some doctor incises as well as protects the wound by bandaging and (4) some doctor neither incises nor protects the wound by bandaging.

५२०. चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा—वणकरे णाममेगे णो वणसंरोही, वणसंरोही णाममेगे णो वणकरे, एगे वणकरेवि वणसंरोहीवि, एगे णो वणकरे णो वणसंरोही।

५२०. व्रणकर करने वाले पुरुष चार प्रकार के होते हैं–(१) **व्रण कर, न व्रणसंरोही**–कोई व्रण करता है, किन्तु व्रणसंरोही नहीं होता अर्थात् घाव भरने के लिए औषधि नहीं देता; (२) कोई व्रणसंरोही होता है (घाव भरने की दवा देता है), किन्तु व्रण नहीं करता; (३) कोई व्रण भी करता है और व्रणसंरोही भी होता है; तथा (४) कोई न व्रणकर होता है और न व्रणसंरोही ही होता है।

520. There are four kinds of men who do surgery (*vran*)—(1) some doctor incises but does not administer healing medicine (*vran-samrohi*), (2) some doctor administers healing medicine but does not incise, (3) some doctor incises as well as administers healing medicine and (4) some doctor neither incises nor administers healing medicine.

अन्त–बहिर्व्रण–पद ANTARBAHIRVRAN-PAD (SEGMENT OF INNER AND OUTER INFECTION)

५२१. चत्तारि वणा पण्णत्ता, तं जहा—अंतोसल्ले णाममेगे णो बाहिंसल्ले, बाहिंसल्ले णाममेगे णो अंतोसल्ले, एगे अंतोसल्लेवि बाहिंसल्लेवि, एगे णो अंतोसल्ले णो बाहिंसल्ले।

एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा—अंतोसल्ले णाममेगे णो बाहिंसल्ले, बाहिंसल्ले णाममेगे णो अंतोसल्ले, एगे अंतोसल्लेवि बाहिंसल्लेवि, एगे णो अंतोसल्ले णो बाहिंसल्ले।

५२१. व्रण चार प्रकार के होते हैं–(१) **अन्तःशल्य, न बहिःशल्य**–कुछ घावों में भीतर शल्य होता है, पर बाहर दिखाई नहीं देता; (२) कुछ घावों के बाहरी सतह पर ही शल्य होता है, भीतर नहीं; (३) कुछ घावों का शल्य बाहर दिखाई देता है और भीतर भी गहरा होता है; तथा (४) कुछ घावों में शल्य न बाहर होता है और न भीतर।

पुरुष भी चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई भीतरी शल्य वाला (गूढ़ कपट वाला) होता है, किन्तु बाहरी शल्य वाला नहीं; (२) कोई बाहरी शल्य वाला होता है, भीतरी शल्य वाला नहीं; (३) कोई भीतरी शल्य वाला भी होता है और बाहरी शल्य वाला भी तथा (४) कोई न भीतरी शल्य वाला होता है और न बाहरी शल्य वाला।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

521. There are four kinds of *vran* (wounds)—(1) some *vran* (wound) has infection (*shalya*) inside but it is not visible on the surface, (2) some wound has infection on the surface and not inside, (3) some wound has infection inside as well as on the surface and (4) some wound has infection neither inside nor the surface.

Men are also of four kinds—(1) some man is crooked (*shalya*) inside but not in appearance, (2) some man is deceitful in appearance and not inside, (3) some man is deceitful inside as well as in appearance and (4) some man is deceitful neither inside nor in appearance.

५२२. चत्तारि वणा पण्णत्ता, तं जहा—अंतोदुट्ठे णाममेगे णो बाहिंदुट्ठे, बाहिंदुट्ठे णाममेगे णो अंतोदुट्ठे, एगे अंतोदुट्ठेवि बाहिंदुट्ठेवि, एगे णो अंतोदुट्ठे णो बाहिंदुट्ठे।

एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा—अंतोदुट्ठे णाममेगे णो बाहिंदुट्ठे, बाहिंदुट्ठे णाममेगे णो अंतोदुट्ठे, एगे अंतोदुट्ठेवि बाहिंदुट्ठेवि, एगे णो अंतोदुट्ठे णो बाहिंदुट्ठे।

५२२. व्रण चार प्रकार के होते हैं–(१) अन्तर्दुष्ट, न बहिर्दुष्ट–कोई व्रण भीतर से दुष्ट (विकृत सड़ा-गला) होता है, किन्तु बाहर से दुष्ट नहीं होता; (२) कोई व्रण बाहर से दुष्ट होता है, किन्तु भीतर से दुष्ट नहीं होता; (३) कोई व्रण भीतर से भी दुष्ट होता है और बाहर से भी; तथा (४) कोई व्रण न भीतर से दुष्ट होता है और न बाहर से।

इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई अन्दर से (मन से) दुष्ट होता है, किन्तु बाहर से दुष्ट नहीं होता (दीखने में सौम्य दिखता है); (२) कोई बाहर (आकृति, वाणी व व्यवहार) से दुष्ट होता है, किन्तु भीतर से नहीं होता; (३) कोई अन्दर से भी दुष्ट होता है और बाहर से भी, तथा (४) कोई न अन्दर से दुष्ट होता है और न बाहर से।

522. There are four kinds of *vran* (wounds)—(1) some *vran* (wound) has virulent (*dusht*) infection (*shalya*) inside but not on the surface, (2) some wound has virulent infection on the surface and not inside, (3) some wound has virulent infection inside as well as on the surface and (4) some wound has no virulent infection either inside or on the surface.

Men are also four kinds—(1) some man is evil (*dusht*) inside but not in appearance (appears good), (2) some man is evil in appearance (speech and disposition) and not inside, (3) some man is evil inside as well as in appearance and (4) some man is evil neither inside nor in appearance.

विवेचन–व्रण अर्थात् घाव। व्रण दो प्रकार के होते हैं–(१) बाह्य व्रण–शरीर के किसी अंग में चाकू, सुई, काँटा, काँच आदि नुकीले पदार्थ चुभने से घाव हो जाते हैं, ऐसे घाव बाह्य व्रण कहे जाते हैं। (२) फोड़ा, फुंसी आदि के रूप में फूटकर जो भीतर में घाव का रूप धारण कर लेते हैं, वे अन्तर्व्रण (अन्तःशल्य) कहे जाते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्रव्य-भाव भेद से भी व्रण के दो भेद हैं-शरीर के घाव द्रव्य व्रण हैं, तथा स्वीकृत व्रतों में दोष, अतिचार आदि भाव व्रण है। भाव व्रण की चिकित्सा आलोचना, निंदा, प्रतिक्रमण आदि से होती है। शास्त्र में भावशल्य तीन प्रकार के बताये हैं-(१) माया शल्य, (२) निदान शल्य, और (३) मिथ्यादर्शन शल्य। इन चौभंगियों को द्रव्य, भाव दोनों पक्षों में घटित कर समझना चाहिए। *(संस्कृत वृत्ति भाग २ पृष्ठ ४५४)*

Elaboration—*Vran* means wound. They are of two types—(1) *bahya vran* (outer wound)—the wound made by a sharpe edged thing like knife, needle, thorn, glass etc. (2) *Antar vran*—boil, tumour and other such inner infections that burst open.

There are two classes of wound from the angles of *dravya* (physical) and *bhaava* (mental). Wounds on the body are *dravya-vran* (physical wounds) and transgressions or faults in accepted vows are *bhaava-vran* (mental wounds). The cure of mental wounds is effected through self-criticism, self-reproach and critical review. In scriptures there is a mention of three classes of *bhaava-shalya* (mental thorn)—(1) *maaya shalya* (thorn of deceit), (2) *nidaan shalya* (thorn of desires) and (3) *mithyadarshan-shalya* (thorn of unrighteousness). All these quads should be interpreted both ways, physical and mental.

श्रेयस्-पापीयस्-पद SHREYAS-PAAPIYAS-PAD (SEGMENT OF NOBLE AND IGNOBLE)

५२३. चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा-सेयंसे णाममेगे सेयंसे, सेयंसे णाममेगे पावंसे, पावंसे णाममेगे सेयंसे, पावंसे णाममेगे पावंसे।

५२३. पुरुष चार प्रकार के होते हैं-(१) कोई पुरुष ज्ञान व सद्भाव की अपेक्षा श्रेयान्-श्रेष्ठ/प्रशंसनीय होता है और आचरण की अपेक्षा भी श्रेष्ठ होता है; (२) कोई ज्ञान की अपेक्षा तो श्रेयान् होता है, किन्तु आचरण की अपेक्षा पापीयान् (अत्यन्त निकृष्ट) होता है; (३) कोई मिथ्या-ज्ञान की अपेक्षा पापीयान् होता है, किन्तु आचार की अपेक्षा श्रेयान्; तथा (४) कोई मिथ्या-ज्ञान की अपेक्षा भी पापीयान् और कदाचार की अपेक्षा भी पापीयान् होता है।

523. *Purush* (men) are of four kinds—(1) Some person is shreyan (noble) in terms of right knowledge and good disposition and also in terms of *aachar* (conduct). (2) Some person is *shreyan* (noble) in terms knowledge but *paapiyan* (ignoble) in terms of conduct. (3) Some person is ignoble in terms of false knowledge and noble in terms of conduct. (4) Some person is ignoble in terms of false knowledge as well as conduct.

५२४. चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा-सेयंसे णाममेगे सेयंसेत्तिसालिसए, सेयंसे णाममेगे पावंसेत्तिसालिसए, पावंसे णाममेगे सेयंसेत्तिसालिसए, पावंसे णाममेगे पावंसेत्तिसालिसए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५२४. पुरुष चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई पुरुष ज्ञान की दृष्टि से **श्रेयान्** (श्रेष्ठ) होता है, किन्तु आचरण की दृष्टि से **श्रेयान्सदृश** अर्थात् श्रेष्ठ के समान होता है; (२) कोई ज्ञान की अपेक्षा तो श्रेयान्, किन्तु आचरण की अपेक्षा पापीयान् सदृश होता है; (३) कोई ज्ञान की अपेक्षा पापीयान् किन्तु आचरण की अपेक्षा श्रेयान्सदृश होता है; तथा (४) कोई कु- ज्ञान की अपेक्षा पापीयान् और कदाचरण की अपेक्षा पापीयान् सदृश होता है।

524. *Purush* (men) are of four kinds—(1) Some person is *shreyan* (noble) in terms of knowledge and *shreyan-sadish* (noble-like) in terms of *aachar* (conduct). (2) Some person is noble in terms knowledge but *paapiyan-sadrish* (ignoble-like) in terms of conduct. (3) Some person is ignoble in terms of knowledge and noble-like in terms of conduct. (4) Some person is ignoble in terms of knowledge and ignoble-like in terms of conduct.

५२५. चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–सेयंसे णाममेगे सेयंसेत्ति मण्णति, सेयंसे णाममेगे पावंसेत्ति मण्णति, पावंसे णाममेगे सेयंसेत्ति मण्णति, पावंसे णाममेगे पावंसेत्ति मण्णति।

५२५. पुरुष चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई पुरुष श्रेष्ठ होता है और दूसरों द्वारा भी श्रेष्ठ माना जाता है; (२) कोई श्रेष्ठ होता है, किन्तु दूसरों द्वारा पापात्मा माना जाता है; (३) कोई पापात्मा होता है, किन्तु दूसरों द्वारा श्रेष्ठ माना जाता है; तथा (४) कोई पापात्मा होता है और दूसरों द्वारा भी पापात्मा माना जाता है।

525. *Purush* (men) are of four kinds—(1) Some person is *shreyan* (noble) and accepted as noble by others. (2) Some person is noble but accepted as *paapiyan* (ignoble) by others. (3) Some person is ignoble but accepted as noble by others. (4) Some person is ignoble but accepted as ignoble by others.

५२६. चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–सेयंसे णाममेगे सेयंसेत्तिसालिसए मण्णति, सेयंसे णाममेगे पावंसेत्तिसालिसए मण्णति, पावंसे णाममेगे सेयंसेत्तिसालिसए मण्णति, पावंसे णाममेगे पावंसेत्तिसालिसए मण्णति।

५२६. पुरुष चार प्रकार के होते हैं–(१) **श्रेयान्, श्रेयान्–सदृशम्मन्य**–कोई पुरुष श्रेष्ठ होता है और लोगों द्वारा श्रेष्ठ के समान माना जाता है; (२) **श्रेयान् और पापीयान्–सदृशम्मन्य**–कोई श्रेष्ठ होता है, किन्तु पापात्मा के समान माना जाता है; (३) कोई पापात्मा होता है, किन्तु श्रेष्ठ के समान माना जाता है; तथा (४) कोई पापात्मा होता है और पापात्मा के समान ही माना जाता है।

526. *Purush* (men) are of four kinds—(1) Some person is *shreyan* (noble) and is accepted as *shreyan-sadrish* (noble-like) by others. (2) Some person is noble but accepted as *paapiyan-sadrish* (ignoble-like) by others.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(3) Some person is ignoble and is accepted as noble-like by others. (4) Some person is ignoble and is accepted as ignoble-like by others.

विवेचन–श्रेयान् का अर्थ है–श्रेष्ठ अथवा प्रशंसा योग्य। पापीयान् का अर्थ है–पापात्मा और निन्दनीय। श्रेयान्मन्य का अर्थ है–दूसरों द्वारा ऐसा माना जाता है अथवा स्वयं को ऐसा मानता है। वास्तव में वह कुछ और होता है, परन्तु लोगों में ऐसा माना जाता है। श्रेयान्सदृश का अर्थ है–सर्वथा श्रेष्ठ नहीं है, किन्तु श्रेष्ठ के समान। कुछ आंशिक श्रेष्ठ होते हैं, किन्तु अपने आपको अधिक श्रेष्ठ मानते हैं। कुछ अल्प पापी होते हैं, परन्तु अपने आपको बहुत अधिक पापी मानते हैं। यह सब कथन द्रव्य और भाव की अपेक्षा, अन्तर और बाह्य की अपेक्षा से अनेक चौभंगियों द्वारा कहा जा सकता है। *(हिन्दी टीका, पृ. १०४०-४१)*

Elaboration—*Shreyan* means noble, good or praiseworthy. *Paapiyan* means ignoble, sinner or reprehensible. *Shreyanmanya* means accepted by himself or others as noble. In fact such a person is different than what he is considered. Shreyan-sadrash means noble-like but not exactly noble. Some people are partially noble but believe themselves to be more noble than what they are. Some are partially sinful but believe themselves to be more ignoble than they are. All these statements can be elaborated into many quads from physical and mental or outer and inner angles. *(Hindi Tika pp. 1040-1041)*

आख्यायक–पद AKHYAYAK-PAD (SEGMENT OF COMMENTATOR)

५२७. चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–आघवइत्ता णाममेगे णो पविभावइत्ता, पविभावइत्ता णाममेगे णो आघवइत्ता, एगे आघवइत्तावि पविभावइत्तावि, एगे णो आघवइत्ता णो पविभावइत्ता।

५२७. पुरुष चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई पुरुष प्रवचन का आख्यायक (कथन करने वाला) होता है, किन्तु प्रभावक (शासन की प्रभावना करने वाला) नहीं होता; (२) कोई प्रभावक तो होता है, किन्तु आख्यायक नहीं; (३) कोई आख्यायक भी होता है और प्रभावक भी, तथा (४) कोई न (श्रमण) आख्यायक होता है और न प्रभावक ही।

527. *Purush* (men) are of four kinds—(1) Some person is *akhyayak* (commentator of scriptures) but not *prabhavak* (popularizer of religious order). (2) Some person is *prabhavak* but not *akhyayak*. (3) Some person is *akhyayak* as well as *prabhavak*. (4) Some person is neither *akhyayak* nor *prabhavak*.

५२८. चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–आघवइत्ता णाममेगे णो उंछजीविसंपण्णे, उंछजीविसंपण्णे णाममेगे णो आघवइत्ता, एगे आघवइत्तावि उंछजीविसंपण्णेवि, एगे णो आघवइत्ता णो उंछजीविसंपण्णे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५२८. पुरुष चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई पुरुष आख्यायक (शास्त्र व्याख्याता) तो होता है, किन्तु उञ्छजीविकासम्पन्न (निर्दोष भिक्षाचरी करने वाला) नहीं होता है; (२) कोई उञ्छजीविकासम्पन्न तो होता है, किन्तु आख्यायक नहीं; (३) कोई आख्यायक भी होता है और उञ्छजीविकासम्पन्न भी, तथा (४) कोई न आख्यायक ही होता है और न उञ्छजीविकासम्पन्न।

528. *Purush* (men) are of four kinds—(1) Some person (ascetic) is *akhyayak* (commentator of scriptures) but not *unchhajivika sampanna* (faultless in alms-seeking). (2) Some person is *unchhajivika sampanna* but not *akhyayak*. (3) Some person is *akhyayak* as well as *unchhajivika sampanna*. (4) Some person is neither *akhyayak* nor *unchhajivika sampanna*.

वृक्ष–विक्रिया–पद VRIKSHA-VIKRIYA-PAD (SEGMENT OF DEVELOPMENT OF A TREE)

५२९. चउव्विहा रुक्खविगुव्वणा पण्णत्ता, तं जहा–पवालत्ताए, पत्तत्ताए, पुप्फत्ताए, फलत्ताए।

५२९. वृक्षों की विक्रिया (विकास) चार प्रकार की होती है–(१) प्रवाल (कोंपल) के रूप से, (२) पत्र के रूप से, (३) पुष्प के रूप से, और (४) फल के रूप से।

529. *Vriksha-vikriya* (development of a tree) is of four kinds—(1) in context of *praval* (sprouts), (2) in context of *patra* (leaves), (3) in context of *pushp* (flowers) and (4) in context of *phal* (fruits).

वादि–समवसरण–पद VAADI-SAMAVASARAN-PAD (SEGMENT OF SECTS)

५३०. चत्तारि वादिसमोसरणा पण्णत्ता, तं जहा–किरियावादी, अकिरियावादी, अण्णाणियावादी, वेणइयावादी।

५३०. वादियों के चार समवसरण (समुदाय) हैं–(१) **क्रियावादि–समवसरण**–पुण्य-पाप रूप क्रियाओं को मानने वाले आस्तिकों का समुदाय, (२) **अक्रियावादि–समवसरण**–पुण्य-पापरूप क्रियाओं को नहीं मानने वाले नास्तिकों का समवसरण, (३) **अज्ञानवादि–समवसरण**–अज्ञान को ही शान्ति या सुख का कारण मानने वालों का और (४) **विनयवादि–समवसरण**–सभी जीवों की विनय करने से मुक्ति मानने वालों का समुदाय।

530. *Vadi-samavasaran* (gathering of schools of thought; sects) are of four kinds—(1) *Kriyavadi-samavasaran*—those who believe in salvation through righteous and unrighteous activity (*astik*), (2) *Akriyavadi-samavasaran*—those who do not believe in salvation through righteous and unrighteous activity (*nastik*), (3) *Ajnanavadi-samavasaran*—those who consider ignorance to be the cause of bliss and peace and

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(4) *Vinayavadi-samavasaran*—those believe that salvation can be achieved only through modest behaviour towards all beings.

५३१. णेरइयाणं चत्तारि वादिसमोसरणा पण्णत्ता, तं जहा—किरियावादी, जाव (अकिरियावादी, अण्णाणियावादी) वेणइयावादी। ५३२. एवमसुरकुमाराणवि जाव थणियकुमाराणं। एवं—विगलिंदियवज्जं जाव वेमाणियाणं।

५३१. नारकों के चार समवसरण हैं—(१) क्रियावादि-समवसरण, (२) अक्रियावादी-समवसरण, (३) अज्ञानवादि-समवसरण, और (४) विनयवादि-समवसरण। ५३२. इसी प्रकार असुरकुमारों से लेकर स्तनितकुमारों तक चार-चार वादिसमवसरण कहे हैं। इसी प्रकार विकलेन्द्रियों को छोड़कर वैमानिक-पर्यन्त सभी दण्डकों के चार-चार समवसरण जानना चाहिए।

531. *Naaraks* (infernal beings) have four *vadi-samavasaran* (sects)—(1) *Kriyavadi-samavasaran*, (2) *Akriyavadi-samavasaran*, (3) *Ajnanavadi-samavasaran* and (4) *Vinayavadi-samavasaran*. **532.** In the same way divine beings from Asur Kumars to Stanit Kumars have four *vadi-samavasaran* (sects) each. In the same way except *vikalendriya* (two to four sensed) beings all beings belonging to all *dandaks* (places of suffering) up to *Vaimanik* gods have four *vadi-samavasaran* (sects) each.

विवेचन—जहाँ पर विभिन्न मत वाले एकत्र हों, उस स्थान को समवसरण कहते हैं। भगवान महावीर के समय में सूत्रोक्त चारों प्रकार के वादियों के समवसरण (समुदाय) थे और उनके भी उत्तर भेद बहुत थे, जैसे-(१) क्रियावादियों के १८०, (२) अक्रियावादियों के ८४, (३) अज्ञानवादियों के ६७, और (४) विनयवादियों के ३२ उत्तरभेद।

इस प्रकार भगवान महावीर के समय में तीन सौ तिरेसठ वादियों के होने का उल्लेख श्वेताम्बर और दिगम्बर दोनों सम्प्रदाय के ग्रन्थों में पाया जाता है।

Elaboration—A place where people belonging to different schools of thought (vaadi) congregate is called *samavasaran*. During the period of Bhagavan Mahavir aforesaid four sects existed. These four sects had numerous branches each—(1) Kriyavadis—180 sub-sects, (2) Akriyavadi-84 sub-sects, (3) Ajnanavadi—67 sub-sects and (4) Vinayavadi—32 sub-sects. The mention of these three hundred sixty three *vaadis* (sects) contemporary to Bhagavan Mahavir is available in both Digambar as well as Shvetambar scriptures.

मेघ-पद MEGH-PAD (SEGMENT OF CLOUDS)

५३३. चत्तारि मेहा पण्णत्ता, तं जहा—गज्जित्ता णाममेगे णो वासित्ता, वासित्ता णाममेगे णो गज्जित्ता, एगे गज्जित्तावि वासित्तावि, एगे णो गज्जित्ता णो वासित्ता।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा—गज्जित्ता णाममेगे णो वासित्ता, वासित्ता णाममेगे णो गज्जित्ता, एगे गज्जित्तावि वासित्तावि, एगे णो गज्जित्ता णो वासित्ता।

५३३. मेघ चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई मेघ (बादल) गरजता है, किन्तु बरसता नहीं; (२) कोई मेघ बरसता है, किन्तु गरजता नहीं; (३) कोई मेघ गरजता भी है और बरसता भी है; तथा (४) कोई मेघ न गरजता है और न बरसता ही है।

इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई पुरुष गरजता है, किन्तु बरसता नहीं। अर्थात् बड़े-बड़े कामों को करने की उद्घोषणा व प्रतिज्ञाएँ करता है, किन्तु उन कामों को पूरा नहीं करता है; (२) कोई बरसता है, कार्यों को पूर्ण करता है, किन्तु गरजता नहीं, उद्घोषणा नहीं करता; (३) कोई कार्यों को करने की गर्जना भी करता है और उन्हें पूरा भी करता है; तथा (४) कोई कार्यों को करने की न घोषणा करता है और न उन्हें पूरा करता ही है।

533. *Megh* (clouds) are of four kinds—(1) Some cloud thunders but does not rain. (2) Some cloud rains but does not thunder. (3) Some cloud thunders as well as rains. (4) Some cloud neither rains nor thunders.

In the same way *purush* (men) are of four kinds—(1) Some man thunders but does not rain. In other words he boasts and promises about great deeds but does not accomplish them. (2) Some man rains but does not thunder. In other words he acts and does not boast. (3) Some man thunders as well as rains. In other words he acts as well as boasts. (4) Some man neither rains nor thunders. In other words he neither acts nor boasts.

५३४. चत्तारि मेहा पण्णत्ता, तं जहा—गज्जित्ता णाममेगे णो विज्जुयाइत्ता, विज्जुयाइत्ता णाममेगे णो गज्जित्ता, एगे गज्जित्तावि विज्जुयाइत्तावि, एगे णो गज्जित्ता णो विज्जुयाइत्ता।

एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा—गज्जित्ता णाममेगे णो विज्जुयाइत्ता, विज्जुयाइत्ता णाममेगे णो गज्जित्ता, एगे गज्जित्तावि विज्जुयाइत्तावि, एगे णो गज्जित्ता णो विज्जुयाइत्ता।

५३४. मेघ चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई मेघ गरजता है, किन्तु चमकता नहीं है; (२) कोई मेघ चमकता है, किन्तु गरजता नहीं है; (३) कोई मेघ गरजता भी है और चमकता भी है; और (४) कोई मेघ न गरजता है न चमकता है।

इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई पुरुष दानादि करने की घोषणा गर्जना–तो करता है, किन्तु चमकता नहीं अर्थात् देता नहीं है; (२) कोई दानादि देकर चमकता तो है, किन्तु घोषणा नहीं करता; (३) कोई गर्ज कर घोषणाएँ भी करता है और देकर चमकता भी है; तथा (४) कोई न घोषणा करता है और न देकर के चमकता ही है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

534. *Megh* (clouds) are of four kinds—(1) Some cloud thunders but does not flash (flash of lightening). (2) Some cloud flashes but does not thunder. (3) Some cloud thunders as well as flashes. (4) Some cloud neither flashes nor thunders.

In the same way *purush* (men) are of four kinds—(1) Some man thunders (boasts of donating) but does not flash (donate). (2) Some man flashes (donates) but does not thunder (boast of donating). (3) Some man thunders (boasts of donating) as well as flashes (donates). (4) Some man neither flashes (boasts of donating) nor thunders (donates).

५३५. चत्तारि मेहा पण्णत्ता, तं जहा—वासित्ता णाममेगे णो विज्जुयाइत्ता, विज्जुयाइत्ता णाममेगे णो वासित्ता, एगे वासित्तावि विज्जुयाइत्तावि, एगे णो वासित्ता णो विज्जुयाइत्ता।

एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा—वासित्ता णाममेगे णो विज्जुयाइत्ता, विज्जुयाइत्ता णाममेगे णो वासित्ता, एगे वासित्तावि विज्जुयाइत्तावि, एगे णो वासित्ता णो विज्जुयाइत्ता।

५३५. मेघ चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई मेघ बरसता है, किन्तु चमकता नहीं; (२) कोई मेघ चमकता है, किन्तु बरसता नहीं; (३) कोई मेघ बरसता भी है और चमकता भी है; तथा (४) कोई मेघ न बरसता है और न चमकता ही है।

इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई पुरुष दानादि देता है, किन्तु उसका दिखावा या प्रदर्शन नहीं करता (२) कोई दानादि देने की बड़ी-बड़ी बातें करता है, किन्तु देता कुछ नहीं; (३) कोई दानादि की वर्षा भी करता है और उसका दिखावा कर चमकता भी है; तथा (४) कोई न दानादि की वर्षा करता है और न देकर के चमकता ही है।

535. *Megh* (clouds) are of four kinds—(1) Some cloud rains but does not flash (flash of lightening). (2) Some cloud flashes but does not rain. (3) Some cloud rains as well as flashes. (4) Some cloud neither flashes nor rains.

In the same way *purush* (men) are of four kinds—(1) Some man rains (donates) but does not flash (flaunt about his donation). (2) Some man flashes (flaunts about donating) but does not rain (donate). (3) Some man rains (flaunts about donating) as well as flashes (donates). (4) Some man neither flashes (flaunts about donating) nor rains (donates).

५३६. चत्तारि मेहा पण्णत्ता, तं जहा—कालवासी णाममेगे णो अकालवासी, अकालवासी णाममेगे णो कालवासी, एगे कालवासीवि अकालवासीवि, एगे णो कालवासी णो अकालवासी।

एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा—कालवासी णाममेगे णो अकालवासी, अकालवासी णाममेगे णो कालवासी, एगे कालवासीवि अकालवासीवि, एगे णो कालवासी णो अकालवासी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५३६. मेघ चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई मेघ समय पर बरसता है, किन्तु असमय में नहीं बरसता; (२) कोई मेघ असमय में बरसता है, किन्तु समय पर नहीं बरसता; (३) कोई मेघ समय पर भी बरसता है और असमय में भी बरसता है; तथा (४) कोई मेघ न समय पर ही बरसता है और न असमय में ही बरसता है।

इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई पुरुष समय पर (अवसर आने पर) दानादि देता है, किन्तु असमय में नहीं देता; (२) कोई असमय में, (बिना प्रसंग के) दानादि देता है, किन्तु समय पर (प्रसंग पर) नहीं देता; (३) कोई समय पर भी दानादि देता है और असमय में भी देता है; तथा (४) कोई न समय पर ही देता है और न असमय में ही देता है।

536. *Megh* (clouds) are of four kinds—(1) Some cloud rains timely and does not rain untimely. (2) Some cloud rains untimely but does not rain timely. (3) Some cloud rains timely as well as untimely. (4) Some cloud neither rains timely nor untimely.

In the same way *purush* (men) are of four kinds—(1) Some man rains timely (donates at the right opportunity) but does not rain untimely (donate without right opportunity). (2) Some man rains untimely (donates without right opportunity) but does not rain timely (donate at the right opportunity). (3) Some man rains timely as well as untimely (donates at and also without right opportunity). (4) Some man neither rains timely nor untimely (does not donate at or without right opportunity).

५३७. चत्तारि मेहा पण्णत्ता, तं जहा–खेत्तवासी णाममेगे णो अखेत्तवासी, अखेत्तवासी णाममेगे णो खेत्तवासी, एगे खेत्तवासीवि अखेत्तवासीवि, एगे णो खेत्तवासी णो अखेत्तवासी।

एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–खेत्तवासी णाममेगे णो अखेत्तवासी, अखेत्तवासी णाममेगे णो खेत्तवासी, एगे खेत्तवासीवि अखेत्तवासीवि, एगे णो खेत्तवासी णो अखेत्तवासी।

५३७. मेघ चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई मेघ क्षेत्र–(उपजाऊ भूमि) पर बरसता है, किन्तु अक्षेत्र–(ऊसरभूमि) पर नहीं बरसता है; (२) कोई अक्षेत्र पर बरसता है, किन्तु क्षेत्र पर नहीं बरसता; (३) कोई क्षेत्र पर भी बरसता है और अक्षेत्र पर भी बरसता है; तथा (४) कोई न क्षेत्र पर बरसता है और न अक्षेत्र पर बरसता है।

इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई पुरुष क्षेत्र पर बरसता (दया और दान के पात्र को दान देता है), किन्तु अक्षेत्र (अपात्र) पर नहीं बरसता; (२) कोई अक्षेत्र (अपात्र) पर बरसता है, किन्तु क्षेत्र (सुपात्र) पर नहीं बरसता; (३) कोई क्षेत्र पर भी बरसता है और अक्षेत्र पर भी बरसता है; एवं (४) कोई न क्षेत्र पर बरसता है और न अक्षेत्र पर बरसता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

537. *Megh* (clouds) are of four kinds—(1) Some cloud rains on *kshetra* (deserving area; fertile land) and does not rain on *akshetra* (unsuitable area; sterile land). (2) Some cloud rains on unsuitable area but does not rain on deserving area. (3) Some cloud rains on deserving area as well as unsuitable area. (4) Some cloud neither rains on deserving area nor on unsuitable area.

In the same way *purush* (men) are of four kinds—(1) Some man rains on deserving area (donates to the deserving) and does not rain on unsuitable area (donate to the undesreving). (2) Some man rains on unsuitable area (donates to non-deserving) but does not rain on deserving area (donate to the right person). (3) Some man rains on deserving area as well as unsuitable area (donates to both). (4) Some man neither rains on deserving area nor on unsuitable area.

अम्बा–पितृ–पद AMBA-PITRA-PAD (SEGMENT OF PARENTS)

५३८. चत्तारि मेहा पण्णत्ता, तं जहा–जणइत्ता णाममेगे णो णिम्मवइत्ता, णिम्मवइत्ता णाममेगे णो जणइत्ता, एगे जणइत्तावि णिम्मवइत्तावि, एगे णो जणइत्ता णो णिम्मवइत्ता।

एवामेव चत्तारि अम्मापियरो पण्णत्ता, तं जहा–जणइत्ता णाममेगे णो णिम्मवइत्ता, णिम्मवइत्ता णाममेगे णो जणइत्ता, एगे जणइत्तावि णिम्मवइत्तावि, एगे णो जणइत्तावि णो णिम्मवइत्ता।

५३८. मेघ चार प्रकार के होते हैं (१) कोई मेघ अन्न का **जनयिता**–जन्म दाता, (अंकुरित करने वाला) होता है, किन्तु **निर्मापक**–(पकाकर फसल देने वाला) नहीं होता; (२) कोई अन्न की फसल को पकाता है, किन्तु अंकुरित नहीं करता; (३) कोई अन्न को अंकुरित भी करता है और फसल तैयार भी करता है; और (४) कोई न अन्न का जनक होता है और न निर्मापक।

इसी प्रकार माता–पिता भी चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई माता–पिता सन्तान के जनयिता–(जन्म देने वाले) होते हैं, किन्तु **निर्मापक** (भरण–पोषण अथवा शिक्षण कर उनका जीवन–निर्माण करने वाले) नहीं होते; (२) कोई सन्तान के निर्मापक होते हैं, किन्तु जनक नहीं होते; (३) कोई सन्तान के जनक भी होते हैं और निर्मापक भी; तथा (४) कोई न सन्तान के जनक ही होते हैं और न निर्मापक ही।

538. *Megh* (clouds) are of four kinds—(1) Some cloud is *janayita* (which causes sprouting) of *anna* (grain) but not *nirmaapak* (which causes ripening). (2) Some cloud is *nirmaapak* of *anna* (helps in ripening) but not *janayita* (helps in sprouting). (3) Some cloud is *janayita* as well as *nirmaapak* of grain. (4) Some cloud is neither *nirmaapak* nor *janayita* of grain.

In the same way *ammapiyaro* (parents) are of four kinds—(1) Some parents are *janayita* (who give birth) of *santaan* (offspring) but not

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

nirmaapak (who bring up a child by feeding, nursing and educating). (2) Some parents are *nirmaapak* of *santaan* but not *janayita*. (3) Some parents are *janayita* as well as *nirmaapak* of *santaan*. (4) Some parents are neither *nirmaapak* nor *janayita* of *santaan*.

राज-पद RAAJ-PAD (SEGMENT OF KINGS)

५३९. चत्तारि मेहा पण्णत्ता, तं जहा–देसवासी णाममेगे णो सव्ववासी, सव्ववासी णाममेगे णो देसवासी, एगे देसवासीवि सव्ववासीवि, एगे णो देसवासी णो सव्ववासी।

एवामेव चत्तारि रायाणो पण्णत्ता, तं जहा–देसाधिवती णाममेगे णो सव्वाधिवती, सव्वाधिवती णाममेगे णो देसाधिवती, एगे देसाधिवतीवि सव्वाधिवतीवि, एगे णो देसाधिवती णो सव्वाधिवती।

५३९. मेघ चार प्रकार के होते हैं–(१) **देशवर्षी, न सर्ववर्षी**–कोई मेघ किसी एक देश (क्षेत्र) में बरसता है, किन्तु सब देशों (क्षेत्रों) में नहीं बरसता; (२) **सर्ववर्षी, न देशवर्षी**–कोई सब देशों में बरसता है, किन्तु किसी एक देश में नहीं; (३) कोई किसी एक देश में भी बरसता है और सब देशों में भी; तथा (४) कोई न किसी एक देश में बरसता है और न सब देशों में ही बरसता है।

इसी प्रकार राजा भी चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई राजा **देशाधिपति**–किसी एक देश का ही स्वामी होता है, **न सर्वाधिपति**–सब देशों का स्वामी नहीं होता (जैसे–सामान्य राजा); (२) कोई राजा सब देशों का स्वामी होता है, किन्तु किसी एक देश विशेष का नहीं; (३) कोई राजा किसी एक देश का स्वामी भी होता है और सब देशों का भी (जैसे–वासुदेव चक्रवर्ती); तथा (४) कोई राजा न किसी एक देश का स्वामी होता है और न सब देशों का, ही स्वामी होता है (जैसे–राज्य से भ्रष्ट हुआ राजा)।

539. *Megh* (clouds) are of four kinds—(1) Some cloud is *deshavarshi* (which rains in one state or in a specific area) but not *sarvavarshi* (which rains in all states or a very wide area). (2) Some cloud is *sarvavarshi* but not *deshavarshi*. (3) Some cloud is *deshavarshi* as well as *sarvavarshi*. (4) Some cloud is neither *sarvavarshi* nor *deshavarshi*.

In the same way *rajas* (kings) are of four kinds—(1) Some king is *deshadhipati* (one who rules over one state) but not *sarvadhipati* (one who rules over all states) (for example an ordinary king). (2) Some king is *sarvadhipati* but not *deshadhipati*. (3) Some king is *deshadhipati* as well as *sarvadhipati* (for example a Vasudev or a Chakravarti). (4) Some king is neither *sarvadhipati* nor *deshadhipati* (for example a dethroned king).

मेघ-सूत्र MEGH-PAD (SEGMENT OF CLOUDS)

५४०. चत्तारि मेहा पण्णत्ता, –पुक्खलसंवट्टए, पज्जुण्णे, जीमूते, जिम्हे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुक्खलसंवट्टए णं महामेहे एगेणं वासेणं दसवाससहस्साइं भावेति। पज्जुण्णे णं महामेहे एगेणं वासेणं दसवाससयाइं भावेति। जीमूते णं महामेहे एगेणं वासेणं दसवासाइं भावेति। जिम्हे णं महामेहे बहूहिं वासेहिं एगं वासं भावेति वा णं वा भावेति।

५४०. मेघ चार प्रकार के होते हैं--(१) पुष्कलसंवर्तक मेघ (पुष्कलावर्त), (२) प्रद्युम्न मेघ, (३) जीमूत मेघ, और (४) जिम्ह मेघ। (१) **पुष्कलसंवर्तक महामेघ**--एक वर्षा से दश हजार वर्ष तक भूमि को जल से स्निग्ध (उपजाऊ) कर देता है, (२) **प्रद्युम्न महामेघ**--एक वर्षा से एक हजार वर्ष तक भूमि को जल से स्निग्ध कर देता है, (३) **जीमूत महामेघ**--एक वर्षा से दश वर्ष तक भूमि को जल से स्निग्ध कर देता है, और (४) **जिम्ह महामेघ**--बहुत बार बरस कर भी एक वर्ष तक भूमि को जल से स्निग्ध करता है और नहीं भी करता है।

540. *Megh* (clouds) are of four kinds—(1) *Pushkalasmavartak megh*, (2) *Pradyumna megh*, (3) *Jeemut megh* and (4) *Jimha megh*. (1) *Pushkalasmavartak megh*—with just one rain this cloud makes the land fertile for ten thousand years. (2) *Pradyumna megh*—with just one rain it makes the land fertile for one thousand years. (3) *Jeemut megh*—with just one rain it makes the land fertile for ten years. (4) *Jimha megh*—with numerous rains it may or may not make the land fertile even for one year.

विवेचन--टीकाकार ने उक्त चारों प्रकार के मेघों के समान पुरुषों के भंग स्वयं जान लेने की सूचना की है। जिसे इस प्रकार से जानना चाहिए--(१) कोई दानी या उपदेशक पुष्कलसंवर्तक मेघ के समान एक बार के दान से या उपदेश से बहुत लम्बे काल तक याचकों को और जिज्ञासुओं को तृप्त कर देता है; (२) कोई दानी या उपदेशक प्रद्युम्न मेघ के समान बहुत काल तक दान या उपदेश देकर अर्थी और जिज्ञासुओं को तृप्त कर देता है; (३) कोई दानी या उपदेशक जीमूत मेघ के समान कुछ वर्षों के लिए दान या उपदेश देकर तृप्त करता है; एवं (४) कोई दानी या उपदेष्टा जिम्ह मेघ के समान अनेक बार दिये गये दान या उपदेश से एक वर्ष के लिए तृप्त करता भी है और कभी नहीं कर पाता है।

Elaboration—The commentator informs that like clouds the aforesaid quads should be applied to men. It would read as follow—(1) Like *Pushkalasmavartak megh* some donor or preacher satisfies seekers for a very long period with just one donation or sermon. (2) Like *Pradyumna megh* some donor or preacher satisfies seekers for a long period with just one donation or sermon. (3) Like *Jeemut megh* some donor or preacher satisfies seekers for a few years with just one donation or sermon. (4) Like *Jimha megh* some donor or preacher may or may not satisfy seekers for one year even with many donations or sermons.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५४१. चत्तारि करंडगा पण्णत्ता, तं जहा—सोवागकरंडए, वेसियाकरंडए, गाहावतिकरंडए, रायकरंडए। एवामेव चत्तारि आयरिया पण्णत्ता, तं जहा—सोवागकरंडगसमाणे, वेसियाकरंडगसमाणे, गाहावतिकरडंगसमाणे, रायकरंडगसमाणे।

५४१. करण्डक चार प्रकार के होते हैं-(१) श्वपाककरण्डक, (२) वेश्याकरण्डक, (३) गृहपतिकरण्डक, और (४) राजकरण्डक। इसी प्रकार आचार्य भी चार प्रकार के होते हैं- (१) श्वपाक-करण्डक समान, (२) वेश्या-करण्डक समान, (३) गृहपति-करण्डक समान, और (४) राज-करण्डक समान।

541. *Karandak* (box) are of four kinds—(1) *shvapaak karandak* (shoemaker's box), (2) *veshya karandak* (prostitute's box), (3) *grihapati karandak* (householder's box) and (4) *raj karandak* (king's box). In the same way *acharya* (preceptor) are of four kinds—(1) like *shvapaak karandak*, (2) like *veshya karandak*, (3) like *grihapati karandak* and (4) like *raj karandak*.

विवेचन—करण्डक का अर्थ पिटारा, या सन्दूक है। वह बांस व बैंत की शलाकाओं से बनाया जाता है। यहाँ पर 'करण्डक' की उपमा देकर उसके समान आचार्यों के गुण, महत्त्व आदि बताये हैं। जैसे-

(१) **श्वपाक** (चाण्डाल, चर्मकार) के करण्डक में चमड़े को छीलने-काटने आदि के उपकरणों और चमड़े के टुकड़ों आदि रखे रहने से वह असार या निकृष्ट कोटि का माना जाता है, उसी प्रकार जो आचार्य सामान्य ज्ञानी होता है और गण या संघ में शिथिलाचार व संयमहीनता को बढ़ावा देता है, वह आचार्य श्वपाक-करण्डक के समान है।

(२) साधारण वेश्या का करण्डक लाख भरे सोने के दिखाऊ आभूषणों से भरा होता है, वैसे ही जो आचार्य अल्पज्ञानी होने पर भी अपने वचनचातुर्य व लोक लुभावन क्रियाओं से साधारण जनों को आकर्षित करते हैं, वे वेश्या-करण्डक के समान है।

(३) किसी गृहपति या सम्पन्न गृहस्थ का करण्डक (पेटी) सोने-मोती आदि के आभूषणों से भरा रहता है, वैसे ही जो आचार्य बहुश्रुत और चारित्रसम्पन्न होते हैं, उन्हें गृहपति-करण्डक के समान कहा है।

(४) राजा का करण्डक मणि-माणिक आदि बहुमूल्य रत्नों से भरा होता है, उसी प्रकार जो आचार्य अपने पद के योग्य सर्वगुणों से सम्पन्न होते हैं, उन्हें राज-करण्डक के समान कहा है।

Elaboration—*Karandak* means bag or box. It used to be made of bamboo or cane. Here the virtues and importance of preceptors have been explained using *karandak* as a metaphor. For example—

(1) Like *shvapaak karandak*—As the box of a shoemaker contains leather cutting tools and pieces of leather it is considered to be of worst

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

type. Therefore an *acharya* with ordinary knowledge who encourages lax conduct and indiscipline is said to be like the loose of a shoemaker.

(2) Like *veshya karandak*—The box of a prostitute contains ornaments made of gold foil filled with shellac (like costume jewellery). Therefore an *acharya* with little knowledge who attracts ordinary people with his clever speech and crowd pulling antics is said to be like the box of a prostitute.

(3) Like *grihapati karandak*—The box of a well to do householder contains ornaments made of real pearls and gold. Therefore a scholarly *acharya* steadfast in his ascetic conduct is said to be like a householder's box.

(4) Like *raj karandak*—The box of a king contains invaluable ornaments and gems. Therefore an *acharya* endowed with all virtues befitting his status is said to be like a king's box.

वृक्ष-पद VRIKSHA-PAD (SEGMENT OF TREES)

५४२. चत्तारि रुक्खा पण्णत्ता, तं जहा—साले णाममेगे सालपरियाए, साले णाममेगे एरंडपरियाए, एरंडे णाममेगे सालपरियाए, एरंडे णाममेगे एरंडपरियाए।

एवामेव चत्तारि आयरिया पण्णत्ता, तं जहा—साले णाममेगे सालपरियाए, साले णाममेगे एरंडपरियाए, एरंडे णाममेगे सालपरियाए, एरंडे णाममेगे एरंडपरियाए।

५४२. वृक्ष चार प्रकार के होते हैं–(१) **शाल और शाल–पर्याय**–कोई वृक्ष शाल जाति का होता है और **शाल–पर्याय**– (सघन छाया वाला व पूर्ण विकसित) होता है; (२) **शाल और एरण्ड–पर्याय**–कोई वृक्ष शाल जाति का होता है, किन्तु **एरण्ड–पर्याय**–(एरण्ड के वृक्ष के समान अल्प छायावाला व पतझड़ में पत्रहीन होने वाला) होता है; (३) **एरण्ड और शाल–पर्याय**–कोई वृक्ष एरण्ड के समान छोटा, किन्तु शाल के समान सघन छाया वाला होता है; तथा (४) **एरण्ड और एरण्ड–पर्याय**–कोई वृक्ष एरण्ड के समान छोटा और उसी के समान अल्प छाया वाला होता है।

इसी प्रकार आचार्य भी चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई आचार्य शाल के समान उत्तम जाति व रूप वाले और उसी के समान उत्तम ज्ञान व आचार आदि से प्रभावशाली होता है; (२) कोई आचार्य शाल के समान उत्तम जाति व रूपवान होकर भी ज्ञान, आचार और प्रभाव से शून्य होते हैं; (३) कोई आचार्य एरण्ड के समान रूप हीन, किन्तु ज्ञान, आचार आदि से प्रभावशाली होते हैं; एवं (४) कोई आचार्य एरण्ड के समान रूप हीन और उसी के समान ज्ञान, आचार से भी हीन होते हैं।

542. *Vriksha* (trees) are of four kinds—**(1) Shaal and shaal-paryaya**—some tree is of Shaal species and also has qualities of a Shaal tree (fully grown and with thick foliage providing dense shade), **(2) Shaal and Erand-paryaya**—some tree is of Shaal species but has qualities of an

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Erand (castor-oil plant) tree (with sparse foliage and no leaves in autumn season providing no shade), **(3) Erand and Shaal-paryaya**—some tree is of Erand species but has qualities of a Shaal tree and **(4) Erand and Erand-paryaya**—some tree is of Erand species and also has qualities of an Erand tree.

In the same way *acharya* (preceptor) are of four kinds—(1) Some *acharya* is of high class and good appearance like a Shaal tree, and impressive as well due to excellent knowledge and conduct. (2) Some *acharya* is of high class and good appearance like a Shaal tree but unimpressive like an Erand tree due to absence of knowledge and conduct. (3) Some *acharya* is of ordinary appearance like an Erand tree but impressive like a Shaal tree due to excellent knowledge and conduct. (4) Some *acharya* is of ordinary appearance like an Erand tree and equally unimpressive due to absence of knowledge and conduct.

५४३. चत्तारि रुक्खा पण्णत्ता, तं जहा—साले णाममेगे सालपरिवारे, साले णाममेगे एरंडपरिवारे, एरंडे णाममेगे सालपरिवारे, एरंडे णाममेगे एरंडपरिवारे।

एवामेव चत्तारि आयरिया पण्णत्ता, तं जहा—साले णाममेगे सालपरिवारे, साले णाममेगे एरंडपरिवारे, एरंडे णाममेगे सालपरिवारे, एरंडे णाममेगे एरंडपरिवारे।

सालदुममज्झयारे, जह साले णाम होइ दुमराया।
इय सुंदरआयरिए, सुंदरसीसे मुणेयव्वे॥१॥

एरंडमज्झयारे, जह साले णाम होई दुमराया।
इय सुंदरआयरिए, मंगुलसीसे मुणेयव्वे॥२॥

सालदुममज्झयारे, एरंडे णाम होइ दुमराया।
इय मंगुलआयरिए, सुंदरसीसे मुणेयव्वे॥३॥

एरंडमज्झयारे, एरंडे णाम होइ दुमराया।
इय मंगुलआयरिए, मंगुलसीसे मुणेयव्वे॥४॥ (संग्रहणी—गाथा)

५४३. वृक्ष चार प्रकार के होते हैं—(१) **शाल और शालपरिवार**—कोई वृक्ष शाल जाति और शालपरिवार वाला—(शाल के अनेक वृक्षों से घिरा हुआ) होता है; (२) **शाल और एरण्डपरिवार**—कोई शाल जाति का, किन्तु एरण्डपरिवार वाला (छोटे वृक्षों से घिरा हुआ) होता है; (३) कोई जाति से एरण्ड, किन्तु शालपरिवार वाला होता है; तथा (४) कोई जाति से एरण्ड और एरण्डपरिवार वाला होता है।

इसी प्रकार आचार्य भी चार प्रकार के होते हैं—(१) कोई आचार्य शाल के समान स्वयं गुणवान और शालपरिवार के समान उत्तम शिष्य-परिवार वाले होते हैं; (२) कोई आचार्य शाल के समान स्वयं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तो सुयोग्य, किन्तु एरण्डपरिवार के समान अयोग्य शिष्य-परिवार वाले होते हैं; (३) कोई स्वयं तो एरण्ड के समान हीन जाति व संयम आदि से साधारण होते हैं, किन्तु शाल के समान उत्तम शिष्य-परिवार वाले होते हैं; तथा (४) कोई आचार्य एरण्ड के समान हीन व हीन आचार वाले और एरण्डपरिवार के समान अयोग्य शिष्य-परिवार वाले होते हैं।

संग्रहणी गाथार्थ

(१) जिस प्रकार शाल वृक्ष शालवृक्षों के मध्य में वृक्षराज होता है, उसी प्रकार उत्तम आचार्य उत्तम शिष्यों के परिवार वाला आचार्यराज होता है। (२) जिस प्रकार शाल वृक्ष एरण्ड वृक्षों के मध्य में वृक्षराज होता है, उसी प्रकार उत्तम आचार्य मंगुल (अधम) शिष्यों के परिवार वाला होता है। (३) जिस प्रकार एरण्ड वृक्ष शाल वृक्षों के मध्य में वृक्षराज होता है, उसी प्रकार सुन्दर शिष्यों के परिवार वाला मंगुल आचार्य होता है। (४) जिस प्रकार एरण्ड वृक्ष एरण्ड वृक्षों के मध्य में वृक्षराज होता है, उसी प्रकार मंगुल शिष्यों के परिवार वाला मंगुल आचार्य होता है।

543. *Vriksha* (trees) are of four kinds—(1) Shaal and *Shaal-parivar*—some tree is of Shaal species and also *Shaal-parivar* (surrounded by many Shaal trees), (2) Shaal and *Erand-parivar*—some tree is of Shaal species but *Erand-parivar* (surrounded by many Erand trees), (3) Erand and *Shaal-parivar*—some tree is of Erand species but *Shaal-parivar* (surrounded by many Shaal trees) and (4) Erand and *Erand-parivar*—some tree is of Erand species and also *Erand-parivar* (surrounded by many Erand trees).

In the same way *acharya* (preceptor) are of four kinds—(1) Some acharya is highly endowed like a Shaal tree, and *Shaal-parivar* (surrounded by many Shaal-like well endowed disciples) as well. (2) Some *acharya* is highly endowed like a Shaal tree but *Erand-parivar* (surrounded by many Erand-like poorly endowed disciples). (3) Some *acharya* is poorly endowed like an Erand tree but *Shaal-parivar* (surrounded by many Shaal-like well endowed disciples). (4) Some *acharya* is poorly endowed like an Erand tree and *Erand-parivar* (surrounded by many Erand-like poorly endowed disciples) as well.

COLLATIVE VERSE

(1) Like the appearance of a grand Shaal tree amongst many Shaal trees, an endowed *acharya* among well endowed disciples is a great *acharya*. (2) Like the appearance of a grand Shaal tree amongst many Erand trees, an endowed *acharya* among *mangul* (lowly) disciples is a great *acharya*. (3) Like the appearance of a king Erand tree amongst many Shaal trees, a *mangul* (poor) *acharya* among well endowed

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

disciples is a poor *acharya*. (4) Like the appearance of a grand Erand tree amongst many Erand trees, a *mangul* (lowly) *acharya* among well endowed disciples is a poor *acharya*.

भिक्षाक-पद BHIKSHAAK-PAD (SEGMENT OF ALMS EATER)

५४४. चत्तारि मच्छा पण्णत्ता, तं जहा—अणुसोयचारी, पडिसोयचारी, अंतचारी, मज्झचारी।

एवामेव चत्तारि भिक्खागा पण्णत्ता, तं जहा—अणुसोयचारी, पडिसोयचारी, अंतचारी, मज्झचारी।

५४४. मत्स्य चार प्रकार के होते हैं—(१) **अनुस्रोतचारी**—जल-प्रवाह के अनुकूल चलने वाला, (२) **प्रतिस्रोतचारी**—जल-प्रवाह के प्रतिकूल चलने वाला, (३) **अन्तचारी**—जल-प्रवाह के किनारे-किनारे चलने वाला, और (४) **मध्यचारी**—जल-प्रवाह के मध्य में चलने वाला।

इसी प्रकार भिक्षुक भी चार प्रकार के होते हैं—(१) **अनुस्रोतचारी**—उपाश्रय से निकलकर सीधी गली में स्थित घरों से सीधा जाते हुए भिक्षा लेने वाला, (२) **प्रतिस्रोतचारी**—वापस लौटते हुए गली के अन्त से लगाकर उपाश्रय तक स्थित घरों से भिक्षा लेने वाला, (३) **अन्तचारी**—नगर-ग्राम-मोहल्ला आदि के अन्त भाग में स्थित घरों से भिक्षा लेने वाला, और (४) **मध्यचारी**—नगर-ग्रामादि के मध्य में स्थित घरों से भिक्षा लेने वाला।

544. Matsya (fish) are of four kinds—**(1) anusrotachari**—one that moves with the flow of water, **(2) pratisrtochari**—one that moves against the flow of water, **(3) antachari**—one that moves at the brink and **(4) madhyachari**—one that moves in the middle.

In the same way *bhikshaak* (alms-dependent ascetics) are of four kinds—**(1) anusrotachari**—one that moves on a straight lane from the *upashraya* (place of stay) and collects alms from houses on that lane, **(2) pratisrtochari**—one that moves on a straight lane from the *upashraya* (place of stay) and collects alms from houses on that lane but only from the end while returning, **(3) antachari**—one who collects alms from the houses located at the end of a city, village, or a section of a city and **(4) madhyachari**—one who collects alms from the houses located in the middle of a city, village, or a section of a city.

विवेचन—अभिग्रहधारी मुनि चार प्रकार के अभिग्रहों में से किसी एक प्रकार का अभिग्रह लेकर भिक्षा लेने के लिए निकलते हैं और अपने अभिग्रह के अनुसार ही भिक्षा ग्रहण करते हैं।

Elaboration—An ascetic observing *abhigraha* (special resolve) selects one of the aforesaid resolves and collects alms accordingly.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५४५. चत्तारि गोला पण्णत्ता, तं जहा—मधुसित्थगोले, जउगोले, दारुगोले, मट्टियागोले।

एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा—मधुसित्थगोलसमाणे, जउगोलसमाणे, दारुगोलसमाणे, मट्टियागोलसमाणे।

५४५. गोले चार प्रकार के होते हैं–(१) मधुसिक्थगोला, (२) जतुगोला, (३) दारुगोला, और (४) मृत्तिकगोला। इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के होते हैं–(१) मधुसिक्थ (मोम) के बने गोले के समान मृदु व कोमल हृदय वाला; (२) लाख के गोले के समान किंचित् कठोर व कोमल दृढ़ हृदय वाला, जैसे अग्नि के ताप से जतुगोला शीघ्र पिघल जाता है, इसी प्रकार शीघ्र कोमल होने वाला; (३) जैसे लाख के गोले से लकड़ी का गोला अधिक कठिन होता है, उसी प्रकार कठिनतर व दृढ़तर हृदय वाला; तथा (४) जैसे मिट्टी का गोला (आग में पकने पर) लकड़ी से भी अधिक कठिन होता है, उसी प्रकार कठिनतम व दृढ़तम हृदय वाला।

545. *Golas* (balls) are of four kinds—(1) *madhusiktha gola* (ball of wax), (2) *jatu gola* (ball of shellac), (3) *daru gola* (ball of wood) and (4) *mrittika gola* (ball of baked clay). In the same way men are also of four kinds—(1) having tender and gentle temperament like *madhusiktha gola* (ball of wax), (2) having tender but slightly hard (but easy to melt) temperament like *jatu gola* (ball of shellac), (3) having comparatively hard and tough temperament like *daru gola* (ball of wood) and (4) having even harder and tougher temperament like *mrittika gola* (ball of baked clay).

५४६. चत्तारि गोला पण्णत्ता, तं जहा—अयगोले, तउगोले, तंबगोले, सीसगोले।

एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा—अयगोलसमाणे, जाव (तउगोलसमाणे, तंबगोलसाणे), सीसगोलसमाणे।

५४६. गोले चार प्रकार के होते हैं–(१) अयोगोल (लोहे का गोला), (२) त्रपुगोल (रांगे का गोला), (३) ताम्रगोल (तांबे का गोला), और (४) शीशगोल (सीसे का गोला)। इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के होते हैं–(१) लोहे के गोले के समान गुरु (भारी) कर्म वाला, (२) रांगे के गोले के समान गुरुतर कर्म वाला, (३) तांबे के गोले के समान अधिक गुरुतर कर्म वाला, और (४) सीसे के गोले के समान गुरुतम कर्म वाला।

546. *Golas* (balls) are of four kinds—(1) *ayo gola* (ball of iron), (2) *trapu gola* (ball of tin), (3) *tamra gola* (ball of copper) and (4) *sheesh gola* (ball of lead). In the same way men are also of four kinds—(1) having heavy bondage of *karmas* like *ayo gola* (ball of iron), (2) having heavier bondage

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चार प्रकार के गोलक



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय-२

Illustration No. 2

चार प्रकार के गोलक (गोला)

१. मोम का गोला–सबसे अधिक मुलायम होता है, और ताप लगते ही पिघल जाता है।
लाख का गोला–मोम की अपेक्षा कुछ कठोर, ताप लगने पर धीरे-धीरे पिघलता है।
लकड़ी का गोला–दोनों की अपेक्षा अधिक कठोर, ताप सहने में कुछ अधिक सक्षम।
मिट्टी का गोला–आग में पकने पर कठोरतर हो जाता है।

२. लोहे का गोला–वजन में भारी, किन्तु ताप सहने में अधिक सामर्थ्य रखता है।
राँगे का गोला–लोहे की अपेक्षा अधिक भारी, किन्तु ताप सहने में कमजोर।
ताँबे का गोला–वजन में उससे अधिक भारी, किन्तु ताप सहने में पूर्वापेक्षा कमजोर।
शीशे का गोला–वजन में उन सबसे भारी, किन्तु ताप सहने में सबसे कमजोर।
ताप लगने पर ये एक दूसरे से जल्दी-जल्दी पिघल जाते हैं।

३. हिरण्य गोला–चाँदी का गोला; भार व मूल्य में सामान्य।
सोने का गोला–भार व मूल्य में उससे अधिक श्रेष्ठ।
रत्न-गोला–भार व मूल्य में उक्त दोनों से अधिक श्रेष्ठ।
वज्र रत्न-गोला–भार में सर्वाधिक और मूल्य में भी सर्वाधिक श्रेष्ठ।

–सूत्र ५४५-४६-४७

पत्र

४. असिपत्र–तलवार का अन्तिम धारदार सिरा अति तीक्ष्ण होता है।
करपत्र–करोंत में तलवार की अपेक्षा छेदन शक्ति कम होती है।
क्षुरपत्र (छुरा)–छेदन शक्ति में करोंत से भी कमजोर होता है।
कदम्बचीरिका (तीखी नोंक वाला घास का पत्ता)–इसकी धार पूर्वोक्त तीनों से भी अल्प होती है।

स्थान ४, सूत्र ५४८

FOUR STRUCTURE OF BALL

1. (1) **Ball of wax**—softest of all and melts at once on heating.
(2) **Ball of shellac**—harder than wax and melts slowly on heating.
(3) **Ball of wood**—harder than the preceding two and with a higher melting point.
(4) **Ball of fired clay**—becomes harder when fired.

2. (1) **Ball of iron**—high density and with high melting point.
(2) **Ball of tin**—higher density than iron but with lower melting point.
(3) **Ball of copper**—still higher density but with much lower melting point.
(4) **Ball of lead**—highest density among the four and with lowest melting point.

3. (1) **Ball of silver**—ordinary in weight and price.
(2) **Ball of gold**—comparatively heavy in weight and higher in price.
(3) **Ball of gems**—still heavy in weight (than the aforesaid two) and still higher in price.
(4) **Ball of diamond**—heaviest in weight and highest in price among the four.

—Sthaan 4, Sutra 545 to 547

PATRA

4. (1) **Asipatra**—edge of a sword is very sharp.
(2) **Karapatra**—edge of a saw-blade is less sharp as compared to that of a sword.
(3) **Kshurapatra**—edge of a razor is less sharp as compared to that of a saw blade.
(4) **Kadamb-chirika patra**—grass-like blunt edge is least sharp among the four.

—Sthaan 4, Sutra 548

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

of *karmas* like *trapu gola* (ball of tin), (3) having still heavier bondage of *karmas* like *tamra gola* (ball of copper) and (4) having heaviest bondage of *karmas* like *sheesh gola* (ball of lead).

विवेचन–इस सूत्र में गोले के दृष्टान्त से दो बातें सूचित की हैं। ये चारों गोले घनत्व की अपेक्षा क्रमशः एक-दूसरे से अधिक भारी होते हैं, किन्तु ताप सहने की क्षमता की अपेक्षा एक-दूसरे से उत्तरोत्तर कमजोर होते हैं। अर्थात् लोहे के गोले से रांगा, रांगा से तांबा व तांबा से सीसा बहुत भारी होता है। उसी प्रकार साधकों की चार स्थिति होती है। लोहे के गोले के समान सामान्य कर्म भार वाला और सीसे के गोले के समान सबसे अधिक सघन कर्मों वाला। जिसको जितना अधिक सघन कर्मबंध होगा, वह आत्मा उतना ही अधिक शीघ्र उत्तेजित होने वाला, अधीर, असहनशील होगा। इस प्रकार गोलों की ताप सहने की क्षमता से तुलना करना चाहिए। *(हिन्दी टीका, पृ. १०६६, टीका पत्र २५९)*

Elaboration—With the analogy of a ball this aphorism informs of two things. The four types of balls are of increasingly higher density but have melting points in decreasing order. This means that a tin ball is heavier than an iron ball, a copper ball is heavier than a tin ball, and a lead ball is heavier than a copper ball. Aspirants are also of these four kinds, with least density of *karmas* like an iron ball to highest density of *karmas* like a lead ball. Higher the density of *karmas*, easier the person gets excited, impatient and intolerant. These attributes should be compared with the melting points of the said balls. *(Hindi Tika p. 1066; Tika leaf 259)*

५४७. चत्तारि गोला पण्णत्ता, तं जहा–हिरण्णगोले, सुवण्णगोले, रयणगोले, वयरगोले।

एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–हिरण्णगोलसमाणे जाव (सुवण्णगोलसमाणे, रयणगोलसमाणे), वयरगोलसमाणे।

५४७. गोले चार प्रकार के होते हैं–(१) हिरण्य–(चाँदी) गोला, (२) सुवर्ण–गोला, (३) रत्न–गोला, और (४) वज्र–गोला। इसी प्रकार पुरुष भी चार के होते हैं–(१) हिरण्यगोल समान, (२) सुवर्णगोल समान, (३) रत्नगोल समान, और (४) वज्रगोल समान।

547. *Golas* (balls) are of four kinds—(1) *hiranya gola* (ball of silver), (2) *suvarna gola* (ball of gold), (3) *ratna gola* (ball of gems) and (4) *vajra gola* (ball of diamond). In the same way men are also of four kinds—(1) like *hiranya gola* (ball of silver), (2) like *suvarna gola* (ball of gold), (3) like *ratna gola* (ball of gems) and (4) like *vajra gola* (ball of diamond).

विवेचन–टीकाकार ने इस सूत्र की व्याख्या अनेक प्रकार से करने की सूचना की है। जैसे–चाँदी के गोले के बराबर आकार वाला सोने का गोला अधिक मूल्य और भार वाला, उससे भी रत्न और वज्र

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(हीरा) का गोला उत्तरोत्तर अधिक मूल्य एवं भार वाला होता है। वैसे ही चारों गोलों के समान पुरुष भी गुण, समृद्धि, हृदय की निर्मलता और पूज्यता सन्मान आदि की अपेक्षा उत्तरोत्तर श्रेष्ठ होते हैं। कहते हैं चाँदी का पात्र जल से धोने मात्र से शुद्ध हो जाता है। स्वर्णपात्र पर किसी खट्टे-मीठे पदार्थ का प्रभाव चाँदी से भी कम होता है। रत्नपात्र पर किसी भी दूषित पदार्थ का प्रभाव नहीं पड़ता। हीरा अपनी कठोरता व सुदृढ़ता के लिए प्रसिद्ध है। एरण पर रखकर घन का प्रहार करने पर भी वह टूटता नहीं, लोहे में गड़ जाता है, किन्तु दूध और दूब से छिल जाता है। अर्थात् अति कठोरता होते हुए भी कोमल स्पर्श मात्र से कट जाता है। श्रेष्ठ पुरुष में इसी प्रकार उत्तरोत्तर गुणों की श्रेष्ठता होती है। *(हिन्दी टीका, पृष्ठ १०६७)*

Elaboration—The commentator (*Tika*) has informed of many interpretations of this aphorism. For example—For the same size of a silver ball a gold ball is heavier and costlier. A gem ball and a diamond ball are progressively higher in weight and cost. In the same way men similar to these four balls are increasingly better in virtues, wealth, inner purity, respect, honour and other such qualities. It is said that a silver bowl gets clean when washed with water. The effect of sour and sweet things on gold is even less than silver. A gem-bowl is not effected by any contaminated thing. Diamond is known for its hardness and toughness. When placed on an iron base and hammered it does not shatter but dents the iron. But it can be ground by milk and grass indicating that although hard it can be cut by soft touch. A noble person has qualities in a similar fashion in ascending order. *(Hindi Tika, p. 1067)*

पत्र-पद PATRA-PAD (SEGMENT OF SHARP EDGE)

५४८. चत्तारि पत्ता पण्णत्ता, तं जहा—असिपत्ते, करपत्ते, खुरपत्ते, कलंबचीरियापत्ते।

एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा—असिपत्तसमाणे, जाव (करपत्तसमाणे, खुरपत्तसमाणे), कलंबचीरियापत्तसमाणे।

५४८. **पत्र**—(धार वाले फलक) चार प्रकार के होते हैं (१) **असिपत्र**—(तलवार का धारदार पतला भाग), (२) **करपत्र**— (लकड़ी चीरने वाली करोंत का पत्र), (३) **क्षुरपत्र**—(छुरा का धारदार भाग), और (४) कदम्बचीरिका पत्र।

इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के होते हैं—(१) असिपत्र समान, (२) करपत्र समान, (३) क्षुरपत्र समान, और (४) कदम्बचीरिका-पत्र समान।

548. *Patra* (sharp edges) are of four kinds—(1) **asipatra** (edge of a sword), (2) **karapatra** (edge of a saw-blade), (3) **kshurapatra** (edge of a razor) and (4) **Kadamb-chirika patra** (grass-like blunt edge).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

In the same way men are of four kinds—(1) like *asipatra*, (2) like *karapatra*, (3) like *kshurapatra* and (4) like *Kadamb-chirika patra*.

विवेचन–(१) असिपत्र (तलवार) एक ही प्रहार से शत्रु का शिरोच्छेदन कर देता है, उसी प्रकार जो पुरुष एक ही बार में कुटुम्बादि से स्नेह का छेदन कर देता है, वह असिपत्र समान है। जैसे जम्बूकुमार व धन्नाजी जैसे।

(२) करपत्र (करोंत) बार-बार इधर से उधर आ-जाकर काठ का छेदन करता है, उसी प्रकार बार-बार की भावना से धीरे-धीरे जो क्रमशः स्नेह का छेदन करता है, वह करपत्र के समान है। शालिभद्र की तरह।

(३) क्षुरपत्र (छुरा) सिर के बाल धीरे-धीरे अल्प-अल्प मात्रा में काट पाता है, उसी प्रकार जो कुटुम्ब का स्नेह धीरे-धीरे छेदन कर पाता है, वह क्षुरपत्र के समान है। आर्द्रककुमार की तरह।

(४) कदम्बचीरिका का अर्थ है कुंठित धार वाला शस्त्र या तीखी नोंक वाला एक प्रकार का घास। उसकी धार के समान जो पुरुष होता है, वह बहुत धीमी गति से और कठिनाई से कुटुम्ब का स्नेह-छेदन करता है, वह पुरुष कदम्बचीरिका-पत्र समान है। जैसे -अविरति सम्यग्दृष्टि।

Elaboration—(1) A sword beheads an enemy in one stroke. In the same way a person who can shear his family ties at once is said to be like *asipatra*. For example Jambu Kumar and Dhanna.

(2) A saw cuts wood after continued to and fro movement. In the same way a person who shears his family ties slowly and gradually after repeated resolves is said to be like *karapatra*. For example *Shalibhadra*.

(3) A razor removes hair from head slowly and in bits. In the same way a person who shears his family ties slowly and in bits is said to be like *kshurapatra*. For example Ardra Kumar.

(4) A blade with blunt edge cuts things slowly and with difficulty. In the same way a person who shears his family ties slowly and with difficulty is said to be like *Kadamb-chirika patra*. For example *Avirat Samyagdrishti* (a righteous person with attachments).

कट-पद CUT-PAD (SEGMENT OF MATTRESS)

५४९. चत्तारि कडा पण्णत्ता, तं जहा–सुंबकडे, विदलकडे, चम्मकडे, कंबलकडे।

एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–सुंबकडसमाणे, जाव (विदलकडसमाणे, चम्मकडसमाणे), कंबलकडसाणे।

५४९. कट (चटाई) चार प्रकार का होता है–(१) शुम्बकट–खजूर से बनी चटाई या घास से बना आसन, (२) विदलकट–बांस की पतली खपच्चियों से बनी चटाई, (३) चर्मकट–चमड़े की पतली धारियों

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

से बनी चटाई या आसन, और (४) कम्बलकट–ऊन, सूत, रेशम या सन आदि के रेशों से बना बैठने या बिछाने का वस्त्र।

इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के होते हैं–(१) शुम्बकट समान, (२) विदलकट समान, (३) चर्मकट समान, और (४) कम्बलकट समान।

549. *Cut* (mattresses) are of four kinds—**(1) shumb-cut** (pine mattress)—mattress woven from pine-wood strip or grass, **(2) vidal-cut** (bamboo mattress)—mattress made of thin bamboo sticks or cane, **(3) charma-cut** (leather mattress)—mattress made of leather strips **(4) kambal-cut** (mattress made of yarn)—mattress made up of any type of yarn including wool, cotton, silk, hessian etc.

In the same way men are of four kinds—(1) like *shumb-cut*, (2) like *vidal-cut*, (3) like *charma-cut* and (4) like *Kambal-cut*.

विवेचन–शुम्बकट (खजूर या घास–निर्मित बैठने का आसन) अत्यल्प मूल्य वाला होता है, अतः उसमें रागभाव कम होता है। उसी प्रकार जिसका धन व पुत्रादि में राग या मोह अत्यल्प होता है, वह पुरुष शुम्बकट के समान है। शुम्बकट की अपेक्षा विदलकट अधिक मूल्य वाला होता है, अतः उसमें रागभाव अधिक होता है। विदलकट से चर्मकट और भी अधिक मूल्यवान होने से उसमें रागभाव भी और अधिक होता है। चर्मकट से कम्बलकट अधिक मूल्यवान होता है, अतः उसमें रागभाव भी अधिक होता है। इसी प्रकार पुत्रादि में अधिक, गाढ़ और गाढ़तम रागभाव वाले पुरुष को क्रमशः विदलकट, चर्मकट व कम्बलकट के समान कहा गया है। आवश्यक निर्युक्ति टीका, पृ. ३८७ में प्रसंग है–गौतम स्वामी जब मोक्ष प्राप्ति के लिए अधीर हो गये तब भगवान ने कहा–गौतम ! तुम्हारा राग मेरे प्रति कम्बलकट जैसा अनेक जन्म–जन्मान्तरों से चलता आया प्रगाढ़ राग है।

Elaboration—There is minimum attachment for a pine mattress because it is very cheap. Therefore a person having least attachment for wealth or family is said to be like *shumb-cut*. As compared to a pine mattress a bamboo mattress is costly, thus it inspires more attachment. A leather mattress is costlier than a bamboo mattress, thus it inspires even more attachment. A yarn mattress is even more costly than a leather mattress, thus it inspires still greater attachment. Therefore this metaphor has been used to classify individuals according to the degree of attachment they have. In *Avashyak Churni Tika* we find a mention on p. 387—'When Gautam Swami became worried and impatient to attain liberation, Bhagavan Mahavir said—Gautam ! your attachment for me comes from many past births and is very intense like *kambal-cut*'.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५५०. चउव्विहा चउप्पया पण्णत्ता, तं जहा–एगखुरा, दुखुरा, गंडीपदा, सणप्फया।

५५०. चतुष्पद (चार पैर वाले) तिर्यंच जीव चार प्रकार के होते हैं–(१) एक खुर वाले–घोड़े, गधे आदि; (२) दो खुर वाले–गाय, भैंस, भेड़, बकरी आदि; (३) गण्डीपद–सुनार की एरण की तरह कठोर चर्ममय गोल पैर वाले हाथी, ऊँट, गैंडा आदि; और (४) स–नख–पद–लम्बे तीक्ष्ण नाखून वाले शेर, चीता, कुत्ता, बिल्ली आदि।

550. *Chatushpad tiryanch* (quadruped animals) are of four kinds—**(1) egakhura** (with single hoof)—horse, donkey etc. , **(2) dokhura** (with two hooves)—cow, buffalo, lamb, goat etc., **(3) gandipad** (with large round anvil shaped feet with hard skin)—elephant, camel, rhinocerous etc. and **(4) sanapphaya** (with long sharp claws)—lion, leopard, dog, cat etc.

५५१. चउव्विहा पक्खी पण्णत्ता, तं जहा–चम्मपक्खी, लोमपक्खी, समुग्गपक्खी, वितयपक्खी।

५५१. पक्षी चार प्रकार के होते हैं–(१) चर्मपक्षी–चमड़े के पांखों वाले चमगादड़ आदि, (२) रोमपक्षी–रोममय पांखों वाले हंस, तोते, कौए आदि, (३) समुद्गपक्षी–जिसके पंख पेटी के समान खुलते और बन्द होते हैं, और (४) वितयपक्षी–जिसके पंख सर्वदा फैले रहते हैं।

551. *Pakshi* (birds) are of four kinds—**(1) charmapakshi**—having wings of skin, like a bat, **(2) romepakshi**—having fibrous or feathery wings like swan, parrot and crow, **(3) samudgpakshi**—having wings that open close like a box, and **(4) vitatpakshi**—having wings that remain spread always.

विवेचन–चर्म पक्षी और रोम पक्षी तो मनुष्य क्षेत्र में पाये जाते हैं, किन्तु समुद्गपक्षी और विततपक्षी मनुष्य क्षेत्र से बाहरी द्वीपों और समुद्रों में पाये जाते हैं। *(संस्कृत टीका पत्र २५९)*

Elaboration—*Charmapakshi* and *romepakshi* are available in the area inhabited by humans and *samudgpakshi* and *vitatpakshi* are available in islands and seas beyond the area inhabited by humans. *(Sanskrit Tika, leaf 259)*

५५२. चउव्विहा खुड्डपाणा पण्णत्ता, तं जहा–बेइंदिया, तेइंदिया, चउरिंदिया, संमुच्छिम–पंचिंदिय–तिरिक्खजोणिया।

५५२. क्षुद्र प्राणी (छोटे प्राणी अथवा जिनकी अगले भव में मुक्ति सम्भव नहीं हो) चार प्रकार के होते हैं–(१) द्वीन्द्रिय जीव, (२) त्रीन्द्रिय जीव, (३) चतुरिन्द्रिय जीव, और (४) सम्मूर्च्छिम पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक जीव।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

552. *Kshudra prani* (lower animals) (or beings that cannot attain liberation in the next birth) are of four kinds—(1) *dvindriya jiva* (two sensed beings), (2) *trindriya jiva* (three sensed beings), (3) *chaturindriya jiva* (four sensed beings) and (4) *sammurchhim panchendriya tiryagyonik jiva* (five-sensed animals of asexual origin).

भिक्षुक-पद BHIKSHUK-PAD (SEGMENT OF ALMS-SEEKER)

५५३. चत्तारि पक्खी पण्णत्ता, तं जहा—णिवतित्ता णाममेगे णो परिवइत्ता, परिवइत्ता णाममेगे णो णिवतित्ता, एगे णिवतित्तावि परिवइत्तावि, एगे णो णिवतित्ता णो परिवइत्ता।

एवामेव चत्तारि भिक्खागा पण्णत्ता, तं जहा—णिवतित्ता णाममेगे णो परिवइत्ता, परिवइत्ता णाममेगे णो णिवतित्ता, एगे णिवतित्तावि परिवइत्तावि, एगे णो णिवतित्ता णो परिवइत्ता।

५५३. पक्षी चार प्रकार के होते हैं–(१) **निपतिता, न परिव्रजिता**–कोई पक्षी अपने घोंसले से नीचे उतर सकता है, किन्तु (अक्षम होने से) इधर-उधर उड़ नहीं सकता; (२) **परिव्रजिता, न निपतिता**–कोई पक्षी अपने घोंसले से उड़ सकता है, किन्तु (भीरु होने से) नीचे नहीं उतर सकता; (३) **निपतिता, परिव्रजिता**–कोई समर्थ पक्षी अपने घोंसले से नीचे भी उतर सकता है और ऊपर भी उड़ सकता है; तथा (४) **न निपतिता, न परिव्रजिता**–कोई पक्षी (अतीव बाल्यावस्था होने के कारण) अपने घोंसले से न नीचे ही उतर सकता है और न ऊपर ही उड़ सकता है।

इसी प्रकार भिक्षुक भी चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई भिक्षु भिक्षा के लिए निकलता है, किन्तु रुग्णता आदि कारणों से अधिक घूम नहीं सकता; (२) कोई भिक्षु भिक्षा के लिए घूम सकता है, किन्तु स्वाध्याय ध्यानादि में संलग्न रहने के कारण भिक्षा के लिए निकल नहीं सकता; (३) कोई समर्थ भिक्षु भिक्षा के लिए निकलता भी है और घूमता भी है; (४) कोई भिक्षु नवदीक्षित या अल्पवयस्क होने के कारण भिक्षा के लिए न निकलता है और न घूमता ही है।

553. *Pakshi* (birds) are of four kinds—**(1) Nipatita, na parivrajita**—some bird can come out of its nest but cannot fly around (due to weakness). **(2) Parivrajita, na nipatita**—some bird can fly but does not come out of its nest (out of fear). **(3) Nipatita, parivrajita**—some bird can come out of its nest and fly around as well. **(4) Na nipatita, na parivrajita**—some bird can neither come out of its nest nor fly around (due to immature age).

In the same way *bhikshu* (alms seekers or ascetics) are of four kinds—(1) *Nipatita, na parivrajita*—some ascetic can go out for alms-seeking but cannot move around much due to sickness. (2) *Parivrajita, na nipatita*—some ascetic can move around to seek alms but being busy in studies and meditation does not go out. (3) *Nipatita, parivrajita*—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चार प्रकार के चौपाये

एक खुर वाले

दो खुर वाले

गण्डीपद

सनखपद

चार प्रकार के पक्षी

चर्म पक्षी
चमगीदड़

रोम पक्षी–हंस

समुद्ग पक्षी–शुतुरमुर्ग

वितत पक्षी–भारंड

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय-३

Illustration No. 3

चौपायों के पाँवों की चतुर्विध रचना

(१) **एक खुर वाले पशु**, जैसे घोड़ा आदि। इनके पाँव का तलभाग एक खुरा होता है।
(२) **दो खुर वाले पशु** गाय आदि। इनके पाँव का तलभाग बीच में से छिदा हुआ होता है।
(३) **गण्डीपद**–जिनका पंजा कठोर चर्ममय होता है, जैसे हाथी का पंजा।
(४) **स–नख पद**–लम्बे तीखे नाखूनों वाला पंजा, जैसे शेर आदि का।

–स्थान ४, सूत्र ५५०

चार प्रकार के पक्षी

(१) **चर्म पक्षी**–चमड़े के पंखों वाले, जैसे चमगादड़ आदि।
(२) **रोम पक्षी**–रोम मय पंखों वाले, जैसे हंस आदि।
(३) **समुद्ग पक्षी**–पेटी की तरह जिसके पंख खुलते बन्द होते हैं, जैसे शुतुरमुर्ग।
(४) **वितत पक्षी**–जिसके पंख सदा फैले रहते हों, जैसे–भारंड पक्षी।

–स्थान ४, सूत्र ५५१

FOUR STRUCTURES OF ANIMAL FEET

(1) Animals with single hoof—horse, donkey etc.
(2) Animals with two hooves or split hoof—cow, buffalo, lamb, goat etc.
(3) Animals with large round anvil shaped feet with hard skin—elephant, camel, rhinocerous etc.
(4) Animals with long sharp claws—lion, leopard, dog, cat etc.

—Sthaan 4, Sutra 550

FOUR KINDS OF FEATHERS OF BIRDS

(1) Charmapakshi—having wings of skin like a bat.
(2) Romepakshi—having fibrous or feathery wings like a swan.
(3) Samudgpakshi—having wings that open close like a box like an ostrich.
(4) Vitatpakshi—having wings that remain spread always like a Bharand bird.

—Sthaan 4, Sutra 551

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

some ascetic can go out to seek alms and move around as well. (4) *Na nipatita, na parivrajita*—some ascetic can neither go out to seek alms nor move around (due to immature age or being neo-initiate).

कृश-अकृश-पद KRISH-AKRISH-PAD (SEGMENT OF WEAK AND NOT WEAK)

५५४. चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–णिक्कट्ठे णाममेगे णिक्कट्ठे, णिक्कट्ठे णाममेगे अणिक्कट्ठे, अणिक्कट्ठे णाममेगे णिक्कट्ठे, अणिक्कट्ठे णाममेगे अणिक्कट्ठे।

५५४. पुरुष चार प्रकार के होते हैं–(१) निष्कृष्ट और निष्कृष्ट–कोई पुरुष शरीर से कृश (क्षीण) होता है और कषाय से भी कृश होता है; (२) निष्कृष्ट और अनिष्कृष्ट–कोई शरीर से कृश होता है, किन्तु कषाय से कृश नहीं होता; (३) कोई शरीर से कृश नहीं होता, किन्तु कषाय से कृश होता है; तथा (४) कोई न शरीर से कृश होता है और न कषाय से ही कृश होता है।

554. *Purush* (men) are of four kinds—(1) *Nishkrishta* (weak) and *nishkrishta* (weak)—some man is weak in body and mild in passions as well. (2) *Nishkrishta* (weak) and *anishkrishta* (not weak)—some man is weak in body and not mild in passions. (3) *Anishkrishta* (not weak) and *nishkrishta* (weak)—some man is not weak in body but mild in passions. (4) *Anishkrishta* (weak) and *anishkrishta* (weak)—some man is neither weak in body nor mild in passions.

५५५. चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–णिक्कट्ठे णाममेगे णिक्कट्ठप्पा, णिक्कट्ठे णाममेगे अणिक्कट्ठप्पा, अणिक्कट्ठे णाममेगे णिक्कट्ठप्पा, अणिक्कट्ठे णाममेगे अणिक्कट्ठप्पा।

५५५. पुरुष चार प्रकार के होते हैं–(१) निष्कृष्ट और निष्कृष्टात्मा–कोई पुरुष शरीर से कृश होता है और कषायों की मन्दता के कारण निर्मल आत्मा होता है; (२) कोई शरीर से तो कृश होता है, किन्तु कषायों की प्रबलता से मलिन-आत्मा होता है; (३) कोई शरीर से अकृश (स्थूल) होता है, किन्तु कषायों के अभाव से निर्मल-आत्मा होता है; तथा (४) कोई शरीर से अकृश (स्थूल) और आत्मा से भी अकृश (अनिर्मल) होता है।

555. *Purush* (men) are of four kinds—(1) *Nishkrishta* (weak) and *nishkrishtatma* (weak)—some man is weak in body and spiritually pure due to mild passions. (2) *Nishkrishta* (weak) and *anishkrishtatma* (not weak)—some man is weak in body and spiritually impure due to strong passions. (3) *Anishkrishta* (not weak) and *nishkrishtatma* (weak)—some man is not weak in body and spiritually pure due to mild passions. (4) *Anishkrishta* (not weak) and *anishkrishtatma* (not weak)—some man is not weak in body and spiritually impure due to strong passions.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बुध–अबुध–पद BUDHA-ABUDHA-PAD (SEGMENT OF PRUDENT AND IMPRUDENT)

५५६. चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–बुधे णाममेगे बुधे, बुधे णाममेगे अबुधे, अबुधे णाममेगे बुधे, अबुधे णाममेगे अबुधे।

५५६. पुरुष चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई पुरुष ज्ञान से बुध (विवेकी) होता है और आचरण व व्यवहार कुशलता से भी बुध (विवेकी) होता है(२) कोई ज्ञान से तो बुध होता है, किन्तु आचरण से अबुध (अविवेकी) होता है; (३) कोई ज्ञान से तो अबुध (अल्पज्ञ) होता है, किन्तु आचरण से बुध (कुशल); और (४) कोई ज्ञान से भी अबुध होता है और आचरण से भी अबुध।

556. *Purush* (men) are of four kinds—(1) *Budha* (prudent) and *budha* (prudent)—some man is prudent in knowledge and prudent in conduct as well. (2) *Budha* (prudent) and *abudha* (imprudent)—some man is prudent in knowledge and imprudent in conduct. (3) *Abudha* (imprudent) and *budha* (prudent)—some man is imprudent in knowledge and prudent in conduct. (4) *Abudha* (imprudent) and abudha (imprudent)—some man is imprudent in knowledge and imprudent in conduct.

५५७. चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–बुधे णाममेगे बुधहियए, बुधे णाममेगे अबुधहियए, अबुधे णाममेगे बुधहियए, अबुधे णाममेगे अबुधहियए।

५५७. पुरुष चार प्रकार के होते हैं–(१) बुध और बुधहृदय–कोई पुरुष आचरण से बुध (विद्वान व सत्-क्रिया वाला) होता है और हृदय से भी बुध (विवेकशील) होता है; (२) कोई आचरण से बुध होता है, किन्तु हृदय से अबुध (अविवेकी) होता है; (३) कोई आचरण से अबुध होता है, किन्तु हृदय से बुध होता है; और (४) कोई आचरण से भी अबुध और हृदय से भी अबुध होता है।

557. *Purush* (men) are of four kinds—(1) *Budha* (prudent) and *budhahridaya* (prudent in sentiment)—some man is prudent in conduct (learned and immaculate in conduct) and prudent in sentiment as well. (2) *Budha* (prudent) and *abudhahridaya* (imprudent in sentiment)—some man is prudent in conduct and imprudent in sentiment. (3) *Abudha* (imprudent) and *budhahridaya* (prudent in sentiment)—some man is imprudent in conduct and prudent in sentiment. (4) *Abudha* (imprudent) and *abudhahridaya* (imprudent in sentiment)—some man is imprudent in body and imprudent in sentiment as well.

अनुकम्पक–पद ANUKAMPAK-PAD

५५८. चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–आयाणुकंपए णाममेगे णो पराणुकंपए, पराणुकंपए णाममेगे णो आयाणुकंपए, एगे आयाणुकंपएवि पराणुकंपएवि, एगे णो आयाणुकंपए णो पराणुकंपए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५५८. पुरुष चार प्रकार के होते हैं–(१) **आत्मानुकम्पक, न परानुकम्पक**–कोई पुरुष अपनी आत्मा पर अनुकम्पा (दया) करता है, किन्तु दूसरे पर अनुकम्पा नहीं करता (जैसे, जिनकल्पी, प्रत्येकबुद्ध या निर्दय स्वार्थी पुरुष); (२) परानुकम्पक, न आत्मानुकम्पक–कोई दूसरे पर तो अनुकम्पा करता है, किन्तु अपने ऊपर अनुकम्पा नहीं करता। (मेतार्य मुनि के समान अथवा तीर्थंकर, जो स्वयं कृतकार्य होते हैं;) (३) कोई आत्मानुकम्पक भी होता है और परानुकम्पक भी (स्थविरकल्पी साधु के समान); तथा (४) कोई न आत्मानुकम्पक होता है और न परानुकम्पक (कालशौकरिक के समान)।

558. *Manushya* (men) are of four kinds—**(1) Atmanukampak, na paranukampak**—some man has compassion for himself but does not have compassion for others (like a *Jinakalpi*, a *Pratyek-buddha* or a cruel selfish person). **(2) Paranukampak, na atmanukampak**—some man has compassion for others but does not have compassion for him self (like Ascetic Metarya or a *Tirthankar* who has attained the blissful state). **(3) Atmanukampak, paranukampak**—some man has compassion for himself as well as for others (like a *Sthavir-kalpi* ascetic). **(4) Na atmanukampak, na paranukampak**—some man has compassion neither for himself nor for others (like Kaal Shaurik).

संवास-पद SAMVAS-PAD (SEGMENT OF SEXUAL GRATIFICATION)

५५९. चउव्विहे संवासे पण्णत्ते, तं जहा–दिव्वे, आसुरे, रक्खसे, माणुसे।

५६०. चउव्विहे संवासे पण्णत्ते, तं जहा–देवे णाममेगे देवीए सद्धिं संवासं गच्छति, देवे णाममेगे असुरीए सद्धिं संवासं गच्छति, असुरे णाममेगे देवीए सद्धिं संवासं गच्छति, असुरे णाममेगे असुरीए सद्धिं संवासं गच्छति।

५६१. चउव्विहे संवासे पण्णत्ते, तं जहा–देवे णाममेगे देवीए सद्धिं संवासं गच्छति, देवे णाममेगे रक्खसीए सद्धिं संवासं गच्छति, रक्खसे णाममेगे देवीए सद्धिं संवासं गच्छति, रक्खसे णाममेगे रक्खसीए सद्धिं संवासं गच्छति।

५६२. चउव्विहे संवासे पण्णत्ते, तं जहा–देवे णाममेगे देवीए सद्धिं संवासं गच्छति, देवे णाममेगे मणुस्सीए सद्धिं संवासं गच्छति, मणुस्से णाममेगे देवीए सद्धिं संवासं गच्छति, मणुस्से णाममेगे मणुस्सीए सद्धिं संवासं गच्छति।

५५९. संवास (स्त्री-पुरुष का सहवास) चार प्रकार का कहा है–(१) दिव्य-संवास, (२) आसुर-संवास, (३) राक्षस-संवास, और (४) मानुष-संवास।

५६०. संवास चार प्रकार का होता है–(१) कोई देव देवियों के साथ संवास करता है, (२) कोई देव असुरियों के साथ, (३) कोई असुर देवियों के साथ, और (४) कोई असुर असुरियों के साथ संवास करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५६१. संवास चार प्रकार का होता है–(१) कुछ देव देवियों के साथ, (२) कुछ देव राक्षसियों के साथ, (३) कुछ राक्षस देवियों के साथ, और (४) कुछ राक्षस राक्षसियों के साथ संवास करते हैं।

५६२. संवास चार प्रकार का होता है–(१) कुछ देव देवियों के साथ, (२) कुछ देव मानुषी के साथ, (३) कुछ मनुष्य देवी के साथ, और (४) कुछ मनुष्य मानुषी स्त्री के साथ संवास करता है।

559. *Samvas* (sexual gratification) is of four kinds—(1) *divya-samvas* (divine copulation), (2) *aasur-samvas* (aasur copulation), (3) *rakshas-samvas* (rakshas copulation) and (4) *maanush-samvas* (human copulation).

560. *Samvas* (sexual gratification) is of four kinds—(1) Some *deva* (god) copulates with *devis* (goddesses). (2) Some god copulates with *asuris* (*asur* females or a kind of lower goddesses). (3) Some *asur* (a kind of lower god) copulates with goddesses. (4) Some *asur* copulates with *asuris*.

561. *Samvas* (sexual gratification) is of four kinds—(1) Some *deva* (god) copulates with *devis* (goddesses). (2) Some god copulates with *rakshasis* (*rakshas* females or a kind of lower goddesses). (3) Some *rakshas* copulates with goddesses. (4) Some *rakshas* copulates with *rakshasis*.

562. *Samvas* (sexual gratification) is of four kinds—(1) Some *deva* (god) copulates with *devis* (goddesses). (2) Some god copulates with a *manushis* (women). (3) Some *manushya* (man) copulates with goddesses. (4) Some *manushya* copulates with *manushis*.

५६३. चउव्विहे संवासे पण्णत्ते, तं जहा–असुरे णाममेगे असुरीए सद्धिं संवासं गच्छति, असुरे णाममेगे रक्खसीए सद्धिं संवासं गच्छति, रक्खसे णाममेगे असुरीए सद्धिं संवासं गच्छति, रक्खसे णाममेगे रक्खसीए सद्धिं संवासं गच्छति।

५६४. चउव्विहे संवासे पण्णत्ते, तं जहा–असुरे णाममेगे असुरीए सद्धिं संवासं गच्छति, असुरे णाममेगे मणुस्सीए सद्धिं संवासं गच्छति, मणुस्से णाममेगे असुरीए सद्धिं संवासं गच्छति, मणुस्से णाममेगे मणुस्सीए सद्धिं संवासं गच्छति।

५६३. संवास चार प्रकार का कहा है–(१) कुछ असुर असुरियों के साथ, (२) कुछ असुर राक्षसियों के साथ, (३) कुछ राक्षस असुरियों के साथ, और (४) कुछ राक्षस राक्षसियों के साथ संवास करते हैं।

५६४. संवास चार प्रकार का कहा है–(१) कुछ असुर असुरियों के साथ, (२) कुछ असुर मानुषी स्त्रियों के साथ, (३) कुछ मनुष्य असुरियों के साथ, और (४) कुछ मनुष्य मानुषी स्त्रियों के साथ संवास करते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

563. *Samvas* (sexual gratification) is of four kinds—(1) Some *asur* copulates with *asuris*. (2) Some *asur* copulates with *rakshasis*. (3) Some *rakshas* copulates with *asuris*. (4) Some *rakshas* copulates with *rakshasis*.

564. *Samvas* (sexual gratification) is of four kinds—(1) Some *asur* (asur) copulates with *asuris*. (2) Some *asur* copulates with *manushis*. (3) Some *manushya* (man) copulates with *asuris*. (4) Some *manushya* copulates with *manushis*.

५६५. चउव्विहे संवासे पण्णत्ते, तं जहा–रक्खसे णाममेगे रक्खसीए सद्धिं संवासं गच्छति, रक्खसे णाममेगे मणुस्सीए सद्धिं संवासं गच्छति, मणुस्से णाममेगे रक्खसीए सद्धिं संवासं गच्छति, मणुस्से णाममेगे मणुस्सीए सद्धिं संवासं गच्छति।

५६५. संवास चार प्रकार का कहा है–(१) कुछ राक्षस राक्षसियों के साथ, (२) कुछ राक्षस मानुषी स्त्रियों के साथ, (३) कुछ मनुष्य राक्षसियों के साथ, और (४) कुछ मनुष्य मानुषी स्त्रियों के साथ संवास करते हैं।

565. *Samvas* (sexual gratification) is of four kinds—(1) Some *rakshas* copulates with *rakshasis*. (2) Some rakshas copulates with *manushis*. (3) Some *manushya* (man) copulates with *rakshasis*. (4) Some *manushya* copulates with *manushis*.

विवेचन–वैमानिक व ज्योतिष देवों के संवास को दिव्यसंवास। असुरकुमार भवनवासी देवों के संवास को आसुरसंवास। राक्षस व्यन्तर देवों के संवास को राक्षससंवास और मनुष्यों के संवास को मानुषसंवास कहते हैं।

उपरोक्त सूत्रों में देव, असुर, राक्षस और मनुष्य शब्द का भाव प्रतीकात्मक भी लिया जा सकता है।

देव–भौतिक दृष्टि से सम्पन्न तथा प्रेम उदारता स्नेह, मृदुता, मर्यादा पालन और क्षमाशीलता आदि गुणों का प्रतीक है। **असुर**–उग्र स्वभाव, मनमौजीपन, अहंकार, राजसी स्वभाव, कठोरता आदि का। **राक्षस**–क्रूरता, निर्दयता, निकृष्टता, भक्ष्याभक्ष्य अविवेक आदि स्वभाव का प्रतीक है। मनुष्य में उक्त तीनों के गुण व स्वभाव का मिश्रण रहता है। देव–देवी के संवास का भाव है, श्रेष्ठ पुरुष और श्रेष्ठ स्त्री। इसी प्रकार अन्य के स्वभाव के अनुसार प्रतीकार्थ लिया जा सकता है। *(हिन्दी टीका, पृ. १०८३)*

Elaboration—The sexual gratification of Vaimanik and Jyotishk gods is called *divya-samvas* (divine copulation); that of Asur Kumar abode dwelling gods is called *aasur-samvas* (*aasur* copulation); that of *rakshas* interstitial gods is called *rakshas-samvas* (*rakshas* copulation) and that of human beings is called *maanush-samvas* (human copulation).

The terms *deva, asur, rakshas* and *manushya* used in this aphorism may also be interpreted symbolically—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Deva represents virtues like physical health and wealth, love, generosity, sweet nature, discipline, and forgiveness etc. *Asur* represents attributes like anger, wantonness, conceit, extravagance, callousness etc. *Rakshas* represents attributes like cruelty, absence of compassion, meanness, unrestricted eating habits etc. *Manushya* represents mixture of all these attributes in different proportions. Combination of god and goddess indicates copulation of a virtuous man with a virtuous woman. Other classifications can be interpreted in the same way.

अपध्वंस-पद APADHVANS-PAD (SEGMENT OF DECLINE)

५६६. चउव्विहे अवद्धंसे पण्णत्ते, तं जहा-आसुरे, आभिओगे, संमोहे, देवकिब्बिसे।

५६६. अपध्वंस (पतन या चारित्र का विनाश) चार प्रकार का होता है। जैसे-(१) असुर-अपध्वंस, (२) आभियोग-अपध्वंस, (३) सम्मोह-अपध्वंस, और (४) देवकिल्विष-अपध्वंस)।

566. *Apadhvans* (decline) is of four kinds—(1) *Asur-apadhvans*, (2) *Abhiyoga-apadhvans*, (3) *Sammoha-apadhvans* and (4) *Devkilvish-apadhvans.*

विवेचन- शुद्ध भावपूर्वक की गई तपस्या का फल निर्वाण की प्राप्ति तथा शुभ भावपूर्वक की गई तपस्या का फल स्वर्ग की प्राप्ति है। किन्तु जिस तपस्या में किसी प्रकार की आकांक्षा या फल-प्राप्ति की वांच्छा जुड़ी रहती है, उस तपःसाधना के फल से प्राणी देवयोनि में तो उत्पन्न होता है, किन्तु मन में आकांक्षा रहने के कारण नीच जाति के भवनवासी आदि देवों में उत्पन्न होता है। जिन अनुष्ठानों, आचरणों को करने से साधक असुरत्व का उपार्जन करता है, वह **आसुरी भावना** है। जिन अनुष्ठानों व आचरणों से साधक आभियोग जाति (देवताओं में सेवक तुल्य) के देवों में उत्पन्न होता है, वह **आभियोगी-भावना** है, जिन अनुष्ठानों से साधक सम्मोहक देवों में उत्पन्न होता है, वह **सम्मोही भावना** है और जिन अनुष्ठानों से साधक किल्विष देवों (चण्डालपना) में उत्पन्न होता है, वह **देवकिल्विषी भावना** है। वस्तुतः ये चारों ही भावनाएँ चारित्र के अपध्वंस (विनाशरूप) हैं, अतः अपध्वंस के चार प्रकार बताये हैं। चारित्र का पालन करते हुए भी व्यक्ति जिस प्रकार की हीन भावना में निरत रहता है, वह उस प्रकार के हीन देवों में उत्पन्न हो जाता है। आगे के सूत्रों में चारों प्रकार की भावना पर प्रकाश डाला है।

Elaboration—Austerities observed with spiritual purity lead to liberation and those done with pious feelings lead to birth in higher divine realms. But austerities connected with some aspirations or desire of attainments, although lead to birth in divine realm but of lower levels like abode dwelling gods. The rituals and conduct that lead to *Asur* realm are included in *asuri bhaavana* attitude. The rituals and conduct that lead to birth as *Abhiyogik* gods (servant gods) are included in *abhiyogi bhaavana*. The rituals and conduct that lead to birth as

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Sammohak gods (another kind of lower gods) are included in *sammohi bhaavana*. The rituals and conduct that lead to birth as *Kilvish* gods (clown gods) are included in *Devkilvishi bhaavana*. In fact all these four bhaavanas (sentiments) cause moral decline and therefore they are included here as four kinds of decline. Even while observing ascetic conduct an aspirant gets destined to birth as a lower god depending on the sentiment he is involved in. The following aphorisms throw more light on these four kinds of sentiments.

आसुरी भावना AASURI BHAAVANA

५६७. चउहिं ठाणेहिं जीवा आसुरत्ताए कम्मं पगरेंति, तं जहा—कोवसीलताए, पाहुडसीलताए, संसत्ततवोकम्मेणं णिमित्ताजीवयाए।

५६७. चार स्थानों से जीव असुरों में जन्म लेने योग्य कर्म का उपार्जन करते हैं—(१) **कोपशीलता से**—चारित्र का पालन करते हुए क्रोधयुक्त प्रवृत्ति से, (२) **प्राभृतशीलता से**—कलह-स्वभावी होने से, (३) **संसक्त तपःकर्म से**—आहार, पात्रादि की प्राप्ति के लिए तपश्चरण करने से, और (४) **निमित्ताजीविता से**—हानि-लाभ आदि से सम्बन्धित निमित्त बताकर आहारादि प्राप्त करने से।

567. Four *sthaans* (activities) enable beings to acquire *karmas* leading to birth as *Asurs*—**(1) Kopeshilata**—by indulging in anger inspired activity while observing ascetic conduct. **(2) Prabhritashilata**—by having quarrelsome nature. **(3) Samsakt tapahkarma**—by observing austerities to acquire food, bowls and other things. **(4) Nimittajivita**—by acquiring food and other things on the pretext of banes and boons of alms-giving.

आभियोगी भावना AABHIYOGI BHAAVANA

५६८. चउहिं ठाणेहिं जीवा आभिओगत्ताए कम्मं पगरेंति, तं जहा—अत्तुक्कोसेणं, परपरिवाएणं, भूतिकम्मेणं, कोउयकरणेणं।

५६८. चार स्थानों से जीव आभियोगत्व कर्म का उपार्जन करते हैं—(१) **आत्मोत्कर्ष से**—अपने गुणों का अभिमान तथा आत्मप्रशंसा करने से, (२) **पर-परिवाद से**—दूसरों की निन्दा करने और दोष कहने से, (३) **भूतिकर्म से**—ज्वर, भूतावेश आदि को दूर करने के लिए भस्म, लेप, ताबीज आदि देने से, और (४) **कौतुक करने से**—मन्त्रित जलादि से स्नान व होम आदि करने से।

568. Four *sthaans* (activities) enable beings to acquire *karmas* leading to birth as *Abhiyogik* gods—**(1) Atmotkarsh**—by self praise and conceit of one's virtues. **(2) Paraparivad**—by slandering and criticizing others. **(3) Bhutikarma**—by applying ash, giving totems and doing other such superstitious things to cure fever and other ailments. **(4) Kautuk**—by taking bath with mantra-consecrated water or offering sacrifice in fire.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्मोही भावना SAMMOHI BHAAVANA

५६९. चउहिं ठाणेहिं जीवा सम्मोहत्ताए कम्मं पगरेंति, तं जहा–उम्मग्गदेसणाए, मग्गंतराएणं, कामासंसप्पओगेणं, भिज्जाणियाणकरणेणं।

५६९. चार स्थानों से जीव सम्मोहत्व कर्म का उपार्जन करते हैं–(१) **उन्मार्गदेशना से**–जिन-वचनों से विरुद्ध मिथ्या मार्ग का उपदेश देने से, (२) **मार्गान्तराय से**–मुक्ति के मार्ग में प्रवृत्त व्यक्ति को विघ्न, बाधा उपस्थित करने से, (३) **कामाशंसाप्रयोग से**–तपस्या करते हुए काम-भोगों की अभिलाषा रखने से, और (४) **भिध्यानिदानकरण से**–भोगों की तीव्र लालसा-वश बार-बार निदान करने से।

569. Four *sthaans* (activities) make beings acquire *karmas* leading to birth as *Sammohi* gods—**(1) Unmarg deshana**—to preach against the sermon of *Jina* or the right path. **(2) Margantaraya**—by obstructing or creating hurdles in the path of a person heading towards liberation. **(3) Kamashamsa prayog**—by having desire for carnal pleasures while indulging in austerities. **(4) Mithyanidaanakaran**—to hope and wish time and again for satiation of intense carnal cravings

देवकिल्विषी भावना DEVAKILVISHI BHAAVANA

५७०. चउहिं ठाणेहिं जीवा देवकिब्बिसियत्ताए कम्मं पगरेंति, तं जहा–अरहंताणं अवण्णं वदमाणे, अरहंतपण्णत्तस्स धम्मस्स अवण्णं वदमाणे, आयरियउवज्झायाणमवण्णं वदमाणे, चाउवण्णस्स संघस्स अवण्णं वदमाणे।

५७०. चार स्थानों से जीव देवकिल्विषिकत्व कर्म का उपार्जन करते हैं–(१) अर्हन्तों का अवर्णवाद करने से, (२) अर्हत्प्रज्ञप्त धर्म का, (३) आचार्य और उपाध्याय का, और (४) चतुर्विध संघ का अवर्णवाद करने से।

570. Four *sthaans* (activities) make beings acquire *karmas* leading to birth as *Devakilvishi* gods—by slandering and criticizing (1) *Arhants*, (2) religion propagated by *Arhats*, (3) *acharya* and *upadhyaya*, and (4) *Chaturvidh Sangh* (four limbed religious organization).

विवेचन–इन अशुभ भावनाओं का उत्तराध्ययन अध्ययन ३६ में तथा बृहत्कल्पभाष्य भाग २ में विस्तार पूर्वक वर्णन है।

.हिन्दी में देखें भावना योग (आचार्य श्री आनन्द ऋषिजी) खण्ड–२

Elaboration—Detailed discussion on the sentiments at the back of the aforesaid activities is available in chapter 36 of *Uttaradhyayan* and part 2 of *Brihatkalpabhashya*. Also refer to the Hindi book *Bhaavana Yoga*, part-2 by Acharya Shri Anand Rishi ji.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५७१. चउव्विहा पव्वज्जा पण्णत्ता, तं जहा—इहलोगपडिबद्धा, परलोगपडिबद्धा, दुहओलोगपडिबद्धा, अप्पडिबद्धा।

५७१. प्रव्रज्या (निर्ग्रन्थ दीक्षा) चार प्रकार की कही है—(१) **इहलोकप्रतिबद्धा**—इस लोक-सम्बन्धी सुख-कामना से युक्त, (२) **परलोकप्रतिबद्धा**—परलोक-सम्बन्धी सुख-कामना युक्त, (३) **लोकद्वयप्रतिबद्धा**—दोनों लोकों की सुख-कामना से युक्त, और (४) **अप्रतिबद्धा**—किसी भी प्रकार के सांसारिक सुख की कामना से रहित।

571. *Pravrajya* (ascetic initiation) is of four kinds—(1) **Ihalokapratibaddha**—with a wish for happiness during this birth. (2) **Paralokapratibaddha**—with a wish for happiness during the next birth. (3) **Lokadvyapratibaddha**—with a wish for happiness during the said two births. (4) **Apratibaddha**—with no wish at all for any kind of mundane happiness.

५७२. चउव्विहा पव्वज्जा पण्णत्ता, तं जहा—पुरओपडिबद्धा मग्गओपडिबद्धा, दुहओपडिबद्धा, अप्पडिबद्धा।

५७२. प्रव्रज्या चार प्रकार की कही है—(१) **पुरतःप्रतिबद्धा**—आहार अथवा शिष्यपरिवारादि की कामना (भावी आकांक्षा) से ली जाने वाली, (२) **मार्गतः (पृष्ठतः) प्रतिबद्धा**—वंश, कुल और कुटुम्बादि की प्रतिष्ठा बढ़ाने की कामना से ली जाने वाली, (३) **द्वयप्रतिबद्धा**—उक्त दोनों प्रकार की कामना से ली जाने वाली, और (४) **अप्रतिबद्धा**—उक्त दोनों प्रकार की कामनाओं से रहित।

572. *Pravrajya* (ascetic initiation) is of four kinds—**(1) Puratah-pratibaddha**—with a wish for getting food, disciples, and other things. **(2) Margatah (Prishtatah) pratibaddha**—with a wish for enhancing honour of clan, lineage, family etc. **(3) Dvayapratibaddha**—with a wish for the two aforesaid things. **(4) Apratibaddha**—with no wish at all for the said two things.

५७३. चउव्विहा पव्वज्जा पण्णत्ता, तं जहा—ओवायपव्वज्जा, अक्खातपव्वज्जा, संगारपव्वज्जा, विहगगइपव्वज्जा।

५७३. प्रव्रज्या चार प्रकार की कही है—(१) **अवपात प्रव्रज्या**—गुरु आदि की सेवा के निमित्त ली जाने वाली दीक्षा, (२) **आख्यात प्रव्रज्या**—दूसरों के कहने से या उनसे प्रेरणा पाकर ली जाने वाली दीक्षा, (३) **संगर प्रव्रज्या**—तुम दीक्षा लोगे तो मैं भी दीक्षा लूँगा, इस प्रकार परस्पर प्रतिज्ञाबद्ध होने से या किसी संकेत से ली जाने वाली, और (४) **विहगगति प्रव्रज्या**—एकाकी होकर देशान्तर में जाकर ली जाने वाली दीक्षा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

573. *Pravrajya* (ascetic initiation) is of four kinds—(1) **Avapaat pravrajya**—initiation for the purpose of serving the teacher and others. (2) **Akhyat pravrajya**—initiation at the behest of or inspiration by others. (3) **Sangar pravrajya**—Initiation to honour commitment or direction such as 'If you get initiated I will also follow suit.' (4) **Vihagagati pravrajya**—initiation taken alone after going away from the country.

५७४. चउव्विहा पव्वज्जा पण्णत्ता, तं जहा–तुयावइत्ता, पुयावइत्ता, बुआवइत्ता, परिपुयावइत्ता।

५७४. प्रव्रज्या चार प्रकार की कही है–(१) **तोदयित्वा**–रोग आदि उत्पन्न करने का भय बताकर या कष्ट देकर दी जाने वाली दीक्षा, (२) **प्लावयित्वा**–जन्मस्थान से अन्यत्र ले जाकर दी जाने वाली दीक्षा, (३) **वाचयित्वा**–बातचीत करके अथवा **मोचयित्वा**–पाठान्तर मानने पर किसी को ऋण मुक्त कराकर दी जाने वाली दीक्षा, और (४) **परिप्लुतयित्वा**–स्निग्ध, मिष्ट आहार का प्रलोभन देकर दी जाने वाली दीक्षा। *(संस्कृत टीका भाग २ पृष्ठ ४७४ में इनके उदाहरण भी दिये हैं)*

574. *Pravrajya* (ascetic initiation) is of four kinds—(1) **Todayitva**—initiation enforced by coercion such as fear of causing some ailment. (2) **Plavayitva**—initiation given by taking one away from his birth place. (3) **Vachayitva**—initiation given after convincing. (another reading: *mochayitva*—initiation given after clearing one's debts. (4) **Pariplutayitva**— initiation given by promising rich and tasty food as enticement. *(Examples of all these are given in Sanskrit Tika, part-2 p. 474)*

५७५. चउव्विहा पव्वज्जा पण्णत्ता, तं जहा–णडखइया, भडखइया, सोहखइया, सियालखइया।

५७५. प्रव्रज्या चार प्रकार की कही है–(१) **नटखादिता**–संवेग-वैराग्य से रहित नट की तरह मात्र मनोरंजन के लिए धर्मकथा कहकर भोजनादि के उद्देश्य से ली गई। (२) **भटखादिता**–सुभट के समान बल-प्रदर्शन कर या सेवा करके, विद्याबल दिखाकर जीवन निर्वाह के लिए ली गई, (३) **सिंहखादिता**–सिंह के समान दूसरों को शाप आदि से भयभीत कर जीवन निर्वाह कराने वाली और (४) **शृगालखादिता**–सियाल के समान दीन-वृत्ति से लोगों की खुशामद कर जीवन निर्वाह कराने वाली।

575. *Pravrajya* (ascetic initiation) is of four kinds—(1) **Natakhadita**—acrobat-like; taken for entertainment and not out of detachment. (2) **Bhatakhadita**—warrior-like; for earning livelihood by display of learning and extending services. (3) **Simhakhadita**—lion-like; taken for earning livelihood by terrorizing others with threat of casting evil spell etc. (4) **Shrigalakhadita**—jackal-like; taken for earning livelihood by invoking pity through flattery.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५७६. चउव्विहा किसी पण्णत्ता, तं जहा–वाविया, परिवाविया, णिंदिता, परिणिंदिता।

एवामेव चउव्विहा पव्वज्जा पण्णत्ता, तं जहा–वाविता, परिवाविता, णिंदिता, परिणिंदिता।

५७६. कृषि (खेती) चार प्रकार की कही है–(१) **वापिता**–गेहूँ आदि की तरह एक बार बीजाई करने वाली, (२) **परिवापिता**–एक बार स्थान से उखाड़कर अन्य स्थान पर रोपण की जाने वाली, (३) **निदाता**–बोये गये धान्य के साथ उगी हुई विजातीय घास को बीन कर तैयार होने वाली, और (४) **परिनिदाता**–दो-तीन बार गुड़ाई करके की जाने वाली कृषि।

इसी प्रकार प्रव्रज्या भी चार प्रकार की कही है–(१) **वापिता प्रव्रज्या**–सामायिक चारित्र में आरोपित करना (छोटी दीक्षा), (२) **परिवापिता प्रव्रज्या**–महाव्रतों में आरोपित करना (बड़ी दीक्षा), (३) **निदाता प्रव्रज्या**–अतिचारों की एक बार आलोचना कर से शुद्ध होने वाली, और (४) **परिनिदाता प्रव्रज्या**–जिसमें बार-बार अतिचारों की आलोचना करनी पड़ती हो, वह दीक्षा।

576. *Krishi* (farming) is of four kinds—**(1) Vapita**—done with one sowing, like wheat crop. **(2) Parivapita**—done with transplantation. **(3) Nidata**—done with removal of weeds from the sown crop once. **(4) Parinidata**—done with hoeing two three times.

In the same way *pravrajya* (ascetic initiation) is of four kinds—**(1) Vapita pravrajya**—to initiate in Samayik *Charitra* (*chhoti diksha* or the primary initiation). **(2) Parivapita pravrajya**—to initiate into great vows (*badi diksha* or final initiation). **(3) Nidata pravrajya**—involving just one reproachment for transgressions. **(4) Parinidata pravrajya**—involving repeated reproachment for transgressions.

५७७. चउव्विहा पव्वज्जा पण्णत्ता, तं जहा–धण्णपुंजितसमाणा, धण्णविरल्लितसमाणा, धण्णविक्खित्तसमाणा, धण्णसंकट्टितसमाणा।

५७७. प्रव्रज्या चार प्रकार की कही है–(१) **पुंजितधान्यसमाना**–खलिहान में रखे साफ किये गये धान्य-पुंज के समान दोष व अतिचारों से रहित, (२) **विरेल्लितधान्यसमाना**–साफ किये गये, किन्तु खलिहान में बिखरे हुए भूसे से मिश्रित धान्य के समान अल्प-अतिचारों वाली, (३) **विक्षिप्तधान्यसमाना**–खलिहान में बैलों आदि के द्वारा कुचले गए कंकर-भूसे से मिश्रित धान्य के समान अतिचारों की बहुलता वाली, और (४) **संकट्टितधान्यसमाना**–खेत से काटकर खलिहान में लाये गये कूड़े-कंकर आदि से मिश्रित धान्य-पूलों के समान अत्यधिक अतिचारों से युक्त प्रव्रज्या।

577. *Pravrajya* (ascetic initiation) is of four kinds—**(1) Punjitadhanyasamana**—free of faults and transgression like cleaned grain heaps in a granary. **(2) Virellitadhanyasamana**—with some faults and transgressions like cleaned but chaff mixed scattered grain in a granary. **(3) Vikshiptadhanyasamana**—with more faults and

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

transgressions like chaff and pebble mixed grain trampled by oxen. **(4) Sankattitadhanyasamana**—with excessive faults and transgressions like freshly brought grain from farm that is mixed with pebbles and dirt.

संज्ञा–पद SANJNA-PAD (SEGMENT OF DESIRE)

५७८. चत्तारि सण्णाओ पण्णत्ताओ, तं जहा–आहारसण्णा, भयसण्णा, मेहुणसण्णा, परिग्गहसण्णा।

५७८. संज्ञाएँ चार प्रकार की कही हैं–(१) आहारसंज्ञा, (२) भयसंज्ञा, (३) मैथुनसंज्ञा, और (४) परिग्रहसंज्ञा।

578. *Sanjna* (desires) are of four kinds—(1) *ahar-sanjna* (desire for food), (2) *bhaya-sanjna* (desire to run away from fear), (3) *maithun-sanjna* (desire for sex) and (4) *parigraha-sanjna* (desire for possessions).

५७९. चउहिं ठाणेहिं आहारसण्णा समुप्पज्जति, तं जहा–ओमकोट्ठताए, छुहावेयणिज्जस्स कम्मस्स उदएणं, मतीए, तदट्ठोवओगेणं।

५७९. चार कारणों से आहारसंज्ञा उत्पन्न होती है–(१) पेट खाली होने से, (२) क्षुधा वेदनीय कर्म के उदय से, (३) आहार सम्बन्धी बातें सुनने या भोज्य पदार्थ दीखने से, और (४) बार–बार आहार सम्बन्धी चिन्तन करने से।

579. There are four reasons for *ahar-sanjna* (desire for food)—(1) stomach being empty, (2) fruition of *kshudha vedaniya karma* (*karma* responsible for suffering hunger), (3) hearing about or seeing eatables and (4) continued thinking about food.

५८०. चउहिं ठाणेहिं भयसण्णा समुप्पज्जति, तं जहा–हीणसत्ततताए, भयवेयणिज्जस्स कम्मस्स उदएणं, मतीए तदट्ठोवओगेणं।

५८०. चार कारणों से भयसंज्ञा उत्पन्न होती है–(१) सत्त्व (शक्ति) की हीनता से, (२) भय मोहनीय कर्म के उदय से, (३) भय की बातें सुनने व भयानक दृश्य देखने से (४) बार–बार भय का सोच–विचार करते रहने से।

580. There are four reasons for *bhaya-sanjna* (desire to run away from fear)—(1) deficiency of *sattva* (strength), (2) fruition of *bhaya mohaniya karma* (*karma* responsible for feeling of fear), (3) hearing about fearful things and seeing terrifying scenes, and (4) continued thinking about fearful things.

५८१. चउहिं ठाणेहिं मेहुणसण्णा समुप्पज्जति, तं जहा–चितमंससोणियताए, मोहणिज्जस्स कम्मस्स उदएणं, मतीए, तदट्ठोवओगेणं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५८१. मैथुनसंज्ञा चार कारणों से उत्पन्न होती है–(१) शरीर में माँस, रक्त, वीर्य का अधिक संचय होने से, (२) वेद मोहनीय कर्म के उदय से, (३) मैथुन की बातें सुनने व विकारोत्पादक दृश्य देखने से, (४) बार-बार मैथुन सम्बन्धी चिन्तन स्मरण से।

581. There are four reasons for *maithun-sanjna* (desire for sex)—(1) excess accumulation of flesh, blood, and semen in the body, (2) fruition of *veda mohaniya karma* (*karma* responsible for sexual feelings), (3) hearing about sex and seeing erotic scenes and (4) continued thinking about sex.

५८२. चउहिं ठाणेहिं परिग्गहसण्णा समुप्पज्जति, तं जहा–अविमुत्तयाए, लोभवेयणिज्जस्स कम्मस्स उदएणं, मतीए तदट्ठोवओगेणं।

५८२. परिग्रहसंज्ञा चार कारणों से उत्पन्न होती है--(१) परिग्रह या इच्छा--तृष्णा का त्याग न होने से, (२) लोभ मोहनीय कर्म के उदय से, (३) परिग्रह को देखने तथा धन का महत्त्व बताने वाली बातों से, (४) बार-बार परिग्रह सम्बन्धी चिन्तन करते रहने से।

582. There are four reasons for *parigraha-sanjna* (desire for possessions)—(1) not renouncing the desire and craving for possessions, (2) fruition of *lobha mohaniya karma* (*karma* responsible for feeling of greed), (3) hearing about importance of wealth and possessions and seeing things worth possessing and (4) continued thinking about possessing things.

विवेचन–उक्त सूत्रों में 'संज्ञा' शब्द एक विशेष अर्थ है–"तत्सम्बन्धी विशेष प्रकार के कर्मोदय से जागृत होने वाली विकृत चेतना या भावना।" आहार संज्ञा में असाता वेदनीय, भय संज्ञा में भय वेदनीय, मैथुन संज्ञा में वेद मोहनीय और परिग्रह संज्ञा में लोभ मोहनीय कर्मों का उदय अन्तरंग कारण है। शेष तीन-तीन बहिरंग कारण हैं।

Elaboration—The term *sanjna* has been used in a special sense—pervert feelings of desire rising due to fruition of related *karmas*. *Ahar-sanjna, bhaya-sanjna, maithun-sanjna* and *parigraha-sanjna* rise due to fruition of *asata vedaniya, bhaya vedaniya, veda mohaniya* and *lobha mohaniya karma* respectively. This is the intrinsic cause. The remaining three causes are extrinsic.

काम-पद KAAM-PAD (SEGMENT OF CARNALITY)

५८३. चउव्विहा कामा पण्णत्ता, तं जहा–सिंगारा, कलुणा, बीभच्छा, रोद्दा। सिंगारा कामा देवाणं, कलुणा कामा मणुयाणं, बीभच्छा कामा तिरिक्खजोणियाणं, रोद्दा कामा णेरइयाणं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५८३. काम-भोग चार प्रकार का होता है-(१) शृंगार काम, (२) करुण काम, (३) बीभत्स काम, (४) रौद्र काम।

(१) देवों का काम शृंगार रस-प्रधान। (२) मनुष्यों का काम करुण-रस-प्रधान। (३) तिर्यग्योनिक जीवों का काम बीभत्स-रस-प्रधान। (४) नारक जीवों का काम रौद्र-रस-प्रधान।

583. *Kaam* (gratification of carnal desires) is of four kinds—(1) *shringar kaam* (carnal indulgence resulting in amatory sentiment), (2) *karun kaam* (carnal indulgence resulting in sentiment of pathos), (3) *bibhatsa kaam* (carnal indulgence resulting in sentiment of disgust) and (4) *raudra kaam* (carnal indulgence resulting in sentiment of rage).

(1) *Kaam* of gods is *shringar kaam* (carnal indulgence resulting in amatory sentiment), (2) *Kaam* of humans is *karun kaam* (carnal indulgence resulting in sentiment of pathos), (3) *Kaam* of animals is *bibhatsa kaam* (carnal indulgence resulting in sentiment of disgust) and (4) *Kaam* of infernal beings is *raudra kaam* (carnal indulgence resulting in sentiment of rage).

विवेचन-टीकाकार ने बताया है, देवताओं के काम चित्त में प्रसन्नता व रति उत्पन्न करने वाले हैं, रति रूपो हि शृंगारः। मनुष्यों के काम भोगने के पश्चात् मन में शोक व पश्चात्ताप उत्पन्न करते हैं करुणो हि रसः शोक स्वभावः। अधिक कामासक्ति रोग भी उत्पन्न कर देती है। तिर्यंचों के काम घृणास्पद होते हैं, अतः उन्हें बीभत्स कहा है। नारकियों में शारीरिक मैथुन (काम) नहीं होता। प्रश्न होता है वे मैथुन संज्ञा की पूर्ति कैसे करते हैं ? उत्तर में बताया है, उनमें आसेवनकाम तो नहीं होता, किन्तु इच्छाकाम होता है। इच्छाकाम की पूर्ति में वे अत्यन्त रौद्र होकर परस्पर लड़ने लग जाते हैं। रोद्रः क्रोध प्रकृतिः, *(हिन्दी टीका पृष्ठ ११०१)*

Elaboration—The commentator (*Tika*) informs that the sexual gratification of gods produces erotic sentiment and feeling of joy. The sexual gratification of human beings results in sentiment of pathos and pensive state of mind. Excessive lust also causes ailments. The sexual act of animals is repulsive therefore it is classified as source of sentiment of disgust. The infernal beings are deprived of the ability of physical sex. A question naturally rises—how do they satisfy their sexual desire ? The answer is that though they are deprived of physical sex still they have sexual desires. For gratification of this desire they indulge in fierce fight with each other, therefore it is classified as source of sentiment of rage. *(Hindi Tika, p. 1101)*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उत्तान–गंभीर–पद UTTAN-GAMBHIR-PAD (SEGMENT OF SHALLOW AND DEEP)

५८४. चत्तारि उदगा पण्णत्ता, तं जहा–उत्ताणे णाममेगे उत्ताणोदए, उत्ताणे णाममेगे गंभीरोदए, गंभीरे णाममेगे उत्ताणोदए, गंभीरे णाममेगे गंभीरोदए।

एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–उत्ताणे णाममेगे उत्ताणहिदए, उत्ताणे णाममेगे गंभीरहिदए, गंभीरे णाममेगे उत्ताणहिदए, गंभीरे णाममेगे गंभीरहिदए।

५८४. उदक (जल) चार प्रकार का होता है–(१) उत्तान और उत्तानोदक–कोई जल उत्तान–छिछला होता है और छिछला दिखाई देता है तथा उसका भीतरी भाग दिखाई देता है)। (२) उत्तान और गम्भीरोदक–कोई जल छिछला होता है, किन्तु गम्भीर दिखाई देता है। मलीन होने से इसका भीतरी भाग दिखाई नहीं देता। (३) कोई जल गम्भीर (गहरा) होता है किन्तु स्वच्छ दिखाई देता है और (४) कोई जल गम्भीर (गहरा) होता है और गम्भीर दिखाई देता है

इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के होते हैं। (१) कोई पुरुष बाहर से सीधा सरल और हृदय से भी सीधा-सरल स्वभाव का होता है। (२) कोई बाहर से सीधा-सरल किन्तु हृदय में गम्भीर, (३) कोई बाहर से गम्भीर और हृदय से भी सरल, सहज तथा (४) कोई बाहर से गम्भीर हृदय से भी गम्भीर होता है।

584. *Udak* (water) is of four kinds—(1) *Uttan* and *uttanodak*—some water is shallow and looks shallow (clear with visible bottom). (2) *Uttan* and *gambhirodak*—some water is shallow but looks deep (dirty with invisible bottom). (3) *Gambhir* and *uttanodak*—some water is deep and looks shallow (clear with visible bottom). (4) *Gambhir* and *Gambhirodak*—some water is deep and looks deep (dirty with invisible bottom).

In the same way *manushya* (man) is of four kinds—(1) some man is simple in looks and simple in mind also. (2) Some man is simple in looks but serious or complex in mind. (3) Some man is serious or complex in looks but simple in mind. (4) Some man is serious or complex in looks and serious or complex in mind also.

५८५. चत्तारि उदगा पण्णत्ता, तं जहा–उत्ताणे णाममेगे उत्ताणोभासी, उत्ताणे णाममेगे गंभीरोभासी, गंभीरे णाममेगे उत्ताणोभासी, गंभीरे णाममेगे गंभीरोभासी।

एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–उत्ताणे णाममेगे उत्ताणोभासी, उत्ताणे णाममेगे गंभीरोभासी, गंभीरे णाममेगे उत्ताणोभासी, गंभीरे णाममेगे गंभीरोभासी।

५८५. उदक चार प्रकार का होता है–(१) उत्तान और उत्तानावभासी–कोई जल उथला होता है और उथला जैसा ही प्रतीत होता है। (२) उत्तान और गम्भीरावभासी–कोई जल उथला होता है, किन्तु

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्थान की विशेषता से गहरा जैसा प्रतीत होता है। (३) कोई जल गहरा होता है, किन्तु उथला जैसा प्रतीत होता है। (४) कोई जल गहरा होता है और गहरा ही प्रतीत होता है।

इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के होते हैं-(१) कोई पुरुष उथला (तुच्छ) होता है और तुच्छ कार्य करने से तुच्छ प्रतीत होता है। (२) कोई तुच्छ होता है, किन्तु गम्भीर जैसा प्रतीत होता है। (३) कोई गम्भीर होता है, किन्तु तुच्छ कार्य करने से उथला जैसा प्रतीत होता है। (४) कोई गम्भीर होता है और गम्भीर ही प्रतीत होता है।

585. *Udak* (water) is of four kinds—(1) *Uttan* and *uttanavabhasi*—some water is shallow and seems to be shallow. (2) Uttan and *gambhiravabhasi*—some water is shallow but seems to be deep. (3) *Gambhir* and *uttanavabhasi*—some water is deep and seems to be shallow. (4) *Gambhir* and *Gambhiravabhasi*—some water is deep and seems to be deep.

In the same way *manushya* (man) is of four kinds—(1) some man is simple (ordinary) and seems to be simple. (2) Some man is simple but seems to be serious (profound). (3) Some man is serious but seems to be simple. (4) Some man is serious and seems to be serious also.

५८६. चत्तारि उदही पण्णत्ता, तं जहा—उत्ताणे णाममेगे उत्ताणोदही, उत्ताणे णाममेगे गंभीरोदही, गंभीरे णाममेगे उत्ताणोदही, गम्भीरे णाममेगे गंभीरोदही।

एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा—उत्ताणे णाममेगे उत्ताणहियए, उत्ताणे णाममेगे गंभीरहियए, गंभीरे णाममेगे उत्ताणहियए, गंभीरे णाममेगे गंभीरहियए।

५८६. समुद्र चार प्रकार के कहे हैं-(१) **उत्तान और उत्तानोदधि**—कोई समुद्र पहले उथला होता है और बाद में भी उथला रहता है (क्योंकि अढ़ाई द्वीप से बाहर के समुद्रों में ज्वार नहीं आता)। (२) कोई समुद्र पहले तो उथला होता है, (ज्वार भाटे से पहले) किन्तु बाद में ज्वार आने पर गहरा हो जाता है। (३) कोई समुद्र पहले गहरा होता है, किन्तु बाद में ज्वार उतर जाने पर उथला हो जाता है। (४) कोई समुद्र (मध्य भाग में) पहले भी गहरा होता है और बाद में भी गहरा होता है।

इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के कहे हैं-(१) **उत्तान और उत्तानहृदय**—कोई पुरुष व्यवहार में अनुदार या उथला होता है और उसका हृदय भी अनुदार होता है। (२) कोई व्यवहार में अनुदार या उथला होता है, किन्तु हृदय गम्भीर या उदार होता है। (३) कोई गम्भीर किन्तु अनुदार हृदय वाला, और (४) कोई गम्भीर और गम्भीरहृदय वाला होता है।

586. *Udadhi* (sea) is of four kinds—(1) *Uttan* and *uttanodadhi*—some sea is shallow initially and remains shallow later as well (the seas outside Adhai Dveep are free of tides). (2) *Uttan* and *gambhirodadhi*—some sea is shallow initially but deep later (before and after a tide).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(3) *Gambhir* and *uttanodadhi*—some sea is deep initially and shallow later (after and before a tide). (4) *Gambhir* and *Gambhirodadhi*—some sea is deep initially and remains deep later as well (the middle part of the sea).

In the same way *manushya* (man) is of four kinds—(1) some man is puerile in behaviour and puerile in mind also. (2) Some man is puerile in looks but solemn or generous in mind. (3) Some man is solemn in behaviour but puerile in mind. (4) Some man is solemn in behaviour and solemn in mind also.

५८७. चत्तारि उदही पण्णत्ता, तं जहा—उत्ताणे णाममेगे उत्ताणोभासी, उत्ताणे णाममेगे गंभीरोभासी, गंभीरे णाममेगे उत्ताणोभासी, गंभीरे णाममेगे गंभीरोभासी।

एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा—उत्ताणे णाममेगे उत्ताणोभासी, उत्ताणे णाममेगे गंभीरोभासी, गंभीरे णाममेगे उत्ताणोभासी, गंभीरे णाममेगे गंभीरोभासी।

५८७. समुद्र चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई समुद्र उथला होता है और उथला जैसा ही लगता है। (२) कोई समुद्र उथला होता है, किन्तु गहरा जैसा लगता है। (३) कोई समुद्र गहरा होता है, किन्तु उथला जैसा लगता है। (४) कोई समुद्र गहरा होता है और गहरा ही लगता है।

इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई पुरुष उथला (तुच्छ) होता है और उथला ही लगता है। (२) कोई उथला होता है, किन्तु गम्भीर लगता है। (३) कोई गम्भीर होता है, किन्तु उथला लगता है। (४) कोई गम्भीर होता है और गम्भीर ही लगता है।

587. *Udadhi* (sea) is of four kinds—(1) *Uttan* and *uttanavabhasi*—some sea is shallow and seems to be shallow. (2) *Uttan* and *gambhiravabhasi*—some sea is shallow but seems to be deep. (3) *Gambhir* and *uttanavabhasi*—some sea is deep and seems to be shallow. (4) *Gambhir* and *Gambhiravabhasi*—some sea is deep and seems to be deep.

In the same way *manushya* (man) is of four kinds—(1) some man is puerile and seems to be puerile as well. (2) Some man is puerile but seems to be solemn. (3) Some man is solemn but seems to be puerile. (4) Some man is solemn and seems to be solemn also.

तरक–पद TARAK-PAD (SEGMENT OF A SWIMMER)

५८८. चत्तारि तरगा पण्णत्ता, तं जहा—समुद्दं तरामीतेगे समुद्दं तरति, समुद्दं तरामीतेगे गोप्पयं तरति, गोप्पयं तरामीतेगे समुद्दं तरति, गोप्पयं तरामीतेगे गोप्पयं तरति।

५८८. तैराक (तैरने वाले) चार प्रकार के होते हैं–

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(१) कोई तैराक समुद्र को तैरने का संकल्प करता है और समुद्र को तैर जाता है।

(२) कोई समुद्र को तैरने का संकल्प करता है, किन्तु गोष्पद (अल्प जल वाले स्थान) को तैरता है।

(३) कोई गोष्पद को तैरने का संकल्प करता है और समुद्र को तैर जाता है।

(४) कोई गोष्पद को तैरने का संकल्प करता है गोष्पद को ही तैरता है।

588. *Tarak* (swimmers) are of four kinds—(1) Some *tarak* (swimmer) resolves to swim a sea and actually swims a sea. (2) Some *tarak* (swimmer) resolves to swim a sea but actually swims a *goshpad* (a small water body; pond). (3) Some *tarak* (swimmer) resolves to swim a pond but actually swims a sea. (4) Some *tarak* (swimmer) resolves to swim a pond and actually swims a pond.

५८९. चत्तारि तरगा पण्णत्ता, तं जहा–समुद्दं तरेत्ता णाममेगे समुद्दे विसीयति, समुद्दं तरेत्ता णाममेगे गोप्पए विसीयति, गोप्पयं तरेत्ता णाममेगे समुद्दे विसीयति, गोप्पयं तरेत्ता णाममेगे गोप्पए विसीयति।

५८९. तैराक चार प्रकार के होते हैं। (१) कोई एक बार समुद्र को पार करके पुनः समुद्र को पार करने में विषादग्रस्त हो जाता है। (२) कोई समुद्र को पार करके गोष्पद को पार करने में विषादग्रस्त हो जाता है। (३) कोई गोष्पद को पार करके समुद्र को पार करने में विषादग्रस्त हो जाता है। (४) कोई गोष्पद को पार करके पुनः गोष्पद को पार करने में विषादग्रस्त हो जाता है।

589. *Tarak* (swimmers) are of four kinds—(1) After crossing a sea once, some *tarak* (swimmer) gets dejected to cross a sea again. (2) After crossing a sea once, some swimmer gets dejected to cross a pond. (3) After crossing a pond once, some swimmer gets dejected to cross a sea. (4) After crossing a pond once, some swimmer gets dejected to cross a pond again.

पूर्ण–तुच्छ–पद PURNA-TUCHCHHA-PAD (SEGMENT OF FULL AND EMPTY)

५९०. चत्तारि कुंभा पण्णत्ता, तं जहा–पुण्णे णाममेगे पुण्णे, पुण्णे णाममेगे तुच्छे, तुच्छे णाममेगे पुण्णे, तुच्छे णाममेगे तुच्छे।

एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–पुण्णे णाममेगे पुण्णे, पुण्णे णाममेगे तुच्छे, तुच्छे णाममेगे पुण्णे, तुच्छे णाममेगे तुच्छे।

५९०. कुम्भ (घट) चार प्रकार के हैं–(१) कोई कुम्भ आकार से परिपूर्ण (सम्पूर्ण) होता है और घी आदि द्रव्य से भी पूर्ण होता है। (२) कोई कुम्भ आकार से परिपूर्ण होता है और घी आदि द्रव्यों से तुच्छ खाली होता है। (३) कोई कुम्भ आकार से अपूर्ण, किन्तु घृतादि द्रव्यों से परिपूर्ण होता है। (४) कोई कुम्भ घृतादि से भी तुच्छ (रिक्त) और आकार से भी तुच्छ (अपूर्ण) होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के कहे हैं–(१) कोई सभी अवयवों से पूर्ण होता है और धन, विद्या आदि गुणों से भी पूर्ण होता है। (२) कोई आकार से पूर्ण, किन्तु विद्या आदि गुणों से तुच्छ होता है। (३) कोई आकार से तुच्छ होता है, किन्तु ज्ञानादि गुणों से पूर्ण। (४) और कोई आकार आदि से भी तुच्छ और ज्ञानादि गुणों से भी तुच्छ होता है।

590. *Kumbh* (pitchers) are of four kinds—(1) Some *kumbh* (pitcher) is *purna* (complete) in form and *purna* (filled) with butter or other things. (2) Some *kumbh* (pitcher) is *purna* (complete) in form but *tuchchha* (empty) of butter or other things. (3) Some *kumbh* (pitcher) is *tuchchha* (incomplete) in form but *purna* (filled) with butter or other things. (4) Some *kumbh* (pitcher) is *tuchchha* (incomplete) in form and *tuchchha* (empty) of butter or other things as well.

Manushya (men) are of four kinds—(1) Some man is *purna* (complete) in body and *purna* (endowed) with virtues like wealth, learning, piety and other such attributes. (2) Some man is *purna* (complete) in body but *tuchchha* (empty) of virtues. (3) Some man is *tuchchha* (incomplete) in body but *purna* (endowed) with virtues. (4) Some man is *tuchchha* (incomplete) in body and *tuchchha* (empty) of virtues as well.

५९१. चत्तारि कुंभा पण्णत्ता, तं जहा–पुण्णे णाममेगे पुण्णोभासी, पुण्णे णाममेगे तुच्छोभासी, तुच्छे णाममेगे पुण्णोभासी, तुच्छे णाममेगे तुच्छोभासी।

एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–पुण्णे णाममेगे पुण्णोभासी, पुण्णे णाममेगे तुच्छोभासी, तुच्छे णाममेगे पुण्णोभासी, तुच्छे णाममेगे तुच्छोभासी।

५९१. कुम्भ (घट) चार प्रकार के कहे हैं–(१) **पूर्ण और पूर्णावभासी**–कोई कुम्भ आकारसे पूर्ण होता है और पूर्ण ही दीखता है। (२) **पूर्ण और तुच्छावभासी**–कोई कुम्भ आकार से पूर्ण किन्तु अपूर्ण–सा दीखता है। (३) कोई कुम्भ आकार से अपूर्ण किन्तु पूर्ण–सा दीखता है। (४) कोई कुम्भ आकार से अपूर्ण और अपूर्ण ही दीखता है।

इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के कहे हैं। (१) कोई पुरुष सम्पत्ति–श्रुत आदि से पूर्ण, और उसका यथोचित सदुपयोग करने से भी पूर्ण होता है। (२) कोई श्रुत आदि से पूर्ण होता है, किन्तु यथोचित सदुपयोग न करने से अपूर्ण–सा दीखता है। (३) कोई श्रुत आदि से अपूर्ण होता है, किन्तु उनका किंचित उपयोग करने से पूर्ण–सा दीखता है। (४) कोई श्रुत आदि से अपूर्ण होता है और उनका उपयोग न करने से अपूर्ण ही दीखता है।

591. *Kumbha* (pitcher) is of four kinds—(1) *Purna* and *purnaavabhasi*—some pitcher is complete and seems to be complete. (2) *Purna* and *tuchchhaavabhasi*—some pitcher is complete but seems to be incomplete.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(3) *Tuchchha* and *purnaavabhasi*—some pitcher is incomplete but seems to be complete. (4) *Tuchchha* and *Tuchchhaavabhasi*—some pitcher is incomplete and seems to be incomplete.

In the same way *manushya* (man) is of four kinds—(1) *Purna* and *purnaavabhasi*—some man is complete (endowed with wealth and knowledge) and seems to be complete (due to proper use). (2) *Purna* and *tuchchhaavabhasi*—some man is complete but seems to be incomplete (due to improper use). (3) *Tuchchha* and *purnaavabhasi*—some man is incomplete but seems to be complete (due to some use). (4) *Tuchchha* and *Tuchchhaavabhasi*—some man is incomplete and seems to be incomplete (due to absence of any use).

५९२. चत्तारि कुंभा पण्णत्ता, तं जहा–पुण्णे णाममेगे पुण्णरूवे, पुण्णे णाममेगे तुच्छरूवे, तुच्छा णाममेगे पुण्णरूवे, तुच्छे णाममेगे तुच्छरूवे।

एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–पुण्णे णाममेगे पुण्णरूवे, पुण्णे णाममेगे तुच्छरूवे, तुच्छे णाममेगे पुण्णरूवे, तुच्छे णाममेगे तुच्छरूवे।

५९२. कुम्भ (घट) चार प्रकार के कहे हैं–(१) कोई कुम्भ जल आदि से पूर्ण (भरा) होता है और उसका आकार आदि भी पूर्ण (सुन्दर) होता है। (२) कोई पूर्ण होता है, किन्तु उसका रूप पूर्ण (सुन्दर) नहीं होता है। (३) कोई अपूर्ण होता है, किन्तु उसका रूप पूर्ण होता है। (४) कोई अपूर्ण होता है और उसका रूप भी अपूर्ण ही होता है।

इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के कहे हैं–(१) कोई धन–श्रुत आदि से भी पूर्ण होता है और वेषभूषादि रूप से भी पूर्ण होता है–(२) कोई धन–विद्या आदि से पूर्ण, किन्तु वेषभूषादि रूप से अपूर्ण होता है। (३) कोई विद्या आदि से अपूर्ण, किन्तु वेष–भूषादि रूप से पूर्ण। (४) कोई श्रुतादि से भी अपूर्ण, और वेष–भूषादि रूप से भी अपूर्ण होता है।

592. *Kumbha* (pitcher) is of four kinds—(1) *Purna* and *purnarupa*—some pitcher is *purna* (filled) and *purnarupa* (beautiful in appearance). (2) *Purna* and *tuchchharupa*—some pitcher is filled but *tuchchharupa* (not beautiful in appearance). (3) *Tuchchha* and *purnarupa*—some pitcher is not beautiful but filled. (4) *Tuchchha* and *Tuchchharupa*—some pitcher is neither filled nor beautiful.

In the same way *manushya* (man) is of four kinds—(1) *Purna* and *purnarupa*—some man is *purna* (endowed with wealth and knowledge) and *purnarupa* (well dressed). (2) *Purna* and *tuchchharupa*—some man is endowed but *tuchchharupa* (not well dressed). (3) *Tuchchha* and

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

purnarupa—some man is *tuchchha* (not endowed) but well dressed. (4) *Tuchchha* and *tuchchharupa*—some man is neither endowed nor not well dressed.

५९३. चत्तारि कुंभा पण्णत्ता, तं जहा–पुण्णेवि एगे पियट्ठे, पुण्णेवि एगे अवदले, तुच्छेवि एगे पियट्ठे, तुच्छेवि एगे अवदले।

एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–पुण्णेवि एगे पियट्ठे, पुण्णेवि एगे अवदले, तुच्छेवि एगे पियट्ठे, तुच्छेवि एगे अवदले।

५९३. कुम्भ चार प्रकार के कहे हैं। (१) **पूर्ण और प्रियार्थ**–कोई कुम्भ जल आदि से पूर्ण होता है और श्रेष्ठ गुण वाला होता है। (२) पूर्ण और अपदल–कोई कुम्भ जल आदि से पूर्ण होने पर भी अपदल (अधपका या कुत्सित मिट्टी का बना) होता है। (३) कोई कुम्भ जलादि से अपूर्ण होने पर भी श्रेष्ठ होता है। (४) कोई कुम्भ जलादि से भी अपूर्ण और अपदल (असार) भी होता है।

इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के कहे हैं–(१) कोई सम्पत्ति व श्रुत आदि से पूर्ण होता है और परोपकारी होने से लोकप्रिय भी होता है। (२) कोई सम्पत्ति–श्रुत आदि से पूर्ण होता है, किन्तु (परोपकारादि न करने से) अपदल होता है। (३) कोई सम्पत्ति–श्रुत आदि से अपूर्ण होने पर भी परोपकारादि करने से प्रियार्थ होता है। (४) कोई सम्पत्ति–श्रुत आदि से भी अपूर्ण और परोपकारादि न करने से अपदल भी होता है।

593. *Kumbha* (pitcher) is of four kinds—(1) *Purna* and *priyarth*—some pitcher is *purna* (filled with water) and *priyarth* (good in quality; made of good material). (2) *Purna* and *apadal*—some pitcher is filled with water but *apadal* (bad in quality; not properly fired or made of bad material). (3) *Tuchchha* and *priyarth*—some pitcher is empty but of good quality. (4) *Tuchchha* and *Apadal*—some pitcher is empty as well as of bad quality.

In the same way *manushya* (man) is of four kinds—(1) *Purna* and *priyarth*—some man is *purna* (endowed with wealth and knowledge) and *priyarth* (altruist and popular). (2) *Purna* and *apadal*—some man is endowed but *apadal* (selfish and unpopular). (3) *Tuchchha* and *priyarth*—some man is *tuchchha* (not endowed) but popular. (4) *Tuchchha* and *apadal*—some man is neither endowed nor popular.

५९४. चत्तारि कुंभा पण्णत्ता, तं जहा–पुण्णेवि एगे विस्संदति, पुण्णेवि एगे णो विस्संदति, तुच्छेवि एगे विस्संदति, तुच्छेवि एगे णो विस्संदति।

एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–पुण्णेवि एगे विस्संदति, (पुण्णेवि एगे णो विस्संदति, तुच्छेवि एगे विस्संदति, तुच्छेवि एगे णो विस्संदति।)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५९४. कुम्भ चार प्रकार के कहे हैं–(१) पूर्ण और विष्यन्दक–कोई कुम्भ जल आदि से पूर्ण होता है और झरता भी है। (२) कोई कुम्भ जल आदि से पूर्ण, होता है किन्तु झरता नहीं है। (३) कोई कुम्भ तुच्छ होता है और झरता भी है। (४) कोई कुम्भ तुच्छ होता है और झरता भी नहीं है।

इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के कहे हैं–(१) कोई पुरुष सम्पत्ति श्रुतादि से पूर्ण होता है और उनका उपकारादि में उपयोग करता रहता है। ((२) कोई श्रुतादि से पूर्ण होने पर भी उसका उपकारादि में उपयोग नहीं करता। (३) कोई श्रुतादि से अपूर्ण होने पर भी प्राप्त अर्थ का उपकारादि में उपयोग करता है। (४) कोई श्रुतादि से अपूर्ण होता है और उनसे परोपकार भी नहीं करता।)

594. *Kumbha* (pitcher) is of four kinds—(1) *Purna* and *vishyandak*—some pitcher is *purna* (filled) and *vishyandak* (dripping). (2) *Purna* and *no vishyandak*—some pitcher is filled but *no vishyandak* (not dripping). (3) *Tuchchha* and *vishyandak*—some pitcher is not filled (fully) but dripping. (4) *Tuchchha* and *no vishyandak*—some pitcher is neither filled nor dripping.

In the same way *manushya* (man) is of four kinds—(1) *Purna* and *vishyandak*—some man is *purna* (well endowed with wealth and knowledge) and *vishyandak* (puts them to benevolent use). (2) *Purna* and *no vishyandak*—some man is well endowed but *no vishyandak* (does not put them to benevolent use). (3) *Tuchchha* and *vishyandak*—some man is *tuchchha* (not well endowed) but puts whatever he has to benevolent use. (4) *Tuchchha* and *no vishyandak*—some man is neither well endowed nor puts anything to benevolent use.

चारित्र–सूत्र CHAARITRA-PAD (SEGMENT OF ASCETIC-CONDUCT)

५९५. चत्तारि कुंभा पण्णत्ता, तं जहा–भिण्णे, जज्जरिए, परिस्साई, अपरिस्साई।

एवामेव चउव्विहे चरित्ते पण्णत्ते, तं जहा–भिण्णे, (जज्जरिए, परिस्साई), अपरिस्साई।

५९५. कुम्भ चार प्रकार के होते हैं–

(१) भिन्न (फूटा), (२) जर्जरित (पुराना) , (३) परिस्रावी (झरने वाला), (४) अपरिस्रावी (नहीं झरने वाला)।

इसी प्रकार चारित्र भी चार प्रकार का कहा है–(१) भिन्न चारित्र–मूल प्रायश्चित्त के योग्य, (२) जर्जरित चारित्र–छेद प्रायश्चित्त के योग्य, (३) परिस्रावी चारित्र–सूक्ष्म अतिचार वाला, (४) (अपरिस्रावी चारित्र–निरतिचार-सर्वथा निर्दोष चारित्र।)

595. *Kumbha* (pitchers) are of four kinds—(1) *bhinna* (broken), (2) *jarjarit* (decrepit), (3) *parisravi* (dripping) and (4) *aparisravi* (not dripping).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

In the same way *chaaritra* (ascetic-conduct) is of four kinds—(1) *bhinna chaaritra* (broken ascetic-conduct)—requiring total atonement, (2) *jarjarit chaaritra* (decrepit ascetic-conduct)—requiring partial atonement, (3) *parisravi chaaritra* (dripping ascetic-conduct)—with minute transgressions and (4) *aparisravi chaaritra* (non-dripping ascetic-conduct)—complete absence of transgressions.

मधु-विष-कुम्भ पद MADHU-VISH-KUMBH-PAD (SEGMENT OF HONEY, POISON AND PITCHER)

५९६. चत्तारि कुंभा पण्णत्ता, तं जहा—महुकुंभे णाममेगे महुपिहाणे, महुकुंभे णाममेगे विसपिहाणे, विसकुंभे णाममेगे महुपिहाणे, विसकुंभे णाममेगे विसपिहाणे।

एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा—महुकुंभे णाममेगे महुपिहाणे, महुकुंभे णाममेगे विसपिहाणे, विसकुंभे णाममेगे, महुपिहाणे, विसकुंभे णाममेगे विसपिहाणे।

हिययमपावमकलुसं, जीहाऽवि य महुरभासिणी णिच्चं।
जम्मि पुरिसम्मि विज्जति, से मधुकुंभे मधुपिहाणे॥१॥

हिययमपावमकलुसं, जीहाऽवि य कडुयभासिणी णिच्चं।
जम्मि पुरिसम्मि विज्जति, से मधुकुंभे विसपिहाणे॥२॥

जं हिययं कलुसमयं जीहाऽवि य मधुरभासिणी णिच्चं।
जम्मि पुरिसम्मि विज्जति, से विसकुंभे महुपिहाणे॥३॥

जं हिययं कलुसमयं, जीहाऽवि य कडुयभासिणी णिच्चं।
जम्मि पुरिसम्मि विज्जति, से विसकुंभे विसपिहाणे॥४॥ (संग्रहणी-गाथा)

५९६. कुम्भ चार प्रकार के कहे हैं-(१) मधुकुम्भ, मधुपिधान-कोई कुम्भ मधु से भरा होता है और उसका पिधान (ढक्कन) भी मधुमय होता है। (२) मधुकुम्भ, विषपिधान-कोई कुम्भ विष से भरा, किन्तु उसका ढक्कन विष लिप्त होता है। (३) विषकुम्भ, मधुपिधान-कोई कुम्भ विष से भरा, किन्तु उसका ढक्कन मधु लिप्त होता है। (४) विषकुम्भ, विषपिधान-कोई कुम्भ विष से भरा, और उसका ढक्कन भी विष लिप्त होता है।

इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के कहे हैं। (१) कोई पुरुष हृदय से मधु जैसा मिष्ट व पापरहित होता है और उसकी जिह्वा भी मिष्टभाषिणी होती है। (२) कोई हृदय से तो मधु जैसा मिष्ट होता है, किन्तु उसकी जिह्वा विष जैसी कटुभाषिणी होती है। (३) किसी के हृदय में तो विष भरा होता है, किन्तु जीभ से मधुरभाषी होता है। (४) किसी के हृदय में विष भरा होता है और जीभ से विष जैसी कटु भाषा बोलता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संग्रहणी गाथा

(१) जिस पुरुष का हृदय पाप और कलुषता से रहित होता है तथा जिह्वा भी सदा मधुरभाषिणी होती है, वह मधु से भरे और मधु के ढक्कन वाले कुम्भ के समान है।

(२) जिस पुरुष का हृदय पाप एवं कलुषता से रहित होता है, किन्तु जिह्वा सदा कटु-भाषिणी होती है, वह मधु से भरा, किन्तु विष ढक्कन वाले कुम्भ के समान है।

(३) जिसका हृदय कलुषता से भरा, किन्तु जिह्वा सदा मधुरभाषिणी है वह विष-भृत और मधु-ढक्कन वाले कुम्भ के समान है।

(४) जिसका हृदय कलुषता से भरा है और जिह्वा भी सदा कटुभाषिणी है, वह विष-भृत और विष-पिधान वाले कुम्भ के समान है।

596. *Kumbha* (pitcher) is of four kinds—**(1) Madhukumbha and madhupidhan**—some pitcher is *madhukumbha* (filled with honey) and *madhupidhan* (has honey saturated cover). **(2) Madhukumbha and vishapidhan**—some pitcher is filled with honey but *vishapidhan* (has poison saturated cover). **(3) Vishakumbha and madhupidhan**—some pitcher is filled with poison but has honey saturated cover. **(4) Vishapidhan and Vishapidhan**—some pitcher is filled with poison and has poison saturated cover.

In the same way *manushya* (man) is of four kinds—(1) Some man is sweet and pious like honey and has sweet voice too. (2) Some man is sweet and pious like honey but has poison-like bitter voice. (3) Some man is bitter and harmful like poison but has honey-like sweet voice. (4) Some man is bitter and harmful like poison and has poison-like bitter voice.

COLLATIVE VERSE

(1) A man whose mind is free of sin and perversion and who also has a sweet tongue is like a pitcher filled with honey having a honey saturated cover.

(2) A man whose mind is free of sin and perversion but who has a bitter tongue is like a pitcher filled with honey having a poison saturated cover.

(3) A man whose mind is filled with sin and perversion but who has a sweet tongue is like a pitcher filled with poison having a honey saturated cover.

(4) A man whose mind is filled with sin and perversion and who also has a bitter tongue is like a pitcher filled with poison having a poison saturated cover.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विवेचन–यहाँ 'मधु' व 'विष' शब्द प्रतीकात्मक है। मधु से, शहद, मिश्री, मकरंद, अमृत, सद्भाव आदि और 'विष' से उग्रता, कटुता, कलुषता, पापमय विचार आदि समझना चाहिए।

Elaboration—Here the terms *madhu* and *vish* have been used as metaphors. *Madhu* means honey, crystal sugar, pollen, ambrosia, benevolence and other such sweet and pious things and virtues. Similarly *vish* means poison, aggression, bitterness, perversion, sinful thoughts and other such bitter things and vices.

उपसर्ग–पद UPASARG-PAD (SEGMENT OF AFFLICTION)

५९७. चउव्विहा उवसग्गा पण्णत्ता, तं जहा–दिव्वा, माणुसा, तिरिक्खजोणिया, आयसंचेयणिज्जा।

५९७. उपसर्ग चार प्रकार के कहे हैं–(१) **दिव्य–उपसर्ग**–देवों द्वारा किया जाने वाला। (२) **मानुष–उपसर्ग**–मनुष्यों के द्वारा किया जाने वाला। (३) **तिर्यग्योनिक उपसर्ग**–तिर्यंचयोनिक जीवों के द्वारा किया जाने वाला। (४) **आत्मसंचेतनीय उपसर्ग**–स्वयं अपने द्वारा किया गया उपसर्ग।

597. *Upasarg* (affliction) is of four kinds—(1) *divya-upasarg*—affliction caused by gods, (2) *manush-upasarg*—affliction caused by humans, (3) *tiryagyonik-upasarg*—affliction caused by animals and (4) *atmasanchetaniya-upasarg*—affliction caused by self.

विवेचन–संयम से डिगाने वाली और चित्त को चलायमान करने वाली बाधा को 'उपसर्ग' कहते हैं। वे दो प्रकार के होते हैं, **अनुकूल उपसर्ग**–जो मन, इन्द्रिय व शरीर को प्रिय लगते हों। **प्रतिकूल उपसर्ग**–जो इनको अप्रिय लगते हों। ऐसी बाधाएँ देव, मनुष्य और तिर्यंचकृत तो होती हैं, कभी-कभी आकस्मिक भी होती हैं, उनको यहाँ आत्म-संचेतनीय कहा है।

Elaboration—A hurdle or impediment that weakens resolve and forces one to abandon ascetic-discipline is called *upasarg* or affliction. They are of two types—*anukool upasarg* (favourable to and liked by senses and mind) and *pratikool upasarg* (unfavourable to and disliked by senses and mind). Such afflictions are generally caused by gods, human beings, and animals. The accidental afflictions without any apparent cause are included here in *atmasanchetaniya* or self inflicted afflictions.

५९८. दिव्वा उवसग्गा चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा–हासा, पाओसा, वीमंसा, पुढोवेमाता।

५९८. दिव्य उपसर्ग चार प्रकार के कहे हैं–(१) **हास्य–जनित**–कुतूहल-वश हँसी-मजाक से किया गया। (२) **प्रद्वेष–जनित**–पूर्व भव के वैर से प्रेरित होकर किया गया। (३) **विमर्श–जनित**–परीक्षा लेने के लिए किया गया। (४) **पृथग्–विमात्र**–हास्य, द्वेषादि मिले-जुले अनेक कारणों से किया गया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

598. *Divya-upasarg* (divine affliction) is of four kinds—(1) *Hasya-janit*—caused jovially for amusement, (2) *pradvesh-janit*—caused out of animosity from earlier birth, (3) *vimarsh-janit*—caused for testing and (4) *prithag-vimatra*—caused due to mixed reasons including hilarity and antagonism.

५९९. माणुसा उवसग्गा चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा—हासा, पाओसा, वीमंसा, कुसीलपडिसेवणया।

५९९. मनुष्य सम्बन्धी उपसर्ग चार प्रकार के कहे हैं—(१) हास्य-जनित, (२) प्रद्वेष-जनित, (३) विमर्श-जनित, (४) कुशील प्रतिसेवन-ब्रह्मचर्य से भ्रष्ट करने के लिए किया गया उपसर्ग। *(संस्कृत टीका भाग २ पृष्ठ ४८२ पर इनके उदाहरण भी दिये हैं।)*

599. *Manush-upasarg* (human affliction) is of four kinds—(1) *Hasya-janit*, (2) *pradvesh-janit*, (3) *vimarsh-janit* and (4) *kusheel pratisevan*—caused for violating celibacy. *(for examples see Sanskrit Tika, p. 482)*

६००. तिरिक्खजोणिया उवसग्गा चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा—भया, पदोसा, आहारहेउं अवच्चलेण—सारक्खणया।

६००. तिर्यंचों के द्वारा किया जाने वाला उपसर्ग चार प्रकार का कहा है।

(१) **भय—जनित**, जैसे गाय, भैंस, कुत्ता आदि के द्वारा। (२) प्रद्वेष-जनित उपसर्ग पूर्व भव के वैरादि के स्मरण से। (३) आहार के लिए किया गया उपसर्ग जैसे—चींटी, मच्छर आदि का। (४) अपने बच्चों के एवं गुफा, घोंसला आदि आवास स्थान के संरक्षणार्थ किया गया।

600. *Tiryagyonik-upasarg* (animal affliction)—is of four kinds—(1) *Bhaya-janit*—caused out of fear such as those caused by cow, buffalo, dog, etc. (2) *Pradvesh-janit*. (3) Caused out of need of food such as those caused by carnivores and insects like ant, mosquito etc. (4) Caused for protecting offspring and dwelling place such as a cave, nest etc.

६०१. आयसंचेयणिज्जा उवसग्गा चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा—घट्टणता, पवडणता, थंभणता, लेसणता।

६०१. आत्मसंचेतनीय उपसर्ग चार प्रकार का कहा है—(१) **घट्टनता—जनित**—आँख में रज-कण आदि जाने से या किसी से टकरा जाने से। (२) **प्रपतन—जनित**—मार्ग में चलते हुए असावधानी से गिर पड़ने के कारण। (३) **स्तम्भन—जनित**—हस्त-पाद आदि के शून्य हो जाने या मल-मूत्र रुक जाने से उत्पन्न कष्ट। (४) **श्लेषणता—जनित**—वात-पित्त आदि के कारण सन्धिस्थलों के जुड़ जाने से होने वाला कष्ट।

601. *Atmasanchetaniya-upasarg* (accidental affliction)—is of four kinds—(1) *Ghattanata-janit*—caused due to falling of sand particles in

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

eyes or colliding with something. (2) *Prapatan-janit*—caused by falling while walking carelessly. (3) *Stambhan-janit*—caused due to numbness in limbs or inability to pass urine or stool. (4) *Shlesh-janit*—caused by stiffness in joints due to disturbed body humours.

कर्म-पद KARMA-PAD (SEGMENT OF KARMAS)

६०२. चउव्विहे कम्मे पण्णत्ते, तं जहा–सुभे णाममेगे सुभे, सुभे णाममेगे असुभे, असुभे णाममेगे सुभे, असुभे णाममेगे असुभे।

६०२. कर्म चार प्रकार का कहा है–(१) शुभ और शुभ। (२) शुभ और अशुभ। (३) अशुभ और शुभ। (४) अशुभ और अशुभ।

602. *Karmas* are of four kinds—(1) good and good, (2) good and bad, (3) bad and good, and (4) bad and bad.

विवेचन–कर्मों के मूल भेद आठ हैं, उनमें चार घातिकर्म तो अशुभ या पापरूप ही कहे गये हैं। शेष चार अघातिकर्मों के दो विभाग हैं। उनमें सातावेदनीय, शुभ आयु, उच्च गोत्र और पंचेन्द्रिय जाति, उत्तम संस्थान, स्थिर, सुभग, यशःकीर्ति आदि नाम कर्म की ६८ प्रकृतियाँ पुण्य रूप और शेष पापरूप कही हैं।

सूत्र में जो चार भंग कहे गये हैं, उनका स्पष्टीकरण इस प्रकार है–

(१) कोई पुण्यकर्म वर्तमान में भी शुभ फल देता है और शुभानुबन्धी होने से आगे भी सुख देने वाला होता है। जब पुण्य भोग में आसक्ति नहीं होती तो मूढ़ता उत्पन्न नहीं होती। पुण्यानुबंधी पुण्य। जैसे भरत चक्रवर्ती आदि का पुण्यकर्म।

(२) कोई पुण्यकर्म वर्तमान में तो शुभ फल देता है, किन्तु पापानुबन्धी होने से आगे दुःख देने वाला होता है। पापानुबन्धी पुण्य। जो पुण्य आसक्त भाव से भोगा जाता है, वह मूढ बना देता है। जैसे ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती आदि का पुण्यकर्म। जैसे कहा है–

पुण्णेण होइ विहवो, विहवेण मओ, मएण मई मोहो।
मई मोहेण य पावं ता पुण्णं अम्ह मा होउ।

पुण्य से वैभव होता है, वैभव से मद, मद से मति–मोह, मति–मोह से पाप। पाप मुझे इष्ट नहीं हैं। इसलिए ऐसा पुण्य भी मुझे इष्ट नहीं है।

(३) कोई पापकर्म वर्तमान में तो दुःख देता है, किन्तु आगे सुखानुबन्धी होता है। जो अशुभ कर्म तीव्र मोह से अर्जित नहीं होते, वे भोगते समय मूढता उत्पन्न नहीं करते, वे शुभ कर्म के निमित्त बन जाते हैं। जैसे दुःख से संतप्त व्यक्ति शुभ की ओर प्रवृत्त होता है। पुण्यानुबन्धी पाप।

(४) कोई पापकर्म वर्तमान में भी दुःख देता है और पापानुबन्धी होने से आगे भी दुःख देता है। जैसे–मछली मारने वाले धीवरादि का पापकर्म। (पापानुबन्धी पाप)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Elaboration—There are eight basic categories of *karmas*. Out of these the four *Ghati karmas* (vitiating karmas) are said to be bad or sinful. The other four *Aghati karmas* (non-vitiating karmas) have two sections. Out of these *satavedaniya* (pleasure causing), *shubh aayu* (good life span), *uchcha gotra* (high status), *panchendriya jati* (five sensed class of beings), *uttam samsthan* (good body constitution), *sthir* (stability), *shubha* (nobility), *yashah kirti* (fame) and other 68 species of *Naam karma* are said to be *punya rupa* (meritorious) and the rest are *paap rupa* (demeritorious).

The four alternatives mentioned in the aphorism are explained as follows—

(1) Good and good—Some *punya karma* (meritorious *karma*) gives good fruits in the present and being cause of further bondage of meritorious *karmas* it gives good fruits in future births also. When there is no attachment in enjoying fruits of meritorious *karmas* stupor is absent. *Punyanubandhi punya* (merit-bonding meritorious *karma*) for example the meritorious *karmas* of Bharat Chakravarti and other such noble souls.

(2) Good and bad—Some *punya karma* (meritorious *karma*) gives good fruits in the present but being cause of further bondage of demeritorious *karmas* it gives bad fruits or misery in future births. *Paapanubandhi punya* (demerit-bonding meritorious karma)—when there is attachment in enjoying fruits of meritorious *karmas* it leads to stupor. For example the meritorious *karmas* of Brahmadatt Chakravarti etc. There is a verse highlighting this—Meritorious *karma* begets grandeur. Grandeur is source of ego. Ego results in illusive attachment and illusive attachment causes bondage of demeritorious *karmas*. I do not prefer demerit therefore I do not require such meritorious *karma*.

(3) Bad and good—Some *paap karma* (demeritorious *karma*) causes misery in the present but is cause of bondage of meritorious *karmas* for the future. *Punyanubandhi paap* (merit-bonding demeritorious karma)—the bad karmas not acquired through intense attachment do not lead to stupor; they turn into cause of bondage of good *karmas*. For example a person suffering misery gets inspired towards goodness.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(3) My *karmas* responsible for suffering of pain are coming to fruition during this life time. That is why he is angry at me or abuses me or threatens me to throw out or rebukes me or ties me or stops me or pierces my body or makes me unconscious or torments me or snatches, throws away, breaks, shatters or steals my garb, bowls, ascetic-broom and other equipment.

(4) What will happen to me if I do not properly and resolutely endure these with forbearance (*titiksha*) and forgiveness (*kshama*) and get moved ? I will singularly acquire demeritorious *karmas* (*paap karma*).

(5) What will happen to me if I properly and resolutely endure these with forbearance (*titiksha*) and forgiveness (*kshama*) and remain unmoved ? I will singularly shed *karmas* (*karma nirjara*).

For the above said five reasons a *chhadmasth* person properly and resolutely endures the precipitated afflictions and torments with forbearance and forgiveness, remaining unmoved.

७४. पंचहिं ठाणेहिं केवली उदिण्णे परिसहोवसग्गे सम्मं सहेज्जा जाव (खमेज्जा तितिक्खेज्जा) अहियासेज्जा, तं जहा--

(१) खित्तचित्ते खलु अयं पुरिसे। तेण मे एस पुरिसे अक्कोसति वा तहेव जाव (अवहसति वा णिच्छोडेति वा णिब्भंछेति वा बंधेति वा रुंभति वा छविच्छेदं करेति वा, पमारं वा णेति, उद्दवेइ वा, वत्थं वा पडिग्गहं वा कंबलं वा पायपुंछणमच्छिंदति वा विच्छिंदति वा भिंदति वा) अवहरति वा।

(२) दित्तचित्ते खलु अयं पुरिसे। तेण मे एस पुरिसे जाव (अक्कोसति वा अवहसति वा णिच्छोडेति वा णिब्भंछेति वा बंधेति वा रुंभति वा छविच्छेदं करेति वा, पमारं वा णेति, उद्दवेइ वा, वत्थं वा पडिग्गहं वा कंबलं वा पायपुंछणमच्छिंदति वा विच्छिंदति वा भिंदति वा) अवहरति वा।

(३) जक्खाइट्ठे खलु अयं पुरिसे। तेण मे एस पुरिसे जाव (अक्कोसति वा अवहसति वा णिच्छोडेति वा णिब्भंछेति वा बंधेति वा रुंभति वा छविच्छेदं करेति वा, पमारं वा णेति, उद्दवेइ वा, वत्थं वा पडिग्गहं वा कंबलं वा पायपुंछणमच्छिंदति वा विच्छिंदति वा भिंदति वा) अवहरति वा।

(४) ममं च णं तब्भववेयणिज्जे कम्मे उदिण्णे भवति। तेण मे एस पुरिसे जाव [अक्कोसति वा अवहसति वा णिच्छोडेति वा णिब्भंछेति वा बंधेति वा रुंभति वा छविच्छेदं करेति वा, पमारं वा णेति, उद्दवेइ वा, वत्थं वा पडिग्गहं वा कंबलं वा पायपुंछणमच्छिंदति वा विच्छिंदति वा भिंदति वा] अवहरति वा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(५) ममं च णं सम्मं सहमाणं खममाणं तितिक्खमाणं अहियासेमाणं पासेत्ता बहवे अण्णे छउमत्था समणा णिग्गंथा उदिण्णे–उदिण्णे परीसहोवसग्गे एवं सम्मं सहिस्संति जाव [खमिस्संति तितिक्खस्संति] अहियासिस्संति।

इच्चेतेहिं पंचहिं ठाणेहिं केवली उदिण्णे परीसहोवसग्गे सम्मं सहेज्जा जाव (खमेज्जा तितिक्खेज्जा) अहियासेज्जा।

७४. पाँच कारणों से केवली उदय में आये परीषहों और उपसर्गों को सम्यक् प्रकार अविचल भाव से सहते हैं, क्षान्ति रखते हैं, तितिक्षा रखते हैं, और उनसे अप्रभावित रहते हैं। जैसे–

(१) यह पुरुष अवश्य विक्षिप्तचित्त है–शोक आदि से बेभान है, इसलिए यह मुझ पर आक्रोश करता है, (मुझे गाली देता है या मेरा उपहास करता है, या मुझे बाहर निकालने की धमकी देता है या मेरी निर्भर्त्सना करता है या मुझे बाँधता है या रोकता है या छविच्छेद करता है या वधस्थान में ले जाता है या उपद्रुत करता है, वस्त्र या पात्र या कम्बल या पादप्रोंछन का छेदन करता है या विच्छेदन करता है या भेदन करता है) या अपहरण करता है।

(२) यह पुरुष अवश्य दृप्तचित्त (अहंकार आदि के उन्माद-ग्रस्त) है, इसलिए यह मुझ पर आक्रोश करता है [मुझे गाली देता है या मेरा उपहास करता है या मुझे बाहर निकालने की धमकी देता है या मेरी निर्भर्त्सना करता है या मुझे बाँधता है या रोकता है या छविच्छेदन करता है या वधस्थान में ले जाता है या उपद्रव करता है, वस्त्र या पात्र या कम्बल या पादप्रोंछन का छेदन करता है या भेदन करता है] या अपहरण करता है।

(३) यह पुरुष अवश्य यक्षाविष्ट (यक्ष से प्रेरित) है, इसलिए यह मुझ पर आक्रोश करता है, [मुझे गाली देता है, उपहास करता है, बाहर निकालने की धमकी देता है, निर्भर्त्सना करता है, या बाँधता है, या रोकता है, या छविच्छेद करता है, या वधस्थान में ले जाता है, या उपद्रुत करता है, वस्त्र, या पात्र, या कम्बल, या पादप्रोंछन का छेदन करता है, या विच्छेदन करता है, या भेदन करता है,] या अपहरण करता है।

(४) मेरे इस भव में वेदन करने योग्य कर्म उदय में आ रहा है, इसलिए यह पुरुष मुझ पर आक्रोश करता हैं–[गाली देता है, या उपहास करता है, या बाहर निकालने की धमकी देता है, या निर्भर्त्सना करता है, या बाँधता है, या रोकता है, या छविच्छेद करता है, या वधस्थान में ले जाता है, या उपद्रुत करता है, वस्त्र,या पात्र,या कम्बल, या पादप्रोंछन का छेदन करता है, या विच्छेदन करता है, या भेदन करता है] या अपहरण करता है।

(५) मुझे सम्यक् प्रकार अविचल भाव से परीषहों और उपसर्गों को सहन करते हुए, क्षान्ति रखते हुए, तितिक्षा रखते हुए और उनसे अप्रभावित रहते हुए देखकर बहुत से अन्य छद्मस्थ श्रमण-निर्ग्रन्थ उदय में आये परीषहों और उपसर्गों को सम्यक् प्रकार अविचल भाव से सहन करेंगे, क्षान्ति रखेंगे, तितिक्षा रखेंगे और उनसे अप्रभावित रहेंगे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इन पाँच कारणों से केवली उदयागत परीषहों और उपसर्गों को सम्यक् प्रकार अविचल भाव से सहन करते हैं, क्षान्ति रखते हैं, तितिक्षा रखते हैं और अप्रभावित रहते हैं।

74. For five reasons a *Kevali* (omniscient) properly and resolutely endures the precipitated (*udirna*) afflictions and torments with forbearance (*titiksha*) and forgiveness (*kshama*) remaining unmoved—

(1) This person is, indeed, *vikshipt chitt* (not in his senses due to grief or other such problem). That is why he is angry at me or abuses me or threatens me to throw out or rebukes me or ties me or stops me or pierces my body or takes me to the killing ground or torments me or snatches, throws away, breaks, shatters or steals my garb, bowls, ascetic-broom and other equipment.

(2) This person is, indeed, *driptachitt* (crazy due to bloated ego or other such vice). That is why he is angry at me or abuses me or threatens me to throw out or rebukes me or ties me or stops me or pierces my body or takes me to the killing ground or torments me or snatches, throws away, breaks, shatters or steals my garb, bowls, ascetic-broom and other equipment.

(3) This person is, indeed, *yakshavisht* (under the influence of a *Yaksha* or bad spirits). That is why he is angry at me or abuses me or threatens me to throw out or rebukes me or ties me or stops me or pierces my body or takes me to the killing ground or torments me or snatches, throws away, breaks, shatters or steals my garb, bowls, ascetic-broom and other equipment.

(4) My *karmas* responsible for suffering of pain are coming to fruition during this life time. That is why he is angry at me or abuses me or threatens me to throw out or rebukes me or ties me or stops me or pierces my body or takes me to the killing ground or torments me or snatches, throws away, breaks, shatters or steals my garb, bowls, ascetic-broom and other equipment.

(4) What will happen to me if I do not properly and resolutely endure these with forbearance (*titiksha*) and forgiveness (*kshama*) and get moved ? I will singularly acquire demeritorious *karmas* (*paap karma*).

(5) When I properly and resolutely endure these with forbearance (*titiksha*) and forgiveness (*kshama*) and remain unmoved, many *chhadmasth nirgranth shramans* (one who is short of omniscience due to residual *karmic* bondage) will see that and get inspired to properly and resolutely endure precipitated (*udirna*) afflictions and torments with

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

forbearance (*titiksha*) and forgiveness (*kshama*) and remain unmoved I will singularly shed *karmas* (*karma nirjara*).

For these five reasons a *Kevali* properly and resolutely endures the precipitated afflictions and torments with forbearance and forgiveness remaining unmoved.

विवेचन–वृत्तिकार के अनुसार यहाँ केवली शब्द से श्रुत केवली, अवधिज्ञानी, मनःपर्यवज्ञानी और केवल ज्ञानी सभी अभीष्ट हैं। वे इन पाँच कारणों में से किसी एक कारण से परीषहोपसर्ग सहन करते हैं। पाँचों कारण एक साथ कभी उपस्थित नहीं होते। *(हिन्दी टीका भाग-२ पृष्ठ ७४)*

Elaboration—According to the author of the *Vritti* the term *Kevali* here includes *Shrut Kevali, Avadhi jnani, Manahparyav jnani* and *Keval jnani*. The endure afflictions caused due to any one of these five reasons. All the five reasons are never effective at once. *(Hindi Tika, part-2, p. 74)*

हेतु-पद HETU-PAD (SEGMENT OF CAUSE)

७५. पंच हेऊ पण्णत्ता, तं जहा–हेउं ण जाणति, हेउं ण पासति, हेउं ण बुज्झति, हेउं णाभिगच्छति, हेउं अण्णाणमरणं मरति। ७६. पंच हेऊ पण्णत्ता, तं जहा–हेउणा ण जाणति, जाव (हिउणा ण पासति, हेउणा ण बुज्झति, हेउणा णाभिगच्छति), हेउणा अण्णाणमरणं मरति

७५. हेतु पाँच हैं–(१) हेतु को (सम्यक्) नहीं जानता है। (२) हेतु को (सम्यक्) नहीं देखता है। (३) हेतु को (सम्यक्) नहीं समझता है–श्रद्धा नहीं करता है। (४) हेतु को प्राप्त–(सम्यक् रूप से ग्रहण) नहीं करता है। (५) हेतु-पूर्वक अज्ञानमरण से मरता है। ७६. हेतु पाँच हैं–(१) हेतु से असम्यक् जानता है। (२) हेतु से असम्यक् देखता है। (३) हेतु से असम्यक् समझता है, असम्यक् श्रद्धा करता है। (४) हेतु से असम्यक् प्राप्त करता है। (५) सहेतुक अज्ञानमरण से मरता है।

75. *Hetu* (cause/one who knows cause) is of five kinds—(1) does not (properly) know *hetu* (the cause), (2) does not (properly) see *hetu* (the cause), (3) does not have (proper) faith on *hetu*, (4) does not (properly) accept *hetu* and (5) embraces death of an ignorant with *hetu*. **76.** *Hetu* (cause/one who knows cause) is of five kinds—(1) does not (properly) know through *hetu*, (2) does not (properly) see through *hetu*, (3) does not have (proper) faith or understand through *hetu*, (4) does not (properly) accept through *hetu* and (5) embraces death of an ignorant through *hetu*.

७७. पंच हेऊ पण्णत्ता, तं जहा–हेउं जाणइ, जाव (हिउं पासइ, हेउं बुज्झइ, हेउं अभिगच्छइ), हेउं छउमत्थमरणं मरति। ७८. पंच हेऊ पण्णत्ता, तं जहा–हेउणा जाणइ जाव (हिउणा पासइ, हेउणा बुज्झइ, हेउणा अभिगच्छइ), हेउणा छउमत्थमरणं मरइ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७७. पाँच हेतु हैं-(१) हेतु को (सम्यक्) जानता है। (२) हेतु को (सम्यक्) देखता है। (३) हेतु की (सम्यक्) श्रद्धा करता है। (४) हेतु को (सम्यक्) प्राप्त करता है। (५) हेतु-पूर्वक छद्मस्थमरण मरता है। ७८. पुनः पाँच हेतु हैं-(१) हेतु से (सम्यक्) जानता है। (२) हेतु से (सम्यक्) देखता है। (३) हेतु से (सम्यक्) श्रद्धा रखता है। (४) हेतु से (सम्यक्) प्राप्त करता है। (५) हेतु से (सम्यक्) छद्मस्थमरण मरता है।

77. *Hetu* (cause/one who knows cause) is of five kinds—(1) does (properly) know *hetu*, (2) does (properly) see *hetu*, (3) does have (proper) faith on *hetu*, (4) does (properly) accept *hetu* and (5) embraces death of a *chhadmasth* with *hetu*. **78.** *Hetu* (cause/one who knows cause) is of five kinds—(1) does (properly) know through *hetu*, (2) does (properly) see through *hetu*, (3) does have (proper) faith through *hetu*, (4) does (properly) accept through *hetu* and (5) embraces death of a *chhadmasth* through *hetu*.

अहेतु-पद AHETU-PAD

७९. पंच अहेऊ पण्णत्ता, तं जहा—अहेउं ण जाणति, जाव (अहेउं ण पासति, अहेउं ण बुज्झति, अहेउं णाभिगच्छति), अहेउं छउमत्थमरणं मरति। ८०. पंच अहेऊ पण्णत्ता, तं जहा—अहेउणा ण पासति, (अहेउणा ण बुज्झति, अहेउणा णाभिगच्छति), अहेउणा छउमत्थमरणं मरति।

७९. पाँच अहेतु हैं-(१) अहेतु को नहीं जानता है। (२) अहेतु को नहीं देखता है। (३) अहेतु की श्रद्धा नहीं करता है। (४) अहेतु को प्राप्त नहीं करता है। (५) अहेतुक छद्मस्थमरण से मरता है। ८०. पुनः पाँच अहेतु हैं- (१) अहेतु से नहीं जानता है। (२) अहेतु से नहीं देखता है। (३) अहेतु से श्रद्धा नहीं करता है। (४) अहेतु से प्राप्त नहीं करता है। (५) अहेतुक छद्मस्थमरण से मरता है।

79. *Ahetu* (non-cause) is of five kinds—(1) does not know *ahetu*, (2) does not see *ahetu*, (3) does not have faith on *ahetu*, (4) does not accept *ahetu* and (5) embraces death of a *chhadmasth* with ahetu. **80.** *Ahetu* is of five kinds—(1) does not know through *ahetu*, (2) does not see through *ahetu*, (3) does not have faith or understand through *ahetu*, (4) does not accept through *ahetu* and (5) embraces death of a *chhadmasth* through *ahetu*.

८१. पंच अहेऊ पण्णत्ता, तं जहा—अहेउं जाणति, जाव (अहेउं पासति, अहेउं बुज्झति, अहेउं अभिगच्छति), अहेउं केवलिमरणं मरति। ८२. पंच अहेऊ पण्णत्ता, तं जहा—अहेउणा जाणति, जाव (अहेउणा पासति, अहेउणा बुज्झति, अहेउणा अभिगच्छति), अहेउणा केवलिमरणं मरति।

८१. पाँच अहेतु हैं (१) अहेतु को जानता है। (२) अहेतु को देखता है। (३) अहेतु की श्रद्धा करता है। (४) अहेतु को प्राप्त करता है। (५) अहेतुक केवलि-मरण मरता है। ८२. पुनः पाँच अहेतु

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हैं–(१) अहेतु से जानता है। (२) अहेतु से देखता है। (३) अहेतु से श्रद्धा करता है। (४) अहेतु से प्राप्त करता है। (५) अहेतुक केवलि–मरण मरता है।

81. *Ahetu* (non-cause) is of five kinds—(1) does know *ahetu*, (2) does see *ahetu*, (3) does have faith on *ahetu*, (4) does accept *ahetu* and (5) embraces death of a *Kevali* with *ahetu*. **82.** *Ahetu* is of five kinds—(1) does know through *ahetu*, (2) does see through *ahetu*, (3) does have faith through *ahetu*, (4) does accept through *ahetu* and (5) embraces death of a *Kevali* through *ahetu*.

विवेचन–उपर्युक्त आठ सूत्रों में से आरम्भ के चार सूत्र हेतु–विषयक हैं और अन्तिम चार सूत्र अहेतु–विषयक हैं। जिससे साध्य का स्पष्ट ज्ञान हो उसे 'हेतु' कहते हैं। जैसे धुएँ से दूरस्थ अग्नि का ज्ञान होता है। धुआँ हेतु है, अग्नि साध्य है।

जो हेतु तो नहीं, किन्तु हेतु जैसा लगता है उसे अहेतु कहा जाता है। हेतु और अहेतु दोनों का ज्ञान अनिवार्य है।

पदार्थ दो प्रकार के होते हैं–हेतुगम्य और अहेतुगम्य। परोक्ष या दूरस्थित होने के कारण जो पदार्थ हेतु से जाने जाते हैं, उन्हें हेतुगम्य कहते हैं। जैसे–दूर प्रदेश में स्थित अग्नि धूम के कारण जानी जाती है। किन्तु जो पदार्थ सूक्ष्म हैं, दूर प्रदेश में स्थित हैं किन्तु बहुत काल पूर्व के हैं जैसे–(राम–रावण आदि) जिनका हेतु से ज्ञान सम्भव नहीं हैं, जो केवल ज्ञानी पुरुषों के वचनों से ही जाने जा सकते हैं, उन्हें अहेतुगम्य अर्थात् आगमगम्य कहा जाता है। जैसे–धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय आदि अरूपी पदार्थ केवल आगम–गम्य हैं, हमारे लिए वे हेतुगम्य नहीं हैं।

प्रस्तुत सूत्रों में हेतु और हेतुवादी (हेतु का प्रयोग करने वाला) ये दोनों ही हेतु शब्द से बताये गये हैं। जो हेतुवादी असम्यग्दर्शी होता है, वह कार्य को जानता–देखता तो है, परन्तु उसके हेतु को नहीं जानता–देखता है। वह हेतु–गम्य पदार्थ को हेतु के द्वारा जानता–देखता। जो हेतुवादी सम्यग्दर्शी होता है, वह कार्य के साथ–साथ उसके हेतु को भी जानता–देखता है। वह हेतु–गम्य पदार्थ को हेतु द्वारा जानता–देखता है।

परोक्ष ज्ञानी (श्रुतज्ञानी) जीव हेतु के द्वारा परोक्षा वस्तुओं को जानते–देखते हैं। प्रत्यक्षज्ञानी (अवधि ज्ञानी आदि) प्रत्यक्ष रूप से वस्तुओं को जानते–देखते हैं। उन्हें हेतु की अपेक्षा नहीं रहती। प्रत्यक्षज्ञानी भी दो प्रकार के होते हैं–देशप्रत्यक्षज्ञानी और सकलप्रत्यक्षज्ञानी। देशप्रत्यक्षज्ञानी धर्मास्तिकाय आदि द्रव्यों की स्वाभाविक परिणतियों को आंशिकरूप से ही जानता–देखता है, पूर्णरूप से नहीं जानता–देखता। वह अहेतु (प्रत्यक्ष ज्ञान) के द्वारा अहेतुगम्य पदार्थों को सर्वभावेन नहीं जानता–देखता। किन्तु जो सकल प्रत्यक्षज्ञानी सर्वज्ञ केवली होता है, वह धर्मास्तिकाय आदि अहेतुगम्य पदार्थों की स्वाभाविक परिणतियों को सम्पूर्ण रूप से जानता–देखता है। वह प्रत्यक्षज्ञान के द्वारा अहेतुगम्य पदार्थों को सर्वभाव से जानता–देखता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उक्त विवेचन का निष्कर्ष यह है कि प्रारम्भ के दो सूत्र असम्यग्दर्शी हेतुवादी की अपेक्षा से और तीसरा-चौथा सूत्र सम्यग्दर्शी हेतुवादी की अपेक्षा से हैं। पाँचवां-छठाँ सूत्र देशप्रत्यक्षज्ञानी छद्मस्थ की अपेक्षा से और सातवां-आठवां सूत्र सकलप्रत्यक्षज्ञानी सर्वज्ञ केवली की अपेक्षा से हैं।

उक्त आठों सूत्रों का पाँचवां भेद मरण से सम्बन्ध रखता है। मरण दो प्रकार का होता है--सहेतुक (सोपक्रम) और अहेतुक (निरुपक्रम)। शस्त्राघात आदि बाह्य हेतुओं से होने वाला मरण सहेतुक, सोपक्रम या अकालमरण हैं। जो मरण शस्त्राघात आदि बाह्य हेतुओं के बिना आयुष्य कर्म के पूर्ण होने पर होता है, वह अहेतुक, निरुपक्रम या यथाकाल मरण है। असम्यग्दर्शी हेतुवादी का अहेतुक मरण अज्ञानमरण कहलाता है और सम्यग्दर्शी हेतुवादी का सहेतुकमरण छद्मस्थमरण कहलाता है, देशप्रत्यक्षज्ञानी का सहेतुकमरण भी छद्मस्थमरण कहा जाता है। सकलप्रत्यक्षज्ञानी सर्वज्ञ का अहेतुक मरण केवलि-मरण कहा जाता है।

वृत्तिकार श्री अभयदेवसूरि कहते हैं कि हमने उक्त सूत्रों का यह अर्थ भगवती सूत्र के पंचम शतक के सप्तम उद्देशक की चूर्णि के अनुसार लिखा है, जो कि सूत्रों के पदों की गमनिका मात्र है। इन सूत्रों का वास्तविक अर्थ तो बहुश्रुत आचार्य ही जानते हैं। *(वृत्ति भाग-२ पृष्ठ ५२८)*

Elaboration—Of the eight aforesaid aphorisms first four are regarding *hetu* and last four are regarding *ahetu*. *Hetu* means causative phrase or statement that proves a point. For example smoke conclusively informs about a distant fire. Smoke is *hetu* and fire is the point proved.

That which is not *hetu* but appears like *hetu* is called *ahetu* (non-cause). Knowledge of both *hetu* and *ahetu* is essential.

Things are of two kinds—inferred through *hetu* (*hetugamya*) and inferred through *ahetu* (*ahetugamya*). Things that are known through cause (*hetu*) due to being distant and not directly perceivable are called *hetugamya*. For example a distant fire is known due to presence of visible smoke. But things that are subtle, remote in terms of time as well as space, cannot be known through *hetu* and can only be known through the words of *Keval jnanis* (omniscients) are called *ahetu gamya* (inferred through *ahetu*) or *Agam gamya* (known through *Agam*). For example—*Dharmastikaya, Adharmastikaya* and other formless things are known only through *Agam* and are not *hetugamya* for us.

In the aforesaid aphorisms the term *hetu* means both *hetu* (cause) and *hetuvadi* (one who uses the cause). A *hetuvadi* who is *asamyagdarshi* (does not properly know) sees and knows the thing or act but does not see and know its cause. He does not see and know a *hetu gamya* thing through *hetu*. A *hetuvadi* who is *samyagdarshi* (properly

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

knows) sees and knows the thing or act as well as its cause. He sees and knows a *hetu gamya* thing through *hetu*.

Paroksh jnani (who perceives indirectly) sees and knows things that are not directly visible through *hetu*. *Pratyaksh jnani* (who perceives directly) sees things directly. They are not dependent on *hetu*. *Pratyaksh jnanis* are also of two types—*desh pratyaskh jnani* (having partial direct perception) *sakal pratyaskh jnani* (having complete direct perception). *Desh pratyaskh jnani* sees and knows the natural transformations of entities like *Dharmastikaya* only partially and not completely. Through his direct perception (*ahetu*) he cannot fully know the *ahetu gamya* things. But *Sakal pratyaskh jnani* or omniscient sees and knows the full spectrum of natural transformations of entities like *Dharmastikaya*. Through his direct perception (*ahetu*) he fully sees and knows the *ahetu gamya* things.

In conclusion it can be said that the first two aphorism are for an imperfect *hetuvadi* and third and fourth aphorisms are for perfect *hetuvadi*. Fifth and sixth aphorisms are for *Desh pratyaskh jnani chhadmasth* and seventh and eighth aphorisms are for *Sakal pratyaskh jnani* omniscient.

The fifth alternative of these eight aphorism relates to death which is of two types—*sahetuk* (with a cause) and *ahetuk* (without a cause). Death caused by external causes like being hit by a weapon is *sahetuk* or untimely death. Death on conclusion of *ayushya karma* (life span determining *karma*) and not due to any external cause is *ahetuk* or timely death. The *ahetuk* death of an imperfect *hetuvadi* is called *ajnana maran* (an ignorant death). The *sahetuk* death of a *hetuvadi* with right perception is called *chhadmasth maran*. The *sahetuk* death of a *Desh pratyaskh jnani* is also called *chhadmasth maran*. The *sahetuk* death of a *Sakal pratyaskh jnani* omniscient is called *Kevali maran*.

Shri Abhayadev Suri, the commentator (*Vritti*), informs that he has interpreted these aphorism on the basis of the *Churni* of *Bhagavati Sutra* (5/7), which is only superficial. The actual and all embracing meaning of these is known only to expert scholarly *acharyas*. *(Vritti, part-2, p. 288)*

अनुत्तर–पद ANUTTAR-PAD (SEGMENT OF SUPERLATIVES)

८३. केवलिस्स णं पंच अणुत्तरा पण्णत्ता, तं जहा–अणुत्तरे णाणे, अणुत्तरे दंसणे, अणुत्तरे चरित्ते, अणुत्तरे तवे, अणुत्तरे वीरिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८३. केवली के पाँच स्थान अनुत्तर (सर्वोत्तम-अनुपम) होते हैं-(१) अनुत्तर ज्ञान, (२) अनुत्तर दर्शन, (३) अनुत्तर चारित्र, (४) अनुत्तर तप, (५) अनुत्तर वीर्य।

83. *Kevali* has five *anuttar* (superlative or unparalleled) *sthaans* (virtues)—(1) *Anuttar jnana* (supreme knowledge), (2) *Anuttar darshan* (supreme perception), (3) *Anuttar chaaritra* (supreme conduct), (4) *Anuttar tap* (supreme austerities) and (5) *Anuttar virya* (supreme potency).

पंच कल्याणक-पद PANCH KALYANAK-PAD (SEGMENT OF FIVE AUSPICIOUS EVENTS)

८४. पउमप्पहे णं अरहा पंचचित्ते हुत्था, तं जहा-(१) चित्ताहिं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते। (२) चित्ताहिं जाते। (३) चित्ताहिं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारितं पव्वइए। (४) चित्ताहिं अणंते अणुत्तरे णिव्वाघाए णिरावरणे कसिणे पडिपुण्णे केवलवरणाणदंसणे समुप्पण्णे। (५) चित्ताहिं परिणिव्वुते।

८४. पद्मप्रभ (छठे) तीर्थंकर के पाँच कल्याणक चित्रा नक्षत्र में हुए-(१) चित्रा नक्षत्र में स्वर्ग से च्युत हुए और च्युत होकर गर्भ में आये। (२) चित्रा नक्षत्र में जन्म हुआ। (३) चित्रा नक्षत्र में मुण्डित होकर अगार से अनगारिता में प्रव्रजित हुए। (४) चित्रा नक्षत्र में अनन्त, अनुत्तर, निर्व्याघात, निरावरण, सम्पूर्ण, परिपूर्ण केवल ज्ञान-दर्शन समुत्पन्न हुआ। (५) चित्रा नक्षत्र में निर्वाण हुआ।

84. The *panch kalyanaks* (five auspicious events) in the life of Tirthankar Padmaprabh (sixth Tirthankar) occurred in *Chitra Nakshatra*—(1) He descended from heaven into the womb of his mother in *Chitra Nakshatra*. (2) He was born in *Chitra Nakshatra*. (3) He tonsured his head, renounced his household and got initiated in *Chitra Nakshatra*. (4) He attained infinite, unmatched, unrestricted, unveiled, perfect and supreme *Keval-jnana* and *keval-darshan*) in *Chitra Nakshatra*. (5) He got *nirvana* in *Chitra Nakshatra*.

८५. पुप्फदंते णं अरहा पंचमूले हुत्था, तं जहा-मूलेणं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते एवं चेव एवमेतेणं अभिलावेणं इमातो गाहातो अणुगंतव्वातो-

८५. पुष्पदन्त (नौवें) तीर्थंकर के पाँच कल्याणक मूल नक्षत्र में हुए-(१) मूल नक्षत्र में स्वर्ग से च्युत हुए और च्युत होकर गर्भ में आये।

85. The *panch kalyanaks* (five auspicious events) in the life of Tirthankar Pushpadant (ninth Tirthankar) occurred in *Mool Nakshatra*—(1) He descended from heaven into the womb of his mother in *Mool Nakshatra*. (and so on)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८६. पउमप्पभस्स चित्ता, मूले पुण होइ पुप्फदंतस्स।
पुव्वाइं आसाढा, सीयलस्सुत्तर विमलस्स भद्दवता॥१॥
रेवतिता अणंतजिणो, पूसो धम्मस्स संतिणो भरणी।
कुंथुस्स कत्तियाओ, अरस्स तह रेवतीतो य॥२॥
मुणिसुव्वयस्स सवणो, आसिणि णमिणो य णेमिणो चित्ता।
पासस्स विसाहाओ, पंच य हत्थुत्तरे वीरो॥३॥

[सीयले णं अरहा पंचपुव्वासाढे हुत्था, तं जहा–पुव्वासाढाहिं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते।

८७. विमले णं अरहा पंचउत्तराभद्दवए हुत्था, तं जहा–उत्तराभद्दवयाहिं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते। ८८. अणंते णं अरहा पंचरेवतिए हुत्था, तं जहा–रेवतिहिं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते। ८९. धम्मे णं अरहा पंचपूसे हुत्था, तं जहा–पूसेणं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते। ९०. संती णं अरहा पंचभरणीए हुत्था, तं जहा–भरणीहिं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते। ९१. कुंथू णं अरहा पंचकत्तिए हुत्था, तं जहा–कत्तियाहिं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते। ९२. अरे णं अरहा पंचरेवतिए हुत्था, तं जहा–रेवतिहिं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते। ९३. मुणिसुव्वए णं अरहा पंचसवणे हुत्था, तं जहा–सवणेणं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते। ९४. णमी णं अरहा पंचआसिणीए हुत्था, तं जहा–आसिणीहिं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते। ९५. णेमी णं अरहा पंचचित्ते हुत्था, तं जहा–चित्ताहिं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते। ९६. पासे णं अरहा पंचविसाहे हुत्था, तं जहा–विसाहाहिं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते।]

८६. शीतलनाथ (दसवें) तीर्थंकर के पाँच कल्याणक पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र में हुए। (१) पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र में स्वर्ग से च्युत हुए और च्युत होकर गर्भ में आये। इत्यादि।

८७. विमल (तेरहवें) तीर्थंकर के पाँच कल्याणक उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में हुए।–(१) उत्तराभाद्र पद नक्षत्र में स्वर्ग से च्युत हुए च्युत होकर गर्भ में आये। इत्यादि। ८८. चौदहवें अनन्तनाथ तीर्थंकर के पाँच कल्याणक रेवती नक्षत्र में हुए, जैसे–(१) रेवती नक्षत्र में स्वर्ग से च्युत हुए और च्युत होकर गर्भ में आये। इत्यादि। ८९. धर्म तीर्थंकर (१५) के पाँच कल्याणक पुष्य नक्षत्र में हुए, जैसे–(१) पुष्य नक्षत्र में स्वर्ग से च्युत हुए और च्युत होकर गर्भ में आये। इत्यादि। ९०. शान्ति तीर्थंकर (१६) के पाँच कल्याणक भरणी नक्षत्र में हुए, जैसे–(१) भरणी नक्षत्र में स्वर्ग से च्युत हुए और च्युत होकर गर्भ में आये। इत्यादि। ९१. कुन्थु तीर्थंकर (१७) के पाँच कल्याणक कृत्तिका नक्षत्र में हुए, जैसे–(१) कृत्तिका नक्षत्र में स्वर्ग से च्युत हुए और च्युत होकर गर्भ में आये। इत्यादि। ९२. अर तीर्थंकर (१८) के पाँच कल्याणक रेवती नक्षत्र में हुए, जैसे–(१) रेवती नक्षत्र में स्वर्ग से च्युत हुए और च्युत होकर गर्भ में आये। इत्यादि। ९३. मुनिसुव्रत तीर्थंकर (२०) के पाँच कल्याणक श्रवण नक्षत्र में हुए, जैसे–(१) श्रवण नक्षत्र में स्वर्ग से च्युत हुए और च्युत होकर गर्भ में आये। इत्यादि। ९४. नमि तीर्थंकर (२१) के पाँच कल्याणक अश्विनी नक्षत्र में हुए, जैसे–(१) अश्विनी नक्षत्र में स्वर्ग से च्युत हुए और

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

च्युत होकर गर्भ में आये। इत्यादि। ९५. नेमि तीर्थंकर (२२) के पाँच कल्याणक चित्रा नक्षत्र में हुए, जैसे-(१) चित्रा नक्षत्र में स्वर्ग से च्युत हुए और च्युत होकर गर्भ में आये। इत्यादि। ९६. पार्श्व तीर्थंकर (२३) के पाँच कल्याणक विशाखा नक्षत्र में हुए, जैसे-(१) विशाखा नक्षत्र में स्वर्ग से च्युत हुए और च्युत होकर गर्भ में आये। इत्यादि।

86. The *panch kalyanaks* (five auspicious events) in the life of Tirthankar Shital Naath (tenth Tirthankar) occurred in *Purvashadh Nakshatra*—(1) He descended from heaven into the womb of his mother in *Purvashadh Nakshatra*. (and so on).

87. The *panch kalyanaks* (five auspicious events) in the life of Tirthankar Vimal Naath (thirteenth) occurred in *Uttarabhadrapad Nakshatra*—(1) He descended from heaven into the womb of his mother in *Uttarabhadrapad Nakshatra*. (and so on). **88.** The *panch kalyanaks* (five auspicious events) in the life of Tirthankar Anant Naath (fourteenth Tirthankar) occurred in *Revati Nakshatra*—(1) He descended from heaven into the womb of his mother in *Revati Nakshatra*. (and so on). **89.** The *panch kalyanaks* (five auspicious events) in the life of Tirthankar Dharma Naath (fifteenth Tirthankar) occurred in *Pushya Nakshatra*—(1) He descended from heaven into the womb of his mother in *Pushya Nakshatra*. (and so on). **90.** The *panch kalyanaks* (five auspicious events) in the life of Tirthankar Shanti Naath (sixteenth) occurred in *Bharani Nakshatra*—(1) He descended from heaven into the womb of his mother in *Bharani Nakshatra*. (and so on). **91.** The *panch kalyanaks* (five auspicious events) in the life of Tirthankar Kunthu Naath (seventeenth) occurred in *Krittika Nakshatra*—(1) He descended from heaven into the womb of his mother in *Krittika Nakshatra*. (and so on). **92.** The *panch kalyanaks* (five auspicious events) in the life of Tirthankar Ara Naath (eighteenth) occurred in *Revati Nakshatra*—(1) He descended from heaven into the womb of his mother in *Revati Nakshatra*. (and so on). **93.** The *panch kalyanaks* (five auspicious events) in the life of Tirthankar Munisuvrat Naath (twentieth) occurred in *Shravan Nakshatra*—(1) He descended from heaven into the womb of his mother in *Shravan Nakshatra*. (and so on). **94.** The *panch kalyanaks* (five auspicious events) in the life of Tirthankar Nami Naath (twenty first) occurred in *Ashvini Nakshatra*—(1) He descended from heaven into the womb of his mother in *Ashvini Nakshatra*. (and so on). **95.** The *panch kalyanaks* (five auspicious events) in the life of Tirthankar Nemi Naath (twenty second) occurred in *Chitra Nakshatra*—(1) He descended from

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

heaven into the womb of his mother in *Chitra Nakshatra*. (and so on).

96. The *panch kalyanaks* (five auspicious events) in the life of Tirthankar Parshva Naath (twenty third) occurred in *Vishakha Nakshatra*—(1) He descended from heaven into the womb of his mother in *Vishakha Nakshatra*. (and so on).

९७. समणे भगवं महावीरे पंचहत्थुत्तरे होत्था, तं जहा–(१) हत्थुत्तराहिं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते। (२) हत्थुत्तराहिं गब्भाओ गब्भं साहरिते। (३) हत्थुत्तराहिं जाते। (४) हत्थुत्तराहिं मुंडे भवित्ता (अगाराओ अणगारितं) पव्वइए। (५) हत्थुत्तराहिं अणंते अणुत्तरे (णिव्वाघाए णिरावरणे कसिणे पडिपुण्णे) केवलवरणाणदंसणे समुप्पण्णे।

९७. (२४) श्रमण भगवान् महावीर के पाँच कल्याणक हस्तोत्तर (उत्तरा फाल्गुनी) नक्षत्र में हुए, जैसे–(१) हस्तोत्तर नक्षत्र में स्वर्ग से च्युत हुए और च्युत होकर गर्भ में आये। (२) हस्तोत्तर नक्षत्र में देवानन्दा के गर्भ से त्रिशला के गर्भ में साहरण हुआ। (३) हस्तोत्तर नक्षत्र में जन्म लिया। (४) हस्तोत्तर नक्षत्र में अगार से अनगारिता में प्रव्रजित हुए। (५) हस्तोत्तर नक्षत्र में अनन्त, अनुत्तर, निर्व्याघात, निरावरण, सम्पूर्ण, परिपूर्ण केवल वर ज्ञान–दर्शन समुत्पन्न हुआ।

97. The *panch kalyanaks* (five auspicious events) in the life of Shraman Bhagavan Mahavir occurred in *Hastottara* (*Uttaraphalguni*) *Nakshatra*—(1) He descended from heaven into the womb of his mother in *Hastottara Nakshatra*. (2) He was transplanted from the womb of Devananda to that of Trishala in *Hastottara Nakshatra*. (3) He was born in *Hastottara Nakshatra*. (4) He tonsured his head, renounced his household and got initiated in *Hastottara Nakshatra*. (5) He attained infinite, unmatched, unrestricted, unveiled, perfect and supreme *Keval-jnana* and *keval-darshan*) in *Hastottara Nakshatra*.

विवेचन–भगवान महावीर का निर्वाण स्वाति नक्षत्र में हुआ था। जबकि अन्य तीर्थंकरों के च्यवन से निर्वाण तक एक ही नक्षत्र में हुए।

Elaboration—Bhagavan Mahavir got nirvana in *Swati Nakshatra* whereas all other above said *Tirthankars* got their descent to nirvana in the same nakshatra.

॥ पंचम स्थान का प्रथम उद्देशक समाप्त ॥

● **END OF THE FIRST LESSON** ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पंचम स्थान : द्वितीय उद्देशक
FIFTH STHAAN (Place Number Five) : SECOND LESSON

महानदी–उत्तरण–पद **MAHANADI-UTTARAN-PAD**
(SEGMENT OF CROSSING GREAT RIVERS)

९८. णो कप्पइ णिग्गंथाण वा णिग्गंथीण वा इमाओ उद्दिट्ठाओ गणियाओ वियंजियाओ पंच महण्णवाओ महाणदीओ अंतो मासस्स दुक्खुत्तो वा तिक्खुत्तो वा उत्तरित्तए वा संतरित्तए वा, तं जहा–गंगा, जउणा, सरउ, एरवती, मही।

पंचहिं ठाणेहिं कप्पति, तं जहा–(१) भयंसि वा, (२) दुब्भिक्खंसि वा, (३) पव्वहेज्ज वा णं कोई, (४) दओघंसि वा एज्जमाणंसि महता वा, (५) अणारिएसु।

९८. निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थियों को महानदी के रूप में कही गई, गिनी गई, प्रसिद्ध और बहुत जलवाली (१) गंगा, (२) यमुना, (३) सरयू, (४) ऐरावती (रावी), (५) मही। ये पाँच महानदियाँ एक मास के भीतर दो बार या तीन बार से अधिक उतरना या नौका से पार करना नहीं कल्पता है–

किन्तु इन पाँच कारणों से इन महानदियों का उतरना या नौका से पार करना कल्पता है–(१) शरीर व उपकरण आदि के अपहरण का भय होने पर। (२) दुर्भिक्ष होने पर। (३) किसी द्वारा उत्पीड़ित या नदी में प्रवाहित किये जाने पर। (४) बाढ़ आ जाने पर। (५) अनार्य पुरुषों द्वारा उपद्रव किये जाने पर।

98. *Nirgranth* and *nirgranthis* (male and female ascetics) are not allowed to cross (on boat or otherwise) five great rivers more than two or three times in a month. These five rivers with great flow of water and called, counted, and famous as *mahanadis* (great rivers) are—(1) Ganga, (2) Yamuna, (3) Sarayu, (4) Airavati (Ravi) and (5) Mahi.

However, they are allowed to cross these *mahanadis* for five reasons—(1) If there is a fear of being deprived of body and equipment. (2) If there is a famine. (3) On being tormented or thrown into the river by someone. (4) If there is a flood. (5) If disturbance is created by *anarya* people (ignoble people like aborigines).

विवेचन–सूत्र में नदियों के लिए **'महार्णव और महानदी'** ये दो विशेषण दिये गये हैं। जो बहुत गहरी हो उसे महानदी और जो समुद्र के समान बहुत जल वाली या समुद्र में मिलने वाली हो उसे **महार्णव** कहते हैं। गंगा आदि पाँचों नदियाँ गहरी भी हैं और समुद्रगामिनी भी हैं, बहुत जलवाली भी हैं।

वृत्तिकार ने बृहत्कल्पभाष्य की एक प्राचीन गाथा को उद्धृत कर नदियों में उतरने या पार करने के व्यावहारिक दोष बताये हैं–(१) इन नदियों में बड़े-बड़े मगरमच्छ रहते हैं, उनके द्वारा खाये जाने का

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भय रहता है। (२) इन नदी मार्गों में अनेक चोर-डाकू नौकाओं में घूमते रहते हैं, जो मनुष्यों को मार कर उनके वस्त्रादि लूट ले जाते हैं। (३) इसके अतिरिक्त नदी पार करने में जलकायिक जीवों की तथा जल में रहने वाले अन्य छोटे-छोटे जीव-जन्तुओं की विराधना होती है। (४) स्वयं के डूब जाने से आत्म-विराधना की भी संभावना रहती है।

गंगादि पाँच ही महानदियों के उल्लेख से ऐसा प्रतीत होता है कि भगवान् महावीर के समय में निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थियों का विहार पूर्व व उत्तर भारत में ही अधिक हो रहा था, क्योंकि दक्षिण भारत में बहने वाली नर्मदा, गोदावरी, ताप्ती आदि किसी भी महानदी का उल्लेख प्रस्तुत सूत्र में नहीं है। भाष्यकार ने सेसा वि सूईया महासलिला-शेष महा जलवाली नदियाँ भी इसी में समझना चाहिए। कहकर अन्य नदियाँ सम्मिलित की हैं।

Elaboration—Two adjectives have ben used in this aphorism for great rivers—*maharnava* and *mahanadi*. A deep river is called *mahanadi* and a river with great expanse and flow of water or one that flows into a sea is called *maharnava*. The aforesaid five rivers including Ganga are deep as well as expansive and they fall into the sea.

Quoting an ancient verse from *Vrihatkalpabhashya*, the commentator (*Vritti*) has mentioned practical reasons for not crossing rivers—(1) These rivers are infested with crocodiles and other marine animals and there are chances of being devouvered by them. (2) Pirates and bandits ply around in boats on these rivers and there are chances of being robbed and killed by them. (3) While crossing the river harm comes to water-bodied beings as well as small marine beings. (4) Besides these there are chances of drowning, which amounts to causing harm to the self.

The mention of the names of only five great rivers including Ganga and none of the rivers from south India, including Narmada, Godavari and Tapti, indicates that during the period of Bhagavan Mahavir the popular area of movement of Jain ascetics was eastern and northern India. However, the author of the *Bhashya* has included other rivers by mentioning 'remaining great rivers should be read with these.'

प्रथम प्रावृष्-विहार पद PRATHAM PRAVRIT-VIHAR-PAD (SEGMENT OF MOVEMENT DURING EARLY MONSOON SEASON)

९९. णो कप्पइ णिग्गंथाण वा णिग्गंथीण व पढमपाउसंसि गामाणुगामं दूइज्जित्तए।

पंचहिं ठाणेहिं कप्पइ, तं जहा-(१) भयंसि वा, (२) दुब्भिक्खंसि वा, (३) (पव्वहेज्ज वा णं कोई, (४) दओघंसि वा एज्जमाणंसि, महता वा, (५) अणारिएहिं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९९. निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थियों को प्रथम प्रावृट् में ग्रामानुग्राम विहार करना नहीं कल्पता है। किन्तु पाँच कारण उपस्थित होने पर विहार करना कल्पता है। जैसे–(१) शरीर, उपकरण आदि के अपहरण का भय होने पर, (२) दुर्भिक्ष होने पर, (३) किसी के द्वारा व्यथित किये जाने पर या ग्राम से निकाल दिये जाने पर, (४) बाढ़ आ जाने पर, (५) अनार्यों के द्वारा उपद्रव किये जाने पर।

99. *Nirgranth* and *nirgranthis* (male and female ascetics) are not allowed to move from one village to another during *pratham pravrit* (first part of the monsoon season). However, they are allowed to do so for five reasons—(1) If there is a fear of being deprived of body and equipment. (2) If there is a famine. (3) On being tormented or expelled out of the village. (4) If there is a flood. (5) If disturbance is created by *anarya* (ignoble) people.

वर्षावास–विहार पद VARSHAVAS-VIHAR-PAD (SEGMENT OF MOVEMENT DURING MONSOON-STAY)

१००. वासावासं पज्जोसवियाणं णो कप्पइ णिग्गंथाण वा णिग्गंथीण वा गामाणुगामं दूइज्जित्तए। पंचहिं ठाणेहिं कप्पइ, तं जहा–(१) णाणट्ठयाए, (२) दंसणट्ठयाए, (३) चरित्तट्ठयाए, (४) आयरिय–उवज्झाया वा से वीसुंभेज्जा, (५) आयरिय–उवज्झायाण वा बहिया वेआवच्चकरणयाए।

१००. वर्षावास में पर्युषणाकल्प करने वाले निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थियों को ग्रामानुग्राम विहार करना नहीं कल्पता है। किन्तु पाँच कारणों से विहार करना कल्पता है, जैसे–(१-२) विशेष ज्ञान औरदर्शन की प्राप्ति के लिए। (३) चारित्र की रक्षा के लिए। (४) आचार्य या उपाध्याय की मृत्यु हो जाने पर अथवा उनका कोई अति महत्त्वपूर्ण कार्य करने के लिए। (५) वर्षाक्षेत्र से बाहर रहने वाले आचार्य या उपाध्याय की वैयावृत्त्य करने के लिए।

100. *Nirgranth* and *nirgranthis* (male and female ascetics) observing the *Paryushanakalp* (special code of conduct observed annually during monsoon-stay) are not allowed to move from one village to another during their *varshavas* (monsoon-stay of four months). However, they are allowed to do so for five reasons—If it is (1) for the purpose of acquiring special *jnana* (knowledge), (2) for the purpose of acquiring special *darshan* (perception/faith), (3) for the purpose of protecting ascetic conduct, (4) on death of an *acharya* or *upadhyaya* or for some special mission entrusted by them, and (5) for serving some *acharya* or *upadhyaya* stationed away from the place of monsoon-stay.

विवेचन–वर्षाकाल में एक स्थान पर रहने को वर्षावास कहते हैं। यह तीन प्रकार है–जघन्य, मध्यम और उत्कृष्ट। (१) **जघन्य वर्षावास**–सांवत्सरिक प्रतिक्रमण के दिन से लेकर कार्तिकी पूर्णमासी तक ७०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दिन का। (२) **मध्यम वर्षावास**–श्रावणकृष्णा प्रतिपदा से कार्तिकी पूर्णमासी तक चार मास या १२० दिन का। (३) **उत्कृष्ट वर्षावास**–आषाढ़ से लेकर मगसिर तक छह मास का।

प्रथम सूत्र के द्वारा प्रथम प्रावृष् में विहार का निषेध किया गया है और दूसरे सूत्र के द्वारा वर्षावास में विहार का निषेध किया गया है। इससे यह स्पष्ट ज्ञात होता है कि पर्युषणकल्प को स्वीकार करने के पूर्व जो वर्षा का समय है उसे 'प्रथम प्रावृष्' कहा जाता है। अतः प्रथम प्रावृट् का अर्थ है आषाढ़ मास में विहार न किया जाये। प्रावृट् का अर्थ वर्षाकाल लेने पर अर्थ होगा–भाद्रपद शुक्ला पंचमी से कार्तिकी पूर्णिमा तक का समय। इस समय में विहार का निषेध किया गया है। चातुर्मास में विहार करने का निषेध दो सूत्रों द्वारा कहने का अभिप्राय यह लगता है कि तीन ऋतुओं की गणना में 'वर्षा' एक ऋतु है। किन्तु छह ऋतुओं की गणना करने से उसके दो भेद हो जाते हैं, जिसके अनुसार श्रावण और भाद्रपद ये दो मास प्रावृष् ऋतु में तथा आश्विन और कार्तिक ये दो मास 'वर्षा ऋतु' में गिने जाते हैं। इस प्रकार दोनों सूत्रों का सम्मिलित अर्थ है कि श्रावण से लेकर कार्तिक मास तक चार मासों में साधु और साध्वियों को विहार नहीं करना चाहिए। यह उत्सर्ग मार्ग है। हाँ, सूत्रोक्त पाँच कारण–विशेषों की अवस्था में विहार किया भी जा सकता है, यह अपवाद मार्ग है।

छह मास के उत्कृष्ट वर्षावास का अभिप्राय यह है कि यदि आषाढ़ के प्रारम्भ से ही पानी बरसने लगे और मगसिर मास तक भी बरसता रहे तो छह मास का उत्कृष्ट वर्षावास होता है। इस काल में श्रमण एक स्थान पर रहता है।

Elaboration—To stay at a place during the monsoon season is called *varshavas* or monsoon-stay. This is of three kinds—minimum, medium and maximum. (1) *Jaghanya varshavas* (minimum monsoon-stay)—It is of 70 days from *Samvatsarik pratikraman* to *Kartik Purnima*. (2) *Madhyam varshavas* (medium monsoon-stay)—It is of 120 days from *Shravan Krishna Pratipada* to *Kartik Purnima*. (3) *Utkrisht varshavas* (maximum monsoon-stay)—It is of 6 months from *Ashadh* to *Mangsir*.

The first of these two aphorism proscibes movement during *pratham pravrit* (first part of monsoon season) and the second during monsoon-stay. This confirms that *pratham pravrit* is the part of monsoon season before *Paryushan kalp* is accepted. This means that there should be no movement during the month of *Ashadh*. If *Pravrit* is interpreted just as monsoon season it would include the period between *Bhadrapad Shukla panchami* to *Kartik Purnima*. Movement is, indeed, prohibited during this period. Splitting this negation into two parts appears to have the purpose of including both popular ways of counting seasons. In the counting based on three seasons in a year monsoon is one long season but in the counting based on six seasons in a year monsoon season is split into two—*Shravan-Bhadrapad* are called *Pravrit Ritu* and *Ashvin-*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Kartik are called *Varsha Ritu*. The combined meaning of these two aphorisms is that ascetics should not move around during the four months, *Shravan* to *Kartik*. This is the ideal norm. Under special conditions mentioned in these aphorisms they are allowed to move but that is an emergency measure.

The reason for the provision of a maximum period of six months is to cover one month on each side in case of early or late monsoon. During the monsoon ascetics are supposed to stay at one place.

अनुद्घात्य-पद ANUDGHATYA-PAD (SEGMENT OF SERIOUS ATONEMENT)

१०१. पंच अणुग्घातिया पण्णत्ता, तं जहा-हत्थकम्मं करेमाणे, मेहुणं पडिसेवेमाणे, रातीभोयणं भुंजेमाणे, सागारियपिंडं भुंजेमाणे, रायपिंडं भुंजेमाणे।

१०१. पाँच अनुद्घात्य (गुरु-प्रायश्चित्त के योग्य) होते हैं। (१) हस्तकर्म-(मैथुन-) करने वाला। (२) मैथुन की प्रतिसेवना (स्त्री-संभोग) करने वाला। (३) रात्रि-भोजन करने वाला। (४) सागारिक-(शय्यातर-) पिण्ड का आहार करने वाला। (५) राज-पिण्ड का भोजन करने वाला।

101. There are five *anudghatya* (reasons for serious atonement)—One who indulges in—(1) *hastakarma* (masturbation), (2) *maithun pratisevana* (copulation), (3) *ratri bhojan* (eating during the night), (4) eating *sagarik-pind* (food offered by host) and (5) eating *raj-pind* (food offered by the king).

विवेचन-दोष की शुद्धि के लिए दो प्रकार के प्रायश्चित्त बताये गये हैं-(I) लघु-प्रायश्चित्त और (II) गुरु-प्रायश्चित्त। लघु-प्रायश्चित्त को उद्घातिक (उपवास आदि का छोटा) और गुरु-प्रायश्चित्त को अनुद्घातिक (दीक्षा छेद) प्रायश्चित्त कहते हैं। यह किसी भी दशा में कम नहीं किया जा सकता है। यह भी दो प्रकार का होता है-गुरु मासिक-एक मास की दीक्षा का छेद। गुरु चौमासी प्रायश्चित्त-चार मास की दीक्षा का छेद।

सागारिक-पिण्ड-गृहस्थ श्रावक को सागारिक कहते हैं। जिस मकान में साधु ठरहते हैं, उस भवन का स्वामी 'शय्यातर' कहा जाता हैं। शय्यातर के घर का भोजन, वस्त्र, पात्रादि लेना साधु के लिए निषिद्ध है, क्योंकि उसके ग्रहण करने पर तीर्थंकरों की आज्ञा का उल्लंघन, अधिक निकट परिचय के कारण ऐषणा सम्बन्धी अनेक दोष उत्पन्न होते हैं।

राजपिण्ड-जिसका विधिवत् राज्याभिषेक किया गया हो, जो सेनापति, मंत्री, पुरोहित, श्रेष्ठी और सार्थवाह इन पाँच पदाधिकारियों के साथ राज्य करता हो, उसे राजा कहते हैं। उसके घर का भोजन राज-पिण्ड कहलाता है। राज-पिण्ड ग्रहण करने में अनेक दोष हैं। जैसे-तीर्थंकरों की आज्ञा का अतिक्रमण, राज्याधिकारियों के आने-जाने के समय होने वाला व्याघात, चोर आदि की आशंका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आदि। इनके अतिरिक्त राजाओं का भोजन प्रायः राजस और तामस होता है, ऐसा भोजन करने पर साधु को दर्प, कामोद्रेक आदि भी हो सकता है। इन कारणों से राजपिण्ड के ग्रहण करने का निषेध है।

Elaboration—Two kinds of atonement have been prescribed for faults committed—(a) *laghu-prayashchit* (simple atonement and (b) *guru-prayashchit* (serious atonement). Simple atonement includes fasting (etc.) and is called *udghatik prayashchit*. Serious atonement includes termination from the ascetic organisation for a specific period and is called *anudghatik prayashchit*. There is no provision of curtailment in serious atonement. It is also of two types—*guru masik* of termination for one month and *guru chaumasi* or termination for four months.

Sagarik-pind—A lay *shravak* is caled *sagarik*. The person in whose house ascetics are staying is called *shayyatar* (host). Accepting any alms including food, garb and bowls from him is prohibited for an ascetic. This is because it involves defying the order of *Tirthankars* and many other faults related to code of seeking due to intimacy.

Raj-pind—A king is one who has been formally crowned and rules with the help of five classes of functionaries—commander, minister, priest, merchant and caravan chief. Food from his kitchen is called *raj-pind*. Accepting *raj-pind* involves numerous faults—defying the order of *Tirthankars*, disturbance caused by frequency of movement of state employees and officers, chances of confronting theives and bandits etc. Besides this the food made for kings is generally *rajas* (passion provocating) and *tamas* (malice enhancing) in quality. Eating such food may magnify conceit, passion and other vices in an ascetic. For these reasons accepting such food is prohibited for ascetics.

राजान्तःपुर-प्रवेश-पद RAJANTAHPUR-PRAVESH-PAD (SEGMENT OF ENTERING THE PALACE)

१०२. पंचहिं ठाणेहिं समणे णिग्गंथे रायंतेउरमणुपविसमाणे णाइक्कमति, तं जहा—

(१) णगरे सिया सव्वतो समंता गुत्ते गुत्तदुवारे, बहवे समणमाहणा णो संचाएंति भत्ताए वा पाणाए वा णिक्खमित्तए वा पविसित्तए वा, तेसिं विण्णवणट्ठयाए रायंतेउरमणुपविसेज्जा। (२) पाडिहारियं वा पीढ-फलग-सेज्जा-संथारगं पच्चप्पिणमाणे रायंतेउरमणुपविसेज्जा। (३) हयस्स वा गयस्स वा दुट्ठस्स आगच्छमाणस्स भीते रायंतेउरमणुपविसेज्जा। (४) परो व णं सहसा वा बलसा वा बाहाए गहाय रायंतेउरमणुपवेसेज्जा। (५) बहिया व णं आरामगयं उज्जाणगयं वा रायंतेउरजणो सव्वतो समंता संपरिक्खिवित्ता णं सण्णिवेसिज्जा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इच्चेतेहिं पंचहिं ठाणेहिं समणे णिग्गंथे (रायंतेउरमणुपविसमाणे) णातिक्कमइ।

१०२. पाँच कारणों से श्रमण निर्ग्रन्थ राजा के अन्तःपुर (रणवास) में प्रवेश करता हुआ तीर्थंकरों की आज्ञा का अतिक्रमण नहीं करता है। जैसे–(१) यदि नगर चारों ओर से परकोटे से घिरा हो, उसके द्वार बन्द कर दिये गये हों, बहुत–से श्रमण–माहन भक्त–पान के लिए नगर से बाहर न निकल सकें, या प्रवेश न कर सकें, तब उस स्थिति को बतलाने के लिए राजा के अन्तःपुर में प्रवेश कर सकता है। (२) **प्रातिहारिक**–(वापस करने को कहकर लाये गये) पीठ, फलक, शय्या, संस्तारक को वापस देने के लिए। (३) मार्ग चलते हुए दुष्ट घोड़े या हाथी के सामने आने पर भयभीत साधु राजा के अन्तःपुर में प्रवेश कर सकता है। (४) कोई अन्य व्यक्ति सहसा बल–पूर्वक बाहु पकड़कर ले जाये। (५) कोई साधु बाहर आराम–पुष्पोद्यान या उद्यान–वृक्षोद्यान में ठहरा हो और वहाँ (क्रीड़ा करने के लिए राजा का अन्तःपुर आ जावे), राजपुरुष उस स्थान को चारों ओर से घेर ले और निकलने के द्वार बन्द कर दें, तब वह वहाँ रह सकता है।

इन पाँच कारणों से श्रमण–निर्ग्रन्थ राजा के अन्तःपुर में प्रवेश करता हुआ तीर्थंकरों की आज्ञा का अतिक्रमण नहीं करता है।

102. A *Shraman nirgranth* does not defy the order of *Tirthankars* if he enters the *antah-pur* (inner quarters of a king) for five reasons—(1) If the city is surrounded by a parapet wall, its gates are closed and it is not possible for many ascetics to go out of or enter the city to seek alms. An ascetic is allowed to enter the *antah-pur* to inform about that situation. (2) For returning the *pratiharik* (borrowed) things including *peeth* (stool), *falak* (plank), *shayya* (bed) and *samstarak* (bed of hay). (3) A frightened ascetic is allowd to enter the *antah-pur* for safety when affronted by wild horse or elephant while walking on the way. (4) If someone takes an ascetic physically into the *antah-pur* by force. (5) If an ascetic is staying in the orchard or garden and the royal family comes to the garden for entertainment, the gaurds surround the garden and close the gates. In such a situation the ascetic is allowed to remain there.

A *Shraman nirgranth* does not defy the order of *Tirthankars* if he enters the *antah-pur* for the said five reasons.

विवेचन–मुनि दो प्रकार की वस्तुएँ ग्रहण करता है–**अप्रातिहारिक**–जो वापस लौटाई नहीं जाती हो, जैसे–वस्त्र, पात्र, भोजन, कम्बल आदि। **प्रातिहारिक**–जो लौटाई जा सकती हैं–जैसे–पट्ट, फलक, शय्या, संस्तारक आदि।

[वृत्तिकार ने निशीथभाष्य की गाथाएँ उद्धृत करके अन्तःपुर प्रवेश के अनेक दोष बताये हैं। (वृत्ति भाग–२, पृष्ठ ५३७)]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Elaboration—An ascetic accepts two kinds of things—(1) *Apratiharik* or not to be returned, such as garb, bowls, food and blanket. *Pratiharik* or returnable, such as *patta* (bench), *falak* (plank), *shayya* (bed) and *samstarak* (bed of hay).

[Qoting verses from *Nisheeth Bhashya* the commentator (*Vritti*) has listed many more faults of entering *antah-pur*. (*Vritti*, part-2, p. 537)]

गर्भ-धारण-पद GARBH-DHARAN-PAD (SEGMENT OF CONCEPTION)

१०३. पंचहिं ठाणेहिं इत्थी पुरिसेण सद्धिं असंवसमाणीवि गब्भं धरेज्जा, तं जहा—

(१) इत्थी दुव्वियडा दुण्णिसण्णा सुक्कपोग्गले अधिट्ठिज्जा। (२) सुक्कपोग्गलसंसिट्ठेव से वत्थे अंतो जोणीए अणुपवेसेज्जा। (३) सइं वा से सुक्कपोग्गले अणुपवेसेज्जा। (४) परो व से सुक्कपोग्गले अणुपवेसेज्जा। (५) सीओदगवियडेण वा से आयममाणीए सुक्कपोग्गला अणुपवेसेज्जा।

इच्चेतेहिं पंचहिं ठाणेहिं (इत्थी पुरिसेण सद्धिं असंवसमाणीवि गब्भं) धरेज्जा।

१०३. पाँच कारणों से स्त्री पुरुष के साथ संवास नहीं करती हुई भी गर्भ को धारण कर सव ती है। जैसे–(१) अनावृत (नग्न) और दुर्निषण्ण (विवृत योनिमुख) रूप से बैठी हो, अर्थात् पुरुष-वीर्य से संसृष्ट स्थान पर बैठी हुई स्त्री द्वारा शुक्र-पुद्गलों को आकर्षित कर लेने पर। (२) शुक्र-पुद्गलों से संसृष्ट वस्त्र स्त्री की योनि में प्रविष्ट हो जाने पर। (३) स्त्री स्वयं ही शुक्र-पुद्गलों को योनि में प्रविष्ट कर लें तो। (४) दूसरा कोई शुक्र-पुद्गलों को उसकी योनि में प्रविष्ट कर दें तो। (५) नदी-तालाब आदि में स्नान करती हुई स्त्री की योनि में यदि (बहकर आये) शुक्र-पुद्गल प्रवेश कर जावें तो।

इन पाँच कारणों से स्त्री पुरुष के साथ संवास नहीं करती हुई भी गर्भ धारण कर सकती है।

103. For five reasons a woman can conceive even without having an intercourse with a man—(1) If she is sitting *anavrat* (naked) and *durnishanna* (with open vagina) (at a spot soiled with male semen) and draws in semen molecules. (2) If a piece of cloth wet with male semen enters her vagina. (3) If she herself puts semen molecules into her vagina. (4) If some other person pushes semen molecules into her vagina. (5) If floating semen enters her vagina while she is taking her bath in a river or pond.

विवेचन–प्रस्तुत आगम वचन अनुसार शुक्र पुद्गलों के स्त्री-योनि में प्रविष्ट होने पर ही गर्भ धारण होता है, भले ही वह किसी अन्य कृत्रिम या प्रासंगिक साधन से हो। वर्तमान में पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान की प्रणाली इसी आधार पर विकसित की गई है।

प्रस्तुत सूत्र के प्रथम कारण को ध्यान में रखकर ही आगमों में स्थान-स्थान पर ऐसे उल्लेख किए गये हैं कि जहाँ स्त्रियाँ बैठी हों, उस स्थान पर मुनि को तथा जहाँ पुरुष बैठे हों उस स्थान पर साध्वी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

को एक अन्तर्मुहूर्त तक नहीं बैठना चाहिए। यदि आवश्यकतावश बैठना ही पड़े तो भूमि का भलीभाँति साफ कर बैठना चाहिए।

१४६. तृणवनस्पतिकायिक जीव पाँच प्रकार के हैं–(१) अग्रबीज–जिनका अग्रभाग ही बीजरूप होता है। जैसे–कोरंट वृक्ष आदि। (२) मूलबीज–जिनका मूल भाग ही बीज रूप होता है। जैसे–कमलकंद आदि। (३) पर्वबीज–जिनका पर्व (पोर, गाँठ) ही बीजरूप होता है। जैसे–गन्ना आदि। (४) स्कन्धबीज–जिसका स्कन्ध ही बीजरूप होता है। जैसे–सल्लकी (वट या चीढ़ का वृक्ष) आदि। (५) बीजरुह–बीज से उगने वाले–गेहूँ, चना आदि।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

146. Gramineous plant-bodied beings are of three kinds—(1) *agra-beej*—those which grow when the tip is planted, such as *Korant* tree, (2) *mool-beej*—those which grow when the root-bulb is planted like lotus, (3) *parva-beej*—those which grow when the knot is planted like sugar-cane, (4) *skandh-beej*—those which grow when the branch is planted like banyan or pine and (5) *beej-ruha*—those which grow when seed is sown like wheat, gram etc.

आचार-पद ACHAR-PAD (SEGMENT OF CONDUCT)

१४७. पंचविहे आयारे पण्णत्ते, तं जहा—णाणायारे, दंसणायारे, चरित्तायारे, तवायारे, वीरियायारे।

१४७. आचार पाँच प्रकार का है-(१) ज्ञानाचार, (२) दर्शनाचार, (३) चारित्राचार, (४) तपाचार, (५) वीर्याचार।

147. *Achar* (conduct) is of five kinds—(1) *Jnanachar*, (2) *darshanachar*, (3) *charitrachar*, (4) *tapah-achar* and (5) *viryachar*.

विवेचन—आचार का अर्थ है-उस विषय का शास्त्र विहित उचित आचरण। श्रुतज्ञान की प्राप्ति के लिए प्रयत्न करना ज्ञानाचार है। सम्यक्त्व की आराधना दर्शनाचार, चारित्र की सम्यक् आराधना 'चारित्राचार' तप की बहुविध आराधना 'तपाचार' उक्त चारों की प्राप्ति व शुद्धि के लिए शक्ति का उपयोग करना वीर्याचार है। ज्ञानाचार के ८, दर्शनाचार के ८, चारित्राचार के ५, तपाचार के १२ भेद हैं।

Elaboration—*Achar* means specific proper conduct as prescribed in scriptures. Proper endeavour to acquire scriptural knowledge is *Jnanachar* or conduct related to *jnana* or knowledge. Proper practice of *smayaktva* (righteousness) is *darshanachar* or conduct related to *darshan* or perception/faith. Proper following of codes of conduct is *chaaritrachar* or conduct related to *chaaritra* or ascetic-conduct. Proper observation of various austerities is *tapah-achar* or conduct related to *tapah* or austerities. Application of all strength and vigour in faultless accomplishment of these four is *viryachar* or conduct related to *virya* or potency. There are eight types of *jnanachar*, eight types of *darshanachar*, five types of *charitrachar* and twelve types of *tapah-achar*.

आचारप्रकल्प-पद ACHAR-PRAKALP-PAD (SEGMENT OF CONDUCT ATONEMENT)

१४८. पंचविहे आयारकप्पे पण्णत्ते, तं जहा—मासिए उग्घातिए, मासिए अणुग्घातिए, चउमासिए उग्घातिए, चउमासिए अणुग्घातिए, आरोवणा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१४८. आचारप्रकल्प (निशीथ सूत्रोक्त प्रायश्चित्त) पाँच प्रकार का है–(१) मासिक उद्घातिक–लघु मासरूप प्रायश्चित्त। (२) मासिक अनुद्घातिक–गुरु मासरूप प्रायश्चित्त। (३) चातुर्मासिक उद्घातिक–लघु चार मासरूप प्रायश्चित्त। (४) चातुर्मासिक अनुद्घातिक–गुरु चार मासरूप प्रायश्चित्त। (५) आरोपणा–एक दोष से प्राप्त प्रायश्चित्त में दूसरे दोष के सेवन से प्राप्त प्रायश्चित्त का आरोपण करना।

148. *Achar-prakalp* (atonement for faults related to conduct as precribed in *Nisheeth Sutra*) is of five kinds—(1) *masik udghatik*—curtailment in month long prescribed atonement as simple atonement, (2) *masik anudghatik*—no curtailment in month long prescribed atonement as harsh atonement, (3) *chaturmasik udghatik*—curtailment in four month long prescribed atonement as simple atonement, (4) *chaturmasik anudghatik*—curtailment in four month long prescribed atonement as harsh atonement and (5) *aropan*—to include atonement of new fault with the one already in process.

विवेचन–मासिक तपश्चर्या वाले प्रायश्चित्त में कुछ दिन कम करना मासिक उद्घातिक या लघुमास प्रायश्चित्त हैं, तथा मासिक तपश्चर्या वाले प्रायश्चित्त में से कुछ भी अंश कम नहीं करना, मासिक अनुद्घातिक या गुरुमास प्रायश्चित्त हैं। यही अर्थ चातुर्मासिक उद्घातिक और अनुद्घातिक का है। आरोपणा का विवेचन आगे के सूत्र में है।

Elaboration—English meaning is self-explanatory.

आरोपणा–पद AROPANA-PAD (SEGMENT OF STALLING)

१४९. आरोवणा पंचविहा पण्णत्ता, तं जहा–पट्ठविया, ठविया, कसिणा, अकसिणा, हाडहडा।

१४९. आरोपणा पाँच प्रकार की होती है। (१) **प्रस्थापिता आरोपणा**–प्रायश्चित्त में प्राप्त अनेक तपों में से किसी एक तप को प्रारम्भ करना। (२) **स्थापिता आरोपणा**–प्रायश्चित्त रूप से प्राप्त तपों को गुरुजनों की वैयावृत्त्य आदि किसी कारण से प्रारम्भ न करना। भविष्य के लिए स्थापित किये रखना। (३) **कृत्स्ना आरोपणा**–पूरे छह मास की तपस्या का प्रायश्चित्त देना, क्योंकि वर्तमान जिनशासन में उत्कृष्ट तपस्या की सीमा छह मास की मानी गई है। (४) **अकृत्स्ना आरोपणा**–एक दोष के प्रायश्चित्त को करते हुए दूसरे दोष को करने पर तथा उसके प्रायश्चित्त को करते हुए तीसरे दोष के करने पर यदि प्रायश्चित्त तपस्या का काल छह मास से अधिक होता है तो उसे छह मास में ही आरोपण कर दिया जाता है। क्योंकि प्रायश्चित्त के रूप में छह मास से अधिक का तप नहीं किया जाता। अतः पूरा प्रायश्चित्त नहीं कर सकने के कारण उसे अकृत्स्ना आरोपणा कहा जाता है। (५) **हाडहडा आरोपणा**–जो प्रायश्चित्त प्राप्त हो, उसे शीघ्र ही दे देना।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

149. *Aropana* (stalling) is of five kinds—(1) *Prasthapit aropana*—to stall all but one of the austerities prescribed for atonement. (2) *Sthapit aropana*—to stall prescribed austerities for some future time due to some specific reason like serving the seniors. (3) *Kritsna aropana*—to prescribe atonement for complete six months following the belief that in modern times that is the maximum limit. (4) *Akritsna aropana*—to include atonement of new faults committed during atonement within the maximum limit of six months even if the total period comes to more than that. (5) *Haadahada aropana*—to prescribe atonement at once without any delay.

वक्षस्कारपर्वत-पद VAKSHASKAR PARVAT-PAD (SEGMENT OF VAKSHASKAR MOUNTAINS)

१५०. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पुरत्थिमे णं सीयाए महाणदीए उत्तरे णं पंच वक्खारपव्वता पण्णत्ता, तं जहा—मालवंते, चित्तकूडे, पम्हकूडे, णलिणकूडे, एगसेले।

१५१. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पुरत्थिमे णं सीयाए महाणदीए दाहिणे णं पंच वक्खारपव्वता पण्णत्ता, तं जहा—तिकूडे, वेसमणकूडे, अंजणे, मायंजणे, सोमणसे।

१५०. जम्बूद्वीप नामक द्वीप में मन्दर पर्वत के पूर्व भाग में सीता महानदी की उत्तर दिशा में पाँच वक्षस्कारपर्वत हैं—(१) माल्यवान्, (२) चित्रकूट, (३) पक्ष्मकूट, (४) नलिनकूट, (५) एकशैल।

१५१. जम्बूद्वीप नामक द्वीप में मन्दर पर्वत के पूर्व भाग में सीता महानदी की दक्षिण दिशा में पाँच वक्षस्कारपर्वत हैं—(१) त्रिकूट, (३) वैश्रमणकूट, (३) अंजन, (४) मातांजन, (५) सौमनस।

150. In Jambu Dveep in the eastern part of Mandar mountain there are four *Vakshaskar* mountains on the northern bank of great river Sita. They are—(1) Malyavan, (2) Chitrakoot, (3) Padmakoot, (4) Nalinakoot and (5) Ekashailakoot.

151. In Jambu Dveep in the eastern part of Mandar mountain there are four *Vakshaskar* mountains on the southern bank of great river Sita. They are—(1) Trikoot, (2) Vaishraman-koot, (3) Anjan and (4) Matanjan (5) Saumanas.

१५२. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पच्चत्थिमे णं सीओयाए महाणदीए दाहिणे णं पंच वक्खारपव्वता पण्णत्ता,तं जहा—विज्जुप्पभे, अंकावती, पम्हावती, आसीविसे, सुहावहे।

१५३. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पच्चत्थिमे णं सीओयाए महाणदीए उत्तरे णं पंच वक्खारपव्वता पण्णत्ता, तं जहा—चंदपव्वते, सूरपव्वते, णागपव्वते, देवपव्वते, गंधमादणे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१५२. जम्बूद्वीप नामक द्वीप में मन्दर पर्वत में सीतोदा महानदी की दक्षिण दिशा में पाँच वक्षस्कारपर्वत हैं–(१) विद्युत्प्रभ, (२) अंकावती, (३) पक्ष्मावती, (४) आशीविष, (५) सुखावह।

१५३. जम्बूद्वीप नामक द्वीप में मन्दर पर्वत के पश्चिम भाग में सीतोदा महानदी की उत्तर दिशा में पाँच वक्षस्कारपर्वत हैं–(१) चन्द्रपर्वत, (२) सूर्यपर्वत, (३) नागपर्वत, (४) देवपर्वत, (५) गन्धमादन। ये सभी पर्वत महाविदेह क्षेत्र के अन्तर्गत हैं)

152. In Jambu Dveep in the western part of Mandar mountain there are four *Vakshaskar* mountains on the southern bank of great river Sitoda. They are—(1) Vidyutprabh, (2) Ankavati, (3) Pakshmavati, (4) Ashivish and (5) Sukhavah.

153. In Jambu Dveep in the western part of Mandar mountain there are four *Vakshaskar* mountains on the northern bank of great river Sitoda. They are—(1) Chandraparvat, (2) Suryaparvat, (3) Naag-parvat and (4) Devaparvat and (5) Gandhamadan. (All these mountains are in Mahavideh area.)

महाद्रह–पद MAHADRAH-PAD (SEGMENT OF GREAT LAKES)

१५४. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणे णं देवकुराए कुराए पंच महद्दहा पण्णत्ता, तं जहा–णिसहदहे, देवकुरुदहे, सूरदहे, सुलसदहे, विज्जुप्पभदहे।

१५५. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तरे णं उत्तरकुराए कुराए पंच महादहा पण्णत्ता, तं जहा–णीलवंतदहे, उत्तरकुरुदहे, चंददहे, एरावणदहे, मालवंतदहे।

१५४. जम्बूद्वीप नामक द्वीप में मन्दर पर्वत के दक्षिण भाग में देवकुरु नामक कुरुक्षेत्र में पाँच महाद्रह हैं–(१) निषधद्रह, (२) देवकुरुद्रह, (३) सूर्यद्रह, (४) सुलसद्रह, (५) विद्युत्प्रभद्रह।

१५५. जम्बूद्वीप नामक द्वीप में मन्दर पर्वत के उत्तर भाग में उत्तरकुरु नामक कुरुक्षेत्र में पाँच महाद्रह हैं–(१) नीलवत्द्रह, (२) उत्तरकुरुद्रह, (३) चन्द्रद्रह, (४) ऐरावणद्रह, (५) माल्यवत्द्रह।

154. In Jambu continent, to the south of Mandar Mountain there are five *mahadrahas* (great lakes) in the Kuru area called Devakuru. They are—(1) Nishadh draha, (2) Devakuru draha, (3) Surya draha, (4) Sulas draha and (5) Vidyutprabh draha.

155. In Jambu continent, to the north of Mandar Mountain there are five *mahadrahas* (great lakes) in the Kuru area called Uttar-kuru. They are—(1) Niavat draha, (2) Uttar-kuru draha, (3) Chandra draha, (4) Airavan drahe and (5) Malyavat draha.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वक्षस्कारपर्वत–पद VAKSHASKAR PARVAT-PAD
(SEGMENT OF VAKSHASKAR MOUNTAINS)

१५६. सव्वेवि णं वक्खारपव्वया सीया–सीओयाओ महाणईओ मंदरं वा पव्वतं पंच जोयणसताइं उड्ढं उच्चत्तेण, पंचगाउसताइं उव्वेहेणं।

१५६. सभी (उक्त) वक्षस्कारपर्वत सीता–सीतोदा महानदी तथा मन्दर पर्वत की दिशा में पाँच सौ योजन ऊँचे और पाँच सौ कोश गहरी नींव वाले हैं।

156. All the aforesaid *Vakshaskar* mountains, in the directions of Sita-Sitoda great rivers and Mandar mountain, are five hundred *Yojans* high and five hundred *Yojans* deep in the ground.

धातकीषंड–पुष्करवर–पद DHATKIKHAND-PUSHKARAVAR-PAD

१५७. धायइसंडे दीवे पुरत्थिमद्धे णं मंदरस्स पव्वयस्स पुरित्थमे णं सीयाए महाणदीए उत्तरे णं पंच वक्खारपव्वता पण्णत्ता, तं जहा–मालवंते, एवं जहा जंबुद्दीवे तहा जाव पुक्खरवरदीवड्ढं पच्चत्थिमद्धे वक्खारपव्वया दहा य उच्चत्तं भाणियव्वं।

१५७. धातकीषण्ड द्वीप के पूर्वार्ध में मन्दर पर्वत के पूर्व में तथा सीता महानदी के उत्तर में पाँच वक्षस्कारपर्वत हैं–(१) माल्यवान, (२) चित्रकूट, (३) पक्ष्मकूट, (४) नलिनकूट, (५) एकशैल।

इसी प्रकार धातकीषण्ड द्वीप के पश्चिमार्ध में तथा अर्धपुष्करवरद्वीप के पूर्वार्ध और पश्चिमार्ध में भी जम्बूद्वीप के समान पाँच–पाँच वक्षस्कारपर्वत, महानदियाँ–सम्बन्धी द्रह और वक्षस्कार पर्वतों की ऊँचाई–गहराई कहना चाहिए।

157. In the eastern half of Dhatkikhand Dveep, to the east of Mandar mountain there are five *Vakshaskar* mountains to the north of Sita great river. They are—(1) Malyavan, (2) Chitrakoot, (3) Padmakoot, (4) Nalinakoot and (5) Ekashailakoot.

In the same way in the western half of Dhatkikhand Dveep and eastern and western halves of Ardhapushkaravar Dveep, five *Vakshaskar* mountains each, great lakes connected with great rivers and height and depth of mountains should be read like those in Jambu Dveep.

समयक्षेत्र–पद SAMAYAKSHETRA-PAD (SEGMENT OF SAMAYAKSHETRA)

१५८. समयक्खेत्ते णं पंच भरहाइं, पंच एरवताइं, एवं जहा चउट्ठाणे बितीयउद्देसे तहा एत्थवि भाणियव्वं जाव पंच मंदरा पंच मंदरचूलियाओ, णवरं–उसुयारा णत्थि।

१५८. समयक्षेत्र (अढ़ाई द्वीपों) में पाँच भरत, पाँच ऐरवत क्षेत्र हैं। इसी प्रकार जैसे चतुःस्थान के द्वितीय उद्देशक में जिन–जिनका वर्णन है, वह यहाँ भी कहना चाहिए। यावत् पाँच मन्दर, पाँच मंदर चूलिकाएँ समयक्षेत्र में हैं। विशेष यह है कि वहाँ इषुकार पर्वत नहीं है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

158. In *Samayakshetra* (area of human habitation or Adhai Dveep) there are five Bharat and five Airavat areas. In the same way all description of all things mentioned in the second lesson of the fourth Sthaan should be read here.... and so on up to... There are five Mandar and five Mandar Chulikas in *Samayakshetra*. The only difference being that there is no Ikshukar mountain here.

अवगाहना–पद AVAGAHANA-PAD (SEGMENT OF HEIGHT)

१५९. उसभे णं अरहा कोसलिए पंच धणुसताइं उड्ढं उच्चत्तेणं होत्था। १६०. भरहे णं राया चाउरंतचक्कवट्टी पंच धणुसताइं उड्ढं उच्चत्तेणं होत्था। १६१. बाहुबली णं अणगारे [पंच धणुसताइं उड्ढं उच्चत्तेणं होत्था]। १६२. बंभी णं अज्जा [पंच धणुसताइं उड्ढं उच्चत्तेणं होत्था]। १६३. [सुंदरी णं अज्जा पंच धणुसताइं उड्ढं उच्चत्तेणं होत्था]।

१५९. कौशलिक (कोशल देश में उत्पन्न हुए) अर्हन्त ऋषभदेव पाँच सौ धनुष (चार हाथ का एक धनुष) ऊँचे थे। १६०. चातुरन्त चक्रवर्ती भरत राजा पंचम सौ धनुष ऊँचे थे। १६१. अनगार बाहुबली पाँच सौ धनुष ऊँचे थे। १६२. आर्या ब्राह्मी पाँच सौ धनुष ऊँची थीं। १६३. आर्या सुन्दरी पाँच सौ धनुष ऊँची थीं।

159. Kaushalik (born in Kaushal country) Arhant Risabhadeva was five hundred *Dhanush* tall (one *Dhanush* is four cubits). **160.** Chaturant Chakravarti King Bharat was five hundred *Dhanush* tall. **161.** Anagar Bahubali was five hundred *Dhanush* tall. **162.** Arya Brahmi was five hundred *Dhanush* tall. **163.** Arya Sundari was five hundred *Dhanush* tall.

विबोध–पद VIBODH-PAD (SEGMENT OF AWAKENING)

१६४. पंचहिं ठाणेहिं सुत्ते विबुज्झेज्जा, तं जहा–सद्देणं, फासेणं, भोयणपरिणामेणं, णिद्दक्खएणं, सुविणदंसणेणं।

१६४. पाँच कारणों से सोता हुआ मनुष्य जाग जाता है-(१) **शब्द से**–आवाज को सुनकर। (२) स्पर्श से–स्पर्श होने पर। (३) **भोजन परिणाम से**–भूख लगने से। (४) **निद्राक्षय से**–पूरी नींद सो लेने से। (५) **स्वप्नदर्शन से**–स्वप्न देखने से।

164. For five reasons a sleeping person gets awake—(1) by *shabd*—by hearing sound, (2) by *sparsh*—by touch, (3) by *bhojan parinam*—on being hungry, (4) by *nidrakshaya*—on conclusion of sleep and (5) by *svapnadarshan*—on seeing a dream.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१६५. पंचहिं ठाणेहिं समणे णिग्गंथे गिण्हमाणे वा अवलंबमाणे वा णातिक्कमति, तं जहा–

(१) णिग्गंथिं च णं अण्णयरे पसुजातिए वा पक्खिजातिए वा ओहातेज्जा, तत्थ णिग्गंथे णिग्गंथिं गिण्हमाणे वा अवलंबमाणे वा णातिक्कमति। (२) णिग्गंथे णिग्गंथिं दुग्गंसि वा विसमंसि वा पक्खलमाणिं वा पवडमाणिं वा गिण्हमाणे वा अवलंबमाणे वा णातिक्कमति। (३) णिग्गंथे णिग्गंथिं सेयंसि वा पंकंसि वा पणगंसि वा उदगंसि वा उक्कसमाणिं वा उबुज्झमाणिं वा गिण्हमाणे वा अवलंबमाणे वा णातिक्कमति। (४) णिग्गंथे णिग्गंथिं णावं आरुभमाणे वा ओरोहमाणे वा णातिक्कमति। (५) खित्तचित्तं दित्तचित्तं जक्खाइट्ठं उम्मायपत्तं उवसग्गपत्तं साहिगरणं सपायच्छित्तं जाव भत्तपाणपडियाइक्खिय अट्टजायं वा णिग्गंथे णिग्गंथिं गेण्हमाणे वा अवलंबमाणे वा णातिक्कमति।

१६५. पाँच कारणों से श्रमण निर्ग्रन्थ, निर्ग्रन्थी को पकड़ता हुआ, अवलम्बन देता हुआ भगवान की आज्ञा का अतिक्रमण (उल्लंघन) नहीं करता है।

(१) कोई पशुजाति या पक्षीजाति का प्राणी निर्ग्रन्थी को मारने के लिए आक्रमण करे तो वहाँ निर्ग्रन्थ निर्ग्रन्थी को पकड़ता है। या अवलम्बन (हाथ का सहारा) देता है तो.... (२) दुर्गम या विषम स्थान में फिसलती हुई या गिरती हुई निर्ग्रन्थी को ग्रहण करता है या अवलम्बन देता है, तो.... (३) दल-दल में या कीचड़ में, या काई में, या जल में फँसी हुई, या बहती हुई निर्ग्रन्थी को निर्ग्रन्थ ग्रहण करता है या अवलम्बन देता है, तो.... (४) निर्ग्रन्थ निर्ग्रन्थी को नाव में चढ़ाता हुआ या उतारता हुआ भगवान की आज्ञा का अतिक्रमण नहीं करता है। (५) क्षिप्तचित्त या दृप्तचित्त या यक्षाविष्ट या उन्माद प्राप्त या उपसर्ग प्राप्त, या कलह-रत या प्रायश्चित्त से डरी हुई, या **भक्त-पान-प्रत्याख्यात**, (उपवासी) या **अर्थजात** (पति या किसी अन्य द्वारा संयम से च्युत की जाती हुई) निर्ग्रन्थी को ग्रहण करता या अवलम्बन देता है तो, निर्ग्रन्थ भगवान की आज्ञा का अतिक्रमण नहीं करता है।

165. A *Shraman Nirgranth* (male ascetic) does not defy the word of *Bhagavan* if he holds (*grahan*) and lends support to (*avalamban*) a *nirgranthi* (female ascetic)—

(1) If a *nirgranth* holds or supports a *nirgranthi* when she is attacked by an animal or a bird. (2) If a *nirgranth* holds or supports a *nirgranthi* when she slips or falls while crossing a difficult or rugged terrain. (3) If a *nirgranth* holds or supports a *nirgranthi* when she is caught in a swamp or mud or is drowning in water. (4) If a *nirgranth* holds or supports a *nirgranthi* in order to help her board or disembark a boat. (5) If a nirgranth holds or supports a *nirgranthi* when she is *kshipt-chitt* (crazy), *dript-chitt* (euphoric), *yakshavisht* (possessed by spirit), *unmaad prapt* (mad), *upasarg prapt* (tormented by affliction), *sadhikarana* (quarreling), *saprayashchit* (apprehensive of atonement), *bhakt-paan-pratyakhyan* (fasting), or *arthajat* (being forced or seduced into

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

compromising her modesty). Under these conditions he does not defy the word of *Bhagavan*.

विवेचन–यद्यपि निर्ग्रन्थ को निर्ग्रन्थी का स्पर्श करने का सर्वथा निषेध है, तथापि जिन परिस्थिति-विशेष में वह निर्ग्रन्थी का हाथ आदि पकड़ कर उसको सहारा दे सकता है या उसकी और उसके संयम की रक्षा कर सकता है, तदनुसार कार्य करते हुए वह जिन-आज्ञा का उल्लंघन नहीं करता है।

निर्ग्रन्थी को सर्वाङ्ग से पकड़ना **ग्रहण** और हाथ से पकड़ कर सहारा देना **अवलम्बन** कहलाता है।

जहाँ कठिनाई से जाया जा सके ऐसे दुर्गम प्रदेश को दुर्ग कहते हैं। पैर का फिसलना, या फिसलते हुए भूमि पर हाथ-घुटने टेकना **प्रस्खलन** है और भूमि पर धड़ाम से गिर पड़ना **प्रपतन** है।

क्षिप्तचित्त आदि का अर्थ इस प्रकार है-(१) **क्षिप्तचित्त**-राग, भय या अपमानादि से जिसका चित्त विक्षिप्त हो। (२) **दृप्तचित्त**-सन्मान, लाभ, ऐश्वर्य आदि मद से या दुर्जय शत्रु को जीतने से जिसका चित्त दर्प को प्राप्त हो। (३) **यक्षाविष्ट**-पूर्वभव के वैर से, या रागादि से यक्ष के द्वारा आक्रांत हुई। (४) **उन्मादप्राप्त**-पित्त-विकार से उन्मत्त या पागल (देव प्रकोप से अथवा रूप आदि के मोह वश)। (५) **उपसर्गप्राप्त**-देव, मनुष्य या तिर्यंच कृत उपद्रव से पीड़ित। (६) **साधिकरणा**-कलह करती हुई या लड़ने के लिए उद्यत। (७) **सप्रायश्चित्त**-प्रायश्चित्त के भय से पीड़ित या डरी हुई। (८) **भक्त-पान-प्रत्याख्यात**-जीवन भर के लिए अशन-पान का त्याग करने से दुर्बल हुई मार्ग में कहीं गिरती हो, मूर्च्छा आ गई हो तो। (९) **अर्थजात**-अर्थ-(प्रयोजन-) विशेष से, अथवा धनादि के लिए पति या चोर आदि के द्वारा संयम से चलायमान की जाती हुई।

उपर्युक्त सभी दशाओं में निर्ग्रन्थी की रक्षार्थ निर्ग्रन्थ उसे ग्रहण या अवलम्बन देते हुए जिन आज्ञा का अतिक्रमण नहीं करता है। *(वृत्ति भाग २ पृष्ठ ५६२-६३)*

Elaboration—A male ascetic is not at all allowed to touch a female ascetic. However, he can hold her hand and offer support or protect her and her modesty under special circumstances. He does not defy the word of *Tirthankar* if he acts strictly according to the said code.

To hold the body of a female ascetic is called *grahan* and to support her by holding her hand is called *alamban*.

A difficult or rugged terrain is called *durg*. Slipping of feet or to touch knees or hands to the ground on slipping is called *praskhalan*. To fall on the ground is *prapatan*.

Other terms are explained as follows—

Kshipt-chitt—gone crazy due to attachment, fear, insult or other such sentiment. *Dript-chitt*—euphoric due to conceit of honour, gains, grandeur, or conquering a strong enemy. *Yakshavisht*—possessed or afflicted by *yaksha* or other spirits due to animosity or attachment from earlier births. *Unmaad prapt*—mentally deranged due to disturbed body

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

humours or excessive attachment or evil spirits. *Upasarg prapt*—tormented by divine, human or animal affliction. *Sadhikarana*—ready to quarrel or quarreling. *Saprayashchit*—apprehensive of atonement. *Bhakt-paan-pratyakhyan*—stumbling or falling or losing consciousness due to weakness caused by observing ultimate vow or fasting otherwise. *Arthajat*—being forced or seduced into compromising her modesty by her husband or other person for some specific reason or otherwise. *(Vritti, part-2, p. 562-63)*

आचार्य-उपाध्याय-अतिशेष-पद ACHARYA UPADHYAYA ATISHESH-PAD (SEGMENT OF SPECIAL PRIVILEGE OF ACHARYA AND UPADHYAYA)

१६६. आयरिय-उवज्झायस्स णं गणंसि पंच अतिसेसा पण्णत्ता, तं जहा-

(१) आयरिय-उवज्झाए अंतो उवस्सयस्स पाए णिगज्झिय-णिगज्झिय पप्फोडेमाणे वा पमज्जेमाणे वा णातिक्कमति। (२) आयरिय-उवज्झाए अंतो उवस्सयस्स उच्चारपासवणं विगिंचमाणे वा विसोधेमाणे वा णातिक्कमति। (३) आयरिय-उवज्झाए पभू, इच्छा वेयावडियं करेज्जा, इच्छा णो करेज्जा। (४) आयरिय-उवज्झाए अंतो उवस्सयस्स एगरातं वा दुरातं वा एगओ वसमाणे णातिक्कमति। (५) आयरिय-उवज्झाए बाहिं उवस्सयस्स एगरातं वा दुरातं वा [एगओ] वसमाणे णातिक्कमति।

१६६. गण में आचार्य और उपाध्याय के पाँच अतिशेष (अतिशय; विशेष विधियाँ) हैं-

(१) आचार्य और उपाध्याय (बाहर से आकर) उपाश्रय के भीतर प्रवेश करने पर पैरों की धूलि को सावधानी से झाड़ते हुए या फटकारते हुए। (२) आचार्य और उपाध्याय उपाश्रय के भीतर उच्चार (मल) और प्रस्रवण (मूत्र) का व्युत्सर्ग और विशोधन (अशुचि की शुद्धि) करते हुए आज्ञा का अतिक्रमण नहीं करते हैं। (३) आचार्य और उपाध्याय की इच्छा हो तो वे दूसरे साधु की वैयावृत्त्य करें, इच्छा न हो तो न करें, इसके लिए प्रभु (स्वतन्त्र) हैं। (४) आचार्य और उपाध्याय उपाश्रय के भीतर एक रात्रि या दो रात्रि अकेले रहते हुए आज्ञा का अतिक्रमण नहीं करते। (५) आचार्य और उपाध्याय उपाश्रय के बाहर एक रात्रि या दो या रात्रि अकेले रहते हुए आज्ञा का अतिक्रमण नहीं करते हैं।

166. In a *gana* (group of ascetics) *acharya* and *upadhyaya* have five *atishesh* (special privilege)—

(1) *Acharya* and *upadhyaya* do not defy the word of *Bhagavan* if they carefully dust their feet while entering an *upashraya* (place of stay). (2) *Acharya* and *upadhyaya* do not defy the word of *Bhagavan* if they pass their stool or urine or cleanse it themselves within the *upashraya*. (3) *Acharya* and *upadhyaya* are free of the responsibility of serving other ascetics; they may do or not do as they desire. (4) *Acharya* and *upadhyaya* do not defy the word of *Bhagavan* if they live alone in the *upashraya* for

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

one or two nights. (5) *Acharya* and *upadhyaya* do not defy the word of *Bhagavan* if they live alone out side the *upashraya* for one or two nights.

विवेचन—इन पाँच अतिशेषों के सम्बन्ध में विस्तृत वर्णन व्यवहारभाष्य उद्देशक ६ गाथा १२३-२२७ में प्राप्त है। हिन्दी टीका भाग २ पृष्ठ १६६, तथा ठाणं पृष्ठ ६३८ पर भी विस्तार के साथ वर्णन है।

Elaboration—Detailed description about these five privileges is available in *Vyavahar Bhashya* 6/123-227 and also in *Hindi Tika*, part-2. p 166 as well as *Thanam*, p. 638.

आचार्य-उपाध्याय-गणापक्रमण-पद ACHARYA UPADHYAYA GANAPAKRAMAN-PAD (SEGMENT OF ACHARYA AND UPADHYAYA LEAVING THE GROUP)

१६७. पंचहिं ठाणेहिं आयरिय-उवज्झायस्स गणावक्कमणे पण्णत्ते, तं जहा-

(१) आयरिय-उवज्झाए गणंसि आणं वा धारणं वा णो सम्मं पउंजित्ता भवति। (२) आयरिय-उवज्झाए गणंसि आधारायणियाए कितिकम्मं वेणइयं णो सम्मं पउंजित्ता भवति। (३) आयरिय-उवज्झाए गणंसि जे सुयपज्जवजाते धारेति, ते काले-काले णो सम्ममणुपवादेत्ता भवति। (४) आयरिय-उवज्झाए गणंसि सगणियाए वा परगणियाए वा णिग्गंथीए बहिल्लेसे भवति। (५) मित्ते णातिगणे वा से गणाओ अवक्कमेज्जा, तेसिं संगहोवग्गहट्ठायए गणावक्कमणे पण्णत्ते।

१६७. पाँच कारणों से आचार्य और उपाध्याय गणापक्रमण-गण से बाहर निर्गमन करते हैं।

(१) यदि आचार्य या उपाध्याय गण में आज्ञा या धारणा का सम्यक् प्रयोग न कर सके। (२) यदि आचार्य और उपाध्याय गण में यथारात्निक कृतिकर्म (बड़ों का वन्दन और विनयादिक) का सम्यक् प्रयोग न कर सके। (३) यदि आचार्य और उपाध्याय जिन श्रुत-पर्यायों को धारण करते हैं, समय-समय पर उनकी गण को सम्यक् वाचना न दे सके। (४) यदि आचार्य या उपाध्याय अपने गण की, या पर-गण की निर्ग्रन्थी में बहिर्लेश्य (आसक्त) हो जावें। (५) आचार्य या उपाध्याय के मित्र ज्ञातिजन (कुटुम्बी आदि) गण से चले जायें तो उन्हें पुनः गण में संग्रह करने या उपग्रह करने के लिए गण से अपक्रमण कर सकते हैं।

167. For five reasons *acharya* and *upadhyaya* leave their group (*ganapakraman*)—

(1) If an *acharya* or *upadhyaya* fails to properly assert his command (*ajna* and *dharana*). (2) If an *acharya* or *upadhyaya* fails to properly follow *yatharatnik kritikarma* (codes of protocol and conduct). (3) If an *acharya* or *upadhyaya* fails to properly recite and teach the *sutra paryavajat* (meaning and interpretations of *sutras*) he has mastered. (4) If an *acharya* or *upadhyaya* gets infatuated with a female ascetic of his own or other group. (5) If the friends and relatives of an *acharya* or *upadhyaya* leave his group, then for the purpose of bringing them back to the fold.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विवेचन–आचार्य और उपाध्याय गण के प्रधान होते हैं। संघ या गण का सम्यक् प्रकार से संचालन करना उनका कर्त्तव्य है। किन्तु जब वे यह अनुभव करते हैं कि गण में मेरी आज्ञा या धारणा की अवहेलना हो रही है, तो वे गण छोड़कर चले जाते हैं।

दूसरा कारण वन्दन और विनय का सम्यक् प्रयोग न कर सकना है। यद्यपि आचार्य और उपाध्याय का गण में सर्वोपरि स्थान है, तथापि प्रतिक्रमण और क्षमा-याचना के समय दीक्षा-पर्याय में ज्येष्ठ और श्रुत के विशिष्ट ज्ञाता साधुओं का विशेष सम्मान करना चाहिए। यदि वे अपने पद के अभिमान से वैसा नहीं करते हैं, तो गण में असन्तोष या विग्रह खड़ा हो जाता है, ऐसी दशा में वे गण छोड़कर चले जाते हैं।

तीसरा कारण गणस्थ साधुओं को, स्वयं जानते हुए भी यथासमय सूत्र या अर्थ या उभय की वाचना न देना है। इससे गण में क्षोभ उत्पन्न हो जाता है और आचार्य या उपाध्याय पर पक्षपात का दोषारोपण होने लगता है। ऐसी दशा में उन्हें गण से चले जाने का विधान किया गया है।

चौथा कारण संघ की निन्दा होने या प्रतिष्ठा गिरनें का है, अतः उनका स्वयं ही गण से बाहर चले जाना उचित माना गया है।

पाँचवाँ कारण मित्र या ज्ञातिजन के गण से चले जाने पर पुनः संयम में स्थिर करने या गण में वापिस लाने के लिए गण से बाहर जाने का विधान किया गया है।

सबका सारांश यही है कि जैसा करने से गण या संघ की प्रतिष्ठा, मर्यादा और प्रख्याति बनी रहे और अप्रतिष्ठा, अमर्यादा और अपकीर्ति का अवसर न आवे, वही कार्य करना आचार्य और उपाध्याय का कर्त्तव्य है। *(विस्तार से वर्णन देखें हिन्दी टीका भाग-२ पृष्ठ १७० तथा ७१, ठाणं पृष्ठ ६४१)*

Elaboration—*Acharya* and *upadhyaya* are heads of the *gana* (group). It is their duty to direct and manage the organization properly. But when they feel that their orders or instructions are not being followed they are supposed to leave the group and go away.

The second reason is inability to follow the codes of protocol. Although *acharya* or *upadhyaya* command the highest status in the group they should offer due respect to the seniors in initiation as well as accomplished scholars of scriptures, specially at the time of *pratikraman* (critical review) and *kshama yachana* (begging pardon). If they fail to do so due to the ego of their status there are chances of dissatisfaction and revolt in the group. Under such conditions they are supposed to leave the group.

The third reason is not to teach or give timely recitation (*vaachana*) of text and meaning of scriptures to all disciples in spite of knowing the same. This breeds dissatisfaction and they are blamed of favouritism. Under such conditions they are supposed to leave the group.

The fourth reason leads to criticism of the *sangh* or tarnishing its prestige. Therefore, it is better that the involved *acharya* or *upadhyaya* himself leaves the group.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

The fifth reason is included for the cause of avoiding the depletion of the group. If some friend or relative abandons the group the head is allowed to leave in order to bring them back into the fold.

The central theme is that the duty of an *acharya* or *upadhyaya* is to ensure that the prestige, discipline and fame of the group or *sangh* remains intact. It is his duty to perform acts that avoid the chances of tarnishing these three. *(for detailed discussion refer to Hindi Tika, part-2, pp. 170-71 and Thanam p. 641)*

ऋद्धिमत्-पद RIDDHIMAT-PAD (SEGMENT OF THE ENDOWED)

१६८. पंचविहा इड्ढिमंता मणुस्सा पण्णत्ता, तं जहा–अरहंता, चक्कवट्टी, बलदेवा, वासुदेवा, भावियप्पाणो अणगारा।

१६८. ऋद्धिमान् मनुष्य पाँच प्रकार के होते हैं–(१) अर्हन्त, (२) चक्रवर्ती, (३) बलदेव, (४) वासुदेव, (५) भावितात्मा अनगार।

168. *Riddhiman manushya* (endowed persons) are of five kinds—(1) *Arhant*, (2) *Chakravarti*, (3) *Baladeva*, (4) *Vasudeva* and (5) *bhaavitatma anagar* (pure-hearted ascetic).

विवेचन–वैभव, ऐश्वर्य और सम्पदा को ऋद्धि कहते हैं। अर्हन्तों की ऋद्धि पूर्वभवोपार्जित और वर्तमानभव में घातिकर्मक्षयोपार्जित होती है। मध्यवर्ती तीन महापुरुषों की ऋद्धि पूर्वभव के पुण्य से उपार्जित होती है। तप, संयम व शुभ भावनाओं से जिनकी आत्मा निर्मल हो चुकी है, वे भावितात्मा होते हैं। भावितात्मा अनगार की ऋद्धियाँ वर्तमान भव की तपस्या–विशेष से योग विभूतिजन्य होती हैं। जो कि बुद्धि, क्रिया, विक्रिया आदि के भेद से अनेक प्रकार की बतलाई गई हैं। २८ प्रकार की ऋद्धियों का वर्णन वृत्तिकार ने किया है। स्थान ६ सूत्र २१ पर छह प्रकार के ऋद्धिमान् बताये हैं। *(वृत्ति भाग–२ पृष्ठ ५६५–६६)*

Elaboration—*Riddhi* is grandeur, majesty and wealth. Those endowed with these are called *riddhiman*. *Arihants* are endowed with these due to *karmas* acquired in the past birth and shedding of vitiating *karmas* during this birth. The three middle persons are endowed due to the meritorious *karmas* from the past birth. *Bhaavitatmas* are those who have purified their soul through austerities, discipline and pious attitude. The pure-hearted ascetics are endowed due to their austerities and association with spiritual endeavour. These *riddhis* are of many kinds based on wisdom, action, transformation, etc. The commentator (*Vritti*) has mentioned twenty eight kinds of *riddhis*. *(Vritti, part-2, pp. 565-66)*

॥ पंचम स्थान का द्वितीय उद्देशक समाप्त ॥

● END OF THE SECOND LESSON ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पंचम स्थान : तृतीय उद्देशक
FIFTH STHAAN (Place Number Five) : THIRD LESSON

अस्तिकाय-पद **ASTIKAYA-PAD (SEGMENT OF AGGLOMERATIVE ENTITY)**

धर्मास्तिकाय **DHARMASTIKAYA**

१६९. पंच अत्थिकाया पण्णत्ता, तं जहा–धम्मत्थिकाए, अधम्मत्थिकाए, आगासत्थिकाए, जीवत्थिकाए, पोग्गलत्थिकाए।

१६९. अस्तिकाय पाँच हैं–(१) धर्मास्तिकाय, (२) अधर्मास्तिकाय, (३) आकाशास्तिकाय, (४) जीवास्तिकाय, (५) पुद्गलास्तिकाय।

169. There are five *astikayas* (agglomerative entities)—(1) *Dharmastikaya* (motion entity), (2) *Adharmastikaya* (inertia entity), (3) *Akashastikaya* (space entity), (4) *Jivastikaya* (soul entity) and (5) *Pudgalastikaya* (matter entity).

१७०. धम्मत्थिकाए अवण्णे अगंधे अरसे अफासे अरूवी अजीवे सासए अवट्ठिए लोगदव्वे। से समासओ पंचविधे पण्णत्ते, तं जहा–दव्वओ, खेत्तओ, कालओ, भावओ, गुणओ।

दव्वओ णं धम्मत्थिकाए एगं दव्वं। खेत्तओ लोगपमाणमेत्ते। कालओ ण कयाइ णासी, ण कयाइ ण भवति, ण कयाइ ण भविस्सइत्ति–भुविं च भवति य भविस्सति य, धुवे णिइए सासते अक्खए अव्वए अवट्ठिते णिच्चे। भावओ अवण्णे अगंधे अरसे अफासे। गुणओ गमणगुणे।

१७०. धर्मास्तिकाय वर्ण रहित, गन्ध रहित, रस रहित, स्पर्श रहित, अरूपी, अजीव, शाश्वत, अवस्थित और लोक का अंशभूत द्रव्य है। वह संक्षेप में है–(१) द्रव्य, (२) क्षेत्र, (३) काल, (४) भाव और (५) गुण की अपेक्षा पाँच प्रकार का है।

(१) द्रव्य की अपेक्षा–धर्मास्तिकाय एक द्रव्य है। **(२) क्षेत्र की अपेक्षा**–लोकप्रमाण है। **(३) काल की अपेक्षा**–कभी नहीं था, ऐसा नहीं है, कभी नहीं है, ऐसा नहीं है, कभी नहीं होगा, ऐसा नहीं है। वह भूतकाल में था, वर्तमान में है और भविष्य में रहेगा। अतः वह ध्रुव, नियत, शाश्वत, अक्षय, अव्यय, अवस्थित और नित्य है। **(४) भाव की अपेक्षा**–वर्ण, गंध, रस और स्पर्श रहित है। **(५) गुण की अपेक्षा**–गमनगुण वाला है अर्थात् धर्मास्तिकाय स्वयं गमन करते हुए जीवों और पुद्गलों के गमन करने में सहायक है।

170. *Dharmastikaya* is an entity (*dravya*) that is *varna rahit* (devoid of appearance or colour), *gandh rahit* (devoid of smell), *rasa rahit* (devoid of taste), *sparsh rahit* (devoid of touch), *arupi* (formless), *ajiva* (lifeless),

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

shashvat (eternal), *avasthit* (indestructible) and integral part of *lok* (occupied space or universe). Briefly speaking, it has five attributes in context of—(1) *dravya* (entity), (2) *kshetra* (space or area), (3) *kaal* (time), (4) *bhaava* (state) and (5) *guna* (properties).

In context of—(1) *Dravya* (entity)—*Dharmastikaya* is one entity. (2) *Kshetra* (space or area)—it pervades the whole *lok*. (3) *Kaal* (time)—it is not that it never existed, it is not that it does not exist, it is not that it will never exist. It existed in the past, it exists in the present and it will continue to exist in the future. Therefore it is *dhruva* (constant), *niyat* (fixed), *shashvat* (eternal), *akshaya* (imperishable), *avyaya* (non-expendable), *avasthit* (steady), and *nitya* (perpetual). (4) *Bhaava* (state)—it is devoid of colour, smell, taste and touch. (5) *Guna* (properties)—it has the property of motion. In other words it moves and passively helps beings and matter to move.

विवेचन–विशेष शब्दों का अर्थ–अस्तिकाय–(अनेक प्रदेशों का समूह एक द्रव्य) ध्रुव–तीनों काल में विद्यमान। नियत–सदा समान रहने वाला। शाश्वत–सदा रहने वाला। अक्षय–कभी क्षय नहीं होने वाला। अव्यय–कभी विनष्ट नहीं होने वाला। अवस्थित–उत्पाद–व्यय होने पर भी स्वरूप में स्थित है। नित्य–उक्त गुणों से सम्पन्न है।

Elaboration—The English terms in parenthesis are self explanatory.

अधर्मास्तिकाय ADHARMASTIKAYA

१७१. अधम्मत्थिकाए अवण्णे अगंधे अरसे अफासे अरूवी अजीवे सासए अवट्ठिए लोगदव्वे। से समासओ पंचविधे पण्णत्ते, तं जहा–दव्वओ, खेत्तओ, कालओ, भावओ, गुणओ।

दव्वओ णं अधम्मत्थिकाए एगं दव्वं। खेत्तओ लोगपमाणमेत्ते। कालओ ण कयाइ णासी, ण कयाइ ण भवति, ण कयाइ ण भविस्सइत्ति–भुविं च भवति या भविस्सति य, धुवे णिइए सासते अक्खए अव्वए अवट्ठिते णिच्चे। भावओ अवण्णे अगंधे अरसे अफासे। गुणओ ठाणगुणे।

१७१. अधर्मास्तिकाय वर्ण रहित, गन्ध रहित, रस रहित, स्पर्श रहित, अरूपी, अजीव, शाश्वत, अवस्थित और लोक का अंशभूत द्रव्य है। वह संक्षेप में (१) द्रव्य, (२) क्षेत्र, (३) काल, (४) भाव और (५) गुण की अपेक्षा पाँच प्रकार का है–

(१) द्रव्य की अपेक्षा–अधर्मास्तिकाय एक द्रव्य है। (२) क्षेत्र की अपेक्षा–लोकप्रमाण है। (३) काल की अपेक्षा–अधर्मास्तिकाय कभी नहीं था, ऐसा नहीं है; कभी नहीं है, ऐसा नहीं है, कभी नहीं होगा, ऐसा नहीं है। वह भूतकाल में था, वर्तमान में है और भविष्य में रहेगा। अतः वह ध्रुव, नियत, शाश्वत, अव्यय, अवस्थित और नित्य है। (४) भाव की अपेक्षा–अवर्ण, अगन्ध, अरस और अस्पर्श है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(५) गुण की अपेक्षा--अवस्थान गुणवाला है। अर्थात् अधर्मास्तिकाय स्वयं ठहरने वाले जीव और पुद्गलों के ठहरने में सहायक है।

171. *Adharmastikaya* is an entity (*dravya*) that is *varna rahit* (devoid of appearance or colour), *gandh rahit* (devoid of smell), *rasa rahit* (devoid of taste), *sparsh rahit* (devoid of touch), *arupi* (formless), *ajiva* (lifeless), *shashvat* (eternal), *avasthit* (indestructible) and integral part of *lok* (occupied space or universe). Briefly speaking, it has five attributes in context of—(1) *dravya* (entity), (2) *kshetra* (space or area), (3) *kaal* (time), (4) *bhaava* (state) and (5) *guna* (properties).

In context of—(1) *Dravya* (entity)—*Adharmastikaya* is one entity. (2) *Kshetra* (space or area)—it pervades the whole *lok*. (3) *Kaal* (time)—it is not that it never existed, it is not that it does not exist, it is not that it will never exist. It existed in the past, it exists in the present and it will continue to exist in the future. Therefore it is *dhruva* (constant), *niyat* (fixed), *shashvat* (eternal), *akshaya* (imperishable), *avyaya* (non-expendable), *avasthit* (steady), and *nitya* (perpetual). (4) *Bhaava* (state)—it is devoid of colour, smell, taste and touch. (5) *Guna* (properties)—it has the property of inertia. In other words it rests and passively helps beings and matter to come to rest.

आकाशास्तिकाय AAKASHASTIKAYA

१७२. आगासत्थिकाए अवण्णे अगंधे अरसे अफासे अरूवी अजीवे सासए अवट्ठिए लोगालोगदव्वे। से समासओ पंचविधे पण्णत्ते, तं जहा--दव्वओ, खेत्तओ, कालओ, भावओ, गुणओ।

दव्वओ णं आगासत्थिकाए एगं दव्वं। खेत्तओ लोगालोगपमाणमेत्ते। कालओ ण कयाइ णासी, ण कयाइ ण भवति, ण कयाइ ण भविस्सइत्ति--भुविं च भवति य भविस्सति य, धुवे णिइए सासते अक्खए अव्वए अवट्ठिते णिच्चे। भावओ अवण्णे अगंधे अरसे अफासे। गुणओ अवगाहणागुणे।

१७२. आकाशास्तिकाय वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श रहित, अरूपी, अजीव, शाश्वत, अवस्थित और लोकालोक रूप द्रव्य है। संक्षेप में वह--(१) द्रव्य, (२) क्षेत्र, (३) काल, (४) भाव और (५) गुण की अपेक्षा पाँच प्रकार का है--

(१) द्रव्य की अपेक्षा--आकाशास्तिकाय एक द्रव्य है। (२) क्षेत्र की अपेक्षा लोक-अलोक प्रमाण सर्वत्र विद्यमान है। (३) काल की अपेक्षा कभी नहीं था, ऐसा नहीं है, कभी नहीं है, ऐसा नहीं है, कभी नहीं होगा, ऐसा नहीं है। वह भूतकाल में था, वर्तमान में है और भविष्य में रहेगा। अतः वह ध्रुव, नियत, शाश्वत, अक्षय, अव्यय, अवस्थित और नित्य है। (४) भाव की अपेक्षा अवर्ण, अगन्ध, अरस और अस्पर्श है। (५) गुण की अपेक्षा--आकाशास्तिकाय अवगाहन (अवकाश देना) गुण वाला है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

172. *Aakashastikaya* is an entity (*dravya*) that is *varna rahit* (devoid of appearance or colour), *gandh rahit* (devoid of smell), *rasa rahit* (devoid of taste), *sparsh rahit* (devoid of touch), *arupi* (formless), *ajiva* (lifeless), *shashvat* (eternal), *avasthit* (indestructible) and integral part of *lok* and *alok* (occupied and unoccupied space or universe and space). Briefly speaking, it has five attributes in context of—(1) *dravya* (entity), (2) *kshetra* (space or area), (3) *kaal* (time), (4) *bhaava* (state) and (5) *guna* (properties).

In context of—(1) *Dravya* (entity)—*Aakashastikaya* is one entity. (2) *Kshetra* (space or area)—it pervades the whole *lok* and *alok*. (3) *Kaal* (time)—it is not that it never existed, it is not that it does not exist, it is not that it will never exist. It existed in the past, it exists in the present and it will continue to exist in the future. Therefore it is *dhruva* (constant), *niyat* (fixed), *shashvat* (eternal), *akshaya* (imperishable), *avyaya* (non-expendable), *avasthit* (steady), and *nitya* (perpetual). (4) *Bhaava* (state)—it is devoid of colour, smell, taste and touch. (5) *Guna* (properties)—it has the property of *avagahana* (occupation). In other words it provides space-occupation.

जीवास्तिकाय JIVASTIKAYA

१७३. जीवत्थिकाए णं अवण्णे अगंधे अरसे अफासे अरूवी जीवे सासए अवट्ठिए लोगदव्वे। से समासओ पंचविधे पण्णत्ते, तं जहा–दव्वओ, खेत्तओ, कालओ, भावओ, गुणओ।

दव्वओ णं जीवत्थिकाए अणंताइं दव्वाइं। खेत्तओ लोगपमाणमेत्ते। कालओ ण कयाइ णासी, ण कयाइ ण भवति, ण कयाइ ण भविस्सइत्ति–भुविं च भवति य भविस्सति य, धुवे णिइए सासते अक्खए अव्वए अवट्ठिते णिच्चे। भावओ अवण्णे अगंधे अरसे अफासे। गुणओ उवओगगुणे।

१७३. जीवास्तिकाय अवर्ण, अगन्ध, अरस, अस्पर्श, जीव, शाश्वत, अवस्थित और लोक का एक अंशभूत द्रव्य है। संक्षेप से वह–(१) द्रव्य, (२) क्षेत्र, (३) काल, (४) भाव और (५) गुण की अपेक्षा पाँच प्रकार का है–

(१) द्रव्य की अपेक्षा–जीवास्तिकाय अनन्त द्रव्य हैं। (२) क्षेत्र की अपेक्षा लोकप्रमाण है, अर्थात् लोकाकाश के असंख्यात प्रदेशों के बराबर प्रदेशों वाला है। (३) काल की अपेक्षा कभी नहीं था, ऐसा नहीं है, कभी नहीं है, ऐसा नहीं है, कभी नहीं होगा, ऐसा नहीं है। वह भूतकाल में था, वर्तमानकाल में है और भविष्यकाल में रहेगा। अतः वह ध्रुव, नियत, शाश्वत, अक्षत, अव्यय, अवस्थित और नित्य है। (४) भाव की अपेक्षा अवर्ण, अगन्ध, अरस और अस्पर्श है। (५) गुण की अपेक्षा–जीवास्तिकाय उपयोग गुणवाला है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

173. *Jivastikaya* is an entity (*dravya*) that is *varna rahit* (devoid of appearance or colour), *gandh rahit* (devoid of smell), *rasa rahit* (devoid of taste), *sparsh rahit* (devoid of touch), *arupi* (formless), *ajiva* (lifeless), *shashvat* (eternal), *avasthit* (indestructible) and integral part of *lok* (occupied space or universe). Briefly speaking, it has five attributes in context of—(1) *dravya* (entity), (2) *kshetra* (space or area), (3) *kaal* (time), (4) *bhaava* (state) and (5) *guna* (properties).

In context of—(1) *Dravya* (entity)—*Jivastikaya* is infinite entities. (2) *Kshetra* (space or area)—it pervades the whole *lok*. In other words, like lok it has innumerable space-points. (3) *Kaal* (time)—it is not that it never existed, it is not that it does not exist, it is not that it will never exist. It existed in the past, it exists in the present and it will continue to exist in the future. Therefore it is *dhruva* (constant), *niyat* (fixed), *shashvat* (eternal), *akshaya* (imperishable), *avyaya* (non-expendable), *avasthit* (steady), and *nitya* (perpetual). (4) *Bhaava* (state)—it is devoid of colour, smell, taste and touch. (5) *Guna* (properties)—it has the property of *upayog* (intent or sentience).

पुद्गलास्तिकाय PUDGALASTIKAYA

१७४. पोग्गलत्थिकाए पंचवण्णे पंचरसे दुगंधे अट्ठफासे रूवी अजीवे सासते अवट्ठिते लोगदव्वे। से समासओ पंचविधे पण्णत्ते, तं जहा–दव्वओ, खेत्तओ, कालओ, भावओ, गुणओ।

दव्वओ णं पोग्गलत्थिकाए अणंताइं दव्वाइं। खेत्तओ लोगपमाणमेत्ते। कालओ ण कयाइ णासी, ण कयाइ ण भवति, ण कयाइ ण भविस्सइत्ति–भुविं च भवति य भविस्सति य, धुवे णिइए सासते अक्खए अव्वए अवट्ठिते णिच्चे। भावओ वण्णमंते गंधमंते रसमंते फासमंते। गुणओ गहणगुणे।

१७४. पुद्गलास्तिकाय पंच वर्ण, पंच रस, दो गन्ध, आठ स्पर्श वाला, रूपी, अजीव, शाश्वत, अवस्थित और लोक का एक अंशभूत द्रव्य है। संक्षेप से वह–(१) द्रव्य, (२) क्षेत्र, (३) काल, (४) भाव और (५) गुण की अपेक्षा पाँच प्रकार का है–

(१) द्रव्य की अपेक्षा–अनन्त द्रव्य हैं। (२) क्षेत्र की अपेक्षा–लोकप्रमाण है, अर्थात् लोक में ही पुद्गल रहता है। (३) काल की अपेक्षा कभी नहीं था, ऐसा नहीं है, कभी नहीं है, ऐसा भी नहीं है, कभी नहीं होगा, ऐसा भी नहीं है। वह भूतकाल में था, वर्तमानकाल में है और भविष्यकाल में रहेगा। अतः वह ध्रुव, निचित, शाश्वत, अक्षत, अव्यय, अवस्थित और नित्य है। (४) भाव की अपेक्षा वर्णवान्, गन्धमान्, रसवान् और स्पर्शवान् है। (५) गुण की अपेक्षा–ग्रहण गुणवाला है, अर्थात् औदारिक आदि शरीर रूप से और इन्द्रियों के द्वारा भी वह ग्रहण किया जाता है। अथवा पूरण, गलन–मिलने–बिछुड़ने का स्वभाव वाला है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

174. *Pudgalastikaya* is an entity (*dravya*) that has five *varnas* (colours), five *rasas* (tastes), two *gandh* (two smells), eight *sparsh* (touches), *rupi* (with form), *ajiva* (lifeless), *shashvat* (eternal), *avasthit* (indestructible) and integral part of *lok* (occupied space or universe). Briefly speaking, it has five attributes in context of—(1) *dravya* (entity), (2) *kshetra* (space or area), (3) *kaal* (time), (4) *bhaava* (state) and (5) *guna* (properties).

In context of—(1) *Dravya* (entity)—*Pudgalastikaya* is infinite in number. (2) *Kshetra* (space or area)—it pervades the whole *lok*. In other words, it is confined to *lok*. (3) *Kaal* (time)—it is not that it never existed, it is not that it does not exist, it is not that it will never exist. It existed in the past, it exists in the present and it will continue to exist in the future. Therefore it is *dhruva* (constant), *niyat* (fixed), *shashvat* (eternal), *akshaya* (imperishable), *avyaya* (non-expendable), *avasthit* (steady), and *nitya* (perpetual). (4) *Bhaava* (state)—it is endowed with colour, smell, taste and touch. (5) *Guna* (properties)—it has the property of *grahan* (being acquirable), in other words it is acquired by bodies including gross physical body and sense organs. This also means it has the property of combining and separating or integrating and disintegrating.

गति-पद GATI-PAD (SEGMENT OF GENUSES)

१७५. पंच गतीओ पण्णत्ताओ, तं जहा–णिरयगती, तिरियगती, मणुयगती, देवगती, सिद्धिगती।

१७५. गतियाँ पाँच हैं–(१) नरकगति, (२) तिर्यंचगति, (३) मनुष्यगति, (४) देवगति, (५) सिद्धगति।

175. There are five *gatis* (genuses)—(1) *narak gati* (genus of infernal beings), (2) *tiryanch gati* (animal genus), (3) *manushya gati* (genus of human beings), (4) *deva gati* (divine genus) and (5) *Siddha gati* (*Siddha* genus or status).

विवेचन–गति का सामान्य अर्थ है, गमन करना। किन्तु यहाँ पर गति शब्द का विशेष अर्थ है। गति पाँच प्रकार की होती हैं–(१) **जन्मान्तर गति**–एक भव से दूसरे भव में जाना। (२) **देशान्तर गति**–एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना। (३) **भवोपपात गति**– जीव ने जिस भव के योग्य कर्मों का बंध किया है, कर्मों के उदय से अन्तिम क्षण तक उसी भव में रहना। यह नरक आदि चार गति हैं। (४) **कर्मच्छेदन गति**–कर्मों का सर्वथा उच्छेद करके जीव की जो ऊर्ध्वगति होती है, जैसे सिद्धात्मा की गति। (५) **विहाय**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गति–आकाश में चलने की क्रिया। प्रज्ञापना पद १६ में इसके १७ भेद हैं प्रस्तुत सूत्र में तीसरे, चौथे प्रकार की गति का सम्बन्ध है। *(हिन्दी टीका भाग-२ पृष्ठ १७८)*

Elaboration—The common meaning of gati is movement. But here this term has a special meaning. Gati is of five kinds—**(1) Janmantar gati**—to go from one birth to another or reincarnation. **(2) Deshantar gati**—to go from one place to another. **(3) Bhavopapat gati**—to remain in the specific genus, for which a being has acquired specific *karmas*, from the time of fruition of those *karmas* till the last moment of their duration. This includes the four *gatis* including the infernal one. **(4) Karmachchhedan gati**—the upward movement of a soul after it has shed all *karmas*. This means *Siddha gati*. **(5) Vihaya gati**—to move in the space. *Prajnapana Sutra* mentions seventeen kinds of this *gati* in verse 16. Here it relates to the third and fourth kind.

इन्द्रियार्थ-पद INDRIYARTH-PAD (SEGMENT OF SUBJECTS OF SENSE ORGANS)

१७६. पंच इंदियत्था पण्णत्ता, तं जहा–सोतिंदियत्थे, चक्खिंदियत्थे, घाणिंदियत्थे, जिब्भिंदियत्थे, फासिंदियत्थे।

१७६. इन्द्रियों के पाँच अर्थ (विषय) हैं-(१) श्रोत्रेन्द्रिय का विषय शब्द, (२) चक्षुरिन्द्रिय का रूप, (३) घ्राणेन्द्रिय का गन्ध, (४) रसनेन्द्रिय का रस, (५) स्पर्शनेन्द्रिय का स्पर्श।

176. *Indriyas* (sense organs) have five *arth* (subjects)—(1) the subject of *shrotrendriya* (ear) is sound, (2) the subject of *chakshu-indriya* (eyes) is appearance, (3) the subject of *ghranendriya* (nose) is smell, (4) the subject of *rasanendriya* (taste-buds) is taste, and (5) the subject of *sparshanendriya* (touch) is touch.

मुंड-पद MUND-PAD (SEGMENT OF VICTORS)

१७७. पंच मुंडा पण्णत्ता, तं जहा–सोतिंदियमुंडे, चक्खिंदियमुंडे, घाणिंदियमुंडे, जिब्भिंदियमुंडे, फासिंदियमुंडे।

अहवा–पंच मुंडा पण्णत्ता, तं जहा–कोहमुंडे, माणमुंडे, मायामुंडे, लोभमुंडे, सिरमुंडे।

१७७. मुण्ड–(इन्द्रियविषय-विजेता या इन्द्रिय निग्रह करने वाले) अथवा इन्द्रियों के शुभ-अशुभ विषय में समवृत्ति रखने वाले। पाँच प्रकार के हैं-(१) श्रोत्रेन्द्रियमुण्ड, (२) चक्षुरिन्द्रियमुण्ड, (३) घ्राणेन्द्रियमुण्ड, (४) रसनेन्द्रियमुण्ड, (५) स्पर्शनेन्द्रियमुण्ड।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अथवा मुण्ड पाँच प्रकार के होते हैं–(१) क्रोधमुण्ड–क्रोध कषाय के विजेता। (२) मानमुण्ड–मान कषाय के विजेता। (३) मायामुण्ड–माया कषाय के विजेता। (४) लोभमुण्ड–लोभ कषाय के विजेता। (५) शिरोमुण्ड–सिर का मुण्डन करने वाला।

177. *Mund* (victors over indulgence of sense organs or who have control over sense organs or who are equanimous towards good and bad sensations) are of five kinds—(1) *shrotrendriyamund*, (2) *chakshurindriyamund*, (3) *ghranendriyamund*, (4) *rasanendriyamund*, and (5) *sparshanendriyamund*.

Also mund are of five kinds—**(1) krodh-mund**—victors over anger, **(2) maan-mund**—victors over conceit, **(3) maya-mund**—victors over deceit, **(4) lobh-mund**—victors over greed and **(5) shiro-mund**—who has tonsured his head.

बादर-पद BADAR-PAD (SEGMENT OF GROSS)

१७८. अहेलोगे णं पंच बायरा पण्णत्ता, तं जहा–पुढविकाइया, आउकाइया, वाउकाइया, वणस्सइकाइया, ओराला तसा पाणा। १७९. उड्ढलोगे णं पंच बायरा पण्णत्ता, तं जहा– [पुढविकाइया, आउकाइया, वाउकाइया, वणस्सइकाइया, ओराला तसा पाणा]। १८०. तिरियलोगे णं पंच बायरा पण्णत्ता, तं जहा–एगिंदिया, [बेइंदिया, तेइंदिया, चउरिंदिया] पंचिंदिया।

१७८. अधोलोक में पाँच प्रकार के बादर (स्थूल) जीव होते हैं–(१) पृथिवीकायिक, (२) अप्कायिक, (३) वायुकायिक, (४) वनस्पतिकायिक, (५) उदार त्रस (द्वीन्द्रियादि) प्राणी। १७९. ऊर्ध्वलोक में पाँच प्रकार के बादर जीव होते हैं–[(१) पृथिवीकायिक, (२) अप्कायिक, (३) वायुकायिक, (४) वनस्पतिकायिक, (५) उदार त्रस प्राणी]। १८०. तिर्यक्लोक में पाँच प्रकार के बादर जीव होते हैं–(१) एकेन्द्रिय, [(२) द्वीन्द्रिय, (३) त्रीन्द्रिय, (४) चतुरिन्द्रिय], (५) पंचेन्द्रिय।

178. In *adholok* (lower world) there are five kinds of *badar jivas* (gross living beings)—(1) *Prithvikayiks* (earth-bodied beings), (2) *Apkayiks* (water-bodied beings), (3) *Vayukayiks* (air-bodied beings), (4) *Vanaspatikayiks* (plant-bodied beings) and (5) *Udaar tras pranis* (*dvindriya* etc. or two-sensed beings etc.). **179.** In *urdhvalok* (upper world) there are five kinds of *badar jivas* (gross living beings)—(1) *Prithvikayiks* (earth-bodied beings), (2) *Apkayiks* (water-bodied beings), (3) *Vayukayiks* (air-bodied beings), (4) *Vanaspatikayiks* (plant-bodied beings) and (5) *Udaar tras pranis* (*dvindriya* etc. or two-sensed beings etc.). **180.** In *Tiryaklok* (transverse or middle world) there are five kinds of *badar jivas* (gross living beings)—(1) *Ekendriya* (one-sensed beings), (2) *Dvindriya* (Two-sensed beings), (3) *Trindriya* (three-sensed

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

beings), (4) *Chaturindriya* (four-sensed beings) and (5) *Panchendriya-tiryagyonik* (five-sensed animal beings).

विवेचन–आगमों में तेजस्काय और वायुकाय को भी त्रस कहा है। सूक्ष्म स्थावर जीव तो सम्पूर्ण लोक में व्याप्त है, अतः उनसे भिन्नता बताने के लिए यहाँ 'बादर जीव' शब्द प्रयुक्त हुआ है। बादर तेजस्काय केवल मनुष्य लोक में ही होती है। अतः ऊर्ध्वलोक, अधोलोक में उसका निषेध सूचित करने के लिए यहाँ 'उदार' विशेषण दिया है। जिसका अर्थ है द्वीन्द्रियादि त्रस प्राणी। *(वृत्ति भाग-२ पृष्ठ ५७४। हिन्दी टीका भाग-२ पृष्ठ १७३)*

Elaboration—In *Agams* fire-bodied and air-bodied beings are also classified as mobile. Minute immobile beings pervade the whole *lok*, therefore, in order to differentiate from them the term *badar jiva* or gross beings has been used. Gross fire-bodied beings exist only in the area of humans. Thus in order to negate their existence in upper and lower worlds the adjective *udaar* has been used. It means two sensed and other mobile beings. *(Vritti, part-2, p. 574 and Hindi Tika, part-2, p. 173)*

१८१. पंचविहा बायरतेउकाइया पण्णत्ता, तं जहा–इंगाले, जाले, मुम्मुरे, अच्ची, अलाते।

१८१. बादर-तेजस्कायिक जीव पाँच प्रकार के होते हैं–(१) अंगार–धधकता हुआ अग्निपिण्ड या कोयला, (२) ज्वाला–जलती हुई अग्नि की मूल से छिन्न शिखा। (३) मुर्मुर–भस्म (राख) मिश्रित अग्निकण चिनगारी। (४) अर्चि–जलते काष्ठ आदि से अविच्छिन्न ज्वाला, लपट। (५) अलात–जलती हुई लकड़ी।

181. *Badar tejaskayik jivas* (gross fire-bodied beings) are of five kinds—**(1) angaar**—glowing coal or fire ball, **(2) jvala**—tip of flame (away from the source), **(3) murmur**—sparks of fire in ash, **(4) archi**—flame (near the source) and **(5) alaat**—burning wood.

१८२. पंचविधा बादरवाउकाइया पण्णत्ता, तं जहा–पाईणवाते, पडीणवाते, दाहिणवाते, उदीणवाते, विदिसवाते।

१८२. बादर-वायुकायिक जीव पाँच प्रकार के होते हैं–(१) प्राचीनवात–पूर्वदिशा का पवन। (२) प्रतीचीन वात–पश्चिम दिशा का पवन। (३) दक्षिणवात–दक्षिण दिशा का पवन। (४) उत्तरवात–उत्तरदिशा का पवन। (५) विदिग्वात–विदिशाओं ईशान आदि दिक् कोणों से चलने वाला वायु।

182. *Badar vayukayik jivas* (gross air-bodied beings) are of five kinds—**(1) prachinavaat**—wind flowing from the east, **(2) pratichinavaat**—wind flowing from the west, **(3) dakshinavaat**—wind flowing from the south, **(4) uttaravaat**—wind flowing from the north and **(5) vidigvaat**—wind flowing from the intermediate directions like *Ishaan* (north-east).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अचित्त-वायुकाय-पद ACHITTA-VAYUKAYA-PAD (SEGMENT OF LIFELESS AIR-BODIED BEINGS)

१८३. पंचविधा अचित्ता वाउकाइया पण्णत्ता, तं जहा–अक्कंते, धंते, पीलिए, सरीराणुगते, संमुच्छिमे।

१८३. अचित्त वायुकाय पाँच प्रकार का होता है–(१) **आक्रान्तवात**–भूमि पर जोर-जोर से पैर पटकने से उत्पन्न वायु। (२) **ध्मातवात**–धौंकनी मशक आदि से उत्पन्न वायु। (३) **पीड़ितवात**–गीले वस्त्रादि से निचोड़ने से उत्पन्न वायु। (४) **शरीरानुगतवात**–शरीर से उच्छ्वास, अपान और उद्गारादि से निकलने वाली वायु। (५) **सम्मूर्च्छिमवात**–पंखे आदि से उत्पन्न वायु।

183. *Achitta vayukayik jivas* (gross air-bodied beings) are of five kinds—**(1) akrant-vaat**—wind produced by thumping legs on the ground, **(2) dhmaat-vaat**—wind produced by bellows and other such instrument, **(3) pidit-vaat**—wind produced by squeezing wet things like cloth, **(4) shariranugat-vaat**—wind produced by body (breath, belch, break wind etc.) and **(5) sammurchhim-vaat**—wind produced by fan etc.

विवेचन–सूत्रोक्त पाँचों प्रकार की वायु उत्पत्तिकाल में अचेतन होती है, किन्तु अचित्त वायु से सचित्त वायु की विराधना हो सकती है। एते च पूर्वमचेतनास्ततः सचेतना अपि भवन्तीति। *(वृत्ति पत्र ३१९ ए)*

Elaboration—Aforesaid five kinds of air is lifeless when produced but it may harm the normal organism-infested air. *(Vritti, leaf 319)*

निर्ग्रन्थ-पद NIRGRANTH-PAD (SEGMENT OF ASCETICS)

१८४. पंच णियंठा पण्णत्ता, तं जहा–पुलाए, बउसे, कुसीले, णियंठे, सिणाते।

१८४. निर्ग्रन्थ पाँच प्रकार के हैं–(१) **पुलाक**–निःसार धान्य कणों के समान जिसका चारित्र निःसार है (मूल गुणों में भी दोष लगाने वाले निर्ग्रन्थ)। (२) **बकुश**–जिसके चारित्र में स्थान-स्थान पर दाग लगे हों, (उत्तर गुणों में दोष लगाने वाले निर्ग्रन्थ)। (३) **कुशील**–विषय या कषाय सेवन से जिसका चारित्र कुछ-कुछ मलिन हो गया हो। (४) **निर्ग्रन्थ**–मोहनीय कर्म का उपशम या क्षय करने वाले ग्यारहवें-बारहवें गुणस्थानवर्ती साधु। (५) **स्नातक**–चार घातिकर्मों का क्षय करके तेरहवें-चौदहवें गुणस्थानवर्ती जिन।

184. *Nirgranth* (ascetics) are of five kinds—**(1) Pulaak**—whose conduct is worthless like decayed grain (ascetics not properly observing even the basic codes of conduct). **(2) Bakush**—whose conduct has many faults (ascetics not properly observing the auxiliary codes of conduct). **(3) Kushila**—whose conduct has been tarnished by slight indulgence in comforts and passions. **(4) Nirgranth**—the ascetics at the eleventh and twelfth *Gunasthaan* who have destroyed or pacified *Mohaniya karma.*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(5) **Snatak**—the *Jina* at the thirteenth and fourteenth *Gunasthaan* who has destroyed the four vitiating *karmas*.

१८५. पुलाए पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा—णाणपुलाए, दंसणपुलाए, चरित्तपुलाए, लिंगपुलाए, अहासुहुमपुलाए णामं पंचमे।

१८५. पुलाक निर्ग्रन्थ पाँच प्रकार के होते हैं-(१) **ज्ञानपुलाक**—स्खलित, मिलित आदि ज्ञान के अतिचारों का सेवन करने वाला। (२) **दर्शनपुलाक**—शंका, कांक्षा आदि सम्यक्त्व के अतिचारों का सेवन करने वाला। (३) **चारित्रपुलाक**—मूल गुणों और उत्तर-गुणों में दोष लगाने वाला। (४) **लिंगपुलाक**—शास्त्रोक्त उपकरणों से अधिक उपकरण रखने वाला अथवा जैनलिंग से भिन्न लिंग या वेष को बिना कारण धारण करने वाला। (५) **यथासूक्ष्मपुलाक**—प्रमादवश अकल्पनीय वस्तु को ग्रहण करने का मन में विचार करने वाला।

185. *Pulaak nirgranth* are of five kinds—**(1) Jnana pulaak**—who indulges in transgression related to knowledge, such as *skhalit* (lowly) and *milit* (mixed). **(2) Darshan pulaak**—who indulges in transgression related to *samyaktva* (righteousness), such as indulging in *shanka* (doubt) and *kanksha* (desire). **(3) Chaaritra pulaak**—who commits faults in observation of basic and auxiliary codes of conduct. **(4) Linga pulaak**—who keeps more ascetic-equipment than prescribed in scriptures or who uses garb other than that prescribed for a Jain ascetic. **(5) Yathasukshma pulaak**—who, out of stupor, thinks of acquiring prohibited things.

१८६. बउसे पंचविधे पण्णत्ते, तं जहा—आभोगबउसे, अणाभोगबउसे, संवुडबउसे, असंवुडबउसे, अहासुहुमबउसे णामं पंचमे।

१८६. बकुश निर्ग्रन्थ पाँच प्रकार के होते हैं-(१) **आभोगबकुश**—जान-बूझ कर शरीर की विभूषा करने वाला। (२) **अनाभोगबकुश**—अनजान में शरीर की विभूषा करने वाला। (३) **संवृतबकुश**—लुक-छिप कर शरीर आदि की विभूषा करने वाला। (४) **असंवृतबकुश**—प्रकट रूप से शरीर की विभूषा करने वाला। (५) **यथासूक्ष्मबकुश**—प्रकट या अप्रकट रूप से शरीर आदि की सूक्ष्म विभूषा करने वाला।

186. *Bakush nirgranth* are of five kinds—**(1) Abhoga bakush**—who takes special care of the body intentionally. **(2) Anabhog bakush**—who takes special care of the body unintentionally. **(3) Samvrit bakush**—who takes special care of the body furtively. **(4) Asamvrit bakush**—who takes special care of the body openly. **(5) Yathasukshma bakush**—who takes special care of the body openly or furtively.

१८७. कुसीले पंचविधे पण्णत्ते, तं जहा—णाणकुसीले, दंसणकुसीले, चरित्तकुसीले, लिंगकुसीले, अहासुहुमकुसीले णामं पंचमे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१८७. कुशील निर्ग्रन्थ पाँच प्रकार के होते हैं–(१) **ज्ञानकुशील**–काल, विनय, उपधान आदि ज्ञानाचार को नहीं पालने वाला। तथा क्रोधादि वश ज्ञान पढ़ने व विद्याओं का प्रयोग करने वाला। (२) **दर्शनकुशील**–निष्कांक्षित आदि दर्शनाचार को नहीं पालने वाला। (३) **चारित्रकुशील**–कौतुक, भूतिकर्म, निमित्त, मंत्र आदि का प्रयोग करने वाला। (४) **लिंगकुशील**–साधुवेष से आजीविका करने वाला। (५) **यथासूक्ष्मकुशील**–दूसरे के द्वारा अपने को तपस्वी, ज्ञानी कहे जाने पर हर्षित होने वाला।

187. *Kushila nirgranth* are of five kinds—**(1) Jnana kushila**—who does not follow the code of conduct related to knowledge, such as *kaal* (time), *vinaya* (modesty) and *upadhan* (studies). Also one who studies and uses special powers out of anger. **(2) Darshan kushila**—who does not follow the code of conduct related to perception/faith, such as *nishkankshit* (undesired). **(3) Chaaritra kushila**—who indulges in prohibited invocations and rituals like *kautuk* (clown), *bhutikarma* (festive rites), *nimitta* (augury), *mantra* etc. **(4) Linga kushila**—who earns living by dressing as an ascetic. **(5) Yathasukshma kushila**—who is pleased when others call him a great hermit or scholar.

१८८. णियंठे पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा–पढमसमयणियंठे, अपढमसमयणियंठे, चरिमसमयणियंठे, अचरिमसमयणियंठे, अहासुहुमणियंठे णामं पंचमे।

१८८. निर्ग्रन्थ, निर्ग्रन्थ पाँच प्रकार के होते हैं–(१) **प्रथमसमनिर्ग्रन्थ**–निर्ग्रन्थ दशा को प्राप्त प्रथमसमयवर्ती निर्ग्रन्थ। (२) **अप्रथमसमयनिर्ग्रन्थ**–निर्ग्रन्थ दशा को प्राप्त द्वितीयादिसमयवर्ती निर्ग्रन्थ। (३) **चरमसमयवर्तीनिर्ग्रन्थ**–निर्ग्रन्थ दशा के अन्तिम समय में वर्तमान निर्ग्रन्थ। (४) **अचरमसमयवर्तीनिर्ग्रन्थ**–अन्तिम समय के अतिरिक्त शेष समय में वर्तमान निर्ग्रन्थ। (५) **यथासूक्ष्मनिर्ग्रन्थ**–प्रथम या चरम–समय आदि की विवक्षा न करके सभी समयों में वर्तमान निर्ग्रन्थ।

188. *Nirgranth nirgranth* are of five kinds—**(1) Pratham samaya Nirgranth**—*nirgranth* at the first moment of attaining the level of *Nirgranth*. **(2) Apratham samaya Nirgranth**—*nirgranth* at the second and later moments of attaining the level of *Nirgranth*. **(3) Charam samaya Nirgranth**—*nirgranth* at the last moment of being at the level of *Nirgranth*. **(4) Acharama samaya Nirgranth**—*nirgranth* at the last but one and earlier moments of being at the level of *Nirgranth*. **(5) Yathasukshma Nirgranth**—*nirgranth* at the level of *Nirgranth* unclassified by moments in that state.

१८९. सिणाते पंचविधे पण्णत्ते, तं जहा–अच्छवी, असबले, अकम्मंसे, संसुद्धणाणदंसणधरे अरहा जिणे केवली, अपरिस्साई।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१८९. स्नातक निर्ग्रन्थ पाँच प्रकार के होते हैं–(१) **अच्छवि स्नातक**–छवि अर्थात् काय योग का निरोध करने वाला। (२) **अशबल स्नातक**–निर्दोष चारित्र का पालन करने वाला। (३) **अकर्मांश स्नातक**–घाति कर्मों का सर्वथा विनाश करने वाला। (४) **संशुद्धज्ञान–दर्शनधर स्नातक**–विमल केवलज्ञान–केवलदर्शन के धारक अर्हन्त केवली जिन। (५) **अपरिश्रावी स्नातक**–सम्पूर्ण काययोग का निरोध करने वाले अयोगी जिन।

189. *Snatak nirgranth* are of five kinds—**(1) Achchhavi snatak**—those who deny association with body. **(2) Ashbal snatak**—those who follow flawless ascetic conduct. **(3) Akarmansh snatak**—those who have completely destroyed the vitiating *karmas*. **(4) Samshiddha jnana-darshn-dhar snatak**—the omniscient *Jinas* who have acquired pure *Keval jnana* and *Keval darshan*. **(5) Aparishravi snatak**—the *ayogi Jinas* who have completely terminated association with the body.

विवेचन–प्रस्तुत सूत्रों में पुलाक आदि निर्ग्रन्थों के सामान्य रूप से पाँच–पाँच भेद बताये हैं, किन्तु भगवतीसूत्र में, तथा प्रस्तुत स्थानांगसूत्र की संस्कृत टीका में निर्ग्रन्थों के दो–दो भेद और बताये हैं। जिनका स्पष्टीकरण इस प्रकार है–

(१) पुलाक के दो भेद (I) लब्धिपुलाक और (II) प्रतिसेवनापुलाक। तपस्या–विशेष से प्राप्त लब्धि का संघ की सुरक्षा के लिए प्रयोग करने वाले साधु को **लब्धिपुलाक** और ज्ञानदर्शनादि की विराधना करने वाले को **प्रतिसेवनापुलाक** कहते हैं।

(२) बकुश के दो भेद है–(I) शरीर–बकुश और (II) उपकरण–बकुश। विभूषा की भावना वश अपने शरीर के हाथ, पैर, मुख आदि को पानी से धो–धोकर स्वच्छ रखने वाले, केशों का संस्कार करने वाले साधु **शरीर–बकुश** और पात्र, वस्त्र, रजोहरण आदि को बार–बार धोने वाले, उन्हें सुन्दर बनाने वाले की भावना से पात्रों पर तेल, लेप आदि करने वाले **उपकरण–बकुश** होते हैं।

(३) कुशील निर्ग्रन्थ के दो भेद–(I) प्रतिसेवनाकुशील और (II) कषायकुशील। उत्तर गुणों में अर्थात्–पिण्डविशुद्धि, पाँच समिति, भावना, तप, प्रतिमा और अभिग्रह आदि में दोष लगाने वाले साधु **प्रतिसेवनाकुशील**, तथा संज्वलन–कषाय के उदय–वश क्रोधादि कषायों से अभिभूत होने वाले साधु को **कषायकुशील** कहते हैं।

(४) निर्ग्रन्थ–निर्ग्रन्थ के दो भेद–(I) उपशान्तमोहनिर्ग्रन्थ और (II) क्षीणमोहनिर्ग्रन्थ। जो उपशमश्रेणी पर आरूढ़ होकर सम्पूर्णमोहकर्म का उपशम कर ग्यारहवें गुणस्थानवर्ती वीतराग हैं, उन्हें उपशान्तमोह निर्ग्रन्थ, तथा जो क्षपकश्रेणी करके मोहकर्म का सर्वथा क्षय करके बारहवें गुणस्थानवर्ती वीतराग हैं और अन्तर्मुहूर्त के भीतर ही शेष तीन घातिकर्मों का क्षय करने वाले हैं, उन्हें क्षीणमोह निर्ग्रन्थ कहते हैं।

(५) स्नातक–निर्ग्रन्थ के दो भेद–(I) सयोगीस्नातक जिन और (II) अयोगीस्नातक जिन। (१) सयोगी जिन का काल आठ वर्ष और अन्तर्मुहूर्त कम एक पूर्वकोटि वर्ष है। इतने काल तक वे भव्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीवों को धर्म-देशना करते हुए विचरते रहते हैं। (२) जब उनका आयुष्क केवल अन्तर्मुहूर्त प्रमाण शेष रह जाता है, तब वे मनोयोग, वचनयोग और काययोग का निरोध करके अयोगी स्नातक जिन बनते हैं। अयोगी स्नातक का समय अ, इ, उ, ऋ, लृ, इन पंच ह्रस्वाक्षरों के उच्चारण-काल-प्रमाण है। इतने ही समय के भीतर वे चारों अघातिकर्मों का क्षय करके अजर-अमर सिद्ध हो जाते हैं। *(वृत्ति भाग-२ पृष्ठ ५७६। हिन्दी टीका भाग-२ पृष्ठ १८७)*

Elaboration—In the aforesaid aphorisms five general types of *pulak* and other ascetics have been mentioned. However, in *Bhagavati Sutra* and the *Sanskrit Tika* of *Sthananga Sutra* two more classes have been mentioned. Their details are as follows—

(1) Two kinds of pulaak—a. Labdhi pulaak—an ascetic who employs the special powers, acquired through austerities, for the protection of the *sangh*. **b. Pratisevana pulaak**—an ascetic who misuses his knowledge, perception and other qualities.

(2) Two kinds of bakush—a. Sharira bakush—an ascetic who, for beautifying his body, washes his hands, feet, face, hair and other parts time and again. **b. Upakaran bakush**—an ascetic who, for beautifying his bowls, garb, ascetic-broom and other equipment washes them and applies oil, colour and other such things time and again.

(3) Two kinds of kushila—a. Pratisevana kushila—an ascetic who commits faults in observing auxiliary codes (*pinda-vishuddhi*, five *samitis, bhaavana, tap, pratima* and *abhigraha*). **b. Kashaya kushila**—an ascetic who gets overwhelmed with passions including anger due to precipitation of *sanjvalan kashaya* (extremely mild passion).

(4) Two kinds of nirgranth—a. Upashant moha nirgranth—a detached ascetic who through *upasham-shreni* (the rising path of pacification of *karmas*) reaches the eleventh *Gunasthaan* after pacifying all *moha-karma*. **b. Ksheen moha nirgranth**—a detached ascetic who through *kshapak-shreni* (the rising path of destruction of *karmas*) reaches the twelfth *Gunasthaan* after destroying all *moha-karma* and who is going to destroy the remaining three vitiating *karmas* within one *antar-muhurt*.

(5) Two kinds of snatak—a. *Sayogi snatak Jina* and **b.** *Ayogi snatak Jina*—the life span of a *sayogi Jina* is eight years to one *antar-muhurt* less one *Purvakoti* years. During this period he moves around preaching religion to the worthy. When only one *antar-muhurt* is left of his life-span he terminates the three associations (mind, speech and body) and

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

becomes *ayogi snatak Jina*. The life span of *ayogi Jina* is equal to the time taken in uttering five short vowels (*a, i, u, ri,* and *lri*). Within this brief time he destroys all the four vitiating *karmas* and becomes immortal *Siddha*. *(Vritti, part-2, p. 576 and Hindi Tika, part-2, p. 187)*

उपधि-पद UPADHI-PAD (SEGMENT OF MEANS OF SUSTENANCE)

१९०. कप्पति णिग्गंथाण वा णिग्गंथीण वा पंच वत्थाइं धारित्तए वा परिहरेत्तए वा, तं जहा–जंगिए, भंगिए, साणए, पोत्तिए, तिरीडपट्टए णामं पंचमए।

१९०. निर्ग्रन्थों और निर्ग्रन्थियों को पाँच प्रकार के वस्त्र रखने और पहनने कल्पते हैं– (१) **जांगमिक**–जीवों के रोम आदि से बनने वाले कम्बल आदि। (२) **भांगिक**–अलसी की छाल से बनने वाले वस्त्र। (३) **सानिक**–सन से बनने वाले वस्त्र। (४) **पोतक**–कपास बोंडी (रुई) से बनने वाले वस्त्र। (५) **तिरीटपट्ट**–लोध आदि की छाल से बनने वाले वस्त्र। *(आचारांग भाग–२, में विस्तृत वर्णन देखें, वहां पृष्ठ ६४३)।*

190. *Nirgranths* and *nirgranthis* are allowed to keep and use five kinds of cloth—**(1) Jangamik**—made of animal fibre like a woolen blanket, **(2) bhangik**—made of bark of *Alsi* (linseed) tree, **(3) sanik**—made of hessian, **(4) potak**—made of cotton and **(5) tiritapatt**—made of bark of *Lodhra* (Symplocos racemosa) tree. *(for more details see Illustrated Acharanga Sutra, part-2; Thanam, p. 643)*

१९१. कप्पति णिग्गंथाण वा णिग्गंथीण वा पंच रयहरणाइं धारित्तए वा परिहरेत्तए वा, तं जहा–उण्णिए, उट्टिए, साणए, पच्चापिच्चिए, मुंजापिच्चिए णामं पंचमए।

१९१. निर्ग्रन्थों और निर्ग्रन्थियों को पाँच प्रकार के रजोहरण रखने और धारण करने कल्पते हैं, जैसे–

(१) **और्णिक**–भेड़ की ऊन से बने रजोहरण। (२) **औष्ट्रिक**–ऊँट के बालों से बने रजोहरण। (३) **सानिक**–सन से बने रजोहरण। (४) **पच्चापिच्चिए**–वल्वज नाम की मोटी घास को कूटकर बनाया रजोहरण। (५) **मुंजापिच्चिए**–मूँज को कूट कर बनाया हुआ रजोहरण।

191. *Nirgranths* and *nirgranthis* are allowed to keep and use five kinds of *rajo-haran* (ascetic-broom)—**(1) Aurnik**—made of sheep-wool, **(2) aushtrik**—made of camel-wool, **(3) sanik**—made of hessian, **(4) valvajiya**—made of *valvaj* grass and **(5) munjiya**—made of *moonj* grass.

विवेचन–वृत्तिकार ने रजोहरण की यथार्थ व्याख्या इस प्रकार की है–

हरइ रयं जीवाणं बज्झं अब्भंतर च जं तेणं।
रयहरणं ति वुच्चइ कारण–कज्जोवयाराओ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

–जो बाह्य रूप में रज को दूर करता है, तथा भाव रूप में कर्म रज को दूर करता है। इस कारण उसे रजोहरण कहा जाता है। *(बृहत्कल्पभाष्य गाथा ३६७५ की वृत्ति में रजोहरण सम्बन्धी विस्तृत वर्णन है)*

Elaboration—The commentator (*Vritti*) has given the true definition of *rajo-haran* (dust remover) as—as it removes the outer or physical dirt and also the inner dirt in the form of dust of *karmas* it is called dust remover or *rajo-haran* (ascetic broom). *(for more details on ascetic broom refer to Vritti of Brihatkalp Bhashya verse 3675)*

निश्रास्थान-पद NISHRA-STHAAN-PAD (SEGMENT OF SUPPORT)

१९२. धम्मण्णं चरमाणस्स पंच णिस्साट्ठाणा पण्णत्ता, तं जहा–छक्काया, गणे, राया, गाहावती, सरीरं।

१९२. धर्म का आचरण करने वाले साधु के लिए पाँच निश्रा (आलम्बन) स्थान हैं–(१) षट्काय, (२) गण (श्रमण-संघ), (३) राजा, (४) गृहपति, (५) शरीर।

192. For an ascetic following code of conduct there are five *nishra sthaan* (supports)—(1) *shatkaya* (six bodies), (2) *gana* (ascetic organization), (3) *raja* (king), (4) *grihapati* (householder) and (5) *sharira* (body).

विवेचन–आलम्बन या आश्रय देने वाले उपकारक को निश्रास्थान कहते हैं। षट्काय को भी निश्रास्थान कहने में उनकी उपयोगिता इस प्रकार बताई है–(१) **पृथिवी की निश्रा**–भूमि पर ठहरना, बैठना, सोना, मल-मूत्र-विसर्जन आदि। (२) **जल की निश्रा**–वस्त्र-प्रक्षालन, तृषा-निवारण, शरीर-शौच आदि। (३) **अग्नि की निश्रा**–भोजन-पाचन, पानक आदि। (४) **वायु की निश्रा**–अचित्त वायु का ग्रहण, श्वासोच्छ्वास आदि। (५) **वनस्पति की निश्रा**–संस्तारक, पाट, फलक, वस्त्र, औषधि, वृक्ष की छाया आदि। (६) **त्रस की निश्रा**–गोबर, गोमूत्र, दूध, दही आदि।

दूसरा निश्रास्थान गण है। गुरु के परिवार को गण कहते हैं। गण में रहने वाले के **सारणा**–सत्कार्य में प्रवर्तन और **वारणा**–असत्कार्य-निवारण के द्वारा कर्म-निर्जरा होती है, संयम की रक्षा होती है और धर्म की वृद्धि होती है।

राजा को निश्रास्थान इसलिए कहा है क्योंकि वह दुष्टों का निग्रह और साधुओं का अनुग्रह करके धर्म के पालन में आलम्बन होता है। **गृहपति** स्थान या उपाश्रय देने वाला है, वह ठहरने को स्थान एवं भोजन-पान देकर साधुजनों का आलम्बन होता है। **शरीर** धर्म का आद्य या प्रधान साधन होने से निश्रास्थान है।

Elaboration—Support or place and person of refuge is called *nishra sthaan*. The reasons for inclusion of six bodies in the list of supports are—**(1) Earth as support in**—place of stay, sitting, sleeping, excretion and other activities. **(2) Water as support in**—drinking, washing clothes,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

cleansing etc. **(3) Fire as support in**—cooking food, digesting food and other uses. **(4) Air as support in**—breathing etc. **(5) Plants as support in**—beds of hay or wood, cloth, medicine, tree for shade and other uses. **(6) Mobile-bodied beings (tras) as support**—cowdung, cow-urine, milk, curd, etc.

The second support is *gana*. The group of disciples of a guru is called *gana*. One who stays with the organization is inspired to indulge in pious activity and prevented from indulging in evil activity. This leads to shedding of *karmas*, protection of ascetic-discipline and improvement of religious conduct.

A king is called support because he curbs evil and supports sages thus favouring religion. A householder is called support because he provides for place of stay, food and other essentials. One's own body is called support because it is the primary instrument of spiritual endeavour.

निधि-पद NIDHI-PAD (SEGMENT OF TREASURE)

१९३. पंच णिही पण्णत्ता, तं जहा—पुत्तणिही, मित्तणिही, सिप्पणिही, धणणिही, धण्णणिही।

१९३. निधियाँ पाँच प्रकार की हैं--(१) पुत्रनिधि, (२) मित्रनिधि, (३) शिल्पनिधि, (४) धननिधि, (५) धान्यनिधि।

193. *Nidhis* (treasures) are of five kinds—(1) *putranidhi* (treasure of son or sons), (2) *mitranidhi* (treasure of friend or friends), (3) *shilp-nidhi* (treasure of skill), (4) *dhan-nidhi* (treasure of wealth) and (5) *dhaanyanidhi* (treasure of food-grains).

शौच-पद SHAUCH-PAD (SEGMENT OF CLEANSING)

१९४. पंचविहे सोए पण्णत्ते, तं जहा—पुढविसोए, आउसोए, तेउसोए, मंतसोए, बंभसोए।

१९४. शौच पाँच प्रकार का है-(१) पृथ्वीशौच, (२) जलशौच, (३) तेजःशौच, (४) मंत्रशौच, (५) ब्रह्मशौच।

194. *Shauch* (cleansing) is of five kinds—(1) *prithvi shauch* (cleansing by sand), (2) *jal shauch* (cleansing by water), (3) *tejah shauch* (cleansing by fire), (4) mantra *shauch* (cleansing by mantra) and (5) *brahma shauch* (cleansing by *brahmacharya*).

विवेचन--शुद्धि के साधन को **शौच** कहते हैं। मिट्टी, जल, अग्नि की राख आदि से शुद्धि की जाती है। अतः ये तीनों द्रव्य या बाह्य शौच हैं। मंत्र बोलकर मन की शुद्धि की जाती है और ब्रह्मचर्य को धारण करना ब्रह्मशौच कहलाता है। 'ब्रह्मचारी सदा शुचिः' अर्थात् ब्रह्मचारी मनुष्य सदा पवित्र है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वृत्तिकार ने ब्रह्मशौच के अन्तर्गत, सत्य शौच, तपःशौच, इन्द्रिय निग्रह शौच तथा सर्व भूत दया शौच को सम्मिलित किया है। इस प्रकार मंत्रशौच और ब्रह्मशौच को भावशौच जानना चाहिए।

Elaboration—Means of cleansing is called *shauch*. Sand, water and ash (produced by fire) are normally used for cleansing. These are called *dravya* (physical) or *bahya* (external) *shauch*. Mantras are used for cleansing of mind. To take the vow of celibacy is called *brahma shauch*. It is said that a celibate person is always pure. The commentator (*Vritti*) has also included truth, austerities, control over sense organs, and compassion for all beings in *brahma-shauch*. Thus mantra *shauch* and *brahma shauch* are included in inner or spiritual cleansing.

छद्मस्थ-केवली-पद CHHADMASTH-KEVALI-PAD (SEGMENT OF CHHADMASTH-KEVALI)

१९५. पंच ठाणाइं छउमत्थे सव्वभावेणं ण जाणति ण पासति, तं जहा–धम्मत्थिकायं, अधम्मत्थिकायं, आगासत्थिकायं, जीवं असरीरपडिबद्धं, परमाणुपोग्गलं।

एयाणि चेव उप्पण्णणाणदंसणधरे अरहा जिणे केवली सव्वभावेणं जाणति पासति, तं जहा–धम्मत्थिकायं, (अधम्मत्थिकायं, आगासत्थिकायं जीवं असरीरपडिबद्धं), परमाणुपोग्गलं।

१९५. छद्मस्थ मनुष्य पाँच वस्तुओं को सर्वथा न जानता है और न देखता है–(१) धर्मास्तिकाय को, (२) अधर्मास्तिकाय को, (३) आकाशास्तिकाय को, (४) शरीर-रहित जीव को और (५) पुद्गल परमाणु को इन पाँच वस्तुओं को उत्पन्न ज्ञान दर्शन के धारक अर्हत, जिन और केवली, सर्वभाव से जानते और देखते हैं।

195. A *chhadmasth* (a person in state of *karmic* bondage) person does not fully see or know five things—(1) *Dharmastikaya* (motion entity), (2) *Adharmastikaya* (inertia entity), (3) *Akashastikaya* (space entity), (4) disembodied soul and (5) ultimate particle of matter.

Arhat, Jina, and *Kevali* endowed with right knowledge and perception see and know these five things fully—(1) *Dharmastikaya* (motion entity), [(2) *Adharmastikaya* (inertia entity), (3) *Akashastikaya* (space entity), (4) disembodied soul and] (5) ultimate particle of matter.

विवेचन–जिनके ज्ञानावरण और दर्शनावरण कर्म विद्यमान हैं। ऐसे बारहवें गुणस्थान तक के सभी जीव छद्मस्थ कहलाते हैं। छद्मस्थ जीव अरूपी चार अस्तिकायों को समस्त पर्यायों सहित पूर्ण रूप से साक्षात् नहीं जान सकता और न देख सकता है। चलते-फिरते शरीर-युक्त जीव तो दिखाई देते हैं, किन्तु शरीर-रहित जीव कभी नहीं दिखाई देता है। पूर्व के चार अरूपी द्रव्य हैं। पुद्गल रूपी है, पर एक परमाणु रूप पुद्गल सूक्ष्म होने से छद्मस्थ के ज्ञान का विषय नहीं बनता।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Elaboration—All beings up to the twelfth *Gunasthaan* who are in bondage of knowledge and perception obscuring *karmas* are called *chhadmasth*. A *chhadmasth* being cannot see and know fully all the alternative transformations of the four formless agglomerate entities. He can see the moving beings but cannot see a soul free of body. The first four are formless entities. Matter has form but a single ultimate particle is so minute that it is beyond the scope of perception and knowledge of a *chhadmasth*.

महानरक-पद MAHANARAK-PAD (SEGMENT OF WORST HELLS)

१९६. अधेलोगे णं पंच अणुत्तरा महतिमहालया महानरगा पण्णत्ता, तं जहा-काले, महाकाले, रोरुए, महारोरुए, अप्पतिट्ठाणे।

१९६. अधोलोक में पाँच अनुत्तर महातिमहान् महानरक हैं-(१) काल, (२) महाकाल, (३) रौरुक, (४) महारौरुक और (५) अप्रतिष्ठान।

196. In *adholok* (lower world) there are five matchless *mahatimahan* (grotesque) *naraks* (hells)—(1) Kaal, (2) Mahakaal, (3) Rauruk, (4) Maharauruk and (5) Apratishthan.

महाविमान-पद MAHAVIMAAN-PAD (SEGMENT OF GREAT CELESTIAL VEHICLES)

१९७. उड्ढलोगे णं पंच अणुत्तरा महतिमहालया महाविमाणा पण्णत्ता, तं जहा-विजये, वेजयंते, जयंते, अपराजिते, सव्वट्ठसिद्धे।

१९७. ऊर्ध्वलोक में पाँच अनुत्तर महातिमहान् महाविमान हैं-(१) विजय, (२) वैजयन्त, (३) जयन्त, (४) अपराजित और (५) सर्वार्थसिद्धि।

197. In *urdhvalok* (upper world) there are five *anuttar* (matchless) *mahatimahan* (extremely grand) *mahavimaans* (great celestial vehicles or divine realms)—(1) Vijaya, (2) Vaijayant, (3) Jayant, (4) Aparajit and (5) Sarvarthasiddha.

विवेचन-सूत्रोक्त अधोलोकवर्ती पाँचों नरकावास सातवीं नरक में हैं। उन्हें अनुत्तर और महातिमहान कहने का अभिप्राय यह है, कि यहीं सबसे अधिक वेदना है। सबसे अधिक लम्बा आयुष्य है और क्षेत्र की दृष्टि से भी सबसे अधिक विशाल है। अनुत्तर विमान स्वर्ग विमानों में दिव्य सुखों की अपेक्षा तथा दीर्घ आयुष्य की अपेक्षा सबसे अनुत्तर-श्रेष्ठ है। क्षेत्र की दृष्टि से सबसे विशाल है। ये पाँचों महाविमान वैमानिक लोक के सबसे ऊपर के भाग में हैं। *(हिन्दी टीका भाग-२ पृष्ठ २००)*

Elaboration—The aforesaid five infernal abodes are in seventh hell. They are called worse than worst because they have maximum agony, maximum life span and largest area. The Anuttar *vimaans* are superlative in terms of divine pleasures, long life span and area. All

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

these five celestial vehicles are situated at the highest part of the *lok*. *(Hindi Tika, part-2, p. 200)*

सत्त्व-पद SATTVA-PAD (SEGMENT OF COURAGE)

१९८. पंच पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–हिरिसत्ते, हिरिमणसत्ते, चलसत्ते, थिरसत्ते, उदयणसत्ते।

१९८. पुरुष पाँच प्रकार के होते हैं-(१) **ह्रीसत्त्व**–लज्जा के कारण हिम्मत रखने वाला। (२) **ह्रीमनःसत्त्व**–लज्जावश भी केवल मन में ही हिम्मत लाने वाला, देह में नहीं। (३) **चलसत्त्व**–हिम्मत या साहस हारने वाला। (४) **स्थिरसत्त्व**–विकट परिस्थिति में भी मनोबल को स्थिर रखने वाला। (५) **उदयनसत्त्व**–उत्तरोत्तर प्रवर्धमान सत्त्व या पराक्रम वाला।

198. Men are of five kinds—**(1) Hri-sattva**—who is courageous out of shame, **(2) hrimanah-sattva**—who is courageous out of shame but only in mind and not in action, **(3) chal-sattva**—who loses courage, **(4) sthir-sattva**—who remains courageous even in difficult predicament and **(5) udayan-sattva**—who has ever increasing courage.

भिक्षाक-पद BHIKSHAAK-PAD (SEGMENT OF ALMS EATER)

१९९. पंच मच्छा पण्णत्ता, तं जहा–अणुसोतचारी, पडिसोतचारी, अंतचारी, मज्झचारी, सव्वचारी।

एवामेव पंच भिक्खागा पण्णत्ता, तं जहा–अणुसोतचारी, (पडिसोतचारी, अंतचारी, मज्झचारी), सव्वचारी।

१९९. मत्स्य (मच्छ) पाँच प्रकार के होते हैं-(१) **अनुस्रोतचारी**–जल-प्रवाह के अनुकूल चलने वाला। (२) **प्रतिस्रोतचारी**–जल-प्रवाह के प्रतिकूल चलने वाला। (३) **अन्तचारी**–जल-प्रवाह के किनारे-किनारे चलने वाला। (४) **मध्यचारी**–जल-प्रवाह के मध्य में चलने वाला। (५) **सर्वचारी**–जल में सर्वत्र विचरण करने वाला।

इसी प्रकार भिक्षुक (अभिग्रह लेकर भिक्षाचरी करने वाले) भी पाँच प्रकार के होते हैं, जैसे-(१) **अनुस्रोतचारी**–उपाश्रय से निकलकर सीधी गृहपंक्ति से गोचरी करने वाला। (२) **प्रतिस्रोतचारी**–गली के अन्तिम गृह पर पहुँचकर लौटते हुए उपाश्रय तक घरों से गोचरी करने वाला। (३) **अन्तचारी**–ग्राम के अन्तिम भाग में स्थित गृहों से गोचरी लेने वाला। (४) **मध्यचारी**–ग्राम के मध्य भाग से गोचरी लेने वाला। (५) **सर्वचारी**–ग्राम के सभी भागों से गोचरी लेने वाला।

199. *Matsya* (fish) are of five kinds—**(1) anusrotachari**—one that moves with the flow of water, **(2) pratisrtochari**—one that moves against the flow of water, **(3) antachari**—one that moves at the brink, **(4) madhyachari**—one that moves in the middle and **(5) sarvachari**—one that moves everywhere in water.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

In the same way *bhikshaak* (alms eater ascetics) are of five kinds—(1) **anusrotachari**—one that moves on a straight lane from the *upashraya* (place of stay) and collects alms from houses as he moves on that lane, (2) **pratisrtochari**—one that moves on a straight lane from the *upashraya* (place of stay) and collects alms from houses on that lane but only while returning, (3) **antachari**—one who collects alms from the houses located at the end of a city, village, or a section of a city, (4) **madhyachari**—one who collects alms from the houses located in the middle of a city, village, or a section of a city and (5) **sarvachari**—one who collects alms from all parts of a city (etc.).

वनीपक-पद VANIPAK-PAD (SEGMENT OF BEGGAR)

२००. पंच वणीमगा पण्णत्ता, तं जहा—अतिहिवणीमगे, किवणवणीमगे, माहणवणीमगे, साणवणीमगे, समणवणीमगे।

२००. वनीपक (याचक) पाँच प्रकार के होते हैं-(१) **अतिथि-वनीपक**-अतिथिदान की प्रशंसा करके माँगने वाला। (२) **कृपण वनीपक**-कृपण (दीन-दुःखी) दान की प्रशंसा करके माँगने वाला। (३) **माहन-वनीपक**-ब्राह्मण-दान की प्रशंसा करके माँगने वाला। (४) **श्वा-वनीपक**-कुत्ते के दान की प्रशंसा करके माँगने वाला। (५) **श्रमण-वनीपक**-श्रमणदान की प्रशंसा करके माँगने वाला।

200. Vanipaks (beggars) are of five kinds—(1) **atithi-vanipak**—who begs by praising donation offered to guests, (2) **kripan-vanipak**—who begs by praising donation given to a *kripan* (destitute), (3) **maahan-vanipak**—who begs by praising donation to a Brahmin, (4) **shvan-vanipak**—who begs by praising donation offered to a dog and (5) **shraman-vanipak**—who begs by praising donation offered to a *shraman* (ascetic).

अचेल-पद ACHEL-PAD (SEGMENT OF SCANTILY CLAD ASCETIC)

२०१. पंचहिं ठाणेहिं अचेलए पसत्थे भवति, तं जहा—अप्पापडिलेहा, लाघविए पसत्थे, रूवे वेसासिए, तवे अणुण्णाते, विउले इंदियणिग्गहे।

२०१. पाँच कारणों से अचेलक (अल्प मात्रा में व अल्प मूल्य वाले वस्त्र रखने वाला) प्रशस्त (प्रशंसा योग्य) होता है-(१) अचेलक की प्रतिलेखना अल्प होती है। (२) अचेलक का लाघव (हल्कापन) प्रशस्त (प्रशंसनीय) होता है। (३) अचेलक का रूप (संतोषी व तपस्वी दीखने से) विश्वास के योग्य होता है। (४) अचेलक का तप (ऊनोदरी व व्युत्सर्ग तप) अनुज्ञात (जिनशासन-अनुमत) होता है। (५) अचेलक का इन्द्रिय-निग्रह महान् (विशिष्ट) होता है।

201. For five reason an *achel* (scantily clad ascetic and one who keeps few clothes) is worthy of praise—(1) his duty of maintenance is

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

minimum, (2) his lightness is praiseworthy, (3) his appearance (contented and hermit-like) invokes confidence, (4) his austerity (reduced needs and sacrifice) is according to the code and (5) his control over sense organs is great.

उत्कल-पद UTKAL-PAD (SEGMENT OF THE EXTREMELY POWERFUL)

२०२. पंच उक्कला पण्णत्ता, तं जहा-दंडुक्कले, रज्जुक्कले, तेणुक्कले, देसुक्कले, सव्वुक्कले।

२०२. पाँच उत्कल (उत्कट शक्ति-सम्पन्न) पुरुष होते हैं-(१) दण्डोत्कल-प्रबल दण्ड (आज्ञा या सैन्यशक्ति) वाला पुरुष अथवा गुरुजनों की कठोर आज्ञा का पालन करने वाला। (२) राज्योत्कल-प्रबल राज्यशक्ति वाला अथवा विशेष राज-प्रतिष्ठा प्राप्त पुरुष। (३) स्तेनोत्कल-प्रबल चोरों की शक्ति वाला (तस्करों का सरदार व दुःसाहसिक व्यक्ति)। (४) देशोत्कल-प्रबल जनपद की शक्ति वाला अथवा जनपद के कारण महत्ता प्राप्त करने वाला पुरुष। (५) सर्वोत्कल-उक्त सभी प्रकार की प्रबल शक्ति वाला पुरुष।

202. There are five *utkals* (extremely powerful persons)—**(1) dandotkal**—a person with extreme power of punishment (great army) or a person who obeys harshest command of seniors, **(2) rajyotkal**—a person with great power of state or a person with very high status in state, **(3) stenotkal**—a person with great power of theft (a bandit leader), **(4) deshotkal**—a person having great power of a republic or a person having high status in a republic and **(5) sarvotkal**—a person having all kinds of power.

समिति-पद SAMITI-PAD (SEGMENT OF SELF REGULATION)

२०३. पंच समितीओ पण्णत्ताओ, तं जहा-इरियासमिती, भासासमिती, एसणासमिती, आयाणभंड-मत्त-णिक्खेवणासमिती, उच्चार-पासवण-खेल-सिंघाण-जल्ल-पारिठावणियसमिती।

२०३. समितियाँ पाँच प्रकार की हैं-(१) ईर्यासमिति-गमन में सावधानी। (२) भाषासमिति-बोलने में सावधानी। (३) एषणासमिति-गोचरी में सावधानी निर्दोष भिक्षा लेना। (४) आदान-भाण्ड-अमत्र-निक्षेपणासमिति-भोजनादि के भाण्ड-पात्र आदि को सावधानीपूर्वक देखकर लेना और रखना। (५) उच्चार (मल) प्रस्रवण-(मूत्र) श्लेष्म (कफ) जल्ल (शरीर का मैल) सिंघाड़ (नासिका का मल), इनका निर्जन्तु स्थान में विसर्जन करना।

203. *Samitis* (self regulations) are of five kinds—**(1) Irya samiti**—proper care in movement, **(2) bhasha samiti**—proper care in speaking, **(3) eshana samiti**—proper care in seeking and collecting alms, **(4) adan-bhand-amatra-nikshepana samiti**—proper care in taking and keeping bowls for food etc. and **(5) uchchar-prasravan-shleshm-jalla-singhad prasthapana samiti**—proper care in disposal of all kinds of excreta

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(stool, urine, phlegm, and body and nose scum) at a spot free of living beings.

जीव–पद JIVA-PAD (SEGMENT OF LIVING BEINGS)

२०४. पंचविधा संसारसमावण्णगा जीवा पण्णत्ता, तं जहा–एगिंदिया, बेइंदिया, तेइंदिया, चउरिंदिया, पंचिंदिया।

२०४. संसार–समापन्नक (संसारी) जीव पाँच प्रकार के हैं–(१) एकेन्द्रिय, (२) द्वीन्द्रिय, (३) त्रीन्द्रिय, (४) चतुरिन्द्रिय और (५) पंचेन्द्रियजीव।

204. *Samsar-samapannak jivas* (worldly living beings) are of five kinds—(1) *Ekendriya* (one-sensed beings), (2) *Dvindriya* (Two-sensed beings), (3) *Trindriya* (three-sensed beings), (4) *Chaturindriya* (four-sensed beings) and (5) *Panchendriya* (five-sensed animal beings).

गति–आगति–पद GATI-AAGATI-PAD (SEGMENT OF BIRTH FROM AND TO)

२०५. एगिंदिया पंचगतिया पंचागतिया पण्णत्ता, तं जहा–एगिंदिए एगिंदिएसु उववज्जमाणे एगिंदिएहिंतो वा, (बेइंदिएहिंतो वा, तेइंदिएहिंतो वा, चउरिंदिएहिंतो वा,) पंचिंदिएहिंतो वा उववज्जेज्जा।

से चेव णं से एगिंदिए एगिंदियत्तं विप्पजहमाणे एगिंदियत्ताए वा, (बेइंदियत्ताए वा, तेइंदियत्ताए वा, चउरिंदियत्ताए वा), पंचिंदियत्ताए वा गच्छेज्जा।

२०६. बेंदिया पंचगतिया पंचागतिया एवं चेव।

२०७. एवं जाव पंचिंदिया पंचगतिया पंचागतिया पण्णत्ता, तं जहा–पंचिंदिए जाव गच्छेज्जा।

२०५. एकेन्द्रिय जीव पाँच गतिक (गति में जाने वाले) और पाँच आगतिक (आने वाले) हैं–(१) एकेन्द्रिय जीव एकेन्द्रियों में उत्पन्न होता हुआ। (पूर्वभव में) एकेन्द्रियों से, या द्वीन्द्रियों से, या त्रीन्द्रियों से, या चतुरिन्द्रियों से, या पंचेन्द्रियों से आकर उत्पन्न होता है।

(२) वही एकेन्द्रियजीव एकेन्द्रियपर्याय को छोड़ता हुआ (आगामी भव में) एकेन्द्रियों में, या द्वीन्द्रियों में, या त्रीन्द्रियों में, या चतुरिन्द्रियों में, या पंचेन्द्रियों में उत्पन्न होता है।

२०६–२०७. इसी प्रकार द्वीन्द्रिय जीव भी पाँच गतिक और पाँच आगतिक है। यावत् पंचेन्द्रिय तक के सभी जीव पाँच गतिक और पाँच आगतिक होते हैं।

205. *Ekendriya jiva* (one-sensed beings) have five kinds of *gatis* (reincarnation to) and five *aagatis* (reincarnation from)—A being taking birth as a one-sensed being reincarnates from either one-sensed beings, two-sensed beings, three-sensed beings, four-sensed beings or five-sensed beings.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(2) The same one-sensed being leaving the state of one-sensed beings reincarnates in the genus of either one-sensed beings, two-sensed beings, three-sensed beings, four-sensed beings or five-sensed beings.

206. and **207.** In the same way two-sensed beings also have five kinds of *gatis* (reincarnation to) and five *aagatis* (reincarnation from).... and so on up to... all beings up to five-sensed ones have five kinds of *gatis* (reincarnation to) and five *aagatis* (reincarnation from).

जीव-पद JIVA-PAD (SEGMENT OF BEINGS)

२०८. पंचविधा सव्वजीवा पण्णत्ता, तं जहा–कोहकसाई, (माणकसाई, मायाकसाई), लोभकसाी, अकसाई।

अहवा–पंचविधा सव्वजीवा पण्णत्ता, तं जहा–णेरइया, (तिरिक्खजोणिया, मणुस्सा), देवा, सिद्धा।

२०८. सर्व जीव पाँच प्रकार के होते हैं–(१) नारक, (२) तिर्यंच, (३) मनुष्य, (४) देव, (५) सिद्ध।

208. All beings are of five kinds (1) *naarak* (infernal beings), (2) *tiryanch* (animals), (3) *manushya* (human beings), (4) *deva* (divine beings) and (5) *Siddhas* (liberated beings).

योनिस्थिति-पद YONISTHITI-PAD (SEGMENT OF PRODUCTIVE LIFE)

२०९. अह भंते ! कल–मसूर–तिल–मुग्ग–मास–णिप्फाव–कुलत्थ–आलिसंदग–सतीण–पलिमंथगाणं–एतेसि णं धण्णाणं कुट्ठाउत्ताणं (पल्लाउत्ताणं मंचाउत्ताणं मालाउत्ताणं ओलित्ताणं लित्ताणं लंछियाणं मुद्दियाणं पिहिताणं) केवइयं कालं जोणी संचिट्ठति?

गोयमा ! जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं पंच संवच्छराइं। तेण परं जोणी पमिलायति, तेण परं जोणी पविद्धंसति, तेणं परं जोणी विद्धंसति, तेण परं बीए अबीए भवति। तेण परं जोणी वोच्छेदे पण्णत्ते।

२०९. (प्रश्न) भगवन् ! मटर, मसूर, तिल, मूँग, उड़द, निष्पाव (सेम), कुलथी, चवला, तूवर और काला चना–इन धान्यों को कोठे में गुप्त (बन्द), पल्य में, मचान में और माल्य में बन्द करके उनके द्वारों को ढक देने पर, गोबर से लीप देने पर, चारों ओर से लीप देने पर, रेखाओं से लांछित कर देने पर, मिट्टी से मुद्रित कर देने पर और भलीभाँति से सुरक्षित रखने पर उनकी योनि (उत्पादक-शक्ति) कितने काल तक बनी रहती है ?

(उत्तर) गौतम ! जघन्य अन्तर्मुहूर्त काल तक और उत्कृष्ट पाँच वर्ष तक उनकी उत्पादक शक्ति बनी रहती है। उसके पश्चात् उनकी योनि म्लान हो जाती है, योनि विध्वस्त हो जाती है, योनि क्षीण हो जाती है, बीज अबीज हो जाता है, (पाँच वर्ष) पश्चात् योनि का विच्छेद हो जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

209. (Question) *Bhante* ! How long the *yoni* (productive capacity) of *matar* (peas), *masur* (Lens esculenta), *til* (sesame), *moong* (green gram; Phaseolus radiatus), *udad, nishpava* or *sem* (beans; Dolichos lablab), *kulathi* (horse gram), *chavala, tuvar* (Cajamus indicus), *kala chana* (black gram) or other pulses last once they are stored in *kotha* (silo), *palya* (basket made of bamboo or cane), *machan* (store on a raised wooden platform) and *mala* (store on roof top), and then covered, sealed, marked, stamped and properly closed ?

(Answer) "Long lived one ! Their productive capacity lasts for a minimum period of *antarmuhurt* (less than 48 minutes) and a maximum period of five years. After that the *yoni* (productive capacity) gets weak, shattered, destroyed, seedless, and sterile. In other words the seeds no longer germinate on sowing.

संवत्सर–पद SAMVATSAR-PAD (SEGMENT OF YEAR)

२१०. पंच संवच्छरा पण्णत्ता, तं जहा–णक्खत्तसंवच्छरे, जुगसंवच्छरे, पमाणसंवच्छरे, लक्खण संवच्छरे, सणिंचर संवच्छरे।

२११. जुगसंवच्छरे पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा–चंदे, चंदे, अभिवड्ढिते, चंदे, अभिवड्ढिते चेव।

२१२. पमाणसंवच्छरे पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा–णक्खत्ते, चंदे, उऊ, आदिच्चे अभिवड्ढिते।

२१०. संवत्सर (वर्ष) पाँच प्रकार के हैं–(१) नक्षत्र–संवत्सर, (२) युग–संवत्सर, (३) प्रमाण–संवत्सर, (४) लक्षण संवत्सर, (५) शनिश्चर–संवत्सर।

२११. युगसंवत्सर पाँच प्रकार के हैं–(१) चन्द्र–संवत्सर, (२) चन्द्र–संवत्सर, (३) अभिवर्धित–संवत्सर, (४) चन्द्र–संवत्सर, (५) अभिवर्धित–संवत्सर।

२१२. प्रमाण–संवत्सर पाँच प्रकार के हैं–(१) नक्षत्र–संवत्सर, (२) चन्द्र–संवत्सर, (३) ऋतु–संवत्सर, (४) आदित्य–संवत्सर, (५) अभिवर्धित–संवत्सर।

210. *Samvatsar* (year) is of five kinds—(1) *Nakshatra-samvatsar*, (2) *Yug-samvatsar*, (3) *Praman-samvatsar*, (4) *Lakshan-samvatsar* and (5) *Shanishchar-samvatsar*.

211. *Yug-samvatsar* is of five kinds—(1) *Chandra-samvatsar*, (2) *Chandra-samvatsar*, (3) *Abhivardhit-samvatsar*, (4) *Chandra-samvatsar* and (5) *Abhivardhit-samvatsar*.

212. *Praman-samvatsar* is of five kinds—(1) *Nakshatra-samvatsar*, (2) *Chandra-samvatsar*, (3) *Ritu-samvatsar*, (4) *Aditya-samvatsar* and (5) *Abhivardhit-samvatsar*.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२१३. लक्खणसंवच्छरे, पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा–

समगं णक्खत्ता जोगं जोयंति समगं उदू परिणमंति।
णच्चुण्हं णातिसीतो, बहूदओ होति णक्खत्तो ॥१॥

ससिसगलपुण्णमासी, जोएइ विसमचारिणक्खत्ते।
कडुओ बहूदओ वा,तमाहु संवच्छरं चंदं ॥२॥

विसमं पवालिणो परिणमंति अणुदूसू देंति पुप्फफलं।
वासं णं सम्म वासति, तमाहु संवच्छरं कम्मं॥३॥

पुढविदगाणं तु रसं, पुप्फफलाणं तु देइ आदिच्चो।
अप्पेणवि वासेणं, सम्मं णिप्फज्जए सासं॥४॥

आदिच्चतेयतविता, खणलवदिवसा उऊ परिणमंति।
पूरेति रेणू थलयाइं, तमाहु अभिवड्ढितं जाणे॥५॥ (संग्रहणी–गाथाएँ)

२१३. लक्षण–संवत्सर पाँच प्रकार के हैं–(१) नक्षत्र–संवत्सर, (२) चन्द्र–संवत्सर, (३) कर्म–(ऋतु) संवत्सर, (४) आदित्य–संवत्सर, (५) अभिवर्धित–संवत्सर।

(१) जिस संवत्सर में जिस तिथि में जिस नक्षत्र का योग होना चाहिए, उस नक्षत्र का उसी तिथि में योग होता है, जिसमें ऋतुएँ यथासमय परिणमन करती हैं, जिसमें न अति गर्मी पड़ती है और न अधिक सर्दी ही पड़ती है और जिसमें वर्षा अच्छी होती है, वह **नक्षत्र–संवत्सर** कहलाता है। जैसे चैत्री पूर्णिमा को चित्रा नक्षत्र, वैशाखी पूर्णिमा को विशाखा नक्षत्र आदि।

(२) जिस संवत्सर में चन्द्रमा सभी पूर्णिमाओं का स्पर्श करता है, जिसमें अन्य नक्षत्रों की विषम गति होती है, जिसमें सर्दी और गर्मी अधिक होती है तथा वर्षा भी अधिक होती है, उसे **चन्द्र–संवत्सर** कहते हैं।

(३) जिस संवत्सर में बिना समय के बीज अंकुरित हों, वृक्ष में कोंपलें आये, वर्षा भी समय पर न हों, उसे **कर्मसंवत्सर** या **ऋतुसंवत्सर** कहते हैं।

(४) जिस संवत्सर में वर्षा कम होने पर भी सूर्य, पृथ्वी, जल, पुष्प और फलों को रस अच्छा देता है और धान्य अच्छा उत्पन्न होता है, उसे आदित्य या **सूर्यसंवत्सर** कहते हैं।

(५) जिस संवत्सर में क्षण, लव, दिवस और ऋतु सूर्य के तेज से तप्त होकर व्यतीत होते हैं, जिसमें आँधी–तूफान अधिक आयें, उसे **अभिवर्धित–संवत्सर** कहते हैं।

(६) जितने काल में शनिश्चर एक नक्षत्र को भोगता है, वह **शनिश्चर संवत्सर** कहलाता है। *(विस्तृत वर्णन देखें वृत्ति भाग–२ पृष्ठ ५८९। तथा हिन्दी टीका भाग–२, पृष्ठ २१८)*

213. *Lakshan-samvatsar* is of five kinds—(1) *Nakshatra-samvatsar*, (2) *Chandra-samvatsar*, (3) *Karma (Ritu)-samvatsar*, (4) *Aditya-samvatsar* and (5) *Abhivardhit-samvatsar*.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(1) The *samvatsar* (calendar year) in which the dates and constellations (lunar mansions) follow the established system of conjunction, in which seasons follow the established pattern, in which summer and winter are not extreme and in which there is good monsoon is called *Nakshatra-samvatsar*. For example *Chitra nakshatra* falls on *Chaitra purnima* and *Vishakha nakshatra* falls on *Vaishakh purnima.*

(2) The *samvatsar* (calendar year) in which the moon always shines on *Purnimas*, in which constellations do not follow a fixed system of conjunction, and in which seasons like summer, winter and monsoon are extreme is called *Chandra-samvatsar.*

(3) The *samvatsar* (calendar year) in which seeds germinate untimely, in which plants sprout untimely and the rains are also untimely is called *Karma-samvatsar* or *Ritu-samvatsar.*

(4) The *samvatsar* (calendar year) in which the sun, the earth and water provide ample nutrition to flowers and fruits and crops are good, is called *Aditya* or *Surya-samvatsar.*

(5) The *samvatsar* (calendar year) in which every fraction of time is spent suffering scorching heat of a glowing sun and which has excessive storms is called *Abhivardhit-samvatsar.*

(6) The time taken by *Shanishchar* (Saturn) to cross one *nakshatra* is called *Shanishchar-samvatsar. (for more details see Vritti, part-2, p. 589 and Hindi Tika, part-2, p. 218)*

जीवप्रदेश-निर्याणमार्ग-पद JIVAPRADESH-NIRYANAMARG-PAD (SEGMENT OF DEPARTURE OF SOUL-SPACE-POINTS)

२१४. पंचविधे जीवस्स णिज्जाणमग्गे पण्णत्ते, तं जहा– पाएहिं, ऊरूहिं, उरेणं, सिरेणं, सव्वंगेहिं।

पाएहिं णिज्जायमाणे णिरयगामी भवति, ऊरूहिं णिज्जायमाणे तिरियगामी भवति, उरेणं णिज्जायमाणे मणुयगामी भवति, सिरेणं णिज्जायमाणे देवगामी भवति, सव्वंगेहिं णिज्जायमाणे सिद्धिगतिपज्जवसाणे पण्णत्ते।

२१४. मृत्यु के समय जीव-प्रदेशों के शरीर से निर्याण–निकलने के पांच मार्ग होते हैं–(१) पैर, (२) उरू, (३) हृदय, (४) शिर, (५) सर्वाङ्ग।

(१) पैरों से (घुटने के नीचे का भाग) निर्याण करने वाला जीव नरकगामी होता है। (२) उरू (जंघा) से निर्याण करने वाला जीव तिर्यंचगतिगामी होता है। (३) हृदय से निर्याण करने वाला जीव

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मनुष्यगतिगामी होता है। (४) शिर से निर्याण करने वाला जीव देवगतिगामी होता है। (५) सर्वाङ्ग में निर्याण करने वाला जीव सिद्धगति अर्थात् मुक्ति प्राप्त करता है।

[विशेष–जब शरीर के एक भाग से जीव निकलता है, तब महावेदना होती है, किन्तु सर्वांगों से जब आत्मा निकलता है। तब कोई वेदना नहीं होती]

214. There are five paths of *niryan* (departure) of *jivapradesh* (soul-space-points) at the time of death—(1) legs, (2) thigh, (3) heart, (4) head and (5) whole body.

(1) A soul departing through legs (below knees) is destined for hell; (2) that departing from thigh is destined for animal genus, (3) that departing from heart is destined for human genus, (4) that departing from head is destined for divine realm and (5) that departing from whole body is destined for the status of *Siddha* or to be liberated. (When the soul departs through any one part of body it is very painful but when it departs from the whole body it is not painful.)

छेदन–पद CHHEDAN-PAD (SEGMENT OF DIVISION)

२१५. पंचविहे छेयणे पण्णत्ते, तं जहा–उप्पाछेयणे, वियच्छेयणे, बंधच्छेयणे, पएसच्छेयणे, दोधारच्छेयणे।

२१५. छेदन (विभाग) पाँच प्रकार का होता है–(१) **उत्पाद–छेदन**–उत्पाद पर्याय के आधार पर विभाग करना। (२) **व्यय–छेदन**–विनाश पर्याय के आधार पर विभाग करना। (३) **बन्ध–छेदन**–कर्म-बन्ध का छेदन, या पुद्गलस्कन्ध का विभाजन। (४) **प्रदेश–छेदन**–अविभक्त वस्तु के प्रदेशों का बुद्धि से कल्पित विभाजन। (५) **द्विधा–छेदन**–किसी वस्तु के दो विभाग करना।

215. *Chhedan* (division) is of five kinds—**(1) Utpad-chhedan**—to divide on the basis of mode of production, **(2) vyaya-chhedan**—to divide on the basis of mode of destruction, **(3) bandh-chhedan**—division of *karmic* bondage or division of matter particle, **(4) pradesh-chhedan**—to conceptually divide an undivided thing and **(5) dvidha-chhedan**—to divide in two parts.

आनन्तर्य–पद ANANTARYA-PAD (SEGMENT OF NON-INTERRUPTION)

२१६. पंचविहे आणंतरिए पण्णत्ते, तं जहा–उप्पायाणंतरिए, वियाणंतरिए, पएसाणंतरिए, समयाणंतरिए, सामण्णाणंतरिए।

२१६. आनन्तर्य (विरह का अभाव, सातत्य) पाँच प्रकार का होता है–(१) उत्पाद–**आनन्तर्य**–लगातार उत्पत्ति। (२) **व्यय–आनन्तर्य**–लगातार विनाश। (३) **प्रदेश–आनन्तर्य**–लगातार प्रदेशों की

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय ६

Illustration No. 6

नियणि मार्ग

मानव प्राणी शरीर छोड़ते समय पाँच स्थानों से उसका जीव (आत्मा) निकलता है–

(१) **पाँवों से**–यदि जीव पैरों से निकलता है तो वह नरकगामी होता है।

(२) **जंघाओं से**–जंघा या उसके ऊपर के कटिभाग से नीचे के स्थान से निकलने वाला जीव तिर्यंचगति में जाता है।

(३) **छाती (वक्षस्थल) से**–कमर से ऊपर वक्षस्थल से निकलने वाला जीव मनुष्यगति में जाता है।

(४) **सिर से**–मस्तक या ग्रीवा से ऊपर के भाग से निकलने वाला जीव देवगति में जाता है।

(५) **सर्वांग (सम्पूर्ण शरीर से)**–शरीर के समस्त अंगों से समान रूप में निकलने वाला जीव मोक्षगामी होता है।

–स्थान ५, उ. ३, सूत्र २१४

PATH OF DEPARTURE

There are five place in the body from where a soul departs (niryan) at the time of death—

(1) Legs—A soul departing through legs (below knees) is destined for hell.

(2) Thigh—A soul departing from thigh is destined for animal genus.

(3) Heart—A soul departing from heart is destined for human genus.

(4) Head—A soul departing from head is destined for divine realm.

(5) Whole Body—A soul departing from whole body is destined for the status of *Siddha* or to be liberated.

—Sthaan 5, Lesson 3, Sutra 214

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संलग्नता। (४) **समय-आनन्तर्य**-समय की निरन्तरता। (५) **सामान्य-आनन्तर्य**-जिसमें उत्पाद-व्यय आदि पर्याय विशेष की विवक्षान हो। सामान्य निरन्तरता। *[विशेष-छेदन और आनन्तर्य के सम्बन्ध में विशेष स्पष्टीकरण हेतु हिन्दी टीका भाग-२ पृष्ठ २२२ देखें।]*

216. *Anantarya* (absence of separation or interruption) is of five kinds—(1) **utpad-anantarya**—uninterrupted generation, (2) **vyaya-anantarya**—uninterrupted destruction, (3) **pradesh-anantarya**—uninterrupted sections, (4) **samaya-anantarya**—uninterrupted time and (5) **samanya-anantarya**—general non-interruption with regard to any specific process including generation and destruction. *(for more details about chhedan and anantarya refer to Hindi Tika, part-2, p. 222)*

अनन्त-पद ANANT-PAD (SEGMENT OF THE ENDLESS OR INFINITE)

२१७. पंचविधे अणंतए पण्णत्ते, तं जहा-णामाणंतए, ठवणाणंतए, दव्वाणंतए, गणणाणंतए, पदेसाणंतए।

अहवा-पंचविहे अणंतए पण्णत्ते, तं जहा-एगंतोऽणंतए, दुहओणंतए, देसवित्थाराणंतए, सव्ववित्थाराणंतए, सासयाणंतए।

२१७. अनन्तक पाँच प्रकार का होता है-(१) **नाम-अनन्तक**-जिसका नाम अनन्त है, जैसे अनन्तनाथ, अनन्त चौदस। (२) **स्थापना-अनन्तक**-किसी सचित्त-अचित्त 'अनन्त' वस्तु का चित्र, मूर्ति या नक्शा आदि। (३) **द्रव्य-अनन्तक**-जीव, पुद्गल परमाणु, और काल ये तीन द्रव्य-अनन्तक हैं। (४) **गणना-अनन्तक**-जिस गणना का अन्त न हो, ऐसी संख्याविशेष। (५) **प्रदेश-अनन्तक**-जिसके प्रदेश अनन्त हों, जैसे आकाश के प्रदेश अनन्त हैं।

अथवा अनन्तक पाँच प्रकार का होता है-

(१) **एकतः अनन्तक**-लम्बाई की अपेक्षा से आकाश प्रदेश की एक श्रेणि में अनन्त प्रदेश है। (२) **द्विधा अनन्तक**- लम्बाई और चौड़ाई दोनों की अपेक्षा से जो अनन्त हो। (३) **देश विस्तार अनन्तक**-पूर्वादि किसी एक दिशा के विस्तार में फैले हुए आकाश-प्रदेशों की अनन्तता। (४) **सर्व विस्तार अनन्तक**-सम्पूर्ण आकाश प्रदेशों की जो अनन्तता है। (५) **शाश्वत अनन्तक**-आदि अन्त रहित, स्थिति रहित जीवादि शाश्वत पदार्थ **शाश्वत अनन्तक** हैं।

217. *Anantak* (endless or infinite) is of five kinds—(1) **naam-anantak**—whose name is Anantak, (2) **sthapana-anantak**—picture, image or drawing of some living or non-living infinite thing, (3) **dravya-anantak**—soul, matter and time are endless entities, (4) **ganana-anantak**—an endless number (numerical infinite) and (5) **pradesh-anantak**—having endless space-points, such as space.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Also *anantak* (endless or infinite) is of five kinds—**(1) Ekatah-anantak**—there are infinite space-points in a line in space. **(2) Dvidha-anantak**—that which is infinite both in length and width. **(3) Desh-vistar-anantak**—the endlessness of the expanse of space in one specific direction, **(4) Sarva-vistar-anantak**—the endlessness of the overall expanse of space. **(5) Shashvat-anantak**—enternally infinite, such as entities like soul that are without a beginning or an end.

ज्ञान-पद JNANA-PAD (SEGMENT OF KNOWLEDGE)

२१८. पंचविहे णाणे पण्णत्ते, तं जहा आभिणिबोहियणाणे, सुयणाणे, ओहिणाणे, मणपज्जवणाणे, केवलणाणे।

are left from their present life. **121.** *Sanjni panchendriya tiryakyoni jivas* (sentient five sensed animals) with a life span of innumerable years also, as a rule, acquire the bondage of life span of next birth when six months are left from their present life. **122.** *Sanjni manushya* (sentient human beings) also, as a rule, acquire the bondage of life span of next birth when six months are left from their present life. **123.** Like infernal beings *Vanavyantar, Jyotishk* and *Vaimanik* gods also, as a rule, acquire the bondage of life span of next birth when six months are left from their present life.

विवेचन–किस जीव को अगले भव का आयुष्य कब बँधता है, इस विषय में संस्कृत टीका में निम्न गाथा उद्धृत है–

निरइ सुर असंखाउ तिरि–मणुआ सेसए उ छम्मासे।
इग–विगला निरुवक्कम तिरि–मणुया आउय तिभागे।
अवसेसा सोवक्कम तिभाग नवभाग सत्तवीसइमे।
बंधंति परभवाउं नियइ भवे सव्व जीवा उ॥

–नैरयिक, देव, तथा असंख्यात वर्ष की आयुष्य वाले तिर्यंच और मनुष्य, जब इनकी आयु छः महीने शेष रहती है तब वे परभव की आयु का बन्ध करते हैं। निरुपक्रम आयु वाले तिर्यंच और मनुष्य अपनी आयु के तीसरे भाग में अगले भव की आयु का बंध करते हैं। शेष सोपक्रम आयु वाले जीव अपनी आयु के तीसरे, नौवें तथा सत्ताइसवें भाग में आयु का बंध करते हैं। *(हिन्दी टीका भाग–२ पृष्ठ २४१)*

Elaboration—Which being acquires life-span determining *karmas* when is mentioned in a verse in Sanskrit Tika—

Infernal beings, gods and human beings with a life span of innumerable years acquire the bondage of life span of next birth when six months are left from their present life. Animals and human beings with *nirupakram* (irreducible) life span acquire the bondage of life span of next birth when one third of their present life span is remaining. All the remaining beings with *sopakram* (reducible) life span acquire the bondage of life span of next birth when one third, one ninth or one twenty seventh of their present life span is remaining. *(Hindi Tika, part-2, p. 241)*

भाव–पद BHAAVA-PAD (SEGMENT OF STATE)

१२४. छव्विहे भावे पण्णत्ते, तं जहा–ओदइए, उवसमिए, खइए, खओवसमिए, पारिणामिए, सण्णिवातिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१२४. भाव (जीव की शुद्ध अशुद्ध पर्याय) या अवस्था छह प्रकार की होती है–(१) **औदयिक भाव**–कर्म के उदय से होने वाले कषाय, वेद आदि २१ भाव। (२) **औपशमिक भाव**–मोहकर्म के उपशम से होने वाले सम्यक्त्व चारित्र २ भाव। (३) **क्षायिक भाव**–घातिकर्मों के क्षय से उत्पन्न होने वाले अनन्त ज्ञान–दर्शनादि ९ भाव। (४) **क्षायोपशमिक भाव**–घातिकर्मों के क्षयोपशम से होने वाले मति–श्रुतज्ञानादि १८ भाव। (५) **पारिणामिक भाव**–किसी कर्म के उदयादि के बिना अनादि से चले आ रहे जीवत्व आदि ३ भाव। (६) **सान्निपातिकभाव**–उपर्युक्त भावों के संयोग से होने वाला २६ प्रकार का भाव। *(भावों के विस्तृत वर्णन के लिए सचित्र अनुयोगद्वार भाग–१ पृष्ठ ३४९–३५९) देखें)*

124. *Bhaava* (state of a being) are of six kinds—(1) *Audayik bhaava*—state of *jiva* (being or soul) caused by *udaya* (fruition) of *karmas*; this includes the 21 states including passions and gender. (2) *Aupashamik bhaava*—state caused by *upasham* (pacification) of *Mohaniya karmas*; this includes *samyaktva* (righteousness) and *charitra* (right conduct). (3) *Kshayik bhaava*—state caused by kshaya (destruction) of vitiating *karmas*; this includes nine states including infinite knowledge-perception. (4) *Kshayopashamik bhaava*—state of mind caused by *kshayopasham* (pacification-cum-destruction) of *karmas*; this includes 18 states including *mati jnana* and *shrut jnana*. (5) *Parinamik bhaava*—three eternal states unrelated to action of *karmas*; this includes three states including *jivatva* (the quality of being a soul). (6) *Sannipatik bhaava*—state incorporating combinations of the said five states; this includes 26 different states. *(for detailed discussion on bhaavas refer to Illustrated Anuyogadvar Sutra, part-1, pp. 349-59)*

प्रतिक्रमण–पद PRATIKRAMAN-PAD (SEGMENT OF CRITICAL REVIEW)

१२५. छव्विहे पडिक्कमणे पण्णत्ते, तं जहा–उच्चारपडिक्कमणे, पासवणपडिक्कमणे, इत्तरिए, आवकहिए, जंकिंचिमिच्छा, सोमणंतिए।

१२५. प्रतिक्रमण (दोषों की शुद्धि के लिए की जाने वाली क्रिया) छह प्रकार का होता है–(१) **उच्चार–प्रतिक्रमण**–मल–विसर्जन के पश्चात् वापस आने पर ईर्यापथिकी सूत्र के द्वारा प्रतिक्रमण करना। (२) **प्रस्रवण–प्रतिक्रमण**–मूत्र–विसर्जन के पश्चात् वापस आने पर ईर्यापथिकी सूत्र के द्वारा प्रतिक्रमण करना। (३) **इत्वरिक–प्रतिक्रमण**–दैवसिक–रात्रिक आदि प्रतिक्रमण करना। (४) **यावत्कथिक–प्रतिक्रमण**–मारणान्तिकी संलेखना के समय किया जाने वाला प्रतिक्रमण। (५) **यत्किञ्चित्मिथ्यादुष्कृत–प्रतिक्रमण**–साधारण दोष लगने पर उसकी शुद्धि के लिए 'मिच्छा मि दुक्कडं' कहकर पश्चात्ताप प्रकट करना। (६) **स्वप्नान्तिक–प्रतिक्रमण**–दुःस्वप्नादि देखने पर किया जाने वाला प्रतिक्रमण।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

125. *Pratikraman* (critical review) is of six kinds—(1) *Uchchar-pratikraman*—to perform *pratikraman* with *Iryapathiki Sutra* (a specific verse) after disposal of faeces. (2) *Prasravan-pratikraman*—to perform *pratikraman* with *Iryapathiki Sutra* (a specific verse) after disposal of urine. (3) *Itvarik-pratikraman*—to perform *devasik* (for activities of the day) and *ratrik* (for activities of the night) and other time related *pratikraman*. (4) *Yavatkathit pratikraman*—that performed during the ultimate vow (*maranantik sallekhana*). (5) *Yatkinchitmithyadushkrit-pratikraman*—that done by uttering *'michchhami dukkadam'* for atonement on committing some ordinary fault. (6) *Svapnantik-pratikraman*—that done after seeing a bad dream.

नक्षत्र-पद NAKSHATRA-PAD (SEGMENT OF CONSTELLATIONS)

१२६. कत्तियाणक्खत्ते छत्तारे पण्णत्ते। १२७. असिलेसा णक्खत्ते छत्तारे पण्णत्ते।

१२६. कृत्तिका नक्षत्र छह तारावाला है। १२७. अश्लेषा नक्षत्र छह तारावाला है।

126. Krittika (Eta Tauri or Pleiades; the 3rd) constellation has six stars. **127.** Ashlesha (Alpha Hydrae; the 9th) constellation has six stars.

१२८. जीवा णं छट्ठाणणिव्वत्तिए पोग्गले पावकम्मत्ताए पोग्गले पावकम्मत्ताए चिणिंसु वा चिणंति वा चिणिस्संति वा, तं जहा–पुढविकाइयणिव्वत्तिए, तसकायणिव्वत्तिए। एवं–चिण–उवचिण–बंध–उदीर–वेय तह णिज्जरा चेव।

१२८. जीवों ने छह अवस्थाओं में कर्मपुद्गलों को पापकर्म के रूप से ग्रहण किया था, ग्रहण करते हैं और ग्रहण करेंगे, यथा–(१) पृथ्वीकायनिर्वर्तित (पृथ्वीकाय के रूप में), [(२) अप्कायनिर्वर्तित, (३) तेजस्कायनिर्वर्तित, (४) वायुकायनिर्वर्तित, (५) वनस्पतिकायनिर्वर्तित], (६) त्रसकायनिर्वर्तित।

इसी प्रकार सभी जीवों ने उक्त षट्काय-निर्वर्तित कर्मपुद्गलों का पापकर्म के रूप से उपचय, बन्ध, उदीरणा, वेदन और निर्जरण किया है, करते हैं और करेंगे।

128. All beings did, do and will acquire (*sanchit*) *karma* particles in the form of demeritorious *karmas* in the past, present and future respectively four ways—(1) *Prithvikaya-nirvartit* (earned as earth-bodied beings), (2) *Apkayiks* (water-bodied beings), (3) *Tejaskaya-nirvartit* (earned as fire-bodied beings), (4) *Vayukaya-nirvartit* (earned as air-bodied beings), (5) *Vanaspatikaya-nirvartit* (earned as plant-bodied beings) and (5) *tras-kaya-nirvartit* (earned as mobile-bodied beings).

In the same way all beings did, do and will augment (*upachaya*), bond (*bandh*), fructify (*udiran*), experience (*vedan*) and shed (*nirjaran*) the acquired *karma* particles in the past, present and future respectively.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१२९. छप्पएसिया खंधा अणंता पण्णत्ता। १३०. छप्पएसोगाढा पोग्गला अणंता पण्णत्ता। १३१. छसमयट्ठितीया पोग्गला अणंता पण्णत्ता। १३२. छगुणकालगा पोग्गला जाव छगुणलुक्खा पोग्गला अणंता पण्णत्ता।

१२९. छह प्रदेशी स्कन्ध अनन्त हैं। १३०. छह प्रदेशावगाढ (छह प्रदेशों पर अवगाहन किये हुए) पुद्गल अनन्त हैं। १३१. छह समय की स्थिति वाले पुद्गल अनन्त हैं। १३२. छह गुण काले (पाँचों वर्ण वाले) पुद्गल अनन्त हैं।

इसी प्रकार शेष दो गन्ध, पाँच रस और आठ स्पर्श के छह गुण वाले पुद्गल अनन्त-अनन्त हैं।

129. There are infinite *Chhaha pradeshi pudgal-skandhs* (aggregates of six ultimate particles). **130.** There are infinite *Chhaha pradeshavagadh pudgal-skandhs* (ultimate particles occupying six space-points). **131.** There are infinite *pudgal-skandhs* (ultimate particles) with stability of six *Samayas*. **132.** There are infinite *pudgal-skandhs* (ultimate particles) with six units of the attribute of black appearance.

In the same way there are infinite *pudgal-skandhs* (ultimate particles) with six units of each of the remaining attributes of smell (two), taste (five), and touch (eight).

॥ छठा स्थान समाप्त ॥

● END OF THE SIXTH STHAAN ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सप्तम स्थान

सार : संक्षेप

सात की संख्या से सम्बद्ध विषयों का संकलन सप्तम स्थान में है। यद्यपि जैन आगमों का मुख्य प्रतिपाद्य आचारधर्म है, तथापि अन्य विविध विषयों का वर्णन उनमें उपलब्ध है। इस स्थान में सात संख्या वाले अनेक दार्शनिक, भौगोलिक, ज्योतिष्क, ऐतिहासिक और पौराणिक एवं प्रासंगिक विषयों का वर्णन है।

संसार चक्र से मुक्ति पाने के लिए सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्र की आराधना करना आवश्यक है। साधारण व्यक्ति किसी आधार या आश्रय के बिना उनकी आराधना नहीं कर सकता है, इसके लिए तीर्थंकरों ने संघ की व्यवस्था की। संघ के सम्यक् संचालन का भार अनुभवी, लोकव्यवहार कुशल आचार्य को सौंपा। वह निष्ठापूर्वक अपने कर्त्तव्य का पालन करते हुए जब यह अनुभव करे कि संघ या गण में रहते हुए मेरा आत्म-विकास सम्भव नहीं, और अधिक उच्चस्तरीय साधना के लिए आगे बढ़ना है, तब वह गण को छोड़ कर या तो किसी महान् आचार्य के पास जाता है, या एकलविहारी होकर आत्म-साधना में संलग्न होता है। आत्म-साधना के लिए गण को छोड़ना **गणअपक्रमण** है। इस स्थान में सर्वप्रथम गणापक्रमण-पद द्वारा इसी तथ्य का निरूपण किया है।

अहिंसा और अपरिग्रह की साधना के लिए भय मुक्त रहना आवश्यक है। भय उसे ही होता है जिसकी शरीर आदि पर ममता होती है। इस दृष्टि से यहाँ सात प्रकार के भयों का वर्णन है।

साधक को किस प्रकार के वचन बोलना चाहिए और किस प्रकार के नहीं, यह वचन विवेक आवश्यक है। इसी के साथ प्रशस्त और अप्रशस्त विनय के सात-सात प्रकार भी ज्ञातव्य हैं। अविनयी अभीष्ट सिद्धि को प्राप्त नहीं कर पाता है। अतः विनय के प्रकारों को जानकर प्रशस्त विनयों का परिपालन करना आवश्यक है।

राजनीति की दृष्टि से दण्डनीति के सात प्रकार मननीय हैं। मनुष्यों में जैसे-जैसे कुटिलता की वृद्धि व आत्मानुशास की कमी हुई, वैसे-वैसे ही दण्डनीति भी कठोर होती गई। इसका क्रमिक-विकास दण्डनीति के सात प्रकारों में निहित है। समाज व्यवस्था और राजव्यवस्था के इतिहास का क्रमिक विकास इन सात नीतियों में लक्षित होता है।

उक्त विविध वर्णन के अतिरिक्त इस स्थान में जीव-विज्ञान, लोक-स्थिति-संस्थान, गोत्र, नय, आसन, पर्वत, सात प्रवचन निह्नव, सात समुद्घात का वर्णन है। सप्त स्वरों का विस्तृत वर्णन संगीत विज्ञान की दृष्टि से बड़ा ज्ञानवर्धक है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

SEVENTH STHAAN (PLACE NUMBER SEVEN)

INTRODUCTION

Subjects related to the numeral seven are compiled in the Seventh Sthaan. Although the central theme of Jain *Agams* is the code of religious conduct, they contain discussions about a variety of numerous other topics. This Sthaan contains information on many topics including philosophical, geographical, astrological, historical and mythological.

In order to get liberated from the cycles of rebirths it is essential to strive for right perception/faith, knowledge, and conduct. An ordinary individual cannot take to the path of spiritual endeavour without some basis or help. For this purpose the *Tirthankars* established the *sangh* (religious organization). The responsibility of properly managing the *sangh* was entrusted to an experienced *acharya* who was equally proficient in social customs. While sincerely disposing his duties a time comes when such on *acharya* feels that while continuing to shoulder the responsibilities of the *sangh* it was hardly possible to pursue the goal of spiritual purity and it was time to proceed for higher practices. He then leaves the *gana* (organization) and goes to some accomplished *acharya* or into isolation to devote all his time to spiritual practices. To leave a *gana* to pursue spiritual practices is called *gana-apakraman*. This is the first topic discussed in this Sthaan.

In order to practice ahimsa and *aparigraha* it is essential to be free of all fear. Cause of such fear is fondness for one's body and other connected things. This fact is explained with seven kinds of fear.

It is essential for an aspirant to develop a discerning attitude about speech, he should know what words he should utter and what not. With this he is also supposed to know about the seven kinds of noble and ignoble modesty. An immodest person cannot achieve the desired goal. Therefore, it is necessary to know about types of noble modesty and instill them in conduct.

In politics seven kinds of punitive policy is valid. With the upsurge of villainy and decline of self-discipline in human society the penal codes became tougher. The gradual progress of this is presented in the seven kinds of punitive policy. The evolution of social system and system of governance is reflected in these seven policies.

Besides these topics this chapter also contains descriptions related to biology, cosmology, castes, standpoints, postures, mountains, seven *pravachan nihnava* and seven *Samudghat*. Detailed description of seven musical notes provides insight into musicology.

●●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सप्तम स्थान
SEVENTH STHAAN (Place Number Seven)

गणापक्रमण-पद GANAPAKRAMAN-PAD (SEGMENT OF LEAVING THE GANA)

१. सत्तविहे गणावक्कमणे पण्णत्ते, तं जहा–(१) सव्वधम्मा रोएमि। (२) एगइया रोएमि एगइया णो रोएमि। (३) सव्वधम्मा वितिगिच्छामि। (४) एगइया वितिगिच्छामि एगइया णो वितिगिच्छामि। (५) सव्वधम्मा जुहुणामि। (६) एगइया जुहुणामि एगया णो जुहुणामि। (७) इच्छामि णं भंते ! एगल्लविहारपडिमं उवसंपज्जित्ता णं विहरित्तए।

१. सात कारणों से गण से अपक्रमण (गण-परित्याग या परिवर्तन) किया जा सकता है–

(१) सर्व धर्मों में–(श्रुत और चारित्र के विविध प्रकारों में) मेरी रुचि है। इस गण में उनकी पूर्ति के साधन उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए भदन्त ! मैं इस गण से अपक्रमण करता हूँ और दूसरे गण की उपसम्पदा–(श्रुत-चारित्र की विशिष्ट साधना के लिए आश्रय/आलम्बन) को स्वीकार करता हूँ।

(२) कितनेक धर्मों–(साधना प्रकारों) में मेरी रुचि है और कितनेक धर्मों में मेरी रुचि नहीं है। जिनमें मेरी रुचि है, उनकी पूर्ति के साधन या उनका विशिष्ट ज्ञाता इस गण में नहीं हैं। इसलिए भदन्त ! मैं इस गण से अपक्रमण करता हूँ और दूसरे गण की उपसम्पदा को स्वीकार करता हूँ।

(३) सर्व धर्मों में मेरा संशय (जिज्ञासा) है। उन संशयों का निराकरण (समाधान) करने के लिए हे भदन्त ! मैं इस गण से अपक्रमण करता हूँ और दूसरे गण की उपसम्पदा को स्वीकार करता हूँ।

(४) धर्म के कुछ भेदों में मेरा संशय है और कितनेक धर्मों में मेरा संशय नहीं है। उन संशयों को दूर करने के लिए हे भदन्त ! मैं इस गण से अपक्रमण करता हूँ और दूसरे गण की उपसम्पदा को स्वीकार करता हूँ।

(५) मैं सभी धर्म (ज्ञान आदि) दूसरों को देना चाहता हूँ। इस गण में कोई योग्य पात्र नहीं है, जिसे मैं सभी धर्म (अपनी विद्या) दे सकूँ ! इसलिए हे भदन्त ! मैं इस गण से अपक्रमण करता हूँ और दूसरे गण की उपसम्पदा को स्वीकार करता हूँ।

(६) मैं कितनेक धर्म (कुछ विद्याओं का ज्ञान) दूसरों को देना चाहता हूँ और कितनेक धर्म नहीं देना चाहता। इस गण में कोई योग्य पात्र नहीं है जिसे मैं जो देना चाहता हूँ, वह दे सकूँ। इसलिए हे भदन्त ! मैं इस गण से अपक्रमण करता हूँ और दूसरे गण की उपसम्पदा को स्वीकार करता हूँ।

(७) हे भदन्त ! मैं एकलविहारप्रतिमा को स्वीकार कर स्वतंत्र विहार करना चाहता हूँ। इसलिए इस गण से अपक्रमण करता हूँ।

1. A *gana* can be left for seven reasons—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(1) I have interest in all *dharmas* (various kinds of scriptures and codes of conduct). Means of learning and practicing that are not available in this *gana*. Therefore, *Bhadant* ! I leave (*apakraman*) this *gana* to take *upasampada* (admission for advanced study and practice of scriptures and codes of conduct) in another *gana*.

(2) I have interest in some *dharmas* and not in others. Means and guides of pursuing the studies and practice of those of my interest are not available in this *gana*. Therefore, *Bhadant* ! I leave this *gana* to take admission in another *gana*.

(3) I have doubts about all *dharmas*. Means of removing those doubts are not available here. Therefore, *Bhadant* ! I leave this *gana* to take admission in another *gana*.

(4) I have doubts about some *dharmas* and not about others. Means of removing those doubts are not available here. Therefore, *Bhadant* ! I leave this *gana* to take admission in another *gana*.

(5) I want to impart knowledge of all *dharmas* to others. There is no capable student here to whom I can give all my knowledge. Therefore, *Bhadant* ! I leave this *gana* to take admission in another *gana*.

(6) I want to impart knowledge of some *dharmas* (or some subjects) and not of others to others. There is no capable student here to whom I can give what I want to. Therefore, *Bhadant* ! I leave this *gana* to take admission in another *gana*.

(7) *Bhadant* ! I want to take the special resolve of solitary practices and move about alone. Therefore I leave this *gana*.

विभंगज्ञान–पद VIBHANG-JNANA-PAD (SEGMENT OF UNRIGHTEOUS KNOWLEDGE)

२. सत्तविहे विभंगणाणे पण्णत्ते, तं जहा–(१) एगदिसिं लोगाभिगमे, (२) पंचदिसिं लोगाभिगमे, (३) किरियावरणे जीवे, (४) मुदग्गे जीवे, (५) अमुदग्गे जीवे, (६) रूपी जीवे, (७) सव्वमिणं जीवा।

(१) तत्थ खलु इमे पढमे विभंगणाणे–जया णं तहारूवस्स समणस्स वा माहणस्स वा विभंगणाणे समुप्पज्जति, से णं तेणं विभंगणाणेणं समुप्पण्णेणं पासति पाईणं वा पडिणं वा दाहिणं वा उदीणं वा उड्ढं वा जाव सोहम्मे कप्पे। तस्स णं एवं भवति–अत्थि णं मम अतिसेसे णाणदंसणे समुप्पण्णे–एगदिसिं लोगाभिगमे। संतेगइया समणा वा माहणा वा एवमाहंसु–पंचदिसिं लोगाभिगमे। जे ते एवमाहंसु, मिच्छं ते एवमाहंसु; पढमे विभंगणाणे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२) अहावरे दोच्चे विभंगणाणे–जया णं तहारूवस्स समणस्स वा माहणस्स वा विभंगणाणे समुप्पज्जति। से णं तेणं विभंगणाणेणं समुप्पण्णेणं पासति पाईणं वा पडिणं वा दाहिणं वा उदीणं वा उड्ढं वा जाव सोहम्मे कप्पे। तस्स णं एवं भवति–अत्थि णं मम अतिसेसे णाणदंसणे समुप्पण्णे–पंचदिसिं लोगाभिगमे। संतेगइया समणा वा माहणा वा एवमाहंसु–एगदिसिं लोगाभिगमे। जे ते एवमाहंसु, मिच्छं ते एवमाहंसु; दोच्चे विभंगणाणे।

(३) अहावरे तच्चे विभंगणाणे–जया णं तहारूवस्स समणस्स वा माहणस्स वा विभंगणाणे समुप्पज्जति। से णं तेणं विभंगणाणेणं समुप्पण्णेणं पासति पाणे अतिवातेमाणे, मुसं वयमाणे, अदिण्णमादियमाणे, मेहुणं पडिसेवमाणे, परिग्गहं परिगिण्हमाणे, राइभोयणं भुंजमाणे, पावं च णं कम्मं कीरमाणं णो पासति। तस्स णं एवं भवति–अत्थि णं मम अतिसेसे णाणदंसणे समुप्पण्णे–किरियावरणे जीवे। संतेगइया समणा वा माहणा वा एवमाहंसु–णो किरियावरणे जीवे। जे ते एवमाहंसु, मिच्छं ते एवमाहंसु; तच्चे विभंगणाणे।

(४) अहावरे चउत्थे विभंगणाणे–जया णं तहारूवस्स समणस्स वा माहणस्स वा (विभंगणाणे) समुप्पज्जति। से णं तेणं विभंगणाणेणं समुप्पण्णेणं देवामेव पासति बाहिरब्भंतरए पोग्गले परियाइत्ता पुढेगत्तं णाणत्तं फुसित्ता फुरित्ता फुट्टित्ता विकुव्वित्ता णं चिट्ठित्तए। तस्स णं भवति–अत्थि णं मम अतिसेसे णाणदंसणे समुप्पण्णे–मुदग्गे जीवे। संतेगइया समणा वा माहणा वा एवमाहंसु–अमुदग्गे जीवे। जे ते एवमाहंसु, मिच्छं ते एवमाहंसु; चउत्थे विभंगणाणे।

(५) अहावरे पंचमे विभंगणाणे–जया णं तहारूवस्स समणस्स (वा माहणस्स वा) विभंगणाणे समुप्पज्जति। से णं तेणं विभंगणाणेणं समुप्पण्णेणं देवामेव पासति बाहिरब्भंतरए पोग्गलए अपरियाइत्ता पुढेगत्तं णाणत्तं (फुसित्ता फुरित्ता फुट्टित्ता) विउव्वित्ता णं चिट्ठित्तए। तस्स णं एवं भवति–अत्थि (णं मम अतिसेसे णाणदंसणे) समुप्पण्णे–अमुदग्गे जीवे। संतेगइया समणा वा माहणा वा एवमाहंसु–मुदग्गे जीवे। जे ते एवमाहंसु, मिच्छं ते एवमाहंसु; पंचमे विभंगणाणे।

(६) अहावरे छट्ठे विभंगणाणे–जया णं तहारूवस्स समणस्स वा माहणस्स वा (विभंगणाणे) समुप्पज्जति। से णं तेणं विभंगणाणेणं समुप्पण्णेणं देवामेव पासति बाहिरब्भंतरए पोग्गले परियाइत्ता वा अपरियाइत्ता वा पुढेगत्तं णाणत्तं फुसित्ता (फुरित्ता फुट्टित्ता) विकुव्वित्ता णं चिट्ठित्तए। तस्स णं एवं भवति–अत्थि णं मम अतिसेसे णाणदंसणे समुप्पण्णे–रूवी जीवे। संतेगइया समणा वा माहणा वा एवमाहंसु–अरूवी जीवे। जे ते एवमाहंसु, मिच्छं ते एवमाहंसु, छट्ठे विभंगणाणे।

(७) अहावरे सत्तमे विभंगणाणे–जया णं तहारूवस्स समणस्स वा माहणस्स वा विभंगणाणे समुप्पज्जति। से णं तेणं विभंगणाणेणं समुप्पण्णेणं पासई सुहुमेणं वायुकाएणं फुडं पोग्गलकायं एयंतं वेयंतं चलंतं खुब्भंतं फंदंतं घट्टंतं उदीरेंतं तं तं भावं परिणमंतं। तस्स णं एवं भवति–अत्थि णं मम

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अतिसेसे णाणदंसणे समुप्पण्णे–सव्वमिणं जीवा। संतेगइया समणा वा माहणा वा एवमाहंसु–जीवा चेव, अजीवा चेव। जे ते एवमाहंसु, मिच्छं ते एवमाहंसु। तस्स णं इमे चत्तारि जीवणिकाया णो सम्ममुवगता भवंति, तं जहा–पुढविकाइया, आउकाइया, तेउकाइया, वाउकाइया। इच्चेतेहिं चउहिं जीवणिकाएहिं मिच्छादंडं पवत्तेइ, सत्तमे विभंगणाणे।

२. विभंगज्ञान (मिथ्यात्वी का अवधिज्ञान) सात प्रकार का है–(१) **एकदिग्लोकाभिगम**–एक ही दिशा लोक को जानने वाला। (२) **पंचदिग्लोकाभिगम**–पाँचों दिशाओं में लोक को जानने वाला। (३) **क्रियावरण जीव**–जीव के क्रिया का ही आवरण है, कर्म का नहीं। (४) **मुदग्गजीव**–जीव को मुदग्ग–(पुद्गल–) निर्मित ही मानने वाला। (५) **अमुदग्गजीव**–जीव को पुद्गल–निर्मित नहीं मानने वाला। (६) **रूपी–जीव**–जीव को रूपी ही मानने वाला। (७) **यह सर्वजीव**–इस सर्व दृश्यमान जगत् को जीव ही मानने वाला।

(१) **पहला विभंगज्ञान**–जब तथारूप श्रमण–माहन को विभंगज्ञान उत्पन्न होता है, तब वह उस उत्पन्न हुए विभंगज्ञान से पूर्व या पश्चिम या दक्षिण या उत्तर दिशा को या ऊर्ध्वदिशा को सौधर्मकल्प तक, इन पाँचों दिशाओं में से किसी एक दिशा को देखता है। तब उसके मन में ऐसा विचार उत्पन्न होता है–मुझे अतिशय युक्त ज्ञान–दर्शन प्राप्त हुआ है। मैं इस एक दिशा में ही लोक को देख रहा हूँ। कितनेक श्रमण–माहन ऐसा कहते हैं कि लोक पाँचों दिशाओ में है। जो ऐसा कहते हैं, वे मिथ्या कहते हैं। यह प्रथम विभंगज्ञान है।

(२) **दूसरा विभंगज्ञान**–जब तथारूप श्रमण–माहन को विभंगज्ञान उत्पन्न होता है, तब वह उस विभंगज्ञान से पूर्व, पश्चिम, दक्षिण, उत्तर और ऊर्ध्वदिशा में सौधर्मकल्प तक देखता है। तब उसके मन में ऐसा विचार उत्पन्न होता है–मुझे सातिशय (सम्पूर्ण) ज्ञान–दर्शन प्राप्त हुआ है। मैं पाँचों दिशाओं में ही लोक को देख रहा हूँ। कितनेक श्रमण–माहन ऐसा कहते हैं कि लोक एक ही दिशा में है। जो ऐसा कहते हैं वे मिथ्या कहते हैं। यह दूसरा विभंगज्ञान है।

(३) **तीसरा विभंगज्ञान**–जब तथारूप श्रमण–माहन को विभंगज्ञान उत्पन्न होता है, तब वह उस विभंगज्ञान से जीवों को हिंसा करते हुए, झूठ बोलते हुए, अदत्त–ग्रहण करते हुए, मैथुन–सेवन करते हुए, परिग्रह करते हुए और रात्रि–भोजन करते हुए देखता है, किन्तु उन प्रवृत्तियों के द्वारा होते हुए कर्मबन्ध को नहीं देख पाता, तब उसके मन में ऐसा विचार उत्पन्न होता है–मुझे सातिशय ज्ञान–दर्शन प्राप्त हुआ है। मैं ऐसा देख रहा हूँ कि जीव क्रिया से ही आवृत्त है, (क्रिया करने वाला है) कर्म से कर्म का बंध करने वाला नहीं। जो श्रमण–माहन ऐसा कहते हैं कि जीव क्रिया से आवृत्त नहीं हैं, वे मिथ्यावादी हैं। यह तीसरा विभंगज्ञान है।

(४) **चौथा विभंगज्ञान**–जब तथारूप श्रमण–माहन को विभंगज्ञान उत्पन्न होता है, तब वह उस विभंगज्ञान से देवों को बाह्य (शरीर स्पृष्ट क्षेत्र से बाहर) और आभ्यन्तर (शरीर क्षेत्र के भीतर) पुद्गलों को ग्रहण कर विक्रिया–विभिन्न क्रियाएँ करते हुए देखता है कि ये देव पुद्गलों का स्पर्श कर, इनमें हल–चल पैदा कर, उनका स्फोट कर भिन्न–भिन्न काल और विभिन्न देश में कभी एकरूप व कभी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विविधरूपों की विक्रिया करते हैं। यह देखकर उसके मन में ऐसा विचार उत्पन्न होता है–मुझे सातिशय ज्ञान–दर्शन प्राप्त हुआ है। मैं देख रहा हूँ कि जीव पुद्गलों से ही बना हुआ है। कितनेक श्रमण–माहन ऐसा कहते हैं कि जीव शरीर–पुद्गलों से बना हुआ नहीं हैं, जो ऐसा कहते हैं, वे मिथ्यावादी हैं। यह चौथा विभंगज्ञान है।

(५) **पाँचवाँ विभंगज्ञान**–जब तथारूप श्रमण–माहन को विभंगज्ञान उत्पन्न होता है, तब वह उस विभंगज्ञान से देवों को बाह्य और आभ्यन्तर पुद्गलों को ग्रहण किये बिना (पुद्गलों की सहायता लिए बिना) ही विविध क्रियाएँ करते हुए देखता है कि ये देव पुद्गलों का स्पर्श कर, उनमें हल–चल उत्पन्न कर, उनका स्फोट कर, भिन्न–भिन्न काल और देश में विविध प्रकार की विक्रिया करते हैं। यह देखकर उसके मन में ऐसा विचार उत्पन्न होता है–मुझे सातिशय ज्ञान–दर्शन प्राप्त हुआ है। मैं देख रहा हूँ कि जीव पुद्गलों से बना हुआ नहीं है। कितनेक श्रमण–माहन ऐसा कहते हैं कि जीव–शरीर पुद्गलों से बना हुआ है। जो ऐसा कहते हैं, वे मिथ्या कहते हैं। यह पाँचवाँ विभंगज्ञान है।

(६) **छठा विभंगज्ञान है**–जब तथारूप श्रमण–माहन को विभंगज्ञान उत्पन्न होता है, तब वह उस विभंगज्ञान से देवों को बाह्य आभ्यन्तर पुद्गलों को ग्रहण करके और ग्रहण किए बिना विक्रिया करते हुए देखता है। वे देव पुद्गलों का स्पर्श कर, उनमें हल–चल पैदा कर, उनका स्फोट कर भिन्न–भिन्न काल और देश में कभी एक प्रकार व कभी विविध प्रकार की विक्रिया करते हैं। यह देखकर उसके मन में ऐसा विचार उत्पन्न होता है–मुझे सातिशय ज्ञान–दर्शन प्राप्त हुआ है। मैं देख रहा हूँ कि जीव रूपी ही है। कितनेक श्रमण–माहन ऐसा कहते हैं कि जीव अरूपी हैं। जो ऐसा कहते हैं, वे मिथ्या कहते हैं। यह छठा विभंगज्ञान है।

(७) **सातवाँ विभंगज्ञान**–जब तथारूप श्रमण–माहन को विभंगज्ञान उत्पन्न होता है, तब वह उस विभंगज्ञान से सूक्ष्म (मन्द) वायु के स्पर्श से पुद्गल (पुद्गल स्कन्धों को) काय को कम्पित होते हुए, विशेष रूप से कम्पित होते हुए, चलित होते हुए, क्षुब्ध होते हुए, स्पन्दित होते हुए, दूसरे पदार्थों का स्पर्श करते हुए, दूसरे पदार्थों को प्रेरित करते हुए विभिन्न पर्यायों में परिणत होते हुए देखता है। तब उसके मन में ऐसा विचार उत्पन्न होता है–मुझे सातिशय ज्ञान–दर्शन प्राप्त हुआ है। मैं देख रहा हूँ कि ये सभी जीव ही जीव हैं, कितनेक श्रमण–माहन ऐसा कहते हैं कि जीव भी हैं और अजीव भी हैं। जो ऐसा कहते हैं, वे मिथ्या कहते हैं। उस विभंगज्ञानी को पृथ्वीकायिक, अप्कायिक, तेजस्कायिक और वायुकायिक, इन चारों जीव–निकायों का सम्यक् ज्ञान नहीं होता है। वह इन चार जीव–निकायों पर मिथ्यादण्ड का प्रयोग करता है। यह सातवाँ विभंगज्ञान है।

2. *Vibhang jnana* (*avadhi-jnana* of an unrighteous person) is of seven kinds—**(1) Ekadiglokabhigam**—covering only one direction of the *lok*, **(2) Panchadiglokabhigam**—covering five sides of the *lok*, **(3) Kriyavaran jiva**—believes that *jiva* (being or soul) is involved only in *kriya* (action) and not in *karma* (bondage of *karma*), **(4) Mudagga jiva**—believes that *jiva* (being or soul) is made up of matter alone, **(5) Amudagga jiva**—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

believes that *jiva* (being or soul) is not made up of matter, **(6) Rupi jiva**—believes that *jiva* (being or soul) is with form only, and **(7) Sarva jiva**—believes that the whole visible world is *jiva* (being or soul).

(1) First Vibhang-jnana—When a *tatharupa saman-mahan* (ascetic as described in scriptures) is endowed with *vibhang-jnana*, he sees any one of the five directions—east, west, south, north or zenith up to Saudharma Kalp (a divine realm)—with the help of this knowledge. He then thinks that he had acquired miraculous knowledge and perception and saw the whole universe in this one direction. Many ascetics say that this universe existed in all the five directions. They all were telling a lie. This is first *Vibhang-jnana*.

(2) Second Vibhang-jnana—When a *tatharupa saman-mahan* is endowed with *vibhang-jnana*, he sees all the five directions—east, west, south, north or zenith up to Saudharma Kalp—with the help of this knowledge. He then thinks that he had acquired miraculous knowledge and perception and saw the whole universe in all the five directions. Many ascetics say that this universe existed in only one direction. They all were telling a lie. This is second *Vibhang-jnana*.

(3) Third Vibhang-jnana—When a *tatharupa saman-mahan* is endowed with *vibhang-jnana*, he only sees beings indulging in violence, falsity, stealing, sex, possessions and eating during the night but is unable to see the bondage of *karmas* caused due to these activities. He then thinks that he had acquired miraculous knowledge and perception and saw that *jiva* (being or soul) was involved merely in action and there was no bondage of *karmas* due to these actions. Many ascetics say that *jiva* was not involved in action. They all were telling a lie. This is third *Vibhang-jnana*.

(4) Fourth Vibhang-jnana—When a *tatharupa saman-mahan* is endowed with *vibhang-jnana*, he sees gods picking matter particles from outside their body as well as inside and performing a variety of transmutations and creating just one body or a variety of bodies by touching, agitating, and bursting forth at different times in different areas. He then thinks that he had acquired miraculous knowledge and perception and saw that *jiva* is made up of matter only. Many ascetics say that *jiva* was not made up of matter. They all were telling a lie. This is fourth *Vibhang-jnana*.

(5) Fifth Vibhang-jnana—When a *tatharupa saman-mahan* is endowed with *vibhang-jnana*, he sees gods performing a variety of

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

transmutations and creating just one body or a variety of bodies by touching, agitating, and bursting forth at different times in different areas without picking any matter particles from outside their body as well as inside. He then thinks that he had acquired miraculous knowledge and perception and saw that *jiva* was not made up of matter only. Many ascetics say that *jiva* was made up of matter. They all were telling a lie. This is fifth *Vibhang-jnana*.

(6) Sixth Vibhang-jnana—When a *tatharupa saman-mahan* is endowed with *vibhang-jnana*, he sees gods performing a variety of transmutations and creating just one body or a variety of bodies by touching, agitating, and bursting forth at different times in different areas by picking as well as without picking matter particles from outside their body as well as inside. He then thinks that he had acquired miraculous knowledge and perception and saw that *jiva* is exclusively with form. Many ascetics say that *jiva* was formless. They all were telling a lie. This is sixth *Vibhang-jnana*.

(7) Seventh Vibhang-jnana—When a *tatharupa saman-mahan* is endowed with *vibhang-jnana*, he sees matter particles transforming into a variety of modes by vibrating, uniquely vibrating, moving, agitating, pulsating, touching other particles, and influencing other particles. He then thinks that he had acquired miraculous knowledge and perception and saw that all these are *jivas*. Many ascetics say that they were jivas as well as *ajivas*. They all were telling a lie. That *Vibhang-jnani* does not have complete and perfect knowledge of the four bodied beings—earth-bodied, water-bodied, fire-bodied and air-bodied. He harms these four bodied beings with his false perception. This is seventh *Vibhang-jnana*.

विवेचन–जो व्यक्ति सम्यग्दृष्टि होता है, उसे जितनी मात्रा में भी यह उत्पन्न होता है, वह ज्ञान उत्पन्न होने पर प्रारम्भिक क्षणों में विस्मित तो अवश्य होता है, किन्तु भ्रमित नहीं होता। वह यह जानता है कि मेरे क्षयोपशम के अनुसार इतनी सीमा या मर्यादा वाला यह अतिशय युक्त ज्ञान-दर्शन उत्पन्न हुआ है, अतः मैं उस सीमित क्षेत्रवर्ती पदार्थों को जानता हूँ। किन्तु यह लोक और उसमें रहने वाले पदार्थ असीम हैं।

किन्तु जो श्रमण-माहन मिथ्यादृष्टि होते हैं, उनको उनमें उपरोक्त प्रकार से एकान्त आग्रह उत्पन्न हो जाता है)

Elaboration—A *samyagdrishti* (righteous) person is surprised during the initial moments of acquiring unprecedented knowledge but he is not deluded. He realizes that he has acquired only limited knowledge according to the degree of pacification-cum-destruction of *karmas*. Thus

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

he only knows limited things in a limited area but this universe is unlimited and is filled with unlimited things.

But the ascetics who are unrighteous get singularly dogmatic as mentioned above.

योनिसंग्रह–सूत्र YONI-SANGRAHA-PAD (SEGMENT OF PLACE OF ORIGIN)

३. सत्तविधे जोणिसंगहे पण्णत्ते, तं जहा–अंडजा, पोतजा, जराउजा, रसजा, संसेयजा, संमुच्छिमा, उब्भिगा।

३. योनि-संग्रह (जीवों के उत्पत्तिस्थान) सात प्रकार के हैं–(१) **अण्डज**–अण्डों से उत्पन्न होने वाले पक्षी सर्प आदि। (२) **पोतज**–चर्म-आवरण बिना उत्पन्न होने वाले हाथी, शेर आदि। (३) **जरायुज**–चर्म-आवरण रूप जरायु (जेर) से उत्पन्न होने वाले मनुष्य, गाय आदि। (४) **रसज**–दूध-दही, तेल आदि रसों में उत्पन्न होने वाले जीव। (५) **संस्वेदज**–संस्वेद (पसीना) से उत्पन्न होने वाले जूँ, लीख आदि। (६) **सम्मूर्च्छिम**–परमाणुओं के संयोग से उत्पन्न होने वाले लट आदि। (७) **उद्भिज्ज**–भूमि को भेद कर उत्पन्न होने वाले खंजनक आदि जीव।

3. *Yoni sangraha* (places of origin) are of seven kinds—**(1) Andaj** or born from an egg, as are birds, reptiles, etc. **(2) Potaj** or born as fully formed infants, as are elephants and tigers. **(3) Jarayuj** or placental, such as man, cow etc. **(4) Rasaj** or born out of liquids including milk, curd, oil etc. **(5) Samsvedaj** or born out of sweat, such as louse, nit, etc. **(6) Sammoorchanaj** or produced from asexual origin, such as worms. **(7) Udbhij** or those that burst out of the earth when born, such as *khanjanak*.

गति–आगति–पद GATI-AAGATI-PAD (SEGMENT OF BIRTH FROM AND TO)

४. अंडगा सत्तगतिया सत्तागतिया पण्णत्ता, तं जहा–अंडगे अंडगेसु उववज्जमाणे अंडगेहिंतो वा, पोतजेहिंतो वा, [जराउजेहिंतो वा, रसजेहिंतो वा, संसेयगेहिंतो वा, संमुच्छिमेहिंतो वा], उब्भिगेहिंतो वा, उववज्जेज्जा।

सच्चेव णं से अंडए अंडगत्तं विप्पजहमाणे अंडगत्ताए वा, पोतगत्ताए वा, [जराउजत्ताए वा, रसजत्ताए वा, संसयेगत्ताए वा, संमुच्छिमत्ताए वा], उब्भिगत्ताए वा गच्छेज्जा।

५. पोतगा सत्तगतिया सत्तागतिया एवं चेव। सत्तण्हवि गतिरागती भाणियव्वा जाव उब्भियत्ति।

४. अण्डज जीवों की सात गति और सात आगति होती हैं–जो जीव अण्डज योनि में उत्पन्न होता है, वह अण्डजों से या पोतजों से या जरायुजों से या रसजों से या संस्वेदजों से या सम्मूर्च्छिमों से या उद्भिज्जों से आकर उत्पन्न होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वही जीव अण्डज योनि को छोड़कर दूसरी योनि में जाता है, वह अण्डज, पोतज, जरायुज, रसज, संस्वेदज, सम्मूर्च्छिम या उद्भिज्ज रूप से जाता है। अर्थात् सातों योनियों में उत्पन्न हो सकता है।

५. पोतज जीवों की सात गति और सात आगति होती हैं। इसी प्रकार सातों ही योनि वाले जीवों की सातों ही गति-आगति होती हैं।

4. *Andaj jiva* (egg-born beings) have seven kinds of *gatis* (reincarnation to) and seven *aagatis* (reincarnation from)—A being taking birth as *Andaj* being reincarnates from either *Andaj* beings, *Potaj* beings, *Jarayuj* beings, *Rasaj* beings, *Samsvedaj* beings, *Sammoorchanaj* beings or *Udbhij* beings.

The same *Andaj* being leaving the state of *Andaj* being reincarnates in the genus of either *Andaj* beings, *Potaj* beings, *Jarayuj* beings, *Rasaj* beings, *Samsvedaj* beings, *Sammoorchanaj* beings or *Udbhij* beings. In other words it can reincarnate in any of the said seven genuses.

5. *Potaj* beings also have seven *gatis* and *aagatis*. In the same way all the said seven kinds of beings have seven kinds of *gatis* (reincarnation to) and seven *aagatis* (reincarnation from).

संग्रहस्थान-पद SANGRAHASTHAAN-PAD (SEGMENT OF PROPER MANAGEMENT)

६. आयरिय-उवज्झायस्स णं गणंसि सत्त संगहट्ठाणा पण्णत्ता, तं जहा-

(१) आयरिय-उवज्झाए णं गणंसि आणं वा धारणं वा सम्मं पउंजित्ता भवति। (२) [आयरिय-उवज्झाए णं गणंसि आहाराइणियाए किइकम्मं सम्मं पउंजित्ता भवति। (३) आयरिय-उवज्झाए णं गणंसि जे सुत्तपज्जवजाते धारेति ते काले-काले सम्ममणुप्पवाइत्ता भवति। (४) आयरिय-उवज्झाए णं गणंसि गिलाणसेहवेयावच्चं सम्ममब्भुट्ठित्ता भवति]। (५) आयरिय-उवज्झाए णं गणंसि आपुच्छियचारी यावि भवति, णो अणापुच्छियचारी। (६) आयरिय-उवज्झाए णं गणंसि अणुप्पण्णाइं उवगरणाइं सम्मं उप्पाइत्ता भवति। (७) आयरिय-उवज्झाए णं गणंसि पुव्वुप्पण्णाइं उवकरणाइं सम्मं सारक्खेत्ता संगोवित्ता भवति, णो असम्मं सारक्खेत्ता संगोवित्ता भवति।

६. आचार्य और उपाध्याय के लिए गण में सात संग्रहस्थान (गण को सुव्यवस्थित रखने का उपाय) हैं-

(१) आचार्य और उपाध्याय गण में आज्ञा (आदेश) एवं धारणा (निषेध) का सम्यक् प्रयोग करें। (२) आचार्य और उपाध्याय गण में यथारात्निक (दीक्षा-पर्याय में छोटे-बड़े के क्रम से) कृतिकर्म (वन्दनादि) का सम्यक् प्रयोग करें। (३) आचार्य और उपाध्याय जिन-जिन सूत्र-पर्यवजातों को धारण

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करते हैं, उनकी उचित प्रकार से यथासमय गण को सम्यक् वाचना देवें। (४) आचार्य और उपाध्याय गण के ग्लान (रुग्ण) और शैक्ष (नवदीक्षित) साधुओं की वैयावृत्त्य के लिए सदा सावधान रहें। (५) आचार्य और उपाध्याय गण को पूछकर अन्य प्रदेश में विहार करें, उसे पूछे बिना विहार न करें। (६) आचार्य और उपाध्याय गण के लिए अनुपलब्ध उपकरणों को यथाविधि उपलब्ध कराएँ। (७) आचार्य और उपाध्याय गण में प्राप्त उपकरणों का सम्यक् प्रकार से संरक्षण एवं संगोपन करें, असम्यक् प्रकार से–विधि का अतिक्रमण कर संरक्षण और संगोपन न करें।

6. For an *acharya* and *upadhyaya* there are seven *sangrahasthaan* (means of proper management)—

(1) In the *gana* the *acharya* and *upadhyaya* should ensure proper implementation of directive and interdictive commands (*ajna* and *dharana*). (2) In the *gana* the *acharya* and *upadhyaya* should ensure proper implementation of code of protocol in all activities including greetings (*yatharatnik kritikarma*). (3) In the *gana* the *acharya* and *upadhyaya* should ensure proper implementation of their duty of scheduled and methodical recitation of the scriptures they know. (4) In the *gana* the *acharya* and *upadhyaya* should always remain alert to ensure proper care of the sick and newly initiated ascetics. (5) In the *gana* the *acharya* and *upadhyaya* should ensure proper implementation of their obligation of seeking permission of the *gana* before traveling to another area and refrain from traveling without permission. (6) In the *gana* the *acharya* and *upadhyaya* should ensure timely supply of required ascetic-equipment (*upakaran*) following the prescribed procedure. (7) In the *gana* the *acharya* and *upadhyaya* should ensure proper care and storage of equipment received in the *gana*, and avoid improper care and storage, transgressing the prescribed code.

असंग्रहस्थान–पद ASANGRAHASTHAAN-PAD (SEGMENT OF IMPROPER MANAGEMENT)

७. आयरिय–उवज्झायस्स णं गणंसि सत्त असंगहट्ठाणा पण्णत्ता, तं जहा–

(१) आयरिय–उवज्झाए णं गणंसि आणं वा धारणं वा णो सम्मं पउंजित्ता भवति। (२) [आयरिय–उवज्झाए णं गणंसि आहाराइणियाए किंतिकम्मं णो सम्मं पउंजित्ता भवति। (३) आयरिय–उवज्झाए णं गणंसि जे सुत्तपज्जवजाते धारेति ते काले–काले णो सम्ममणुप्पवाइत्ता भवति। (४) आयरिय–उवज्झाए णं गणंसि गिलाणसेहवेयावच्चं णो सम्ममब्भुट्ठित्ता भवति। (५) आयरिय–उवज्झाए णं गणंसि अणापुच्छियचारी यावि हवइ, णो आपुच्छियचारी। (६) आयरिय–उवज्झाए णं गणंसिं अणुप्पण्णाइं उवगरणाइं णो सम्मं उप्पाइत्ता भवति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(७) आयरिय–उवज्झाए णं गणंसि] पच्चुप्पण्णाणं उवगरणाणं णो सम्मं सारक्खेत्ता संगोवेत्ता भवति।

७. आचार्य और उपाध्याय के लिए गण में सात असंग्रहस्थान (गण व्यवस्था को भंग करने वाले) हैं–

(१) आचार्य और उपाध्याय गण में आज्ञा एवं धारणा का सम्यक् प्रयोग न करें। (२) आचार्य और उपाध्याय गण में यथारात्निक कृतिकर्म का सम्यक् प्रयोग न करें। (३) आचार्य और उपाध्याय जिन सूत्र–पर्यवजातों (श्रुत ज्ञान के रहस्यों) को धारण करते हैं, उनकी यथाकाल गण को सम्यक् वाचना न देवें। (४) आचार्य और उपाध्याय ग्लान एवं शैक्ष साधुओं की यथोचित वैयावृत्त्य के लिए सदा सावधान न रहें। (५) आचार्य और उपाध्याय गण को पूछे बिना अन्यत्र विहार करें, उसे पूछ कर विहार न करें। (६) आचार्य और उपाध्याय गण के लिए अनुपलब्ध उपकरणों को सम्यक् प्रकार से उपलब्ध न कराएँ। (७) आचार्य और उपाध्याय गण में पूर्व उपलब्ध उपकरणों का सम्यक् प्रकार से संरक्षण एवं संगोपन न करें।

7. For an *acharya* and *upadhyaya* there are seven *asangrahasthaan* (means of improper management)—

(1) In the *gana* the *acharya* and *upadhyaya* do not ensure proper implementation of directive and interdictive commands (*ajna* and *dharana*). (2) In the *gana* the *acharya* and *upadhyaya* do not ensure proper implementation of code of protocol in all activities including greetings (*yatharatnik kritikarma*). (3) In the *gana* the *acharya* and *upadhyaya* do not ensure proper implementation of their duty of scheduled and methodical recitation of the scriptures they know. (4) In the *gana* the *acharya* and *upadhyaya* do not always remain alert to ensure proper care of the sick and newly initiated ascetics. (5) In the *gana* the *acharya* and *upadhyaya* do not ensure proper implementation of their obligation of seeking permission of the *gana* before traveling to another area and refrain from traveling without permission. (6) In the *gana* the *acharya* and *upadhyaya* do not ensure timely supply of required ascetic-equipment (*upakaran*) following the prescribed procedure. (7) In the *gana* the *acharya* and *upadhyaya* do not ensure proper care and storage of equipment received in the *gana*, and do not avoid improper care and storage, transgressing the prescribed code.

प्रतिमा–पद PRATIMA-PAD (SEGMENT OF SPECIAL CODES)

८. सत्त पिंडेसणाओ पण्णत्ताओ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८. पिण्ड-एषणाएँ सात हैं।

8. There are seven *pindaishanas* (seeking food).

विवेचन-(पिंडैषणा)-आहार के अन्वेषण को पिण्ड-एषणा कहते हैं। वे सात प्रकार की हैं-(१) संसृष्ट-पिण्ड-एषणा-देय वस्तु से लिप्त हाथ से, या कड़छी आदि से आहार लेना। (२) असंसृष्ट-पिण्ड-एषणा-देय वस्तु से अलिप्त हाथ से, या कड़छी आदि से आहार लेना। (३) उद्धृत-पिण्ड-एषणा-पकाने के पात्र से निकाल कर परोसने के लिए रखे हुए अन्य पात्र से आहार लेना। (४) अल्पलेपिक-पिण्ड-एषणा-रूक्ष आहार लेना। (५) अवगृहीत-पिण्ड-एषणा-खाने के लिए थाली में परोसा हुआ आहार लेना। (६) प्रगृहीत-पिण्ड-एषणा-परोसने के लिए कड़छी या चम्मच आदि से निकाला हुआ आहार लेना। (७) उज्झितधर्मा-पिण्ड-एषणा-घर वालों के भोजन करने के बाद बचा हुआ एवं परित्याग करने के योग्य आहार लेना।

Elaboration—Exploration for food is called *pindaishana*. They are of seven kinds—(1) *Samshrisht-pind-eshana*—to accept food given from hands or serving spoon soiled with the food being offered. (2) *Asamshrisht-pind-eshana*—to accept food given from unsoiled hands or unsoiled serving spoon. (3) *Uddhrit-pind-eshana*—to accept food taken out from a cooking pot and placed in another pot for serving. (4) *Alpalepik-pind-eshana*—to accept only dry food. (5) *Avagrahit-pind-eshana*—to accept food from that served in a plate for eating. (6) *Pragrahit-pind-eshana*—to accept food taken in serving spoon for serving. (7) *Ujjhitdharma-pind-eshana*—to accept leftover or discarded food after everyone in the family has eaten.

९. सत्त पाणेसणाओ पण्णत्ताओ।

९. पान-एषणाएँ सात हैं।

9. There are seven *paanaishana* (seeking drinks).

विवेचन-पीने योग्य जल आदि की गवेषणा पान-एषणा हैं। पिण्ड-एषणा के समान उसके भी सात भेद हैं। यहाँ अल्पलेपिक-पान-एषणा का अर्थ कांजी, ओसामण, उष्ण जल, चावल का धोवन आदि से है और इक्षुरस, द्राक्षारस आदि लेपकृत पान-एषणा है।

Elaboration—Exploration for water and other drinks suitable for ascetics is called *paanaishana*. The seven kinds are same as *pindaishana*. In this case *alpalepik-paan-eshana* means seeking tasteless drinks like *kanji, osaman,* hot water, rice-wash, etc. and *lepakrit-paan-eshana* means seeking tasty drinks like cane juice, grape-juice etc.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१०. सत्त उग्गहपडिमाओ पण्णत्ताओ।

१०. अवग्रह-प्रतिमाएँ सात हैं।

10. There are seven *avagraha-pratimas*.

विवेचन–(अवग्रह प्रतिमा)–वसति, उपाश्रय या स्थान-प्राप्ति सम्बन्धी प्रतिज्ञा या अभिग्रह अवग्रह प्रतिमा हैं। उसके सात प्रकार हैं–

(१) मैं अमुक प्रकार के स्थान में रहूँगा, दूसरे स्थान में नहीं। (२) मैं अन्य साधुओं के लिए स्थान की याचना करूँगा तथा दूसरों के द्वारा याचित स्थान में रहूँगा। यह गच्छान्तर्गत साधुओं के लिए होती है। (३) मैं दूसरों के लिए स्थान की याचना करूँगा, किन्तु दूसरों के द्वारा याचित स्थान में नहीं रहूँगा। यह यथालन्दिक (ज्ञान प्राप्ति हेतु कुछ समय के लिए गच्छ में रहने वाले) साधुओं के होती है। उन मुनियों के सूत्र का अध्ययन जो शेष रह जाता है, उसे पूर्ण करने के लिए वे आचार्य से सम्बन्ध रखते हैं। अतएव वे आचार्य के लिए स्थान की याचना करते हैं, किन्तु स्वयं दूसरे साधुओं के द्वारा याचित स्थान में नहीं रहते। (४) मैं दूसरों के लिए स्थान की याचना नहीं करूँगा, किन्तु दूसरों के द्वारा याचित स्थान में रहूँगा। यह जिनकल्पदशा का अभ्यास करने वाले साधुओं के होती है। (५) मैं अपने लिए स्थान की याचना करूँगा, दूसरों के लिए नहीं। यह जिनकल्पी साधुओं के होती है। (६) जिस शय्यातर का मैं स्थान ग्रहण करूँगा, उसी के यहाँ धान-पलाल आदि सहज ही प्राप्त होगा तो लूँगा, अन्यथा उकडू या अन्य नैषधिक आसन से बैठकर ही रात बिताऊँगा। यह जिनकल्पी या अभिग्रहविशेष के धारी साधुओं के होती है। (७) जिस शय्यातर का मैं स्थान ग्रहण करूँगा, उसी के यहाँ सहज ही बिछे हुए काष्ठपट्ट (तख्ता, चौकी) आदि प्राप्त होगा तो लूँगा, अन्यथा उकडू आदि आसन से बैठा-बैठा ही रात बिताऊँगा। यह अवग्रहप्रतिमा भी जिनकल्पी या अभिग्रहविशेष धारी साधुओं के होती है। *(हिन्दी टीका भाग-२, पृष्ठ ३६७। वृत्ति. पत्र २१५। प्रवचन सारोद्धार गाथा ७४४)*

Elaboration—Special resolution regarding seeking place of stay is called *avagraha-pratima*. It is of seven kinds—

(1) I will stay at this specific type of place and no other. (2) I will seek place of stay for other ascetics and live at the place sought by others. This is done for the ascetic of the same *gachchha*. (3) I will seek place of stay for others but will not stay at a place sought by others. This is meant for *yathalandik* (who stay with a *gachchha* for a short duration for studies). Such ascetics remain with an *acharya* to complete their studies. Therefore they seek place of stay for the *acharya* but do not stay at a place sought by other ascetics. (4) I will not seek place of stay for others but stay at a place sought by others. This is meant for the ascetics who are preparing for *Jinkalp* state. (5) I will seek place of stay for myself but not for others. This is meant for *Jinakalpi* ascetics. (6) I will accept hay or other things to make bed only if readily available with the

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय ११

Illustration No. 11

सात प्रकार की पिण्डैषणा

आहार ग्रहण सम्बन्धी विशेष प्रकार का संकल्प/अभिग्रह लेकर गवेषणा करना पिण्डैषणा है। गृहस्थ मुनि को भिक्षार्थ आये देखकर प्रसन्नतापूर्वक भक्त-पान का लाभ देने की प्रार्थना करता है। फिर मुनि इन सात विधियों में से अपने अभिग्रहानुसार आहार ग्रहण करते हैं। यह पिण्डैषणा सात प्रकार की है-

(१) **संसृष्ट पिण्डैषणा**-गृहस्थ श्रमण को आहार देते समय देय वस्तु से लिप्त हाथ या कड़छी आदि से आहार देता है। इसी प्रकार अन्य भेद हैं। जैसे-(२) **असंसृष्ट पिण्डैषणा**, (३) **उद्धृत पिण्डैषणा**, (४) **अल्पलेपिक पिण्डैषणा**, (५) **अवग्रहीत पिण्डैषणा**, (६) **प्रग्रहीत पिण्डैषणा**, तथा (७) **उज्झितधर्मा पिण्डैषणा**-बचा हुआ/शेष भोजन या फैंकने योग्य आहार देना। *(विशेष वर्णन मूल सूत्र के अर्थ और विवेचन में देखें)*

-स्थान ७, सूत्र ८

SEVEN PINDAISHANAS

Exploration for food after taking some specific resolve is called *pindaishana*. A householder happily offers food when he sees an ascetic coming at his door seeking alms. The ascetic then accepts food according to the specific resolve he has taken out of the seven resolves listed here. Such exploration is of seven kinds—

(1) *Samshrisht-pind-eshana*—to accept food given from hands or serving spoon soiled with the food being offered. In the same way the other kinds are (2) *Asamshrisht-pind-eshana*, (3) *Uddhrit-pind-eshana*, (4) *Alpalepik-pind-eshana*, (5) *Avagrahit-pind-eshana*, (6) *Pragrahit-pind-eshana*, and (7) *Ujjhitdharma-pind-eshana*. *(for details refer to the text and elaboration)*

—Sthaan 7, Sutra 8

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

person who has provided the place of stay, otherwise I will spend the night sitting in some specific posture. (7) I will accept wooden plank or bed already laid at the accepted place of stay, otherwise I will spend the night sitting in some specific posture. The last two *pratimas* are meant for *Jinakalpi* ascetics or those who have taken these specific resolves. *(Vritti, leaf 215; Hindi Tika, part-2, p. 367; Pravachanasaroddhar, verse 744)*

आचारचूला-पद ACHAARACHULA-PAD (SEGMENT OF ACHAARACHULA)

११. सत्तसत्तिक्कया पण्णत्ता। १२. सत्त महज्झयणा पण्णत्ता।

११. सात सप्तैकक हैं। अर्थात् आचारचूला की दूसरी चूलिका के उद्देशक-रहित अध्ययन सात हैं। प्रत्येक अध्ययन का नाम सप्त-एकक है। उनके नाम इस प्रकार हैं-(१) स्थान, (२) नैषेधिकी, (३) उच्चारप्रस्रवणविधि, (४) शब्द, (५) रूप, (६) परक्रिया, (७) अन्योन्यक्रिया।

१२. सात महान् अध्ययन हैं। सूत्रकृतांग के दूसरे श्रुतस्कन्ध के अध्ययन पहले श्रुतस्कन्ध के अध्ययनों की अपेक्षा बड़े हैं, उन्हें महान् अध्ययन कहा है। उनके नाम इस प्रकार हैं-(१) पुण्डरीक, (२) क्रियास्थान, (३) आहार-परिज्ञा, (४) प्रत्याख्यानक्रिया, (५) अनाचार-श्रुत, (६) आर्द्रककुमारीय, (७) नालन्दीय।

11. There are seven *Saptaikaks*. In the second *Chulika* (appendix) of *Achaarachula* their are seven chapters without lessons. The title of each of these chapters is *Sapta-ekak*. Their names are—(1) *Sthaan*, (2) *Naishedhiki*, (3) *Uchchara-prasravan* vidhi, (4) *Shabd*, (5) *Rupa*, (6) *Parakriya* and (7) *Anyonya kriya*.

12. There are seven *Mahan Adhyayans* (great chapters). The chapters in the second *Shrutaskandh* of *Sutrakritanga Sutra* are voluminous as compared with those in the first *Shrutaskandh*. These are called *Mahan Adhyayans*. Their names are—(1) *Pundareek*, (2) *Kriyasthaan*, (3) *Ahar-parijna*, (4) *Pratyakhyan kriya*, (5) *Anachar-shrut*, (6) *Ardrakumariya* and (7) *Nalandiya*.

प्रतिमा-पद PRATIMA-PAD (SEGMENT OF SPECIAL CODES)

१३. सत्तसत्तमिया णं भिक्खुपडिमा एकूणपण्णताए राइंदिएहिं एगेण य छण्णउएणं भिक्खासतेणं अहासुत्तं (अहाअत्थं अहातच्चं अहामग्गं अहाकप्पं सम्मं काएणं फासिया पालिया सोहिया तीरिया किट्टिया) आराहिया यावि भवति।

१३. सप्तसप्तमिका (७ × ७ =) भिक्षुप्रतिमा ४९ दिन-रात तथा १९६ भिक्षादत्तियों के द्वारा यथासूत्र, यथार्थ, यथातत्त्व, यथामार्ग, यथाकल्प तथा सम्यक् प्रकार काय से आचीर्ण, पालित, शोधित, पूरित, कीर्त्तित और आराधित की जाती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

13. The *Saptasaptamika Bhikshupratima* (a specific practice with special codes) is sincerely observed (*palit*), purified (*shodhit*; for transgressions), completed (*purit*; for breaking fast), concluded (*kirtit*; break the fast) and successfully performed (*aradhit*) for 49 (7 × 7) days and nights with 196 *bhikshadattis* (servings of alms) according to the scriptures (*yathasutra*), correct interpretation (*yatha-arth*), prescribed procedure (*yathamarg*) and code of praxis (*yathakalp*), perfectly following fundamentals (*yathatattva*), with equanimity (*samata*) and touching the body (actually, not just conceptually).

विवेचन–भिक्षुप्रतिमाएँ १२ हैं। उनमें से सप्तसप्तमिका प्रतिमा सात सप्ताहों में क्रमशः एक-एक भक्त-पान की दत्ति द्वारा सम्पन्न की जाती है, उसका क्रम इस प्रकार है-

प्रथम सप्तक या सप्ताह में प्रतिदिन १-१ भक्त-पान दत्ति का योग ७ भिक्षादत्तियाँ।

द्वितीय सप्तक में प्रतिदिन २-२ भक्त-पान दत्तियों का योग १४ भिक्षादत्तियाँ।

तृतीय सप्तक में प्रतिदिन ३-३ भक्त-पान दत्तियों का योग २१ भिक्षादत्तियाँ।

चतुर्थ सप्तक में प्रतिदिन ४-४ भक्त-पान दत्तियों का योग २८ भिक्षादत्तियाँ।

पंचम सप्तक में प्रतिदिन ५-५ भक्त-पान दत्तियों का योग ३५ भिक्षादत्तियाँ।

षष्ठ सप्तक में प्रतिदिन ६-६ भक्त-पान दत्तियों का योग ४२ भिक्षादत्तियाँ।

सप्तम सप्तक में प्रतिदिन ७-७ भक्त-पान दत्तियों का योग ४९ भिक्षादत्तियाँ।

इस प्रकार सातों सप्ताहों के ४९ दिनों की भिक्षादत्तियाँ १९६ होती हैं। सप्तसप्तमिका भिक्षुप्रतिमा ४९ दिन और ११६ भिक्षादत्तियों के द्वारा यथाविधि आराधित की जाती है

विशेष शब्दों के अर्थ : **अहासुत्तं**–सूत्र में बताई विधि के अनुसार। **अहाकप्पं**–मर्यादा अनुष्ठान के अनुसार, **अहातच्चं**–यथातथ्य पूर्ण रूप में, **अहासम्मं**–समता भाव पूर्वक, **काएणफासिया**–शरीर से स्पर्श करना, **पालिया**–उपयोग पूर्वक पालन किया। **सोहिया**–अतिचारों की शुद्धि की, **तीरिया**–पारणे की अवधि पूरी की, **किट्टिया**–कीर्तित-पारणे के दिन अभिग्रह फलित होने पर पारणा किया, **आराहिया**–सम्यक् प्रकार से आराधित किया। *(हिन्दी टीका भाग-२ पृष्ठ ३६९)*

Elaboration—There are twelve *Bhikshu Pratimas*. Out of these the *Saptasaptamika Bhikshupratima* is observed for seven weeks with an increasing number of additional *dattis* (servings) per day every week. Its order is as follows—

During the first *saptak* or week only one *datti* each of food and water is taken every day. Total 7 *dattis*.

During the second week two *dattis* each of food and water is taken every day. Total 14 *dattis*.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

During the third week three *dattis* each of food and water is taken every day. Total 21 *dattis*.

During the fourth week four *dattis* each of food and water is taken every day. Total 28 *dattis*.

During the fifth week five *dattis* each of food and water is taken every day. Total 35 *dattis*.

During the sixth week six *dattis* each of food and water is taken every day. Total 42 *dattis*.

During the seventh week seven *dattis* each of food and water is taken every day. Total 49 *dattis*.

Thus the total number of *dattis* for 49 days of seven weeks is 196. This *Saptasaptamika Bhikshupratima* is concluded in 49 days with 196 servings following the prescribed procedure.

With regard to technical terms the English translation is self explanatory.

अधोलोकस्थिति-पद ADHOLOK-STHITI-PAD
(SEGMENT OF STRUCTURE OF LOWER WORLD)

१४. अहेलोगे णं सत्त पुढवीओ पण्णत्ताओ। १५. सत्त घणोदधीओ पण्णत्ताओ। १६. सत्त घणवाता पण्णत्ता। १७. सत्त तणुवाता पण्णत्ता। १८. सत्त ओवासंतरा पण्णत्ता। १९. एतेसु णं सत्तसु ओवासंतरेसु सत्त तणुवाया पइट्ठिया। २०. एतेसु णं सत्तसु तणुवातेसु सत्त घणवाता पइट्ठिया। २१. एतेसु णं सत्तसु घणवातेसु सत्त घणोदधी पतिट्ठिया। २२. एतेसु णं सत्तसु घणोदधीसु पिंडलग-पिहुल-संठाण-संठियाओ सत्त पुढवीओ पण्णत्ताओ, तं जहा-पढमा जाव सत्तमा।

२३. एतासि णं सत्तण्हं पुढवीणं सत्त णामधेज्जा पण्णत्ता, तं जहा-घम्मा, वंसा, सेला, अंजणा, रिट्ठा, मघा, माघवती। २४. एतासि णं सत्तण्हं पुढवीणं सत्त गोत्ता पण्णत्ता, तं जहा-रयणप्पभा, सक्करप्पभा, वालुअप्पभा, पंकप्पभा, धूमप्पभा, तमा, तमतमा।

१४. अधोलोक में सात पृथ्वियाँ हैं। १५. सात घनोदधि हैं। १६. सात घनवात हैं। १७. सात तनुवात हैं। १८. सात अवकाशान्तर (तनुवात, घनवात आदि के मध्यवर्ती अन्तराल क्षेत्र) हैं। १९. इन सात अवकाशान्तरों में सात तनुवात प्रतिष्ठित हैं। २०. इन सात तनुवातों पर सात घनवात प्रतिष्ठित हैं। २१. इन घनवातों पर सात घनोदधि प्रतिष्ठित हैं। २२. इन सातों घनोदधियों पर फूल की टोकरी के समान चौड़े संस्थान वाली सात पृथिवियां हैं, पहली से लेकर सातवीं तक।

२३. इन सातों पृथिवियों के सात नाम हैं-(१) घमा, (२) वंशा, (३) शैला, (४) अंजना, (५) रिष्टा, (६) मघा, (७) माघवती। २४. इन सात पृथिवियों के (अर्थ के अनुकूल नाम वाले) सात

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गोत्र हैं। (१) रत्नप्रभा, (२) शर्कराप्रभा, (३) वालुकाप्रभा, (४) पंकप्रभा, (५) धूमप्रभा, (६) तमःप्रभा, (७) तमस्तमःप्रभा।

14. In *Adholok* (lower world) there are seven *prithvis* (earth). **15.** (In *Adholok*) there are seven *Ghanodadhi* (dense or frozen water). **16.** (In *Adholok*) there are seven *Ghanavaat* (dense air). **17.** (In *Adholok*) there are seven *Tanuvaat* (rarefied air). **18.** (In *Adholok*) there are seven *avakashantar* (intervening space). **19.** Seven *Tanuvaats* are *pratishthit* (installed) in these seven *avakashantars*. **20.** Seven *Ghanavaats* are installed on these seven *Tanuvaats*. **21.** Seven *Ghanodadhis* are installed on these seven *Ghanavaats*. **22.** On these seven *Ghanavaats* are installed seven *prithvis* with a wide structure like that of a basket of flowers, from one to seven.

23. These seven *prithvis* have seven names—(1) Ghama, (2) Vamsha, (3) Shaila, (4) Anjana, (5) Rishta, (6) Magha and (7) Maaghavati. **24.** These seven *prithvis* have seven *gotras* (class names based on attributes)—(1) Ratna-prabha, (2) Sharkara-prabha, (3) Baluka-prabha, (4) Pank-prabha, (5) Dhoom-prabha, (6) Tamah-prabha and (7) Tamastamah-prabha.

बादरवायुकायिक-पद BADAR-VAYUKAYIK-PAD (SEGMENT OF GROSS AIR-BODIED BEINGS)

२५. सत्तविहा बायरवाउकाइया पण्णत्ता, तं जहा—पाईणवाते, पडीणवाते, दाहीणवाते, उदीणवाते, उड्ढवाते, अहेवाते, विदिसिवाते।

२५. बादर वायुकायिक जीव सात प्रकार के हैं। (१) पूर्व दिशा की वायु, (२) पश्चिम दिशा की वायु, (३) दक्षिण दिशा की वायु, (४) उत्तर दिशा की दिशा, (५) ऊर्ध्वदिशा की वायु, (६) अधोदिशा की वायु और (७) विदिशा की वायु।

25. *Badar vayukayik jivas* (gross air-bodied beings) are of seven kinds—(1) wind flowing from the east, (2) wind flowing from the west, (3) wind flowing from the south, (4) wind flowing from the north, (5) wind flowing from the Zenith, (6) wind flowing from the Nadir and (7) wind flowing from the intermediate directions like Ishaan.

संस्थान-पद SAMSTHAN-PAD (SEGMENT OF STRUCTURE)

२६. सत्त संठाणा पण्णत्ता, तं जहा—दीहे, रहस्से, वट्टे, तंसे, चउरंसे, पिहुले, परिमंडले।

२६. संस्थान (पुद्गलों के आकार) सात प्रकार के हैं–(१) दीर्घसंस्थान (आयत), (२) ह्रस्वसंस्थान, (३) वृत्तसंस्थान (गेंद की तरह गोलाकार), (४) त्र्यस्र–(त्रिकोण–) संस्थान, (५) चतुरस्र–(चौकोण–) संस्थान, (६) पृथुल–(स्थूल विस्तीर्ण–) संस्थान, (७) परिमण्डल (अण्डे या नारंगी के समान) संस्थान।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

26. *Samsthan* (structure or shape of matter) is of seven kinds—(1) *deergh* (large or rectangular) *samsthan*, (2) *hrasva* (short or small) *samsthan*, (3) *vritta* (circular) *samsthan*, (4) *tryasra* or *trikone* (triangular) *samsthan*, (5) *chaturasra* or *chatushkone* (square or quadrangular) *samsthan*, (6) *prithul* (elongated) *samsthan* and (7) *parimandal* (oval like an egg or flattened like an orange) *samsthan*.

भयस्थान-पद BHAYA-PAD (SEGMENT OF FEAR)

२७. सत्त भयट्ठाणा पण्णत्ता, तं जहा—इहलोगभए, परलोगभए, आदाणभए, अकम्हाभए, वेयणभए, मरणभए, असिलोगभए।

२७. भय के स्थान सात हैं–(१) **इहलोकभय**–इस लोक में मनुष्य तिर्यंच आदि से होने वाला भय। अथवा स्वजातीयप्राणी से उत्पन्न भय, (२) **परलोकभय**–परलोक सम्बन्धी भय। अथवा विजातीय प्राणी से उत्पन्न भय। (३) **आदानभय**–सम्पत्ति आदि के अपहरण का भय। (४) **अकस्माद्भय**–अचानक या अकारण होने वाला भय। (५) **वेदनाभय**–रोग-पीड़ा आदि का भय। (६) **मरणभय**–मरने का भय। (७) **अश्लोकभय**–अपकीर्ति का भय।

27. There are seven *sthaans* (reasons) of fear—(1) *Ihalok bhaya*—fear of animals or humans in this world or that of beings of same species. (2) *Paralok bhaya*—fear related to the other world (next birth) or that from beings of other species. (3) *Aadan bhaya*—fear of loosing wealth. (4) *Akasmat bhaya*—sudden or causeless fear. (5) *Vedana bhaya*—fear of ailment or pain. (6) *Maran bhaya*—fear of death. (7) *Ashlok bhaya*—fear of infamy.

छद्मस्थ-पद CHHADMASTH-PAD (SEGMENT OF THE UNRIGHTEOUS)

२८. सत्तहिं ठाणेहिं छउमत्थं जाणेज्जा, तं जहा—पाणे अइवाएत्ता भवति। मुसं वइत्ता भवति। अदिण्णं आदित्ता भवति। सद्दफरिसरसरूवगंधे आसादेत्ता भवति। पूयासक्कारं अणुवूहेत्ता भवति। इमं सावज्जंति पण्णवेत्ता पडिसेवेत्ता भवति। णो जहावादी तहाकारी यावि भवति।

२८. सात स्थानों से छद्मस्थ जाना जाता है–(१) जो प्राणियों का घात करता है। (२) जो मृषा (असत्य) बोलता है। (३) जो अदत्त (बिना दी) वस्तु को ग्रहण करता है। (४) जो शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गन्ध का आस्वाद लेता है। (५) जो अपने पूजा और सत्कार का अनुमोदन करता है। (६) जो 'यह सावद्य (सदोष) है', ऐसा कहकर भी उसका प्रतिसेवन करता है। (७) जो जैसा कहता है, वैसा नहीं करता।

28. A *chhadmasth* (unrighteous person) is recognized by seven *sthaans* (activities)—(1) One who harms or destroys life or living beings. (2) One who tells a lie (*mrisha*). (3) One who takes a thing without being given (*adattadan*). (4) One who enjoys sound, touch, taste, form, and

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

smell. (5) One who encourages his worship and respect. (6) One who indulges in an activity even after branding it as faulty (*savadya*). (7) One who does not do what he says.

केवलि-पद KEVALI-PAD (SEGMENT OF OMNISCIENT)

२९. सत्तहिं ठाणेहिं केवली जाणेज्जा, तं जहा–णो पाणे अइवाइत्ता भवति। [णो मुसं वइत्ता भवति। णो अदिण्णं आदित्ता भवति। णो सद्दफरिसरसरूवगंधे आसादेत्ता भवति। णो पूयासक्कारं अणुवूहेत्ता भवति। इमं सावज्जंति पण्णवेत्ता णो पडिसेवेत्ता भवति]। जहावादी तहाकारी यावि भवति।

२९. सात स्थानों (कारणों) से केवली जाना जाता है–(१) जो प्राणियों का घात नहीं करता है। (२) जो मृषा नहीं बोलता है। (३) जो अदत्त वस्तु को ग्रहण नहीं करता है। (४) जो शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गन्ध का आस्वादन नहीं लेता है। (५) जो पूजा और सत्कार का अनुमोदन नहीं करता है। (६) जो 'यह सावद्य है' ऐसा कह कर उसका प्रतिसेवन नहीं करता है। (७) जो जैसा कहता है, वैसा करता है।

29. A *Kevali* (omniscient) is recognized by seven *sthaans* (activities)—(1) One who does not harm or destroy life or living beings. (2) One who does not tell a lie (*mrisha*). (3) One who does not take a thing without being given (*adattadan*). (4) One who does not enjoy sound, touch, taste, form, and smell. (5) One who does not encourage his worship and respect. (6) One who does not indulge in an activity after branding it as faulty (*savadya*). (7) One who does what he says.

गोत्र-पद GOTRA-PAD (SEGMENT OF CLAN NAME)

३०. सत्त मूलगोत्ता पण्णत्ता, तं जहा–

कासवा, गोतमा, वच्छा, कोच्छा, कोसिआ, मंडवा, वासिट्ठा।

३०. मूल गोत्र सात हैं–(१) काश्यप, (२) गौतम, (३) वत्स, (४) कुत्स, (५) कौशिक, (६) माण्डव, (७) वाशिष्ठ।

30. There are seven *mool gotra* (original clan names)—(1) Kaashyap, (2) Gautam, (3) Vatsa, (4) Kutsa, (5) Kaushik, (6) Mandava and (7) Vaashisht.

विवेचन–किसी एक महापुरुष से उत्पन्न हुई वंश-परम्परा को गोत्र कहते हैं। प्रारम्भ में सूत्रोक्त के सात मूल गोत्र थे। कालान्तर में उन्हीं से अनेक उत्तर गोत्र भी उत्पन्न हो गये। सातो मूल गोत्रों का उदाहरण सहित परिचय इस प्रकार है–

(१) काश्यपगोत्र–मुनिसुव्रत और अरिष्टनेमि जिनको छोड़कर शेष बाईस तीर्थंकर, सभी चक्रवर्ती (क्षत्रिय), सातवें से ग्यारहवें गणधर (ब्राह्मण) और जम्बूस्वामी (वैश्य) आदि सभी काश्यप गोत्रीय थे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२) गौतम गोत्र–मुनिसुव्रत और अरिष्टनेमि जिन, नारायण और पद्म को छोड़कर सभी बलदेव–वासुदेव तथा इन्द्रभूति, अग्निभूति और वायुभूति, ये तीन गणधर गौतम गोत्रीय थे।

(३) वत्सगोत्र–दशवैकालिक के रचयिता शय्यम्भवसूरि आदि वत्सगोत्रीय थे।

(४) कौत्स गोत्र–शिवभूति आदि कौत्स गोत्रीय थे।

(५) कौशिक गोत्र–षडुलुक (रोहगुप्त) आदि कौशिक गोत्रीय थे।

(६) माण्डव गोत्र–मण्डुऋषि के वंशज माण्डव्य गोत्रीय कहलाये।

(७) वाशिष्ठ गोत्र–वशिष्ठ ऋषि के वंशज वाशिष्ठ गोत्रीय कहे जाते हैं तथा छठे गणधर और आर्य सुहस्ती आदि को भी वाशिष्ठ गोत्रीय कहा गया है।

Elaboration—The family lineage starting from some great man is called *gotra*. As mentioned in scriptures there were only seven *gotras* in the beginning. With passage of time many sub-*gotras* evolved from these. The seven original *gotras* with names of some important persons belonging to each lineage are as follows—

(1) Kaashyap gotra—Except Munisuvrat and Arishtanemi all twenty two Tirthankars, all the Chakravartis (*Kshatriya*), seventh to eleventh Ganadhars (*Brahmin*), and Jambuswami (*Vaishya*) belonged to this *gotra*.

(2) Gautam gotra—Tirthankars Munisuvrat and Arishtanemi; all *Baladevas* and *Vasudevas* except Narayan and Padma; and three *Ganadhars*. Indrabhuti, Agnibhuti and Vayubhuti belonged to this *gotra*.

(3) Vatsa gotra—Shayyambhava Suri, the author of *Dashavaikalik Sutra* belonged to this *gotra*.

(4) Kutsa gotra—Shivabhuti belonged to this *gotra*.

(5) Kaushik gotra—Shaduluk (Rohagupta) belonged to this *gotra*.

(6) Mandava gotra—The descendants of Mandu Rishi were called Mandavya *gotriya*.

(7) Vaashisht gotra—The descendants of Vashisht Rishi were called Vashist *gotriya*. The sixth *Ganadhar* and Arya Suhasti are said to have belonged to this *gotra*.

३१. जे कासवा ते सत्तविधा पण्णत्ता, तं जहा–ते कासवा, ते संडिल्ला, ते गोला, ते वाला, ते मुंजइणो, ते पव्वतिणो, ते वसिकण्हा। ३२. जे गोतमा ते सत्तविधा पण्णत्ता, तं जहा–ते गोतमा, ते गग्गा, ते भारद्दा, ते अंगिरसा, ते सक्कराभा, ते भक्खराभा, ते उदत्ताभा। ३३. जे वच्छा ते सत्तविधा पण्णत्ता, तं जहा–ते वच्छा, ते अग्गेया, ते मित्तेया, ते सामलिणो, ते सेलयया, ते अट्ठिसेणा, ते वीयकण्हा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३१. जो काश्यप गोत्रीय हैं, वे सात प्रकार के हैं–(१) काश्यप, (२) शाण्डिल्य, (३) गोल, (४) बाल, (५) मौज्जकी, (६) पर्वती, (७) वर्षकृष्ण। ३२. गौतम गोत्रीय सात प्रकार के हैं–(१) गौतम, (२) गार्ग्य, (३) भारद्वाज, (४) आङ्गिरस, (५) शर्कराभ, (६) भास्कराभ, (७) उदत्ताभ। ३३. वत्स गोत्रीय सात प्रकार के हैं–(१) वत्स, (२) आग्नेय, (३) मैत्रेय, (४) शाल्मली, (५) शैलक, (६) अस्थिषेण, (७) वीतकृष्ण।

31. Kashyap *gotriyas* are of seven kinds—(1) Kashyap, (2) Shandilya, (3) Gole, (4) Baal, (5) Maujjaki, (6) Parvati and (7) Varshakrishna. **32.** Gautam *gotriyas* are of seven kinds—(1) Gautam, (2) Gargya, (3) Bharadvaaj, (4) Aangiras, (5) Sharkarabh, (6) Bhaskarabh and (7) Udattabh. **33.** Vatsa *gotriyas* are of seven kinds—(1) Vatsa, (2) Aagneya, (3) Maitreya, (4) Shaalmali, (5) Shailak, (6) Asthishen and (7) Vitakrishna.

३४. जे कोच्छा ते सत्तविधा पण्णत्ता, तं जहा–ते कोच्छा, ते मोग्गलायणा, ते पिंगलायणा, ते कोडीणा ते मंडलिणो, ते हारिता, ते सोमया। ३५. जे कोसिआ ते सत्तविधा पण्णत्ता, तं जहा–ते कोसिआ, ते कच्चायणा, ते सालंकायणा, ते गोलिकायणा, ते पक्खिकायणा, ते अग्गिच्चा, ते लोहिच्चा। ३६. जे मंडवा ते सत्तविधा पण्णत्ता, तं जहा–ते मंडवा, ते आरिट्ठा, ते संमुता, ते तेला, ते एलावच्चा, ते कंडिल्ला, ते खारायणा। ३७. जे वासिट्ठा ते सत्तविधा पण्णत्ता, तं जहा–ते वासिट्ठा, ते उंजायणा, ते जारुकण्हा, ते वग्घावच्चा, ते कोडिण्णा, ते सण्णी, ते पारासरा।

३४. जो कौत्स हैं, वे सात प्रकार के हैं–(१) कौत्स, (२) मौद्गलायन, (३) पिङ्गलायन, (४) कौडिन्य, (५) मण्डली, (६) हारित, (७) सौम्य। ३५. जो कौशिक हैं, वे सात प्रकार के हैं–(१) कौशिक, (२) कात्यायन, (३) सालंकायन, (४) गोलिकायन, (५) पाक्षिकायन, (६) आग्नेय, (७) लौहित्य। ३६. जो माण्डव हैं, वे सात प्रकार के हैं–(१) माण्डव, (२) अरिष्ट, (३) सम्मुत, (४) तैल, (५) एलापत्य, (६) काण्डिल्य, (७) क्षारायण। ३७. जो वाशिष्ठ हैं, वे सात प्रकार के हैं–(१) वाशिष्ठ, (२) उञ्जायण, (३) जरत्कृष्ण, (४) व्याघ्रापत्य, (५) कौण्डिन्य, (६) संज्ञी, (७) पाराशर।

34. Kautsa *gotriyas* are of seven kinds—(1) Kautsa, (2) Maudgalayan, (3) Pingalayan, (4) Kaundinya, (5) Mandali, (6) Haarit and (7) Saumya. **35.** Kaushik *gotriyas* are of seven kinds—(1) Kaushik, (2) Katyayan, (3) Saalankayan, (4) Golikayan, (5) Pakshikayan, (6) Aagneya and (7) Lauhitya. **36.** Mandava *gotriyas* are of seven kinds—(1) Mandava, (2) Arisht, (3) Sammut, (4) Tail, (5) Elapatya, (6) Kandilya and (7) Ksharayan. **37.** Vaashist *gotriyas* are of seven kinds—(1) Vaashisht, (2) Unjayan, (3) Jaratkrishna, (4) Vyaghrapatya, (5) Kaundinya, (6) Sanjni and (7) Paaraashar.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नय-पद NAYA-PAD (SEGMENT OF STAND-POINTS)

३८. सत्त मूल णया पण्णत्ता, तं जहा–णेगमे, संगहे, ववहारे, उज्जुसुते, सद्दे, समभिरूढे, एवंभूते।

३८. मूल नय सात हैं–(१) **नैगमनय**–भेद (विशेष) और अभेद (सामान्य) दोनों को ग्रहण करने वाला। (२) **संग्रह**–केवल अभेद को ग्रहण करने वाला। (३) **व्यवहारनय**–केवल भेद को ग्रहण करने वाला नय। (४) **ऋजुसूत्रनय**–वर्तमान क्षणवर्ती पर्याय को वस्तु रूप में स्वीकार करने वाला। (५) **शब्दनय**–भिन्न-भिन्न लिंग, वचन, कारक आदि के भेद से वस्तु में भेद मानने वाला। (६) **समभिरूढ़नय**–लिंगादि का भेद न होने पर भी पर्यायवाची शब्दों के भेद से वस्तु को भिन्न मानने वाला नय। (७) **एवम्भूतनय**–वर्तमान क्रिया-परिणत वस्तु को ही वस्तु मानने वाला। *(सात नयों का विस्तृत विवेचन हिन्दी टीका भाग २ पृष्ठ ३८० से ३८२ पर देखें)*

38. Original *nayas* (stand-points) are seven—**(1) Naigama naya**—deals with *bhed* (particular) and *abhed* (general) both. **(2) Samgraha naya**—deals with *abhed* (general) only. **(3) Vyavahara naya**—deals with *bhed* (particular) only. **(4) Rijusutra naya**—accepts the mode at the present moment as the thing. **(5) Shabda naya**—accepts variations in things depending on the grammatical definitions, such as gender, tense, verb etc. **(6) Samabhirudha naya**—accepts variations in things based on synonyms even in absence of grammatical differences. **(7) Evambhuta naya**—accepts a thing only if it is in action at the present moment. *(For detailed description of seven nayas refer to Hindi Tika, part-2, pp. 380-382)*

स्वरमंडल-पद SVARAMANDAL-PAD (SEGMENT OF SPHERE OF MUSICAL SCALES)

३९. सत्त सरा पण्णत्ता, तं जहा–

सज्जे रिसभे गंधारे, मज्झिमे पंचमे सरे।
धेवते चेव णेसादे, सरा सत्त वियाहिता॥१॥ (संग्रहणी-गाथा)

३९. स्वर सात हैं–(१) षड्ज, (२) ऋषभ, (३) गान्धार, (४) मध्यम, (५) पंचम, (६) धैवत, (७) निषाद।

39. There are seven *svar* (musical notes)—(1) *Shadj*, (2) *Rishabh*, (3) *Gaandhaar*, (4) *Madhyam*, (5) *Pancham*, (6) *Dhaivat*, and (7) *Nishad*.

विवेचन–(१) **षड्ज**–नासिका, कण्ठ, उरस, तालू, जिह्वा और दन्त इन छह स्थानों से उत्पन्न होने वाला स्वर–'स'। (२) **ऋषभ**–नाभि से उठकर कण्ठ और शिर से टकराकर ऋषभ (बैल) के समान गर्जना करने वाला स्वर–'रे'। (३) **गान्धार**–नाभि से समुत्थित एवं कण्ठ और शीर्ष से आहत तथा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विशेष प्रकार की गन्ध को धारण करने वाला स्वर–'ग'। (४) **मध्यम**–नाभि से उठकर वक्ष और हृदय से समाहत होकर पुनः नाभि में जाने वाला महानाद 'म'। शरीर के मध्य भाग से उत्पन्न होने के कारण यह मध्यम स्वर कहा जाता है। (५) **पंचम**–नाभि, वक्ष, हृदय, कण्ठ और शिर इन पाँच स्थानों से उत्पन्न होने वाला स्वर–'प'। (६) **धैवत**–पूर्वोक्त सभी स्वरों का अनुसन्धान करने वाला या उनके पीछे दौड़ने वाला–'ध'। (७) **निषाद**–सभी स्वरों को समाहित करने वाला स्वर–'नी'।

Elaboration—(1) *Shadj* (Sa)—this note is produced by the combined activity of six parts of the human body, *i.e.* nose, throat, chest, palate, tongue, and teeth. (2) *Rishabh* (Re)—This note resembles the roaring of a bull (*rishabh*) and is produced by the wind rising from the navel and striking the upper part of the throat. (3) *Gandhar* (Ga)—It is produced by wind which rises from the navel and strikes at the heart and the throat. This note is so called because it is the carrier of fragrance. (4) *Madhyam* (Ma)—A loud note rising from the navel striking at the chest and heart and reflecting back to the navel. As it originates from the middle part of the body it is called *madhyam* (middle). (5) *Pancham* (Pa)—This note is produced with the involvement of five parts of the body, namely navel, chest, heart, throat and head. (6) *Dhaivat* (Dha)—This note follows or chases all other notes. (7) *Nishad* (Ni)—This note envelops all other notes.

स्वरोत्पत्तिस्थान SVAROTPATTISTHAAN (POINTS OF ORIGIN OF MUSICAL NOTES)

४०. एएसि णं सत्तण्हं सराणं सत्त सरट्ठाणा पण्णत्ता, तं जहा–

सज्जं तु अग्गजिब्भाए, उरेण रिसभं सरं।
कंठुग्गतेण गंधारं मज्झजिब्भाए मज्झिमं ॥१॥

णासाए पंचमं बूया, दंतोट्ठेण य धेवतं।
मुद्धाणेण च णेसादं, सरट्ठाणा वियाहिता ॥२॥

४०. इन सात स्वरों के सात (उच्चारण स्थान) स्वर-स्थान हैं–(१) षड्ज का, जिह्वा का अग्रभाग। (२) ऋषभ का, उरस्थल। (३) गान्धार का, कण्ठ। (४) मध्यम का, जिह्वा का मध्य भाग। (५) पंचम का, नाक। (६) धैवत का, दन्त–ओष्ठ का संयोग। (७) निषाद का, शिर।

40. These seven *svars* (musical notes) have seven *Svar-sthaan* (points of origin)—(i) *Shadj* is produced from the tip of the tongue. (2) *Rishabh* is produced from the chest. (3) *Gandhar* is produced from the throat. (4) *Madhyam* is produced from the middle of the tongue. (5) *Pancham* is

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

produced from the nose. (6) *Dhaivat* is produced from the teeth and lips. (7) *Nishad* is produced from head.

जीव निश्रित सप्त स्वर JIVA NISHRIT SAPT SVAR (SEVEN MUSICAL NOTES PRODUCED BY LIVING BEINGS)

४१. सत्त सरा जीवणिस्सिता पण्णत्ता, तं जहा—

सज्जं रवति मयूरो, कुक्कुडो रिसभं सरं।
हंसो णदति गंधारं, मज्झिमं तु गवेलगा॥१॥

अह कुसुमसंभवे काले, कोइला पंचमं सरं।
छट्ठं च सारसा कोंचा, णेसायं सत्तमं गजो॥२॥

४१. जीव निःसृत सात स्वर हैं-(१) मयूर षड्ज स्वर में, (२) कुक्कुट ऋषभ स्वर में, (३) हंस गान्धार स्वर में, (४) गवेलक (भेड़) मध्यम स्वर में, (५) कोयल वसन्त ऋतु में पंचम स्वर में, (६) क्रौञ्च और सारस धैवत स्वर में, (७) हाथी निषाद स्वर में बोलता है।

41. There are seven *jiva nishrit svar* (musical notes produced by living beings)—(1) Pea-cock produces *Shadj svar*. (2) Cock produces *Rishabh svar*. (3) Swan produces *Gandhar svar*. (4) Sheep or ram (*gavelak*) produces *Madhyam svar*. (5) Cuckoo produces *Pancham svar* (in the spring season). (6) Cranes and curlews (*kraunch*) produce *Dhaivat svar*. (7) Elephant produces *Nishad svar*.

अजीव निःसृत सप्तस्वर AJIVA NISHRIT SAPT SVAR (SEVEN MUSICAL NOTES PRODUCED BY NON-LIVING THINGS)

४२. सत्त सरा अजीवणिस्सिता पण्णत्ता, तं जहा—

सज्जं रवति मुइंगो, गोमुही रिसभं सरं।
संखो णदति गंधारं, मज्झिमं पुण झल्लरी॥१॥

चउचलणपतिट्ठाणा, गोहिया पंचमं सरं।
आडंबरो धेवतियं, महाभेरी य सत्तमं॥२॥

४२. अजीव-निःसृत सात स्वर हैं-(१) मृदंग से षड्ज स्वर, (२) गोमुखी से ऋषभ स्वर, (३) शंख से गान्धार स्वर, (४) झल्लरी से मध्यम स्वर, (५) चार चरणों पर प्रतिष्ठित गोधिका से पंचम स्वर, (६) ढोल से धैवत स्वर, (७) महाभेरी से निषाद स्वर निकलता है

42. There are seven *ajiva nishrit svar* (musical notes produced by non-living things)—(1) *Mridang* produces *Shadj svar*. (2) *Gomukhi* (*Turuhi* or *Narasingha*; trumpet like musical instrument) produces *Rishabh svar*.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(3) Conch-shell produces *Gandhar svar*. (4) *Jhallari* (*Jhanjh;* Cymbal like musical instrument) produces *Madhyam svar*. (v) *Godhika* fixed on four legs (a type of musical instrument) produces *Pancham svar*. (6) *Dhol* (a percussion instrument like big kettledrum) produces *Dhaivat svar*. (7) *Mahabheri* (a huge drum) produces *Nishad svar*.

स्वरों के लक्षण तथा फल CHARACTERISTICS AND RESULTS OF SEVEN SVARS

४३. एतेसि णं सत्तण्हं सराणं सत्त सरलक्खणा पण्णत्ता, तं जहा–

सज्जेण लभति वित्तिं, कतं च णं विणस्सति।
गावो मित्ता य पुत्ता य णारीणं चेव वल्लभो॥१॥

रिसभेण उ एसज्जं, सेणावच्चं धणाणि य।
वत्थगंधमलंकारं इत्थिओ सयणाणि य॥२॥

गंधारे गीतजुत्तिण्णा, वज्जवित्ती कलाहिया।
भवंति कइओ पण्णा, जे अण्णे सत्थपारगा॥३॥

मज्झिमसरसंपण्णा, भवंति सुहजीविणो।
खायती पियती देती, मज्झिमसरमस्सितो॥४॥

पंचमसरसंपण्णा, भवंति पुढवीपती।
सूरा संगहकत्तारो अणेगगणणायगा॥५॥

धेवतसरसंपण्णा, भवंति कलहप्पिया।
'साउणिया वग्गुरिया, सोयरिया मच्छबंधा य'॥६॥

'चंडाला मुट्ठीया मेया, जे अण्णे पावकम्मिणो।
गोघातगा य जे चोरा, णेसायं सरमस्सिता'॥७॥

४३. इन सात स्वरों के सात लक्षण (तथा उनका फल) इस प्रकार है–

(१) षड्ज स्वर वाला मनुष्य आजीविका प्राप्त करता है, उसका प्रयत्न व्यर्थ नहीं जाता। उसके गाएँ, मित्र और पुत्र होते हैं। वह स्त्रियों को प्रिय होता है। (२) ऋषभ स्वर वाला मनुष्य ऐश्वर्य, सेनापतित्व, धन, वस्त्र, गन्ध, आभूषण, स्त्री, शयन और आसन को प्राप्त करता है। (३) गान्धार स्वर वाला मनुष्य गाने में कुशल, वादित्र वृत्तिवाला, कलानिपुण, कवि, प्राज्ञ और अनेक शास्त्रों का पारगामी होता है। (४) मध्यम स्वर से सम्पन्न पुरुष सुख से खाता, पीता, जीता और दान देता है। (५) पंचम स्वर वाला पुरुष भूमिपाल, शूर-वीर संग्राहक और अनेक गणों का नायक होता है। (६) धैवत स्वर वाला पुरुष कलहप्रिय, पक्षियों को मारने वाला (चिड़ीमार) हिरण, सूकर और मच्छी मारनें वाला होता है। (७) निषाद स्वर वाला पुरुष चाण्डाल, वधिक, मुक्केबाज, गो-घातक, चोर और अनेक प्रकार के पाप करने वाला होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

43. There are seven characteristics (based on the results or fruits) of these seven svars—

(1) A person with *Shadj svar* easily gains his livelihood and his efforts are never wasted. He is endowed with cattle, friends and sons. He is popular among women. (2) A person with *Rishabh svar* gains grandeur, status of a commander, wealth and grains, apparels, perfumes, ornaments, woman, and furniture. (3) A person with *Gandhar svar* is a musician fond of giving performances. He is an accomplished artist and poet besides being wise, clever, and scholarly. (4) A person with *Madhyam svar* is a happy-go-lucky man who eats, drinks, gives charity and lives as he wishes. (5) A person with *Pancham svar* is a landlord, employer of warriors, and a leader of men. (6) A person with *Dhaivat svar* is quarrelsome, hunter of birds, animals including deer, pigs and fish. (7) A person with *Nishad svar* (musical note) is *chandal* (keeper of cremation ground), butcher, boxer, cow-slaughterer, thief and indulges in a variety of sinful and despicable activities.

सात स्वरों के ग्राम और मूर्च्छनाएँ GRAM AND MURCHCHHANA

४४. एतेसि णं सत्तण्हं सराणं तओ गामा पण्णत्ता, तं जहा—सज्जगामे, मज्झिमगामे, गंधारगामे।

४४. इन सातों स्वरों के तीन ग्राम हैं–(१) षड्जग्राम, (२) मध्यमग्राम, (३) गान्धारग्राम।

44. There are three *grams* (scales) of these seven *svars*—(1) *Shadj gram*, (2) *Madhyam gram*, (3) *Gaandhaar gram*.

४५. सज्जगामस्स णं सत्त मुच्छणाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

मंगी कोरव्वीया, हरी य रयणी य सारकंता य।
छट्ठी य सारसी णाम, सुद्धसज्जा य सत्तमा॥१॥

४६. मज्झिमगामस्सं णं सत्त मुच्छणाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

उत्तरमंदा रयणी, उत्तरा उत्तरायता।
अस्सोकंता य सोवीरा, अभिरू हवति सत्तमा॥१॥

४७. गंधारगामस्स णं सत्त मुच्छणाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

णंदी य खुद्दिमा पूरिमा, य चउत्थी य सुद्धगंधरा।
उत्तरगंधारावि य, पंचमिया हवति मुच्छा उ॥१॥

सुट्ठुत्तरमायामा, सा छट्ठी णियमसो उ णायव्वा।
अह उत्तरायता, कोडिमा य सा सत्तमी मुच्छा॥२॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४५. षड्जग्राम की आरोह-अवरोह, या उतार-चढ़ाव रूप सात मूर्च्छनाएँ हैं-(१) मंगी, (२) कौरवीया, (३) हरित्, (४) रजनी, (५) सारकान्ता, (६) सारसी, (७) शुद्ध षड्जा।

४६. मध्यमग्राम की सात मूर्च्छनाएँ हैं-(१) उत्तरमन्दा, (२) रजनी, (३) उत्तरा, (४) उत्तरायता, (५) अश्वक्रान्ता, (६) सौवीरा, (७) अभिरूद्गता।

४७. गान्धार ग्राम की सात मूर्च्छनाएँ हैं-(१) नन्दी, (२) क्षुद्रिका, (३) पूरका, (४) शुद्धगान्धारा, (५) उत्तरगान्धारा, (६) सुष्ठुतर आयामा, (७) उत्तरायता कोटिमा।

45. The *Shadj gram* (scale) has seven *Murchchhanas* (modulations)—(1) *Mangi*, (2) *Kauraviya*, (3) *Harit*, (4) *Rajani*, (5) *Sarakanta*, (6) *Sarasi*, and (7) *Shuddha Shadja*.

46. The *Madhyam gram* (scale) has seven *Murchchhanas* (modulations)—(1) *Uttaramanda*, (2) *Rajani*, (3) *Uttara*, (4) *Uttarayata*, (5) *Ashvakranta*, (6) *Sauvira*, and (7) *Abhirudgata*.

47. The *Gandhar gram* (scale) has seven *Murchchhanas* (modulations)—(1) *Nandi*, (2) *Kshudrika*, (3) *Purima*, (4) *Shuddha Gandhara*, (5) *Uttara Gandhara*, (6) *Sushtutar-ayama*, and (7) *Uttarayata-korima*.

४८. (प्रश्न) सत्त सरा कतो संभवंति ? गीतस्स का भवति जोणी ?
कतिसमया उस्सासा ? कति वा गीतस्स आगारा ? ॥१॥

(उत्तर) सत्त सरा णाभीतो, भवंति गीतं च रुण्णजोणीयं।
पदमसया ऊसासा, तिण्णि य गीयस्स आगारा ॥२॥

आइमिउ आरंभता, समुव्वहंता य मज्झगारंमि।
अवसाणे य झवेंता, तिण्णि य गेयस्स आगारा ॥३॥

छद्दोसे अट्ठगुणे, तिण्णि य वित्ताइं दो य भणितीओ।
जो णाहिति सो गाहिइ, सुसिक्खिओ रंगमज्झमि ॥४॥

(छह दोष) भीतं दुतं रहस्सं, गायंतो मा य गाहि उत्तालं।
काकस्सरमणुणासं च होंति गेयस्स छद्दोसा ॥५॥

(आठ गुण) पुण्णं रत्तं च अलंकियं च वत्तं तहा अविघुट्ठं।
मधुरं समं सुललियं, अट्ठ गुणा होंति गेयस्स ॥६॥

उर-कंठ-सिर-विसुद्धं, च गिज्जते मयउ-रिभिअ-पदबद्धं।
समतालपदुक्खेवं, सत्तसरसीहरं गेयं ॥७॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(गेय के आठ गुण) णिद्दोसं सारवंतं च, हेउजुत्तमलंकियं।
उवणीतं सोवयारं च, मितं मधुरमेव य॥८॥

(छन्द के तीन प्रकार) सममद्धसमं चेव, सव्वत्थ विसमं च जं।
तिण्णि वित्तप्पयाराइं, चउत्थं णोपलब्भती॥९॥

(गीत की भाषा) सक्कता पागता चेव, दोण्णि य भणिति आहिया।
सरमंडलंमि गिज्जंते पसत्था इसिभासिता॥१०॥

केसी गायति मधुरं ? केसी गायति खरं च रुक्खं च ?
विस्सरं पुण केरिसी ?॥११॥

सामा गायाइ मधुरं, काली गायइ खरं च रुक्खं च।
विस्सरं पुण पिंगला॥१२॥

(सप्तस्वरसीभर) तंतिसमं तालसमं, पादसमं लयसमं गहसमं च।
णीससिऊससियसमं संचारसमा सरा सत्त॥१३॥

सत्त सरा तओ गामा, मुच्छणा एकविंसती।
ताणा एगूणपण्णासा, समत्तं सरमंडलं॥१४॥

४८. (१) प्रश्न– सातों स्वर कहाँ से, किससे उत्पन्न होते हैं ? गीत की योनि–जाति क्या है ? उसका उच्छ्वासकाल कितने समय का है ? और गीत के आकार कितने होते हैं ?

(२–३) उत्तर– सातों स्वर नाभि से उत्पन्न होते हैं। रुदन गेय की योनि–जाति है। जितने समय में किसी छन्द का एक चरण गाया जाता है, उतना उसका उच्छ्वासकाल होता है। गीत के तीन आकार होते हैं–आदि में मृदु, मध्य में तीव्र और अन्त में मन्द।

(४) संगीत के छह दोषों, आठ गुणों, तीन वृत्तों और गीत की दो भाषाओं को भली प्रकार जानने वाला कुशल कलाकार रंग मंच पर जाता है।

(५) गीत के छह दोष इस प्रकार हैं–१. **भीत दोष**–डरते हुए गाना। २. **द्रुत दोष**–शीघ्रता वश गाना। ३. **ह्रस्व दोष**–शब्दों को लघु बनाकर या हाँफते हुए गाना। ४. **उत्ताल दोष**–ताल के अनुसार न गाना। ५. **काकस्वर दोष**–काक के समान कर्ण–कटु स्वर से गाना। ६. **अनुनास दोष**–नाक के स्वरों से गाना।

(६) गीत के आठ गुण इस प्रकार हैं–१. **पूर्ण गुण**–स्वर के आरोह–अवरोह आदि से परिपूर्ण गाना। २. **रक्त गुण**–गाये जाने वाले राग से परिष्कृत गाना। ३. **अलंकृत गुण**–विभिन्न स्वरों से सुशोभित गाना। ४. **व्यक्त गुण**–स्पष्ट स्वर से गाना। ५. **अविघुष्ट गुण**–नियत या नियमित स्वर से गाना। ६. **मधुर गुण**–मधुर स्वर से गाना। ७. **सम गुण**–ताल, वीणा आदि का अनुसरण करते हुए गाना। ८. **सुकुमार गुण**–ललित, कोमल लय से गाना।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(७) गीत के ये आठ गुण और भी होते हैं–१. **उरोविशुद्ध**–जो स्वर उरःस्थल में विशाल होता है। २. **कण्ठविशुद्ध**–जो स्वर कण्ठ में नहीं फटता है, या साफ कण्ठ से गाना। ३. **शिरोविशुद्ध**–जो स्वर शिर से उत्पन्न होकर भी नासिका से मिश्रित नहीं होता। ४. **मृदु**–जो राग कोमल स्वर से गाया जाता है। ५. **रिभित**– जिस गीत में स्वर घोलन हो, आलाप के कारण खेल–सा करता हुआ स्वर। ६. **पद–बद्ध–गेय** पदों से निबद्ध रचना। ७. **समताल पादोत्क्षेप**–जिसमें ताल, झांझ आदि का शब्द और नर्तक का पादनिक्षेप, ये सब सम हों, अर्थात् एक दूसरे से मिलते हों। ८. **सप्तस्वरसीभर**–जिसमें सातों स्वर तंत्री आदि के सम हों।

(८) गेय पदों के आठ गुण इस प्रकार हैं–१. **निर्दोष**–बत्तीस प्रकार के दोषों से रहित। २. **सारवन्त**–सारभूत अर्थ से युक्त होना। ३. **हेतुयुक्त**–अर्थ–साधक हेतु से संयुक्त होना। ४. **अलंकृत**–काव्य–गत अलंकारों से युक्त होना। ५. **उपनीत**–उपसंहार से युक्त होना। ६ **सोपचार**–कोमल, अविरुद्ध और अलज्जनीय अर्थ का प्रतिपादन करना, अथवा व्यंग्य या हँसी से संयुक्त होना। ७. **मित**–अल्प पद और अल्प अक्षर वाला होना। ८. **मधुर**–शब्द, अर्थ और प्रतिपादन की अपेक्षा प्रिय होना।

(९) वृत्त–छन्द तीन प्रकार के होते हैं–१. **सम**–जिसमें चरण और अक्षर सम हों, अर्थात् चार चरण हों और उनमें गुरु–लघु अक्षर भी समान हों अथवा जिसके चारों चरण सरीखे हों। २. **अर्धसम**–जिसमें चरण या अक्षरों में से कोई एक सम हो, या विषम चरण होने पर भी उनमें गुरु–लघु अक्षर समान हों। अथवा जिसके प्रथम और तृतीय चरण तथा द्वितीय और चतुर्थ चरण समान हों। ३. **सर्वविषम**–जिसमें चरण और अक्षर सब विषम हों। अथवा जिसके चारों चरण विषम हों। इनके अतिरिक्त चौथा प्रकार नहीं पाया जाता है।

(१०) भणिति–गीत की भाषा दो प्रकार की कही गई है–संस्कृत और प्राकृत। ये दोनों प्रशस्त और ऋषिभाषित हैं और स्वर–मण्डल में गाई जाती हैं।

(११) प्रश्न–मधुर गीत कौन गाती है? परुष और रूक्ष कौन गाती है? चतुर गीत कौन गाती है? विलम्ब गीत कौन गाती है? द्रुत (शीघ्र) गीत कौन गाती है? तथा विस्वर गीत कौन गाती है?

(१२) उत्तर–श्यामा स्त्री मधुर गीत गाती है। काली स्त्री खर, परुष और रूक्ष गाती है। केशी स्त्री चतुर गीत गाती है। काणी स्त्री विलम्ब गीत गाती है। अन्धी स्त्री द्रुत गीत गाती है और पिंगला स्त्री विस्वर गीत गाती है।

(१३) **सप्तस्वरसीभर की व्याख्या**–१. **तन्त्रीसम**–तंत्री–स्वरों के साथ–साथ गाया जाने वाला गीत। २. **तालसम**–ताल–वादन के साथ–साथ गाया जाने वाला गीत। ३. **पादसम**–स्वर के अनुकूल निर्मित गेयपद के अनुसार गाया जाने वाला गीत। ४. **लयसम**–वीणा आदि को आहत करने पर जो लय उत्पन्न होती है, उसके अनुसार गाया जाने वाला गीत–साज–बाज की लय अनुसार गाना। ५. **ग्रहसम**–वीणा आदि के द्वारा जो स्वर पकड़े जाते हैं, उसी के अनुसार गाया जाने वाला गीत। ६. **निःश्वसितोच्छ्वसित सम**–सांस लेने और छोड़ने के क्रमानुसार गाया जाने वाला गीत। ७. **संचारसम**–सितार आदि के साथ गाया जाने वाला गीत।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रकार गीत स्वर तंत्री आदि के साथ सम्बन्धित होकर सात प्रकार का हो जाता है।

(१४) **उपसंहार**–इस प्रकार सात स्वर, तीन ग्राम और इक्कीस मूर्च्छनाएँ होती हैं। प्रत्येक स्वर सात तानों से गाया जाता है, इसलिए ७ × ७ = ४९ भेद हो जाते हैं। इस प्रकार स्वर-मण्डल का वर्णन समाप्त हुआ।

(सात स्वरों का यही वर्णन सचित्र अनुयोगद्वार सूत्र भाग-१ स्वर मण्डल में पृष्ठ ४००-४१७ तक है)

48. (Question) Where is the origin of seven *svars* ? What is the origin or genus of song ? What is the length of breath (utterance in one breath) (of a song) ? How many are the special tones of a song) ? (1)

(Answer) The place of origin of seven *svars* (musical notes) is navel. Wailing is the origin or genus of song. The length of breath (utterance in one breath) of a song is same as the metrical quarter of a stanza. There are three special tones of a song—Soft at the beginning, raise to high at the middle, and end with low tone. (2, 3)

There are six faults, eight merits, three meters, and two languages (in singing a song). A well trained performer who knows these can give a recital on a stage. (4)

Six faults of singing are as follows—(1) *Bheet dosh*—to sing with fright. (2) *Drut dosh*—to sing fast. (3) *Hrasva dosh*—to sing with abbreviated words or unstable breathing. (4) *Uttal dosh*—to sing out of beats or rhythm. (5) *Kaak-svar dosh*—to sing in crow-like harsh or coarse voice. (6) Anunasa dosh— to sing in nasal voice. (5)

Eight merits of singing are as follows—(1) *Purna guna*—to sing with perfection rendering all notes and modulations. (2) *Rakta Guna*—to sing following proper grammar of the *Raga*. (3) *Alankrit Gun*— to sing with selection of melodious notes. (4) *Vyakta guna*—to sing with clear rendering of words and notes. (5) *Avighusta gun*—to sing without discordance and distortions. (6) *Madhur guna*—to sing in sweet tone. (7) *Sama guna*—to sing harmoniously with rhythm and beat. (8) *Sukumar guna*— to sing with enchanting combination of softness and melody. (6)

There are eight other merits of singing—(1) *Urovishuddha*—to sing with a note resounding from the chest. (2) *Kanthavishuddha*—to sing with note that does not get distorted in the throat. (3) *Shirovishuddha*—to sing with a note that originates in the head but does not become nasal. (4) *Mridu*—to sing with soft and regulated note. (5) *Ribhita*—to sing with fine variations and modulations in notes producing enchanting

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

effects on audience. (6) *Padabaddha*—to sing a song with attractive poetic composition of words. (7) *Samatalapadokshepa*—to sing in perfect harmony and rhythm with beats, instrumental music, and dancing steps. (8) *Saptasvar Sibhara*—to sing with notes that are in perfect tuning with accompanying notes from musical instruments.

The eight merits of a song are as followsn—(1) *Nirdosh*—It should be free of thirty two faults. (2) *Saravanta*—It should be meaningful. (3) *Hetuyukta*—It should be purposeful. (4) *Alankrit*—It should be embellished with poetic qualities. (5) *Upanit*—It should be well concluded. (6) *Sopachar*—It should be expressive of kind, consistent, and blameless meaning or it should be satirical and mirthful. (7) *Mit*—It should be well measured (not tediously long). (8) *Madhur*—It should be sweet in terms of word, meaning as well as rendering. (8)

There are three kinds of *vritta* (*chhand* or meter) of a song—(1) *Sam*—wherein all the quarter-verses are identical in structure measured in equal number of syllables (long and short). (2) *Ardh-sam*—wherein first quarter-verse is identical in structure with third and second with fourth. (3) *Sarva Visham*—wherein all the four quarter-verses are different in structure. There is no fourth kind. (9)

There are said to be two languages of songs—*Sanskrit* and *Prakrit*. These two languages are exalted and spoken by sages. They are sung in full range of *svars* (musical notes). (10)

(Question) What sort of woman sings in sweet tone ? What sort of woman sings in rough and harsh tone ? What sort of woman sings with skill ? What sort of woman sings in slow rhythm ? What sort of woman sings in quick rhythm ? What sort of woman sings out of tune ? (11)

(Answer) A young woman sings in sweet tone. A woman with dark complexion sings in rough and harsh tone. A woman with fair complexion sings with skill. A one-eyed woman sings in slow rhythm. A blind woman sings in quick rhythm. A woman with pale or tawny complexion sings out of tune. (12)

The details about *Saptasvar Sibhar* are as follows—(1) *Tantri-sam*—there is a harmony with *tantri* (instrumental music). (2) *Taal sam*—there is a harmony with beats (of percussion instruments). (3) *Pada sam*—there is a harmony with lyrics. (4) *Laya sam*—there is a harmony with rhythm of musical instruments (string, wind, and other). (5) *Graha*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

sam—there is a harmony with the set notes of musical instruments. (6) *Nishvasitocchavasit sam*—there is a harmony with inhalation and exhalation. (7) *Sanchar sam*—there is a harmony with the (speed of) movement of fingers on musical instruments.

Thus the rendering of a song has seven qualities in consonance with musical instruments. (13)

Conclusion—Thus there are seven *svars* (musical notes), three *grams* (scales), and twenty one *murchchhanas* (modulations). Each *svar* (musical note) is sung with seven tones making a total of 49 tones. This concludes the description of the sphere of *svars* (musical notes).

(These details about seven musical notes are also available in Illustrated Anuyogadvar Sutra, part-1, pp. 400-417)

कायक्लेश-पद KAYAKLESH-PAD (SEGMENT OF MORTIFICATION OF BODY)

४९. सत्तविधे कायकिलेसे पण्णत्ते, तं जहा–ठाणातिए, उक्कुडुयासणिए, पडिमाठाई, वीरासणिए, णेसज्जिए, दंडायतिए, लगंडसाई।

४९. कायक्लेश तप सात प्रकार का है–(१) **स्थानायतिक**–खड़े होकर कायोत्सर्ग मुद्रा में स्थिर होना। (२) **उत्कुटुकासन**–दोनों पैरों को भूमि पर टिकाकर उकडू बैठना। (३) **प्रतिमास्थायी**–भिक्षुप्रतिमा की विभिन्न मुद्राओं में स्थित रहना। (४) **वीरासनिक**–सिंहासन पर बैठने के समान दोनों घुटनों पर हाथ रखकर अवस्थित होना। (५) **नैषधिक**–पालथी मारकर स्थिर हो स्वाध्याय करने की मुद्रा में बैठना। (६) **दण्डायतिक**–डण्डे के समान सीधे चित्त लेटकर दोनों हाथों और पैरों को सटाकर अवस्थित रहना। (७) **लगंडशायी**–भूमि पर सीधे लेटकर लकुट के समान एड़ियाँ और शिर को भूमि से लगाकर पीठ आदि मध्यवर्ती भाग को ऊपर उठाये रखना।

49. *Kayaklesh tap* (austerities of mortification of body) is of seven kinds—**(1) Sthanayatik**—to stand straight and still, dissociating thoughts from the body. **(2) Utkatukasan**—to sit squatting with feet straight on the ground. **(3) Pratimasthaayi**—to sit in various postures related to *bhikshupratima* (special austerities). **(4) Virasanik**—to sit in *Virasan* (posture resembling sitting on a chair without a chair). **(5) Naishadyik**—to sit cross-legged. **(6) Dandayatik**—to sleep flat on the back with legs straight like a rod. **(7) Lagandashayik**—to adopt a posture where head and heal touch the floor and the back is raised.

विवेचन–कायक्लेश बाह्यतप का पाँचवाँ भेद है। कायक्लेश का उद्देश्य, शरीर को क्लेश या कष्ट देना नहीं, किन्तु विविध आसनों द्वारा, उपसर्गों व कष्टों को सहन करते हुए शरीर की मूर्च्छा मिटाना और तितिक्षा भाव की वृद्धि करना है। प्रस्तुत सूत्र में वर्णित सातों भेद आसन से सम्बन्धित हैं। औपपातिक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र में आसनों के अतिरिक्त सूर्य की आतापना लेना, सर्दी में वस्त्र विहीन रहना, शरीर को नहीं खुजलाना, विभूषा नहीं करना–यह सभी कायक्लेश के प्रकार बताएँ हैं।

प्रतिमास्थायी का अर्थ है–दशाश्रुतस्कन्ध में वर्णित भिक्षु प्रतिमाओं की विविध मुद्राओं में स्थित रहना। (७) **वीरासनिक**–वीरासन की व्याख्या भिन्न-भिन्न प्रकार की है। बद्धपद्मासन की या पद्मासन की मुद्रा में बैठना। अभयदेवसूरि के अनुसार सिंहासन पर बैठकर उसे निकाल देने पर जो मुद्रा बनती है, वह वीरासन है। इससे धैर्य, कष्ट, सहिष्णुता तथा शरीर का सन्तुलन बनाये रखने की क्षमता बढ़ती है।

इसी सूत्र के पाँचवें स्थान सूत्र ५० पर निषद्या के पाँच आसन बताये हैं। अतः तदनुसार निषद्या का अर्थ है बैठकर किये जाने वाले आसन।

Elaboration—*Kayaklesh* is the fifth category of external austerities. In fact it is not aimed at tormenting the body but at eliminating the natural fondness for one's own body by ignoring discomforts of adopting various tough postures and also enduring afflictions. This enhances the capacity of forbearance as well. These seven kinds are related to body postures. In *Aupapatik Sutra* other kinds of *kayaklesh* are mentioned—to endure heat of the sun, to remain unclad in winter, not to scratch body when itching, and avoid embellishing body.

Pratimasthayi means to adopt different postures related to *Bhikshu pratimas* (special austerities) mentioned in *Dashashrutskandh* (7). *Virasanik*—there are numerous descriptions of this posture. To sit in *baddha padmasan* or *padmasan* (variations of lotus pose). Abhayadev Suri has described it as 'posture resembling sitting on a chair without a chair'. This posture enhances the capacity of patience, tolerance and physical balance.

In aphorism 50 of the fifth Sthaan of this book five sitting postures have been included in *nishadya*. Thus *nishadya* broadly means sitting postures.

क्षेत्र, पर्वत, नदी–पद KSHETRA, PARVAT, NADI-PAD (SEGMENT OF AREAS, MOUNTAINS, RIVERS)

५०. जंबुद्दीवे दीवे सत्त वासा पण्णत्ता, तं जहा–भरहे, एरवते, हेमवते, हेरण्णवते, हरिवासे, रम्मगवासे, महाविदेहे। ५१. जंबूद्दीवे दीवे सत्त वासहरपव्वया पण्णत्ता, तं जहा–चुल्लहिमवंते, महाहिमवंते, णिसढे, णीलवंते, रुप्पी, सिहरी, मंदरे।

५०. जम्बूद्वीप द्वीप में सात वर्ष (क्षेत्र) हैं–(१) भरत, (२) ऐरवत, (३) हैमवत, (४) हैरण्यवत, (५) हरिवर्ष, (६) रम्यकवर्ष, (७) महाविदेह। ५१. जम्बूद्वीप द्वीप में सात वर्षधर पर्वत हैं–

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(१) क्षुद्रहिमवान्, (२) महाहिमवान्, (३) निषध, (४) नीलवान, (५) रुक्मी, (६) शिखरी, (७) मन्दर (सुमेरु पर्वत)।

50. In Jambu continent there are seven *varsh* (areas)—(1) Bharat, (2) Airavat, (3) Haimavat, (4) Hairanyavat, (5) Harivarsh, (6) Ramyak-varsh and (7) Mahavideh. **51.** In Jambu continent there are seven *Varsh-dhar parvats* (mountains)—(1) Kshudra Himavan, (2) Mahahimavan, (3) Nishadh, (4) Nilavaan, (5) Rukmi, (6) Shikhari and (7) Mandar (Sumeru).

५२. जंबूद्दीवे दीवे सत्त महाणदीओ पुरत्थाभिमुहीओ लवणसमुद्दं समप्पेंति, तं जहा—गंगा, रोहिता, हरी, सीता, णरकंता, सुवण्णकूला, रत्ता। ५३. जंबुद्दीवे दीवे सत्त महाणदीओ पच्चत्थाभिमुहीओ लवणसमुद्दं समप्पेंति, तं जहा—सिंधू, रोहितंसा, हरिकंता, सीतोदा, णारिकंता, रूप्पकूला, रत्तावती।

५२. जम्बूद्वीप द्वीप में सात महानदियाँ पूर्वाभिमुख होती हुई लवणसमुद्र में मिलती हैं–(१) गंगा, (२) रोहिता, (३) हरित, (४) सीता, (५) नरकान्ता, (६) सुवर्णकूला, (७) रक्ता। ५३. जम्बूद्वीप द्वीप में सात महानदियाँ पश्चिमाभिमुख होती हुई लवणसमुद्र में मिलती हैं–(१) सिन्धु, (२) रोहितांशा, (३) हरिकान्ता, (४) सीतोदा, (५) नारीकान्ता, (६) रूप्यकूला, (७) रक्तवती।

52. In Jambu continent east-flowing seven *mahanadis* (great rivers) fall into Lavan Samudra—(1) Ganga, (2) Rohita, (3) Harit, (4) Sita, (5) Narakanta, (6) Suvarnakoola and (7) Rakta. **53.** In Jambu continent west-flowing seven *mahanadis* (great rivers) fall into Lavan Samudra—(1) Sindhu, (2) Rohitamsha, (3) Harikanta, (4) Sitoda, (5) Narikanta, (6) Rupyakoola and (7) Raktavati.

५४. धायइसंडदीवपुरत्थिमद्धे णं सत्त वासा पण्णत्ता, तं जहा—भरहे, [एरवते, हेमवते, हेरण्णवते, हरिवासे, रम्मगवासे] महाविदेहे। ५५. धायइसंडदीवपुरत्थिमद्धे णं सत्त वासहरपव्वता पण्णत्ता, तं जहा—चुल्लहिमवंते, (महाहिमवंते, णिसढे, णीलवंते, रुप्पी, सिहरी), मंदरे।

५४. धातकीषण्डद्वीप के पूर्वार्ध में सात वर्ष (क्षेत्र) हैं–(१) भरत, (२) ऐरवत, (३) हैमवत, (४) हैरण्यवत, (५) हरिवर्ष, (६) रम्यक्वर्ष, (७) महाविदेह। ५५. धातकीषण्ड द्वीप के पूर्वार्ध में सात वर्षधर पर्वत हैं–(१) क्षुद्रहिमवान् (२) महाहिमवान् (३) निषध, (४) नीलवान् (५) रुक्मी, (६) शिखरी, (७) मन्दर।

54. In the eastern half of Dhatakikhand continent there are seven *varsh* (areas)—(1) Bharat, (2) Airavat, (3) Haimavat, (4) Hairanyavat, (5) Harivarsh, (6) Ramyak-varsh and (7) Mahavideh. **55.** In the eastern half of Dhatakikhand continent there are seven *Varsh-dhar parvats*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(mountains)—(1) Kshudra Himavan, (2) Mahahimavan, (3) Nishadh, (4) Nilavaan, (5) Rukmi, (6) Shikhari and (7) Mandar.

५६. धायइसंडदीवपुरत्थिमद्धे णं सत्त महाणदीओ पुरत्थाभिमुहीओ कालोयसमुद्दं समप्पेंति, तं जहा—गंगा, (रोहिता, हरी, सीता, णरकंता, सुवण्णकूला), रत्ता।

५६. धातकीषण्ड द्वीप के पूर्वार्ध में सात महानदियाँ पूर्वाभिमुख होती हुई कालोदसमुद्र में मिलती हैं–(१) गंगा, (२) रोहिता, (३) हरित्, (४) सीता, (५) नरकान्ता, (६) सुवर्णकूला, (७) रक्ता।

56. In the eastern half of Dhatakikhand continent east-flowing seven *mahanadis* (great rivers) fall into Kalod Samudra—(1) Ganga, (2) Rohita, (3) Harit, (4) Sita, (5) Narakanta, (6) Suvarnakoola and (7) Rakta.

५७. धायइसंडदीवपुरत्थिमद्धे णं सत्त महाणदीओ पच्चत्थाभिमुहीओ लवणसमुद्दं समप्पेंति तं जहा—सिंधू, [रोहितंसा, हरिकंता, सीतोदा, णारिकंता, रुप्पकूला], रत्तावती। ५८. धायइसंडदीवे पच्चत्थिमद्धे णं सत्तवासा एवं चेव, णवरं—पुरत्थाभिमुहीओ लवणसमुद्दं समप्पेंति, पच्चत्थाभिमुहीओ कालोदं। सेसं तं चेव।

५७. धातकीषण्ड द्वीप के पूर्वार्ध में सात महानदियाँ पश्चिमाभिमुख होती हुई लवणसमुद्र में मिलती हैं–(१) सिन्धु, (२) रोहितांशा, (३) हरिकान्ता, (४) सीतोदा, (५) नारीकान्ता, (६) रूप्यकूला, (७) रक्तवती। ५८. धातकीषण्ड द्वीप के पश्चिमार्ध में सात वर्ष वर्षधर पर्वत और सात महानदियाँ इसी प्रकार–धातकीषण्ड के पूर्वार्ध के समान ही हैं। अन्तर केवल इतना है कि पूर्वाभिमुखी नदियाँ लवणसमुद्र में और पश्चिमाभिमुखी नदियाँ कालोदसमुद्र में मिलती हैं। शेष सब वर्णन वही है।

57. In the eastern half of Dhatakikhand continent west-flowing seven *mahanadis* (great rivers) fall into Lavan Samudra—(1) Sindhu, (2) Rohitamsha, (3) Harikanta, (4) Sitoda, (5) Narikanta, (6) Rupyakoola and (7) Raktavati. **58.** In the western half of Dhatakikhand continent there are seven *varsh* (areas), seven *Varsh-dhar parvats* (mountains) and seven *mahanadis* (great rivers) like those in the eastern half of Dhatakikhand continent. The only difference is that the east-flowing rivers fall in Lavan Samudra and the west flowing rivers fall in Kalod Samudra. All other details are same.

५९. पुक्खरवरदीवद्धपुरत्थिमद्धे णं सत्त वासा तहेव, णवरं—पुरत्थाभिमुहाओ पुक्खरोदं समुद्दं समप्पेंति, पच्चत्थाभिमुहीओ कालोदं समुद्दं समप्पेंति। सेसं तं चेव। ६०. एवं पच्चत्थिमद्धेवि णवरं—पुरत्थाभिमुहीओ कालोदं समुद्दं समप्पेंति, पच्चत्थाभिमुहीओ पुक्खरोदं समप्पेंति। सव्वत्थ वासा वासहरपव्वता णदीओ य भाणितव्वाणि।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५९. इसी प्रकार पुष्करवरद्वीप के पूर्वार्ध में सात वर्ष, सात वर्षधर पर्वत और सात महानदियाँ हैं। अर्थात् धातकीषण्ड द्वीप के पूर्वार्ध के समान ही हैं। अन्तर केवल इतना ही है कि पूर्वाभिमुखी नदियाँ पुष्करोदसमुद्र में और पश्चिमाभिमुखी नदियाँ कालोदसमुद्र में मिलती हैं। ६०. इसी प्रकार अर्धपुष्करवर द्वीप के पश्चिमार्ध में सात वर्ष, सात वर्षधर पर्वत और सात महानदियाँ धातकीषण्ड द्वीप के पश्चिमार्ध के समान ही हैं। अन्तर केवल इतना है कि पूर्वाभिमुखी नदियाँ कालोदसमुद्र में और पश्चिमाभिमुखी नदियाँ पुष्करोदसमुद्र में जाकर मिलती हैं।

59. In the same way in the eastern half of Pushkaravar continent there are seven *varsh* (areas), seven *Varsh-dhar parvats* (mountains) and seven *mahanadis* (great rivers). This means that they are same as those in the eastern half of Dhatakikhand continent. The only difference is that the east-flowing rivers fall in Pushkarod Samudra and the west flowing rivers fall in Kalod Samudra. **60.** In the same way in the western half of Pushkaravar continent there are seven *varsh* (areas), seven *Varsh-dhar parvats* (mountains) and seven *mahanadis* (great rivers) like those in the western half of Dhatakikhand continent. The only difference is that the east-flowing rivers fall in Kalod Samudra and the west flowing rivers fall in Pushkarod Samudra.

कुलकर-पद KULAKAR-PAD (SEGMENT OF CLAN FOUNDERS)

६१. जंबुद्दीवे दीवे भारहे वासे तीताए उस्सप्पिणीए सत्त कुलगरा हुत्था, तं जहा–

मित्तदामे सुदामे य, सुपासे य सयंपभे।
विमलघोसे सुघोसे य, महाघोसे य सत्तमे॥१॥ (संग्रहणी-गाथा)

६१. जम्बूद्वीप द्वीप में भारतवर्ष में अतीत उत्सर्पिणी काल में सात कुलकर हुए–(१) मित्रदामा, (२) सुदामा, (३) सुपार्श्व, (४) स्वयंप्रभ, (५) विमलघोष, (६) सुघोष, (७) महाघोष।

61. In Jambu Dveep in Bharat-varsh there have been seven *kulakars* (clan founders or society makers) during the past *Utsarpini* (progressive cycle of time)—(1) Mitradama, (2) Sudama, (3) Suparshva, (4) Svayamprabh, (5) Vimalaghosh, (6) Sughosh and (7) Mahaghosh

६२. जंबूद्दीवे दीवे भारहे वासे इमीसे ओसप्पिणीए सत्त कुलगरा हुत्था–

पढमित्थ विमलवाहण, चक्खुम जसमं चउत्थमभिचंदे।
ततो य पसेणइए, मरुदेवे चेव णाभी य॥१॥

६३. एएसि णं सत्तण्हं कुलगराणं सत्त भारियाओ हुत्था तं जहा–

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चंदजस चंदकंता, सुरूव पडिरूव चक्खुकंता य।
सिरिकंता मरुदेवी, कुलकरइत्थीण णामाइं॥१॥

६२. जम्बूद्वीप नामक द्वीप में भारतवर्ष में इसी, वर्तमान अवसर्पिणी में सात कुलकर हुए हैं–(१) विमलवाहन, (२) चक्षुष्मान्, (३) यशस्वी, (४) अभिचन्द्र, (५) प्रसेनजित्, (६) मरुदेव, (७) नाभि। ६३. इन सात कुलकरों की साथ भार्याएँ थीं–(१) चन्द्रयशा, (२) चन्द्रकान्ता, (३) सुरूपा, (४) प्रतिरूपा, (५) चक्षुष्कान्ता, (६) श्रीकान्ता, (७) मरुदेवी।

62. In Jambu Dveep in Bharat-varsh there have been seven *kulakars* (clan founders or society makers) during the current *Avasarpini* (regressive cycle of time)—(1) Vimalavahan, (2) Chakshushman, (3) Yashasvi, (4) Abhichandra, (5) Prasenajit, (6) Marudev and (7) Nabhi. **63.** These seven *kulakars* had seven wives—(1) Chandrayasha, (2) Chandrakanta, (3) Surupa, (4) Pratirupa, (5) Chakshushkanta, (6) Shrikanta and (7) Marudevi

६४. जंबुद्दीवे दीवे भारहे वासे आगमिस्साए उस्सप्पिणीए सत्त कुलकरा भविस्संति–

मित्तवाहण सुभोमे य, सुप्पभे य सयंपभे।
दत्ते सुहुमे सुबंधू य, आगमिस्सेण होक्खती॥१॥

६४. जम्बूद्वीप द्वीप के भारतवर्ष में आगामी उत्सर्पिणी काल में सात कुलकर होंगे–(१) मित्रवाहन, (२) सुभौम, (३) सुप्रभ, (४) स्वयम्प्रभ, (५) दत्त, (६) सूक्ष्म, (७) सुबन्धु।

64. In Jambu Dveep in Bharat-varsh there will be seven *kulakars* (clan founders or society makers) during the coming *Utsarpini* (progressive cycle of time)—(1) Mitravahan, (2) Subhaum, (3) Suprabh, (4) Svayamprabh, (5) Datt, (6) Sukshma and (7) Subandhu

कल्पवृक्ष–पद KALPAVRIKSHA-PAD (SEGMENT OF WISH FULFILLING TREE)

६५. विमलवाहणे णं कुलकरे सत्तविधा रुक्खा उवभोगत्ताए हव्वमागच्छिंसु, तं जहा–

मतंगया य भिंगा, चित्तंगा चेव होंति चित्तरसा।
मणियंगा य अणियणा, सत्तमगा कप्परुक्खा य॥१॥

६५. विमलवाहन कुलकर के समय में सात प्रकार के कल्पवृक्ष उपभोग में आते थे–(१) मदांगक, (२) भृंग, (३) चित्रांग, (४) चित्ररस, (५) मण्यंग, (६) अनग्नक, (७) कल्पवृक्ष।

65. During the reign of Kulakar Vimalavahan seven kinds of *kalp-vriksha* (wish fulfilling trees) were used for subsistence—(1) Madaangak, (2) Bhring, (3) Chitrang, (4) Chitrarasa, (5) Manyang, (6) Anagnak and (7) Kalp-vriksha

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विवेचन–प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव से बहुत पहले यौगलिक व्यवस्था थी। दस प्रकार के कल्पवृक्षों के सहारे उनकी जीवन चर्या चलती थी। काल-परिवर्तन हुआ। युगलिक युग के स्थान पर कुल व्यवस्था का आरम्भ हुआ। लोग संगठित होकर कुल के रूप में रहने लगे। उनका एक मुखिया जो सर्वेसर्वा होता था, उसे 'कुलकर' कहा जाता था। व्यवस्था बनाये रखने के लिए अपराधी को दण्ड देने का अधिकार भी कुलकर को होता था। उस प्रथा में मुख्य कुलकर सात हुए।

उत्सर्पिणी काल में २४वें तीर्थंकर के शासन काल के अवसान में सात कुलकर होते हैं, तथा अवसर्पिणी काल में प्रथम तीर्थंकर के पहले सात कुलकर होते हैं। वर्तमान अवसर्पिणी काल के सातवें कुलकर नाभि राजा हुए। जो भगवान ऋषभदेव के पिता थे।

प्रथम कुलकर विमलवाहन के समय दस कल्पवृक्षों में से तीन कल्पवृक्ष लुप्त हो चुके थे–(१) त्रुटितांग, (२) दीपांग, (३) ज्योतिरंग। कुलकरों का विस्तृत वर्णन आवश्यक निर्युक्ति गाथा १५२-१६५ में है।

Elaboration—*Yaugalik* system (system of twins) was prevalent long before Bhagavan Risabhadeva's time. These people subsisted on ten kinds of *kalpavrikshas*. Times changed. *Kula* (family or clan) system replaced the *yugalik* system. People organized and started living as families and clans. The chief, who commanded the clan, was called *kulakar*. For the smooth running of the social system the *kulakar* also had the right to punish a miscreant. In that tradition there were seven main kulakars.

In a progressive cycle of time at the end of the period of influence of the twenty fourth *Tirthankar* there are seven *kulakars*. In a regressive cycle of time there are seven *kulakars* before the time of the first *Tirthankar*. In the current regressive cycle of time the seventh *kulakar* was king Nabhi who was the father of Bhagavan Risabhadeva.

During the time of the first *kulakar* Vimalavahan three out of the ten *kalpavrikshas* had become extinct—(1) Trutitang, (2) Dipang and (3) Jyotirang. Detailed description of *kulakars* is available in *Avashyak Niryukti*, verses 152-165.

दण्डनीति–पद DANDANITI-PAD (SEGMENT OF PENAL CODE)

६६. सत्तविधा दंडनीती पण्णत्ता, तं जहा–हक्कारे, मक्कारे, धिक्कारे, परिभासे, मंडलबंधे, चारए, छविच्छेदे।

६६. दण्डनीति सात प्रकार की है–(१) हाकार–हा ! तूने यह क्या किया ? (२) माकार–आगे ऐसा मत करना। (३) धिक्कार–धिक्कार है तुझे ! तूने ऐसा किया। (४) परिभाष–अल्पकाल के लिए

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नजर-कैद रखने का आदेश देना। (५) **मण्डलबन्ध**-नियत क्षेत्र के बाहर न जाने का आदेश देना। (६) **चारक**-जेलखाने में बन्द रखने का आदेश देना। (७) **छविच्छेद**-हाथ-पैर आदि शरीर के अंग काटने का आदेश देना।

66. *Dandaniti* (penal code) is of seven kinds—(1) *Hakar*—'Ha ! What have you done ?' (2) *Makar*—'Do not do that again'. (3) *Dhikkar*—'Cursed you are ! For doing this'. (4) *Paribhash*—to order for confinement for a limited period. (5) *Mandal bandh*—to prohibit movement outside a prescribed area. (6) *Charak*—order for imprisonment. (7) *Chhavichchhed*—to order dismembering.

विवेचन-कुलकरों के पूर्व सभी मनुष्य अकर्मभूमि या भोगभूमि में जीवन-यापन करते थे। कल्पवृक्षों के सहारे जीवन चलता था। उस समय युगल-धर्म चल रहा था। किन्तु काल के प्रभाव से जब वृक्षों में भी फल-प्रदान की शक्ति घटने लगी और एक युगल दूसरे युगल की भूमि-सीमा में प्रवेश कर फलादि तोड़ने और खाने लगे, तब अपराधी व्यक्तियों को कुलकरों के सम्मुख लाया जाने लगा। उस समय लोग इतने सरल और सीधे थे कि कुलकर द्वारा 'हा' (हाय, तुमने क्या किया ?) इतना मात्र कह देने पर आगे अपराध नहीं करते थे। इस प्रकार प्रथम 'हाकार' दण्डनीति दूसरे कुलकर के समय तक चलती रही। जब अपराध पर अपराध करने की प्रवृत्ति बढ़ी तो तीसरे-चौथे कुलकर ने 'हा' के साथ 'मा' दण्डनीति प्रचलित की। जब और भी अपराधप्रवृत्ति बढ़ी तब पाँचवें कुलकर ने 'हा', मा' के साथ 'धिक्' दण्डनीति प्रचलित की। इस प्रकार स्वल्प अपराध के लिए **'हा'**, उससे बड़े अपराध के लिए **'मा'** और उससे बड़े अपराध के लिए **'धिक्'** दण्डनीति का प्रचार अन्तिम कुलकर के समय तक रहा।

जब कुलकर-युग समाप्त हो गया और कर्म भूमि का प्रारम्भ हुआ। ऋषभदेव इस काल के प्रथम राजा हुए। भगवान ऋषभदेव के समय में जब अपराधप्रवृत्ति दिनों-दिन बढ़ने लगी, तब उन्होंने चौथी **परिभाष** और पांचवीं **मण्डलबन्ध** दण्डनीति का उपयोग किया। अपराध-प्रवृत्तियों की उग्रता बढ़ने पर भरत चक्रवर्ती ने अन्तिम **चारक** और छविच्छेद इन दो दण्डनीतियों का प्रयोग करने का विधान किया। *(आवश्यक चूर्णि)*

आचार्य हरिभद्र आदि टीकाकारों का मत है कि भगवान ऋषभदेव ने तो कर्मभूमि की ही व्यवस्था की। अन्तिम चारों दण्डनीतियों का विधान भरत चक्रवर्ती ने किया है। इस विषय में विभिन्न आचार्यों के विभिन्न अभिमत हैं। कुछ आचार्यों का मत है, चक्रवर्ती भरत के समय में मृत्युदण्ड का चलन भी हो गया था। *(आवश्यकभाष्य गाथा १८)*

Elaboration—Before the period of *kulakars* everyone lived in the *akarmabhumi* (period of no endeavour) or *bhogabhumi* (period of enjoyments). People subsisted on wish-fulfilling trees. But with passage of time the yield of these trees declined and the twins started trespassing areas of other twins to pluck fruits and other things. These criminals were

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

then caught and produced before *kulakars*. During that period people were so simple that mere utterance of Ha ! (exclamation conveying—what have you done ?) was enough to avoid any further criminal activity. This penal code of *Hakar* continued up to the second *kulakar*.

With increase in criminal activity the third and forth *kulakar* introduced the *Makar* code. With further increase the fifth *kulakar* introduced *Dhikkar* code. Thus the penal codes of *Hakar* for simple offense, *Makar* for slightly serious offense and *Dhikkar* for serious offense continued till the time of the last *kulakar*.

When the *kulakar* age ended, the period of *karma bhumi* (period of endeavour) commenced. Risabhadeva was the first king of this age. When the criminal activities continued to increase, he introduced the *Paribhash* and *Mandal* codes. With a further increase in criminal tendencies Bharat Chakravarti introduced *Charak* and *Chhavichchhed* codes. *(Avashyak Churni)*

Acharya Haribhadra and other commentators are of the view that Bhagavan Risabhadeva retained the policy of the *kulakar* period. The last four codes were introduced by Bharat Chakravarti. *Acharyas* have different opinions regarding this. Some *acharyas* also believe that capital punishment was also introduced by Chakravarti Bharat. *(Avashyak Bhashya, verse 18)*

चक्रवर्तीरत्न-पद CHAKRAVARTI RATNA-PAD (SEGMENT OF GEMS OF CHAKRAVARTI)

६७. एगमेगस्स णं रण्णो चाउरंतचक्कवट्टिस्स सत्त एगिंदिय रयणा पण्णत्ता, तं जहा—चक्करयणे, छत्तरयणे, चम्मरयणे, दंडरयणे, असिरयणे, मणिरयणे, काकणिरयणे। ६८. एगमेगस्स णं रण्णो चाउरंतचक्कवट्टिस्स सत्त पंचिंदिय रयणा पण्णत्ता, तं जहा—सेणावतिरयणे, गाहावतिरयणे, वड्ढइरयणे, पुरोहितरयणे, इत्थिरयणे, आसरयणे, हत्थिरयणे।

६७. प्रत्येक चातुरन्त चक्रवर्ती राजा के सात एकेन्द्रिय रत्न होते हैं-(१) चक्ररत्न, (२) छत्ररत्न, (३) चर्मरत्न, (४) दण्डरत्न, (५) असिरत्न, (६) मणिरत्न, (७) काकणीरत्न। ६८. प्रत्येक चातुरन्त चक्रवर्ती राजा के सात पंचेन्द्रिय रत्न होते हैं-(१) सेनापतिरत्न, (२) गृहपतिरत्न, (३) वर्धकीरत्न, (४) पुरोहितरत्न, (५) स्त्रीरत्न, (६) अश्वरत्न, (७) हस्तिरत्न।

67. Every *Chaturant Chakravarti* (emperor of the land reaching the end of all four directions) has seven *ekendriya ratna* (one-sensed gem or best thing of its class)—(1) *Chakra ratna* (best disc weapon), (2) *Chhatra*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ratna (best umbrella), (3) *Charmaratna* (best leather), (4) *Dand ratna* (best staff), (5) *Asi ratna* (best sword), (6) *Mani ratna* (best bead) and (7) *Kakani ratna* (a unique stone). **68.** Every *Chaturant Chakravarti* (emperor of the land reaching the end of all four directions) has seven *panchendriya ratna* (five-sensed gem or best thing of its class)—(1) *Senapati ratna* (best commander), (2) *Grihapati ratna* (best household manager), (3) *Vardhaki ratna* (best engineer), (4) *Purohit ratna* (best priest), (5) *Stree ratna* (best woman), (6) *Ashva ratna* (best horse) and (7) *Hasti ratna* (best elephant)

विवेचन–किसी उत्कृष्ट या सर्वश्रेष्ठ वस्तु को 'रत्न' कहा जाता है। चक्रवर्ती के ये सभी वस्तुएँ अपनी-अपनी जाति में सर्वश्रेष्ठ होती हैं। चक्र, छत्र आदि एकेन्द्रिय पृथ्वीकायिक जीवों के शरीर से निर्मित हैं, अतः उन्हें एकेन्द्रिय रत्न कहा गया है।

एकेन्द्रिय रत्नों का प्रमाण इस प्रकार है–चक्र, छत्र और दण्ड–व्याम-प्रमाण हैं। अर्थात् तिरछे फैलाये हुए दोनों हाथों की अँगुलियों के अन्तराल जितने बड़े होते हैं। चर्मरत्न दो हाथ लम्बा होता है। असि (खड्ग) बत्तीस अंगुल का, मणि चार अंगुल लम्बा और दो अंगुल चौड़ा होता है। काकणीरत्न की लम्बाई चार अंगुल होती है। रत्नों का यह माप प्रत्येक चक्रवर्ती के अपने-अपने अंगुल (आत्मांगुल) प्रमाण से है।

चक्र, छत्र, दण्ड और असि, इन चार रत्नों की उत्पत्ति चक्रवर्ती की आयुधशाला में तथा चर्म, मणि और काकणीरत्न की उत्पत्ति चक्रवर्ती के श्रीगृह में होती है। सेनापति, गृहपति, वर्धकी, और पुरोहित इन पुरुषरत्नों की उत्पत्ति चक्रवर्ती की राजधानी में होती है। अश्व और हस्ती इन दो पंचेन्द्रिय तिर्यंच रत्नों की उत्पत्ति वैताढ्य (विजयार्ध) गिरि की उपत्यकाभूमि (तलहटी) में होती है। स्त्रीरत्न की उत्पत्ति वैताढ्य पर्वत की उत्तर दिशा में अवस्थित विद्याधर श्रेणी में होती है। इन रत्नों की उपयोगिता इस प्रकार है–

(१) **सेनापतिरत्न**–यह चक्रवर्ती का प्रधान सेनापति है जो सभी मनुष्यों को जीतने वाला और अपराजेय होता है। (२) **गृहपतिरत्न**–यह चक्रवर्ती के गृह की सदा सर्वप्रकार से समुचित व्यवस्था करता है और उनके घर के भण्डार को सदा धन-धान्य से भरा-पूरा रखता है। (३) **पुरोहितरत्न**–यह राजपुरोहित चक्रवर्ती के शान्ति-कर्म आदि कार्य करता है तथा युद्ध के लिए प्रयाण-काल आदि बतलाता है। (४) **हस्तिरत्न**–यह चक्रवर्ती की गजशाला का सर्वश्रेष्ठ हाथी होता है और सभी मांगलिक अवसरों पर चक्रवर्ती इसी पर सवार होकर निकलता है। (५) **अश्वरत्न**–यह चक्रवर्ती की अश्वशाला का सर्वश्रेष्ठ अश्व होता है और युद्ध या अन्यत्र दूर जाने में चक्रवर्ती इसका उपयोग करता है। (६) **वर्धकीरत्न**–यह सभी बढ़ई, मिस्त्री या कारीगरों का प्रधान, गृहनिर्माण में कुशल, नदियों को पार करने के लिए पुल निर्माणादि कराने वाला श्रेष्ठ अभियन्ता (इंजीनियर) होता है। (७) **स्त्रीरत्न**–यह चक्रवर्ती के विशाल अन्तःपुर में सर्वश्रेष्ठ सौन्दर्य वाली पट्टरानी होती है। (८) **चक्ररत्न**–यह सभी आयुधों

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चक्रवर्ती के 14 रत्न

एकेन्द्रिय रत्न

1 चक्र

2 छत्र

3 चर्म

4 दंड

5 असि

6 मणि

7 काकिणी रत्न

सेनापति 1

पंचेन्द्रिय रत्न

गृहपति 2



वर्धकी 3

पुरोहित 4

स्त्री रत्न 5

अश्व रत्न 6

गज रत्न 7

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय १२

Illustration No. 12

चक्रवर्ती के चौदह रत्न

प्रत्येक चक्रवर्ती के सात एकेन्द्रिय रत्न एवं सात पंचेन्द्रिय रत्न-इस प्रकार १४ रत्न होते हैं।

सात एकेन्द्रिय रत्न-(१) चक्र रत्न, (२) छत्र रत्न, (३) चर्म रत्न, (४) दण्ड रत्न, (५) असि रत्न, (६) मणि रत्न, (७) काकिणी रत्न।

सात पंचेन्द्रिय रत्न-(१) सेनापति रत्न, (२) गृहपति रत्न, (३) वर्धकी (बढ़इ) रत्न, (४) पुरोहित रत्न, (५) स्त्री रत्न, (६) अश्व रत्न, (७) गज रत्न।

ये रत्न अपने समय के श्रेष्ठतम होते हैं। *(इनका विस्तृत अर्थ विवेचन में देखें)*

-स्थान ७, सूत्र ६७-६८

FOURTEEN GEMS OF CHAKRAVARTI

Every *Chakravarti* has seven *ekendriya ratna* (one-sensed gems) and seven *panchendriya ratna* (five-sensed gems).

Seven *ekendriya ratna*—(1) *Chakra ratna* (best disc weapon), (2) *Chhatra ratna* (best umbrella), (3) *Charma ratna* (best leather), (4) *Dand ratna* (best staff), (5) *Asi ratna* (best sword), (6) *Mani ratna* (best bead), and (7) *Kakani ratna* (a unique stone).

Seven *panchendriya ratna*—(1) *Senapati ratna* (best commander), (2) *Grihapati ratna* (best household manager), (3) *Vardhaki ratna* (best engineer), (4) *Purohit ratna* (best priest), (5) *Stree ratna* (best woman), (6) *Ashva ratna* (best horse), and (7) *Hasti ratna* (best elephant).

The best thing in its particular class in a particular period is called *ratna* (gem). (for details see elaborations)

—Sthaan 7, Sutra 67-68

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

में श्रेष्ठ और अदम्य शत्रुओं का भी दमन करने वाला आयुधरत्न है। (९) छत्ररत्न–यह सामान्य या साधारण काल में धूप, वर्षा, हवा से बचाता है, किन्तु अकस्मात् वर्षाकाल होने पर चक्रवर्ती के हाथ का स्पर्श पाकर बारह योजन लम्बे-चौड़े सारे स्कन्धावार के ऊपर फैलकर धूप और हवा-पानी से सबकी रक्षा करता है। (१०) चर्मरत्न–प्रवास काल में बारह योजन लम्बे-चौड़े छत्र के नीचे प्रातःकाल बोये गये शालि-धान्य के बीजों को मध्याह्न में उपभोग योग्य बना देने में यह समर्थ होता है। (११) मणिरत्न–यह तीन कोण और छह अंश वाला मणि प्रवास या युद्धकाल में रात्रि के समय चक्रवर्ती के सारे कटक में प्रकाश करता है तथा वैताढ्यगिरि की तमिस्रा और खण्डप्रपात गुफाओं से निकलते समय हाथी के सिर के दाहिनी ओर बाँध देने पर सारी गुफाओं में प्रकाश फैल जाता है। (१२) काकिणीरत्न–यह आठ सौवर्णिक प्रमाण, चारों ओर से सम होता है। सर्व प्रकार के विषों का प्रभाव दूर करता है। (१३) खड्गरत्न–यह अप्रतिहत शक्ति और अमोघ प्रहार वाला होता है। (१४) दण्डरत्न–यह वज्रमय दण्ड शत्रु-सैन्य का मर्दन करने वाला, विषम भूमि को सम करने वाला और सर्वत्र शान्ति स्थापित करने वाला रत्न है। *(–प्रवचन सारोद्धार भाग-२, द्वार २१२ गाथा १२१४ से १७)*

Elaboration—The best thing in its particular class is called *ratna* (gem). The aforesaid things belonging to a *Chakravarti* are best in their respective class. As *Chakra, Chhatra* and other things of the first list are made from the bodies of one-sensed earth-bodied beings, they are called *ekendriya ratna.*

The size of the *ekendriya ratnas*—Chakra, Chhatra and Dand are *vyaam* sized (distance between tips of outstretched hands). *Charma ratna* is two cubits long. *Asi* is 32 *Anguls* (width of a finger) long, *Mani* is four *Anguls* long and two *Anguls* wide. The *Kakini ratna* is four *Anguls* long. These dimensions of the *ratnas* are in Atmanguls (width of fingers of the owner or the specific *Chakravarti*).

The origin of *Chakra, Chhatra, Dand* and *Asi* is in the armoury of the *Chakravarti. Charma, Mani* and *Kakini ratna* appear in his treasury (*Shrigriha*). The human gems—*Senapati, Grihapati, Vardhaki* and *Purohit*—are born in the capital of the *Chakravarti*. The animal gems, horse and elephant, are born in the valley of *Vaitadhya* mountain. *Stree ratna* is born in *Vidyadhar* range north of *Vaitadhya* mountain. The qualities of these gems are as follows—

(1) Senapati ratna—He is the commander-in-chief of the *Chakravarti*. He conquers every foe and is unconquerable. **(2) Grihapati ratna**—He is the manager of the household of *Chakravarti* and ensures that palace stores have abundant supplies of grains and other thing. **(3) Vardhaki ratna**—He is the head of the workshop and an expert engineer skilled in

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

building and bridge construction besides other things. **(4) Purohit ratna**—his duties include supervising auspicious rituals as well as calculating auspicious moments for various activities including going to war. **(5) Stree ratna**—She is the most beautiful lady in the large harem of the *Chakravarti* and chief among queens. **(6) Ashva ratna**—The best among horses in the *Chakravarti's* stable and personally used by him for traveling as well as war. **(7) Hasti ratna**—The best among elephants and used by the *Chakravarti* for a ride on every auspicious occasion. **(8) Chakra ratna**—The best among weapons and capable of subduing even unconquerable foes. **(9) Chhatra ratna**—Commonly used for protection from sun, wind and rain but on sudden raining it can expand, by mere touch of the Chakravarti, to cover 12 square *Yojan* area and protect a large cantonment. **(10) Charmaratna**—It has the capacity to produce ripe grains by noon from seeds sown in the morning under the aforesaid canopy with 12 *Yojan* area. **(11) Dand ratna**—This diamond hard staff has the capacity to crush opposing armies, level uneven land and establish peace everywhere. **(12) Asi ratna**—This can be used to give a tremendous and destructive blow. **(13) Mani ratna**—This triangular and six faceted bead provides light in the whole camp-site of the *Chakravarti* during the night while he is camping for a war or otherwise. It is also used to cross the pitch dark Tamisra and Khandaprapat caves in Vaitadhya mountain. When tied on the right side of an elephant's head it lights the whole cave. **(14) Kakani ratna**—This is a unique cubical stone of eight *Sauvarnik* dimension. It is used to remove toxic effects of any and all poisons. *(see Pravachanasaroddhar 2/212/1214-17)*

दुःषमा–सुषमा–लक्षण पद DUKHAMA-SUKHAMA-LAKSHAN-PAD (SEGMENT OF SIGNS OF DUKHAMA-SUKHAMA)

६९. सत्तहिं ठाणेहिं ओगाढं दुस्समं जाणेज्जा, तं जहा–अकाले वरिसइ, काले ण वरिसइ, असाधू पुज्जंति, साधू ण पुज्जंति, गुरूहिं जणो मिच्छं पडिवण्णो, मणोदुहता, वइदुहता। ७०. सत्तहिं ठाणेहिं ओगाढं सुसमं जाणेज्जा, तं जहा–अकाले ण वरिसइ, काले वरिसइ, असाधू ण पुज्जंति, साधू पुज्जंति, गुरुहिं जणो सम्मं पडिवण्णो, मणोसुहता, वइसुहता।

६९. सात लक्षणों से दुःषमा काल का आना या प्रकर्ष जाना जाता है–(१) अकाल में वर्षा होने से। (२) समय पर वर्षा न होने से। (३) असाधुओं की पूजा होने से। (४) साधुओं की पूजा न होने से। (५) गुरुजनों के प्रति लोगों का असद् व्यवहार होने से। (६) अकारण ही मन में दुःख या उद्वेग होने से। (७) वचन–व्यवहार सम्बन्धी दुःख से। ७०. सात लक्षणों से सुषमा काल का आना या प्रकर्ष जाना

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जाता है, जैसे-(१) अकाल में वर्षा नहीं होने से। (२) समय पर वर्षा होने से। (३) असाधुओं की पूजा नहीं होने से। (४) साधुओं की पूजा होने से। (५) गुरुजनों के प्रति लोगों का सद्व्यवहार होने से। (६) सहज ही मन में सुख का संचार होने से। (७) वचन व्यवहार में सद्भाव प्रकट होने से।

69. There are seven signs that indicate the coming of *Dukham kaal* (epoch of sorrow)—(1) untimely rains, (2) absence of rains during monsoon season, (3) worship of the impious, (4) avoidance of worship of the pious, (5) misbehaviour with seniors, (6) rise of sadness or agitation in mind for no reason and (7) rude speech and misbehaviour. **70.** There are seven signs that indicate the coming of *Sukham kaal* (epoch of happiness)—(1) absence of untimely rains, (2) timely rains, (3) avoidance of worship of the impious, (4) worship of the pious, (5) good behaviour with seniors, (6) rise of happiness or joy for no reason and (7) polite speech and good behaviour.

जीव-पद JIVA-PAD (SEGMENT OF LIVING BEINGS)

७१. सत्तविहा संसारसमावण्णगा जीवा पण्णत्ता, तं जहा-णेरइया, तिरिक्खजोणिया, तिरिक्खजोणिणीओ, मणुस्सा, मणुस्सीओ, देवा, देवीओ।

७१. संसारी जीव सात प्रकार के हैं (१) नैरयिक, (२) तिर्यग्योनिक, (३) तिर्यंचनी, (४) मनुष्य, (५) मनुष्यनी, (६) देव, (७) देवी।

71. Worldly beings are of seven kinds—(1) *Nairayik* (infernal beings), (2) *Tiryagyonik* (males of animals), (3) *Tiryanchini* (females of animals), (4) *Manushya* (men), (5) *Manushyani* (women), (6) *Deva* (gods) and (7) *Devi* (goddesses)

आयुर्भेद-पद AYURBHED-PAD (SEGMENT OF ACCIDENTAL DEATH)

७२. सत्तविधे आउभेदे पण्णत्ते, तं जहा-

अज्झवसाण-णिमित्ते, आहारे वेयणा पराघाते।
फासे आणापाणू सत्तविधं भिज्जए आउं॥१॥ (संग्रहणी-गाथा)

७२. **आयुर्भेद** (अकाल मरण) के सात कारण हैं-(१) राग, द्वेष, स्नेह, भय आदि भावों की तीव्रता से। (२) शस्त्राघात आदि के निमित्त से। (३) आहार की हीनाधिकता या निरोध से (४) ज्वर, आतंक, रोग आदि की तीव्र वेदना से। (५) पर के आघात से, गड्ढे आदि में गिर जाने से। (६) साँप आदि के स्पर्श या काटने से। (७) आन-पान-श्वासोच्छ्वास के निरोध से।

72. There are seven reasons of *ayurbhed* (accidental or untimely death)—(1) Due to intensity of feelings like attachment, aversion,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

affection and fear. (2) Due to being hit by weapons or other such accidents. (3) Due to shortage or excess or abandoning of food intake. (4) Due to aggravation of ailments including fever. (5) Due to attack by others and also due to falling. (6) Due to touch or bite of a snake or other venomous being. (7) Due to suffocation

जीव-पद JIVA-PAD (SEGMENT OF LIVING BEINGS)

७३. सत्तविधा सव्वजीवा पण्णत्ता, तं जहा-पुढविकाइया, आउकाइया, तेउकाइया, वाउकाइया, वणस्सतिकाइया, तसकाइया, अकाइया।

अहवा-सत्तविहा सव्वजीवा पण्णत्ता, तं जहा-कण्हलेसा, [णीललेसा, काउलेसा, तेउलेसा, पम्हलेसा], सुक्कलेसा, अलेसा।

७३. सभी जीव सात प्रकार के हैं-(१) पृथिवीकायिक, (२) अप्कायिक, (३) तेजस्कायिक, (४) वायुकायिक, (५) वनस्पतिकायिक, (६) त्रसकायिक, (७) अकायिक। (सिद्ध)

अथवा-सब जीव सात प्रकार के हैं-(१) कृष्णलेश्या वाले, (२) नीललेश्या वाले, (३) कापोतलेश्या वाले, (४) तेजोलेश्या वाले, (५) पद्मलेश्या वाले, (६) शुक्ललेश्या वाले, (७) अलेश्य (सिद्ध)

73. All living beings are of seven kinds—(1) *Prithvikayik* (earth-bodied beings), (2) *Apkayiks* (water-bodied beings), (3) *Tejaskayik* (fire-bodied beings), (4) *Vayukayik* (air-bodied beings), (5) *Vanaspatikayik* (plant-bodied beings), (6) *Tras-kayik* (mobile-bodied beings) and (7) *Akayik* (non-bodied or Siddha).

Also, all living beings are of seven kinds—(1) having *krishna leshya* (black complexion of soul), (2) having *neel leshya* (blue complexion of soul), (3) having *kapot leshya* (pigeon complexion of soul), (4) having *tejo leshya* (fiery complexion of soul), (5) having *padma leshya* (yellow complexion of soul), (6) having *shukla leshya* (white complexion of soul) and (7) *aleshya* or having no *leshya* (Siddha)

बम्भदत्त-पद BRAHMADATT-PAD (SEGMENT OF BRAHMADATT)

७४. बंभदत्ते णं राया चाउरंतचक्कवट्टी सत्त धणूइं उड्ढं उच्चत्तेणं, सत्त य वाससयाइं परमाउं पालइत्ता कालमासे कालं किच्चा अधेसत्तमाए पुढवीए अप्पतिट्ठाणे णरए णेरइयत्ताए उववण्णे।

७४. चातुरन्त चक्रवर्ती राजा ब्रह्मदत्त सात धनुष ऊँचे थे। वे सात सौ वर्ष की उत्कृष्ट आयु का पालन कर काल कर नीचे सातवीं पृथिवी के अप्रतिष्ठान नरक में नारक रूप से उत्पन्न हुए।

74. Chaturant Chakravarti Brahmadatt was seven *Dhanush* tall. He died at the mature age of seven hundred years and reincarnated as an

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

infernal being in the Apratishthan infernal abode in the seventh *Prithvi* in the lower world.

मल्ली–प्रव्रज्या–पद MALLI-PRAVRAJYA-PAD (SEGMENT OF INITIATION OF MALLI)

७५. मल्ली णं अरहा अप्पसत्तमे मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए, तं जहा–मल्ली विदेहरायवरकण्णगा, पडिबुद्धी इक्खागराया, चंदच्छायए अंगराया, रुप्पी कुणालाधिपती, संखे कासीराया, अदीणसत्तू कुरुराया, जितसत्तू पंचाल राया।

७५. मल्ली अर्हत् अपने सहित सात राजाओं के साथ मुण्डित होकर अगार से अनगारिता में प्रव्रजित हुए–(१) विदेहराज की श्रेष्ठकन्या मल्ली। (२) साकेत निवासी इक्ष्वाकुराज प्रतिबुद्धि। (३) अंग जनपद का राजा चम्पा निवासी चन्द्रच्छाया। (४) कुणाल जनपद का राजा श्रावस्ती निवासी रुक्मी (५) काशी जनपद का राजा वाराणसी निवासी शंख। (६) कुरु देश का राजा हस्तिनापुर निवासी अदीनशत्रु। (७) पञ्चाल जनपद का राजा कम्पिल्लपुर निवासी जितशत्रु। *(ज्ञातासूत्र अध्ययन १९ में विस्तृत वर्णन है)*

75. Malli Arhat tonsured her head, renounced the household and got initiated into the ascetic order in a group of seven rulers (inclusive of herself)—(1) Malli, the virtuous daughter of the king of Videh. (2) Pratibuddha, the Ikshvaku king of Saket. (3) Chandrachchhaya, the king of Champa the capital of Anga country. (4) Rukmi, the king of Shravasti the capital of Kunal country. (5) Shankh, the king of Varanasi the capital of Kashi country. (6) Adinashatru, the king of Hastinapur the capital of Kuru country. (7) Jitashatru, the king of Kampillapur the capital of Panchal country. *(for more details refer to Illustrated Jnata Sutra, Chapter 19)*

दर्शन–पद DARSHAN-PAD (SEGMENT OF PERCEPTION/FAITH)

७६. सत्तविहे दंसणे पण्णत्ते, तं जहा–सम्मद्दंसणे, मिच्छद्दंसणे, सम्मामिच्छदंसणे, चक्खुदंसणे, अचक्खुदंसणे, ओहिदंसणे, केवलदंसणे।

७६. दर्शन सात प्रकार का है–(१) सम्यग्दर्शन–यथार्थ श्रद्धान। (२) मिथ्यादर्शन–अयथार्थ श्रद्धान। (३) सम्यग्मिथ्यादर्शन–मिश्र श्रद्धान। (४) चक्षुदर्शन–आँखों से सामान्य प्रतिभास रूप अवलोकन। (५) अचक्षुदर्शन–आँखों के सिवाय शेष इन्द्रियों एवं मन से होने वाला सामान्य प्रतिभासरूप अवलोकन। (६) अवधिदर्शन–अवधिज्ञान होने के पूर्व अवधिज्ञान के विषयभूत पदार्थ का सामान्य प्रतिभासरूप अवलोकन। (७) केवलर्शन–समस्त पदार्थों के सामान्य धर्मों का अवलोकन।

76. *Darshan* (perception/faith) is of seven kinds—(1) **Samyagdarshan**—right perception/faith, (2) **mithyadarshan**—wrong or false perception/faith, (3) **samyagmithyadarshan**—mixed or right and wrong perception/

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

faith, **(4) chakshu darshan**—common visual perception through eyes, **(5) achakshu darshan**—common sensual perception through mind and sensual organs other than eyes, **(6) avadhi darshan**—sensual perception of subjects of *avadhi-jnana* (distant things) preceding attainment of *avadhi-jnana* and **(7) Keval darshan**—common perception of general properties of all things.

छद्मस्थ-केवलि-पद CHHADMASTH-KEVALI-PAD (SEGMENT OF CHHADMASTH-KEVALI)

७७. छउमत्थ-वीयरागे णं मोहणिज्जवज्जाओ सत्त कम्मपयडीओ वेदेति, तं जहा-णाणावरणिज्जं दंसणावरणिज्जं, वेयणिज्जं, आउयं, णामं, गोतं, अंतराइयं।

७७. छद्मस्थ वीतरागी साधु (ग्यारहवें और बारहवें गुणस्थानवर्ती) मोहनीय कर्म को छोड़कर शेष सात कर्मप्रकृतियों का वेदन करता है (१) ज्ञानावरणीय, (२) दर्शनावरणीय, (३) वेदनीय, (४) आयुष्य, (५) नाम, (६) गोत्र, (७) अन्तराय।

77. A *chhadmasth* (one who is short of omniscience due to residual *karmic* bondage) *vitarag* (devoid of attachment and aversion) experiences or suffers all seven *karma-prakritis* (species of *karmas*) other than *mohaniya karma*—(1) *Jnanavaraniya*, (2) *Darshanavaraniya*, (3) *Vedaniya*, (4) *Ayushya*, (5) *Naam*, (6) *Gotra* and (7) *Antaraya*.

७८. सत्त ठाणाइं छउमत्थे सव्वभावेणं ण याणति ण पासति, तं जहा-धम्मत्थिकायं, अधम्मत्थिकायं, आगासत्थिकायं, जीवं असरीरपडिबद्धं, परमाणुपोग्गलं, सद्दं, गंधं।

एयाणि चेव उप्पण्णणाण (दंसणधरे अरहा जिणे केवली सव्वभावेणं) जाणति पासति, तं जहा-धम्मत्थिकायं, [अधम्मत्थिकायं, आगासत्थिकायं, जीवं असरीरपडिबद्धं, परमाणुपोग्गलं, सद्दं], गंधं।

७८. छद्मस्थ जीव सात पदार्थों को सम्पूर्ण रूप से न तो जान पाता है और न ही देख पाता है-(१) धर्मास्तिकाय, (२) अधर्मास्तिकाय, (३) आकाशास्तिकाय, (४) शरीररहित जीव, (५) परमाणु पुद्गल, (६) शब्द, (७) गन्ध।

जिनको केवलज्ञान-दर्शन उत्पन्न हुआ है वे अर्हन्, जिन, केवली इन सात पदार्थों को सम्पूर्ण रूप से जानते देखते हैं-(१) धर्मास्तिकाय, (२) अधर्मास्तिकाय, (३) आकाशास्तिकाय, (४) शरीर रहित जीव, (५) परमाणु पुद्गल, (६) शब्द, (७) गन्ध।

78. A *chhadmasth* (a person in state of *karmic* bondage) person cannot see or know seven things fully (all their possible modes)—(1) *Dharmastikaya* (motion entity), (2) *Adharmastikaya* (inertia entity), (3) *Akashastikaya* (space entity), (4) disembodied soul, (5) ultimate particle of matter, (6) *shabd* (sound) and (7) *gandh* (smell).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Arhat, Jina, and *Kevali* endowed with right knowledge and perception see and know fully (all their possible modes) these seven things—(1) *Dharmastikaya* (motion entity), (2) *Adharmastikaya* (inertia entity), (3) *Akashastikaya* (space entity), (4) disembodied soul, (5) ultimate particle of matter, (6) *shabd* (sound) and (7) *gandh* (smell)

महावीर-पद MAHAVIR-PAD (SEGMENT OF MAHAVIR)

७९. समणे भगवं महावीरे वइरोसभणारायसंघयणे समचउरंससंठाणसंठिते सत्त रयणीओ उड्ढं उच्चत्तेणं हुत्था।

७९. वज्र ऋषभ नाराचसंहनन और समचतुरस्र-संस्थान से संस्थित श्रमण भगवान् महावीर के शरीर की ऊँचाई सात रत्नि (हाथ) प्रमाण थी।

79. Endowed with *Vajra rishabh naaraach samhanan* and *Samchaturasra samsthan*, Shraman Bhagavan Mahavir's body was seven *Ratni* (cubits) tall.

विकथा-पद VIKATHA-PAD (SEGMENT OF GOSSIP)

८०. सत्त विकहाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—इत्थिकहा, भत्तकहा, देसकहा, रायकहा, मिउकालुणिया, दंसणभेयणी, चरित्तभेयणी।

८०. विकथाएँ सात हैं-(१) स्त्रीकथा, (२) भक्तकथा, (३) देशकथा, (४) राज्यकथा, (५) **मृदु-कारुणिकी**—इष्ट का वियोग बताने वाली करुणरस-प्रधान कथा। (६) **दर्शन-भेदिनी**—सम्यग्दर्शन का विनाश करने वाली कथा। (७) **चारित्र-भेदिनी**—सम्यक्चारित्र का विनाश करने वाली।

80. *Vikatha* (gossip that hinders spiritual practices) is of seven kinds—(1) *stree-katha* (gossip about women), (2) *bhakt-katha* (gossip about food), (3) *desh-katha* (gossip about country), (4) *raj-katha* (gossip about king), (5) *mridu-karuniki* (about separation from the loved one and filled with sentiment of pathos), (6) *darshan-bhedini* (detrimental to right faith) and (7) *chaaritra-bhedini* (detrimental to right conduct).

आचार्य-उपाध्याय-अतिशेष-पद ACHARYA UPADHYAYA ATISHESH-PAD (SEGMENT OF SPECIAL PRIVILEGE OF ACHARYA AND UPADHYAYA)

८१. आयरिय उवज्झायस्स णं गणंसि सत्त अइसेसा पण्णत्ता, तं जहा—

(१) आयरिय-उवज्झाए अंतो उवस्सयस्स पाय णिगिज्झिय-णिगिज्झिय पप्फोडेमाणए वा पमज्जमाणे वा णातिक्कमति। (२) आयरिय-उवज्झाए अंतो उवस्सयस्स उच्चारपासवणं विगिंचमाणे वा विसोधेमाणे वा णातिक्कमति। (३) आयरिय-उवज्झाए पभू इच्छा वेयावडियं करेज्जा, इच्छा णो

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करेज्जा। (४) आयरिय–उवज्झाए अंतो उवस्सयस्स एगरातं वा दुरातं वा एगगो वसमाणे णातिक्कमति। (५) आयरिय–उवज्झाए बाहिं उवस्सयस्स एगरातं वा दुरातं वा [एगओ ?] वसमाणे णातिक्कमति। (६) उवकरणातिसेसे। (७) भत्तपाणातिसेसे।

८१. आचार्य और उपाध्याय के गण में सात अतिशय (विशेष विधि) होते हैं–

(१) आचार्य और उपाध्याय उपाश्रय के भीतर (बाहर से आने पर) दोनों पैरों की धूलि को झाड़ते हुए, प्रमार्जित करते हुए आज्ञा का अतिक्रमण नहीं करते हैं। (२) आचार्य और उपाध्याय उपाश्रय के भीतर उच्चार-प्रस्रवण का व्युत्सर्ग और विशोधन करते हुए आज्ञा का अतिक्रमण नहीं करते। (३) आचार्य और उपाध्याय स्वतन्त्र हैं, यदि इच्छा हो तो दूसरे साधु की वैयावृत्त्य करें, यदि इच्छा न हो तो न करें। (४) आचार्य और उपाध्याय उपाश्रय के भीतर एक रात या दो रात अकेले रहते हुए आज्ञा का अतिक्रमण नहीं करते। (५) आचार्य और उपाध्याय उपाश्रय के बाहर एक रात या दो रात अकेले रहते हुए आज्ञा का अतिक्रमण नहीं करते। (पंचम स्थान में इनका वर्णन आ गया है)। (६) **उपकरण की विशेषता**–आचार्य और उपाध्याय अन्य साधुओं की अपेक्षा उज्ज्वल वस्त्रपात्रादि रख सकते हैं। (७) **भक्त–पान–विशेषता**–स्वास्थ्य और संयम की रक्षा के अनुकूल आगमानुकूल विशिष्ट खान–पान कर सकते हैं।

81. In a *gana* (group of ascetics) *acharya* and *upadhyaya* have seven *atishesh* (special privileges)—

(1) *Acharya* and *upadhyaya* do not defy the word of *Bhagavan* if they carefully dust their feet while entering an *upashraya* (place of stay). (2) *Acharya* and upadhyaya do not defy the word of *Bhagavan* if they pass their stool and urine or cleanse themselves within the *upashraya*. (3) *Acharya* and *upadhyaya* are free of the responsibility of serving other ascetics; they may do so or not as they desire. (4) *Acharya* and *upadhyaya* do not defy the word of *Bhagavan* if they live alone in the *upashraya* for one or two nights. (5) *Acharya* and *upadhyaya* do not defy the word of *Bhagavan* if they live alone outside the *upashraya* for one or two nights. (these have been explained in Sthaan-5) (6) *Upakaran-visheshata—Acharya* and *upadhyaya* can keep cleaner and brighter garbs and equipment. (7) *Bhaktapaan-visheshata—Acharya* and *upadhyaya* can have special food and drinks as prescribed in *Agams* for reasons of health and ascetic-discipline.

संयम–असंयम–पद SAMYAM-ASAMYAM-PAD (SEGMENT OF DISCIPLINE AND INDISCIPLINE)

८२. सत्तविधे संजमे पण्णत्ते, तं जहा–पुढविकाइयसंजमे, [आउकाइयसंजमे, तेउकाइयसंजमे, वाउकाइयसंजमे, वणस्सइकाइयसंजमे], तसकाइयसंजमे, अजीवकाइयसंजमे। ८३. सत्तविधे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असंजमे पण्णत्ते, तं जहा–पुढविकाइयअसंजमे, [आउकाइयअसंजमे, तेउकाइयअसंजमे, वाउकाइयअसंजमे, वणस्सइकाइयअसंजमे], तसकाइयअसंजमे, अजीवकाइय असंजमे।

८२. संयम सात प्रकार का है–(१) पृथिवीकायिक संयम–(२) अप्कायिक संयम, (३) तेजस्कायिक संयम, (४) वायुकायिक संयम, (५) वनस्पतिकायिक संयम, (६) त्रसकायिक संयम, (७) अजीवकायिक संयम–अजीव वस्तुओं के ग्रहण और परिभोग का त्याग। ८३. असंयम सात प्रकार का है–(१) पृथिवीकायिक असंयम, (२) अप्कायिक असंयम, (३) तेजस्कायिक असंयम, (४) वायुकायिक असंयम, (५) वनस्पतिकायिक असंयम, (६) त्रसकायिक असंयम, (७) अजीवकायिक–असंयम।

82. *Samyam* (discipline) is of seven kinds—(1) *Prithvikayik samyam* (discipline related to earth-bodied beings), (2) *Apkayik samyam* (discipline related to water-bodied beings), (3) *Tejaskayik samyam* (discipline related to fire-bodied beings), (4) *Vayukayik samyam* (discipline related to air-bodied beings), (5) *Vanaspatikayik samyam* (discipline related to plant-bodied beings), (6) *Tras-kayik samyam* (discipline related to mobile-bodied beings) and (7) *Ajivakayik samyam* (discipline related to non-being or abstaining from taking and using material things). **83.** *Asamyam* (indiscipline) is of seven kinds—(1) *Prithvikayik asamyam* (indiscipline related to earth-bodied beings), (2) *Apkayik asamyam* (indiscipline related to water-bodied beings), (3) *Tejaskayik asamyam* (indiscipline related to fire-bodied beings), (4) *Vayukayik asamyam* (indiscipline related to air-bodied beings), (5) *Vanaspatikayik asamyam* (indiscipline related to plant-bodied beings), (6) *Tras-kayik asamyam* (indiscipline related to mobile-bodied beings) and (7) *Ajivakayik asamyam* (indiscipline related to non-being or not abstaining from taking and using material things).

आरम्भ–पद ARAMBH-PAD (SEGMENT OF SINFUL ACTIVITY)

८४. सत्तविहे आरंभे पण्णत्ते, तं जहा–पुढविकाइयआरंभे, [आउकाइयआरंभे, तेउकाइयआरंभे, वाउकाइयआरंभे, वणस्सइकाइयआरंभे, तसकाइयआरंभे], अजीवकाइयआरंभे। ८५. सत्तविहे अणारंभे पण्णत्ते, तं जहा–पुढविकाइयअणारंभे। ८६. सत्तविहे सारंभे पण्णत्ते, तं जहा–पुढविकाइयसारंभे। ८७. सत्तविहे असारंभे पण्णत्ते, तं जहा–पुढविकाइयअसारंभे। ८८. सत्तविहे समारंभे पण्णत्ते, तं जहा–पुढविकाइयसमारंभे। ८९. सत्तविहे असमारंभे पण्णत्ते, तं जहा–पुढविकाइयअसमारंभे।

८४. आरम्भ सात प्रकार का है–(१) पृथ्वीकायिक आरम्भ, (२) अप्कायिक आरम्भ, (३) तेजस्कायिक आरम्भ, (४) वायुकायिक आरम्भ, (५) वनस्पतिकायिक आरम्भ, (६) त्रसकायिक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आरम्भ, (७) अजीवकायिक आरम्भ। ८५. इसी प्रकार अनारम्भ सात प्रकार का है, जैसे-पृथिवीकायिक अनारम्भ आदि। ८६. संरम्भ सात प्रकार का है, जैसे-(१) पृथ्वीकायिक संरम्भ आदि। ८७. असंरम्भ सात प्रकार का है-(१) पृथ्वीकायिक असंरम्भ आदि। ८८. समारम्भ सात प्रकार का है-(१) पृथ्वीकायिक समारम्भ आदि। ८९. असमारम्भ सात प्रकार का है (१) पृथ्वीकायिक असमारम्भ आदि।

84. *Arambh* (sinful activity) is of seven kinds—(1) *Prithvikayik arambh* (sinful activity related to earth-bodied beings), (2) *Apkayik arambh* (sinful activity related to water-bodied beings), (3) *Tejaskayik arambh* (sinful activity related to fire-bodied beings), (4) *Vayukayik arambh* (sinful activity related to air-bodied beings), (5) *Vanaspatikayik arambh* (sinful activity related to plant-bodied beings), (6) *Tras-kcyik arambh* (sinful activity related to mobile-bodied beings) and (7) *Ajivakayik arambh* (sinful activity related to non-being). **85.** In the same way *anarambh* (not indulging in sinful activity) is of seven kinds including *Prithvikayik anarambh*. **86.** *Samrambh* (resolve to indulge in sinful activity) is of seven kinds including *Prithvikayik samrambh*. **87.** *Asamrambh* (not to resolve to indulge in sinful activity) is of seven kinds including *Prithvikayik asamrambh*. **88.** *Samaarambh* (to arrange for means of indulging in sinful activity) is of seven kinds including *Prithvikayik samaarambh*. **89.** *Asamaarambh* (not to arrange for means of indulging in sinful activity) is of seven kinds including *Prithvikayik asamaarambh*.

विवेचन–समवायांग के सत्तरहवें समवाय में संयम-असंयम के सत्रह भेद बताये हैं। उन्हीं के यहाँ सात-सात प्रकार बताये हैं। मुख्यतः संयम दो ही प्रकार का है। (१) जीवकाय संयम, (२) अजीवकाय संयम। छह काय के जीवों की हिंसा न करना व रक्षा के लिए प्रयत्नशील रहना जीवकाय संयम है। वस्त्र-पात्र आदि उपकरणों के व्यवहार में यतना व उपयोग रखना अजीवकाय संयम है। संयम का विपरीत असंयम है। आरम्भ, संरम्भ, समारम्भ इनका अर्थ क्रमशः इस प्रकार है-

आरंभ उद्दवओ, परितापकरो भवं समारंभा।
संकप्पो संरंभो, सुद्ध नयाणं तु सव्वेसिं॥

संरम्भ–प्रवृत्ति का संकल्प **समारंभ**–प्रवृत्ति के लिए साधन सामग्री जुटाना। **आरम्भ**–प्रवृत्ति का प्रारम्भ करना। (तत्त्वार्थवार्तिक पृष्ठ ५१३) अथवा **आरम्भ**–जीव हिंसा करना। **संरम्भ**–जीव हिंसा का मन में संकल्प करना। **समारम्भ**–जीवों को परिताप व दुःख पहुँचाना। इनका विरोधी तत्त्व है, अनारम्भ, असंरम्भ और असमारम्भ।

Elaboration—In the seventeenth chapter of *Samvayanga Sutra* seventeen kinds of *samyam-asamyam* have been mentioned. They have

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

been summed up here as seven kinds. Basically *samyam* is of two kinds only—(1) *jivakaya samyam* and (2) *ajivakaya samyam*. Not to harm six kinds of bodied beings and to endeavour to protect them is *jivakaya samyam*. To be careful in use of garb, bowls and other ascetic equipment is *ajivakaya samyam*. Opposite of *samyam* (discipline) is *asamyam* (indiscipline). The meanings of other terms are as follows—

Samrambh—to resolve to indulge in some activity. *Samaarambh*—to arrange for means of indulging in such activity. *Arambh*—to commence such activity. (*Tattvarthavartik*, p. 513) Here the meanings are—*arambh* means to harm or kill beings; *samrambh* means to resolve to harm or kill beings; and *samaarambh* means to cause torment or pain to beings. Opposite of these are *anarambh*, *asamrambh* and *asamaarambh*.

योनिस्थिति-पद YONISTHITI-PAD (SEGMENT OF PRODUCTIVE LIFE)

९०. [प्र.] अह भंते ! अदसि-कुसुम्भ-कोद्दव-कंगु-रालग-वरट्ट-कोद्दूसग-सण-सरिसव-मूलग-बीयाणं-एतेसि णं धण्णाणं कोट्ठाउत्ताणं पल्लाउत्ताणं [मंचाउत्ताणं मासाउत्ताणं ओलित्ताणं लित्ताणं लंछियाणं मुद्दियाणं] पिहियाणं केवइयं कालं जोणी संचिट्ठति ?

[उ.] गोयमा ! जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं सत्त संवच्छराइं। तेण परं जोणी पमिलायति [तेण परं जोणी पविद्धंसति, तेण परं जोणी विद्धंसति, तेण परं बीए अबीए भवति, तेण परं] जोणीवोच्छेदे पण्णत्ते।

९०. प्रश्न—भगवन् ! अलसी, कुसुम्भ, कोद्रव, कंगु, राल, वरट (गोल चना), कोदूषक (कोद्रव), सन, सरसों, मूलक, बीज, ये धान्य जो कोष्ठागारगुप्त, (सुरक्षित) पल्यगुप्त, मंचगुप्त, अवलिप्त, लिप्त, लांछित, मुद्रित, पिहित रखे गये हों, उनकी योनि (उत्पादक शक्ति) कितने काल तक रहती है ?

उत्तर—गौतम ! जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट सात वर्ष तक उनकी योनि रहती है। उसके पश्चात् योनि म्लान हो जाती है, प्रविध्वस्त हो जाती है, विध्वस्त हो जाती है, बीज अबीज हो जाता है और योनि का व्युच्छेद हो जाता है।

90. (Question) *Bhante* ! How long the *yoni* (productive capacity) of Alasi (linseed), Kusumbh, Kodrava, Kangu, Raal, Varat (round gram), Kodushak (Kodrav), San (flax), Sarason (mustard), Moolak, and other seeds (*beej*) lasts once they are stored in *kotha* (silo), *palya* (basket made of bamboo or cane), *machan* (store on a raised wooden platform) and *mala* (store on roof top), and after that covered, sealed, marked, stamped and properly closed ?

(Answer) "Long lived one ! Their productive capacity lasts for a minimum period of *antarmuhurt* (less than 48 minutes) and a maximum

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

period of seven years. After that the *yoni* (productive capacity) gets weak, shattered, destroyed, seedless, and sterile. In other words the seeds no longer germinate on sowing.

स्थिति–पद STHITI-PAD (SEGMENT OF LIFE SPAN)

९१. बायरआउकाइयाणं उक्कोसेणं सत्त वाससहस्साइं ठिती पण्णत्ता। ९२. तच्चाए णं वालुयप्पभाए पुढवीए उक्कोसेणं णेरइयाणं सत्त सागरोवमाइं ठिती पण्णत्ता। ९३. चउत्थीए णं पंकप्पभाए पुढवीए जहण्णेणं णेरइयाणं सत्त सागरोवमाइं ठिती पण्णत्ता।

९१. बादर अप्कायिक जीवों की उत्कृष्ट स्थिति सात हजार वर्ष की है। ९२. तीसरी वालुकाप्रभा पृथ्वी के नारक जीवों की उत्कृष्ट स्थिति सात सागरोपम की है। ९३. चौथी पंकप्रभा पृथ्वी के नारक जीवों की जघन्य स्थिति सात सागरोपम की ही।

91. The *utkrisht sthiti* (maximum life span) of *apkayik jivas* (water-bodied beings) is seven thousand years. **92.** The *utkrisht sthiti* (maximum life span) of infernal beings of Balukaprabha *prithvi* (third hell) is seven *Sagaropam* (a conceptual unit of time). **93.** The *jaghanya sthiti* (minimum life span) of infernal beings of Pankaprabha *prithvi* (fourth hell) is seven *Sagaropam* (a conceptual unit of time).

अग्रमहिषी–पद AGRAMAHISHIS-PAD (SEGMENT OF CHIEF QUEENS)

९४. सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो वरुणस्स महारण्णो सत्त अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ। ९५. ईसाणस्स णं देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स महारण्णो सत्त अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ। ९६. ईसाणस्स णं देविंदस्स देवरण्णो जमस्स महारण्णो सत्त अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ।

९४. देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल महाराज वरुण की सात अग्रमहिषियाँ हैं। ९५. देवेन्द्र देवराज ईशान के लोकपाल महाराज सोम की सात अग्रमहिषियाँ हैं। ९६. देवेन्द्र देवराज ईशान के लोकपाल महाराज यम की सात अग्रमहिषियाँ हैं।

94. Varun, the *lok-paal* of Shakra Devendra, the king of gods has seven *agramahishis* (chief queens). **95.** Soma, the *lok-paal* of Shakra Devendra, the king of gods has seven *agramahishis* (chief queens). **96.** Yama, the *lok-paal* of Shakra Devendra, the king of gods has seven *agramahishis* (chief queens).

देव–पद DEVA-PAD (SEGMENT OF GODS)

९७. ईसाणस्स णं देविंदस्स देवरण्णो अब्भिंतरपरिसाए देवाणं सत्त पलिओवमाइं ठिती पण्णत्ता। ९८. सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो अग्गमहिसीणं देवीणं सत्त पलिओवमाइं ठिती पण्णत्ता। ९९. सोहम्मे कप्पे परिग्गहियाणं देवीणं उक्कोसेणं सत्त पलिओवमाइं ठिती पण्णत्ता।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९७. देवेन्द्र देवराज ईशान के आभ्यन्तर परिषद् के देवों की स्थिति सात पल्योपम है। ९८. देवेन्द्र देवराज शक्र की अग्रमहिषी देवियों की स्थिति सात पल्योपम है। ९९. सौधर्म कल्प में परिगृहीता देवियों की उत्कृष्ट स्थिति सात पल्योपम है।

97. The *sthiti* (life span) of the gods of the inner assembly of Ishan Devendra, the king of gods, is seven *Palyopam*. **98.** The *sthiti* (life span) of the *agramahishis* (chief queens) of Shakra Devendra, the king of gods, is seven *Palyopam*. **99.** The *utkrisht sthiti* (maximum life span) of the *parigrihit devis* (married goddesses) of Saudharma *kalp* is seven *Palyopam* .

१००. सारस्सयमाइच्चाणं [देवाणं ?] सत्त देवा सत्तदेवसता पण्णत्ता।

१०१. गद्दतोयतुसियाणं देवाणं सत्त देवा सत्त देवसहस्सा पण्णत्ता।

१००. सारस्वत और आदित्य लोकान्तिक देव स्वामीरूप में सात हैं और उनके सात सौ देवों का परिवार है। १०१. गर्दतोय और तुषित लोकान्तिक देव स्वामीरूप में सात हैं और उनके सात हजार देवों का परिवार है।

100. There are seven gods of the status of overlords among Sarasvat and Aditya Lokantik gods and they have a family of seven hundred gods. **101.** There are seven gods of the status of overlords among Gardatoya and Tushit Lokantik gods and they have a family of seven thousand gods.

१०२. सणंकुमारे कप्पे उक्कोसेणं देवाणं सत्त सागरोवमाइं ठिती पण्णत्ता। १०३. माहिंदे कप्पे उक्कोसेणं देवाणं सातिरेगाइं सत्त सागरोवमाइं ठिती पण्णत्ता। १०४. बंभलोगे कप्पे जहण्णेणं देवाणं सत्त सागरोवमाइं ठिती पण्णत्ता। १०५. बंभलोय–लंतएसु णं कप्पेसु विमाणा सत्त जोयणसताइं उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता।

१०२. सनत्कुमार कल्प में देवों की उत्कृष्ट स्थिति सात सागरोपम है। १०३. माहेन्द्र कल्प में देवों की उत्कृष्ट स्थिति कुछ अधिक सात सागरोपम है। १०४. ब्रह्मलोक कल्प में देवों की जघन्य स्थिति सात सागरोपम है। १०५. ब्रह्मलोक और लान्तक कल्प में विमानों की ऊँचाई सात सौ योजन है।

102. The *utkrisht sthiti* (maximum life span) of gods of Sanatkumar *kalp* is seven *Sagaropam*. **103.** The *utkrisht sthiti* (maximum life span) of gods of Mahendra *kalp* is a little more than seven *Sagaropam*. **104.** The *jaghanya sthiti* (minimum life span) of gods of Brahmalok *kalp* is seven *Sagaropam*. **105.** In Brahmalok and Lantak *kalp* the height of *vimaans* (celestial vehicles) is seven hundred *Yojans*.

१०६. भवणवासीणं देवाणं भवधारणिज्जा सरीरगा उक्कोसेणं सत्त रयणीओ उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता। १०७. वाणमंतराणं देवाणं भवधारणिज्जा सरीरगा उक्कोसेणं सत्त रयणीओ उड्ढं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उच्चत्तेणं पण्णत्ता। १०८. जोइसियाणं देवाणं भवधारणिज्जा सरीरगा उक्कोसेणं सत्त रयणीओ उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता। १०९. सोहम्मीसाणासे णं कप्पेसु देवाणं भवधारणिज्जा सरीरगा उक्कोसेणं सत्त रयणीओ उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता।

१०६. भवनवासी देवों के भवधारणीय (स्वाभाविक शरीर) शरीरों की उत्कृष्ट ऊँचाई सात हाथ की है। १०७. वाण-व्यन्तर देवों के भवधारणीय शरीरों की उत्कृष्ट ऊँचाई सात हाथ की है। १०८. ज्योतिष्क देवों के भवधारणीय शरीरों की उत्कृष्ट ऊँचाई सात हाथ की है। १०९. सौधर्म और ईशानकल्प के देवों के भवधारणीय शरीरों की उत्कृष्ट ऊँचाई सात हाथ की है।

106. The *utkrisht* (maximum) height of the *bhavadharaniya sharira* (incarnation sustaining body) of *Bhavan-vasi devas* (abode dwelling gods) is seven cubits. **107.** The *utkrisht* (maximum) height of the *bhavadharaniya sharira* (incarnation sustaining body) of *Vanavyantar devas* (interstitial gods) is seven cubits. **108.** The *utkrisht* (maximum) height of the *bhavadharaniya sharira* (incarnation sustaining body) of *Jyotishk devas* (stellar gods) is seven cubits. **109.** The *utkrisht* (maximum) height of the *bhavadharaniya sharira* (incarnation sustaining body) of Saudharma and Ishan *kalp* is seven cubits.

नन्दीश्वर द्वीप-पद NANDISHVAR DVEEP-PAD (SEGMENT OF NANDISHVAR DVEEP)

११०. णंदीस्सरवरस्स णं दीवस्स अंतो सत्त दीवा पण्णत्ता, तं जहा-जंबुद्दीवे, धायइसंडे, पोक्खरवरे, वरुणवरे, खीरवरे, घयवरे, खोयवरे। १११. णंदीसरवरस्स णं दीवस्स अंतो सत्त समुद्दा पण्णत्ता, तं जहा-लवणे, कालोदे, पुक्खरोदे, वरुणोदे, खीरोदे, घओदे, खोओदे।

११०. नन्दीश्वर द्वीप के अन्तराल (मध्य) में सात द्वीप हैं-(१) जम्बूद्वीप, (२) धातकीषण्ड, (३) पुष्करवर, (४) वरुणवर, (५) क्षीरवर, (६) घृतवर और (७) क्षोदवर द्वीप। [जम्बूद्वीप से आठवां द्वीप नन्दीश्वर द्वीप है। यह अन्य द्वीपों की अपेक्षा विशेष रमणीय है]। १११. नन्दीश्वर द्वीप के अन्तराल में सात समुद्र हैं-(१) लवणसमुद्र, (२) कालोद, (३) पुष्करोद, (४) वरुणोद, (५) क्षीरोद, (६) घृतोद और क्षोदोदसमुद्र।

110. There are seven *dveeps* (continents) in the *antaral* (gap or middle) of Nandishvar *dveep*-(1) Jambu *dveep*, (2) Dhatakikhand, (3) Pushkaravar, (4) Varunavar, (5) Ksheeravar, (6) Ghritavar and (7) Kshaudavar. [Nandishvar *dveep* is the eighth from Jambu *dveep*. It is more attractive than other continents] **111.** There are seven *samudras* (seas) in the *antaral* (gap or middle) of Nandishvar *dveep*—(1) Lavan samudra, (2) Kalod, (3) Pushkarod, (4) Varunod, (5) Ksheerod, (6) Ghritod and (7) Kshaudod.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

११२. सत्त सेढीओ पण्णत्ताओ, तं जहा–उज्जुआयता, एगतोवंका, दुहतोवंका, एगतोखहा, दुहतोखहा, चक्कवाला, अद्धचक्कवाला।

११२. श्रेणियाँ (आकाश की प्रदेश-पंक्तियाँ) सात है–(१) **ऋजु–आयता**–सीधी और लम्बी श्रेणी। (२) **एकतो वक्रा**–एक दिशा में वक्र श्रेणी। (३) **द्वितो वक्रा**–दो दिशाओं में वक्र श्रेणी। (४) **एकतः खहा**–एक दिशा में अंकुश के समान मुड़ी हुई श्रेणी। (५) **द्वितः खहा**–दोनों दिशाओं में अंकुश के समान मुड़ी हुई श्रेणी। (६) **चक्रवाला**–चाक के समान वलयाकर श्रेणी। (७) **अर्धचक्रवाला**–आधे चाक के समान अर्धवलयाकर श्रेणी।

112. There are seven *shrenis* (rows of space-points)—**(1) Riju-aayata**—long and straight row. **(2) Ekato-vakraa**—a row turned in one direction. **(3) Dvito-vakraa**—a row turned in two directions. **(4) Ekatah-khaba**—a row curved like a hook in one direction. **(5) Dvitah-khaha**—a row curved like a hook in two direction. **(6) Chakravala**—a circular row. **(7) Ardhachakravala**—a semi-circular row.

विवेचन–जिनमें जीव और पुद्गल की अपने स्वाभाविक रूप में गति होती है, उन आकाश प्रदेशों की पंक्ति को श्रेणी कहते हैं। जीव और पुद्गल श्रेणी के अनुसार ही गमन करते हैं।

(१) **ऋजु–आयता श्रेणी**–जब जीव और पुद्गल ऊर्ध्वलोक से अधोलोक में या अधोलोक से ऊर्ध्वलोक में सीधी श्रेणी में गमन करते हैं, कोई मोड़ या घुमाव नहीं लेते हैं, तब उसे **ऋजु–आयता** श्रेणी कहते हैं। इसका आकार [↑] ऐसी सीधी रेखा के समान है। इस गति में केवल एक समय लगता है।

(२) **एकतोवक्रा श्रेणी**–यद्यपि आकाश की प्रदेश-श्रेणियाँ ऋजु (सीधी) ही होती हैं तथापि जीव या पुद्गल के घुमावदार गति के कारण उसको वक्र कहा जाता है। जब जीव और पुद्गल ऋजुगति से गमन करते हुए दूसरी श्रेणी में पहुँचते हैं,तब उन्हें एक घुमाव लेना पड़ता है, इसलिए उसे एकतोवक्रा श्रेणी कहा जाता है। जैसे कोई जीव या पुद्गल ऊर्ध्वदिशा से अधोदिशा की पश्चिम श्रेणी पर जाना चाहता है, तो पहले समय में वह ऊपर से नीचे की ओर समश्रेणी से गमन करेगा। पुनः दूसरे समय में वहाँ से पश्चिम दिशा वाली श्रेणी पर गमन कर अभीष्ट स्थान पर पहुँचेगा। इस गति में दो समय और एक घुमाव लगने से उसका आकार [↓→] इस प्रकार का होगा।

(३) **द्वितोवक्रा श्रेणी**–जिस गति मे जीव या पुद्गल को दोनों ओर मोड़ लेना पड़े उसे द्वितोवक्रा श्रेणी कहते हैं। जैसे कोई जीव या पुद्गल आकाश-प्रदेशों की ऊपरीसतह के ईशानकोण से चलकर नीचे जाकर नैर्ऋतकोण में जाकर उत्पन्न होता है, तो उसे पहले समय में ईशानकोण से चलकर पूर्वदिशा वाली श्रेणी पर जाना होगा। पुनः वहाँ से सीधी श्रेणी द्वारा नीचे की ओर जाना होगा। पुनः समरेखा पर पहुँच कर नैर्ऋतकोण की ओर जाना होगा। इस प्रकार इस गति में दो मोड़ और तीन समय लगेंगे। इसका आकार [→↓] ऐसा होगा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(४) **एकतःखहा श्रेणी**—जब कोई स्थावर जीव त्रसनाड़ी के वाम पार्श्व से उसमें प्रवेश कर उसके वाम या दक्षिणी किसी पार्श्व में दो या तीन मोड़ लेकर नियत स्थान में उत्पन्न होता है, तब उसके त्रसनाड़ी के बाहर का आकाश एक ओर स्पृष्ट होता है, इसलिए उसे 'एकतःखहा' श्रेणी कहा जाता है। इसका आकार [ ] ऐसा होता है।

(५) **द्वितःखहा श्रेणी**—जब कोई जीव मध्यलोक के पश्चिम लोकान्तवर्ती प्रदेश से चलकर मध्यलोक के पूर्वदिशावर्ती लोकान्तप्रदेश पर जाकर उत्पन्न होता है, तब उसके दोनों ही स्थलों पर लोकान्त का स्पर्श होने से द्वितःखहा श्रेणी कहा जाता है। इसका आकार [] ऐसा होगा।

(६) **चक्रवाला श्रेणी**—चक्र के समान गोलाकार गति को चक्रवाला श्रेणी कहते हैं। जैसे- [ ]

1. An ascetic endowed with eight *sthaans* (qualities) is qualified to accept *ekal-vihar pratima* (special ascetic-practice of staying in solitude)—(1) *Shraddhavan purush* (person with faith), (2) *Satyavadi purush* (truthful person), (3) *Medhavi purush* (intelligent person), (4) *Bahushrut purush* (scholarly person), (5) *Shaktiman purush* (powerful person), (6) *Alpadhikaran purush* (strife-less person), (7) *Dhritiman purush* (patient person) and (8) *Viryasampanna purush* (enthusiastic person).

विवेचन–गुरु व संघ की आज्ञा लेकर अकेला विहार करते हुए आत्म-साधना करने का अभिग्रह **'एकल विहार प्रतिमा'** है। साधु तीन अवस्थाओं में अकेला विचर सकता है-(१) एकल विहार प्रतिमा स्वीकार करने पर। (२) जिनकल्प स्वीकार करने पर। (३) मासिकी आदि भिक्षुप्रतिमाएँ स्वीकार करने पर।

इनमें से प्रस्तुत सूत्र में एकल-विहार-प्रतिमा स्वीकार करने की योग्यता के आठ अंग बताये गये हैं-(१) **श्रद्धावान्**–अचल सम्यक्त्वी और दृढ़ चारित्रवान्। (२) **सत्यवादी**–स्वीकृत प्रतिज्ञा पालने में दृढ़ एवं अर्हत्प्ररूपित तत्त्वों का कथन करने सत्यवादी में। (३) **मेधावी**–श्रुतग्रहण की प्रखर बुद्धि से युक्त एवं विवेकवान्। (४) **बहुश्रुत**–कम से कम नौ-दश पूर्व का ज्ञाता। (५) **शक्तिमान्**। शक्तिमान होने की पाँच कसौटियाँ हैं-(१) तपस्या, छह मास तक भोजन न मिलने पर भी जो भूख से पराजित न हो। (२) सत्त्व, भय और निद्रा को जीतने का अभ्यास 'सत्त्व' है। इसके लिए उसे सब साधुओं के सो जाने पर क्रमशः उपाश्रय के भीतर, दूसरी बार उपाश्रय के बाहर, तीसरी बार किसी चौराहे पर, चौथी बार सूने घर में और पांचवीं बार श्मशान में रातभर कायोत्सर्ग करना पड़ता है। (३) सूत्र-भावना, वह सूत्र के परावर्तन से उच्छ्वास, घड़ी, मुहूर्त आदि काल को सूर्य-गति आदि के बिना जानने की क्षमता प्राप्त कर लेता है। (४) एकत्व, वह आत्मा को शरीर से भिन्न अखण्ड चैतन्यपिण्ड का ज्ञाता हो जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(५) बल, वह मानसिक बल को इतना विकसित कर लेता है कि भयंकर उपसर्ग आने पर भी वह उनसे चलायमान नहीं होता है। जो साधक जिनकल्प–प्रतिमा स्वीकार करता है, उसके लिए उक्त पाँचों कसौटियों में सफल होना आवश्यक है। (६) **अल्पाधिकरण**–जो उपशान्त कलह की उदीरणा तथा नये कलहों का उद्भावक नहीं हो। (७) **धृतिमान्**–जो रति–अरति में समभाव रखे एवं अनुकूल–प्रतिकूल उपसर्गों को सहन करने में धैर्यवान् हो। (८) **वीर्यसम्पन्न**–स्वीकृत साधना में निरन्तर उत्साह बनाये रखें।

Elaboration—*Ekal-vihar pratima* is to resolve to do spiritual practices in solitude and to move alone after seeking due permission from the guru and *Sangh*. An ascetic can move alone under three conditions—(1) on accepting *ekal-vihar pratima*, (2) on accepting *Jina-kalp* and (3) on accepting *Masiki* or other *Bhikshu pratimas* (special ascetic practices).

Here eight qualifications of accepting *ekal-vihar pratima* have been listed—(1) *Shraddhavan*—person with unwavering righteousness and impeccable conduct. (2) *Satyavadi*—resolute in observing accepted vows and veracious in stating the fundamentals propagated by the *Arhat*. (3) *Medhavi*—sagacious and acutely sharp and intelligent in absorbing knowledge from scriptures. (4) *Bahushrut*—scholar of at least nine to ten *Purvas*. (5) *Shaktiman*—there are five yardsticks of being powerful—(i) *Austerity* related : should not be overwhelmed by hunger even if he does not get food for six months. (ii) *Sattva* related : the practice to win over fear and sleep is called *sattva*. For this the aspirant has to practice doing one night Kayotsarg progressively first at the place of stay, then outside the place of stay, then at some crossing, then in some abandoned house and lastly at cremation ground. (iii) *Sutra-bhaavana* : the aspirant acquires with the help of *Sutra-paravartan* (repetition of aphorisms or mantra chanting) the capacity to know different units of time, such as *Uchchhavas* (one exhale), *Ghadi* (quarter of an hour) and *Muhurt* (48 minutes), without the aid of movement of the sun or other such measure. (iv) *Ekatva* : the aspirant attains self realization and experiences that soul is an indivisible unit of sentience different from the physical body. (v) *Bal* : the aspirant develops so great a mental strength that gravest of afflictions fails to move him. It is necessary for an aspirant who desires to accept the *Jina-kalp pratima* to pass the aforesaid five tests. (6) *Alpadhikaran*—an aspirant who does not fructify or precipitate the pacified *karmas* responsible for strife and does not trigger new strife. (7) *Dhritiman*—an aspirant who is detached in indulgence and non-indulgence (*rati-arati*) as well as patient in enduring

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

pleasant and unpleasant afflictions. (8) *Viryasampanna*—an aspirant who is ever enthusiastic in observing the accepted spiritual practices.

(**Note :** All beings in the universe are included in these eight classes)

योनि-संग्रह-पद YONI-SANGRAHA-PAD (SEGMENT OF PLACE OF ORIGIN)

२. अट्ठविहे जोणिसंगहे पण्णत्ते, तं जहा—अंडगा, पोतगा, [जराउजा, रसजा, संसेयगा, संमुच्छिमा], उब्भिगा, उववातिया।

२. योनि-संग्रह (उत्पत्ति स्थान) आठ प्रकार का है-(१) अण्डज, (२) पोतज, (३) जरायुज, (४) रसज, (५) संस्वदेज, (६) सम्मूर्च्छिम, (७) उद्भिज्ज, (८) औपपातिक।

2. *Yoni sangraha* (places of origin) are of eight kinds—(1) *Andaj*, or born from an egg, as are birds, reptiles, etc. (2) *Potaj* or born as fully formed infants, as are elephants and tigers. (3) *Jarayuj*, or placental, such as man, cow etc. (4) *Rasaj* or born out of liquids including milk, curd, oil etc. (5) *Samsvedaj*, or born out of sweat, such as louse, nit, etc. (6) *Sammoorchanaj*, or of asexual origin, such as worms. (7) *Udbhij*, or those that burst out of the earth when born, such as *khanjanak*. (8) *Aupapatik*, or born instantaneously, such as gods.

गति-आगति-पद GATI-AAGATI-PAD (SEGMENT OF BIRTH FROM AND TO)

३. अंडगा अट्ठगतिया अट्ठागतिया पण्णत्ता, तं जहा—अंडए अंडएसु उववज्जमाणे अंडएहिंतो वा, पोतएहिंतो वा, (जराउजेहिंतो वा, रसजेहिंतो वा, संसेयगेहिंतो वा, संमुच्छिमेहिंतो वा, उब्भिएहिंतो वा), उववातिएहिंतो वा उववज्जेज्जा।

से चेव णं से अंडए अंडगत्तं विप्पजहमाणे अंडगत्ताए वा, पोतगत्ताए वा, (जराउजत्ताए वा, रसजत्ताए वा, संसेयगत्ताए वा, संमुच्छिमत्ताए वा, उब्भियत्ताए वा), उववातियत्ताए वा गच्छेज्जा।

४. एवं पोतगावि जराउजावि सेसाणं गतिरागती णत्थि।

३. अण्डज जीव आठ गतिक और आठ आगतिक होते हैं। जैसे-

अण्डज जीव अण्डजों में उत्पन्न होता हुआ अण्डजों से, या पोतजों से, या जरायुजों से, या रसजों से, या संस्वेदजों से, या सम्मूर्च्छिमों से, या उद्भिज्जों से, या औपपातिकों से आकर उत्पन्न होता है।

वही अण्डज जीव वर्तमान अण्डज पर्याय को छोड़ता हुआ अण्डजरूप से, या पोतजरूप से, या जरायुजरूप से, या रसजरूप से, या संस्वेदजरूप से, या सम्मूर्च्छिमरूम से, या उद्भिज्जरूप से, या औपपातिकरूप से उत्पन्न होता है।

४. इसी प्रकार पोतज भी और जरायुज भी आठ गतिक और आठ आगतिक है। शेष रसज आदि जीवों की गति और आगति आठ प्रकार की नहीं होती है। *(विस्तार के लिए देखें-हिन्दी टीका, भाग-२, पृष्ठ ४८२, वृत्ति पत्र ३९५)*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

3. *Andaj jiva* (egg-born beings) have eight kinds of *gatis* (reincarnation to) and eight *aagatis* (reincarnation from)—A being taking birth as *Andaj* being reincarnates from either *Andaj* beings, *Potaj* beings, *Jarayuj* beings, *Rasaj* beings, *Samsvedaj* beings, *Sammoorchanaj* beings, *Udbhij* beings, or *Aupapatik* beings.

The same *Andaj* being leaving the state of *Andaj* being reincarnates in the genus of either *Andaj* beings, *Potaj* beings, *Jarayuj* beings, *Rasaj* beings, *Samsvedaj* beings, *Sammoorchanaj* beings, *Udbhij* beings or *Aupapatik* beings. In other words it can reincarnate in any of the said eight genuses.

4. *Potaj* beings and *Jarayuj* beings also have eight *gatis* and *aagatis*. The remaining beings including *Rasaj* beings do not have eight kinds of *gatis* (reincarnation to) and *aagatis* (reincarnation from). *(for more details see Vritti, leaf 395 and Hindi Tika, part-2, p. 482)*

कर्म बन्ध-पद KARMA BANDH-PAD (SEGMENT OF BONDAGE OF KARMAS)

५. जीवा णं अट्ठ कम्मपगडीओ चिणिंसु वा चिणंति वा चिणिस्संति वा, तं जहा—णाणावरणिज्जं, दरिसणावरणिज्जं, वेयणिज्जं, मोहणिज्जं, आउयं, णामं, गोत्तं, अंतराइयं। ६. णेरइया णं अट्ठ कम्मपगडीओ चिणिंसु वा चिणंति वा चिणिस्संति वा एवं चेव। ७. एवं णिरंतरं जाव वेमाणियाणं।

५. सभी जीवों ने आठ कर्मप्रकृतियों का अतीत काल में संचय किया है, वर्तमान में कर रहे हैं और भविष्य में करेंगे—(१) ज्ञानावरणीय, (२) दर्शनावरणीय, (३) वेदनीय, (४) मोहनीय, (५) आयु, (६) नाम, (७) गोत्र, (८) अन्तराय। ६. नारक जीवों ने उक्त आठ कर्मप्रकृतियों का संचय किया है, कर रहे हैं और भविष्य में करेंगे। ७. इसी प्रकार वैमानिक तक के सभी दण्डक वाले जीवों ने आठ कर्मप्रकृतियों का संचय किया है, कर रहे हैं और करेंगे।

5. All beings did, do and will acquire (*sanchaya*) eight *karma prakritis* (species of *karmas*) in the past, present and future respectively—(1) *Jnanavaraniya*, (2) *Darshanavaraniya*, (3) *Vedaniya*, (4) *Mohaniya*, (5) *Ayu*, (6) *Naam*, (7) *Gotra* and (8) *Antaraya*. **6.** *Naarak* (infernal) beings did, do and will acquire (*sanchaya*) the said eight *karma prakritis* (species of *karmas*) in the past, present and future respectively. **7.** In the same way all beings of all *Dandaks* up to *Vaimaniks* did, do and will acquire (*sanchaya*) the said eight *karma prakritis* (species of *karmas*) in the past, present and future respectively.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८. जीवा णं अट्ठ कम्मपगडीओ उवचिणिंसु वा उवचिणंति वा उवचिणिस्संति वा एवं चेव। एवं चिण–उवचिण–बंध–उदीर–वेय तह णिज्जरा चेव। एते छ चउवीसा दंडगा भाणियव्वा।

८. जीवों ने उक्त आठ कर्मप्रकृतियों का संचय, उपचय, बन्ध, उदीरण, वेदन और निर्जरण किया है, कर रहे हैं और करेंगे। इसी प्रकार नारकों से लेकर वैमानिकों तक सभी दण्डकों के जीवों ने आठ कर्मप्रकृतियों का संचय, उपचय, बन्ध, उदीरण, वेदन और निर्जरण किया है, कर रहे हैं और करेंगे। इस प्रकार चौबीस दण्डों में संचय आदि छह पदों का कथन करना चाहिए।

8. All beings did, do and will *augment* (*upachaya*), bond (*bandh*), fructify (*udiran*), experience (*vedan*) and shed (*nirjaran*) the aforesaid eight species of *karmas* in the past, present and future respectively. In the same way all beings of all *Dandaks* up to *Vaimaniks* did, do and will augment (*upachaya*), bond (*bandh*), fructify (*udiran*), experience (*vedan*) and shed (*nirjaran*) the aforesaid eight species of *karmas* in the past, present and future respectively. In the same way these six statements about acquiring (etc.) should be read for all the twenty four *Dandaks* (places of suffering).

आलोचना–पद ALOCHANA-PAD (SEGMENT OF CRITICISM)

९. अट्ठहिं ठाणेहिं मायी मायं कट्टु णो आलोएज्जा, णो पडिक्कमेज्जा, (णो णिंदेज्जा, णो गरिहेज्जा, णो विउट्टेज्जा, णो विसोहेज्जा, णो अकरणयाए अब्भुट्ठेज्जा, णो अहारिहं पायच्छित्तं तवोकम्मं) पडिवज्जेज्जा, तं जहा–करिंसु वाहं, करेमि वाहं, करिस्सामि वाहं, अकित्ती वा मे सिया, अवण्णे वा मे सिया, अविणए वा मे सिया, कित्ती वा मे परिहाइस्सइ, जसे वा मे परिहाइस्सइ।

९. मायावी व्यक्ति माया करके आठ कारणों से उसकी आलोचना, प्रतिक्रमण, निन्दा, गर्हा, व्यावृत्ति (निवृत्ति) और विशुद्धि नहीं करता है। "पुनः वैसा नहीं करूँगा", ऐसा कहने को उद्यत भी नहीं होता है तथा न यथायोग्य प्रायश्चित्त और तपःकर्म को स्वीकार करता है। वे आठ कारण इस प्रकार हैं–(१) मैंने (भूतकाल में) अकरणीय कार्य किया है, (२) मैं (वर्तमान में) अकरणीय कार्य कर रहा हूँ, (३) मैं (भविष्य में) अकरणीय कार्य करूँगा, (फिर इनकी आलोचना निन्दा क्यों करूँ?) (४) (आलोचना करने से) मेरी अपकीर्ति होगी, (५) मेरा अवर्णवाद (अपयश) होगा, (६) मेरा अविनय (प्रतिष्ठा को हानि पहुँचेगी) होगा, (७) मेरी (अब तक संचित)–कीर्ति–(भौतिक वैभव से बढ़ी प्रतिष्ठा) कम हो जायेगी, (८) मेरा यश–(सद्गुणों से बढ़ी प्रतिष्ठा) कम हो जायेगा।

9. For eight reasons a treacherous person, even after committing treachery, does not criticize (*alochana*) the act, do critical review (*pratikraman*), reprove (*ninda*) (before self), reproach (*garha*) (before the *guru*), refrain from doing the act (*vyavritti*), purge himself (*vishuddhi*), resolve not to repeat, or accept suitable atonement and penance. Those

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

eight reasons are—(1) I have (in the past) committed a misdeed. (2) I am (at present) committing a misdeed. (3) I will (in the future) commit a misdeed. (so, why criticize and reprove ?) (4) (If I do so) I will become disreputable (*apkirti*). (5) I will be dishonoured (*avarnavad*). (6) Others will ignore me (*avinaya*). (7) It will reduce my kirti (already acquired prestige due to worldly wealth). (8) It will reduce my *yash* (prestige gained due to virtues).

१०. (क) अट्ठहिं ठाणेहिं मायी मायं कट्टु आलोएज्जा, (पडिक्कमेज्जा, णिंदेज्जा, गरिहेज्जा, विउट्टेज्जा, विसोहेज्जा, अकरणयाए अब्भुट्ठेज्जा, अहारिहं पायच्छित्तं तवोकम्मं) पडिवज्जेज्जा, तं जहा–

(१) मायिस्स णं अस्सिं लोए गरहिते भवति। (२) उववाए गरहिते भवति। (३) आयाती गरहिता भवति। (४) एगमवि मायी मायं कट्टु णो आलोएज्जा, (णो पडिक्कमेज्जा, णो णिंदेज्जा, णो गरिहेज्जा, णो विउट्टेज्जा, णो विसोहेज्जा, णो अकरणयाए अब्भुट्ठेज्जा, णो अहारिहं पायच्छित्तं तवोकम्मं) पडिवज्जेज्जा, णत्थि तस्स आराहणा। (५) एगमवि मायी मायं कट्टु आलोएज्जा, (पडिक्कमेज्जा, णिंदेज्जा, गरिहेज्जा, विउट्टेज्जा, विसोहेज्जा, अकरणयाए अब्भुट्ठेज्जा, अहारिहं पायच्छित्तं तवोकम्मं) पडिवज्जेज्जा, अत्थि तस्स आराहणा। (६) बहुओवि मायी मायं कट्टु णो आलोएज्जा, (णो पडिक्कमेज्जा, णो णिंदेज्जा, णो गरिहेज्जा, णो विउट्टेज्जा, णो विसोहेज्जा, णो अकरणयाए अब्भुट्ठेज्जा, णो अहारिहं पायच्छित्तं तवोकम्मं) पडिवज्जेज्जा, णत्थि तस्स आराहणा। (७) बहुओवि मायी मायं कट्टु आलोएज्जा, (पडिक्कमेज्जा, णिंदेज्जा, गरिहेज्जा, विउट्टेज्जा, विसोहेज्जा, अकरणयाए अब्भुट्ठेज्जा, अहारिहं पायच्छित्तं तवोकम्मं पडिवज्जेज्जा), अत्थि तस्स आराहणा। (८) आयरिय–उवज्झायस्स वा मे अतिसेसे णाणदंसणे समुप्पज्जेज्जा, सेयं, मम मालोएज्जा मायी णं एसे।

१०. (क) आठ कारणों से मायावी माया करके उसकी आलोचना करता है, प्रतिक्रमण करता है, निन्दा करता है, गर्हा करता है, व्यावृत्ति करता है, विशुद्धि करता है, 'मैं पुनः वैसा नहीं करूँगा' ऐसा कहने को उद्यत होता है और (निर्वृत्ति) यथायोग्य प्रायश्चित्त तथा तपःकर्म स्वीकार करता है। वे आठ कारण इस प्रकार हैं–

(१) मायावी का यह लोक गर्हित होता है। (लोक निन्दा करते हैं, जिसे सुनकर मन ही मन उद्विग्न रहता है। (२) उपपात गर्हित होता है। (आगामी जन्म में देवगति में भी किल्विषिक आदि देवों में उत्पन्न होता है। (३) आजाति–तीसरा जन्म गर्हित होता है। देव योनि से च्युत होकर मनुष्य गति में भी तिरस्कृत तथा असम्मानित होता है। (४) जो मायावी एक भी मायाचार करके आलोचना प्रतिक्रमण है, निन्दा, गर्हा, व्यावृत्ति करता और विशुद्धि नहीं करता है, 'पुनः वैसा नहीं करूँगा' ऐसा कहने को उद्यत भी नहीं होता है, एवं यथायोग्य प्रायश्चित्त और तपःकर्म को स्वीकार भी नहीं करता है, उसके

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आराधना नहीं होती है। (५) जो मायावी एक भी बार मायाचार करके उसकी आलोचना करता है, प्रतिक्रमण, निन्दा, गर्हा, व्यावृत्ति और विशुद्धि करता है, ' मैं पुनः वैसा नहीं करूँगा', ऐसा कहने को उद्यत होता है, यथायोगय प्रायश्चित्त और तपःकर्म स्वीकार करता है, उसके आराधना होती है। (६) जो मायावी बहुत मायाचार करके न उसकी आलोचना करता है, न ही प्रतिक्रमण, निन्दा, गर्हा, व्यावृत्ति और विशुद्धि करता है, 'मैं पुनः वैसा नहीं करूँगा' ऐसा कहने को भी उद्यत नहीं होता है तथा यथायोग्य प्रायश्चित्त और तपःकर्म स्वीकार करता है, उसके आराधना नहीं होती है। (७) जो मायावी बहुत मायाचार करके उसकी आलोचना करता है, प्रतिक्रमण, निन्दा, गर्हा, व्यावृत्ति और विशुद्धि करता है, 'मैं पुनः वैसा नहीं करूँगा', ऐसा कहने को उद्यत होता है, यथायोग्य प्रायश्चित्त और और तपःकर्म स्वीकार करता है, उसके आराधना होती है। (८) मेरे आचार्य या उपाध्याय को अतिशायी ज्ञान और दर्शन उत्पन्न हो तो वे मुझे देखकर ऐसा न जान लेवें कि यह मायावी है।

इन आठ कारणों से वह आलोचना करने को तैयार होता है।

10. (a) For eight reasons a treacherous person, after committing treachery, does criticize (*alochana*) the act, do critical review (*pratikraman*), reprove (*ninda*) (before self), reproach (*garha*) (before the *guru*), refrain from doing the act (*vyavritti*), purge himself (*vishuddhi*), resolve not to repeat, or accept suitable atonement and penance. Those eight reasons are—

(1) This life (*ihalok*) of a fraud is condemned. (People censure him and this causes a constant mental disturbance.) (2) Next life (*upapat*) of a fraud is condemned. (Even in the divine realm he reincarnates as a servant god.) (3) Next to next life (*aajati*) of a fraud is condemned. (From divine realm he descends to reincarnate as a cursed human being facing insult and dishonour.) (4) A treacherous person, who does not criticize (*alochana*) the act, do critical review (*pratikraman*), reprove (*ninda*) (before self), reproach (*garha*) (before the *guru*), refrain from doing the act (*vyavritti*), purge himself (*vishuddhi*), resolve not to repeat, or accept suitable atonement and penance after committing treachery once, is not capable of accomplishing worship or spiritual practice. (5) A treacherous person, who does criticize (*alochana*) the act, do critical review (*pratikraman*), reprove (*ninda*) (before self), reproach (*garha*) (before the *guru*), refrain from doing the act (*vyavritti*), purge himself (*vishuddhi*), resolve not to repeat, or accept suitable atonement and penance after committing treachery once, is capable of accomplishing worship or spiritual practice. (6) A treacherous person, who does not criticize (*alochana*) the act, do critical review (*pratikraman*), reprove (*ninda*)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(before self), reproach (*garha*) (before the *guru*), refrain from doing the act (*vyavritti*), purge himself (*vishuddhi*), resolve not to repeat, or accept suitable atonement and penance after committing treachery repeatedly, is not capable of accomplishing worship or spiritual practice. (7) A treacherous person, who does criticize (*alochana*) the act, do critical review (*pratikraman*), reprove (*ninda*) (before self), reproach (*garha*) (before the *guru*), refrain from doing the act (*vyavritti*), purge himself (*vishuddhi*), resolve not to repeat, or accept suitable atonement and penance after committing treachery repeatedly, is capable of accomplishing worship or spiritual practice. (8) When my *acharya* and *upadhyaya* attains great knowledge and perception he will know that I was a fraud the moment he saw me.

For these eight reasons he is ready to criticize (alochana) (etc.).

१०. (ख) मायी णं मायं कट्टु से जहाणामए अयागरेति वा तंबागरेति वा तउआगरेति वा सीसागरेति वा रुप्पागरेति वा सुवण्णागरेति वा तिलागणीति वा तुसागणीति वा बुसागणीति वा णलागणीति वा दलागणीति वा सोंडियालिंछाणि वा भंडियालिंछाणि वा गोलियालिंछाणी वा कुंभारावाएति वा कवेल्लुआवाएति वा इट्टावाएति वा जंतवाडचुल्लीति वा लोहारंबरिसाणि वा।

तत्ताणि समजोतिभूताणि किंसुकफुल्लसमाणाणि उक्कासहस्साइं विणिम्मुयमाणाइं-विणिम्मुयमाणाइं, जालासहस्साइं पमुंचमाणाइं-पमुंचमाणाइं, इंगालसहस्साइं पविक्खिरमाणाइं-पविक्खिरमाणाइं, अंतो-अंतो झियायंति, एवामेव मायी मायं कट्टु अंतो-अंतो झियाए।

१०. (ख) अकरणीय कार्य करने के बाद मायावी उसी प्रकार भीतर ही भीतर जलता है, जैस कि–लोहा गलाने की भट्टी, ताँबा गलाने की भट्टी, त्रपु (जस्ता) गलाने की भट्टी, शीशा गलाने की भट्टी, चाँदी गलाने की भट्टी, सोना गलाने की भट्टी, तिल की अग्नि, तुष की अग्नि, भूसे की अग्नि, नलाग्नि (नरकट–पतले गाँठदार डंठल वाला पौधा, उसकी अग्नि), पत्तों की अग्नि, मुण्डिका का चूल्हा, भण्डिका (छोटी हांडी) का चूल्हा, गोलिका[1] (बड़ी हांडी) का चूल्हा, घड़ों का पंजावा (कुम्हार का आवा) खप्परों का पंजावा, ईंटों का पंजावा, गुड़ बनाने की भट्टी, लोहकार की भट्टी, तपती हुई, अग्निमय होती हुई, किंशुक फूल के समान लाल होती हुई, सहस्रों उल्काओं और सहस्रों ज्वालाओं को छोड़ती हुई, सहस्रों अग्निकणों को फेंकती हुई, भीतर ही भीतर जलती है, उसी प्रकार मायावी माया करके स्व-पाप के भय व चिन्ता से भीतर ही भीतर जलता है।

१. ये विभिन्न देशों में विभिन्न वस्तुओं को पकाने, राँधने आदि कार्य के लिए काम में आने वाले छोटे-बड़े चूल्हों के नाम हैं।

1. These are the names of different sizes of furnaces used in different areas for cooking and other works.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

10. (b) After committing a misdeed a treacherous person remains seething inside like furnaces meant for melting iron, copper, zinc, lead, silver and gold; sesame-fire, chaff-fire, hay-fire, bush-fire (*nalagni*) and leaf-fire; like different sizes of stoves (for different sizes of pots, such as *mundika, bhandik* and *golika*), potter's and brick-maker's kilns; like a jaggery hearth and a blacksmith's hearth. As these fires burn inside the furnaces with increasing temperature and glow, turning red like *Kinshuk* flower, throwing thousands of cinders, flames and sparks, in the same way a treacherous person remains seething inside after committing a sin for fear and worry of his sins.

१०. (ग) जंवि य णं अण्णे केइ वदंति तंपि य णं मायी जाणति अहमेसे अभिसंकिज्जामि अभिसंकिज्जामि। मायी णं मायं कट्टु अणालोइयपडिक्कंते कालमासे कालं किच्चा अण्णतरेसु देवलोगेसु देवत्ताए उववत्तारो भवंति, तं जहा–णो महिड्ढिएसु (णो महज्जुइएसु णो महाणुभागेसु णो महायसेसु णो महाबलेसु णो महासोक्खेसु) णो दूरंगतिएसु णो चिरट्ठितिएसु। से णं तत्थ देवे भवति णो महिड्ढिए (णो महज्जुइए णो महाणुभागे णो महायसे णो महाबले णो महासोक्खे णो दूरंगतिए) मओ चिरट्ठितिए।

जावि य से तत्थ बाहिरब्भंतरिया परिसा भवति, सावि य णं णो आढाति णो परिजाणाति णो महरिहेणं आसणेणं उवणिमंतेति, भासंपि य से भासमाणस्स जाव चत्तारि पंच देवा अणुत्ता चेव अब्भुट्ठंति–मा बहुं देवे ! भासउ–भासउ।

से णं ततो देवलोगाओ आउक्खएणं भवक्खएणं ठितिक्खएणं अणंतरं चयं चइत्ता इहेव माणुस्साए भवे जाइं इमाइं कुलाइं भवंति, तं जहा–अंतकुलाणि वा पंतकुलाणि वा तुच्छकुलाणि वा दरिद्दकुलाणि वा भिक्खागकुलाणि वा किवणकुलाणि वा, तहप्पगारेसु कुलेसु पुमत्ताए पच्चायाति। से णं तत्थ पुमे भवति दुरूवे दुवण्णे दुग्गंधे दुरसे दुफासे अणिट्ठे अकंते अप्पिए अमणुण्णे अमणामे हीणस्सरे दीणस्सरे अणिट्ठस्सरे अकंतस्सरे अप्पियस्सरे अमणुण्णस्सरे अमणामस्सरे अणाएज्जवयणे पच्चायाते।

जावि य से तत्थ बाहिरब्भंतरिया परिसा भवति, सावि य णं णो आढाति णो परिजाणाति णो महरिहेणं आसणेणं उवणिमंतेति, भासंपि य से भासमाणस्स जाव चत्तारि पंच जणा अणुत्ता चेव अब्भुट्ठंति –मा बहुं अज्जउत्तो ! भासउ–भासउ।

१०. (ग) यदि कोई अन्य पुरुष आपस में बात करते हैं तो मायावी समझता है कि 'ये मेरे विषय में ही शंका कर रहे हैं !' कोई मायावी माया करके उसकी आलोचना या प्रतिक्रमण किये बिना ही काल-मास में काल करके किसी देवलोक में देवरूप में उत्पन्न होता है, किन्तु वह महाऋद्धि वाले, महाद्युति वाले, महा अनुभव विक्रियादि शक्ति से युक्त, महायशस्वी, महाबलशाली, महान् सौख्य वाले,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ऊँची गति वाले और दीर्घस्थिति वाले देवों में उत्पन्न नहीं होता। वह देव होता है, किन्तु महाऋद्धि वाला, महाद्युति वाला, महानुभाव वाला, महायशस्वी, महाबलशाली, महान् सौख्यवाला, ऊँची गति वाला और दीर्घ स्थिति वाला देव नहीं होता।

वहाँ देवलोक में उसकी जो बाह्य और आभ्यन्तर परिषद् होती है, वह भी न उसको आदर देती है, न उसे स्वामी के रूप में मानती है और न महान् व्यक्ति के योग्य आसन पर बैठने के लिए निमंत्रित करती है। जब वह भाषण देना प्रारम्भ करता है, तब चार-पाँच देव बिना कहे ही खड़े हो जाते हैं और कहते हैं 'देव ! बहुत मत बोलो, बहुत मत बोलो।'

पुनः वह देव आयुक्षय, भवक्षय और स्थितिक्षय के अनन्तर देवलोक से च्युत होकर यहाँ मनुष्यलोक में मनुष्य भव में जो ये अन्तकुल, या प्रान्तकुल, या तुच्छकुल, या दरिद्रकुल, या भिक्षुककुल, या कृपणकुल हैं, या इसी प्रकार के अन्य हीन कुल हैं, उनमें मनुष्य के रूप में उत्पन्न होता है।

वहाँ वह कुरूप, कुवर्ण, दुर्गन्ध युक्त, अनिष्ट रस और कठोर स्पर्शवाला पुरुष होता है। वह अनिष्ट, अकान्त, अप्रिय, अमनोज्ञ और मन को न गमने योग्य होता है। वह हीनस्वर, दीनस्वर, अनिष्टस्वर, अकान्तस्वर, अप्रियस्वर, अमनोज्ञस्वर अरुचिकरस्वर और अनादेय वचनवाला होता है।

वहाँ उसकी जो बाह्य और आभ्यन्तर परिषद् होती है, वह भी उसका न आदर करती है, न उसे स्वामी के रूप में समझती है, न महान् व्यक्ति के योग्य आसन पर बैठने के लिए निमंत्रित करती है। जब वह बोलने के लिए खड़ा होता है, तब चार-पाँच मनुष्य बिना कहे ही खड़े हो जाते हैं और कहते हैं- 'आर्यपुत्र ! बहुत मत बोलो, बहुत मत बोलो।'

10. (c) When some other persons talk among themselves, the fraud thinks that they were talking about him. After committing a misdeed when a treacherous person dies without self criticism (etc.) before death and reincarnates in the divine realm, he is not born among the gods endowed with great *riddhi* (opulence or special powers), *dyuti* (radiance or majesty), *anubhaava* (powers of *vikriya* etc.), *yash* (fame), bal (strength), *sukha* (bliss), status and long life span. He becomes a god but not a god endowed with great *riddhi* (opulence or special powers), dyuti (radiance or majesty), *anubhaava* (powers of *vikriya* etc.), *yash* (fame), *bal* (strength), *sukha* (bliss), status and long life span.

There, in the external and internal divine assemblies, he is neither respected nor recognized as master or invited to sit on a thrown meant for great persons. When he starts his speech four-five gods stand up without being asked and comment—"O god ! Do not utter much ! Do not speak much !"

Again at the conclusion of his life span, birth and state as a god he descends from the divine realm and is born in this land of humans as a

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

human being in any of these lowly clans—*ant-kul, prant-kul, tuchchhakul, daridrakul, bhikshuk-kul,* or *kripan-kul.*

There he is a man with bad appearance, bad complexion, bad smell, bad taste and rough touch. He is not adorable, not lovable, not beautiful, and not worth cherishing. He is with a voice that is bad, humble, not adorable, not lovable, not beautiful, and not worth cherishing.

There, in the external and internal assemblies, he is neither respected nor recognized as master or invited to sit on a thrown meant for great persons. When he starts his speech four-five men stand up, without being asked, and comment—"O *Arya*-born ! Do not utter much ! Do not speak much !"

१०. (घ) मायी णं मायं कट्टु आलोचित-पडिक्कंते कालमासे कालं किच्चा अण्णतरेसु देवलोगेसु देवत्ताए उववत्तारो भवंति, तं जहा-महिड्ढिएसु (महज्जुइएसु महाणुभागेसु महायसेसु महाबलेसु महासोक्खेसु दूरगंतिएसु) चिरट्ठितिएसु। से णं तत्थ देवे भवति महिड्ढिए जाव चिरट्ठितिएसु। से णं तत्थ देवे भवति महिड्ढिए जाव चिरट्ठितिए हारविराइयवच्छे कडक-तुडित-थंभित-भुए अंगद-कुंडल-मट्ठ-गंडतल-कण्णपीढधारी विचित्तहत्थाभरणे विचित्तवत्थाभरणे विचित्तमालामउली कल्लाणग-पवर-वत्थ-परिहिते कल्लाणग-'पवर-गंध-मल्लाणुलेवणधरे' भासुरबोंदी पलंब-वणमालधरे दिव्वेणं वण्णेणं दिव्वेणं गंधेणं दिव्वेणं रसेणं दिव्वेणं फासेणं दिव्वेणं संघातेणं दिव्वेणं संठाणेणं दिव्वाए इड्ढीए दिव्वाए जुईए दिव्वाए पभाए दिव्वाए छायाए दिव्वाए अच्चीए दिव्वेणं तेएणं दिव्वाए लेस्साए दस दिसाओ उज्जोवेमाणे पभासेमाणे महयाहत-णट्ट-गीत-वादित-तंती-तल-ताल-तुडित-घणमुंइंग-पडुप्पवादित-रवेणं दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणे विहरइ।

जावि य से तत्थ बाहिरब्भंतरिया परिसा भवति, सावि य णं आढाइ परिजाणाति महरिहेणं आसेणणं उवणिमंतेति, भासंपि य से भासमाणस्स जाव चत्तारि पंच देवा अणुत्ता चेव अब्भुट्ठंति-बहुं देवे ! भासउ-भासउ।

से णं ताओ देवलोगाओ आउक्खएणं (भवक्खएणं ठितिक्खएणं अणंतरं चयं) चइत्ता इहेव माणुस्सए भवे जाइं इमाइं कुलाइं भवंति-अड्ढाइं (दित्ताइं वित्तिण्ण-विउल-भवण-सयणासण-जाण-वाहणाइं 'बहुधण-बहुजायरूप-रययाइं' आओगपओग-संपउत्ताइं विच्छड्डिय-पउर-भत्तपाणाइं बहुदासी-दास-गो-महिस-गवेलय-प्पभूयाइं) बहुजणस्स अपरिभूताइं, तहप्पगारेसु कुलेसु पुमत्ताए पच्चायाति। से णं तत्थ पुमे भवति सुरूवे सुवण्णे सुगंधे सुरसे सुफासे इट्ठे कंते (पिए मणुण्णे) मणामे अहीणस्सरे (अदीणस्सरे इट्ठस्सरे कंतस्सरे पियस्सरे मणुण्णस्सरे) मणामस्सरे आदेज्जवयणे पच्चायाते।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जावि य से तत्थ बाहिरब्भंतरिया परिसा भवति, सावि य णं आढाति (परिजाणाति महरिहेणं आसणेणं उवणिमंतेति, भासंपि य से भासमाणस्स जाव चत्तारि पंच जणा अणुत्ता चेव अब्भुट्ठंति)– बहुं अज्जउत्ते ! भासउ– भासउ ।

१०. (घ) मायावी माया करके उसकी आलोचना, प्रतिक्रमण, कालमास में काल कर किसी एक देवलोक में देवरूप से उत्पन्न होता है। वह महाऋद्धि वाले, महाद्युति वाले, विक्रिया आदि शक्ति से युक्त, महायशस्वी, महाबलशाली, महान् सौख्य वाले, ऊँची गति वाले और दीर्घ स्थिति वाले देवों में उत्पन्न होता है।

वह यावत् ऊँची गतिवाला और दीर्घ स्थिति वाला देव होता है। उसका वक्षःस्थल हारों से शोभित होता है, वह भुजाओं में कड़े, तोड़े और अंगद (बाजूबन्द) पहने हुए रहता है। उसके कानों में कपोल तक स्पर्श करने वाले चंचल कुण्डल होते हैं। वह विचित्र वस्त्राभरणों, विचित्र मालाओं और सेहरों वाला माँगलिक एवं उत्तम वस्त्रों को पहने हुए होता है, वह माँगलिक, श्रेष्ठ, सुगन्धित पुष्प और विलेपन को धारण किये हुए होता है। उसका शरीर तेजस्वी होता है, वह लम्बी लटकती हुई मालाओं को धारण किये रहता है। वह दिव्य वर्ण, दिव्य गन्ध, दिव्य रस, दिव्य स्पर्श, दिव्य संघात (शरीर की बनावट), दिव्य संस्थान (शरीर की आकृति) और दिव्य ऋद्धि से युक्त होता है। वह दिव्यद्युति, दिव्यप्रभा, दिव्यकान्ति, दिव्य अर्चि, दिव्य तेज और दिव्य लेश्या से दशों दिशाओं को उद्योतित करता है, प्रभासित करता है, वह नाट्यों, गीतों तथा कुशल वादकों के द्वारा जोर से बजाये गये वादित्र, तंत्र, ताल, त्रुटित, घन और मृदंग की महान् ध्वनि से युक्त दिव्य भोगों को भोगता हुआ रहता है।

उसकी वहाँ जो बाह्य और आभ्यन्तर परिषद् होती है, वह भी उसका आदर करती है, उसे स्वामी के रूप में मानती है, उसे महान् व्यक्ति के योग्य आसन पर बैठने के लिए निमंत्रित करती है। जब वह भाषण देना प्रारम्भ करता है, तब चार–पाँच देव बिना कहे ही खड़े हो जाते हैं और कहते हैं–'देव ! और अधिक बोलिए और अधिक बोलिए।'

पुनः वह देव आयुक्षय, भवक्षय और स्थितिक्षय होने पर देवलोक से च्युत होकर यहाँ मनुष्यलोक में मनुष्यभव में सम्पन्न, दीप्त, विस्तीर्ण और विपुल शयन, आसन, यान और वाहन वाले, बहुधन, बहु सुवर्ण और बहु चाँदी वाले, आयोग और प्रयोग (लेनदेन) में संप्रयुक्त, प्रचुर भक्त–पान का वितरण करने वाले, अनेक दासी–दास, गाय–भैंस, भेड़ आदि रखने वाले और बहुत व्यक्तियों के द्वारा अपराजित, ऐसे उच्च कुलों में मनुष्य के रूप में उत्पन्न होता है।

वहाँ वह सुरूप, सुवर्ण, सुगन्ध, सुरस और सुस्पर्श वाला होता है। वह इष्ट, कान्त, प्रिय, मनोज्ञ और मन को भाने वाला होता है। वह उच्च स्वर, प्रखर स्वर, कान्त स्वर, प्रिय स्वर, मनोज्ञ स्वर, रुचिकर स्वर और आदेय वचन वाला होता है।

वहाँ पर उसकी जो बाह्य और आभ्यन्तर परिषद् होती है, वह भी उसका आदर करती है, उसे स्वामी के रूप में मानती है, उसे महान् व्यक्ति के योग्य आसन पर बैठने के लिए निमंत्रित करती है। वह

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जब भाषण देना प्रारम्भ करता है, तब चार-पाँच मनुष्य बिना कहे ही खड़े हो जाते हैं और कहते हैं- 'आर्यपुत्र ! और अधिक बोलिए और अधिक बोलिए।'

10. (d) After committing a misdeed when a treacherous person dies after doing self criticism (etc.) before death and reincarnates in the divine realm, he is born among the gods endowed with great *riddhi* (opulence or special powers), *dyuti* (radiance or majesty), *anubhaava* (powers of *vikriya* etc.), *yash* (fame), *bal* (strength), *sukha* (bliss), status and long life span.

There he becomes a god endowed with great *riddhi* (opulence or special powers), *dyuti* (radiance or majesty), *anubhaava* (powers of *vikriya* etc.), *yash* (fame), *bal* (strength), *sukha* (bliss), status and long life span. His chest is adorned with necklaces and arms with bangles, bracelets and armlets. Earrings dangle from his ears and touch his cheeks. He is dressed in exclusive, auspicious and excellent garb adorned with unique garlands and danglers. He is embellished with auspicious and fragrant flowers and lotions. His body is radiant with long dangling bead-strings. He is endowed with divine appearance, smell, taste, touch body constitution, body structure and opulence. He illuminates and brightens all the ten directions with his divine glow (*dyuti*); divine shine (*prabha*), divine glow (*kanti*), divine brilliance (*archi*); divine aura (*tej*) and divine orb (*leshya*). He lives enjoying divine pleasures in accompaniment of dances, dramas, songs and enchanting sounds of a variety of musical instruments (*vaditra, tantra, trutit, ghan* and *mridang*) played by expert musicians.

There, in the external and internal divine assemblies, he is also respected and recognized as master as well as invited to sit on a thrown meant for great persons. When he starts his speech four-five gods stand up without being asked and comment—"O god ! Utter more ! Speak more !"

Again at the conclusion of his life span, birth and state as a god he descends from the divine realm and is born in this land of humans as a human being in any of the upper class clans endowed with great affluence and glory; abundant furniture, carriages and vehicles; heaps of wealth, gold and silver; and flourishing trade and business. These families also donate large quantities of food and drinks, maintain large contingents of slaves, servants, and cattle, and are unsurmountable by many.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

There he is a man with good appearance, good complexion, good smell, good taste and smooth touch. He is adorable, lovable, beautiful, and worth cherishing. He is with a voice that is loud, sharp, adorable, lovable, beautiful, and worth cherishing.

There, in the external and internal assemblies, he is also respected and recognized as master as well as invited to sit on a thrown meant for great persons. When he starts his speech four-five gods stand up, without being asked, and comment—"O *Arya*-born ! Utter more ! Speak more !"

विवेचन–वृत्तिकार आचार्य अभदेव सूरि ने निम्न शब्दों की व्याख्या इस प्रकार की है–

आभ्यन्तर परिषद्–पुत्र, कलत्र व स्थानीय देव-देवियाँ। **बाह्य परिषद्**–नौकर-चाकर सेवा करने वाले। **आयुक्षय**–आयुष्य कर्म के पुद्गलों का क्षय। **भवक्षय**–वर्तमान भव (पर्याय) का विनाश। **स्थितिक्षय**–आयुःस्थिति के बन्ध का क्षय। **अन्तकुल**–म्लेच्छ, छिंपक आदि कुल। **प्रान्त कुल**–चाण्डाल आदि कुल। **तुच्छ कुल**–छोटे परिवार व तुच्छ विचार वाले कुल। **दरिद्र कुल**–निर्धन कुल। **भिक्खागकुल**–भिक्षा माँगने वाले कुल। **कृपणकुल**–दान लेकर आजीविका चलाने वाले कुल

आलोचना करने से निम्न आठ गुण निष्पन्न होते हैं–

(१) **लघुता**–मन हल्का हो जाता है। (२) **प्रसन्नता** अनुभव करता है। (३) **आत्म–पर नियंत्रिता**–अपने व दूसरों पर अनुशासन करने की क्षमता आती है। (४) **आर्जव**–सरलता आती है। (५) **शोधि**–दोषों को परिष्कार होता है। (६) **दुष्कर करण**–दुष्कर कार्य करने की सामर्थ्य बढ़ती है। (७) **आदर**–जनता में सन्मान बढ़ता है। (८) **निःशल्यता**–मन की गाँठे खुलकर ग्रन्थि भेद हो जाता है। *(वृत्ति. पत्र ३९७-३९९)*

Elaboration—*Abhayadev Suri*, the commentator (*Vritti*), has interpreted the relevant technical terms as follows—

Abhyantar parishad (internal assembly)—this includes sons, relatives and local gods and goddesses. *Bahya parishad* (external assembly)—this includes subordinates and servants. *Ayu-kshaya*—destruction of life span determining *karma* particles. *Bhava-kshaya*—termination of the present birth. *Sthiti-kshaya*—destruction of the *karma* determining the duration in present state. *Ant-kul*—low castes including *Mlechchha* and *Chhimpak*. *Prant-kul*—low castes including *Chandal*. *Tuchchha kul*—low castes with rustic habits. *Daridra kul*—destitute. *Bhikshak kul*—clans subsisting on begging. *Kripan kul*—clans subsisting on charity.

Following eight qualities are acquired by self-criticism—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(1) *Laghuta*—lightness of the mind. (2) *Prasannata*—experience of joy. (3) *Atma-par niyantrata*—capacity to discipline self and others. (4) *Arjava*—simplicity. (5) *Shodhi*—correction of faults. (6) *Dushkar karan*—capacity to accomplish difficult tasks is enhanced. (7) *Aadar*—respect among people increases. (8) *Nihshalyata*—inner knots are shattered and psychological complexes are removed. *(Vritti, leaves 397-399)*

संवर-असंवर-पद SAMVAR-ASAMVAR-PAD (SEGMENT OF BLOCKAGE AND NON-BLOCKAGE OF INFLOW OF KARMAS)

११. अट्ठविहे संवरे पण्णत्ते, तं जहा—सोइंदियसंवरे, (चक्खिंदियसंवरे, घाणिंदियसंवरे, जिब्भिंदियसंवरे), फासिंदियसंवरे, मणसंवरे, वइसंवरे, कायसंवरे। १२. अट्ठविहे असंवरे पण्णत्ते, तं जहा—सोतिंदियअसंवरे, चक्खिंदियअसंवरे, घाणिंदिय-असंवरे, जिब्भिंदियअसंवरे, फासिंदियअसंवरे, मणअसंवरे, वइअसंवरे, कायअसंवरे।

११. संवर आठ प्रकार का है-(१) श्रोत्रेन्द्रिय-संवर, (२) चक्षुरिन्द्रिय-संवर, (३) घ्राणेन्द्रियसंवर, (४) रसनेन्द्रिय-संवर, (५) स्पर्शनेन्द्रिय-संवर, (६) मनः-संवर, (७) वचन-संवर, (८) काय-संवर। १२. असंवर के आठ प्रकार है-(१) श्रोत्रेन्द्रिय-असंवर, (२) चक्षुरिन्द्रिय-असंवर, (३) घ्राणेन्द्रिय-असंवर, (४) रसनेन्द्रिय-असंवर, (५) स्पर्शनेन्द्रिय-असंवर, (६) मनःअसंवर, (७) वचन-असंवर, (८) काय-असंवर।

11. *Samvar* (blockage of inflow of *karmas* or abstaining from indulgence in subjects of sense organs) is of eight kinds—(1) *shrotendriya samvar*, (2) *chakshurindriya samvar*, (3) *ghranendriya samvar*, (4) *rasanendriya samvar*, (5) *sparshendriya samvar*, (6) *manah samvar* (related to mind), (7) *vachan samvar* (related to speech) and (8) *kaaya samvar* (related to body). **12.** *Asamvar* (inflow of *karmas* or indulgence in subjects of sense organs) is of eight kinds—(1) *shrotendriya asamvar*, (2) *chakshurindriya asamvar*, (3) *ghranendriya asamvar*, (4) *rasanendriya asamvar*, (5) *sparshendriya asamvar*, (6) *manah asamvar* (related to mind), (7) *vachan asamvar* (related to speech) and (8) *kaaya asamvar* (related to body).

स्पर्श-पद SPARSH-PAD (SEGMENT OF TOUCH)

१३. अट्ठ फासा पण्णत्ता, तं जहा—कक्खडे, मउए, गरुए, लहुए, सीते, उसिणे, णिद्धे, लुक्खे।

१३. स्पर्श आठ प्रकार का है-(१) कर्कश, (२) मृदु, (३) गुरु, (४) लघु, (५) शीत, (६) उष्ण, (७) स्निग्ध, (८) रूक्ष।

13. *Sparsh* (touch) is of seven kinds—(1) *Karkash sparsh* (hard touch), (2) *Mridu sparsh* (soft touch), (3) *Guru sparsh* (heavy touch), (4) *Laghu*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

sparsh (light touch), (5) *Sheet sparsh* (cold touch), (6) *Ushna sparsh* (hot touch), (7) *Snigdha sparsh* (smooth touch) and (7) *Ruksha sparsh* (coarse touch).

लोकस्थिति-पद LOK-STHITI-PAD (SEGMENT OF STRUCTURE OF UNIVERSE)

१४. अट्ठविधा लोगट्ठिती पण्णत्ता, तं जहा-आगासपतिट्ठिते वाते, वातपतिट्ठिते उदही, (उदधिपतिट्ठिता पुढवी, पुढविपतिट्ठिता तसा थावरा पाणा, अजीवा जीवपतिट्ठिता) जीवा कम्मपतिट्ठिता, अजीवा जीवसंगहीता, जीवा कम्मसंगहीता।

१४. लोकस्थिति आठ प्रकार की है-(१) वायु (तनुवात) आकाश पर प्रतिष्ठित है। (२) समुद्र (घनोदधि) वायु पर प्रतिष्ठित है। (३) पृथ्वी समुद्र पर प्रतिष्ठित है। (४) त्रस-स्थावर प्राणी पृथ्वी पर प्रतिष्ठित हैं। (५) अजीव जीव पर प्रतिष्ठित हैं। (६) जीव कर्म पर प्रतिष्ठित हैं। (७) अजीव जीव के द्वारा संगृहीत हैं। (८) जीव कर्म के द्वारा संगृहीत हैं।

14. *Lok-sthiti* (structure of universe) is eight tiered—(1) *vayu* (air) is *pratishthit* (installed) on *akash* (space), (2) *udadhi* or *ghanodadhi* (dense water) is *pratishthit* (installed) on *vayu*, (3) *prithvi* (earth) is *pratishthit* (installed) on *ghanodadhi*, (4) *sthavar* and *tras pranis* (immobile and mobile beings) are *pratishthit* (installed) on (live on) *prithvi*, (5) *ajiva* (matter) is *pratishthit* (installed) on *jiva* (life), (6) *jiva* (living being) is *pratishthit* (installed on) *karma* (7) *ajivas* are accumulated (*samgrahit*) by *jiva* and (8) *jivas* are bonded (*samgrihit*) by *karma*.

गणिसंपदा-पद GANISAMPAD-PAD (SEGMENT OF WEALTH OF A GANI)

१५. अट्ठविहा गणिसंपया पण्णत्ता, तं जहा-आचारसंपया, सुयसंपया, सरीरसंपया, वयणसंपया, वायणासंपया, मतिसंपया, पओगसंपया, संगहपरिण्णा णाम अट्ठमा।

१५. गणी (आचार्य) की सम्पदा आठ प्रकार की है-(१) आचार-**सम्पदा**-संयम की समृद्धि, (२) **श्रुत-सम्पदा**-श्रुतज्ञान की समृद्धि, (३) **शरीर-सम्पदा**-प्रभावक शरीर-सौन्दर्य, (४) **वचन-सम्पदा**-वचन-कुशलता, (५) **वाचना-सम्पदा**-अध्यापन-निपुणता, (६) **मति-सम्पदा**-बुद्धि की कुशलता, (७) **प्रयोग-सम्पदा**-वाद-प्रवीणता, (८) **संग्रह-परिज्ञा**-संघ-व्यवस्था की निपुणता।

15. *Gani sampada* (wealth of a *gani/acharya*) is of eight kinds—(1) *Achar sampada*—wealth of ascetic-discipline, (2) *Shrut sampada*—wealth of knowledge of scriptures, (3) *Sharira sampada*—wealth of physical qualities like impressive personality, (4) *Vachan sampada*—wealth of speech like lucidity, (5) *Vaachana sampada*—expertise in teaching, (6) *Mati sampada*—wealth of wisdom, (7) *Prayog sampada*—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

expertise of debate and (8) *Samgraha parijna*—expertise of managing *sangha* (religious organization).

महानिधि-पद MAHANIDHI-PAD (SEGMENT OF GREAT WEALTH)

१६. एगमेगे णं महाणिही अट्ठचक्कवालपतिट्ठाणे अट्ठट्ठजोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ते।

१६. चक्रवर्ती की प्रत्येक महानिधि आठ-आठ पहियों पर आधारित है और आठ-आठ योजन ऊँची है।

16. Each *mahanidhi* (great chest of treasure) rests on eight wheels and is eight *Yojan* in height.

विवेचन—ये महानिधान मंजूषा के आकार के एवं प्रत्येक आठ योजन ऊँचा, नो योजन चौड़ा और बारह योजन लम्बा होता है। प्रत्येक के आठ-आठ पहिये होते हैं। तथा एक हजार यक्ष उनकी सेवा-सँभाल करते हैं। *(हिन्दी टीका भाग-२ पृष्ठ ५०८। विस्तृत वर्णन देखें, दशाश्रुतस्कन्ध दशा ४ तथा प्रवचन सारोद्धार गाथा ५४०-४६)*

Elaboration—The said great wealth is in the form of gigantic chests eight *Yojan* tall, nine *Yojan* broad, and twelve *Yojan* long. Each one rests on eight wheels and is maintained and guarded by one thousand *Yakshas*. *(Hindi Tika, part-2, p. 508; for more details see Dashashrutskandha, dasha-4 and Pravachanasaroddhar verses 540-46)*

समिति-पद SAMITI-PAD (SEGMENT OF SELF REGULATION)

१७. अट्ठ समितीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—इरियासमिती, भासासमिती, एसणासमिती, आयाणभंड-मत्त-णिक्खेवणासमिती, उच्चार-पासवण-खेल-सिंघाण-जल्ल-परिट्ठावणियासमिती, मणसमिती, वइसमिती, कायसमिती।

१७. समितियाँ आठ हैं-(१) ईर्यासमिति, (२) भाषासमिति, (३) एषणासमिति, (४) आदान-भाण्ड-अमत्र-निक्षेपणासमिति, (५) उच्चार-प्रस्रवण-श्लेष्म-सिंघाण-जल्ल-परिष्ठापनासमिति, (६) मनःसमिति, (७) वचनसमिति, (८) कायसमिति।

17. *Samitis* (self regulations) are of eight kinds—(1) *Irya samiti*—proper care in movement, (2) *bhasha samiti*—proper care in speaking, (3) *eshana samiti*—proper care in seeking and collecting alms, (4) *adan-bhand-amatra-nikshepana samiti*—proper care in taking and keeping bowls for food etc., (5) *uchchar-prasravan-shleshm-jalla-singhad prasthapana samiti*—proper care in disposal of all kinds of excreta (stool, urine, phlegm, and body and nose scum) at a spot free of living beings, (6) *manah samiti*—proper care in thinking, (7) *vachan samiti*—proper care in speech and (8) *kaaya samiti*—proper care in activities of body.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१८. अट्ठहिं ठाणेहिं संपण्णे अणगारे अरिहति आलोयणं पडिच्छित्तए, तं जहा-आयारवं, आधारवं, ववहारवं ओवीलए. पकुव्वए, अपरिस्साई णिज्जावए, अवायदंसी।

१८. आठ स्थानों (गुणों) से सम्पन्न अनगार आलोचना (दूसरों को आलोचना-प्रायश्चित्त) देने के योग्य होता है-(१) **आचारवान्**-जो ज्ञान, दर्शन, चारित्र, तप और वीर्य इन पाँच आचारों से सम्पन्न हो। (२) **आधारवान्**-जो आलोचना लेने वाले के द्वारा आलोचना किये जाने वाले समस्त अतिचारों को जानने वाला हो। (३) **व्यवहारवान्**-आगम, श्रुत, आज्ञा, धारणा और जीत इन पाँच व्यवहारों का ज्ञाता हो। (४) **अपव्रीडक**-आलोचना करने वाला व्यक्ति, लाज या संकोच से मुक्त होकर यथार्थ आलोचना कर सके, ऐसा साहस उत्पन्न करने वाला हो। (५) **प्रकारी**-आलोचना करने पर विशुद्धि कराने वाला हो। (६) **अपरिश्रावी**-आलोचना करने वाले के आलोचित दोषों को दूसरों के सामने प्रकट करने वाला न हो। (७) **निर्यापक**-बड़े प्रायश्चित्त को भी निभा सके, ऐसा सहयोग देने वाला हो। (८) **अपायदर्शी**-प्रायश्चित्त-भंग से तथा यथार्थ आलोचना न करने से होने वाले दोषों को दिखाने वाला हो।

18. An *anagar* (ascetic) endowed with eight *sthaans* (qualities) is qualified to prescribe *alochana* (criticism and atonement) to others—(1) *Aacharvan*—who is endowed with five limbs of right conduct, namely knowledge, perception/faith, conduct, austerities and potency of perseverance. (2) *Aadhaarvan*—who knows about all the transgressions requiring atonement by the one prepared for atonement. (3) *Vyavaharvan*—who has knowledge of the five kinds of *vyavahar* (behaviour or conduct), namely *Agam, Shrut, Ajna, Dharana* and *jeet*. (4) *Apavridak*—who is capable of imparting courage to rise above shyness and hesitation in order to perform atonement properly. (5) *Prakari*—who can formalize purification after atonement is concluded. (6) *Aprishraavi*—who does not reveal the faults of the defaulter to others. (7) *Niryaapak*—who can cooperate even during extended atonement. (8) *Apaayadarshi*—who can indicate the consequences of breach in and improper performance of prescribed atonement.

१९. अट्ठहिं ठाणेहिं संपण्णे अणगारे अरिहति अत्तदोसमालोइत्तए, तं जहा-जातिसंपण्णे, कुलसंपण्णे, विणयसंपण्णे, णाणसंपण्णे, दंसणसंपण्णे, चरित्तसंपण्णे, खंते, दंते।

१९. आठ स्थानों (गुणों) से सम्पन्न अनगार अपने दोषों की (स्वयं) आलोचना करने के लिए समर्थ होता है-(१) जातिसम्पन्न, (२) कुलसम्पन्न, (३) विनयसम्पन्न, (४) ज्ञानसम्पन्न, (५) दर्शनसम्पन्न, (६) चारित्रसम्पन्न, (७) क्षान्त (क्षमाशील), (८) दान्त (इन्द्रिय-जयी)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

19. An *anagar* (ascetic) endowed with eight *sthaans* (qualities) is himself qualified to perform *alochana* (criticism and atonement) for his own faults—(1) *Jati sampanna* (of good maternal lineage), (2) *Kula sampanna* (of good paternal lineage), (3) *Vinaya sampanna* (endowed with modesty), (4) *Jnana sampanna* (endowed with knowledge), (5) *Darshan sampanna* (endowed with perception/faith), (6) *Chaaritra sampanna* (endowed with right conduct), (7) *Kshant* (endowed with forgiveness) and (8) *Daant* (endowed with absolute control over sense organs).

प्रायश्चित्त-पद PRAYASHCHIT-PAD (SEGMENT OF ATONEMENT)

२०. अट्ठविहे पायच्छित्ते पण्णत्ते, तं जहा—आलोयणारिहे, पडिक्कमणारिहे, तदुभयारिहे, विवेगारिहे, विउस्सग्गारिहे, तवारिहे, छेयारिहे, मूलारिहे।

२०. प्रायश्चित्त आठ प्रकार का है-(१) आलोचना के योग्य, (२) प्रतिक्रमण के योग्य, (३) आलोचना और प्रतिक्रमण दोनों के योग्य, (४) विवेक के योग्य, (५) व्युत्सर्ग के योग्य, (६) तप के योग्य, (७) छेद के योग्य, (८) मूल के योग्य। (आगे दशवें स्थान में १० विध प्रायश्चित्त का वर्णन है)

20. *Prayashchit* (atonement) is of eight kinds—(1) requiring *alochana* (criticism), (2) requiring *pratikraman* (critical review), (3) *tadubhaya* (requiring both *alochana* and *pratikraman*) (4) requiring *vivek* (sagacity), (5) requiring *vyutsarg* (abstainment), (6) requiring *tap* (austerities), (7) requiring *chhed* (termination of ascetic state) and (8) requiring *mool* (reinitiation).

मदस्थान-पद MAD-STHAAN-PAD (SEGMENT OF REASONS OF CONCEIT)

२१. अट्ठ मयट्ठाणा पण्णत्ता, तं जहा—जातिमए, कुलमए, बलमए, रूवमए, तवमए, सुतमए, लाभमए, इस्सरियमए।

२१. मद (अहंकार) के स्थान (कारण) आठ हैं-(१) जातिमद, (२) कुलमद, (३) बलमद, (४) रूपमद, (५) तपोमद, (६) श्रुतमद, (७) लाभमद, (८) ऐश्वर्यमद।

21. There are eight *sthaan* (reasons) for *mad* (conceit)—(1) *Jati mad* (conceit of maternal lineage), (2) *kula mad* (conceit of paternal lineage), (3) *bal mad* (conceit of strength), (4) *rupa mad* (conceit of appearance or beauty), (5) *tapo mad* (conceit of austerities), (6) *Shrut mad* (conceit of scriptural knowledge), (7) *laabh mad* (conceit of gains) and (8) *aishvarya mad* (conceit of wealth).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अक्रियावादि–पद **AKRIYAVADI-PAD (SEGMENT OF AKRIYAVADI)**

२२. अट्ठ अकिरियावाई पण्णत्ता, तं जहा–एगावाई, अणेगावाई, मितवाई, णिम्मितवाई, सायवाई, समुच्छेदवाई, णितावाई, ण संतिपरलोगवाई।

२२. अक्रियावादी आठ प्रकार के हैं–(१) **एकवादी**–एक ही तत्त्व को मानने वाले। (२) **अनेकवादी**–अनेक तत्त्वों को मानने वाले। (३) **मितवादी**–जीवों को परिमित या जीव को अंगुष्ट प्रमाण मानने वाले। (४) **निर्मितवादी**–ईश्वर को सृष्टि का निर्माता मानने वाले। (५) **सातवादी**–सुख से ही सुख की प्राप्ति मानने वाले। (६) **समुच्छेदवादी**–क्षणिकवादी, वस्तु को सर्वथा क्षण विनाशी मानने वाले। (७) **नित्यवादी**–वस्तु को सर्वथा नित्य मानने वाले। (८) **असत्–परलोकवादी**–मोक्ष एवं परलोक को नहीं मानने वाले। *(विस्तार के लिए देखें–ठाणं पृष्ठ ८३०–३४। हिन्दी टीका, भाग २, पृष्ठ ५१६)*

22. *Akriyavadis* (sects of non-doers) are of seven kinds—(1) *Ekavadi*—who believe in singularity of fundamentals, (2) *Anekavadi*—who believe in plurality of fundamentals, (3) *Mitavadi*—who believe in limited number of souls or thumb-size of soul, (4) *Nirmit-vadi*—who believe in a creator god, (5) *Saat-vadi*—who believe in acquisition of bliss through pleasure, (6) *Samuchchhed-vadi*—who believe in absolutely ephemeral nature of things, (7) *Nitya-vadi*—who believe in absolute eternality of things and (8) *Asatparlok-vadi*—who do not believe in next life and liberation. *(for more details see Thanam, pp. 830-34 and Hindi Tika, part-2, p. 516)*

महानिमित्त–पद **MAHANIMITT-PAD (SEGMENT OF COMPENDIUMS OF AUGURY)**

२३. अट्ठविहे महाणिमित्ते पण्णत्ते, तं जहा–भोमे, उप्पाते, सुविणे, अंतलिक्खे, अंगे, सरे, लक्खणे, वंजणे।

२३. आठ प्रकार के शुभाशुभ-सूचक महानिमित्त हैं–भौम, उत्पात, स्वप्न, आन्तरिक्ष, अंग, स्वर, लक्षण, व्यंजन।

23. There are eight *mahanimitt* (compendiums of augury)—(1) *Bhaum* (based on indications derived from earth), (2) *Utpaat* (based on indications derived from natural calamities), (3) *Svapna* (based on indications derived from dreams), (4) *Aantariksh* (based on indications derived from celestial happenings), (5) *Anga* (based on indications derived from activity in parts of human body), (6) *Svar* (based on indications derived from voice tone and breathing), (7) *Lakshan* (based on indications derived from marks on the body) and (8) *Vyanjan* (based on indications derived from spots on the body).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विवेचन–जिन कारणों व लक्षणों से भूत, भविष्य तथा वर्तमान में होने वाली शुभाशुभ घटनाओं का ज्ञान प्राप्त किया जाता है, उसे निमित्त शास्त्र कहते हैं। उनका वर्णन करने वाले महाग्रन्थों को महानिमित्त कहा जाता है। उनके आठ भेद यहाँ बतायें हैं। इनका संक्षेप में वर्णन इस प्रकार है–(१) **भौम**–भूमि की स्निग्धता–रूक्षता भूकम्प आदि से सम्बन्धित शुभाशुभ विषयों को जानना। (२) **उत्पात**–आकस्मिक घटनाओं जैसे उल्कापात रुधिर–वर्षा आदि से शुभाशुभ फल बताना। (३) **स्वप्न**–स्वप्नों के द्वारा भावी शुभाशुभ जानना। (४) **आन्तरिक्ष**–सूर्य–चन्द्र–ग्रह आदि आकाशीय घटनाओं को देखने से शुभाशुभ जानना। (५) **अङ्ग**–शरीर के अंगों की स्फुरणा देखकर शुभाशुभ जानना। (६) **स्वर**–षड्ज आदि सात स्वर अथवा ईडा–पिंगला–सुषुम्ना तीन स्वर या पक्षियों के स्वर को सुनकर शुभाशुभ जानना। (७) **लक्षण**–स्त्री–पुरुषों के शरीर–गत चक्र आदि लक्षणों को देखकर शुभाशुभ जानना। (८) **व्यंजन**–तिल, मसा, रेखा आदि देखकर शुभाशुभ जानना। लक्षण शरीर के साथ उत्पन्न होते हैं, व्यंजन बाद में। ज्ञाता सूत्र आदि में अष्टांग महा निमित्त वेत्ताओं का वर्णन आता है। साधारण मनुष्य के ३२ लक्षण तथा तीर्थंकर चक्रवर्ती के १००८ शुभ लक्षणों का वर्णन इसी शास्त्र का विषय है।

विशेष शब्दों के अर्थ : **फलक शय्या**–पतले व लम्बे काष्ट की बनी शय्या। **कान्तारभक्त**–लम्बी अटवी आदि की यात्रा में सार्थवाह श्रमणों के लिए भोजन बनाकर दे देते थे, वह। **दुर्भिक्ष भक्त**–दुर्भिक्ष आदि में राजा व धनाढ्य व्यक्ति जो भक्त पान देते थे, वह। **ग्लान भक्त**–रोगी के लिए दिया जाने वाला भोजन। **बर्दलिका भक्त**–आकाश में बादल व घटाएँ छाई हों, ऐसे समय में श्रमण भिक्षा के लिए नहीं जा सकते,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तब उनके लिए गृहस्थ विशेष रूप में बनाकर जो भोजन दे, वह। **प्राघूर्णक भक्त**—अतिथि आदि के लिए बना हुआ भोजन। अथवा भिक्षुओं के लिए बनवाकर दिया जाने वाला भोजन। *(वृत्ति-पत्र ४३८ से ४४४ तक आधाकर्मिक आदि के लिए देखें दशवैकालिक अ. ३)*

TECHNICAL TERMS

Phalak shayya—bed made of long strip of wood. *Kantar bhakt*—the food prepared by caravan chief and given to ascetics during a long arduous journey. *Durbhiksh bhakt*—the food distributed by kings and the rich during a famine. *Glan bhakt*—food prepared for the sick. *Bardalika bhakt*—food prepared and sent for ascetic when the weather is cloudy, and ascetics cannot go out to seek *alms*. *Praghurnak bhakt*—food prepared for some guests or that specifically prepared for ascetics (*Vritti*, leaves 438 to 444). *(For other kinds of food including Adhakarmik refer to Illustrated Dashavaikalik Sutra, Ch. 3.)*

नक्षत्र-पद NAKSHATRAS-PAD (SEGMENT OF CONSTELLATIONS)

६३. णव णक्खत्ता चंदस्स पच्छंभागा पण्णत्ता, तं जहा—

अभिई समणो धणिट्ठा, रेवति अस्सिणि मग्गसिर पूसो।
हत्थो चित्ता य तहा, पच्छंभागा णव हवंति॥१॥ (संग्रहणी-गाथा)

६३. जिन नौ नक्षत्रों का योग चन्द्रमा के पश्चिम भाग से होता है, उनके नाम हैं—(१) अभिजित, (२) श्रवण, (३) धनिष्ठा, (४) रेवती, (५) अश्विनी, (६) मृगशिर, (७) पुष्य, (८) हस्त, (९) चित्रा।

63. Nine *nakshatras* (constellations) have west-sided conjunction with *Chandrama* (the moon)—(1) Abhijit (Lyrae; the 22nd), (2) Shravan (Alpha Aquilae; the 23rd), (3) Dhanishtha (Belta Delphini; the 24th), (4) Revati (Zeta Piscium; the 28th), (5) Asvini (Beta Arietis; the 1st), (6) Mrigashirsha (Lambda Orionis; the 5th), (7) Pushya (Delta Cancri; the 8th), (8) Hasta (Delta Corvi; the 13th) and (9) Chitra (Spica Virginis; the 14th).

विमान-पद VIMAAN-PAD (SEGMENT OF CLELESTIAL VEHICLES)

६४. आणत-पाणत-आरणच्चुतेसु कप्पेसु विमाणा णव जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता।

६४. आनत, प्राणत, आरण और अच्युत कल्पों में विमान नौ योजन ऊँचे हैं।

64. The *vimaans* (celestial vehicles) in *Anat, Pranat, Aran* and *Achyut kalp* are nine hundred *Yojans* tall.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कुलकर–पद KULAKAR-PAD (SEGMENT OF KULAKARS)

६५. विमलवाहणे णं कुलकरे णव धणुसताइं उड्ढं उच्चत्तेणं हुत्था।

६५. विमलवाहन कुलकर नौ सौ धनुष ऊँचे थे।

65. Vimalavahan Kulakar was nine hundred *Dhanush* tall.

तीर्थ प्रवर्तन–पद TIRTHA PRAVARTAN-PAD (SEGMENT OF FORD ESTABLISHMENT)

६६. उसभेणं अरहा कोसलिएणं इमीसे ओसप्पिणीए णवहिं सागरोवमकोडाकोडीहिं वीइक्कंताहिं तित्थे पवत्तिते।

६६. कोशला नगरी में उत्पन्न अर्हत् ऋषभ ने इस अवसर्पिणी का नौ कोडाकोडी सागरोपम काल व्यतीत होने पर तीर्थ का प्रवर्तन किया।

66. Born in Koshala city, Arhat Rishabh established the religious ford (*Tirtha*) when a period of nine *Kodakodi Sagaropam* had passed since the beginning of this *Avasarpini* (regressive cycle).

अन्तर्द्वीप–पद ANTARDVEEP-PAD (SEGMENT OF MIDDLE ISLANDS)

६७. घणदंत–लट्ठदंत–गूढदंत–सुद्धदंतदीवा णं दीवा णव–णव जोयणसताइं आयाम–विक्खंभेणं पण्णत्ता।

६७. घनदन्त, लष्टदन्त, गूढदन्त और शुद्धदन्त ये द्वीप (अन्तर्द्वीप) नौ–नौ सौ योजन लम्बे–चौड़े हैं।

67. The middle islands named Ghanadant, Lashtadant, Goodhadant and Shuddhadant are nine hundred *Yojans* long and wide each.

शुक्रग्रह–वीथी–पद SHUKRA GRAHA-VITHI-PAD (SEGMENT OF ORBITS OF VENUS)

६८. सुक्कस्स णं महागहस्स णव वीहीओ पण्णत्ताओ, तं जहा–हयवीही, गयवीही, णागवीही, वसहवीही, गोवीही, उरगवीही, अयवीही, मियवीही, वेसाणरवीही।

६८. शुक्र महाग्रह की नौ वीथियाँ (परिभ्रमण की गलियाँ) हैं, जैसे–(१) हयवीथि, (२) गजवीथि, (३) नागवीथि, (४) वृषभवीथि, (५) गोवीथि, (६) उरगवीथि, (७) अजवीथि, (८) मृगवीथि, (९) वैश्वानरवीथि।

68. The great planet Shukra (Venus) has nine *vithis* (orbits)—(1) *Hayavithi*, (2) *Gajavithi*, (3) *Naagavithi*, (4) *Vrishabhavithi*, (5) *Gauvithi*, (6) *Uragavithi*, (7) *Ajavithi*, (8) *Mrigavithi* and (9) *Vaishvanaravithi*.

विवेचन–वृत्तिकार ने शुक्रग्रह की इन नौ वीथियों के सन्दर्भ में भद्रबाहु संहिता के श्लोक उद्धृत करके बताया है कि प्रत्येक वीथि में तीन–तीन नक्षत्र भ्रमण करते हैं। जब शुक्र ग्रह प्रथम तीन वीथियों में भ्रमण

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करता है, तब वर्षा अधिक, धान्य सुलभ और धन की वृद्धि होती है। मध्यम तीन वीथियों में विचरण करने पर धन-धान्य आदि भी मध्यम होते हैं तथा अन्तिम तीन वीथियों में आने पर लोक मानस पीड़ित होता है। दुर्भिक्ष पड़ता है तथा अर्थ नाश होता है। *(वृत्ति पत्र ४४५। भद्रबाहु संहिता अध्याय १५)*

आचार्य श्री आत्मारामजी म. ने विस्तार करते हुए लिखा है-

(१) हय, गज और नाग-इन तीन वीथियों में क्रमशः भरणी-कृतिका-रोहिणी, मृगशिरा-आर्द्रा-पुनर्वसु, पुष्य-आश्लेषा और मघा-ये नौ नक्षत्र शुक्र ग्रह के साथ विचरण करते हैं। दूसरी वृषभ-गो उरगवीथि में क्रमशः-पूर्वा फाल्गुनी-उत्तरा फाल्गुनी-हस्त, चित्रा-स्वाति-मूल और अनुराधा-ज्येष्ठा-मूल तथा अन्तिम-अज, मृग-वैश्वानरवीथि में-पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण नक्षत्र, धनिष्ठा, शतभिसग्-पूर्वाभाद्रपदा-और उत्तराभाद्रपदा-रेवती एवं अश्विनी नक्षत्र है। *(हिन्दी टीका भाग २ पृष्ठ ६८०)*

Elaboration—Quoting *Bhadrabahu Samhita*, the commentator (*Vritti*) has explained that three constellations move around in each of these nine orbits. When Venus moves in the first three orbits it augurs good rains, good crops and increase of wealth. When it is in the three middle orbits the rains and produce are medium. When in the last three orbits it is painful for people as it augurs famine and loss of wealth. *(Vritti, leaf 445; Bhadrabahu Samhita, Ch. 15)*

Acharya Shri Atmamarm ji M. adds the list of triads of constellations moving in each of the aforesaid orbits—

(1) *Hayavithi*—Bharani (35 Arietis), Krittika (Eta Tauri or Pleiades) and Rohini (Aldebaran); (2) *Gajavithi*—Mrigashira (Lambda Orionis), Ardra (Alpha Orionis) and Punarvasu (Beta Geminorum); (3) *Naagavithi*—Pushya (Delta Cancri), Ashlesha (Alpha Hydrae), and Magha (Regulus); (4) *Vrishabhavithi*—Purva Phalguni (Delta Leonis), Uttara Phalguni (Beta Leonis) and Hasta (Delta Corvi); (5) *Gauvithi*—Chitra (Spica Virginis), Swati (Arcturus) and Vishakha (Alpha Librae); (6) *Uragavithi*—Anuradha (Delta Scorpii), Jyeshtha (Antares) and Mula (Lambda Scorpii); (7) *Ajavithi*—Purva Ashadha (Delta Sagittarii), *Uttara Ashadha* (Sigma *Sagittarii*) and *Shravan* (Alpha Aquilae); (8) *Mrigavithi*—Dhanishtha (Belta Delphini), Shat Bhishag (Lambda Aquarii) and Purva Bhadrapad (Alpha Pegasi); (9) *Vaishvanaravithi*—Uttara Bhadrapad (Gama Pegasi), Revati (Zeta Piscium) and Asvini (Beta Arietis). *(Hindi Tika, part-2, p. 680)*

कर्म-पद KARMA-PAD (SEGMENT OF KARMA)

६९. णवविधे णोकसायवेयणिज्जे कम्मे पण्णत्ते, तं जहा-इत्थिवेए, पुरिसवेए, णपुंसकवेए, हासे, रती, अरती, भये, सोगे, दुगुंछा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६९. नोकषाय वेदनीय कर्म नौ प्रकार का है, जैसे–(१) स्त्रीवेद, (२) पुरुषवेद, (३) नपुंसकवेद, (४) हास्य वेदनीय, (५) रति वेदनीय, (६) अरति वेदनीय, (७) भयवेदनीय, (८) शोक वेदनीय, (९) जुगुप्सा वेदनीय।

69. *Nokashaya vedaniya karmas* are of nine kinds—(1) *Stri-veda* (causing feminine gender), (2) *Purush-veda* (causing masculine gender), (3) *Napumsak-ved* (causing neuter gender), (4) *Hasya vedaniya* (causing laughter), (5) *Rati vedaniya* (causing indulgence), (6) *Arati vedaniya* (causing non-indulgence), (7) *Bhaya vedaniya* (causing fear), (8) *Shok vedaniya* (causing grief) and (9) *Jugupsa vedaniya* (causing disgust).

विवेचन–क्रोध, मान आदि चार कषाय के अनन्तानुबन्धी आदि १६ भेद होते हैं। इन सोलह कषायों के साहचर्य से जो मानसिक विकार उत्पन्न होते हैं, वे कषायों के साथ मिलकर अपना फल देते हैं, उन्हें 'नो कषाय' कहा गया है। नो कषाय के रूप में अनुभव में आने वाले कर्म नो कषाय वेदनीय हैं।

Elaboration—There are 16 categories of passions (anger, etc.) including *Anantanubandhi*. The consequences of perversions created due to association with these sixteen passions are called *nokashaya*. The *karmas* that come to fruition in the form of experience of these *nokashayas* are called *nokashaya vedaniya karmas*.

कुलकोटि–पद KULAKOTI-PAD (SEGMENT OF SPECIES)

७०. चउरिंदियाणं णव जाइ–कुलकोडि–जोणिपमुह–सयसहस्सा पण्णत्ता। ७१. भुयगपरिसप्प–थलयर–पंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं णव जाइ–कुलकोडि–जोणिपमुहसयसहस्सा पण्णत्ता।

७०. चतुरिन्द्रिय जीवों की नौ लाख जाति–कुलकोटियाँ हैं। ७१. पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक स्थलचर–भुजग–परिसर्पों की नौ लाख जाति–कुलकोटियाँ हैं।

70. *Chaturindriya* (four-sensed beings) have nine lac (hundred thousand) species (*jati kulakoti*) in their genuses (*yoni pramukh*). **70.** *Panchendriya tiryanch-yonik sthalachar parisarp* (limbed reptilian five-sensed animals) have nine lac (hundred thousand) species (*jati kulakoti*) in their genuses (*yoni pramukh*).

पापकर्म–पद PAAP-KARMA-PAD (SEGMENT OF DEMERITORIOUS KARMA)

७२. जीवा णं णवट्ठाणणिव्वत्तिते पोग्गले पावकम्मत्ताए चिणिंसु वा चिणंति वा चिणिस्संति वा, तं जहा–पुढविकाइयणिव्वत्तिते, (आउकाइयणिव्वत्तिते, तेउकाइयणिव्वत्तिते, वाउकाइयणिव्वत्तिते, वणस्सइकाइयणिव्वत्तिते, बेइंदियणिव्वत्तिते, तेइंदियणिव्वत्तिते, चउरिंदियणिव्वत्तिते,) पंचिंदियणिव्वत्तिते।

एवं–चिण–उवचिण (बंध–उदीर–वेद तह) णिज्जरा चेव।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७२. जीवों ने नौ स्थानों से निर्वर्तित पुद्गलों का पापकर्मरूप से अतीतकाल में संचय किया है, वर्तमान में कर रहे हैं और भविष्य में करेंगे, जैसे–

(१) पृथ्वीकायिकनिर्वर्तित यावत्, (२) अप्कायिकनिर्वर्तित, (३) तेजस्कायिकनिर्वर्तित, (४) वायुकायिकनिर्वर्तित, (५) वनस्पतिकायिकनिर्वर्तित, (६) द्वीन्द्रियनिर्वर्तित, (७) त्रीन्द्रियनिर्वर्तित, (८) चतुरिन्द्रियनिर्वर्तित, (९) पंचेन्द्रियनिर्वर्तित पुद्गलों का।

इसी प्रकार उनका उपचय, बन्ध, उदीरण, वेदन और निर्जरण किया है, करते हैं और करेंगे।

72. All beings did, do and will acquire (*sanchit*) *karma* particles in the form of demeritorious *karmas* in the past, present and future respectively nine ways—(1) *Prithvikayik nirvartit* (earned as earth-bodied beings), (2) *Apkayiks nirvartit* (earned as water-bodied beings), (3) *Tejaskayik nirvartit* (earned as fire-bodied beings), (4) *Vayukayik nirvartit* (earned as air-bodied beings), (5) *Vanaspatikayik nirvartit* (earned as plant-bodied beings), (6) *Dvindriya nirvartit* (earned as two-sensed beings), (7) *Trindriya nirvartit* (earned as three-sensed beings), (8) *Chaturindriya nirvartit* (earned as four-sensed beings), (9) *Panchendriya nirvartit* (earned as five-sensed beings).

In the same way all beings did, do and will augment (*upachaya*), bond (*bandh*), fructify (*udiran*), experience (*vedan*) and shed (*nirjaran*) the acquired *karma* particles in the past, present and future respectively in aforesaid nine ways.

पुद्गल–पद PUDGAL-PAD (SEGMENT OF MATTER)

७३. णवपएसिया खंधा अणंता पण्णत्ता जाव णवगुणलुक्खा पोग्गला अणंता पण्णत्ता।

७३. नौ प्रदेशी पुद्गल स्कन्ध अनन्त हैं। आकाश के नौ प्रदेशों में अवगाढ़ पुद्गल अनन्त हैं। नौ समय की स्थिति वाले पुद्गल अनन्त हैं। नौ गुण काले पुद्गल अनन्त हैं।

इसी प्रकार शेष वर्ण तथा गन्ध, रस और स्पर्शों के नौ गुण वाले पुद्गल अनन्त जानना चाहिए।

73. There are infinite *nau pradeshi pudgal-skandhs* (aggregates of nine ultimate particles). There are infinite *nau pradeshavagadh pudgal-skandhs* (ultimate particles occupying nine space-points). ...and so on up to... There are infinite *pudgal-skandhs* (ultimate particles) with nine units of the attribute of black appearance

In the same way there are infinite *pudgal-skandhs* (ultimate particles) with nine units of each of the remaining attributes of smell, taste, and touch.

॥ नवम स्थान समाप्त ॥

● END OF THE NINTH STHAAN ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दशम स्थान

सार : संक्षेप

प्रस्तुत स्थान में दस की संख्या से सम्बद्ध विविध विषयों का वर्णन है। सर्वप्रथम लोकस्थिति के १० प्रकार बताये गये हैं। तदनन्तर इन्द्रिय-विषयों के और पुद्गल-संचलन के १० प्रकार बताकर क्रोध की उत्पत्ति के १० कारणों का विस्तार से विवेचन किया है। अन्तरंग में क्रोधकषाय का उदय होने पर और बाह्य में सूत्र निर्दिष्ट अन्य कारणों के मिलने पर क्रोध उत्पन्न होता है। अतः साधक को क्रोध उत्पन्न करने वाले कारणों से बचना चाहिए। इसी प्रकार अहंकार के १० कारणों का और चित्त-समाधि-असमाधि के १०-१० कारणों का निर्देश मननीय है। प्रव्रज्या के १० कारणों से ज्ञात होता है कि मनुष्य किस-किस निमित्त के मिलने पर घर त्याग कर साधु बनता है। वैयावृत्त्य के १० प्रकारों से सिद्ध है कि साधक को आचार्य, उपाध्याय, स्थविर आदि गुरुजनों के सिवाय रुग्ण साधु की, नव दीक्षित की और साधर्मिक साधु की भी वैयावृत्त्य करना आवश्यक है।

प्रतिसेवना, आलोचना और प्रायश्चित्त के १०-१० दोषों का वर्णन साधक को उनसे बचने की प्रेरणा देता है। उपघात-विशोधि और संक्लेश-असंक्लेश के १०-१० भेद उपघात और संक्लेश के कारणों से बचने तथा विशोधि और असंक्लेश या चित्त-निर्मलता रखने की सूचना देते हैं।

स्वाध्याय-काल में ही स्वाध्याय करना चाहिए, अस्वाध्याय काल में नहीं, क्योंकि उल्कापात आदि के समय पठन-पाठन करने से दृष्टिमन्दता आदि अनेक दोषों की सम्भावना रहती है। नगर के राजादि प्रधान पुरुष के मरण होने पर स्वाध्याय करना लोकविरुद्ध है, इसी प्रकार अन्य अस्वाध्याय कालों में स्वाध्याय करने पर शास्त्रों में अनेक दोषों का वर्णन किया है।

धर्म-पद के अन्तर्गत ग्रामधर्म, नगरधर्म, राष्ट्रधर्म और कुलधर्म, लौकिक कर्त्तव्यों के पालन की और श्रुतधर्म, चारित्रधर्म आदि आत्मधर्म पारलौकिक कर्त्तव्यों के पालन की प्रेरणा देते हैं।

स्थविरों के १० भेद व उनकी विनय और वैयावृत्त्य करने के सूचक हैं। पुत्र के दस भेद तात्कालिक परिस्थिति के परिचायक हैं। तेजोलेश्या-प्रयोग के १० प्रकार तेजोलब्धि की उग्रता के द्योतक हैं। दान के १० भेद भारतीय दान की प्राचीनता और विविधता को प्रकट करते हैं।

भगवान महावीर के छद्मस्थकालीन १० स्वप्न, १० आश्चर्यक (अछेरे) एवं अन्य अनेक महत्त्वपूर्ण वर्णनों के साथ दस दशाओं के भेद-प्रभेदों का वर्णन मननीय है। इसी प्रकार दृष्टिवाद के १० भेद आदि अनेक महत्त्वपूर्ण विषयों का संकलन इस दसवें स्थान में किया गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

TENTH STHAAN (PLACE NUMBER TEN)

INTRODUCTION

This *Sthaan* contains various topics connected with numeral ten. It starts with ten attributes of *Lok* (occupied space). After that there is a mention of ten subjects of sense organs and movement of matter followed by detailed description of ten causes of anger. Internally anger is produced by fruition of *krodh kashaya* (anger-passion) and externally by the other causes mentioned in the related aphorism. Therefore the aspirant should avoid these anger-producing causes. In the same way the ten causes of conceit and those of spiritual tranquillity (*chitta samadhi*) and non-tranquillity (*asamadhi*) are worth pondering. Ten causes of initiation reveal the inspiring factors that lead to renunciation and initiation. Ten reasons of *vaiyavritya* (service) inform us that it is essential for an aspirant to serve ailing, neo-initiate and co-religionist ascetics besides *acharya, upadhyaya, sthavir* and other seniors.

The description of ten faults of *pratisevana, alochana* and *prayashchit* inspires the aspirant to avoid them. Ten categories of *upaghat-vishodhi* and *sa:klesh-asanklesh* inform about avoiding the causes of *upaghat* and *sanklesh* and seek *vishodhi* and *asanklesh*.

Studies should be done only during the prescribed time and not otherwise because studies during falling of a comet and other such proscribed periods cause many harms including eye ailments. To continue studies during the mourning period on the death of the king or some other prominent person is against social norms. Many other faults of studies during proscribed period have been mentioned.

The listing of various social duties (*dharma*) including *gram-dharma, nagar-dharma, rashtra-dharma* and *kula-dharma* as well as spiritual duties including *shrut-dharma* and *chaaritra-dharma* provide guidance for performing these duties.

The ten categories of *sthavirs* inform about serving them and paying them due respect. List of ten kinds of sons reveals the then prevalent social conditions. The ten uses of *tejoleshya* explain the intensity of fire power. The ten categories of charity convey the variety and antiquity of Indian practice of charity.

The details about ten dreams of Bhagavan Mahavir during his *chhadmasth* period, ten miraculous happenings, ten spiritual states (*dasha*) with their sub-categories and other important details are worth contemplating. This tenth *Sthaan* also contains ten divisions of *Drishtivaad* (the subtle canon) and many other important topics.

●●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दशम स्थान
TENTH STHAAN (Place Number Ten)

लोकस्थिति-पद LOKASTHITI-PAD (SEGMENT OF STATE OF OCCUPIED SPACE)

१. दसविधा लोगट्ठिती पण्णत्ता, तं जहा-

(१) जण्णं जीवा उद्दाइत्ता-उद्दाइत्ता तत्थेव-तत्थेव भुज्जो-भुज्जो पच्चायंति-एवं एगा लोगट्ठिती पण्णत्ता।

(२) जण्णं जीवाणं सया समितं पावे कम्मे कज्जति-एवंप्पेगा लोगट्ठिती पण्णत्ता।

(३) जण्णं जीवाणं सया समितं मोहणिज्जे पावे कम्मे कज्जति-एवंप्पेगा लोगट्ठिती पण्णत्ता।

(४) ण एवं भूतं वा भव्वं वा, भविस्सति वा जं जीवा अजीवा भविस्संति, अजीवा वा जीवा भविस्संति-एवंप्पेगा लोगट्ठिती पण्णत्ता।

(५) ण एवं भूतं वा भव्वं वा भविस्सति वा जं तसा पाणा वोच्छिज्जिस्संति थावरा पाणा भविस्संति, थावरा पाणा वोच्छिज्जिस्संति तसा पाणा भविस्संति-एवंप्पेगा लोगट्ठिती पण्णत्ता।

(६) ण एवं भूतं वा भव्वं वा भविस्सति वा जं लोगे अलोगे भविस्सति, अलोगे वा लोगे भविस्सति-एवंप्पेगा लोगट्ठिती पण्णत्ता।

(७) ण एवं भूतं वा भव्वं वा भविस्सति वा जं लोए अलोए पविस्सति, अलोए वा लोए पविस्सति-एवंप्पेगा लोगट्ठिती पण्णत्ता।

(८) जाव ताव लोगे ताव ताव जीवा, जाव ताव जीवा ताव ताव लोए-एवंप्पेगा लोगट्ठिती पण्णत्ता।

(९) जाव ताव जीवाण य पोग्गलाण य गतिपरियाए ताव ताव लोए, जाव ताव लोगे ताव ताव जीवाण य पोग्गलाण य गतिपरियाए एवंप्पेगा लोगट्ठिती पण्णत्ता।

(१०) सव्वेसुवि णं लोगंतेसु अबद्धपासपुट्ठा पोग्गला लुक्खत्ताए कज्जंति, जेणं जीवा य पोग्गला य णो संचायंति बहिया लोगंता गमणयाए-एवंप्पेगा लोगट्ठिती पण्णत्ता।

१. लोक स्थिति अर्थात् लोक का स्वभाव दस प्रकार का है-

(१) जीव बार-बार मरते हैं और वहीं (लोक में उन्हीं में प्रदेशों पर) बार-बार उत्पन्न होते हैं।

(२) जीव को निरन्तर प्रतिक्षण पाप कर्म का बन्ध होता रहता है।

(३) जीव प्रतिक्षण मोहनीय पापकर्म का बन्ध करते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(४) न कभी ऐसा हुआ है, न ऐसा हो रहा है और न ऐसा कभी होगा कि जीव अपना जीवत्व (जीव सत्ता) छोड़कर अजीव हो जायें और अजीव जीव हो जायें।

(५) न कभी ऐसा हुआ है, न ऐसा हो रहा है, और न कभी ऐसा होगा कि त्रसजीवों का सर्वथा अभाव या लोप हो जाये और सब जीव स्थावर हो जायें। अथवा स्थावर जीवों का संसार से लोप हो जाये और सब जीव त्रस हो जायें।

(६) न कभी ऐसा हुआ है, न ऐसा हो रहा है और न कभी ऐसा होगा कि लोक, अलोक हो जाय और अलोक, लोक हो जाये।

(७) न कभी ऐसा हुआ है, न ऐसा हो रहा है और न कभी ऐसा होगा कि लोक अलोक में प्रवेश कर जाये और अलोक लोक में प्रविष्ट हो जाय।

(८) जहाँ तक लोक है, वहाँ तक जीव हैं और जहाँ तक जीव हैं वहाँ तक लोक है।

(९) जहाँ तक जीव और पुद्गलों का एक छोर से दूसरे छोर तक गतिपर्याय (गमन) है, वहाँ तक लोक है और जहाँ तक लोक है, वहाँ तक जीवों और पुद्गलों का गतिपर्याय है।

(१०) लोक के सभी अन्तिम भागों (लोकान्त) में अबद्ध पार्श्वस्पृष्ट (अबद्ध और स्पृष्ट) पुद्गल दूसरे रूक्ष पुद्गलों के द्वारा रूक्ष कर दिये जाते हैं, जिससे जीव और पुद्गल लोकान्त से बाहर गति करने के लिए समर्थ नहीं होते हैं। अर्थात् पुद्गलों की रूक्षता तथा धर्मास्तिकाय के अभाव के कारण जीव और पुद्गल लोक के बाहर नहीं जा सकते।

उक्त दसों बातें लोक में स्वाभाविक नियम से विद्यमान हैं। यह लोकस्थिति है।

1. *Lokasthiti* (state of occupied space or universe) is of ten kinds—

(1) *Jivas* (living beings) die again and again and are born again and again there only (at different space points in the *Lok* or universe).

(2) *Jiva* (soul) bonds with *paap karmas* (demeritorious *karmas*) incessantly every moment.

(3) *Jiva* (soul) acquires bondage of *Mohaniya* (deluding) *paap karma* every moment.

(4) It never happened, is not happening and will never happen that *jiva* (soul) gets deprived of its *jivatva* (state of being the soul entity) and becomes *ajiva* (matter) and *ajiva* (matter) becomes *jiva* (soul).

(5) It never happened, is not happening and will never happen that there is a total absence or extinction of *tras jivas* (mobile beings) and all beings become *sthavar* (immobile). Or there is a total absence or extinction of *sthavar* (immobile beings) and all beings become *tras* (mobile).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(6) It never happened, is not happening and will never happen that *Lok* (universe or occupied space) becomes *Alok* (the space beyond or unoccupied space) and *Alok* becomes *Lok*.

(7) It never happened, is not happening and will never happen that *Lok* enters *Alok* and *Alok* enters *Lok*.

(8) As far as *Lok* exists *Jiva* does and as far as *Jiva* exists *Lok* does.

(9) As far as the *gatiparyaya* (movement or passage) of *Jiva* and *pudgal* (matter) is, exists *Lok* and as far as the *Lok* is, exists *gatiparyaya* (movement or passage) of *Jiva* and *pudgal* (matter).

(10) At all the edges of the *Lok* the rough particles of matter convert all the other *abaddha parshvasprisht* (unattached but touching) particles into rough particles restricting their movement beyond the edge of universe. In other words due to the acquired roughness (*rukshata*) and absence of the entity of motion (*Dharmastikaya*) soul and matter can not go beyond the *Lok*.

The aforesaid ten conditions exist in the *Lok* due to natural law. This is *Lok-sthiti* or state of the occupied space.

इन्द्रियार्थ-पद INDRIYARTH-PAD (SEGMENT OF SUBJECTS OF SENSE ORGANS)

२. दसविहे सद्दे पण्णत्ते, तं जहा–

णीहारि पिंडिमे लुक्खे, भिण्णे जज्जरिते इ य।
दीहे रहस्से पुहत्ते य, काकणी खिंखिणिस्सरे ॥१॥ (संग्रह-गाथा)

२. शब्द दस प्रकार का है, जैसे-(१) **निर्हारी**-घण्टे से निकलने वाला घोषवान् (गूँजने वाला) शब्द। (२) **पिण्डिम**-घोष-रहित नगाड़े का शब्द। (३) **रूक्ष**-काक ध्वनि के समान कर्कश शब्द। (४) **भिन्न**-वस्तु के टूटने या छेदन-भेदन से होने वाला शब्द। (५) **जर्जरित**-तार वाले बाजे का शब्द। (६) **दीर्घ**-दूर तक सुनाई देने वाला मेघ गर्जना जैसा शब्द। (७) **ह्रस्व**-सूक्ष्म या थोड़ी दूर तक सुनाई देने वाला वीणादि का शब्द। (८) **पृथक्**-अनेक बाजों का संयुक्त शब्द। (९) **काकणी**-सूक्ष्म कण्ठों से निकली गीत ध्वनि का शब्द। (१०) **किंकिणीस्वर**-घुँघरुओं की ध्वनि रूप शब्द।

2. *Shabd* (sound) is of ten kinds—(1) *Nirhari*—resonant sound produced by a gong. (2) *Pindim*—non-resonant sound produced by a drum. (3) *Rooksha*—harsh sound like that of a crow. (4) *Bhinna*—breaking or shattering sound. (5) *Jarjarit*—sound of a stringed instrument. (6) *Deergh*—far reaching sound like thunder of a cloud. (7) *Hrasva*—sound covering a short distance like that of a *Vina*. (8) *Prithak*—combined sound

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

of numerous instruments, like orchestral sound. (9) *Kakani*—low pitched singing. (10) *Kinkinisvar*—tinkling sound of small bells.

३. दस इंदियत्था तीता पण्णत्ता, तं जहा--देसेणवि एगे सद्दाइं सुणिंसु सव्वेणवि एगे सद्दाइं सुणिंसु। देसेणवि एगे रूवाइं पासिंसु, सव्वेणवि एगे रूवाइं पासिंसु। (देसेणवि एगे गंधाइं जिंघिंसु, सव्वेणवि एगे गंधाइं जिंघिंसु। देसेणवि एगे रसाइं आसादेंसु सव्वेणवि एगे रसाइं आसादेंसु। देसेणवि एगे फासाइं पडिसंवेदेंसु) सव्वेणवि एगे फासाइं पडिसंवेदेंसु।

३. इन्द्रियों के अतीतकालीन विषय (ग्राह्य पदार्थ) दस हैं, जैसे--(१) जीव ने शरीर के एक (भाग) से भी शब्द सुने थे। (२) अनेक जीवों ने शरीर के सर्वदेश (समस्त भागों) से भी शब्द सुने थे। (३) अनेक जीवों ने शरीर के एक देश से भी रूप देखे थे। (४) अनेक जीवों ने शरीर के सर्वदेश से भी रूप देखे थे। (५) अनेक जीवों ने शरीर के एक देश से भी गन्ध सूंघे थे। (६) अनेक जीवों ने शरीर के सर्व देश से भी गन्ध सूँघे थे। (७) अनेक जीवों ने शरीर के एक देश से भी रस चखे थे। (८) अनेक जीवों ने शरीर के सर्व देश से भी रस चखे थे। (९) अनेक जीवों ने शरीर के एक देश से भी स्पर्शों का वेदन किया था। (१०) अनेक जीवों ने शरीर के सर्व देश से भी स्पर्शों का वेदन किया था।

3. There are ten *indriyarth* (subjects of sense organs) related to the past—(1) Some *jivas* (living beings) experienced sounds from one part of the body (*deshatah*). (2) Some *jivas* (living beings) experienced sound from all parts of the body (*sarvatah*). (3) Some *jivas* experienced forms from one part of the body. (4) Some *jivas* experienced forms from all parts of the body. (5) Some *jivas* experienced odours from one part of the body. (6) Some jivas experienced odours from all parts of the body. (7) Some *jivas* experienced taste from one part of the body. (8) Some *jivas* experienced taste from all parts of the body. (9) Some *jivas* experienced touch from one part of the body. (10) Some *jivas* experienced touch from all parts of the body.

विवेचन--टीकाकार ने 'देशतः' और 'सर्वतः' के अनेक अर्थ किये हैं। जैसे--बहुत-से शब्दों के समूह में किसी को सुनना और किसी को न सुनना देशतः सुनना है। सबको सुनना सर्वतः सुनना है। अथवा देशतः सुनने का अर्थ इन्द्रियों के एक देश से अर्थात् श्रोत्र से सुनना है। संभिन्नश्रोतोलब्धि वाला आत्मा सभी इन्द्रियों से शब्द सुनता है। अथवा एक कान से सुनना देशतः और दोनों कानों से सुनना सर्वतः सुनना कहलाता है।

Elaboration—The commentator (*Tika*) has interpreted the terms *deshatah* and *sarvatah* many ways. To hear some sound and not another from a group of sounds is *deshatah* (partially); and to hear all of them is *sarvatah* (fully). To hear some sound from one part of the body is *deshatah* and to hear from all parts of the body is *sarvatah*. A person

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

endowed with the *Sambhinnashrotolabdhi* special power hears from all sense organs. Also to hear from one ear is *deshatah* and to hear from both the ears is *sarvatah*.

४. दस इंदियत्था पडुप्पण्णा पण्णत्ता, तं जहा–देसेणवि एगे सद्दाइं सुणेंति, सव्वेणवि एगे सद्दाइं सुणेंति। (देसेणवि एगे रूवाइं पासंति, सव्वेणवि एगे रूवाइं पासंति। देसेणवि एगे गंधाइं जिंघंति, सव्वेणवि एगे गंधाइं जिंघंति। देसेणवि एगे रसाइं आसादेंति, सव्वेणवि एगे रसाइं आसादेंति। देसेणवि एगे फासाइं पडिसंवेदेंति, सव्वेणवि एगे फासाइं पडिसंवेदेंति)।

४. इन्द्रियों के वर्तमानकालीन विषय दस हैं, जैसे–(१) कई शरीर के एक देश से भी शब्द सुनते हैं। (२) कई जीव शरीर के सर्वदेश से भी शब्द सुनते हैं। (३) कई जीव शरीर के एक देश से भी रूप देखते हैं। (४) कई जीव शरीर के सर्वदेश से भी रूप देखते हैं। (५) कई जीव शरीर के एक देश से भी गन्ध सूँघते हैं। (६) कई जीव शरीर के सर्व देश से भी गन्ध सूँघते हैं। (७) कई जीव शरीर के एक देश से भी रस चखते हैं। (८) कई जीव शरीर के सर्व देश से भी रस चखते हैं। (९) कई जीव शरीर के एक देश से भी स्पर्शों का अनुभव करते हैं। (१०) कई जीव शरीर के सर्व देश से भी स्पर्शों का अनुभव करते हैं।

4. There are ten *indriyarth* (subjects of sense organs) related to the present—(1) Some *jivas* (living beings) experience sounds from one part of the body (*deshatah*). (2) Some *jivas* (living beings) experience sound from all parts of the body (*sarvatah*). (3) Some *jivas* experience forms from one part of the body. (4) Some *jivas* experience forms from all parts of the body. (5) Some *jivas* experience odours from one part of the body. (6) Some *jivas* experience odours from all parts of the body. (7) Some *jivas* experience taste from one part of the body. (8) Some *jivas* experience taste from all parts of the body. (9) Some *jivas* experience touch from one part of the body. (10) Some *jivas* experience touch from all parts of the body.

५. दस इंदियत्था अणागता पण्णत्ता, तं जहा–देसेणवि एगे सद्दाइं सुणिस्संति, सव्वेणवि एगे सद्दाइं सुणिस्संति। (देसेणवि एगे रूवाइं पासिस्संति, सव्वेणवि एगे रूवाइं पासिस्संति। देसेणवि एगे गंधाइं जिंघिस्संति, सव्वेणवि एगे गंधाइं जिंघिस्संति। देसेणवि एगे रसाइं आसादेस्संति, सव्वेणवि एगे रसाइं आसादेस्संति। देसेणवि एगे फासाइं पडिसंवेदेस्संति), सव्वणेवि एगे फासाइं पडिसंवेदेस्संति।

५. इन्द्रियों के भविष्यकालीन विषय दस हैं–(१) कई जीव शरीर के एक देश से भी शब्द सुनेंगे। (२) कई जीव शरीर के सर्व देश से भी शब्द सुनेंगे। (३) कई जीव शरीर के एक देश से भी रूप देखेंगे। (४) कई जीव शरीर के सर्व देश से भी रूप देखेंगे। (५) कई जीव शरीर के एक देश से भी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गन्ध सूँघेंगे। (६) कई जीव शरीर के सर्व देश से भी गन्ध सूँघेंगे। (७) कई जीव शरीर के एक देश से भी रस चखेंगे। (८) कई जीव शरीर के सर्व देश से भी रस चखेंगे। (९) कई जीव शरीर के एक देश से भी स्पर्शों का वेदन करेंगे। (१०) कई जीव शरीर के सर्व देश से भी स्पर्शों का वेदन करेंगे।

5. There are ten *indriyarth* (subjects of sense organs) related to the future—(1) Some *jivas* (living beings) will experience sounds from one part of the body (*deshatah*). (2) Some *jivas* (living beings) will experience sound from all parts of the body (*sarvatah*). (3) Some *jivas* will experience forms from one part of the body. (4) Some *jivas* will experience forms from all parts of the body. (5) Some *jivas* will experience odours from one part of the body. (6) Some *jivas* will experience odours from all parts of the body. (7) Some *jivas* will experience taste from one part of the body. (8) Some *jivas* will experience taste from all parts of the body. (9) Some *jivas* will experience touch from one part of the body. (10) Some *jivas* will experience touch from all parts of the body.

अच्छिन्न पुद्गल-चलन-पद ACHCHHINNA PUDGAL-CHALAN-PAD (SEGMENT OF SHIFT OF INTEGRATED PARTICLE)

६. दसहिं ठाणेहिं अच्छिण्णे पोग्गले चलेज्जा, तं जहा—आहारिज्जमाणे वा चलेज्जा। परिणामेज्जमाणे वा चलेज्जा। उस्ससिज्जमाणे वा चलेज्जा। णिस्ससिज्जमाणे वा चलेज्जा। वेदेज्जमाणे वा चलेज्जा। णिज्जरिज्जमाणे वा चलेज्जा। विउव्विज्जमाणे वा चलेज्जा। परियारिज्जमाणे वा चलेज्जा। जक्खाइट्ठे वा चलेज्जा। वातपरिगए वा चलेज्जा।

६. दस स्थानों से अच्छिन्न (शरीर या स्कन्ध के साथ संबद्ध) पुद्गल चलित (स्थानांतरित) होता है, जैसे-(१) आहार के रूप में ग्रहण किया जाता हुआ पुद्गल। (२) आहार के रूप में परिणत किया जाता हुआ पुद्गल। (३) उच्छ्वास के रूप में ग्रहण किया जाता हुआ पुद्गल। (४) निःश्वास के रूप में परिणत किया जाता हुआ पुद्गल। (५) वेद्यमान (जिनका वेदन किया जा रहा है) पुद्गल। (६) निर्जीर्यमाण पुद्गल। (७) विक्रियमाण (वैक्रिय शरीर के रूप में परिणत होता हुआ) पुद्गल। (८) परिचारणा (मैथुन) के समय। (९) शरीर के यक्षाविष्ट होने पर तथा (१०) वायु से प्रेरित होकर पुद्गल सम्बद्ध स्कंध से चलित होता है।

6. For ten reasons *achchhinna pudgal* (matter particle integrated with a body or lump) shifts from its place—(1) Particle being eaten. (2) Particle being transformed into food. (3) Particle being inhaled. (4) Particle being exhaled. (5) Particle causing sufferance (*karma* particle). (6) Particle being shed (*karma* particle). (7) Particle being transmuted (*vikriyaman*). (8) During copulation. (9) When a body is under the spell of an evil spirit. (10) Under the influence of wind.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रोधोत्पत्तिस्थान–पद KRODHOTPATTISTHAAN-PAD (SEGMENT OF ORIGIN OF ANGER)

७. दसहिं ठाणेहिं कोधुप्पत्ती सिया, (१–२) तं जहा–मणुण्णाइं मे सद्द–फरिस–रस–रूव–गंधाइं अवहरिंसु। अमणुण्णाइं मे सद्द–फरिस–रस–रूव–गंधाइं उवहरिंसु।

(३–४) मणुण्णाइं मे सद्द–फरिस–रस–रूव–गंधाइं अवहरइ। अमणुण्णाइं मे सद्द–फरिस–(रस–रूव)–गंधाइं उवहरति।

(५–६) मणुण्णाइं मे सद्द–(फरिस–रस–रूव–गंधाइं) अवहरिस्सति। अमणुण्णाइं मे सद्द–(फरिस–रस–रूव–गंधाइं) उवहरिस्सति।

७–८) मणुण्णाइं मे सद्द–(फरिस–रस–रूव)–गंधाइं अवहरिंसु वा अवहरइ वा अवहरिस्सति वा। अमणुण्णाइं मे सद्द–(फरिस–रस–रूव–गंधाइं) उवहरिंसु वा उवहरति वा उवहरिस्सति वा।

(९) मणुण्णामणुण्णाइं मे सद्द–(फरिस–रस–रूव–गंधाइं) अवहरिंसु वा अवहरति वा अवहरिस्सति वा, उवहरिंसु वा उवहरति वा उवहरिस्सति वा।

(१०) अहं च णं आयरियं–उवज्झायाणं सम्मं वट्टामि, ममं च णं आयरिय–उवज्झाया मिच्छं विप्पडिवण्णा।

७. दस कारणों से क्रोध की उत्पत्ति होती है–

(१) अमुक पुरुष ने (अतीत में) मेरे मनोज्ञ शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गन्ध का अपहरण किया। (२) अमुक पुरुष ने मुझे अमनोज्ञ शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गन्ध प्राप्त कराये हैं (इस स्मृति से)।

(३) वह पुरुष (वर्तमान में) मेरे मनोज्ञ शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गन्ध का अपहरण करता है। (४) वह पुरुष मुझे अमनोज्ञ शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गन्ध को प्राप्त कराता है।

(५) वह पुरुष (भविष्य में) मेरे मनोज्ञ शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गन्ध का अपहरण करेगा। (इस आशंका से) (६) वह पुरुष मुझे अमनोज्ञ शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गन्ध प्राप्त करायेगा।

(७) वह पुरुष मेरे मनोज्ञ शब्द, रस और गन्ध का अपहरण करता था, अपहरण करता है और अपहरण करेगा (इस चिन्तन से)। (८) उस पुरुष ने मुझे अमनोज्ञ शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गन्ध प्राप्त कराये हैं। (९) उस पुरुष ने मेरे मनोज्ञ तथा अमनोज्ञ शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गन्ध का अपहरण किया है, करता है और करेगा तथा प्राप्त कराये हैं, कराता है और करायेगा।

(१०) मैं आचार्य और उपाध्याय के प्रति सम्यक् व्यवहार करता हूँ, परन्तु आचार्य और उपाध्याय मेरे साथ प्रतिकूल व्यवहार करते हैं। (इस मिथ्या धारणा से)

7. There are ten reasons for rise of anger—

(Due to recollection.) (1) That person deprived me of the sound, touch, taste, smell, vision and smell I liked. (2) That person made me experience the sound, touch, taste, smell, vision and smell I disliked.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(3) That person is depriving me of the sound, touch, taste, smell, vision and smell I like. (4) That person is making me experience the sound, touch, taste, smell, vision and smell I dislike.

(Due to apprehension.) (5) That person will deprive me of the sound, touch, taste, smell, vision and smell I like. (6) That person will make me experience the sound, touch, taste, smell, vision and smell I dislike.

(Due to anxiety.) (7) That person did, does and will deprive me of the sound, touch, taste, smell, vision and smell I liked. (8) That person did, does and will cause me experience the sound, touch, taste, smell, vision and smell I disliked. (9) That person did, does and will deprive me of the sound, touch, taste, smell, vision and smell I liked, and cause me experience the sound, touch, taste, smell, vision and smell I disliked.

(Due to misunderstanding.) (10) My behaviour with the *acharya* and *upadhyaya* is proper but behaviour of *acharya* and *upadhyaya* with me is not proper.

संयम-असंयम-पद SAMYAM-ASAMYAM -PAD (SEGMENT OF DISCIPLINE AND INDISCIPLINE)

८. दसविधे संजमे पण्णत्ते, तं जहा–पुढविकाइयसंजमे, (आउकाइयसंजमे, तेउकाइयसंजमे, वाउकाइयसंजमे), वणस्सतिकाइयसंजमे, बेइंदियसंजमे, तेइंदियसंजमे, चउरिंदियसंजमे, पंचिंदियसंजमे, अजीवकायसंजमे।

९. दसविधे असंजमे पण्णत्ते, तं जहा–पुढविकाइयअसंजमे, आउकाइयअसंजमे, तेउकाइयअसंजमे, वाउकाइयअसंजमे, वणस्सतिकाइयअसंजमे, (बेइंदियअसंजमे, तेइंदियअसंजमे, चउरिंदियअसंजमे, पंचिंदियअसंजमे), अजीवकायअसंजमे।

८. संयम दस प्रकार का है, जैसे–(१) पृथ्वीकायिक-संयम, (२) अप्कायिक-संयम, (३) तेजस्कायिक-संयम, (४) वायुकायिक-संयम, (५) वनस्पतिकायिक-संयम, (६) द्वीन्द्रिय-संयम, (७) त्रीन्द्रिय-संयम, (८) चतुरिन्द्रिय-संयम, (९) पंचेन्द्रिय-संयम, (१०) अजीवकाय-संयम।

९. असंयम दस प्रकार का है, जैसे–(१) पृथ्वीकायिक-असंयम, (२) अप्कायिक-असंयम, (३) तेजस्कायिक-असंयम, (४) वायुकायिक-असंयम, (५) वनस्पति-कायिक-असंयम, (६) द्वीन्द्रिय-असंयम, (७) त्रीन्द्रिय-असंयम, (८) चतुरिन्द्रिय-असंयम, (९) पंचेन्द्रिय-असंयम, (१०) अजीवकाय-असंयम।

8. *Samyam* (discipline) is of ten kinds—(1) *Prithvikayik samyam* (discipline related to earth-bodied beings), (2) *Apkayik samyam* (discipline related to water-bodied beings), (3) *Tejas-kayik samyam* (discipline related to fire-bodied beings), (4) *Vayukayik samyam*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(discipline related to air-bodied beings), (5) *Vanaspatikayik samyam* (discipline related to plant-bodied beings), (6) *dvindriya samyam* (discipline related to two-sensed beings), (7) *trindriya samyam* (discipline related to three-sensed beings), (8) *chaturindriya samyam* (discipline related to four-sensed beings), (9) *panchendriya samyam* (discipline related to five-sensed beings) and (10) *ajivakaya samyam* (discipline related to non-beings).

9. *Asamyam* (indiscipline) is of ten kinds—(1) *Prithvikayik asamyam* (indiscipline related to earth-bodied beings), (2) *Apkayik asamyam* (indiscipline related to water-bodied beings), (3) *Tejas-kayik asamyam* (indiscipline related to fire-bodied beings), (4) *Vayukayik asamyam* (indiscipline related to air-bodied beings), (5) *Vanaspatikayik asamyam* (indiscipline related to plant-bodied beings), (6) *dvindriya asamyam* (indiscipline related to two-sensed beings), (7) *trindriya asamyam* (indiscipline related to three-sensed beings), (8) *chaturindriya asamyam* (indiscipline related to four-sensed beings), (9) *panchendriya asamyam* (indiscipline related to five-sensed beings) and (10) *ajivakaya asamyam* (indiscipline related to non-beings).

संवर-असंवर-पद SAMVAR-ASAMVAR-PAD
(SEGMENT OF BLOCKAGE AND NON-BLOCKAGE OF INFLOW OF KARMAS)

१०. दसविधे संवरे पण्णत्ते, तं जहा—सोतिंदियसंवरे, (चक्खिंदियसंवरे, घाणिंदियसंवरे, जिब्भिंदियसंवरे), फासिंदियसंवरे, मणसंवरे, वयसंवरे, कायसंवरे, उवकरणसंवरे, सूचीकुसग्गसंवरे।

११. दसविधे असंवरे पण्णत्ते, तं जहा—सोतिंदियअसंवरे, (चक्खिंदियअसंवरे, घाणिंदियअसंवरे, जिब्भिंदियअसंवरे, फासिंदियअसंवरे, मणअसंवरे, वयअसंवरे, कायअसंवरे, उवकरणअसंवरे, सूचीकुसग्गअसंवरे।

१०. संवर दस प्रकार का है, जैसे-(१) श्रोत्रेन्द्रिय-संवर, (२) चक्षुरिन्द्रिय-संवर, (३) घ्राणेन्द्रिय-संवर, (४) रसनेन्द्रिय-संवर, (५) स्पर्शनेन्द्रिय-संवर, (६) मन-संवर, (७) वचन-संवर, (८) काय-संवर, (९) उपकरण-संवर, (१०) सूचीकुशाग्र-संवर।

११. असंवर दस प्रकार का है, जैसे-(१) श्रोत्रेन्द्रिय-असंवर, (२) चक्षुरिन्द्रिय-असंवर, (३) घ्राणेन्द्रिय-असंवर, (४) रसनेन्द्रिय-असंवर, (५) स्पर्शनेन्द्रिय-असंवर, (६) मन-असंवर, (७) वचन-असंवर, (८) काय-असंवर, (९) उपकरण-असंवर, (१०) सूचीकुशाग्र-असंवर।

10. *Samvar* (blockage of inflow of *karmas* or abstaining from indulgence in subjects of sense organs) is of six kinds—(1) *shrotendriya samvar*, (2) *chakshurindriya samvar*, (3) *ghranendriya samvar*, (4) *rasanendriya samvar*, (5) *sparshendriya samvar*, (6) *manah samvar*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(related to mind), (7) *vachan samvar* (related to speech), (8) *kaaya samvar* (related to body), (9) *upakaran samvar* (related to equipment) and (10) *suchi-kushagra samvar* (the insignificant).

11. *Asamvar* (inflow of *karmas* or indulgence in subjects of sense organs) is of six kinds—(1) *shrotendriya asamvar*, (2) *chakshurindriya asamvar*, (3) *ghranendriya asamvar*, (4) *rasanendriya asamvar*, (5) *sparshendriya asamvar*, (6) *manah asamvar* (related to mind), (7) *vachan asamvar* (related to speech), (8) *kaaya asamvar* related to body), (9) *upakaran samvar* (related to equipment) and (10) *suchi-kushagra samvar* (the insignificant).

विवेचन–प्रस्तुत सूत्र में वर्णित आदि के आठ भावसंवर और अन्त के दो द्रव्यसंवर हैं। उपकरणों के संवर को उपकरणसंवर कहते हैं। उपधि (उपकरण) दो प्रकार की होती है–ओघ उपधि और उपग्रह उपधि। जो उपकरण प्रतिदिन काम में आते हैं उन्हें ओघ उपधि कहते हैं और जो किसी कारण विशेष से संयम की रक्षा के लिए ग्रहण किये जाते हैं उन्हें उपग्रह उपधि कहते हैं। इन दोनों प्रकार की उपधि का यतनापूर्वक संरक्षण करना उपकरण-संवर है।

काँटा आदि निकालने या वस्त्र आदि सीने के लिए सूई रखी जाती है। इसी प्रकार कारण विशेष से कुशाग्र भी ग्रहण किये जाते हैं। इनकी सँभाल रखना कि जिससे अंगच्छेद आदि न हो सके। इन दोनों पदों को उपलक्षण मानकर इसी प्रकार की अन्य वस्तुओं की सार-सँभाल रखना सूचीकुशाग्र-संवर है।

Elaboration—Of the *samvars* mentioned here first eight are *bhaava samvar* (related to thoughts) and the last two are *dravya samvar* (related to physical things). *Upadhi* or ascetic-equipment are of two kinds—*ogh-upadhi* and *upagraha-upadhi*. The equipment for everyday use are *ogh-upadhi* and those used for some specific reason to protect ascetic-discipline are *upagraha-upadhi*. To use and maintain these equipment carefully is *upakaran samvar*.

A needle is kept for sewing as well as for removing a thorn from the body. In the same way pointed grass is also taken for some specific use. These things should also be kept carefully so that no harm is caused to anybody. To keep other possessions, in addition to the stated two, carefully is called *Suchi-kushagra samvar*.

अहंकार-पद AHANKAR-PAD (SEGMENT OF CONCEIT)

१२. दसहिं ठाणेहिं अहमंतीति थंभिज्जा, तं जहा–जातिमएण वा, कुलमएण वा, (बलमएण वा, रूवमएण वा, तवमएण वा, सुतमएण वा, लाभमएण वा), इस्सरियमएण वा, णागसुवण्णा वा मे अंतियं हव्वमागच्छंति, पुरिसधम्मतो वा मे उत्तरिए आहोधिए णाणदंसणे समुप्पज्जे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१२. दश कारणों से पुरुष अपने आपको 'अहमंती'–'मैं ही सबसे श्रेष्ठ हूँ' ऐसा अभिमान करता है, जैसे–(१) जाति के मद से। (२) कुल के मद से। (३) बल के मद से। (४) रूप के मद से। (५) तप के मद से। (६) शास्त्रज्ञान के मद से। (७) लाभ साधनों की उपलब्धि के मद से। (८) ऐश्वर्य प्राप्ति के मद से। (९) 'मेरे पास नागकुमार या सुपर्णकुमार देव दौड़कर आते हैं', इस प्रकार के भाव से। (१०) 'मुझे सामान्य जनों की अपेक्षा विशिष्ट अवधिज्ञान और अवधिदर्शन उत्पन्न हुआ है' इस प्रकार के भाव से।

12. For ten reasons a person takes pride in considering himself to be the best—(1) *Jati* mad (conceit of maternal lineage), (2) *kula* mad (conceit of paternal lineage), (3) *bal mad* (conceit of strength), (4) *rupa mad* (conceit of appearance or beauty), (5) *tapo mad* (conceit of austerities), (6) *Shrut mad* (conceit of scriptural knowledge), (7) *laabh mad* (conceit of means of gain), (8) *aishvarya mad* (conceit of gaining wealth), (9) with the thought that gods including Naag Kumar and Suparna Kumar come rushing on my call, and (10) with the thought that I have acquired higher degree of *Avadhi-jnana* and *avadhi-darshan* as compared to others.

समाधि–असमाधि–पद SAMADHI-ASAMADHI-PAD
(SEGMENT OF EQUANIMITY AND ITS ABSENCE)

१३. दसविधा समाधी पण्णत्ता, तं जहा–पाणातिवायवेरमणे, मुसावायवेरमणे, अदिण्णादाणवेरमणे, मेहुणवेरमणे, परिग्गहवेरमणे, इरियासमिती, भासासमिती, एसणासमिती, आयाण–भंड–मत्त–णिक्खेवणासमिती, उच्चार–पासवण–खेल–सिंघाणग–जल्ल–पारिट्ठावणिया समिती।

१४. दसविधा असमाधी पण्णत्ता, तं जहा–पाणातिवाते (मुसावाए, अदिण्णादाणे, मेहुणे), परिग्गहे, इरियाऽसमिती, (भासाऽसमिती, एसणाऽसमिती, आयाण–भंड–मत्त–णिक्खेणाऽसमिती), उच्चार–पासवण–खेल–सिंघाणग–जल्ल–पारिट्ठावणियाऽसमिती।

१३. दस कारणों से आत्मा समाधि भाव को प्राप्त होता है–(१) प्राणातिपात-विरमण, (२) मृषावाद-विरमण, (६) ईर्यासमिति, (७) भाषासमिति, (८) एषणासमिति, (९) आदाननिक्षेपण (पात्रनिक्षेपण) समिति, (१०) उच्चार-प्रस्रवण-श्लेष्म-सिंघाण-जल्ल-परिष्ठापना समिति। इन सबके सम्यक् शुद्ध पालन से।

१४. दस कारणों से आत्मा असमाधि को प्राप्त होता है–(१) प्राणातिपात-अविरमण, (२) मृषावाद-अविरमण, (३) अदत्तादान-अविरमण, (४) मैथुन-अविरमण, (५) परिग्रह-अविरमण, (६) ईर्या-असमिति (गमन की असावधानी), (७) भाषा-असमिति (बोलने की असावधानी), (९) आदान-भाण्ड-अमत्र-निक्षेप की असमिति, (१०) उच्चार-प्रस्रवण-श्लेष्म-सिंघाण-जल्ल-परिष्ठापना-असमिति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

13. There are ten reasons for a soul attaining *samadhi bhaava* (equanimous attitude)—(1) *pranatipat viraman* (to abstain from harming or destroying life). (2) *mrishavaad viraman* (to abstain from falsity). (3) *adattadan viraman* (to abstain from acts of stealing). (4) *maithun viraman* (to abstain from indulgence in sexual activities). (5) *parigraha viraman* (to abstain from acts of possession of things). (6) *irya samiti* (proper care in movement), (7) *bhasha samiti* (proper care in speaking), (8) *eshana samiti* (proper care in seeking and collecting alms), (9) *adan-bhand-amatra-nikshepana samiti* (proper care in taking and keeping bowls for food etc.) and (10) *uchchar-prasravan-shleshm-jalla-singhad prasthapana samiti* (proper care in disposal of all kinds of excreta including stool, urine, phlegm, and body and nose scum). By properly observing all these.

14. There are ten reasons for a soul attaining *asamadhi* (not attaining *samadhi bhaava*)—(1) *Pranatipat aviraman* (not to abstain from harming or destroying life). (2) *Mrishavad aviraman* (not to abstain from falsity). (3) *Adattadan aviraman* (not to abstain from acts of stealing). (4) *Maithun aviraman* (not to abstain from indulgence in sexual activities). (5) *Parigraha aviraman* (not to abstain from acts of possession of things). (6) *Irya asamiti* (absence of care in movement), (7) *bhasha asamiti* (absence of care in speaking), (8) *eshana asamiti* (absence of care in seeking and collecting alms), (9) *adan-bhand-amatra-nikshepana asamiti* (absence of care in taking and keeping bowls for food etc.) and (10) *uchchar-prasravan-shleshm-jalla-singhad prasthapana asamiti* (absence of care in disposal of all kinds of excreta including stool, urine, phlegm, and body and nose scum).

प्रव्रज्या–पद PRAVRAJYA-PAD (SEGMENT OF INITIATION)

१५. दसविधा पव्वज्जा पण्णत्ता, तं जहा–

छंदा रोसा परिजुण्णा, सुविणा पडिस्सुता चेव।
सारणिया रोगिणिया, अणाढिता देवसण्णत्ती॥१॥
वच्छाणुबंधिया। (संग्रहणी–गाथा)

१५. प्रव्रज्या दस प्रकार की है, जैसे–(१) **छन्दाप्रव्रज्या**–अपनी या दूसरों की इच्छा से ली जाने वाली दीक्षा। जैसे भवदत्त ने बड़े भाई भावदत्त के कहने से तथा गोविन्दाचार्य ने। (२) **रोषाप्रव्रज्या**–रोष से ली जाने वाली प्रव्रज्या। जैसे शिवभूति मल्ल ने। (२) (३) **परिद्यूनाप्रव्रज्या**–दरिद्रता से ली जाने वाली दीक्षा। जैसे लकड़हारे ने सुधर्मा स्वामी के पास। (४) **स्वप्नाप्रव्रज्या**–स्वप्न देखने से ली जाने वाली, या

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्वप्न में ली जाने वाली दीक्षा। जैसे पुष्पचूला ने। (५) **प्रतिश्रुताप्रव्रज्या**–पहले की हुई प्रतिज्ञा के कारण ली जाने वाली दीक्षा। जैसे मलयकुमार ने। (६) **स्मारणिकाप्रव्रज्या**–पूर्व जन्मों का स्मरण होने पर ली जाने वाली दीक्षा। जाति स्मरण ज्ञान होने या ज्ञान कराने से। जैसे मल्ली भगवती ने छह राजाओं को प्रतिबोध दिया। (७) **रोगिणिकाप्रव्रज्या**–रोग के हो जाने पर ली जाने वाली दीक्षा। जैसे–सनत्कुमार चक्रवर्ती ने। (८) **अनादृताप्रव्रज्या**–अनादर होने पर ली जाने वाली दीक्षा। जैसे नन्दीषेण तथा हरिकेश बल ने। (९) **देवसंज्ञप्तिप्रव्रज्या**–देव के द्वारा प्रतिबुद्ध करने पर ली जाने वाली दीक्षा। जैसे तेतली प्रधान ने तथा मैतार्य ने। (१०) **वत्सानुबन्धिकाप्रव्रज्या**–दीक्षित होते हुए पुत्र के स्नेह निमित्त से ली जाने वाली दीक्षा। जैसे भृगु पुरोहित ने तथा वज्र स्वामी की माता ने। *(हिन्दी टीका पृष्ठ ७०९)*

15. *Pravrajya* (initiation) is of ten kinds—(1) *Chhanda pravrajya*—to get initiated by one's own or others' desire; as Bhavadatt got on advise of elder brother *Bhaavadatt*, also as Govindacharya got. (2) *Rosha pravrajya*—to get initiated due anger; as Shivabhuti Malla got. (3) *Paridyuna pravrajya*—to get initiated due to poverty; as the wood-cutter got by Sudharma Swami. (4) *Svapna pravrajya*—to get initiated by being inspired in a dream or that got in dream; as Pushpachula got. (5) *Pratishruta pravrajya*—to get initiated due to promise given in the past; as Malaya Kumar got. (6) *Smaranika pravrajya*—to get initiated due to some memories from the past birth. In other words, on attaining or inspiring *jati-smaran-jnana*; as Malli Bhagavati enlightened six kings. (7) *Roginika pravrajya*—to get initiated due to ailment; as Santkumar Chakravarti got. (8) *Anadrita pravrajya*—to get initiated due to being insulted; as Nandishen and Harikeshabal got. (9) *Devasanjapti pravrajya*—to get initiated due to being enlightened by some god; as Tetali Pradhan and Maitarya got. (10) *Vatsanubandhika pravrajya*—to get initiated due to love for one's son who is getting initiated; as Bhrigu Purohit and Vajra Swami's mother got. *(for more details see appendix-3; Hindi Tika, part-2, p. 709)*

श्रमण धर्म–पद SHRAMAN DHARMA-PAD (SEGMENT OF SHRAMAN DHARMA

१६. दसविधे समणधम्मे पण्णत्ते, तं जहा–खंती, मुत्ती, अज्जवे, मद्दवे, लाघवे, सच्चे, संजमे, तवे, चियाए, बंभचेरवासे।

१६. श्रमण–धर्म दस प्रकार का है–(१) क्षान्ति (क्षमा धारण करना), (२) मुक्ति (लोभ नहीं करना), (३) आर्जव (मायाचार नहीं करना), (४) मार्दव (अहंकार नहीं करना), (५) लाघव (गौरव नहीं रखना), (६) सत्य (सत्य वचन बोलना), (७) संयम धारण करना, (८) तपश्चरण करना, (९) त्याग (साम्भोगिक साधुओं को भोजनादि देना), (१०) ब्रह्मचर्यवास (ब्रह्मचर्यपूर्वक गुरुजनों के पास रहना।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

16. *Shraman Dharma* (religion of Jain ascetic) is of ten kinds—(1) *kshanti* (forgiveness), (2) *mukti* (contentment or absence of greed), (3) *arjava* (honesty or purity of mind) (4) *maardava* (modesty or gentleness), (5) *laghava* (humbleness), (6) *satya* (truth), (7) *samyam* (ascetic-discipline), (8) *tap* (austerities), (9) *tyag* (detachment; offer food and other things to colleague ascetics), and (10) *brahmacharya vaas* (to live with gurus and practice celibacy).

वैयावृत्त्य-पद VAIYAVRITYA-PAD (SEGMENT OF SERVICE)

१७. दसविधे वेयावच्चे पण्णत्ते, तं जहा—आयरियवेयावच्चे, उवज्झायवेयावच्चे, थेरवेयावच्चे, तवस्सिवेयावच्चे, गिलाणवेयावच्चे, सेहवेयावच्चे, कुलवेयावच्चे, गणवेयावच्चे, संघवेयावच्चे, साहम्मियवेयावच्चे।

१७. वैयावृत्त्य (सेवा-शुश्रूषा) दस प्रकार की है। जैसे-(१) आचार्य का वैयावृत्त्य, (२) उपाध्याय का वैयावृत्त्य, (३) स्थविर का वैयावृत्त्य, (४) तपस्वी का वैयावृत्त्य, (५) ग्लान का वैयावृत्त्य, (६) शैक्ष का वैयावृत्त्य, (७) कुल का वैयावृत्त्य, (८) गण का वैयावृत्त्य, (९) संघ का वैयावृत्त्य, (१०) साधर्मिक का वैयावृत्त्य। *(विस्तार के लिए देखें ठाणं पृष्ठ ९६२)*

17. *Vaiyavritya* (service) is of ten kinds—(1) *acharya vaiyavritya* (service of acharya), (2) *upadhyaya vaiyavritya* (service of upadhyaya), (3) *sthavir vaiyavritya* (service of senior ascetics), (4) *tapasvi vaiyavritya* (service of ascetics observing austerities), (5) *glaan vaiyavritya* (service of ailing ascetics), (6) *shaiksha vaiyavritya* (service of neo-initiates), (7) *kula vaiyavritya* (service of disciples of one *acharya*), (8) *gana vaiyavritya* (service of group of many *kulas*), (9) *sangha vaiyavritya* (service of group of many *ganas*) and (10) *sadharmik vaiyavritya* (service of ascetics following the same praxis). *(for details see Thanam p. 962)*

परिणाम-पद PARINAAM-PAD (SEGMENT OF MANIFESTATION)

१८. दसविधे जीवपरिणामे पण्णत्ते, तं जहा—गतिपरिणामे, इंदियपरिणामे, कसायपरिणामे, लेसापरिणामे, जोगपरिणामे, उवओगपरिणामे, णाणपरिणामे, दंसणपरिणामे, चरित्तपरिणामे, वेयपरिणामे।

१८. जीव का परिणाम दस प्रकार का है-(१) **गति-परिणाम**-नरक आदि गतियों की प्राप्ति, (२) **इन्द्रिय-परिणाम**-पाँच इन्द्रियों की प्राप्ति, (३) **कषाय-परिणाम**-कषायों की परिणति, (४) **लेश्या-परिणाम**-लेश्याओं का स्पर्श करना, (५) **योग-परिणाम**-मन आदि तीनों योगों का व्यापार, (६) **उपयोग-परिणाम**-दोनों प्रकार के उपयोग, (७) **ज्ञान-परिणाम**-पाँच ज्ञान, (८) **दर्शन-परिणाम**-तीनों दर्शन, (९) **चारित्र-परिणाम**-पाँच चारित्र, (१०) **वेद-परिणाम**-तीनों वेद।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

18. *Jiva parinaam* (manifestations of soul) are of ten kinds—(1) *Gati-parinaam*—going into genuses including hell, (2) *indriya parinaam*—acquiring five sense organs, (3) *kashaya parinaam*—getting passions, (4) *leshya parinaam*—to manifest leshyas, (5) *yoga-parinaam*—manifestation of action with three associations including mental, (6) *upayog parinaam*—two kinds of indulgences, (7) *jnana parinaam*—five kinds of knowledge, (8) *darshan parinaam*—three kinds of perception, (9) *chaaritra parinaam*—five kinds of conduct, and (10) *veda parinaam*—three kinds of gender.

१९. दसविधे अजीवपरिणामे पण्णत्ते, तं जहा—बंधणपरिणामे, गतिपरिणामे, संठाणपरिणामे, भेदपरिणामे, वण्णपरिणामे, रसपरिणामे, गंधपरिणामे, फासपरिणामे, अगुरुलहुपरिणामे, सद्दपरिणामे।

१९. अजीव का परिणाम दस प्रकार का है-(१) **बन्धन-परिणाम**-पुद्गलों का परस्पर सम्बन्ध होना। (२) **गति-परिणाम**-पुद्गलों की गति, (३) **संस्थान-परिणाम**, (४) **भेद-परिणाम**, (५) **वर्ण-परिणाम**-स्निग्धता, रुक्षता के आधार पर, (६) रस-परिणाम, (७) गन्ध-परिणाम, (८) स्पर्श-परिणाम, (९) अगुरु-लघु-परिणाम, (१०) शब्द-परिणाम।

19. *Ajiva parinaam* (manifestations of matter) are of ten kinds—(1) *bandhan parinaam*—mutual bondage of matter particles, (2) *gati parinaam*—movement of matter particles, (3) *samsthan parinaam*—structure of matter, (4) *bhed parinaam*—separation, (5) *varna parinaam*—appearance or colour, (6) *rasa parinaam*—taste, (7) *gandh parinaam*—smell, (8) *sparsh parinaam*—touch, (9) *aguru-laghu parinaam*—not gross but minute form, and (10) *shabd parinaam*—sound.

विवेचन–एक रूप को छोड़कर दूसरे रूप में परिवर्तित होना, अथवा विद्यमान पर्याय को छोड़कर नवीन पर्याय धारण करना **'परिणाम'** है। द्रव्यार्थिकनय से सभी पदार्थ ध्रुव है, नित्य है तथा पर्यायार्थिकनय से सभी पदार्थ अनित्य हैं। एक पर्याय को छोड़कर दूसरी पर्याय को प्राप्त करना, पदार्थ का स्वभाव है। संसारी जीवों में गति आदि दस परिणाम पाये जाते हैं। जीव की तरह जीव रहित पदार्थों में भी परिणमन होता रहता है। *(ठाणं, पृष्ठ ९६४)*

Elaboration—To manifest or transform from one form to another or shift from one mode to another is called *parinaam*. According to *dravyarthik naya* (existent material aspect) all substances are constant and permanent and according to *paryayarthik naya* (transformational aspects) all substances are impermanent. To shift from one mode to another is intrinsic nature of substance. In worldly beings there are ten

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

such manifestations including shift to genuses. Like the living, the non-living is also subject to transformation and ten such transformations have been listed here. *(Thanam, p. 964)*

अस्वाध्याय-पद ASVADHYAYA-PAD (SEGMENT OF PROHIBITION OF STUDIES)

२०. दसविधे अंतलिक्खए असज्झाइए पण्णत्ते, तं जहा-उक्कावाते, दिसिदाघे, गज्जिते, विज्जुते, णिग्घाते, जुवए, जक्खालित्ते, धूमिया, महिया, रयुग्घाते।

२०. अन्तरिक्ष (आकाश) सम्बन्धी अस्वाध्यायकाल (स्वाध्याय के लिए वर्जित काल) दस प्रकार का है, जैसे-(१) **उल्कापात**-बिजली गिरने या तारा टूटने पर। (२) **दिग्दाह**-दिशाओं को जलती हुई देखने पर। (३) **गर्जन**-आकाश में मेघों की घोर गर्जना तथा (४) **विद्युत्**-तड़तड़ाती हुई बिजली चमकने पर, (५) **निर्घात**-मेघों के होने या न होने पर आकाश में व्यन्तरादिकृत घोर गर्जन या वज्रपात के होने पर, (६) **यूपक**-सन्ध्या की प्रभा और चन्द्रमा की प्रभा एक साथ मिलने पर, (७) **यक्षादीप्त**-यक्षादि के द्वारा किसी एक दिशा में बिजली जैसा प्रकाश दिखने पर, (८) **धूमिका**-कोहरा होने पर, (९) **महिका**-तुषार या बर्फ गिरने पर, (१०) **रज-उद्घात**-तेज आँधी से धूलि उड़ने पर। *(विस्तार के लिए देखें ठाणं पृष्ठ ९६९)*

20. There are ten *asvadhyaya kaal* (period when studies are prohibited) due to reasons related to *antariksh* (space)—(When there is—) (1) *Ulkapaat*—a falling star or a comet is seen. (2) *Digdaha*—conflagration in certain direction. (3) *Garjana*—loud thunder of clouds in the sky. (4) *Vidyut*—frequent lightening. (5) *Nirghat*—thunder storm with or without clouds caused by evil spirits. (6) *Yupak*—mixing of lights of sun and moon at dusk. (7) *Yakshadipt*—demonic glow created by *Yakshas*. (8) *Dhoomika*—mist. (9) *Mahika*—frost. (10) *Rajodghat*—sandstorm.

२१. दसविधे ओरालिए असज्झाइए पण्णत्ते, तं जहा-अट्ठि, मंसे, सोणिते, असुइसामंते, सुसाणसामंते, चंदोवराए, सूरोवराए, पडणे, रायवुग्गहे, उवस्सयस्स अंतो ओरालिए सरीरगे।

२१. औदारिक शरीर सम्बन्धी अस्वाध्याय दस प्रकार का है-(१) अस्थि, (२) माँस, (३) रक्त, (४) अशुचि, (५) श्मशान के समीप होने पर, (६) चन्द्र-ग्रहण, (७) सूर्य-ग्रहण होने पर, (८) पतन-प्रमुख व्यक्ति के मरने पर, (९) राजविप्लव होने पर, (१०) उपाश्रय के भीतर सौ हाथ क्षेत्र में औदारिक कलेवर के होने पर। इन दस कारणों से स्वाध्याय करने का निषेध है।

21. There are ten *asvadhyaya kaal* (period when studies are prohibited) due to reasons related to *audarik sharira* (gross physical body)—(In proximity of—) (1) bones, (2) flesh, (3) blood, (4) impurities, (5) cremation ground, (and at the time of—) (6) lunar eclipse, (7) solar eclipse, (8) death of some prominent person, (9) disturbance in the state and (10) presence of a corpse within hundred yards of the place of stay.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२२. पंचिंदिया णं जीवा असमारभमाणस्स दसविधे संजमे कज्जति, तं जहा–सोतामयाओ सोक्खाओ अववरोवेत्ता भवति। सोतामएणं दुक्खेणं असंजोगेत्ता भवति। चक्खुमयाओ सोक्खाओ अववरोवेत्ता भवति। चक्खुमएणं दुक्खेणं असंजोगेत्ता भवति। घाणामयाओ सोक्खाओ अववरोवेत्ता भवति। घाणामएणं दुक्खेणं असंजोगेत्ता भवति। जिब्भामयाओ सोक्खाओ अववरोवेत्ता भवति। जिब्भामएणं दुक्खेणं असंजोगेत्ता भवति। फासामयाओ सोक्खाओ अववरोवेत्ता भवति।) फासामएणं दुक्खेणं असंजोगेत्ता भवति।

२२. पंचेन्द्रिय जीवों का घात नहीं करने वाले साधक के दस प्रकार का संयम होता है– (१-२) श्रोत्रेन्द्रिय-सम्बन्धी सुख का वियोग नहीं करने तथा दुःख का संयोग नहीं करने से, (३-४) चक्षुरिन्द्रिय-सम्बन्धी सुख का वियोग नहीं करने तथा दुःख का संयोग नहीं करने से, (५-६) घ्राणेन्द्रिय-सम्बन्धी सुख का वियोग नहीं करने तथा दुःख का संयोग नहीं करने से, (७-८) रसनेन्द्रिय-सम्बन्धी सुख का वियोग नहीं करने तथा दुःख का संयोग नहीं करने से। (९-१०) स्पर्शनेन्द्रिय-सम्बन्धी सुख का वियोग नहीं करने तथा दुःख का संयोग नहीं करने से।

22. A being not indulging in harming or killing of five-sensed beings has ten kinds of discipline—That related to not terminating the pleasure derived through and not enforcing the misery experienced through—(1,2) *shrotrendriya* (sense organ of hearing), (3,4) *chakshurindriya* (sense organ of seeing). (5,6) *ghranendriya* (sense organ of smell), (7,8) *rasanendriya* (sense organ of taste) and (9,10) *sparshendriya* (sense organ of touch).

२३. पंचिंदिया णं जीवा समारभमाणस्स दसविधे असंजमे कज्जति, तं जहा–सोतामयाओ सोक्खाओ ववरोवेत्ता भवति। सोतामएणं दुक्खेणं संजोगेत्ता भवति। चक्खुमयाओ सोक्खाओ ववरोवेत्ता भवति। चक्खुमएणं दुक्खेणं संजोगेत्ता भवति। घाणामयाओ सोक्खाओ ववरोवेत्ता भवति। घाणामएणं दुक्खेणं संजोगेत्ता भवति। जिब्भामयाओ सोक्खाओ ववरोवेत्ता भवति। जिब्भामएणं दुक्खेणं संजोगेत्ता भवति। फासामयाओ सोक्खाओ ववरोवेत्ता भवति। फासामएणं दुक्खेणं संजोगेत्ता भवति।

२३. पंचेन्द्रिय जीवों का घात करने वाले व्यक्ति के दस प्रकार का असंयम होता है, जैसे– (१-२) श्रोत्रेन्द्रिय-सम्बन्धी सुख का वियोग करने और दुःख का संयोग करने से। (३-४) चक्षुरिन्द्रिय-सम्बन्धी सुख का वियोग करने और दुःख का संयोग करने से। (५-६) घ्राणेन्द्रिय-सम्बन्धी सुख का वियोग करने और दुःख का संयोग करने से। (७-८) रसनेन्द्रिय-सम्बन्धी सुख का वियोग करने और दुःख का संयोग करने से। (९-१०) स्पर्शनेन्द्रिय-सम्बन्धी सुख का वियोग करने और दुःख का संयोग करने से।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

23. A being indulging in harming or killing of five sensed beings has ten kinds of indiscipline—That related to terminating the pleasure derived through and enforcing the misery experienced through—(1,2) *shrotrendriya* (sense organ of hearing), (3,4) *chakshurindriya* (sense organ of seeing). (5,6) *ghranendriya* (sense organ of smell), (7,8) *rasanendriya* (sense organ of taste) and (9,10) *sparshendriya* (sense organ of touch).

सूक्ष्म-पद SUKSHMA-PAD (SEGMENT OF MINUTES)

२४. दस सुहुमा पण्णत्ता, तं जहा—पाणसुहुमे, पणगसुहुमे, (बीयसुहुमे, हरितसुहुमे, पुप्फसुहुमे, अंडसुहुमे, लेणसुहुमे), सिणेहसुहुमे, गणियसुहुमे, भंगसुहुमे।

२४. सूक्ष्म दस प्रकार के हैं। जैसे-(१) प्राण-सूक्ष्म-कुन्थुआदि सूक्ष्मजीव, (२) पनक-सूक्ष्म-काई आदि, (३) बीज-सूक्ष्म-धान्य आदि का अग्रभाग, (४) हरितसूक्ष्म-हरे रंग के सूक्ष्मतृण आदि, (५) पुष्प-सूक्ष्म-वट आदि के पुष्प, (६) अण्डसूक्ष्म-चींटी आदि के अण्डे, (७) लयनसूक्ष्म-कीड़ीनगरा, (८) स्नेहसूक्ष्म-ओस आदि, (९) गणितसूक्ष्म-कुशाग्रबुद्धि से समझने योग्य गणित सम्बन्धी प्रश्न, (१०) भंगसूक्ष्म-कुशाग्रबुद्धि से समझने योग्य विभिन्न विकल्प।

24. *Sukshma* (minutes) are of ten kinds—(1) *prana-sukshma* (minute insects like *kunthu*), (2) *panak-sukshma* (lichen or moss), (3) *beej-sukshma* (tip of a cereal), (4) *harit-sukshma* (minute green grass), (5) *pushp-sukshma* (minute flowers, like those of banyan tree), (6) *anda-sukshma* (minute eggs of ants and other insects), (7) *layan-sukshma* (anthill), (8) *sneh-sukshma* (dew etc.), (9) *ganit-sukshma* (subtle mathematical questions requiring sharp wit to understand) and (10) *bhang-sukshma* (subtle divisions and alternatives requiring sharp wit to understand).

महानदी-पद MAHANADI-PAD (SEGMENT OF GREAT RIVERS)

२५. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणेणं गंगा-सिंधु-महाणदीओ दस महाणदीओ समप्पेंति, तं जहा—जउणा, सरऊ, आवी, कोसी, मही, सतद्दू, वितत्था, विभासा, एरावती, चंदभागा।

२५. जम्बूद्वीप नामक द्वीप में मन्दर पर्वत के दक्षिण में गंगा (नेपाल के पूर्व भाग में) सिन्धु (कैलाश पर्वत से उद्गम) महानदी में दश महानदियाँ मिलती हैं-(१) यमुना (हिमालय से), (२) सरयू (घाघरा-घग्घर) (३) आवी (राप्ती-उद्गम नेपाल की पर्वतमाला से) (४) कोशी (नेपाल के पूर्व भाग में), (५) मही (बिहार पटना के पास), (६) शतद्रु (सतलज-पंजाब में) (७) वितस्ता (झेलम), (८) विपाशा (व्यास), (९) ऐरावती (रावी), (१०) चन्द्रभागा (चिनाब)। (इनमें से प्रथम पाँच गंगा में तथा शेष पाँच सिन्धु में मिलती हैं)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

25. In Jambu continent, to the south of Mandar Mountain (in Bharat area) ten great rivers join the great rivers Ganga (east Nepal) and Sindhu (Mt. Kailash)—(1) Yamuna (from Himalaya), (2) Sarayu (Ghagghar or Ghaghara), (3) Aavi (Rapti from mountains in Nepal), (4) Kosi (east Nepal), (5) Mahi (near Patna in Bihar), (6) Shatadru (Sataluj), (7) Vitasta (Jhelum), (8) Vipasa (Vyas), (9) Airavati (Ravi) and (10) Chandrabhaga (Chenab). (first five join the Ganga and last five the Sindhu)

२६. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तरे णं रत्ता–रत्तवतीओ महाणदीओ दस महाणदीओ समप्पेंति, तं जहा–किण्हा, महाकिण्हा, णीला, महाणीला, महातीरा, इंदा, (इंदसेणा, सुसेणा, वारिसेणा), महाभोगा।

२६. जम्बूद्वीप नामक द्वीप में मन्दर पर्वत के उत्तर में रक्ता और रक्तावती महानदी में दश महानदियाँ मिलती हैं–(१) कृष्णा, (२) महाकृष्णा, (३) नीला, (४) महानीला, (५) महातीरा, (६) इन्द्रा, (७) इन्द्रसेना, (८) सुषेणा, (९) वारिषेणा, (१०) महाभोगा।

26. In Jambu continent, to the north of Mandar Mountain (in Airavat area) ten great rivers join the great rivers Rakta and Raktavati—(1) Krishna, (2) Mahakrishna, (3) Nila, (4) Mahanila and (5) Mahatira, (6) Indra, (7) Indrasena, (8) Sushena, (9) Varishena and (10) Mahabhoga.

राजधानी–पद RAJADHANI-PAD (SEGMENT OF CAPITAL CITIES)

२७. जंबुद्दीवे दीवे भरहे वासे दस रायहाणीओ पण्णत्ताओ, तं जहा–

चंपा महुरा वाणारसी य सावत्थि तह य साकेतं।
हत्थिणाउर कंपिल्लं, मिहिला कोसंबि रायगिहं॥१॥ (संग्रहणी गाथा)

२७. जम्बूद्वीप नामक द्वीप में भारतवर्ष में दस राजधानियाँ हैं–(१) चम्पा–अंगदेश की राजधानी, (२) मथुरा–सूरसेन देश की राजधानी, (३) वाराणसी–काशी देश की राजधानी, (४) श्रावस्ती–कुणाल देश की राजधानी, (५) साकेत–कोशल देश की राजधानी, (६) हस्तिनापुर–कुरु देश की राजधानी, (७) कम्पिला (पांचाल), (८) मिथिला (विदेह), (९) कौशाम्बी–वत्स देश की राजधानी, (१०) राजगृह–मगध देश की राजधानी।

27. In Jambu continent in Bharat area there are ten *rajadhanis* (capital cities)—(1) Champa (of Anga), (2) Mathura (of Surasen), (3) Varanasi (of Kashi), (4) Shravasti (of Kunal), (5) Saket (of Koshal), (6) Hastinapur (of Kuru), (7) Kampill (of Panchal), (8) Mithila (of Videh), (9) Kaushambi (of Vatsa) and (10) Rajagriha (of Magadh).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

卐卐卐

दिशा–पद (रुचक प्रदेश क्षेत्र) DISHA-PAD (SEGMENT OF DIRECTIONS)

३०. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स बहुमज्झदेसभागे इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए उवरिमहेट्ठिल्लेसु खुड्डगपतरेसु, एत्थ णं अट्ठपएसिए रुयगे पण्णत्ते, जओ णं इमाओ दस दिसाओ पवहंति, तं जहा पुरत्थिमा, पुरत्थिमदाहिणा, दाहिणा, दाहिणपच्चत्थिमा, पच्चत्थिमा, पच्चत्थिमुत्तरा, उत्तरा, उत्तरपुरत्थिमा, उड्ढा, अहा।

३१. एतासि णं दसण्हं दिसाणं दस णामधेज्जा पण्णत्ता, तं जहा–

इंदा अग्गीह जाया य, णेरती वारुणी य वायव्वा।
सोमा ईसाणी य, विमला य तमा य बोद्धव्वा॥१॥

३०. जम्बूद्वीप नामक द्वीप में मन्दर पर्वत के ठीक मध्य भाग में (नौ सौ योजन नीचे जहाँ मध्य लोक समाप्त होता है तथा अधोलोक प्रारम्भ होता है)। रत्नप्रभा पृथिवी के ऊपर क्षुल्लक प्रतर में गाय के स्तनाकार चार तथा उसके नीचे के क्षुल्लक प्रतर में गोस्तनाकार चार, इस प्रकार आठ आकाश प्रदेश वाला रुचक कहा गया है। इसी से दसों दिशाओं का उद्गम होता है, जैसे–(१) पूर्वदिशा, (२) पूर्व–दक्षिण–आग्नेयदिशा, (३) दक्षिणदिशा, (४) दक्षिण–पश्चिम–नैर्ऋत्य दिशा, (५) पश्चिम दिशा, (६) पश्चिम–उत्तर–वायव्य दिशा, (७) उत्तर दिशा, (८) उत्तर–पूर्व–ईशान दिशा, (९) ऊर्ध्व दिशा, (१०) अधोदिशा।

३१. इन दस दिशाओं के दस नाम हैं–(१) इन्द्रा, (२) आग्नेयी, (३) याम्या, (४) नैर्ऋती, (५) वारुणी, (६) वायव्या, (७) सोमा, (८) ईशानी, (९) विमला, (१०) तमा।

30. In Jambu continent in the exact middle of the (perpendicular section of) Mandar mountain (nine hundred *Yojans* below where the middle world ends and lower world starts) just above *Ratnaprabha prithvi* there is a *Ruchak pradesh* (*Ruchak* section) with eight space-sections (*akash pradesh*) at two micro-levels (*kshullak pratar*) of four space-sections each, resembling four teats in udder of a cow, one above the other and facing each other. From this core section originate ten directions—(1) East, (2) South-east (*Aagneya*), (3) South, (4) South-west (*Nairritya*), (5) West, (6) North-west (*Vayavya*), (7) North, (8) North-east (*Ishan*), (9) Zenith and (10) Nadir.

31. These ten directions have ten names—(1) *Indraa*, (2) *Aagneyi*, (3) *Yamya*, (4) *Nairriti*, (5) *Vaaruni*, (6) *Vayavyaa*, (7) *Somaa*, (8) *Ishani*, (9) *Vimala* and (10) *Tamaa*.

गोतीर्थ–पद GOTIRTHA-PAD (SEGMENT OF SLOPING BANK)

३२. लवणस्स णं समुद्दस्स दस जोयणसहस्साइं गोतित्थविरहिते खेत्ते पण्णत्ते।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३२. लवणसमुद्र का दस हजार योजन क्षेत्र गोतीर्थ-रहित (समतल) है।

32. Ten thousand *Yojan* area of Lavan Samudra is without *gotirtha* (slope).

३३. लवणस्स णं समुद्दस्स दस जोयणसहस्साइं उदगमाले पण्णत्ते।

३३. लवणसमुद्र की उदकमाला (वेला) दस हजार योजन चौड़ी है।

33. The *udak-mala* (wave crest) of Lavan Samudra is ten thousand *Yojan* wide.

विवेचन–जिस जलस्थान (तालाब-समुद्र आदि) पर गायें जल पीने के लिए उतरती हैं, वह क्रम से ढलान वाला स्थान आगे-आगे अधिक नीचा होता है, उसे **गोतीर्थ** कहते हैं। लवणसमुद्र के दोनों पार्श्वों में, (जम्बूद्वीप तथा धातकीषण्ड से) ९५-९५ हजार योजन भीतर जल स्थान गोतीर्थ के आकार में है। बीच में दस हजार योजन तक पानी समतल है, उसमें ढलान नहीं है, उस समतल भूमि को **'गोतीर्थविरहित'** कहा जाता है।

जल की ऊपर उठती शिखा या चोटी को (जो समुद्र से ऊँची उठी है) उदकमाला कहते हैं। यह समुद्र के मध्यभाग में होती है। लवणसमुद्र की उदकमाला दस हजार योजन चौड़ी और सोलह हजार योजन ऊँची होती है। वेलंधर देव इसकी रक्षा करते हैं।

Elaboration—The sloping area within a water-body, starting from the bank, where cows frequent for drinking water is called *gotirtha*. This gradual slope continues to increase towards the middle. On both ends of Lavan Samudra (from *Jambudveep* and *Dhatakikhand*) the *gotirtha* is ninety five thousand *Yojans* long. In the center the area of level sea bed is ten thousand *Yojans* long. This level area devoid of slope (*gotirtha*) is called *gotirtha-virahit*.

A wave crest is called *udak-mala*. It is in the middle of a sea. The wave crest (maximum) of Lavan Samudra is ten thousand *Yojans* wide and sixteen thousand *Yojans* high. It is guarded by *Velandhar* gods.

पातालकलश–पद PATAL KALASH-PAD (SEGMENT OF PATAL KALASH)

३४. सव्वेवि णं महापाताला दसदसाइं जोयणसहस्साइं उव्वेहेणं पण्णत्ता, मूले दस जोयणसहस्साइं विक्खंभेणं पण्णत्ता, बहुमज्झदेसभागे एगपएसियाए सेढीए दसदसाइं जोयणसहस्साइं विक्खंभेणं पण्णत्ता, उवरिं मुहमूले दस जोयणसहस्साइं विक्खंभेणं पण्णत्ता। तेसि णं महापातालाणं कुड्डा सव्ववइरामया सव्वत्थ समा दस जोयणसयाइं बाहल्लेणं पण्णत्ता।

३४. लवणसमुद्र में चारों दिशाओं में चार महापाताल कलश हैं। सभी महापाताल (पातालकलश) एक लाख योजन गहरे हैं। (उनके नाम हैं--वलयामुख, केतुक, यूपक और ईश्वर)। ये गोतीर्थ रहित

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्थान पर हैं। नीचे मूल भाग में वे दस हजार योजन चौड़े हैं। मूल भाग के विस्तार से दोनों ओर एक-एक प्रदेश की वृद्धि से बढ़ते हुए बहुमध्यदेश भाग में एक लाख योजन चौड़े हैं। ऊपर मुखमूल में उनका विस्तार दस हजार योजन है। उन पातालों की भित्तियाँ सर्व वज्रमयी, सर्वत्र समान और सर्वत्र दस हजार योजन चौड़ी हैं।

34. There are four *Mahapatal Kalash* (gigantic pitcher shaped areas) in four directions in Lavan Samudra. All these *Mahapatal Kalash* are one hundred thousand *Yojans deep* (their names are—*Valayamukh, Ketuk, Yupak* and *Ishvar*). These areas are devoid of slope (*gotirtha*). At the base (sea bed) they are ten thousand *Yojan* wide. With a gradual increase in area, with every space-point of height from the sea-bed, they reach a maximum width of one hundred thousand *Yojans* in the middle and then start decreasing. Their width at the mouth or surface of the sea is ten thousand *Yojans*. The walls of these Paataals are diamond hard, uniform and ten thousand *Yojan* thick.

३५. सव्वेवि णं खुद्दा पाताला दस जोयणसताइं उव्वेहेणं पण्णत्ता, मूले दसदसाइं जोयणाइं विक्खंभेणं पण्णत्ता, बहुमज्झदेसभागे एगपएसियाए सेढीए दस जोयणसताइं विक्खंभेणं पण्णत्ता, उवरिं मुहमूले दसदसाइं जोयणाइं विक्खंभेणं पण्णत्ता। तेसि णं खुड्डापातालाणं कुड्डा सव्ववइरामया सव्वत्थ समा दस जोयणाइं बाहल्लेणं पण्णत्ता।

३५. लवणसमुद्र की दिशाओं और विदिशाओं में सभी छोटे पातालकलश एक हजार योजन गहरे हैं। मूल भाग में उनका विस्तार सौ योजन है। मूलभाग के विस्तार से दोनों ओर एक-एक प्रदेश की वृद्धि से बहुमध्य देशभाग में उनका विस्तार एक हजार योजन है। ऊपर मुखमूल में उनका विस्तार सौ योजन है।

उन छोटे पातालकलशों की भित्तियाँ सर्व वज्रमयी, सर्वत्र समान और सर्वत्र दश योजन विस्तार वाली है। उनकी कुल संख्या ७८८४ है। *(विस्तार के लिए देखें—गणितानुयोग पृष्ठ ३४२ तथा जीवाभिगम)*

35. There are small *Patal Kalash* (pitcher shaped areas) in all cardinal and intermediate directions in Lavan Samudra. They are one thousand *Yojans deep*. At the base (sea bed) they are one hundred *Yojan* wide. With a gradual increase in area, with every space-point of height from the sea-bed, they reach a maximum width of one thousand *Yojans* in the middle and then start decreasing. Their width at the mouth or surface of the sea is one thousand *Yojans*.

The walls of these *Paataals* are diamond hard, uniform and ten *Yojan* thick. Their total number is 7884. *(for more details refer to Ganitanuyog, p. 342 and Jivabhigam)*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पर्वत–पद **PARVAT-PAD (SEGMENT OF MOUNTAINS)**

३६. धायइसंडगा णं मंदरा दसजोयणसयाइं उव्वेहेणं, धरणीतले देसूणाइं दस जोयणसहस्साइं विक्खंभेणं, उवरिं दस जोयणसयाइं विक्खंभेणं पण्णत्ता।

३७. पुक्खरवरदीवड्ढगा णं मंदरा दस जोयणसयाइं उव्वेहेणं, एवं चेव।

३६. धातकीषण्ड के मन्दर पर्वत, भूमि में एक हजार योजन गहरे, भूमितल पर कुछ कम दस हजार योजन विस्तृत और ऊपर एक हजार योजन विस्तृत हैं।

३७. पुष्करवरद्वीपार्ध के मन्दर पर्वत इसी प्रकार भूमि में एक हजार योजन गहरे, भूमितल पर कुछ कम दस हजार योजन विस्तृत और ऊपर एक हजार योजन ऊँचे हैं।

36. In Dhatakikhand the Mandar mountain is one thousand *Yojan* deep in the ground. At ground level its expanse is slightly less than ten thousand *Yojans*. At the top its expanse is one thousand *Yojans*.

37. In the same way in Pushkaravar Dveep the Mandar mountain is one thousand *Yojan* deep in the ground. At ground level its expanse is slightly less than ten thousand *Yojans*. At the top its expanse is one thousand *Yojans*.

३८. सव्वेवि णं वट्टवेयड्ढपव्वता दस जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, दस गाउयसयाइं उव्वेहेणं, सव्वत्थ समा पल्लगसंठिता, दस जोयणसयाइं विक्खंभेणं पण्णत्ता।

३८. सभी वृतवैताढ्य पर्वत (गोलाई वाले) एक हाजर योजन ऊँचे, एक हजार गव्यूति (कोश) गहरे, सर्वत्र समान विस्तार वाले, पल्य के आकार से संस्थित और दस सौ (एक हजार) योजन विस्तृत हैं।

38. All *Vaitadhya* mountains are round. They are one thousand *Yojans* high, one thousand *Gavyut* (*Kosa*) *deep* in the ground, uniformly wide, silo shaped and ten hundred (one thousand) *Yojan* in expanse.

जम्बूद्वीप क्षेत्र–पद **JAMBUDVEEP KSHETRA-PAD (SEGMENT OF AREAS IN JAMBUDVEEP)**

३९. जंबुद्दीवे दीवे दस खेत्ता पण्णत्ता, तं जहा–भरहे, एरवते, हेमवते, हेरण्णवते, हरिवस्से, रम्मगवस्से, पुव्वविदेहे, अवरविदेहे, देवकुरा, उत्तरकुरा।

३९. जम्बूद्वीप नामक द्वीप में (मानव-निवास के) दस क्षेत्र हैं–(१) भरत क्षेत्र, (२) ऐरवत क्षेत्र, (३) हैमवत क्षेत्र, (४) हैरण्यवत क्षेत्र, (५) हरिवर्ष क्षेत्र, (६) रम्यकवर्ष क्षेत्र, (७) पूर्वविदेह क्षेत्र, (८) अपरविदेह क्षेत्र, (९) देवकुरु क्षेत्र, (१०) उत्तरकुरु क्षेत्र।

39. In Jambudveep continent there are ten areas (of human habitation)—(1) Bharat area, (2) Airavat area, (3) Haimavat area,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(4) Hairanyavat area, (5) Harivarsh area, (6) Ramyak-varsh and (7) Purva Videh area, (8) Apar Videh area, (9) Devakuru area and (10). Uttar-kuru area.

विविध पर्वत–पद VIVIDH PARVAT-PAD (SEGMENT OF MISCELLANEOUS MOUNTAINS)

४०. माणुसुत्तरे णं पव्वते मूले दस बावीसे जोयणसते विक्खंभेणं पण्णत्ते। ४१. सव्वेवि णं अंजण–पव्वता दस जोयणसयाइं उव्वेहेणं, मूले दस जोयणसहस्साइं विक्खंभेणं उवरिं दस जोयणसताइं विक्खंभेणं पण्णत्ता। ४२. सव्वेवि णं दहिमुहपव्वता दस जोयणसताइं उव्वेहेणं, सव्वत्थ समा पल्लगसंठिता, दस जोयणसहस्साइं विक्खंभेण पण्णत्ता। ४३. सव्वेवि णं रतिकरपव्वता दस जोयणसताइं उड्ढं उच्चत्तेणं, दसगाउयसताइं उव्वेहेणं, सव्वत्थ समा झल्लरिसंठिता, दस जोयणसताइं विक्खंभेणं पण्णत्ता। ४४. रुयगवरे णं पव्वते दस जोयणसताइं उव्वेहेणं, मूले दस जोयणसहस्साइं विक्खंभेणं उवरिं दस जोयणसताइं विक्खंभेणं पण्णत्ते। ४५. एवं कुंडलवरेवि।

४०. मानुषोत्तर पर्वत मूल में दस सौ बाईस (१०२२) योजन विस्तार वाला है। ४१. सभी अंजनक पर्वत दस सौ (१०००) योजन गहरे, मूल में दश हजार योजन विस्तृत और ऊपर दस सौ (१०००) योजन विस्तार वाले हैं। ४२. सभी दधिमुखपर्वत भूमि में दस सौ योजन गहरे, सर्वत्र समान विस्तार वाले, पल्य के आकार से संस्थित और दस हजार योजन चौड़े हैं। ४३. सभी रतिकर पर्वत दस सौ (१०००) योजन ऊँचे, दस सौ गव्यूति (कोश) गहरे, सर्वत्र समान, झल्लरी के आकार के और दस हजार योजन विस्तार वाले हैं। ४४. रुचकवर पर्वत दस सौ (१०००) योजन गहरे, मूल में दस हजार योजन विस्तृत और ऊपर दस सौ (१०००) योजन विस्तार वाले हैं। ४५. इसी प्रकार कुण्डलवर पर्वत भी रुचकवर पर्वत के समान है।

40. At its base the expanse of Manushottar Parvat is ten hundred twenty two (1022) *Yojan*. **41.** All *Anjanak Parvats* are ten hundred (1000) *Yojan* deep in the ground, ten thousand *Yojans* wide at ground level, and ten hundred (1000) *Yojan* wide at the top. **42.** All *Dadhimukh* mountains are ten hundred *Yojan deep* in the ground, uniformly wide, silo shaped and ten hundred (one thousand) *Yojan* in expanse. **43.** All *Ratikar* mountains are ten hundred *Yojan* high, ten hundred *Gavyut* (*Kosa*) deep in the ground, uniformly wide, dish shaped and ten thousand *Yojan* in expanse. **44.** All *Ruchakavar Parvats* are ten hundred (1000) *Yojan* deep in the ground, ten thousand *Yojans* wide at ground level, and ten hundred (1000) *Yojan* wide at the top. **45.** The *Kundalavar Parvats* are also like *Ruchakavar Parvats*.

विवेचन–(४०) मानुषोत्तर पर्वत पुष्करवर द्वीप के ठीक मध्य भाग में कुण्डलाकार है। यही मनुष्य लोक की सीमा बाँधता है। इससे बाहर मानव जाति का निवास नहीं है। (४१–४५) तेरहवें रुचक द्वीप

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के ठीक मध्य भाग में गोलाकार रुचक पर्वत तथा ग्यारहवें कुण्डल द्वीप में गोलाकार कुण्डल पर्वत स्थित है। *(विस्तार के लिए देखें–जीवाभिगम सूत्र)*

Elaboration—(40) Manushottar Parvat is located at the center of Pushkaravar Dveep and is ring shaped. This forms the boundary of human habitation outside which there is no existence of human beings. (41-45) The circular Ruchak Parvat is located at the center of the Ruchak Dveep (thirteenth *Dveep*). The circular Kundal Parvat is located at the center of the Kundal Dveep (eleventh Dveep). *(for details see Jivabhigam Sutra)*

द्रव्यानुयोग–पद DRAVYANUYOGA-PAD (SEGMENT OF DISQUISITION OF ENTITIES)

४६. दसविहे दवियाणुओगे पण्णत्ते, तं जहा–दवियाणुओगे, आउयाणुओगे, एगट्ठियाणुआगे, माउयाणुओगे, एगट्ठियाणुओगे, करणाणुओगे, अप्पितणप्पिते, भावियाभाविते, बाहिराबाहिरे, सासतासासते, तहणाणे, अतहणाणे।

४६. द्रव्यानुयोग दस प्रकार का है–(१) द्रव्यानुयोग, (२) मातृकानुयोग, (३) एकार्थिकानुयोग, (४) करणानुयोग, (५) अर्पितानर्पितानुयोग, (६) भाविताभावितानुयोग, (७) बाह्याबाह्यानुयोग, (८) शाश्वताशाश्वतानुयोग, (९) तथाज्ञानानुयोग, (१०) अतथाज्ञानानुयोग।

46. *Dravyanuyoga* (disquisition of entities) is of ten kinds—(1) *Dravyanuyoga*, (2) *Matrikanuyoga*, (3) *Ekarthikanuyoga*, (4) *Karananuyoga*, (5) *Arpitanarpitanuyoga*, (6) *Bhaavitabhaavitanuyoga*, (7) *Bahyabahyanuyoga*, (8) *Shashvatashashvatanuyoga*, (9) *Tathajnananuyoga*, and (10) *Atathajnananuyoga*.

विवेचन–'अनुयोग' का अर्थ है, विषय के अनुसार व्याख्या करना। अनुयोग चार प्रकार का है। जीवादि द्रव्यों की व्याख्या करने वाले अनुयोग को **द्रव्यानुयोग** कहते हैं। जिसमें गुण और पर्याय पाये जाते हैं उसे द्रव्य कहते हैं। द्रव्य के सहभागी धर्मों (ज्ञानादि) को गुण और क्रमभावी धर्मों (मनुष्य आदि) को पर्याय कहते हैं। इन गुणों और पर्यायों वाले द्रव्य का विवेचन द्रव्यानुयोग का विषय है।

(२) **मातृकानुयोग**–इस अनुयोग में उत्पाद, व्यय और ध्रौव्यरूप मातृकापद के द्वारा द्रव्यों का विवेचन है।

(३) **एकार्थिकानुयोग**–इसमें एक अर्थ के वाचक अनेक शब्दों की व्याख्या के द्वारा द्रव्यों का विवेचन है। जैसे–सत्त्व, भूत, प्राणी और जीव, ये शब्द एक अर्थ के वाचक हैं आदि।

(४) **करणानुयोग**–द्रव्य की निष्पत्ति में प्रयुक्त होने वाले साधक कारण को 'करण' कहते हैं। जैसे घट की निष्पत्ति में मिट्टी, कुम्भकार, चक्र आदि। जीव की क्रियाओं में काल, स्वभाव, नियति आदि साधक हैं। इस प्रकार द्रव्यों के साधकतम कारणों का विवेचन इस करणानुयोग का विषय है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(५) **अर्पितानर्पितानुयोग**–मुख्य या प्रधान विवक्षा को अर्पित और गौण या अप्रधान विवक्षा को अनर्पित कहते हैं। इस अनुयोग में सभी द्रव्यों के गुण-पर्यायों का विवेचन मुख्य और गौण की विवक्षा से किया गया है।

(६) **भावितभावितानुयोग**–इस अनुयोग में दूसरे द्रव्यसे प्रभावित (भावित) या अप्रभावित (अभावित) होने का विचार किया गया है। जैसे–सकषाय जीव अच्छे या बुरे वातावरण से प्रभावित होता है, किन्तु अकषाय जीव नहीं होता आदि।

(७) **बाह्याबाह्यानुयोग**–इस अनुयोग में एक द्रव्य की दूसरे द्रव्य के साथ बाह्यता, (भिन्नता या विलक्षणता) और अबाह्यता (अभिन्नता समानता) का विचार किया गया है।

(८) **शाश्वताशाश्वतानुयोग**–इस अनुयोग में द्रव्यों के शाश्वत (नित्य) और अशाश्वत (अनित्य) धर्मों का विचार किया गया है।

(९) **तथाज्ञानानुयोग**–इसमें द्रव्यों के यथार्थ स्वरूप का जैसा स्वरूप है, वैसा ही विचार किया गया है।

(१०) **अतथाज्ञानानुयोग**–इस अनुयोग में मिथ्यादृष्टियों के द्वारा प्ररूपित द्रव्यों के स्वरूप का (अयथार्थ स्वरूप का) निरूपण किया गया है।

Elaboration—*Anuyoga* means disquisition based on theme and specific parameters. There are four thematic categories of *Anuyoga* related to Jain scriptures. The elaboration of *dravya* (entities) like *jiva* (soul) is classified as *dravyanuyoga*. That which has *guna* (attributes) and *paryaya* (modes) is called *dravya*. The basic properties of a *dravya* are called *guna* (attributes), such as *jnana* (knowledge or sentience) and progressively variant properties are called *paryaya* (modes), such as human being. The disquisition of entities having these two, attributes and modes, is called *dravyanuyoga*. The remaining *anuyogas* from the aforesaid list are explained as follows—

(2) Matrikanuyoga—this *anuyoga* deals with entities in context of their origin, destruction and permanence (these three terms are known as *matrika pad* or fundamental and magical phrase).

(3) Ekarthikanuyoga—this elaborates entities with the help of synonyms. For example *prani* (beings), *bhoot* (organisms), *jiva* (souls), and *sattva* (entities) are synonyms

(4) Karananuyoga—The causes instrumental in manifestation of an entity are called *karan*. For example the causes instrumental in manifestation of a pitcher are clay, potter, and wheel. Some of the instrumental causes for activities of soul are time, nature and destiny. Elaboration of such instrumental causes is the theme of *Karananuyoga*.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(5) Arpitanarpitanuyoga—The basic or important meaning or property of a word or thing is called *arpit* and the auxiliary or ordinary one is called *anarpit*. This *anuyoga* deals with attributes and modes of all entities in context of important and ordinary.

(6) Bhaavitabhaavitanuyoga—This *anuyoga* discusses the influence or absence of influence of one entity on another. For example a soul with passion is influenced by good or bad surroundings, whereas one without passions is not.

(7) Bahyabahyanuyoga—This *anuyoga* deals with mutual differences among entities or uniqueness of each entity.

(8) Shashvatashashvatanuyoga—This *anuyoga* deals with the permanent and impermanent properties of entities.

(9) Tathajnananuyoga—This *anuyoga* elaborates the real forms of entities exactly as they are.

(10) Atathajnananuyoga—This *anuyoga* deals with unreal forms of entities as propagated by heretics.

उत्पातपर्वत-पद UTPATAPARVAT-PAD (SEGMENT OF UTPATAPARVAT)

४७. चमरस्स णं असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो तिगिंछिकूडे उप्पातपव्वते मूले दस बावीसे जोयणसते विक्खंभेणं पण्णत्ते। ४८. चमरस्स णं असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो सोमस्स महारण्णो सोमप्पभे उप्पातपव्वते दस जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, दस गाउयसताइं उव्वेहेणं, मूले दस जोयणसयाइं विक्खंभेणं पण्णत्ते। ४९. चमरस्स णं असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो जमस्स महारण्णो जमप्पभे उप्पातपव्वते एवं चेव। ५०. एवं वरुणस्सवि। ५१. एवं वेसमणस्सवि।

४७. असुरेन्द्र, असुरकुमारराज चमर का तिगिंछकूट (असंख्यद्वीप समुद्रों को लाँघकर अरुणवर समुद्र में स्थित) नामक उत्पात पर्वत मूल में दस सौ बाईस (१०२२) योजन विस्तृत है। ४८. असुरेन्द्र, असुरकुमारराज चमर के लोकपाल महाराज सोम का सोमप्रभ नामक उत्पातपर्वत दस सौ (१०००) योजन ऊँचा, दस सौ कोश भूमि में गहरा और मूल में दस सौ (१०००) योजन चौड़ा है। ४९. असुरेन्द्र, असुरकुमारराज चमर के लोकपाल यम महाराज का यमप्रभ नामक उत्पातपर्वत सोम के उत्पातपर्वत के समान ही ऊँचा, गहरा और विस्तार वाला है। ५०. इसी प्रकार वरुण लोकपाल का वरुणप्रभ उत्पातपर्वत और ५१. वैश्रमण लोकपाल का वैश्रमणप्रभ उत्पातपर्वत भी जानना चाहिए।

47. Tingichha koot, the *Utpat parvat* of Chamar Asurendra, the king of Asur Kumar gods, (located beyond innumerable islands and seas in Arunavar Samudra) is ten hundred twenty two (1022) *Yojan* wide at its base. **48.** Somaprabh, the *Utpat parvat* of Soma, the *lok-paal* of Chamar

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Asurendra, the king of Asur Kumar gods is ten hundred (1000) *Yojans* high, ten hundred (1000) *Kosa* deep in the ground, and ten hundred (1000) *Yojan* wide at its base. **49.** Yamaprabh, the *Utpat parvat* of Yama, the *lok-paal* of Chamar Asurendra, the king of Asur Kumar gods is as high, deep and wide as the *Utpataparvat* of Soma. The same should be read for—**50.** Varunaprabh, the *Utpat parvat* of *Lok-pal* Varun and **51.** Vaishramanaprabh, the *Utpat parvat* of *Lok-pal* Vaishramana.

५२. बलिस्स णं वइरोयणिंदस्स वइरोयणरण्णो रुयगिंदे उप्पातपव्वते मूले दस बावीसे जोयणसते विक्खंभेणं पण्णत्ते। ५३. बलिस्स णं वइरोयणिंदस्स वइरोयणरण्णो सोमस्स एवं चेव, जधा चमरस्स लोकपालाणं तं चेव बलिस्सवि।

५२. वैरोचनेन्द्र वैरोचनराज बलि का रुचकेन्द्र नामक उत्पातपर्वत मूल में दस सौ बाईस (१०२२) योजन विस्तृत है। ५३. वैरोचनेन्द्र वैरोचनराज बलि के लोकपाल महाराज सोम, यम, वैश्रमण और वरुण के स्व-स्व नाम वाले उत्पातपर्वतों की ऊँचाई एक-एक हजार योजन, गहराई एक-एक हजार गव्यूति और मूल भाग का विस्तार एक-एक हजार योजन है।

52. Ruchakendra, the *Utpat parvat* of Bali Vairochanendra, the king of Vairochan gods, is ten hundred twenty two (1022) *Yojan* wide at its base. **53.** Each of the *Utpat parvats* of Soma, Yama, Vaishraman and Varun, the *lok-paals* of Bali Vairochanendra, the king of Vairochan gods, bearing each one's name respectively, is one thousand *Yojans* high, one thousand *Kosa* deep in the ground, and one thousand *Yojan* wide at their bases.

५४. धरणस्स णं णागकुमारिंदस्स णागकुमाररण्णो धरणप्पभे उप्पातपव्वते दस जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, दस गाउयसताइं उव्वेहेणं, मूले दस जोयणसताइं विक्खंभेणं। ५५. धरणस्स णं णागकुमारिंदस्स णागकुमाररणो कालवालस्स महारण्णो कालवालप्पभे उप्पातपव्वते दस जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं एवं चेव। ५६. एवं जाव संखवालस्स। ५७. एवं भूताणंदस्सवि। ५८. एवं लोगपालाणवि से, जहा धरणस्स। ५९. एवं जाव थणितकुमाराणं सलोगपालाणं भाणियव्वं, सव्वेसिं उप्पायपव्वया भाणियव्वा सरिसणामगा। ६०. सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो सक्कप्पभे उप्पातपव्वते दस जोयणसहस्साइं उड्ढं उच्चत्तेणं, दस गाउयसहस्साइं उव्वेहेणं, मूले दस जोयणसहस्साइं विक्खंभेणं पण्णत्ते। ६१. सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स महारण्णो। जधा सक्कस्स तधा सव्वेसिं लोगपालाणं, सव्वेसिं च इंदाणं जाव अच्चुयत्ति। सव्वेसिं पमाणमेगं।

५४. नागकुमारेन्द्र नागकुमारराज धरण का धरणप्रभ नामक उत्पातपर्वत दस सौ (१०००) योजन ऊँचा, दस सौ गव्यूति गहरा और मूल में दस सौ (१०००) योजन विस्तार वाला है। ५५. नागकुमारेन्द्र नागकुमारराज के लोकपाल कालपाल महाराज का कालपालप्रभ नामक उत्पातपर्वत दस सौ योजन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ऊँचा, दससौ गव्यूति गहरा और मूल में दस सौ योजन विस्तार वाला है। ५६. इसी प्रकार कोलपाल, शैलपाल और शंखपाल नामक लोकपालों के स्व-स्व नाम वाले उत्पातपर्वत की ऊँचाई, गहराई और मूल में विस्तार जानना चाहिए। ५७. इसी प्रकार भूतेन्द्र भूतराज भूतानन्द के भूतानन्दप्रभ नामक उत्पातपर्वत की ऊँचाई एक हजार योजन, गहराई एक हजार गव्यूति और मूल का विस्तार एक हजार योजन है। ५८. इसी प्रकार भूतानन्द के लोकपाल महाराज कालपाल, कोलपाल, शंखपाल और शैलपाल के स्व-स्व नाम वाले उत्पातपर्वतों की ऊँचाई एक-एक हजार योजन, गहराई एक-एक हजार गव्यूति और मूल में विस्तार एक-एक हजार योजन धरण के समान है। ५९. इसी प्रकार सुपर्णकुमार यावत् स्तनितकुमार देवों के इन्द्रों के और उनके लोकपालों के अपने-अपने नामवाले उत्पातपर्वतों की ऊँचाई, गहराई और मूल में विस्तार धरण तथा उनके लोकपालों के समान है। ६०. देवेन्द्र देवराज शक्र के शक्रप्रभ नामक उत्पात पर्वत की ऊँचाई दस हजार योजन, गहराई दस हजार गव्यूति और मूल में विस्तार दस हजार योजन है। ६१. देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल महाराज सोम के सोमप्रभ नामक उत्पात पर्वत का वर्णन शक्र के उत्पातपर्वत के समान है। शेष सभी लोकपालों के उत्पातपर्वतों का तथा अच्युतकल्पपर्यन्त सभी इन्द्रों के उत्पातपर्वतों की ऊँचाई आदि का प्रमाण एक ही समान है।

54. Dharanaprabh, the *Utpat parvat* of Dharan Naag-kumarendra, the king of Naag Kumar gods, is ten hundred twenty two (1022) *Yojan* wide at its base. **55.** Kaalpaalprabh, the *Utpat parvat* of Kaalpaal, the *lok-paal* of Dharan Naag-kumarendra, the king of Naag Kumar gods is ten hundred (1000) *Yojans* high, ten hundred (1000) *Kosa* deep in the ground, and ten hundred (1000) *Yojan* wide at its base. **56.** In the same way each of the *Utpat parvats* of the *lok-paals* Kolpaal, Shailpaal, and Shankhpaal, bearing each one's name respectively, have the same height, depth in the ground, and width at their bases. **57.** In the same way Bhootanandaprabh, the *Utpat parvat* of Bhootanand Bhootendra, the king of Bhoot gods, is one thousand *Yojan* high, one thousand *Kosa* deep in the ground, and one thousand *Yojan* wide at its base. **58.** In the same way each of the *Utpat parvats* of Kaalpaal, Kolpaal, Shailpaal, and Shankhpaal, the *lok-paals* of Bhootanand, bearing each one's name respectively, is one thousand *Yojans* high, one thousand *Kosa* deep in the ground, and one thousand *Yojan* wide at its base. **59.** In the same way the *Utpat parvats* of the *Indras* of Suparna Kumar to Stanit Kumar gods and their *lok-paals* have the same height, depth in the ground, and width at their bases as those of Dharan and his *lok-pals*. **60.** Shakraprabh, the *Utpat parvat* of Shakra Devendra, the king of gods, is ten thousand *Yojan* high, ten thousand *Kosa* deep in the ground, and ten thousand *Yojan* wide at its base. **61.** The description of Somaprabh,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

the *Utpat parvat* of Soma, the *lok-pal* of Shakra Devendra, the king of gods, is same as that of Shakra. The dimensions of the *Utpat parvats* of all the remaining *lok-pals* and those of all the *Indras* up to Achyut Kalp are same.

विवेचन–अधोलोकवर्ती या ऊर्ध्वलोकवर्ती देव जब मध्यलोक में आते हैं, तब प्रथम वे किसी पर्वत पर आकर उत्तर वैक्रिय शरीर का निर्माण करते हैं, फिर वहाँ से मध्यलोक में आते हैं। उन्हीं पर्वतों को 'उत्पात पर्वत' कहा जाता है। उत्पात पर्वत सभी देवों के भिन्न-भिन्न होते हैं। चमरेन्द्र और बलि वैराचनेन्द्र के उत्पात पर्वत, तिगिंछ कूट पर शेष आठ भवनपतियों के १६ इन्द्रों के, उनके लोकपालों के जिस दिशा में उनकी राजधानी है, उसी दिशा में उत्पात पर्वत है। वानव्यन्तर और ज्योतिषीन्द्रों के न उत्पात पर्वत है और न उनके लोकपाल हैं। वैमानिकों के १० इन्द्र और प्रत्येक के चार-चार लोकपाल हैं। उनके ५ के उत्पात पर्वत उत्तर में, ५ के दक्षिण दिशा में है। इन उत्पात पर्वतों पर उन इन्द्र आदि के रमणीय प्रासाद भी है, जहाँ वे रुककर उत्तर वैक्रिय करते हैं। *(हिन्दी टीका, भाग २, पृष्ठ ७४१)*

Elaboration—When the gods from the lower world and the upper world come to the middle world they first arrive at a mountain and create *Uttar-vaikriya sharira* (secondary transmuted body) and only then proceed to the middle world. The mountains so used by them are called *Utpat parvat*. Each god has a different *Utpat parvat*. The *Utpat parvats* of Chamar and Bali are on Tingichha koot. Those of the sixteen *Indras* of the remaining eight abode dwelling gods are in the directions of their respective capitals. The *Indras* of Vanavyantars and Jyotishks have neither *Utpat parvats* nor *lok-pals*. The Vaimaniks have ten *Indras* and each one of them have four *lok-paals*. The *Utpat parvats* five are in the north and five in the south. On these *Utpat parvats* there are beautiful places and other facilities for sojourn and transmutation. *(Hindi Tika, part-2, p. 741)*

अवगाहना-पद AVAGAHANA-PAD (SEGMENT OF SPACE OCCUPATION)

६२. बायरवणस्सइकाइयाणं उक्कोसेणं दसजोयणसयाइं सरीरोगाहणा पण्णत्ता। ६३. जलचर-पंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं उक्कोसेणं दस जोयणसयाइं सरीरोगाहणा पण्णत्ता। ६४. उरपरिसप्प-थलचर-पंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं उक्कोसेणं (दस जोयणसताइं सरीरोगाहणा पण्णत्ता)।

६२. बादर वनस्पतिकायिक जीवों के शरीर की उत्कृष्ट अवगाहना दस सौ (१०००) योजन है। (यह अवगाहना समुद्रवर्ती कमल की नाल की अपेक्षा से है) ६३. जलचर पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक जीवों के शरीर की उत्कृष्ट अवगाहना दस सौ (१०००) योजन है। ६४. उरःपरिसर्प स्थलचर पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक जीवों के शरीर की उत्कृष्ट अवगाहना दस सौ (१०००) योजन है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

62. The maximum *avagahana* (space occupation) of *vanaspatikayik* beings (plant-bodied beings) is ten hundred (1000) *Yojans* (this relates to the long stem of lotus flower in sea). **63.** The maximum *avagahana* (space occupation) of *Jalachar panchendriya tiryagyonik* beings (five sensed aquatic animals) is ten hundred (1000) *Yojans*. **64.** The maximum *avagahana* (space occupation) of *Urparisarp sthalachar panchendriya tiryagyonik* beings (five sensed non-limbed reptilian terrestrial animals) is ten hundred (1000) *Yojans*.

तीर्थंकर-पद TIRTHANKAR-PAD (SEGMENT OF TIRTHANKAR)

६५. संभवाओ णं अरहातो अभिणंदणे अरहा दसहिं सागरोवमकोडिसतसहस्सेहिं वीतिक्कंतेहिं समुप्पण्णे।

६५. अर्हत् सम्भव के पश्चात् अभिनन्दन अर्हत् दस लाख करोड़ सागरोपम समय बीत जाने पर उत्पन्न हुए थे।

65. Arhat Abhinandan was born after ten lac crore (nine trillion) *Sagaropam* of Arhat Sambhava.

अनन्त भेद-पद ANANT-PAD (SEGMENT OF THE ENDLESS OR INFINITE)

६६. दसविहे अणंतए पंण्णत्ते, तं जहा-णामाणंतए ठवणाणंतए, दव्वाणंतए, गणणाणंतए, पएसाणंतए, एगतोणंतए, दुहतोणंतए, देसवित्थाराणंतए, सव्ववित्थाराणंतए सासताणंतए।

६६. अनन्त दस प्रकार का है, जैसे-(१) **नाम-अनन्त**-किसी वस्तु का 'अनन्त' नाम रखना। (२) **स्थापना-अनन्त**-किसी वस्तु में 'अनन्त' शब्द की स्थापना करना। (३) **द्रव्य-अनन्त**-परिमाण की दृष्टि से 'अनन्त' का व्यवहार करना। (४) **गणना-अनन्त**-गिनने योग्य वस्तु के बिना ही एक, दो, तीन, संख्यात, असंख्यात अनन्त, इस प्रकार गिनना। (५) **प्रदेश-अनन्त**-प्रदेशों की अपेक्षा 'अनन्त' की गणना। (६) **एकतःअनन्त**-एक ओर से अनन्त, जैसे अतीतकाल की अपेक्षा अनन्त समयों की गणना। (७) **द्विधा-अनन्त**-दोनों ओर से अनन्त, जैसे-अतीत और अनागत दोनों काल की अपेक्षा अनन्त समयों की गणना। (८) **देश-विस्तार अनन्त**-दिशा या प्रतर की दृष्टि से अनन्त गणना। (९) **सर्वविस्तार अनन्त**-क्षेत्र की व्यापकता की दृष्टि से अनन्त। जैसे आकाशास्तिकाय के अनन्त प्रदेश हैं। (१०) **शाश्वत-अनन्त**-शाश्वतता या नित्यता की दृष्टि से अनन्त। जैसे जीव, अजीव आदि द्रव्य अनादि अनन्त हैं।

66. *Anant* (endless or infinite) is of five kinds—(1) *naam-anant*—whose name is Anant. (2) *sthapana-anant*—to install the word '*anant*' in some thing. (3) *dravya-anant*—use of the term *anant* in terms of measure. (4) *ganana-anant*—counting of numbers from one to infinite in absence of countable things. (5) *pradesh-anant*—counting endless space-points. (6) *Ekatah-anant*—unidirectional infinite such as counting

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

infinite *Samayas* of the past. (7) *Dvidha-anant*—bi-directional infinite such as counting infinite *Samayas* of the past as well as the future. (8) *Desh-vistar-anant*—the endlessness of the expanse of space in one specific direction. (9) *Sarva-vistar-anant*—the endlessness of the overall expanse of space. For example *Akashastikaya* has infinite space-points. (10) *Shashvat-anant*—eternally infinite, such as entities like soul that are without a beginning or an end.

पूर्ववस्तु-पद PURVAVASTU-PAD (SEGMENT OF PURVAVASTU)

६७. उप्पायपुव्वस्स णं दस वत्थू पण्णत्ता। ६८. अत्थि-णत्थिप्पवायपुव्वस्स णं दस चूलवत्थू पण्णत्ता।

६७. उत्पादपूर्व (प्रथम पूर्व) के वस्तु नामक (बड़े अध्ययन) दस अध्ययन हैं। ६८. अस्ति-नास्तिप्रवादपूर्व (चौथा पूर्व) के चूलावस्तु नामक दस लघु अध्ययन हैं।

67. The *Vastu* division of *Utpaad Purva* (the first volume of the fourteen volume subtle canon) has ten chapters. **68.** *Asti-nastipravada Purva* (the fourth *Purva*) has ten small chapters called *Chulavastu*.

प्रतिसेवना-पद PRATISEVANA-PAD (SEGMENT OF MISCONDUCT)

६९. दसविहा पडिसेवणा पण्णत्ता, तं जहा—

दप्प पमायऽणाभोगे, आउरे आवतीसु य।
संकिते सहसक्कारे, भयप्पओसा य वीमंसा॥१॥ (संग्रहणी गाथा)

६९. प्रतिसेवना दश प्रकार की है, जैसे-(१) दर्पप्रतिसेवना, (२) प्रमादप्रतिसेवना, (३) अनाभोगप्रतिसेवना, (४) आतुरप्रतिसेवना, (५) आपत्प्रतिसेवना, (६) शंकितप्रतिसेवना, (७) सहसाकरणप्रतिसेवना, (८) भयप्रतिसेवना, (९) प्रदोषप्रतिसेवना, (१०) विमर्शप्रतिसेवना।

69. *Pratisevana* (misconduct) is of ten kinds—(1) *darp-pratisevana*, (2) *pramad-pratisevana*, (3) *anabhog-pratisevana*, (4) *aatur-pratisevana*, (5) *apatpratisevana*, (6) *shankit-pratisevana*, (7) *sahasakaran-pratisevana*, (8) *bhayapratisevana*, (9) *pradosh-pratisevana*, and (10) *vimarsh-pratisevana*.

विवेचन—गृहीत व्रत की मर्यादा के प्रतिकूल आचरण करने को प्रतिसेवना कहते हैं। प्रतिसेवनाओं का स्पष्टीकरण इस प्रकार है—

(१) **दर्पप्रतिसेवना**—दर्प या उद्धत भाव से गमन आदि क्रियाएँ करना।

(२) **प्रमादप्रतिसेवना**—विकथा आदि प्रमाद के वश दोष सेवन करना।

(३) **अनाभोगप्रतिसेवना**—विस्मृतिवश अनजाने या उपयोगशून्यता से अयोग्य आचरण करना।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(४) **आतुरप्रतिसेवना**—भूख-प्यास आदि से पीड़ित होकर अयोग्य वस्तु का सेवन करना।

(५) **आपत्प्रतिसेवना**—आपत्ति आने पर अयोग्य कार्य करना।

(६) **शंकितप्रतिसेवना**—एषणीय वस्तु में भी शंका होने पर उसका सेवन करना।

(७) **सहसाकरणप्रतिसेवना**—अकस्मात् किसी अयोग्य वस्तु का सेवन हो जाना।

(८) **भयप्रतिसेवना**—भय-वश किसी अयोग्य वस्तु का सेवन करना।

(९) **प्रदोषप्रतिसेवना**—द्वेष-वश जीव-घात आदि करना।

(१०) **विमर्शप्रतिसेवना**—शिष्यों की परीक्षा के लिए किसी अयोग्य कार्य को करना।

(इन प्रतिसेवनाओं के अन्य उपभेदों का विस्तृत विवेचन निशीथभाष्य आदि से जानना चाहिए।)

Elaboration—transgressing the discipline of accepted vows is called *pratisevana* (misconduct); details are as follows—

(1) Darp-pratisevana—to indulge in actions, including movement, with arrogance or pride.

(2) Pramad-pratisevana—to commit faults out of stupor, such as loose talk.

(3) Anabhog-pratisevana—to indulge in misconduct inadvertently or due to lack of enthusiasm.

(4) Aatur-pratisevana—to consume harmful things due to torment of hunger and thirst.

(5) Apatpratisevana—to indulge in misconduct under dire circumstances.

(6) Shankit-pratisevana—to avoid acceptable things due to some doubt.

(7) Sahasakaran-pratisevana—accidental use of unacceptable things.

(8) Bhayapratisevana—to use unacceptable things out of fear.

(9) Pradosh-pratisevana—to kill or harm beings out of animosity.

(10) Vimarsh-pratisevana—to indulge in proscribed act in order to test disciples. *(More details about these and other kinds of misconduct can be seen in works like Nisheeth Sutra.)*

आलोचना-पद ALOCHANA-PAD (SEGMENT OF SELF-CRITICISM)

७०. दस आलोयणादोसा पण्णत्ता, तं जहा—

आकंपइत्ता अणुमाणइत्ता, जं दिट्ठं बायरं च सुहुमं वा।
छण्णं सद्दाउलगं, बहुजण अव्वत्त तस्सेवी॥१॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७०. आलोचना के दस दोष हैं, जैसे–(१) आकम्प्य या आकम्पित दोष, (२) अनुमन्य या अनुमानित दोष, (३) दृष्टदोष, (४) बादरदोष, (५) सूक्ष्म दोष, (६) छन्न दोष, (७) शब्दाकुलित दोष, (८) बहुजन दोष, (९) अव्यक्त दोष, (१०) तत्सेवी दोष।

70. There are ten faults related to *alochana* (self-criticism) (1) *aakampya* or *aakampit dosh*, (2) *anumanya* or *anumanit dosh*, (3) *drisht dosh*, (4) *badar dosh*, (5) *sukshma dosh*, (6) *chhanna dosh*, (7) *shabdakulit dosh*, (8) *bahuja dosh*, (9) *avyakt dosh*, and (10) *tatsevi dosh*.

विवेचन–दोष-विशुद्धि के लिए आलोचना की जाती है, इसलिए आलोचना करने वाले का हृदय बालक के समान सरल और अहंकार रहित होना चाहिए। माया सहित की गई आलोचना से आत्म-शुद्धि नहीं होती। प्रस्तुत सूत्र में दस कारण बताये हैं, जिनसे आलोचना करता हुआ भी व्यक्ति आराधक नहीं हो सकता।

(१) **आकंपइत्ता**–गुरु प्रसन्न होने पर थोड़ा प्रायश्चित्त देंगे, यह सोचकर उन्हें सेवा आदि से प्रसन्न करके फिर उनके पास दोषों की आलोचना करना।

(२) **अणुमाणइत्ता**–दोषों का अनुमान करके आलोचना करना, जैसे कि बिल्कुल छोटा अपराध बताने से गुरु थोड़ा दण्ड देंगे, यह सोचकर अपने अपराध को बहुत छोटा करके बताना।

(३) **जं दिट्ठं**–जिस दोष का सेवन करते हुए गुरु आदि ने देख लिया हो, उसी की आलोचना करना, अन्य की नहीं।

(४) **बायरं**–बड़े-बड़े दोषों की आलोचना करना।

(५) **सुहुमं**–छोटे-छोटे दोषों की आलोचना करना। इसके पीछे माया कपट भाव ही रहता है। क्योंकि दूसरे यह समझेंगे कि जो छोटे-छोटे दोषों की भी आलोचना करता है, वह बड़े-बड़े दोषों की आलोचना क्यों न करेगा? यह विश्वास उत्पन्न कराने के लिए सूक्ष्म दोषों की ही आलोचना करना।

(६) **छन्नं**–अधिक लज्जा के कारण इस तरह गुनगुनाकर आलोचना करना, जिसे आचार्यादि भली-भाँति सुन न सकें।

(७) **सद्दाउलगं**–जोर-जोर से बोलकर आलोचना करना, जिस आलोचना को अनधिकारी भी सुन सकें।

(८) **बहुजण**–एक ही दोष की आलोचना बहुत से गुरुओं के पास जाकर करना।

(९) **अव्वत्त**–जिसको प्रायश्चित्त-विधान का ज्ञान नहीं है, उसके पास आलोचना करना।

(१०) **तस्सेवी**–जिस दोष की आलोचना करनी है, उसी दोष का सेवन करने वाले के पास आलोचना करना। *(विस्तार व तुलना के लिए देखें ठाणं, पृष्ठ ९७८)*

Elaboration—Self criticism is aimed at atonement of fault. Therefore, the attitude of the atoner should be child-like simple and free of conceit.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Deceitful self-criticism does not lead to spiritual purity. This aphorism states ten reasons due to which an atoner fails to become a spiritualist—

(1) *Aakampya* or *aakampit dosh*—First to please the guru with the intention that when pleased he will prescribe mild atonement, and then to reveal committed faults before him.

(2) *Anumanya* or *anumanit dosh*—to indulge in criticism of imaginary faults; for example using imagination to reduce the gravity of one's faults before the guru with the assumption that for a minor fault he will prescribe a minor atonement.

(3) *Drisht dosh*—to do self-criticism only of the faults that the guru has seen committing and avoiding all others.

(4) *Badar dosh*—to do self-criticism only of grosser faults and not others.

(5) *Sukshma dosh*—to do self-criticism specially of minor faults for the purpose of confidence building that when such minor faults have been taken care of the grosser faults must naturally have been taken into account.

(6) *Chhanna dosh*—to whisper while doing self-criticism before the guru so that it is hard for him to hear clearly.

(7) *Shabdakulit Dosh*—to do self-criticism in loud voice so that even the unconcerned are able to hear.

(8) *Bahujan Dosh*—to do self-criticism of one fault before many gurus.

(9) *Avyakt Dosh*—to do self-criticism before a person who has no knowledge of the procedures of atonement.

(10) *Tatsevi Dosh*—to do self-criticism before a person who himself indulges in the same fault. *(for more details and comparative discussion see Thanam, p. 978)*

७१. दसहिं ठाणेहिं, संपण्णे अणगारे अरिहति अत्तदोसमालोएत्तए, तं जहा—जाइसंपण्णे, कुलसंपण्णे, (विणयसंपण्णे, णाणसंपण्णे, दंसणसंपण्णे, चरित्तसंपण्णे), खंते, दंते, अमायी, अपच्छाणुतावी।

७१. दस स्थानों से सम्पन्न अनगार अपने दोषों की आलोचना करने के योग्य होता है, जैसे—(१) जातिसम्पन्न, (२) कुलसम्पन्न, (३) विनयसम्पन्न, (४) ज्ञानसम्पन्न, (५) दर्शनसम्पन्न, (६) चारित्रसम्पन्न, (७) क्षान्त (क्षमासम्पन्न), (८) दान्त (इन्द्रिय-जयी), (९) अमायावी (मायाचार-रहित), (१०) अपश्चात्तापी (पीछे पश्चात्ताप नहीं करने वाला)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

71. An *anagar* (ascetic) endowed with ten *sthaans* (qualities) is himself qualified to perform *alochana* (criticism and atonement) for his own faults—(1) *Jati sampanna* (of good maternal lineage), (2) *Kula sampanna* (of good paternal lineage), (3) *Vinaya sampanna* (endowed with modesty), (4) *Jnana sampanna* (endowed with knowledge), (5) *Darshan sampanna* (endowed with perception/faith), (6) *Chaaritra sampanna* (endowed with right conduct), (7) *Kshant* (endowed with forgiveness), (8) *Daant* (endowed with absolute control over sense organs), (9) *Amayavi* (free of deceit) and (10) *Apashchatapi* (who does not consequently repent).

७२. दसहिं ठाणेहिं संपण्णे अणगारे अरिहति आलोयणं पडिच्छित्तए, तं जहा—आयारवं, आहारवं, ववहारवं, ओवीलए, पकुव्वए, अपरिस्साई, णिज्जावए, अवायदंसी, पियधम्मे, दढधम्मे।

७२. दस स्थानों से सम्पन्न अनगार आलोचना देने के योग्य होता है, जैसे—(१) **आचारवान्**—जो ज्ञान आदि पंच आचारों से युक्त हो। (२) **आधारवान्**—आलोचना के द्वारा बताये हुए अतिचारों को मन में धारण करने वाला हो। (३) **व्यवहारवान्**—जो पाँच व्यवहारों का ज्ञाता हो। (४) **अपव्रीडक**—आलोचना करने वाले की लज्जा या संकोच छुड़ाकर उसमें आलोचना करने का साहस उत्पन्न करने वाला हो। (५) **प्रकारी**—अपराधी के आलोचना करने पर उसकी शुद्धि करने वाला हो। (६) **अपरिश्रावी**—आलोचना करने वाले के दोष दूसरों के सामने प्रकट करने वाला न हो। (७) **निर्यापक**—बड़े प्रायश्चित्त को भी निर्वाह कर सके, ऐसा सहयोग देने वाला हो। (८) **अपायदर्शी**—सम्यक् आलोचना न करने के दुष्फलों को बताने वाला हो। (९) **प्रियधर्मी**—धर्म से प्रेम रखने वाला हो। (१०) **दृढ़धर्मा**—आपत्तिकाल में भी धर्म में दृढ़ रहने वाला हो।

72. An *anagar* (ascetic) endowed with ten *sthaans* (qualities) is qualified to prescribe *alochana* (criticism and atonement) to others—(1) *Aacharvan*—who is endowed with five limbs of right conduct, namely knowledge, perception/faith, conduct, austerities and potency of perseverance. (2) *Aadhaarvan*—who knows about all the transgressions requiring atonement by the one prepared for atonement. (3) *Vyavaharvan*—who has knowledge of the five kinds of *vyavahar* (behaviour or conduct), namely *Agam, Shrut, Ajna, Dharana* and *jeet*. (4) *Apavridak*—who is capable of imparting courage to rise above shyness and hesitation in order to perform atonement properly. (5) *Prakari*—who can formalize purification after atonement is concluded. (6) *Aprishraavi*—who does not reveal the faults of the defaulter to others. (7) *Niryaapak*—who can cooperate even during extended atonement. (8) *Apaayadarshi*—who can indicate the

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

consequences of breach in and improper performance of prescribed atonement. (9) *Priyadharmi*—who loves religion. (10) *Dridhadharma*—who is resolute in observing codes even under adverse conditions.

प्रायश्चित्त-पद PRAYASHCHIT-PAD (SEGMENT OF ATONEMENT)

७३. दसविधे पायच्छित्ते, तं जहा–आलोयणारिहे, (पडिक्कमणारिहे, तदुभयारिहे, विवेगारिहे, विउसग्गारिहे, तवारिहे, छेयारिहे, मूलारिहे), अणवट्ठप्पारिहे, पारंचियारिहे।

७३. प्रायश्चित्त दस प्रकार का है, जैसे–(१) **आलोचना के योग्य**–गुरु के सामने निवेदन करने से ही जिसकी शुद्धि हो। (२) **प्रतिक्रमण के योग्य**–'मेरा दुष्कृत मिथ्या हो' इस प्रकार के उच्चारण से जिस दोष की शुद्धि हो। (३) **तदुभय के योग्य**–जिसकी शुद्धि आलोचना और प्रतिक्रमण दोनों से हो। (४) **विवेक के योग्य**–जिसकी शुद्धि ग्रहण किये गये अशुद्ध भक्त-पानादि के त्याग से हो। (५) **व्युत्सर्ग के योग्य**–जिस दोष की शुद्धि कायोत्सर्ग से हो। (६) **तप के योग्य**–जिस दोष की शुद्धि अनशनादि तप के द्वारा हो। (७) **छेद के योग्य**–जिस दोष की शुद्धि दीक्षा-पर्याय के छेद से हो। (८) **मूल के योग्य**–जिस दोष की शुद्धि पुनः दीक्षा देने से हो। (९) **अनवस्थाप्य के योग्य**–जिस दोष की शुद्धि तपस्यापूर्वक पुनः दीक्षा देने से हो। (१०) **पारांचिक के योग्य**–भर्त्सना एवं अवहेलनापूर्वक एक बार संघ से पृथक् कर पुनः दीक्षा देने से जिस दोष की शुद्धि हो।

73. *Prayashchit* (atonement) is of ten kinds—(1) requiring *alochana* (criticism), (2) requiring *pratikraman* (critical review followed by uttering—'may my misdeeds be undone'.), (3) *tadubhaya* (requiring both *alochana* and *pratikraman*) (4) requiring *vivek* (sagacity of rejecting the impure), (5) requiring *vyutsarg* (abstainment and dissociation), (6) requiring *tap* (austerities including fasting), (7) requiring *chhed* (termination of ascetic state), (8) requiring *mool* (reinitiation), (9) requiring *anavasthapya* (reinitiation after observing prescribed austerities) and (10) requiring *paranchik* (reinitiation after censuring and summarily expelling once from the *Sangh*).

विवेचन–प्रायश्चित्त एक प्रकार की चिकित्सा है। जिस प्रकार चिकित्सा रोगी को कष्ट देने के लिए नहीं, अपितु रोग निवारण के लिए की जाती है। उसी प्रकार प्रायश्चित्त चिकित्सा के साथ आचार्यों ने सात प्रयोजन बताये हैं–(१) प्रमादजनित दोषों का निराकरण, (२) भावों की प्रसन्नता, (३) शल्य रहित होना, (४) अव्यवस्था का निराकरण, (५) मर्यादा का पालन, (६) संयम की दृढ़ता और (७) आराधना। निशीथभाष्य में बताया है–तीर्थंकर धन्वन्तरि है, प्रायश्चित्त प्राप्त साधु रोगी, अपराध रोग और प्रायश्चित्त औषध है। *(निशीथभाष्य गाथा ६५०७)*

Elaboration—Atonement is a kind of treatment. As treatment is given to a patient for curing his disease and not to cause him pain, in the same

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

way atonement is for spiritual cure. *Acharyas* have given seven objects along with cure by atonement—(1) for removing faults caused by stupor, (2) for gaining blissful feeling, (3) for being free of the thorns of sin, (4) for removing disorder, (5) for following discipline, (6) for resoluteness in ascetic practices and (7) for accomplishing spiritual goals (*Tattvarth Vartik*). It is mentioned in *Nisheeth Bhashya* that *Tirthankar* is a doctor, an ascetic requiring atonement is a patient, fault is a disease and atonement is a medicine *(Nisheeth Bhashya, verse 6500)*

मिथ्यात्व-पद MITHYATVA-PAD (SEGMENT OF UNRIGHTEOUSNESS)

७४. दसविधे मिच्छत्ते पण्णत्ते, तं जहा—अधम्मे धम्मसण्णा, धम्मे अधम्मसण्णा, उम्मग्गे मग्गसण्णा, मग्गे उम्मग्गसण्णा, अजीवेसु जीवसण्णा, जीवेसु अजीवसण्णा, असाहुसु साहुसण्णा, साहुसु असाहुसण्णा, अमुत्तेसु मुत्तसण्णा, मुत्तेसु अमुत्तसण्णा।

७४. मिथ्यात्व दस प्रकार का है, जैसे-(१) अधर्म को धर्म मानना, (२) धर्म को अधर्म मानना, (३) उन्मार्ग को सुमार्ग मानना, (४) सुमार्ग को उन्मार्ग मानना, (५) अजीव को जीव मानना, (६) जीव को अजीव मानना, (७) असाधुओं को साधु मानना, (८) साधुओं को असाधु मानना, (९) अमुक्तों को मुक्त मानना, (१०) मुक्तों को अमुक्त मानना।

74. *Mithyatva* (unrighteousness) -is of ten kinds—(1) to accept *adharma* (misconduct or irreligiosity) as *dharma* (right conduct or religiosity), (2) to accept *dharma* (right conduct or religiosity) as *adharma* (misconduct or irreligiosity), (3) to accept *unmarg* (wrong *path*) as *sumarg* (right *path*), (4) to accept *sumarg* (right *path*) as unmarg (wrong *path*), (5) to accept *ajiva* (non-being or matter) as *jiva* (being or soul), (6) to accept *jiva* (being or soul) as *ajiva* (non-being or matter), (7) to accept *asadhu* (non-ascetic or impious) as *sadhu* (ascetic or pious), (8) to accept *sadhu* (ascetic or pious) as *asadhu* (non-ascetic or impious), (9) to accept *amukta* (non-liberated) as *mukta* (liberated) and (10) to accept *mukta* (liberated) as *amukta* (non-liberated).

तीर्थंकर वासुदेव-पद TIRTHANKAR VAASUDEVA-PAD (SEGMENT OF TIRTHANKAR VAASUDEVA)

७५. चंदप्पभे णं अरहा दस पुव्वसतसहस्साइं सव्वाउयं पालइत्ता सिद्धे प्पहीणे। ७६. धम्मे णं अरहा दस वाससयहस्साइं सव्वाउयं पालइत्ता सिद्धे प्पहीणे। ७७. णमी णं अरहा दस वाससहस्साइं सव्वाउयं पालइत्ता सिद्धे प्पहीणे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७५. अर्हत् चन्द्रप्रभ दस लाख पूर्व की पूर्ण आयु पालकर सिद्ध यावत् समस्त दुःखों से मुक्त हुए। ७६. अर्हत् धर्मनाथ दस लाख पूर्व की पूर्ण आयु भोगकर सिद्ध यावत् समस्त दुःखों से मुक्त हुए। ७७. अर्हत् नमि दस हजार वर्ष की पूर्ण आयु भोगकर सिद्ध यावत् समस्त दुःखों से मुक्त हुए।

75. Arhat Chandraprabh became perfect (*Siddha*), ...and so on up to... and ended all miseries after concluding a life span of ten lac (hundred thousand) *Purva*. **76.** Arhat Dharmanaath became perfect (*Siddha*), ...and so on up to... and ended all miseries after concluding a life span of ten lac (hundred thousand) *Purva*. **77.** Arhat Nami became perfect (*Siddha*), ...and so on up to... and ended all miseries after concluding a life span of ten thousand years.

७८. पुरिससीहे णं वासुदेवे दस वाससयसहस्साइं सव्वाउयं पालित्ता छट्ठीए तमाए पुढवीए णेरयत्ताए उववण्णे।

७८. पुरुषसिंह नाम के पाँचवें वासुदेव दस लाख वर्ष की पूर्ण आयु भोगकर 'तमा' नाम की छठी पृथिवी में नारक रूप से उत्पन्न हुए।

78. Purush Simha, the fifth *Vaasudev*, reincarnated as an infernal being in Tama, the sixth *Prithvi*, after concluding a life span of ten lac (hundred thousand) years.

७९. णेमी णं अरहा दस धणूइं उड्ढं उच्चत्तेणं, दस य वाससयाइं सव्वाउयं पालइत्ता सिद्धे प्पहीणे।

७९. अर्हत् नेमि के शरीर की ऊँचाई दस धनुष की थी। वे एक हजार वर्ष की आयु पाल कर सिद्ध यावत् समस्त दुःखों से मुक्त हुए।

79. Arhat Nemi was ten *Dhanush* tall and he became perfect (*Siddha*), ...and so on up to... and ended all miseries after concluding a life span of one thousand years.

८०. कण्हे णं वासुदेवे दस धणूइं उड्ढं उच्चत्तेणं, दस य वाससयाइं सव्वाउयं पालइत्ता तच्चाए वालुयप्पभाए पुढवीए णेरइयत्ताए उववण्णे।

८१. वासुदेव कृष्ण के शरीर की ऊँचाई दस धनुष की थी। वे दस सौ (१०००) वर्ष की पूर्णायु पालकर 'वालुकाप्रभा' नाम की तीसरी पृथिवी में उत्पन्न हुए।

80. Vaasudeva Krishna was ten *Dhanush* tall and he reincarnated as an infernal being in Balukaprabha, the third *Prithvi*, after concluding a life span of ten hundred (1000) years.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भवनवासि-पद **BHAVAN-VASI-PAD (SEGMENT OF ABODE DWELLING GODS)**

८१. दसविहा भवणवासी देवा पण्णत्ता, तं जहा–असुरकुमारा जाव थणियकुमारा।

८१. भवनवासी देव दस प्रकार के हैं, जैसे–(१) असुरकुमार, (२) नागकुमार, (३) सुपर्णकुमार, (४) विद्युत्कुमार, (५) अग्निकुमार, (६) द्वीपकुमार, (७) उदधिकुमार, (८) दिशाकुमार, (९) वायुकुमार, (१०) स्तनितकुमार।

81. *Bhavan-vasi* gods (abode dwelling gods) are of ten kinds—(1) Asur-kumar, (2) Naag-kumar, (3) Suparn-kumar, (4) Vidyut-kumar, (5) Agni-kumar, (6) Dveep-kumar, (7) Udadhi-kumar, (8) Disha-kumar, (9) Vayu-kumar, and (10) Stanit-kumar.

८२. एएसि णं दसविधाणं–भवणवासीणं देवाणं दस चेइयरुक्खा पण्णत्ता, तं जहा–

अस्सत्थ सत्तिवण्णे, सामलि उंबर सिरीस दहिवण्णे।
वंजुल–पलास–वग्घा, तते य कणियाररुक्खे॥१॥ (संग्रहणी–गाथा)

८२. इन दसों प्रकार के भवनवासी देवों के दस चैत्यवृक्ष होते हैं–(१) असुरकुमार का–अश्वत्थ (पीपल)। (२) नागकुमार का–सप्तपर्ण (सात पत्ते वाला) वृक्ष विशेष। (३) सुपर्णकुमार का–शाल्मली (सेमल) वृक्ष। (४) विद्युत्कुमार का–उदुम्बर (गूलर) वृक्ष। (५) अग्निकुमार का–शिरीष (सिरीस) वृक्ष। (६) द्वीपकुमार का–दधिपर्ण वृक्ष। (७) उदधिकुमार का–वंजुल (अशोक वृक्ष)। (८) दिशाकुमार का–पलाश वृक्ष। (९) वायुकुमार का–व्याघ्र (लाल एरण्ड) वृक्ष। (१०) स्तनितकुमार का–कर्णिकार (कनेर) वृक्ष।

82. These ten kinds of abode dwelling gods have ten kinds of *Chaityavriskhas* (temple-trees)—(1) *Ashvattha* tree (Ficus religiosa) of Asur-kumar, (2) *Saptaparna* tree (Alstonia scholaris) of Naag-kumar, (3) *Shalmali* tree (silk-cotton; Bombax ceiba) of Suparn-kumar, (4) *Udumbar* tree (Ficus glomerata) of Vidyut-kumar, (5) *Shirish* tree (Acacia) of Agni-kumar, (6) *Dadhiparna* tree of Dveep-kumar, (7) *Vanjul* tree (Ashoka) of Udadhi-kumar, (8) *Palash* tree (Butea monosperma) of Disha-kumar, (9) *Vyaghra* tree (red castor-oil plant) of Vayu-kumar, and (10) *Karnikaar* tree (kaner; oleander) of Stanit-kumar.

सौख्य-पद **SAUKHYA -PAD (SEGMENT OF JOY)**

८३. दसविधे सोक्खे पण्णत्ते, तं जहा–

आरोग्ग दीहमाउं, अड्ढेज्जं काम भोग संतोसे।
अत्थि सुहभोग णिक्खम्ममेव तत्तो अणबाहे॥१॥

८३. सुख दस प्रकार का है, जैसे–(१) आरोग्य (नीरोगता)। (२) दीर्घ आयुष्य। (३) आढ्यता (धन की सम्पन्नता)। (४) काम (शब्द और रूप का सुख)। (५) भोग (गन्ध, रस और स्पर्श का सुख)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दस भवनपति देवों के चैत्य वृक्ष


असुरकुमार

नागकुमार


सुपर्णकुमार


विद्युतकुमार

अग्निकुमार

द्वीपकुमार

उदधिकुमार

दिशाकुमार

वायुकुमार


स्तनित कुमार

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय १५

Illustration No. 15

भवनपति देवों के चैत्य वृक्ष और चिह्न

भवनपति जाति के दस देवों के चैत्य वृक्ष (उनके प्रिय वृक्ष) तथा उनको मुकुटों में बने चिह्नों का दिग्दर्शन प्रस्तुत चित्र में है। इनके नाम आदि इस प्रकार हैं–

	नाम	वृक्ष	चिह्न
(१)	असुरकुमार	पीपल	चूड़ामणि रत्न
(२)	नागकुमार	सप्तपर्ण	नागफन
(३)	सुपर्णकुमार	सेमल	गरुड़
(४)	विद्युत्कुमार	उदुम्बर	वज्र
(५)	अग्निकुमार	शिरीष	कलश
(६)	द्वीपकुमार	दधिपर्ण	सिंह
(७)	उदधिकुमार	अशोक	अश्व
(८)	दिशाकुमार	पलाश	गज
(९)	वायुकुमार	लाल एरण्ड	मकर
(१०)	स्तनितकुमार	कनेर	सिकोरा

–स्थान १०, सूत्र ८२ तथा प्रज्ञापना पद २

CHAITYA VRIKSHAS AND SYMBOLS OF BHAVAN-VASI GODS

This illustration presents chaitya vrikshas (the trees each one likes) of ten kinds of Bhavan-vasi gods with their symbols drawn on their crowns. Their names are as follows—

	Gods	Trees	Symbols
(1)	Asur-kumar	Pipal	Chudamani
(2)	Naag-kumar	Saptaparna	Snake-hood
(3)	Suparn-kumar	Semal	Garud
(4)	Vidyut-kumar	Udumbar	Vajra
(5)	Agni-kumar	Shirish	Urn
(6)	Dveep-kumar	Dadhiparna	Lion
(7)	Udadhi-kumar	Ashoka	Horse
(8)	Disha-kumar	Palash	Elephant
(9)	Vayu-kumar	Red Erand	Crocodile
(10)	Stanit-kumar	Kaner	Earthen cup

—Sthaan 10, Sutra 82 and Prajnapana verse 2

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(६) **सन्तोष**–निर्लोभता (अल्प इच्छा)। (७) **अस्ति**–जब जिस वस्तु की आवश्यकता हो, तब उसकी पूर्ति हो जाना। (८) **शुभभोग**–सुन्दर, रम्य भोगों की प्राप्ति होना। (९) **निष्क्रमण**–प्रव्रजित होने का सुयोग मिलना। (१०) **अनाबाध**–जन्म-मृत्यु आदि की बाधाओं से रहित मुक्ति-सुख।

83. *Sukha* (joy) is of ten kinds—(1) *Aarogya* (good health), (2) *Deergh ayushya* (long life), (3) *Adhyata* (affluence), (4) *Kaam* (joys of sound and beauty), (5) *Bhog* (joys of smell, taste and touch), (6) *Santosh* (contentment), (7) *Asti* (fulfillment), (8) *Shubh-bhog* (pleasures and enjoyments), (9) *Nishkraman* (renunciation) and (10) *Anabadh* (freedom from obstacles of life and death; liberation).

उपघात-विशोधि-पद UPAGHAT-VISHODHI-PAD (SEGMENT OF IMPURITY AND PURITY)

८४. दसविधे उवघाते पण्णत्ते, तं जहा–उग्गमोवघाते, उप्पायणोवघाते, (एसणोवघाते, परिकम्मोवघाते), परिहरणोवघाते, णाणोवघाते, दंसणोवघाते, चरित्तोवघाते, अचियत्तोवघाते, सारक्खणोवघाते।

८४. उपघात-(दोष सेवन से होने वाली चारित्र हानि) दस प्रकार का है-(१) उद्गमदोष-भिक्षा के उद्गम सम्बन्धी दोष से होने वाला उपघात, (२) उत्पादनादोष-भिक्षासम्बन्धी उत्पाद से होने वाला चारित्र का उपघात। (३) एषणादोष-गोचरी के दोष से होने वाला चारित्र का उपघात। (४) परिकर्मदोष-वस्त्र-पत्र आदि के सँवारने से होने वाला चारित्र का उपघात। (५) परिहरणदोष-अकल्प्य उपकरणों के उपभोग से होने वाला चारित्र का उपघात। (६) प्रमाद आदि से होने वाला ज्ञान का उपघात। (७) शंका आदि से होने वाला दर्शन का उपघात। (८) समितियों के यथाविधि पालन न करने से होने वाला चारित्र का उपघात। (९) अप्रीति या अविनय से होने वाला विनय आदि गुणों का उपघात। (१०) संरक्षण-उपघात-शरीर, उपधि आदि में मूर्च्छा रखने से होने वाला परिग्रह-विरमण का उपघात।

84. *Upaghat* (impairment of conduct due to impurity or fault) is of ten kinds—(1) *Udgamopaghat*—impairment of conduct due to faults of accepting alms. (2) *Utpadanopaghat*—impairment of conduct due to faults of producing alms. (3) *Eshanopaghat*—impairment of conduct due to faults of alms seeking. (4) *Parikarmopaghat*—impairment of conduct due to faults related to extra care of garb, bowls and other ascetic equipment. (5) *Pariharanopaghat*—impairment of conduct due to using prohibited equipment. (6) *Jnanopaghat*—Impairment of *jnana* (knowledge) due to stupor and other faults. (7) *Darshanopaghat*—Impairment of *darshan* (perception/faith) due to doubt. (8) *Chaaritropaghat*—Impairment of *chaaritra* (right conduct) due to improper observation of *samitis* (self regulation). (9) *Apriti-upaghat*—Impairment of virtues including *vinaya*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(modesty) due to aversion and immodesty. (10) *Sanrakshanopaghat*—Impairment of *parigraha viraman* (vow of non-possession) due to fondness for body and possessions.

८५. दसविधा विसोही पण्णत्ता, तं जहा–उग्गमविसोही, उप्पायविसोही, (एसणविसोही, परिकम्मविसोही, परिहरणविसोही, णाणविसोही, दंसणविसोही, चरित्तविसोही, अचियत्तविसोही), सारक्खणविसोही।

८५. विशोधि दस प्रकार की है–(१) **उद्गम–विशोधि**–उद्गम-सम्बन्धी दोषों की विशुद्धि। (२) **उत्पादना–विशोधि**–उत्पादन-सम्बन्धी दोषों की विशुद्धि। (३) **एषणा–विशोधि**–एषणा-सम्बन्धी दोषों की विशुद्धि। (४) **परिकर्म–विशोधि**–वस्त्र-पात्रादि सँवारने से उत्पन्न दोषों की विशुद्धि। (५) **परिहरण–विशोधि**–अकल्प्य उपकरणों के उपभोग से उत्पन्न दोषों की विशुद्धि। (६) **ज्ञान–विशोधि**–ज्ञान के अंगों का यथाविधि अभ्यास न करने से लगे हुए दोषों की विशुद्धि। (७) **दर्शन–विशोधि**–सम्यग्दर्शन में लगे हुए दोषों की विशुद्धि। (८) **चारित्र–विशोधि**–चारित्र में लगे हुए दोषों की विशुद्धि। (९) **अप्रीति–विशोधि**–अप्रीति की विशुद्धि (१०) **संरक्षण–विशोधि**–संयम के साधनभूत उपकरणों में मूर्च्छादि रखने से लगे हुए दोषों की विशुद्धि।

85. *Vishodhi* (purification) is of ten kinds (related to faults mentioned in preceding aphorism)—(1) *Udgam-vishodhi*—purification of faults of *Udgam*. (2) *Utpadan-vishodhi*—purification of faults of *Utpadan*. (3) *Eshana-vishodhi*—purification of faults of due to faults of *Eshana*. (4) *Parikarm-vishodhi*—purification of faults of *Parikarm*. (5) *Pariharan-vishodhi*—purification of faults of *Pariharan*. (6) *Jnana-vishodhi*—Purification of faults related to *jnana*. (7) *Darshan-vishodhi*—Purification of faults related to *darshan* (perception/faith). (8) *Chaaritra-vishodhi*—Purification of faults related to *chaaritra*. (9) *Apriti-vishodhi*—Purification of faults related to *Apriti*. (10) *Sanrakshan-vishodhi*—Purification of faults related to *Sanrakshan*.

संक्लेश–असंक्लेश–पद SANKLESH-ASANKLESH-PAD (SEGMENT OF PERTURBED AND UNPERTURBED STATE OF MIND)

८६. दसविधे संकिलेसे पण्णत्ते, तं जहा–उवहिसंकिलेसे, उवस्सयसंकिलेस, कसायसंकिलेसे, भत्तपाणसंकिलेसे, मणसंकिलेसे, वइसंकिलेसे, कायसंकिलेसे, णाणसंकिलेसे, दंसण–संकिलेसे, चरित्तसंकिलेसे।

८६. संक्लेश–(मानसिक विक्षोभ व असमाधि) दस प्रकार का है–(१) **उपधि–संक्लेश**–वस्त्र-पात्रादि उपधि के निमित्त से होने वाला। (२) **उपाश्रय–संक्लेश**–उपाश्रय या निवास-स्थान के निमित्त से होने वाला। (३) **कषाय–संक्लेश**–क्रोधादि के निमित्त से होने वाला। (४) **भक्त–पान–**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संक्लेश–आहारादि के निमित्त से होने वाला। (५) **मनःसंक्लेश**–मन के उद्वेग से होने वाला। (६) **वाक्–संक्लेश**–वचन के निमित्त से होने वाला। (७) **काय–संक्लेश**–शरीर के निमित्त से होने वाला। (८) **ज्ञान–संक्लेश**–ज्ञान की अशुद्धि से होने वाला। (९) **दर्शन–संक्लेश**–दर्शन की अशुद्धि से होने वाला। (१०) **चारित्र संक्लेश**–चारित्र की अशुद्धि से होने वाला।

86. *Sanklesh* (perturbed state of mind) is of ten kinds—(1) *Upadhi-sanklesh* (that related to possessions), (2) *Upashraya-sanklesh* (that related to place of stay), (3) *Kashaya-sanklesh* (that related to passions like anger), (4) *Bhakt-paan-sanklesh* (that related to food and water), (5) *Manah-sanklesh* (that related to mind) (6) *Vak-sanklesh* (that related to speech), (7) *Kaya-sanklesh* (that related to body), (8) *Jnana-sanklesh* (that related to knowledge), (9) *Darshan-sanklesh* (that related to perception/faith) and (10) *Chaaritra-sanklesh* (that related to conduct).

८७. दसविधे असंकिलेसे पण्णत्ते, तं जहा–उवहिअसंकिलेसे, उवस्सयअसंकिलेसे, कसायअसंकिलेसे, भत्तपाणअसंकिलेसे, मणअसंकिलेसे, वइअसंकिलेसे, कायअसंकिलेसे, णाणअसंकिलेसे, दंसणअसंकिलेसे, चरित्तअसंकिलेसे।

८७. असंक्लेश–(प्रत्येक स्थिति में मन की प्रसन्नता) दस प्रकार का है–(१) उपधि–असंक्लेश, (२) उपाश्रय–असंक्लेश, (३) कषाय–असंक्लेश, (४) भक्त–पान–असंक्लेश, (५) मनःअसंक्लेश, (६) वाक्–असंक्लेश, (७) काय–असंक्लेश, (८) ज्ञान–असंक्लेश, (९) दर्शन–असंक्लेश, (१०) चारित्र असंक्लेश।

87. *Asanklesh* (unperturbed state of mind) is of ten kinds—(1) *Upadhi-asanklesh* (that related to possessions), (2) *Upashraya-asanklesh* (that related to place of stay), (3) *Kashaya-asanklesh* (that related to passions like anger), (4) *Bhakt-paan-asanklesh* (that related to food and water), (5) *Manah-asanklesh* (that related to mind) (6) *Vak-asanklesh* (that related to speech), (7) *Kaya-asanklesh* (that related to body), (8) *Jnana-asanklesh* (that related to knowledge), (9) *Darshan-asanklesh* (that related to perception/faith) and (10) *Chaaritra-asanklesh* (that related to conduct).

बल–सूत्र BAL-PAD (SEGMENT OF STRENGTH)

८८. दसविधे बले पण्णत्ते, तं जहा–सोतिंदियबले, (चक्खिंदियबले, घाणिंदियबले, जिब्भिंदियबले), फासिंदियबले, णाणबले, दंसणबले, चरित्तबले, तवबले, वीरियबले।

८८. बल दस प्रकार का है–(१) श्रोत्रेन्द्रिय–बल। (२) चक्षुरिन्द्रिय–बल। (३) घ्राणेन्द्रिय–बल। (४) रसनेन्द्रिय–बल। (५) स्पर्शनेन्द्रिय–बल (पाँचों इन्द्रियों की पर्याप्त शक्ति को यहाँ बल कहा है)। (६) ज्ञानबल। (७) दर्शनबल। (८) चारित्रबल। (९) तपोबल। (१०) वीर्यबल।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

88. *Bal* (strength) is of ten kinds—(1) *shrotrendriya-bal*, (2) *chakshurindriya-bal*, (3) *ghranendriya-bal*, (4) *rasanendriya-bal*, (5) *sparshanendriya-bal*, (here bal means full capacity of sense organs), (6) *jnana-bal*, (7) *darshan-bal*, (8) *chaaritra-bal*, (9) *tapo-bal* and (10) *virya-bal* (strength of knowledge, perception/faith, conduct, austerities and potency of endeavour).

भाषा-पद BHASHA-PAD (SEGMENT OF SPEECH OR LANGUAGE)

८९. दसविहे सच्चे पण्णत्ते, तं जहा–

जणवय सम्मय ठवणा, णामे रूवे पडुच्चसच्चे य।
ववहार भाव जोगे, दसमे ओवम्मसच्चे य॥१॥ (संग्रहणी गाथा)

८९. सत्य दस प्रकार का है, जैसे–

(१) **जनपद–सत्य**–जिस जनपद के निवासी जिस वस्तु के लिए जो शब्द बोलते हैं, उसे वहाँ पर बोलना। जैसे–कन्नड़ देश में जल के लिए 'नीरू' और तमिल में 'तण्णी' बोलना।

(२) **सम्मत–सत्य**–जिस वस्तु के लिए जो शब्द रूढ़ है, उसे ही बोलना। जैसे–जल में उत्पन्न कमल को पंकज बोलते हैं, किन्तु मेंढक को नहीं।

(३) **स्थापना–सत्य**–निराकार वस्तु में साकार वस्तु की स्थापना कर बोलना। जैसे–शतरंज की गोटों को हाथी, ऊँट, वजीर आदि कहना।

(४) **नाम–सत्य**–गुणरहित होने पर भी जिसका जो नाम है, उसे उसी नाम से पुकारना। जैसे–निर्धन को लक्ष्मीनाथ कहना।

(५) **रूप–सत्य**–किसी रूप या वेष के धारण करने से उसे वैसा बोलना। जैसे–स्त्री वेषधारी पुरुष को स्त्री कहना।

(६) **प्रतीत्य–सत्य**–अपेक्षा से बोला गया वचन प्रतीत्य-सत्य कहलाता है। जैसे–अनामिका अंगुली को कनिष्ठा की अपेक्षा बड़ी कहना और मध्यमा की अपेक्षा छोटी कहना।

(७) **व्यवहार–सत्य**–लोक-व्यवहार में बोले जाने वाले शब्द व्यवहार-सत्य कहलाते हैं। जैसे–पर्वत जलता है। वास्तव में पर्वत नहीं जलता, किन्तु उसके ऊपर स्थित वृक्ष आदि जलते हैं।

(८) **भाव–सत्य**–व्यक्त पर्याय के आधार से बोला जाने वाला सत्य। जैसे–काक के भीतर रक्त-माँस आदि अनेक वर्ण की वस्तुएँ होने पर भी उसे 'काला' कहना।

(९) **योग–सत्य**–किसी वस्तु के सयोग से उसे उसी नाम से बोलना। जैसे–दण्ड के संयोग से पुरुष को दण्डी कहना।

(१०) **औपम्य–सत्य**–किसी वस्तु की उपमा से उसे वैसा कहना। जैसे–चन्द्र के समान सौम्य मुख होने से चन्द्रमुखी कहना।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

89. *Satya* (truth) is of ten kinds—(1) *Janapad-satya*—to use area specific terminology used by the inhabitants of that area. For example, to use the terms *niru* and *tanni* for water in Karnatak and Tamilnadu respectively.

(2) *Sammat-satya*—to use the popular terminology. For example the word *pankaj* (mud-born) is popularly used for lotus and not for frog.

(3) *Sthapana-satya*—to use terms where name of a thing with form is installed on formless thing. For example chess pieces are called king and queen.

(4) *Naam-satya*—to call someone by his name although the name does not bear any resemblance with his virtues. For example to call someone by his name Laxmipati (owner of wealth) although he is poor.

(5) *Rupa-satya*—to call someone by virtue of his dress or appearance. For example to call a man, disguised as woman, a woman.

(6) *Pratitya-satya*—to use relative terminology. For example to call the ring finger as bigger finger with reference to the little finger and smaller finger with reference to the middle finger.

(7) *Vyavahar-satya*—to use common parlance. For example 'a burning mountain' is commonly used phrase although what burns is vegetation or something else but not the mountain.

(8) *Bhaava-satya*—to speak on the basis of evident or apparent reality. For example to call a crow black although it also contains blood, flesh and other things of other colours.

(9) *Yoga-satya*—to use association based terminology. For example to call person dandi (staff bearer) because he carries a dand (staff).

(10) *Aupamya-satya*—to use metaphoric terminology. For example to call a woman Chandramukhi (moon-faced) because her face is smooth as the moon.

९०. दसविधे मोसे पण्णत्ते, तं जहा–

कोधे माणे माया, लोभे पिज्जे तहेव दोसे य
हास भए अक्खाइय, उवघात णिस्सिते दसमे॥१॥

९०. मृषा (असत्य) वचन दस प्रकार के हैं–(१) क्रोध के निमित्त से असत्य बोलना। (२) मान के निमित्त से असत्य बोलना। (३) माया के निमित्त से असत्य बोलना। (४) लोभ के निमित्त से असत्य बोलना। (५) राग के निमित्त से असत्य बोलना। (६) द्वेष के निमित्त से असत्य बोलना। (७) हास्य के

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निमित्त से असत्य बोलना। (८) भय के निमित्त से असत्य बोलना। (९) आख्यायिका अर्थात् कथा-कहानी को सरस या रोचक बनाने के निमित्त से असत्य मिश्रण कर बोलना। (१०) दूसरों को पीड़ा-कारक सत्य भी असत्य है। जैसे-काने को काना कहकर पुकारना। उपघात के निमित्त से मृषा या असत् वचन बोलना।

90. *Mrisha vachan* (false statement) is of ten kinds—(1) to tell a lie out of anger, (2) to tell a lie out of conceit, (3) to tell a lie out of deceit, (4) to tell a lie out of greed, (5) to tell a lie out of attachment, (6) to tell a lie out of aversion, (7) to tell a lie out of mirth, (8) to tell a lie out of fear, (9) to tell a lie in order to make a story interesting and (10) telling a hurting truth is also considered a lie. For example to call a blind, blind. Also to tell a lie with the intention of hurting or damaging some one.

९१. दसविधे सच्चामोसे पण्णत्ते, तं जहा—उप्पण्णमीसए, विगतमीसए, उप्पण्णविगतमीसए, जीवमीसए, अजीवमीसए, जीवाजीवमीसए, अणंतमीसए, परित्तमीसए, अद्धामीसए, अद्धद्धामीसए।

९१. सत्यमृषा (मिश्र) वचन दस प्रकार के हैं-

(१) **उत्पन्न-मिश्रक-वचन**-उत्पत्ति से संबद्ध सत्य-मिश्रित असत्य वचन बोलना। जैसे-'आज इस गाँव में दस बच्चे उत्पन्न हुए हैं।' ऐसा बोलने में एक अधिक या हीन भी हो सकता है।

(२) **विगत-मिश्रक-वचन**-विगत अर्थात् मरण से संबद्ध सत्य-मिश्रित असत्य वचन बोलना। जैसे-'आज इस नगर में दस व्यक्ति मर गये हैं।' ऐसा बोलने पर एक अधिक या हीन भी हो सकता है।

(३) **उत्पन्न-विगत-मिश्रक**-उत्पत्ति और मरण से सम्बद्ध सत्य मिश्रित असत्य वचन बोलना। जैसे-आज इस नगर में दस बच्चे उत्पन्न हुए और दस ही बूढ़े मर गये हैं। ऐसा बोलने पर इससे एक-दो हीन या अधिक का जन्म या मरण भी सम्भव है।

(४) **जीव-मिश्रक-वचन**-अधिक जीते हुए कृमि-कीटों के समूह में कुछ मृत जीवों के होने पर भी उसे जीवराशि कहना।

(५) **अजीव-मिश्रक-वचन**-अधिक मरे हुए कृमि-कीटों के समूह में कुछ जीवितों के होने पर भी उसे मृत या अजीवराशि कहना।

(६) **जीव-अजीव-मिश्रक-वचन**-जीवित और मृत राशि में संख्या को कहते हुए कहना कि इतने जीवित हैं और इतने मृत हैं। ऐसा कहने पर एक-दो के हीन या अधिक जीवित या मृत की भी संभावना है।

(७) **अनन्त-मिश्रक-वचन**-पत्रादि संयुक्त मूल कन्दादि वनस्पति में 'यह अनन्तकाय है' ऐसा वचन बोलना अनन्त-मिश्रक मृषा वचन है। क्योंकि पत्रादि में अनन्त नहीं, किन्तु परीत (सीमित संख्यात या असंख्यात) ही जीव होते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(८) **परीत-मिश्रक-वचन**-अनन्तकाय की अल्पता होने पर भी परीत वनस्पति में परीत का व्यवहार करना।

(९) **अद्धा-मिश्रक-वचन**-अद्धा अर्थात् काल-विषयक सत्यासत्य वचन बोलना। जैसे-प्रयोजन विशेष के होने पर साथियों से सूर्य के अस्तगत होते समय 'रात हो गई' ऐसा कहना।

(१०) **अद्धा-अद्धा-मिश्रक-वचन**-अद्धा दिन या रातरूप काल के विभाग में भी पहर आदि सम्बन्धी सत्यासत्य वचन बोलना। जैसे-एक पहर दिन बीतने पर भी प्रयोजनवश कार्य की शीघ्रता से 'मध्याह्न हो गया' कहना।

91. *Satya-mrisha* (mixture of truth and lie) is of ten kinds—(1) *Utpanna-mishrak-vachan*—to tell a lie mixed with truth with regard to origin. For example—Ten children were born in this village today. In this statement the uttered number could be less or more by one.

(2) *Vigat-mishrak-vachan*—to tell a lie mixed with truth with regard to past or death. For example—Ten persons died in this village today. In this statement the uttered number could be less or more by one.

(3) *Utpanna-vigat-mishrak-vachan*—to tell a lie mixed with truth with regard to birth and death. For example—Ten children were born and ten persons died in this village today. In this statement the uttered numbers of birth and death could be less or more by one or two.

(4) *Jiva-mishrak-vachan*—to call a heap of living insects mixed with a few dead ones as a heap of beings.

(5) *Ajiva-mishrak-vachan*—to call a heap of dead insects mixed with a few living ones as a heap of non-beings.

(6) *Jiva-ajiva-mishrak-vachan*—to tell the number of living and dead beings in a mixed heap of living and dead. In such statement the uttered numbers of living and dead could be less or more by one or two.

(7) *Anant-mishrak-vachan*—to call bulbous roots mixed with leaves as *anant-kaya* (infinite-bodied). This is because leaves do not have anant (infinite) but *pareet* (countable or uncountable) beings.

(8) *Pareet-mishrak-vachan*—to call leaves and other largely *pareet vanaspati* as *pareet kaya* although a few *anant-kaya* are mixed with it.

(9) *Addha-mishrak-vachan*—to give mixed statement with regard to *addha* or time. For example to say for some specific purpose that it is night while the sun is still setting.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(10) *Addha-addha-mishrak-vachan*—to give mixed statement with regard to *addha-addha* or divisions of time (parts of day or night). For example to say for some specific purpose that it is noon when only first quarter of the day has passed.

दृष्टिवाद-पद DRISHTIVAAD-PAD (SEGMENT OF DRISHTIVAAD)

९२. दिट्ठिवायस्स णं दस णामधेज्जा पण्णत्ता, तं जहा–दिट्ठिवाएति वा, हेउवाएति वा, भूयवाएति वा, तच्चावाएति वा, सम्मावाएति वा, धम्मावाएति वा, भासाविजएति वा, पुव्वगतेति वा, अणुजोगगतेति वा, सव्वपाणभूतजीवसत्तसुहावहेति वा।

९२. दृष्टिवाद नामक बारहवें अंग के दस नाम हैं–

(१) दृष्टिवाद–अनेक दृष्टियों से या अनेक नयों की अपेक्षा वस्तु-तत्त्व का प्रतिपादन करने वाला।

(२) हेतुवाद–हेतु-प्रयोग से या अनुमान के द्वारा वस्तु की सिद्धि करने वाला।

(३) भूतवाद–भूत अर्थात् सद्-भूत पदार्थों का निरूपण करनेवाला।

(४) तत्त्ववाद या तथ्यवाद–सारभूत तत्त्व का, या यथार्थ तथ्य का प्रतिपादन करने वाला।

(५) सम्यग्वाद–पदार्थों के सत्य अर्थ का प्रतिपादन करने वाला।

(६) धर्मवाद–वस्तु के पर्यायरूप धर्मों का अथवा चारित्ररूप धर्म का प्रतिपादन करने वाला।

(७) भाषाविचय या भाषाविजय–सत्य आदि अनेक प्रकार की भाषाओं का विचय अर्थात् निर्णय करने वाला अथवा भाषाओं की विजय अर्थात् समृद्धि का वर्णन करने वाला।

(८) पूर्वगत–सर्वप्रथम गणधरों के द्वारा ग्रन्थित या रचित उत्पादपूर्व आदि का वर्णन करने वाला।

(९) अनुयोगगत–प्रथमानुयोग, गण्डिकानुयोग आदि अनुयोगों का वर्णन करने वाला।

(१०) सर्वप्राण-भूत-जीव-सत्त्व-सुखावह–सभी द्वीन्द्रियादि प्राणी, वनस्पतिरूप भूत, पंचेन्द्रिय जीव और पृथिवी आदि सत्त्वों के सुखों का प्रतिपादन करने वाला।

92. There are ten names of *Drishtivaad*, the twelfth *Anga*—(1) *Drishtivaad*—that which propagates fundamentals from many angles or *nayas* (stand-points).

(2) *Hetuvaad*—that which establishes things through cause or hypothesis.

(3) *Bhoot-vaad*—that which discusses *bhoot* (eternal realities).

(4) *Tattvavaad*—that which propagates basic fundamentals and evident reality.

(5) *Samyagvaad*—that which propagates the true meaning of things.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(6) *Dharmavaad*—that which propagates the modal properties of things or the codes of conduct.

(7) *Bhashavichaya* or *Bhashavijaya*—that which deals with establishing classification and categories of language (for example truthful speech). Also that which describes richness of language.

(8) *Purvagat*—that which narrates the primary works by *Ganadhars*, such as *Utpaad Purva*.

(9) *Anuyogagat*—that which describes *Anuyogas* like *Prathamanuyoga* and *Gandakanuyoga*.

(10) *Sarva-pran-bhoot-jiva-sattva-sukhavah*—that which propagates happiness of all entities, souls and beings, such as two-sensed beings, plant-bodied beings, five sensed-beings, and earth-bodied beings.

शस्त्र-पद SHASTRA-PAD (SEGMENT OF WEAPONS)

९३. दसविधे सत्थे पण्णत्ते, तं जहा—

सत्थमग्गी विसं लोणं, सिणेहो खारमंबिलं।
दुप्पउत्तो मणो वाया, काओ भावो य अविरति॥१॥ (संग्रह-गाथा)

९३. शस्त्र दस प्रकार के हैं—(१) अग्निशस्त्र, (२) विषशस्त्र, (३) लवणशस्त्र, (४) स्नेहशस्त्र, (५) क्षारशस्त्र, (६) अम्लशस्त्र, (७) दुष्प्रयुक्त मन, (८) दुष्प्रयुक्त वचन, (९) दुष्प्रयुक्त काय, (१०) अविरति भाव।

93. *Shastras* (weapons) are of ten kinds—(1) *Agnishastra* (fire), (2) *Vish-shastra* (poison), (3) *Lavan-shastra* (salt), (4) *Snehashastra* (oil), (5) *Kshaar-shastra* (alkali), (6) *Amlashastra* (acid), (7) *Dushprayukta* man (evil intent), (8) *Dushprayukta vachan* (evil speech), (9) *Dushprayukta kaya* (evil action of body) and (10) *Avirati bhaava* (attitude of non-detachment).

विवेचन—हिंसा के साधन को 'शस्त्र' कहते हैं। वह दो प्रकार का होता है—द्रव्यशस्त्र और भावशस्त्र। सूत्रोक्त १० प्रकार के शस्त्रों में से आदि के छह द्रव्यशस्त्र हैं और अन्तिम चार भावशस्त्र हैं। लवण, क्षार, अम्ल, आदि वस्तुओं के सम्पर्क से सचित्त वनस्पति आदि अचित्त हो जाती हैं। इसी प्रकार स्नेह—तेल, घृतादि से भी सचित्त वस्तु अचित्त हो जाती है, इसलिए लवण आदि को भी शस्त्र कहा गया है।

Elaboration—Means of violence is *shastra* (weapon). It is of two types—*dravyashastra* (physical weapon) and *bhaavashastra* (mental weapon). Out of the ten weapons listed in the aforesaid aphorism first six are physical weapons and the last four are mental weapons. Salt,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

alkali and acid destroy living organism turning *sachit* plants to *achit* plants. Same is true for oily things. That is why these things have been included in weapons.

दोष-पद DOSH-PAD (SEGMENT OF FAULTS)

९४. दसविहे दोसे पण्णत्ते, तं जहा–

तज्जातदोसे मतिभंगदोसे, पसत्थारदोसे परिहरणदोसे।
सलक्खण–वक्कारण–हेउदोसे, संकामणं णिग्गह–वत्थुदोसे ॥१॥

९४. पारस्परिक तत्त्व चर्चा शास्त्रार्थ या वाद विवाद के दस प्रकार के दोष हैं। जैसे– (१) **तज्जात–दोष**–वादकाल में प्रतिवादी से क्षुब्ध होकर उसके वैयक्तिक दोषों को प्रकट करना या चुप रह जाना। (२) **मतिभंग–दोष**–प्रतिपक्षी के आक्षेप का उत्तर न दे पाना या भयादि के कारण तत्त्व को भूल जाना। (३) **प्रशास्तृ–दोष**–सभ्य या सभाध्यक्ष की ओर से होने वाला पक्षपात आदि दोष। (४) **परिहरण–दोष**–वादी के द्वारा दिये गये दोष का छल या जाति से परिहार करना। (५) **स्वलक्षण–दोष**–वस्तु के निर्दिष्ट लक्षण में अव्याप्ति, अतिव्याप्ति या असम्भव दोष का होना। (६) **कारण–दोष**–कारण-सामग्री के एक अंश को कारण मान लेना, या पूर्ववर्ती होने मात्र से कारण मानना। (७) **हेतु–दोष**–हेतु का असिद्धता, विरुद्धता आदि दोष से दोषयुक्त होना। (८) **संक्रमण–दोष**–प्रस्तुत प्रमेय को छोड़कर अप्रस्तुत प्रमेय की चर्चा करना। (९) **निग्रह–दोष**–छल, जाति, वितण्डा आदि के द्वारा प्रतिवादी को निगृहीत करना। (१०) **वस्तुदोष–पक्ष** सम्बन्धी प्रत्यक्षनिराकृत, अनुमाननिराकृत आदि दोषों में से कोई दोष होना। *(विस्तार के लिए देखें–हिन्दी टीका, भाग २, पृष्ठ ७७४। ठाणं, पृष्ठ ९८६)*

94. There are ten faults of mutual discussion or debate—(1) *Tajjat-dosh*—to expose personal drawbacks of the opponent during a debate or remain silent when irritated by him. (2) *Matibhang-dosh*—inability to counter the charges made by the opponent or to forget the points out of fear. (3) *Prashaasrit-dosh*—faults committed by the chairperson or experts. (4) *Pariharan-dosh*—to deceitfully evade or neglect the charges made by the opponent. (5) *Svalakshan-dosh*—faults of irrelevance, exaggeration and impossibility in the stated attributes of a thing. (6) *Kaaran-dosh*—to accept a part of the causal material as the cause or to accept a point as a cause just because of precedence. (7) *Hetu-dosh*—faults of reasoning including unauthenticity, irrelevance and antitheticity. (8) *Sankraman-dosh*—the fault of shifting from the prescribed topic to some other topic. (9) *Nigraha-dosh*—to silence the opponent by deceit, belligerence and other such means. (10) *Vastu-dosh*—faults related to the basic theme of the opponent such as apparent fault or conceptual fault.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विशेष-पद VISHESH-PAD (SEGMENT OF SPECIAL FAULTS)

९५. दसविधे विसेसे पण्णत्ते, तं जहा–

वत्थु तज्जातदोसे य, दोसे एगट्ठिएति य।
कारणे य पडुप्पण्णे, दोसे णिच्चेहिय अट्ठमे॥
अत्तणा उवणीते य, विसेसेति य ते दस॥१॥

९५. वाद के विशेष दोष दस प्रकार के हैं, जैसे–(१) **वस्तुदोष–विशेष**–पक्ष सम्बन्धी दोष के विशेष प्रकार। (२) **तज्जात–दोष–विशेष**–वादकाल में प्रतिवादी के जन्म आदि सम्बन्धी विशेष दोष। (३) **दोष–विशेष**–मतिभंग आदि दोषों के विशेष प्रकार। (४) **एकार्थिक–विशेष**–एक अर्थ के वाचक शब्दों की निरुक्ति-जनित विशेष प्रकार। (५) **कारण–विशेष**–कारण के विशेष प्रकार। (६) **प्रत्युत्पन्न दोष–विशेष**–वस्तु को क्षणिक मानने पर कृतनाश और अकृत-अभ्यागम आदि दोषों की प्राप्ति। (७) **नित्यदोष–विशेष**–वस्तु को सर्वथा नित्य मानने पर प्राप्त होने वाले दोष के विशेष प्रकार। (८) **अधिकदोष–विशेष**–वादकाल में दृष्टान्त, उपनय आदि का अधिक प्रयोग। (९) **आत्मोपनीत–विशेष**–उदाहरण दोष का एक प्रकार। (१०) **विशेष**–वस्तु का भेदात्मक धर्म। *(देखें–ठाणं, पृष्ठ ९२७। हिन्दी टीका, पृष्ठ ७७८)*

95. There are ten *vishesh dosh* (special faults) of debate—(1) *Vastudosh-vishes*—special faults related to theme. (2) *tajjat-dosh-vishes*—special faults related to birth and other personal matters about the opponent during a debate. (3) *Dosh-vishes*—special categories of faults like *matibhang*. (4) *Ekarthik-vishes*—special faults related to etymology of synonyms. (5) *Kaaran-vishes*—special faults related to *kaaran*. (6) *Pratyutpanna-dosh-vishes*—special faults related to intentional destruction and unintentional origin caused by accepting a thing as transitory. (7) *Nitya-dosh-vishes*—special faults due to accepting a thing as absolutely eternal or permanent. (8) *Adhik-dosh-vishes*—special faults related to excessive use of examples and quotes during a debate. (9) *Atmopaneet-vishes*—a kind of *udaharan dosh*. (10) *Vishes*—the disintegrative nature of things or theme.

शुद्धवाग्-अनुयोग-पद SHUDDHAVAG-ANUYOGA-PAD (SEGMENT OF INDEPENDENT PHRASES)

९६. दसविधे सुद्धवायाणुओगे पण्णत्ते, तं जहा–चंकारे, मंकारे, पिंकारे, सेयंकारे, सायंकारे, एगत्ते, पुधत्ते, संजहे, संकामिते, भिण्णे।

९६. वाक्य-निरपेक्ष शुद्ध पद का अनुयोग (शुद्ध वाक्यानुयोग) दस प्रकार का है, जैसे–

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वाक्य में आये हुए जिन पदों का वाक्यार्थ से कोई विशेष सम्बन्ध नहीं होता, किन्तु उनके प्रयोग से वाक्यों का अर्थ व्यवस्थित समझा जा सकता है, उन्हें **'शुद्ध वाक्यानुयोग'** कहा जाता है।

(१) **चकार–अनुयोग**–'च' शब्द का अनेक अर्थों में प्रयोग होता है, जैसे–कहीं समुच्चय, कहीं अन्वादेश, कहीं अवधारण, कहीं पाद पूरण आदि अर्थों का बोध इससे होता है। जैसे **इत्थीओ सयणाणि यं।**

(२) **मकार–अनुयोग**–'म' शब्द के अनेक अर्थों का विस्तार। जैसे–**'जेणामेव समणे भगवं महावीरे तेणामेव'** आदि पदों में 'म' का प्रयोग आगमिक है, इससे वाक्य की सुन्दरता बढ़ जाती है।

(३) **पिकार–अनुयोग**–'अपि' शब्द सम्भावना, निवृत्ति, अपेक्षा, समुच्चय आदि अनेक अर्थों में प्रयुक्त हुआ है। जैसे 'चउवीसं पि केवली' देवा वि तं नमंसंति आदि।

(४) **सेयंकार–अनुयोग**–जैसे–कहीं 'से' शब्द 'अर्थ' का वाचक होता है, कहीं 'वह' का वाचक होता है, कहीं विकल्प, प्रश्न अथवा आरंभ। जैसे **से भिक्खू वा, से किं तं नाणं।**

(५) **सायंकार–अनुयोग**–'सायं' आदि निपात शब्दों के अथ का विचार। जैसे–वह कहीं सत्य अर्थ का और कहीं प्रश्न का बोधक होता है।

(६) **एकत्व–अनुयोग**–जहाँ बहुत सी बातें मिलकर एक वस्तु के प्रति कारण हो, जैसे–**'नाणं च दंसणं चेव, चरित्तं य तवो तहा। एस मग्गुत्ति पन्नत्तो'** यहाँ पर ज्ञान, दर्शनादि समुदितरूप को ही मोक्षमार्ग कहा है।

(७) **पृथक्त्व–अनुयोग**–बहुवचन के अर्थ का विचार। जैसे–**'धम्मत्थिकायप्पदेसा'** इस पद में बहुवचन का प्रयोग उसके असंख्यात प्रदेश बतलाने के लिए है।

(८) **संयूथ–अनुयोग**–एकत्र किये हुए पदों को 'संयूथ' कहते हैं, जैसे–**'सम्मदंसणसुद्ध'** इस समासान्त पद का विग्रह अनेक प्रकार से किय जा सकता है–

(१) 'सम्यग्दर्शन के द्वारा शुद्ध'–तृतीया विभक्ति के रूप में, (२) 'सम्यग्दर्शन के लिए शुद्ध'–चतुर्थी विभक्ति के रूप में, (३) 'सम्यग्दर्शन से शुद्ध'–पंचमी विभक्ति के रूप में।

(९) **संक्राति–अनुयोग**–जहाँ विभक्ति और वचन बदलकर वाक्य का अर्थ किया जाता है, वह संक्रामित अनुयोग है। जैसे–**'साहूणं वंदणेणं नासति पावं असंकिया भावा'** अर्थात् साधुओं को वन्दना करने से पाप नष्ट होता है और साधु के पास रहने से भाव अशंकित होते हैं। यहाँ वन्दना के प्रसंग में 'साहूणं' षष्ठी विभक्ति है। उसका भाव अशंकित होने के सम्बन्ध में पंचमी विभक्ति के रूप से संक्रमित किया गया। यह विभक्ति–संक्रमण है तथा **'अच्छंदा जे न भुजंति, न से चाइत्ति वुच्चई'** यहाँ 'से चाई' यह बहुवचन के स्थान में एकवचन का संक्रामित प्रयोग है।

(१०) **भिन्न–अनुयोग**–क्रमभेद और कालभेद आदि का विचार जिसमें हो, वह। जैसे–'तिविहं तिविहेणं' यह संग्रहवाक्य है। इसमें (१) **मणेणं वायाए काएणं**, (२) **न करेमि, न कारवेमि, करंतंपि न समणुजाणामि** इन दो खण्डों का संग्रह किया गया है। द्वितीय खण्ड **'न करेमि'** आदि तीन वाक्यों में 'तिविहेणं' का स्पष्टीकरण है और प्रथम खण्ड 'मणेणं' आदि तीन वाक्यांशों में 'तिविहेणं' का

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्पष्टीकरण है। यहाँ 'न करेमि' आदि बाद में है और 'मणेणं' आदि पहले। यह क्रम-भेद है। काल-भेद का उदाहरण जैसे-सक्के देविंदे देवराया वंदति नमंसति' यहाँ अतीत के अर्थ में वर्तमान की क्रिया का प्रयोग है।

96. *Shuddhavag-anuyoga* (phrases independent of the sentence) are of ten kinds (a phrase that has no connection with the meaning of the sentence but it is used to impart vividness or beauty to the meaning is called *Shuddhavag-anuyoga*)—

(1) Chakar-anuyoga—the letter *'cha'* is used many ways, such as collective, conjunctive and conceptual.

(2) *Makar-anuyoga*—elaboration of numerous meanings of the letter *'ma'*. At many places it adds to the beauty of the sentence.

(3) *Pikar-anuyoga*—the term *api* is used many ways, such as conveying probability, freedom, expectation, and assimilation.

(4) *Seyamkar-anuyoga*—the term *se* is also used many ways, such as meaning, he, alternative, interrogation, and beginning.

(5) *Sayamkar-anuyoga*—the term *syam* is used to convey true meaning as well as an interrogative.

(6) *Ekatva-anuyoga*—where combination of many terms conveys a single direction or meaning. For example the statement that knowledge, perception and conduct lead to liberation.

(7) *Prithakatva-anuyoga*—use of plurals.

(8) *Samyutha-anuyoga*—combination of many phrases that can be interpreted many ways.

(9) *Sankranti-anuyoga*—where meaning is derived by parsing and changing tense.

(10) *Bhinna-anuyoga*—where change of sequence and periodicity are used. (This aphorism specially relates to Sanskrit grammar, therefore examples loose their meaning in translation.)

दान-पद DAAN-PAD (SEGMENT OF CHARITY

९७. दसविहे दाणे पण्णत्ते, तं जहा—

अणुकंपा संगहे चेव, भये कालुणिएति य।
लज्जाए गारवेणं च, अहम्मे उण सत्तमे॥
धम्मे य अट्ठमे वुत्ते, काहीति य कतंति य॥१॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९७. दान दस प्रकार का है, जैसे-(१) अनुकम्पादान-करुणाभाव से देना। (२) संग्रहदान-सहायता के लिए देना। (३) भयदान-भय से देना। (४) कारुण्यदान-मृत्त व्यक्ति के पीछे देना। (५) लज्जादान-लोक-लाज से देना। (६) गौरवदान-यश के लिए या अपना बड़प्पन बताने के लिए देना। (७) अधर्मदान-अधार्मिक व्यक्ति को या जिससे हिंसा आदि का पोषण हो उसे देना। (८) धर्मदान-धार्मिक व त्यागी व्यक्ति को देना। (९) कृतमितिदान-कृतज्ञता-ज्ञापन के लिए देना। (१०) करिष्यतिदान-भविष्य में किसी का सहयोग प्राप्त करने की आशा से देना। *(इनके विस्तार हेतु हिन्दी टीका, पृष्ठ ७८२ तथा वृत्ति पत्र ४७२ देखना चाहिए)*

97. *Daan* (charity) is of ten kinds—(1) *Anukampa daan*—charity with compassion, (2) *Samgraha daan*—charity for help, (3) *Bhaya daan*—charity out of fear, (4) *Kaarunya daan*—charity to honour a deceased person, (5) *Lajja daan*—charity for regard of public opinion, (6) *Gaurav daan*—charity for fame or show of greatness, (7) *Adharma daan*—charity to an irreligious person or to support evil activities, (8) *Dharma daan*—charity to a religious or detached person, (9) *Kritmit daan*—charity to express gratitude and (10) *Karishyati daan*—charity with a hope of cooperation in future. *(for more details refer to Vritti, leaf 472 and Hindi Tika, part-2, p. 782)*

गति-पद GATI-PAD (SEGMENT OF REINCARNATION)

९८. दसविधा गती पण्णत्ता, तं जहा-णिरयगती, णिरयविग्गहगती, तिरियगती, तिरिय विग्गहगती, (मणुयगती मणुयविग्गहगती, देवगती, देवविग्गहगती), सिद्धगती, सिद्धविग्गहगती।

९८. गति दस प्रकार की है, जैसे-(१) नरकगति, (२) नरकविग्रहगति, (३) तिर्यग्गति, (४) तिर्यग्विग्रहगति, (५) मनुष्यगति, (६) मनुष्यविग्रहगति, (७) देवगति, (८) देवविग्रहगति, (९) सिद्धिगति, (१०) सिद्धि-विग्रहगति।

98. There are ten kinds of *gatis* (reincarnations)—(1) *narak gati* (reincarnation as infernal beings), (2) *narak vigraha gati* (reincarnation with oblique movement as infernal beings), (3) *tiryanch gati* (reincarnation as an animal), (4) *tiryanch vigraha gati* (reincarnation with oblique movement as an animal), (5) *manushya gati* (reincarnation as human beings), (6) *manushya vigraha gati* (reincarnation with oblique movement as human beings), (7) *deva gati* (reincarnation as divine being), (8) *deva vigraha gati* (reincarnation with oblique movement as divine being), (9) *Siddha gati* (reincarnation as *Siddha*) and (10) *Siddha vigraha gati* (reincarnation with oblique movement as *Siddha*).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विवेचन–'विग्रह' शब्द के तीन अर्थ होते हैं–वक्र या मोड़ और शरीर तथा आकाश विभाग का अतिक्रमण कर गमन करना। प्रारम्भ के आठ पदों में से चार गतियों में उत्पन्न होने वाले जीव ऋजु और वक्र दोनों प्रकार से गमन करते हैं। इस प्रकार प्रत्येक गति का प्रथम पद ऋजुगति का बोधक है और द्वितीयपद वक्रगति का बोधक है, यह स्वीकार किया जा सकता है। किन्तु सिद्धिगति तो सभी जीवों की विग्रहरहित ही होती है अर्थात् सिद्धजीव सीधी ऋजुगति से मुक्ति प्राप्त करते हैं। इसी बात को ध्यान में रखकर टीकाकार ने **'सिद्धिविग्गहगइ' त्ति सिद्धावविग्रहेण–अवक्रेण गमनं 'सिद्ध्यविग्रहगतिः**, अर्थात् सिद्धि–मुक्ति में अविग्रह से बिना मुड़े जाना, ऐसी निरुक्ति करके दसवें पद की संगति बिठलाई है। नवें पद को सामान्य अपेक्षा से और दसवें पद को विशेष की विवक्षा से कहकर भेद बताया है। दसवें भेद में विग्रहगति शब्द केवल 'पारलौकिक गति' के अर्थ का ही सूचक है।

Elaboration—The terms *Vigraha* has three meanings. '*Vakra*' or oblique, '*moad*' or turn and to move transgressing the body and a section of space. The first eight statements inform that beings taking birth in four gatis (genuses) have both straight and oblique movement. Thus it can be interpreted that the first statement about each genus relates to riju gati (straight movement) and the second relates to vigraha gati (oblique movement). However, reincarnation as *Siddha* is always with straight movement and never with oblique movement. Keeping this in view the commentator (*Tika*) has interpreted the tenth statement '*siddha vigraha gati* (reincarnation with oblique movement as *Siddha*)' as *siddhi-avigraha-gati* or reincarnation in state of siddhi without oblique movement. The ninth statement is simple whereas the tenth is with special nuance. The tenth statement is thus indicative of supernatural movement.

मुण्ड–पद MUND-PAD (SEGMENT OF VICTORS)

९९. दस मुंडा पण्णत्ता, तं जहा–सोतिंदियमुंडे, (चक्खिंदियमुंडे, घाणिंदियमुंडे, जिब्भिंदियमुंडे), फासिंदियमुंडे, कोहमुंडे, (माणमुंडे) मायामुंडे) लोभमुंडे, सिरमुंडे।

९९. यहाँ 'मुण्ड' शब्द से (तत्सम्बन्धी दोषों को दूर करने का भाव प्रकट किया है) दस प्रकार के हैं, जैसे–(१) **श्रोत्रेन्द्रियमुण्ड**–श्रोत्रेन्द्रिय के विषय का मुण्डन (त्याग) करने वाला। (२) **चक्षुरिन्द्रियमुण्ड**–चक्षुरिन्द्रिय के विषय का त्याग करने वाला, (३) **घ्राणेन्द्रियमुण्ड**–घ्राणेन्द्रिय के विषय का त्याग करने वाला। (४) **रसनेन्द्रियमुण्ड**–रसनेन्द्रिय के विषय का त्याग करने वाला। (५) **स्पर्शनेन्द्रियमुण्ड**–स्पर्शनेन्द्रिय के विषय का त्याग करने वाला। (६) **क्रोधमुण्ड**–क्रोध कषाय का त्याग। (७) **मानमुण्ड**–मानकषाय का त्याग। (८) **मायामुण्ड**–मायाकषाय का त्याग। (९) **लोभमुण्ड**–लोभकषाय का त्याग करने वाला। (१०) **शिरोमुण्ड**–सिर के केशों का मुण्डन करने–कराने वाला।

99. *Mund* (victors over indulgence of sense organs or who have control over sense organs or who are equanimous towards good and bad sensations)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

are of five kinds—(1) *shrotrendriyamund*, (2) *chakshurindriyamund*, (3) *ghranendriyamund*, (4) *rasanendriyamund*, (5) *sparshanendriyamund*, (6) *krodh-mund*—victors over anger, (7) *maan-mund*—victors over conceit, (8) *maya-mund*—victors over deceit, (9) *lobh-mund*—victors over greed and (10) *shiro-mund*—who has tonsured his head.

संख्यान-पद SANKHYAN-PAD (SEGMENT OF MATHEMATICS)

१००. दसविधे संखाणे पण्णत्ते, तं जहा–

परिकम्मं ववहारो रज्जू रासी कला–सवण्णे य।
जावंतावति वग्गो, घणो य तह वग्गवग्गोवि॥१॥ कप्पो य.॥

१००. जिस उपाय से किसी वस्तु की संख्या या परिमाण का ज्ञान हो वह 'संख्यान' है। संख्यान (गणित) दस प्रकार का है, जैसे–(१) **परिकर्म**–जोड़, बाकी, गुणा, भाग आदि से सम्बन्धित गणित। (२) **व्यवहार**–पाटी गणित–प्रसिद्ध श्रेणी व्यवहार, मिश्रक व्यवहार आदि। जैसे १२ के लिए दर्जन। बीस के लिए 'कोडी' यह सब व्यवहार गणित है। (३) **रज्जु**–क्षेत्रगणित, सेंटीमीटर, फुट, अंगुल, रज्जु आदि की ऊँचाई–लम्बाई–गहराई आदि माप विधि। (४) **राशि**–धान्य आदि के ढेर को नापने का गणित। (५) **कला–सवर्ण**–अंशों वाली संख्या समान करना। तथा औषधियों आदि के निर्माण में रासायनिक द्रव्यों की मात्रा आदि का परिमाण करना। (६) **यावत्–तावत्**–गुणाकार या गुणा करने वाला गणित। (७) **वर्ग**–दो समान संख्याओं का गुणन–फल। जैसे ४ को ४ से गुणा करना। (८) **घन**–तीन समान संख्याओं का गुणन–फल। जैसे ५ × ५ = २५। (९) **वर्ग–वर्ग**–वर्ग का वर्ग। पहली संख्या को उसी वर्ग से गुणा करना। (१०) **कल्प**–लकड़ी आदि की चिराई आदि का माप करने वाला गणित। *(गणित सम्बन्धी विस्तृत विवेचन के लिए देखें–वृत्ति पत्र ४७१ तथा ठाणं, पृष्ठ ९९३-९४)*

100. *Sankhyan* (mathematics) is of ten kinds—(1) *Parikarma-sankhyan*—addition, subtraction, multiplication division, etc. (2) *Vyavahar- sankhyan*—lowest common multiple, highest common factor, factors, compounds, etc. This also includes popular collective units such as dozen for twelve and *kodi* (score) for twenty. (3) *Rajju-sankhyan*—lines and areas (geometry). (4) *Rashi-sankhyan*—squares, cubes, logarithms, etc. This also includes measures of heaps of grain or cereals. (5) *Kala-savarn*—fractions and their calculations. This also includes proportions of ingredients in a medical formulation. (6) *Yavat-tavat*—multiplication. (7) *Varga*—squares. (8) *Ghan*—cubes. (9) *Varg-Varg*—square of square. (10) *Kalp*—calculation of sawn wood. *(for more details about mathematics see Vritti, leaf, 471 and Thanam pp. 993-994)*

प्रत्याख्यान-पद PRATYAKHYAN-PAD (SEGMENT OF ABSTAINMENT)

१०१. दसविधे पच्चक्खाणे पण्णत्ते, तं जहा–

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणागयमतिक्कंतं, कोडीसहियं णियंटितं चेव।
सागारमणागारं परिमाणकडं णिरवसेसं॥
संकेयगं चेव अद्धाए, पच्चक्खाणं दसविहं तु॥१॥

१०१. प्रत्याख्यान के दस प्रकार है, जैसे–(१) **अनागत–प्रत्याख्यान**–आगे किये जाने वाले तप को किसी विशेष परिस्थिति में पहले ही कर लेना। (२) **अतिक्रान्त–प्रत्याख्यान**–जो तप कारणवश वर्तमान में न किया जा सका हो, उसे भविष्य में करना। (३) **कोटिसहित–प्रत्याख्यान**–जो एक प्रत्याख्यान का अन्तिम दिन और दूसरे प्रत्याख्यान का आदि दिन हो, वह कोटिसहित प्रत्याख्यान है। जैसे यवमध्य चन्द्र प्रतिमा आदि। (४) **नियंत्रित–प्रत्याख्यान**–नीरोग या सरोग अवस्था में नियंत्रण या नियमपूर्वक अवश्य ही किया जाने वाला तप। यह तप १४ पूर्वधर, जिनकल्पी आदि के लिए ही होता है। (५) **सागार–प्रत्याख्यान**–आगार या अपवाद के साथ किया जाने वाला तप। जैसे नवकारसी पोरसी आदि। (६) **अनागार–प्रत्याख्यान**–अपवाद या छूट के बिना किया जाने वाला तप। (७) **परिमाणकृत–प्रत्याख्यान**–दत्ति, कवल, गृह, द्रव्य, भिक्षा आदि के परिमाण वाला प्रत्याख्यान। (८) **निरवशेष–प्रत्याख्यान**–चारों प्रकार के आहार का सर्वथा परित्याग। (९) **संकेत–प्रत्याख्यान**–संकेत या चिह्न के साथ किया जाने वाला प्रत्याख्यान। विविध अभिग्रहों के साथ किया जाने वाला। (१०) **अद्धा–प्रत्याख्यान**–मुहूर्त, प्रहर आदि काल की मर्यादा के साथ किया जाने वाला प्रत्याख्यान।

101. *Pratyakhyan* (abstainment) is of ten kinds—(1) *Anagat-pratyakhyan*—to advance, under special circumstances, the observation of some austerity resolved to be observed in future. (2) *Atikrant-pratyakhyan*—to postpone for future the observation of some austerity for some specific reason. (3) *Kotisahit-pratyakhyan*—the last day of one abstainment and the first day of the immediate next abstainment. (4) *Niyantrit-pratyakhyan*—a *tap* (austerity) done with complete control following prescribed rules irrespective of being normal or ailing. This is meant only for Fourteen *Purvadhars, Jinakalpi* and other such higher ascetics. (5) *Sagaar-pratyakhyan*—austerities done with some relaxations. (6) *Anagaar-pratyakhyan*—austerities done without any relaxations. (7) *Parimanakrit-pratyakhyan*—abstainment related to specific quantity or number of things like servings, morsels, houses, things and alms. (8) *Niravashesh-pratyakhyan*—abstaining completely from all the four kinds of food. (9) *Sanket-pratyakhyan*—abstainment done with specific signs or indications or that done with special resolves. (10) *Addha-pratyakhyan*—abstainment done for specific duration such as *Muhurt* (48 minutes), *Prahar* (three hours), etc.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१०२. दसविहा सामायारी पण्णत्ता, तं जहा-

इच्छा मिच्छा तहक्कारो, आवस्सिया य णिसीहिया।
आपुच्छणा य पडिपुच्छा, छंदणा य णिमंतणा॥
उवसंपया य काले, सामायारी दसवि हा उ॥१॥ (संग्रह-श्लोक)

१०२. सामाचारी दस प्रकार की है, जैसे-(१) इच्छा-**सामाचारी**-कार्य करने या कराने में इच्छाकार (आपकी इच्छा हो तो) का प्रयोग। (२) **मिच्छा-समाचारी**-भूल हो जाने पर मेरा दुष्कृत मिथ्या हो **मिच्छामि दुक्कडं** बोलना। (३) **तथाकार-समाचारी**-आचार्य के वचन को 'तह' त्ति कहकर स्वीकार करना। (४) **आवश्यक-समाचारी**-उपाश्रय से बाहर जाते समय आवस्सही 'आवश्यक कार्य के लिए जाता हूँ', ऐसा बोलकर जाना। (५) **नैषेधिकी-समाचारी**-कार्य से निवृत्त होकर के आने पर 'निसही' 'मैं निवृत्त होकर आया हूँ' ऐसा बोलकर उपाश्रय में प्रवेश करना। (६) **आपृच्छा-समाचारी**-किसी कार्य के लिए आचार्य से पूछकर जाना। (७) **प्रतिपृच्छा-समाचारी**-दूसरों का काम करने के लिए आचार्य आदि से पूछना। (८) **छन्दना-समाचारी**-आहार करने के लिए साधर्मिक साधुओं को बुलाना। (९) **निमंत्रणा-समाचारी**-'मैं आपके लिए आहारादि लाऊँ' इस प्रकार गुरुजनादि को निमंत्रित करना। (१०) **उपसंपदा-समाचारी**-ज्ञान, दर्शन और चारित्र की विशेष प्राप्ति के लिए कुछ समय तक दूसरे आचार्य के पास जाकर उनके समीप रहना। (विशेष वर्णन अनुयोगद्वारसूत्र भाग तथा उत्तराध्ययनसूत्र अ. २६ देखना चाहिए)।

102. *Samachari* (ascetic-behaviour) is of ten kinds—(1) *Iccha-samachari*—to seek permission for doing or getting done some work stating—If you desire so. (2) *Mithya-samachari*—to utter *michchhami dukkadam* (may my misdeed be undone) with a feeling of repentance for any misdeed committed. (3) *Tatha-samachari*—to assent the order or word of the preceptor by uttering *'tahat'*. (4) *Avashyaki*—to utter *avassahi* (I am going for some necessary work.) in order to inform the guru when going out for any necessary work. (5) *Naishedhiki-samachari*—to utter *nisahi* (I am relieved of the work.) in order to announce on return after doing some work and before entering the *upashraya*. (6) *Apricchaa-samachari*—to seek permission of the guru before doing any work. (7) *Pratiprichhaa-samachari*—to seek permission for doing some other person's work. (8) *Chhandana-samachari*—to offer acquired things including food to other ascetics of the group. (9) *Nimantrana-samachari*—to invite other ascetics of the group to partake in things to be acquired in future saying—May I bring this for you. (10) *Upasampad-samachari*—to go and stay with some other senior

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ascetic or guru for some time in order to acquire special expertise of knowledge, perception and conduct. *(for more details refer to Illustrated Anuyogadvara Sutra, part-1, aphorism-206 and Uttaradhyayan Ch. 26).*

दस महा स्वप्न पद (स्वप्न) DAS-MAHA-SVAPNA-PAD (SEGMENT OF TEN GREAT DREAMS)

DREAMS

१०३. (क) समणे भगवं महावीरे छउमत्थकालियाए अंतिमराइयंसि इमे दस महासुमिणे पासित्ता णं पडिबुद्धे, तं जहा–

(१) एगं च णं महं घोररूवदित्तधरं तालपिसायं सुमिणे पराजितं पासित्ता णं पडिबुद्धे। (२) एगं च णं महं सुक्किलपक्खगं पुंसकोइलगं सुमिणे पासित्ता णं पडिबुद्धे। (३) एगं च णं महं चित्तविचित्तपक्खगं पुंसकोइलं सुमिणे पासित्ता णं पडिबुद्धे। (४) एगं च णं महं दामदुगं सव्वरयणामयं सुमिणे पासित्ता णं पडिबुद्धे। (५) एगं च णं महं सेतं गोवग्गं सुमिणे पासित्ता णं पडिबुद्धे। (६) एगं च णं महं पउमसरं सव्वओ समंता कुसुमितं सुमिणे पासित्ता णं पडिबुद्धे। (७) एगं च णं महं सागरं उम्मी–वीची–सहस्सकलितं भुयाहिं तिण्णं सुमिणे पासित्ता णं पडिबुद्धे। (८) एगं च णं महं दिणयरं तेयसा जलंतं सुमिणे पासित्ता णं पडिबुद्धे। (९) एगं च णं महं हरि–वेरुलिय–वण्णाभेणं णियएणमंतेणं माणुसुत्तरं पव्वतं सव्वतो समंता आवेढियं परिवेढियं सुमिणे पासित्ता णं पडिबुद्धे। (१०) एगं च णं महं मंदरे पव्वते मंदरचूलियाए उवरिं सीहासणवरगयमत्ताणं सुमिणे पासित्ता णं पडिबुद्धे।

१०३. (क) श्रमण भगवान महावीर छद्मस्थ काल की अन्तिम रात्रि में (वैशाख शुक्ल नवमी की रात) इन दस महास्वप्नों को देखकर प्रतिबुद्ध हुए, जैसे–

(१) एक महान् घोर रूप वाले, दीप्तिमान् ताड़ वृक्ष जैसे लम्बे पिशाच को स्वप्न में पराजित किया, यह देखकर प्रतिबुद्ध हुए।

(२) एक महान् श्वेत पंख वाले पुंस्कोकिल को स्वप्न में देखकर प्रतिबुद्ध हुए।

(३) एक महान् चित्र–विचित्र पंखों वाले पुंस्कोकिल को स्वप्न में देखकर प्रतिबुद्ध हुए।

(४) सर्वरत्नमयी दो बड़ी मालाओं को स्वप्न में देखकर प्रतिबुद्ध हुए।

(५) एक महान् श्वेत गोवर्ग (गायों का समूह) को स्वप्न में देखकर प्रतिबुद्ध हुए।

(६) एक महान् सर्व ओर से प्रफुल्लित कमल वाले सरोवर को देखकर प्रतिबुद्ध हुए।

(७) एक महान्, छोटी–बड़ी लहरों से व्याप्त महासागर को स्वप्न में भुजाओं से पार किया हुआ देखकर प्रतिबुद्ध हुए।

(८) एक महान्, तेज से जाज्वल्यमान सूर्य को स्वप्न में देखकर प्रतिबुद्ध हुए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(९) एक महान् हरित और वैडूर्य वर्णवाले अपने आँत-समूह के द्वारा मानुषोत्तर पर्वत को सर्व ओर से आवेष्टित-परिवेष्टित किया हुआ स्वप्न में देखकर प्रतिबुद्ध हुए।

(१०) मन्दर-पर्वत पर मन्दर-चूलिका के ऊपर एक महान् सिंहासन पर अपने को स्वप्न में बैठा हुआ देखकर प्रतिबुद्ध हुए।

103. (a) Shraman Bhagavan Mahavir got enlightenment after seeing ten great dreams on the last night (*Vaishakh Shukla* ninth) of his *chhadmasth period* (while he was short of omniscience due to residual *karmic* bondage)—

(1) He got enlightened after seeing a dream that he has defeated a hideous and tall *Taal-pishach* (a demon).

(2) He got enlightened after seeing a *pumsakokil* (male cuckoo) with white feathers in a dream.

(3) He got enlightened after seeing *pumsakokil* (male cuckoo) with multi-coloured feathers in a dream.

(4) He got enlightened after seeing two large multi-gem bead strings in a dream.

(5) He got enlightened after seeing a large herd of white cows in a dream.

(6) He got enlightened after seeing a great pond filled with blooming lotus flowers in a dream.

(7) He got enlightened after seeing in a dream that he has swum across a great ocean filled with small and large waves.

(8) He got enlightened after seeing a brilliant and radiant sun in a dream.

(9) He got enlightened after seeing in a dream that he has encircled and enveloped the Manushottar mountain from all sides with his greenish cat's-eye colour intestines.

(10) He got enlightened after seeing in a dream that he is sitting on a great throne on the summit of the Mandar mountain.

१०३. स्वप्न-फल।

(ख) (१) जण्णं समणे भगवं महावीरे एगं च णं महं घोररूवदित्तधरं तालपिसायं सुमिणे पराजितं पासित्ता णं पडिबुद्धे, तण्णं समणेणं भगवता महावीरेणं मोहणिज्जे कम्मे मूलओ उग्घाइते।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२) जण्णं समणे भगवं महावीरे एगं च णं महं सुक्किलपक्खगं (पुंसकोइलगं सुमिणे पासित्ता णं) पडिबुद्धे, तण्णं समणे भगवं महावीरे सुक्कज्झाणोवगए विहरइ।

(३) जण्णं समणे भगवं महावीरे एगं च णं महं चित्तविचित्तपक्खगं (पुंसकोइलगं सुमिणे पासित्ता णं) पडिबुद्धे, तण्णं समणे भगवं महावीरे ससमय-परसमयियं चित्तविचित्तं दुवालसंगं गणिपिडगं आघवेति पण्णवेति परूवेति दंसेति णिदंसेति उवदंसेति, तं जहा-आयारं जाव दिट्ठिवायं।

(४) जण्णं समणे भगवं महावीरे एगं च णं महं दामदुगं सव्वरयणामय (सुमिणे पासित्ता णं) पडिबुद्धे, तण्णं समणे भगवं महावीरे दुविहं धम्मं पण्णवेति, तं जहा-अगारधम्मं च अणगारधम्मं च।

(५) जण्णं समणे भगवं महावीरे एगं च णं महं सेतं गोवग्गं सुमिणे (पासित्ता णं) पडिबुद्धे, तण्णं समणस्स भगवओ महावीरस्स चाउव्वण्णाइण्णे संघे, तं जहा-समणा, समणीओ, सावगा, साावियाओ।

(६) जण्णं समणे भगवं महावीरे एगं च णं महं पउमसरं (सव्वओ समंता कुसुमितं सुमिणे पासित्ता णं) पडिबुद्धे, तण्णं समणे भगवं महावीरे चउव्विहे देवे पण्णवेति, तं जहा-भवणवासी, वाणमंतरे, जोइसिए, वेमाणिए।

(७) जण्णं समणे भगवं महावीरे एगं च णं महं सागरं उम्मी-वीची-(सहस्स-कलितं भुयाहिं तिण्णं सुमिणे पासित्ता णं) पडिबुद्धे, तं णं समणेणं भगवता महावीरेणं अणादिए अणवदग्गे दीहमद्धे चाउरंते संसारकंतारे तिण्णे।

(८) जण्णं समणे भगवं महावीरे एगं च णं महं दिणयरं (तेयसा जलंतं सुमिणे पासित्ता णं) पडिबुद्धे, तण्णं समणस्स भगवओ महावीरस्स अणंते अणुत्तरे (णिव्वाघाए णिरावरणे कसिणे पडिपुण्णे केवलवरणाणदंसणे) समुप्पण्णे।

(९) जण्णं समणे भगवं महावीरे एगं च णं महं हरि-वेरुलिय (वण्णाभेणं णियएणमंतेणं माणुसुत्तरं पव्वतं सव्वतो समंता आवेढियं परिवेढियं सुमिणे पासित्ता णं) पडिबुद्धे, तण्णं समणस्स भगवतो महावीरस्स सदेवमणुयासुरलोगे उराला कित्ति-वण्ण-सद्द-सिलोगा परिगुव्वंति-इति खलु समणे भगवं महावीरे, इति खलु समणे भगवं महावीरे।

(१०) जण्णं समणे भगवं महावीरे एगं च णं महं मंदरे पव्वते मंदरचूलियाए उवरिं (सीहासणवरगयमत्ताणं सुमिणे पासित्ता णं) पडिबुद्धे, तण्णं समणे भगवं महावीरे सदेवमणुयासुराए परिसाए मज्झगते केवलिपण्णत्तं धम्मं आघवेति पण्णवेति (परूवेति दंसेति णिदंसेति) उवदंसेति।

१०३. स्वप्न-फल

(ख) (१) श्रमण भगवान महावीर महान् घोर रूप वाले दीप्तिमान् एक ताल पिशाच को स्वप्न में पराजित हुआ देखकर प्रतिबुद्ध हुए। उसके फलस्वरूप श्रमण भगवान महावीर ने मोहनीय कर्म को मूल से उखाड़ फेंका।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२) श्रमण भगवान महावीर श्वेत पंखों वाले एक महान् पुंस्कोकिल को स्वप्न में देखकर प्रतिबुद्ध हुए। उसके फलस्वरूप श्रमण भगवान महावीर शुक्लध्यान को प्राप्त होकर विचरने लगे।

(३) श्रमण भगवान महावीर चित्र-विचित्र पंखों वाले एक महान् पुंस्कोकिल को स्वप्न में देखकर प्रतिबुद्ध हुए। उसके फलस्वरूप श्रमण भगवान महावीर ने स्व-समय और पर-समय का निरूपण करने वाले द्वादशांग गणिपिटक का व्याख्यान किया, प्रज्ञापन किया, प्ररूपण किया, दर्शन, निदर्शन और उपदर्शन कराया। वह द्वादशांग गणिपिटक आचारांग से यावत् दृष्टिवाद तक का है।

(४) श्रमण भगवान महावीर सर्वरत्नमय दो बड़ी मालाओं को स्वप्न में देखकर प्रतिबुद्ध हुए। उसके फलस्वरूप श्रमण भगवान महावीर ने दो प्रकार के धर्म की प्ररूपणा की। जैसे- अगारधर्म (श्रावकधर्म) और अनगार धर्म (साधुधर्म)।

(५) श्रमण भगवान महावीर एक महान् श्वेत गोवर्ग को स्वप्न में देखकर प्रतिबुद्ध हुए। उसके फलस्वरूप श्रमण भगवान महावीर का चार वर्ण से व्याप्त संघ हुआ। जैसे- (१) श्रमण, (२) श्रमणी, (३) श्रावक, (४) श्राविका।

(६) श्रमण भगवान महावीर सर्व ओर से प्रफुल्लित कमलों वाले एक महान् सरोवर को स्वप्न में देखकर प्रतिबुद्ध हुए। उसके फलस्वरूप श्रमण भगवान महावीर ने चार प्रकार के देवों की प्ररूपणा की। जैसे-(१) भवनवासी, (२) वानव्यन्तर, (३) ज्योतिष्क और (४) वैमानिक।

(७) श्रमण भगवान महावीर में एक महान् छोटी-बड़ी लहरों से व्याप्त महासागर को स्वप्न में भुजाओं से पार किया हुआ देखकर प्रतिबुद्ध हुए, उसके फलस्वरूप श्रमण भगवान महावीर ने अनादि, अनन्त, प्रलम्ब और चार अन्त (गति) वाले संसार रूपी कान्तार (महावन) या भवसागर को पार किया।

(८) श्रमण भगवान महावीर तेज से जाज्वल्यमान एक महान् सूर्य को स्वप्न में देखकर प्रतिबुद्ध हुए। उसके फलस्वरूप श्रमण भगवान महावीर को अनन्त, अनुत्तर, निर्व्याघात, निरावरण, पूर्ण, प्रतिपूर्ण केवलज्ञान और केवलदर्शन प्राप्त हुआ।

(९) श्रमण भगवान महावीर हरित और वैडूर्य वर्ण वाले अपने आँत-समूह के द्वारा मानुषोत्तर पर्वत को सर्व ओर से आवेष्टित-परिवेष्टित किया हुआ स्वप्न में देखकर प्रतिबुद्ध हुए। उसके फलस्वरूप श्रमण भगवान महावीर की देव, मनुष्य और असुरों के लोक में उदार, कीर्त्ति, वर्ण, शब्द और श्लाघा व्याप्त हुई कि श्रमण भगवान महावीर ऐसे महान् हैं, श्रमण भगवान महावीर ऐसे महान् हैं, इस प्रकार से उनका यश तीनों लोकों में फैल गया।

(१०) श्रमण भगवान महावीर मन्दर-पर्वत पर मन्दर-चूलिका के ऊपर एक महान् सिंहासन पर अपने को स्वप्न में बैठा हुआ देखकर प्रतिबुद्ध हुए। उसके फलस्वरूप श्रमण भगवान महावीर ने देव, मनुष्यों और असुरों की परिषद् के मध्य में विराजमान होकर केवलि-प्रज्ञप्त धर्म का आख्यान किया, प्रज्ञापन किया, प्ररूपण किया, दर्शन, निदर्शन और उपदर्शन कराया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

103. (b) (1) He got enlightened after seeing a dream that he has defeated a hideous and tall Taal-pishach (a demon). This manifested in Shraman Bhagavan Mahavir uprooting and destroying *Mohaniya karma*.

(2) He got enlightened after seeing a pumsakokil (male cuckoo) with white feathers in a dream. This manifested in Shraman Bhagavan Mahavir attaining *Shukla dhyan* (purest of attitude and feelings) and moving about.

(3) He got enlightened after seeing pumsakokil (male cuckoo) with multi-coloured feathers in a dream. This manifested in Shraman Bhagavan Mahavir stating (*vyakhyan*), propagating (*prajnapan*), detailing (*prarupan*), explaining (*darshan*), clarifying (*nidarshan*) and simplifying (*upadarshan*) multifaceted knowledge in the shape of *Dvadashang Ganipitak* (twelve limbed canon) from *Acharanga* to *Drishtivad*.

(4) He got enlightened after seeing two large multi-gem bead strings in a dream. This manifested in Shraman Bhagavan Mahavir preaching two way religion—*Agaar dharma* (conduct of laity) and *Anagaar dharma* (conduct of ascetics).

(5) He got enlightened after seeing a large herd of white cows in a dream. This manifested in Shraman Bhagavan Mahavir having a large four limbed religious organization including *Shraman, Shramani, Shravak* and *Shravika*.

(6) He got enlightened after seeing a great pond filled with blooming lotus flowers in a dream. This manifested in Shraman Bhagavan Mahavir having four kinds of gods in his attendance—*Bhavanavasi, Vaanavyantar, Jyotishk* and *Vaimanik*.

(7) He got enlightened after seeing in a dream that he has swum across a great ocean filled with small and large waves. This manifested in Shraman Bhagavan Mahavir crossing the great forest or ocean of beginningless, endless and extensive cycles of rebirth in four genuses.

(8) He got enlightened after seeing a brilliant and radiant sun in a dream. This manifested in Shraman Bhagavan Mahavir attaining infinite, matchless, uninterrupted, unveiled, full and complete *Keval Darshan* and *Keval Jnana* (omniscience).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(9) He got enlightened after seeing in a dream that he has encircled and enveloped the Manushottar mountain from all sides with his greenish cat's-eye colour intestines. This manifested in Shraman Bhagavan Mahavir's pious, glory and utterance, glow and fame enveloping the realms of gods, humans and demons. 'Shraman Bhagavan Mahavir is so great ! Shraman Bhagavan Mahavir is so great !' this way his fame spread in three worlds.

(10) He got enlightened after seeing in a dream that he is sitting on a great throne on the summit of the Mandar mountain. This manifested in Shraman Bhagavan Mahavir sitting in the assembly of gods, humans and demons and stating (*vyakhyan*), propagating (*prajnapan*), detailing (*prarupan*), explaining (*darshan*), clarifying (*nidarshan*) and simplifying (*upadarshan*) the sermon of the omniscient.

सम्यक्त्व-पद SMAYAKTVA-PAD (SEGMENT OF RIGHTEOUSNESS)

१०४. दसविधे सरागसम्मद्दंसणे पण्णत्ते, तं जहा-

णिसग्गुवएसरुई, आणारुई सुत्तबीयरुइमेव।
अभिगम वित्थाररुई, किरिया-संखेव-धम्मरुई॥१॥ (संग्रहणी गाथा)

१०४. सराग सम्यग्दर्शन दस प्रकार का है, जैसे-(१) **निसर्गरुचि**-बिना किसी बाह्य निमित्त से उत्पन्न हुआ। (२) **उपदेशरुचि**-गुरु आदि के उपदेश से उत्पन्न हुआ। (३) **आज्ञारुचि**-अर्हत्-प्रज्ञप्त सिद्धान्त से उत्पन्न हुआ सम्यग्दर्शन। (४) **सूत्ररुचि**-सूत्र-ग्रन्थों के अध्ययन से उत्पन्न हुआ। (५) **बीजरुचि**-बीज की तरह अनेक अर्थों के बोधक एक ही वचन के मनन से उत्पन्न हुआ। (६) **अभिगमरुचि**-सूत्रों के विस्तृत अर्थ से उत्पन्न हुआ। (७) **विस्ताररुचि**-प्रमाण-नय के विस्तारपूर्वक अध्ययन से उत्पन्न हुआ। (८) **क्रियारुचि**-धार्मिक-क्रियाओं के अनुष्ठान से उत्पन्न हुआ सम्यग्दर्शन। (९) **संक्षेपरुचि**-संक्षेप से कुछ धर्म-पदों के सुनने मात्र से उत्पन्न हुआ। (१०) **धर्मरुचि**-श्रुतधर्म और चारित्र धर्म के श्रद्धान से उत्पन्न हुआ। *(देखें उत्तरा. अ. २८ गा. १६ से २७ तक)*

104. *Sarag samyagdarshan* (righteousness of the attached) is of ten kinds—(1) *Nisarg-ruchi*—acquired without any outside help. (2) *Upadesh-ruchi*—acquired through teachings of a *guru*. (3) *Ajna-ruchi*—acquired through the doctrines of *Arhat*. (4) *Sutra-ruchi*—acquired through study of scriptures. (5) *Beej-ruchi*—acquired through contemplation of just one seed-like phrase conveying numerous meanings. (6) *Abhigam-ruchi*—acquired through study of elaboration of aphoristic scriptures. (7) *Vistaar-ruchi*—acquired through detailed study of logics (*praman* and *naya*). (8) *Kriya-ruchi*—acquired through indulgence in religious rituals and

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

activities. (9) *Sankshep-ruchi*—acquired through listening to brief religious texts. (10) *Dharma-ruchi*—acquired through faith in ascetic religion and conduct. *(see Uttaradhyayan Sutra 28/16-27)*

संज्ञा-पद SANJNA-PAD (SEGMENT OF DESIRE)

१०५. दस सण्णाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—आहारसण्णा, (भयसण्णा, मेहुणसण्णा), परिग्गहसण्णा, कोहसण्णा, (माणसण्णा, मायासण्णा), लोभसण्णा, लोगसण्णा, ओहसण्णा।

१०५. संज्ञाएँ दस प्रकार की हैं, जैसे-(१) आहारसंज्ञा, (२) भयसंज्ञा, (३) मैथुनसंज्ञा, (४) परिग्रहसंज्ञा, (५) क्रोधसंज्ञा, (६) मानसंज्ञा, (७) मायासंज्ञा, (८) लोभसंज्ञा, (९) लोकसंज्ञा (विशेष ज्ञानोपयोग), (१०) ओघसंज्ञा (कुछ लोग इसे छठी इन्द्रिय ज्ञानेन्द्रिय अथवा इ-एस-पी. एक्स्ट्रा सेन्सरी पसेप्सन भी कहते हैं।)

105. *Sanjna* (desires) are of ten kinds—(1) *ahar-sanjna* (desire for food), (2) *bhaya-sanjna* (desire to run away from fear), (3) *maithun-sanjna* (desire for sex), (4) *parigraha-sanjna* (desire for possessions), (5) *krodh-sanjna* (tendency of anger), (6) *maan-sanjna* (tendency of conceit), (7) *maaya-sanjna* (tendency of deceit), (8) *lobh-sanjna* (tendency of greed) (9) *Lok-sanjna* (general knowledge) and (10) *Ogh-sanjna* (unusual awareness; some people call it sixth sense or ESP/extra sensory perception).

१०६. णेरइयाणं दस सण्णाओ एवं चेव। १०७. एवं निरंतरं जाव वेमाणियाणं।

१०६. इसी प्रकार नारकों के दस संज्ञाएँ हैं। १०७. इसी प्रकार वैमानिकों तक सभी दण्डक वाले जीवों को दस-दस संज्ञाएँ हैं।

106. In the same way *naaraks* (infernal beings) also have ten *sanjnas*. **107.** In the same way all beings of all *dandaks* up to *Vaimaniks* also have ten *sanjnas* each.

वेदना-पद VEDANA-PAD (SEGMENT OF PAIN)

१०८. णेरइया णं दसविधं वेयणं पच्चणुभवमाणा विहरंति, तं जहा—सीतं, उसिणं, खुधं, पिवासं, कंडुं, परज्झं, भयं, सोगं, जरं, वाहिं।

१०८. नारक जीव दस प्रकार की वेदनाओं का अनुभव करते रहते हैं, जैसे-(१) शीत वेदना, (२) उष्ण वेदना, (३) क्षुधा वेदना, (४) पिपासा वेदना, (५) कण्डू वेदना (खुजली का कष्ट), (६) परजन्यवेदना (परतंत्रता का या परजनित कष्ट), (७) भय वेदना, (८) शोक वेदना, (९) जरा वेदना, (१०) व्याधि वेदना। (जहाँ शीत वेदना होती है, वहाँ उष्ण नहीं, जहाँ उष्ण वेदना होती है, वहाँ शीत नहीं होती)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

108. *Naarak jiva* (infernal beings) suffer ten kinds of vedana (pain)—(1) *Sheet vedana* (suffering of cold), (2) *Ushna vedana* (suffering of heat), (3) *Kshudha vedana* (suffering of hunger), (4) *Pipasa vedana* (suffering of thirst), (5) *Kandu vedana* (suffering of itching), (6) *Parajanya vedana* (suffering of dependence or suffering caused by others), (7) *Bhaya vedana* (suffering of fear), (8) *Shoak vedana* (suffering of grief), (9) *Jara vedana* (suffering of dotage) and (10) *Vyadhi vedana* (suffering of disease).

छद्मस्थ-पद CHHADMASTH-PAD (SEGMENT OF CHHADMASTH)

१०९. दस ठाणाइं छउमत्थे सव्वभावेणं ण जाणति ण पासति, तं जहा—धम्मत्थिकायं, (अधम्मत्थिकायं, आगासत्थिकायं, जीवं असरीरपडिबद्धं परमाणुपोग्गलं, सद्दं, गंधं), वातं, अयं जिणे भविस्सति वा ण वा भविस्सति, अयं सव्वदुक्खाणमंतं करेस्सति वा ण वा करेस्सति।

एताणि चेव उप्पण्णणाणदंसणधरे अरहा (जिणे केवली सव्वभावेणं जाणइ पासइ, तं जहा—धम्मत्थिकायं जाव अयं सव्वदुक्खाणमंतं करेस्सति वा ण वा करेस्सति।

१०९. छद्मस्थ आत्मा दस पदार्थों को सम्पूर्ण रूप से न जानता है, और न देखता है, जैसे—(१) धर्मास्तिकाय, (२) अधर्मास्तिकाय, (३) आकाशास्तिकाय, (४) शरीरमुक्त जीव, (५) परमाणु-पुद्गल, (६) शब्द, (७) गन्ध, (८) वायु, (९) यह जिन होगा, या नहीं, (१०) यह सभी दुःखों का अन्त करेगा या नहीं।

किन्तु विशिष्ट ज्ञान और दर्शन के धारक अर्हत्, जिन, केवली उन्हीं दस पदार्थों को सम्पूर्ण रूप से जानते-देखते हैं, जैसे-(१) धर्मास्तिकाय, (२) अधर्मास्तिकाय, (३) आकाशास्तिकाय, (४) शरीरमुक्त जीव, (५) परमाणु-पुद्गल, (६) शब्द, (७) गन्ध, (८) वायु, (९) यह जिन होगा, या नहीं, (१०) यह सभी दुःखों का अन्त करेगा या नहीं।

109. A *chhadmasth* (a person in state of karmic bondage) person cannot see or know ten things fully (all their possible modes)—(1) *Dharmastikaya* (motion entity), (2) *Adharmastikaya* (inertia entity), (3) *Akashastikaya* (space entity), (4) disembodied soul, (5) ultimate particle of matter, (6) *shabd* (sound), (7) *Gandh* (smell), (8) *Vaayu* (air), (9) he will become a *jina* or not and (10) he will end all misery or not.

An *Arhat, Jina*, and *Kevali* endowed with right knowledge and perception see and know fully (all their possible modes) these five things—(1) *Dharmastikaya* (motion entity), (2) *Adharmastikaya* (inertia entity), (3) *Akashastikaya* (space entity), (4) disembodied soul, (5) ultimate particle of matter, (6) *shabd* (sound), (7) *Gandh* (smell), (8) *Vaayu* (air), (9) he will become a *jina* or not and (10) he will end all misery or not.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

११०. दस दसाओ पण्णत्ताओ, तं जहा–कम्मविवागदसाओ, उवासगदसाओ, अंतगडदसाओ, अणुत्तरोववाइयदसाओ, आयारदसाओ, पण्हावागरणदसाओ, बंधदसाओ, दोगिद्धिदसाओ, दीहदसाओ, संखेवियदसाओ।

११०. दस दशा (अध्ययन) वाले दस आगम हैं, जैसे–(१) कर्मविपाकदशा, (२) उपासकदशा, (३) अन्तकृत्दशा, (४) अनुत्तरोपपातिकदशा, (५) आचारदशा (दशाश्रुतस्कन्ध), (६) प्रश्नव्याकरणदशा, (७) बन्धदशा, (८) द्विगृद्धिदशा, (९) दीर्घदशा, (१०) संक्षेपकदशा।

110. There are ten *Agams* with ten *dasha* (chapters) each—(1) *Karmavipaak Dasha*, (2) *Upasak Dasha*, (3) *Antakrit Dasha*, (4) *Anuttaropapatik Dasha*, (5) *Achaar Dasha*, (*Dashashrutskandh*), (6) *Prashnavyakaran Dasha*, (7) *Bandh Dasha*, (8) *Dvigriddhi Dasha*, (9) *Deergh Dasha* and (10) *Sankshepak Dasha*.

विवेचन–'दशा' शब्द तीन अर्थों का सूचक है। जिन-जिन सूत्रों के दस अध्ययन हैं वे। जो विशेष 'दशा' अवस्थाओं के प्रतिपादक है तथा जिन सूत्रों में दस-दस अधिकारों का वर्णन है, उन शास्त्रों का नाम 'दशा' है।

Elaboration—The term *dasha* conveys three meanings. The scriptures that have ten chapters; those that discuss special conditions (*dasha*); and those that have ten *adhikars* or sections are all called *dasha*.

१११. कम्मविवागदसाणं दस अज्झयणा पण्णत्ता, तं जहा–

मियापुत्ते य गोत्तासे, अंडे सगडेति यावरे।
माहणे णंदिसेणे, सोरिए य उदुंबरे॥
सहसुद्दाहे आमलए,–कुमारे लेच्छई इति॥१॥

१११. कर्मविपाकदशा–विपाक श्रुत के प्रथम श्रुतस्कंध के दस अध्ययन हैं, जैसे–(१) मृगापुत्र, (२) गोत्रास, (३) अण्ड, (४) शकट, (५) ब्राह्मण, (६) नन्दिषेण, (७) शौरिक, (८) उदुम्बर, (९) सहस्रोद्दाह आमरक, (१०) कुमारलिच्छवी।

111. The first part of *Karmavipaak Dasha* (*Vipaak Shrut*) has ten chapters—(1) *Mrigaputra*, (2) *Gotraas*, (3) *Anda*, (4) *Shakat*, (5) *Brahman*, (6) *Nandishen*, (7) *Shaurik*, (8) *Udumbar*, (9) *Sahasroddaha Aamarak* and (10) *Kumar Lichchhivi*.

विवेचन–उल्लिखित सूत्र में गिनाए गये अध्ययन दुःखविपाक के हैं, किन्तु इन नामों में और वर्तमान में प्रचलित नामों में निम्न अन्तर है–९ देवदत्ता, १० अंजू।

Elaboration—These chapters are from *Duhkha Vipaak*. The last two names in modern editions are different—(9) *Devadatta* and (10) *Anju*.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

११२. उवासगदसाणं दस अज्झयणा पण्णत्ता, तं जहा–

आणंदे कामदेवे आ, गाहावतिचूलणीपिता।
सुरादेवे चुल्लसतए, गाहावतिकुंडकोलिए॥
सद्दालपुत्ते महासतए, णंदिणीपिया लेइयापिता॥१॥

११२. उपासकदशा के दस अध्ययन हैं, जैसे–(१) आनन्द, (२) कामदेव, (३) गृहपति चूलिनीपिता, (४) सुरादेव, (५) चुल्लशतक, (६) गृहपति कुण्डकोलिक, (७) सद्दालपुत्र, (८) महाशतक, (९) नन्दिनीपिता, (१०) लेयिका (सालिही) पिता।

112. There are ten chapters in *Upasak Dasha*—(1) *Anand*, (2) *Kaam Deva*, (3) *Grihapati Chulinipita*, (4) *Suradeva*, (5) *Chullashatak*, (6) *Grihapati Kundakolik*, (7) *Saddalaputra*, (8) *Mahashatak*, (9) *Nandinipita* and (10) *Leyika* (*Salihi*) *pita*.

११३. अंतगडदसाणं दस अज्झयणा पण्णत्ता, तं जहा–

णमि मातंगे सोमिले, रामगुत्ते सुदंसणे चेव।
जमाली य भगाली य, किंकसे चिल्लए ति य॥
फाले अंबडपुत्ते य एमेते दस आहिता॥१॥

११४. अणुत्तरोववातियदसाणं दस अज्झयणा पण्णत्ता, तं जहा–

इसिदासे य धण्णे य, सुणक्खत्ते कातिए ति य।
संठाणे सालिभद्दे य, आणंदे तेतली ति य॥
दसण्णभद्दे अतिमुत्ते, एमेते दस आहिया॥१॥

११३. अन्तकृत्दशा के दस अध्ययन हैं, जैसे–(१) नमि, (२) मातंग, (३) सोमिल, (४) रामगुप्त, (५) सुदर्शन, (६) जमाली, (७) भगाली, (८) किंकष, (९) चिल्यक फाल. (१०) अम्बडपुत्र।

११४. अनुत्तरोपपातिकदशा के दस अध्ययन हैं, जैसे–(१) ऋषिदास, (२) धन्य, (३) सुनक्षत्र, (४) कार्तिक, (५) संस्थान, (६) शालिभद्र, (७) आनन्द, (८) तेतली, (९) दशार्णभद्र, (१०) अतिमुक्त।

113. There are ten chapters in *Antakrit Dasha*—(1) *Nami*; (2) *Matang*, (3) *Somil*, (4) *Ramagupta*, (5) *Sudarshan*, (6) *Jamali*, (7) *Bhagali*, (8) *Kinkash*, (9) *Chilvak Phaal* and (10) *Ambadaputra*.

114. There are ten chapters in *Anuttaropapatik Dasha*—(1) *Rishidas*, (2) *Dhanya*, (3) *Sunakshatra*, (4) *Kartik*, (5) *Samsthan*, (6) *Shalibhadra*, (7) *Anand*, (8) *Tetali*, (9) *Dasharnabhadra* and (10) *Atimukta*.

विवेचन–सूत्र ११३-११४ में अन्तकृद्दशा तथा अनुत्तरोपपातिक दशा के नाम और गणना में अन्तर है। इसका कारण वाचना-भेद हो सकता है। वर्तमान में प्रचलित नाम आदि के लिए मूल सूत्र देखें।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Elaboration—There are variations in the names in *Antakrit Dasha* and *Anuttaropapatik Dasha*. This could be due to variant readings of original texts. For present names refer to the available editions.

११५. आयारदसाणं दस अज्झयणा पण्णत्ता, तं जहा—वीसं असमाहिट्ठाणा, एगवीसं सबला, तेत्तीसं आसायणाओ, अट्ठविहा गणिसंपया, दस चित्तसमाहिट्ठाणा, एगारस उवासगपडिमाओ, बारस भिक्खुपडिमाओ, पज्जोसवणाकप्पो, तीसं मोहणिज्जट्ठाणा, आजाइट्ठाणं।

११५. आचारदशा (दशाश्रुतस्कन्ध) के दस अध्ययन हैं–(१) बीस असमाधिस्थान, (२) इक्कीस शबलदोष, (३) तेतीस आशातना, (४) अष्टविध गणिसम्पदा, (५) दस चित्त समाधिस्थान, (६) ग्यारह उपासकप्रतिमा, (७) बारह भिक्षुप्रतिमा, (८) पर्युषणाकल्प, (९) तीस मोहनीयस्थान, (१०) आजातिस्थान।

115. There are ten chapters in *Achaar Dasha* (*Dashashrutskandh*)—(1) Twenty *Asamadhisthaan*, (2) Twenty one *Shabal Dosh*, (3) Thirty three *Ashatana*, (4) *Ashtavidh Ganisampada*, (5) Ten *Chittasamadhi Sthaan*, (6) Eleven *Upasak Pratima*, (7) Twelve *Bhikshu Pratima*, (8) *Paryushana Kalp*, (9) Thirty *Mohaniya Sthaan* and (10) *Ajaitshtaan*.

११६. पण्हावागरणदसाणं दस अज्झयणा पण्णत्ता, तं जहा—उवमा, संखा, इसिभासियाइं, आयरियभासियाइं, महावीरभासिआइं, खोमगपसिणाइं, कोमलपसिणाइं अद्दागपसिणाइं, अंगुट्ठपसिणाइं, बाहुपसिणाइं।

११६. प्रश्नव्याकरणदशा के दस अध्ययन हैं, जैसे–(१) उपमा, (२) संख्या, (३) ऋषिभासित, (४) आचार्यभाषित, (५) महावीरभाषित, (६) क्षौमकप्रश्न, (७) कोमलप्रश्न, (८) आदर्शप्रश्न, (९) अंगुष्ठप्रश्न, (१०) बाहुप्रश्न।

116. There are ten chapters in *Prashnavyakaran Dasha*—(1) *Upama*, (2) *Sankhya*, (3) *Rishibhashit*, (4) *Acharyabhashit*, (5) *Mahavir Bhashit*, (6) *Kshaumak Prashna*, (7) *Komal Prashna*, (8) *Adarsh Prashna*, (9) *Angushtha Prashna* and (10) *Bahu Prashna*.

विवेचन–प्रश्नव्याकरण के दस अध्ययनों का वर्णन जो यहाँ दिया है उनका वर्तमान में उपलब्ध प्रश्नव्याकरण से कुछ भी सम्बन्ध नहीं प्रतीत होता। सम्भव है कि मूल प्रश्नव्याकरण में नाना विद्याओं और मंत्रों का निरूपण था, अतएव उसका किसी समय विच्छेद हो गया और उसकी स्थानपूर्ति के लिए नवीन प्रश्नव्याकरण की रचना की गई हो, जिसमें पाँच आस्रवों और पाँच संवरों का विस्तृत वर्णन है। यह रचना कब किसने की यह प्रश्न विचारणीय है।

Elaboration—The names of ten chapters of *Prashnavyakaran* mentioned here have no resemblance with the names in the available editions. It is possible that original *Prashnavyakaran* dealt with a

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

variety of special powers and mantras and that became extinct at some point of time. In order to fill the void a new book with the same name could have been written where the subject matter is five *Asravas* and five *Samvars*. When and by whom this new work was written is a matter of research.

११७. बंधदसाणं दस अज्झयणा पण्णत्ता, तं जहा–

बंधे य मोक्खे य देवड्ढि, दसारमंडलेवि य।

आयरियविप्पडिवत्ती, उवज्झायविप्पडिवत्ती, भावणा, विमुत्ती, सातो, कम्मे।

११७. बन्धदशा के दस अध्ययन हैं, जैसे–(१) बन्ध, (२) मोक्ष, (३) देवर्धि, (४) दशारमण्डल, (५) आचार्य–विप्रतिपत्ति, (६) उपाध्याय–विप्रतिपत्ति, (७) भावना, (८) विमुक्ति, (९) सात, (१०) कर्म।

117. There are ten chapters in *Bandh Dasha*—(1) *Bandh*, (2) *Moksha*, (3) *Devardhi*, (4) *Dashaar Mandal*, (5) *Acharya-vipratipatti*, (6) *Upadhyaya-vipratipatti*, (7) *Bhaavana*, (8) *Vimukti*, (9) *Saat* and (10) *Karma*.

११८. दोगेद्धिदसाणं दस अज्झयणा पण्णत्ता, तं जहा–वाए, विवाए, उववाते, सुखेत्ते, कसिणे, बायालीसं सुमिणा, तीसं महासुमिणा, बावत्तरि सव्वसुमिणा।

हारे रामगुत्ते य, एमेते दस आहिता।

११८. द्विगृद्धिदशा के दस अध्ययन हैं, जैसे–(१) वाद, (२) विवाद, (३) उपपात, (४) सुक्षेत्र, (५) कृत्स्न, (६) बयालीस स्वप्न, (७) तीस महास्वप्न, (८) बहत्तर सर्वस्वप्न, (९) हार, (१०) रामगुप्त।

118. There are ten chapters in *Dvigriddhi Dasha*—(1) *Vaad*, (2) *Vivaad*, (3) *Upapat*, (4) *Sukshetra*, (5) *Kritsna*, (6) Forty two dreams, (7) Thirty great dreams, (8) Seventy two dreams in total, (9) *Haar* and (10) *Ramagupta*.

११९. दीहदसाणं दस अज्झयणा पण्णत्ता, तं जहा–

चंदे सूरे य सुक्के य, सिरिदेवी पभावती।
दीवसमुद्दोववत्ती बहूपत्ती मंदरेति य॥
थेरे संभूतिविजए य, थेरे पम्ह ऊसासणीसासे॥१॥

११९. दीर्घदशा के दस अध्ययन हैं, जैसे–चन्द्र, (२) सूर्य, (३) शुक्र, (४) श्रीदेवी, (५) प्रभावती, (६) द्वीप–समुद्रोपपत्ति, (७) बहुपुत्री मन्दरा, (८) स्थविर सम्भूतविजय, (९) स्थविर पक्ष्म, (१०) उच्छ्वास–निःश्वास।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

119. There are ten chapters in *Deergh Dasha*—(1) *Chandra*, (2) *Surya*, (3) *Shukra*, (4) *Shridevi*, (5) *Prabhavati*, (6) *Dveep-samudrotpatti*, (7) *Bahuputri Mandara*, (8) *Sthavir Smbhuavijaya*, (9) *Sthavir Pakshma* and (10) *Uchchhavaas-nihshvaas*.

१२०. संखेवियदसाणं दस अज्झयणा पण्णत्ता, तं जहा–खुड्डिया विमाणपविभत्ती, महल्लिया विमाणपविभत्ती, अंगचूलिया, वग्गचूलिया, विवाहचूलिया, अरुणोववाते, वरुणोववाते, गरुलोववाते, वेलंधरोववाते, वेसमणोववाते।

१२०. संक्षेपिकदशा के दस अध्ययन हैं, जैसे–(१) क्षुल्लिकाविमानप्रविभक्ति, (२) महतीविमानप्रविभक्ति, (३) अंगचूलिका (आचार आदि अंगों की चूलिका), (४) वर्गचूलिका (अन्तकृत्दशा की चूलिका), (५) विवाहचूलिका (व्याख्याप्रज्ञप्ति की चूलिका), (६) अरुणोपपात, (७) वरुणोपपात, (८) गरुडोपपात, (९) वेलंधरोपपात, (१०) वैश्रमणोपपात।

120. There are ten chapters in *Sankshepak Dasha*—(1) *Kshullikavimaan-pravibhakti*, (2) *Mahativimaan-pravibhakti*, (3) *Angachulika* (Appendix of *Angas* including *Achaaranga*), (4) *Vargachulika* (Appendix of *Antakriddasha*), (5) *Vivahachulika* (Appendix of *Vyakhyaprajnapti*), (6) *Arunopapat*, (7) *Varunopapat*, (8) *Garudopapat*, (9) *Velandharopapat* and (10) *Vaishramanopapat*.

विवेचन–सूत्र ११७-१२० तक में कथित दशाओं के विषय में–**बंधदशा**–बन्ध एवं मोक्ष आदि को बतलाने वाली जो दशाएँ हैं, वे बंधदशा कहलाती हैं। वह दशा वर्तमान में अनुपलब्ध है, किन्तु आचारांगसूत्र के २४वें और २५वें अध्ययन का नाम भावना और विमुक्ति है। उनका स्वरूप और विषय गुरु परम्परा से जानना चाहिए।

द्विगृद्धिदसा–वह दशा भी वर्तमान मे अनुपलब्ध है, किन्तु भगवती सूत्र के १६वें शतक में एक स्वप्न उद्देशक देखा जाता है। उसमें स्वप्नों का विस्तृत वर्णन है।

दीर्घदशा–यह दशा भी स्वरूप से अवगत नहीं है। फिर भी इसके कितनेक अध्यय निरयावलिका में देखने को मिलते हैं, जैसे कि–चन्द्र, सूर्य, शुक्र और बहुपुत्रिका। ये चार अध्ययन पुष्पिता नामक सूत्र के तीसरे वर्ग में हैं। श्रीदेवी नाम का अध्ययन पुष्पचूलिका नामक चौथे वर्ग में है। शेष अध्ययन कहीं पर भी उपलब्ध नहीं है।

संक्षेपिक दशा–यह दशा भी वर्तमान में अनुपलब्ध है, फिर भी नन्दीसूत्र के टीकाकार आचार्य मलयगिरि ने इस विषय में कुछ वर्णन किया है जैसे–क्षुल्लिका विमान–प्रविभक्ति में आवलिका–प्रविष्ट विमानों तथा पुष्पावकीर्ण लघु विमानों का वर्णन है। महती विमान–प्रविभक्ति में आवलिका प्रविष्ट बड़े विमानों का वर्णन है। अंग सूत्रों पर जो चूलिकाएँ हैं, उनका वर्णन जिस अंग में है, वह अंगचूलिका कहलाता है, जैसेकि आचारांगचूलिका इत्यादि। जिसमें वर्गों का वर्णन हो, उसे वर्गचूलिका कहते हैं, जैसे कि ज्ञाता धर्मकथा के दूसरे श्रुतस्कन्ध में वर्ग हैं। अध्ययनों के समूह को वर्ग कहते हैं। व्याख्याचूलिका–

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यह भगवती सूत्र की चूलिका है। इन पाँचों दशाओं का ग्यारह वर्ष की संयम पर्याय वाला मुनि ही अध्ययन कर सकता है। *(व्यवहार भाष्य १०/२६)*

अरुणोपपात में अरुण नामक देव के उपपात का वर्णन है। जब कोई साधु इस सूत्र का अध्ययन उपयोग पूर्वक परावर्तन करता है, अरुण देव उसके समक्ष उपस्थित हो जाता है।

नन्दीचूर्णि में एक प्रसंग है–एक बार एक श्रमण अरुणोपपात ग्रन्थ का परावर्तन कर रहा था। उस समय अरुणदेव का आसन चलित हुआ। उसने अवधिज्ञान से देखा और शीघ्र अपने दिव्य ऐश्वर्य के साथ मुनि के समक्ष प्रकट हुआ। वन्दना कर, हाथ जोड़कर भूमि से ऊपर अधर में बैठ गया और ग्रन्थ का स्वाध्याय सुनते-सुनते उसका मन वैराग्य से भर गया। ग्रन्थ का स्वाध्याय समाप्त होने पर उसने मुनि से कहा--भगवन् ! आपने बहुत अच्छा स्वाध्याय किया। आप कुछ वर माँगे। मुनि ने कहा--मुझे वर की कोई जरूरत नहीं ! यह सुनकर वह मुनि को वन्दना कर स्वस्थान पर लौट गया। इसी प्रकार वरुणोपपात, गरुलोपपात, वेलंधरोपपात और वैश्रवणोपपात के विषय में जानना चाहिए। *(नन्दी वृत्ति पत्र २०६। स्थानांग वृत्ति ४८६। हिन्दी टीका, पृष्ठ ८२३)*

Elaboration—(about Dashas listed in aphorisms 117-120)

Bandha Dasha—The scripture that deals with bondage and liberation is called *Bandha Dasha*. This scripture is not available now. However there are two chapters in *Acharanga Sutra* that deal with these topics—*Bhaavana* (24th) and *Vimukti* (25th). They should be interpreted and understood according to the guru lineage.

Dvigriddhi Dasha—This scripture is also not available now. However, in *Bhagavati Sutra* (16th *Shatak*) there is a chapter named *Svapna* that has detailed discussion about dreams.

Deergh Dasha—This scripture is also not available in its original form. However, Some of its chapters can be seen in *Niryavalika*. For example—*Chandra, Surya, Shukra* and *Bahuputrika*, these four chapters are in the third section named *Pushpita* and the chapter titled *Shridevi* is in the fourth section named *Pushpachulika*. Remaining chapters are not available.

Sankshepak Dasha—This is also an extinct scripture. However, *Acharya Malayagiri,* the commentator (*Tika*), has provided some information in this regard—*Kshullikavimaan-pravibhakti* contains description about *Avalika-pravisht vimaans* (a kind of miniature vimaan) and other small *vimaans* covered with flowers. *Mahativimaan-pravibhakti* contains description of larger *vimaans*. *Angachulika* contains details about appendices of *Angas* including those of *Achaaranga*. *Vargachulika* contains details about *vargas* (sections or

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

group of chapters). For example the second *Shrut Skandh* of *Jnata Dharma-katha* has sections. Vivahachulika is the appendix of Vyakhyaprajnapti. Only an ascetic with a minimum ascetic life of eleven years is qualified to study these five chapters. *(Vyavahar Bhashya 10/26)*

Arunopapat contains the description of instantaneous birth of Arun Deva. When some ascetic studies it with devotion Arun Deva appears before him.

There is an incident narrated in Nandi Churni—Once a Shraman was studying the book Arunopapat reading aloud. At that time the throne of Arun Deva trembled. The god used his avadhi-jnana and saw the engrossed Shraman. The god appeared before the ascetic without any delay and after paying homage sat with joined palms slightly above the ground in the space. He continued to listen with rapt attention and while doing so he got overwhelmed with a feeling of detachment. When the reading was concluded the god said to the ascetic—Bhagavan ! It was a nice reading. Please seek some boon. The ascetic replied—I have no need for boons. At this the god paid homage to the ascetic and returned to his place. The same should be repeated for Varunopapat, Garudopapat, Velandharopapat and Vaishramanopapat. *(Nandi Vritti, leaf 206; Sthananga Vritti, p. 486 and Hindi Tika, p. 823)*

कालचक्र–पद KAAL-CHAKRA-PAD (SEGMENT OF TIME CYCLE)

१२१. दस सागरोवमकोडाकोडीओ कालो ओसप्पिणीए।

१२२. दस सागरोवमकोडाकोडीओ कालो उस्सप्पिणीए।

१२१. अवसर्पिणी का काल दस कोडाकोडी सागरोपम है।

१२२. उत्सर्पिणी का काल दश कोडाकोडी सागरोपम है।

121. *Avasarpini kaal* (regressive half cycle) is ten *Kodakodi Sagaropam* long.

122. *Utsarpini kaal* (progressive half cycle) is ten *Kodakodi Sagaropam* long.

अनन्तर–परम्पर–पद ANANTAR-PARAMPAR-PAD (SEGMENT OF ANANTAR-PARAMPAR)

१२३. दसविधा णेरइया पण्णत्ता, तं जहा—अणंतरोववण्णा, परंपरोववण्णा, अणंतरावगाढा, परंपरावगाढा, अणंतराहारगा, परंपराहारगा, अणंतरपज्जत्ता, परंपरपज्जत्ता, चरिमा, अचरिमा। एवं—णिरंतरं जाव वेमाणिया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१२३. नारक दस प्रकार के हैं, जैसे–(१) **अनन्तर–उपपन्न**–जिन्हें उत्पन्न हुए एक समय ही हुआ है। (२) **परम्पर उपपन्न**–जिन्हें उत्पन्न हुए दो तीन आदि अनेक समय बीत चुके हैं। (३) **अनन्तर–अवगाढ**–विवक्षित क्षेत्र से संलग्न आकाश-प्रदेश में अवस्थित। (४) **परम्पर–अवगाढ**–विवक्षित क्षेत्र से व्यवधान वाले आकाश-प्रदेश में अवस्थित। (५) **अनन्तर–आहारक**–उत्पत्ति के प्रथम समय में आहार ग्रहण करने वाले। (६) **परम्पर–आहारक**–दो आदि समयों के पश्चात् आहार ग्रहण करने वाले। (७) **अनन्तर–पर्याप्त**–जिनके पर्याप्त होने में एक समय का भी अन्तर नहीं पड़ा। (८) **परम्पर–पर्याप्त**–दो-तीन आदि समयों के पश्चात् पर्याप्त होने वाले। (९) **चरम**–अन्तिम बार नरकगति में उत्पन्न होने वाले। (१०) **अचरम**–जो आगे भी नरकगति में पुनः उत्पन्न होंगे। इसी प्रकार वैमानिक तक के सभी दण्डकों में जीवों के दस-दस प्रकार है।

123. *Naarak* (infernal beings) are of ten kinds—(1) *Anantar-upapanna*—those who have passed just one *Samaya* after birth. (2) *Parampar-upapanna*—those who have passed two, three or more *Samayas* after birth. (3) *Anantar-avagadh*—existing in the space-point adjacent to the point of reference. (4) *Parampar-avagadh*—existing in a space-point distant from the point of reference. (5) *Anantar-aharak*—those who have food intake during the first *Samaya* after birth. (6) *Parampar-aharak*—those who have food intake after the first two *Samayas* of birth. (7) *Anantar-paryapt*—those who attain full development instantaneously without a lapse of even one *Samaya*. (8) *Parampar-paryapt*—those who attain full development after a lapse of two, three or more *Samayas*. (9) *Charam*—those who are born in hell for the last time. (10) *Acharam*—those who will be born in hell in future as well.

नरक-पद NARAK-PAD (SEGMENT OF HELL)

१२४. चउत्थीए णं पंकप्पभाए पुढवीए दस णिरयावाससतसहस्सा पण्णत्ता।

१२४. चौथी पंकप्रभा पृथिवी में दस लाख नारकावास हैं।

124. In *Pankaprabha Prithvi*, the fourth hell, there are ten lac (one million) infernal abodes.

स्थिति-पद STHITI-PAD (SEGMENT OF LIFE SPAN)

१२५. रयणप्पभाए पुढवीए जहण्णेणं णेरइयाणं दसवाससहस्साइं ठिती पण्णत्ता।

१२६. चउत्थीए णं पंकप्पभाए पुढवीए उक्कोसेणं णेरइयाणं दस सागरोवमाइं ठिती पण्णत्ता।

१२७. पंचमाए धूमप्पभाए पुढवीए जहण्णेणं णेरइयाणं दस सागरोवमाइं ठिती पण्णत्ता।

१२८. असुरकुमाराणं जहण्णेणं दस वाससहस्साइं ठिती पण्णत्ता। एवं जाव थणियकुमाराणं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१२५. रत्नप्रभा पृथिवी में नारकों की जघन्य स्थिति दस हजार वर्ष की है।

१२६. चौथी पंकप्रभा पृथिवी में नारकों की उत्कृष्ट स्थिति दस सागरोपम कही गई है।

१२७. पाँचवीं धूमप्रभा पृथिवी में नारकों की जघन्य स्थिति दस सागरोपम की है।

१२८. असुरकुमार देवों की जघन्य स्थिति दस हजार वर्ष की है। इसी प्रकार स्तनितकुमार तक के सभी भवनवासी देवों की जघन्य आयु दस हजार वर्ष की है।

125. The *jaghanya sthiti* (minimum life span) of infernal beings of *Ratnaprabha prithvi* (first hell) is ten thousand years.

126. The *utkrisht sthiti* (maximum life span) of infernal beings of *Pankaprabha prithvi* (fourth hell) is ten *Sagaropam* (a conceptual unit of time)

127. The *jaghanya sthiti* (minimum life span) of infernal beings of *Dhoom-prabha prithvi* (fifth hell) is ten *Sagaropam*.

128. The *jaghanya sthiti* (minimum life span) of Asur Kumar gods is ten thousand years. In the same way the minimum life span of all abode dwelling gods up to Stanit Kumar gods is ten thousand years.

१२९. बायरवणस्सतिकाइयाणं उक्कोसेणं दस वाससहस्साइं ठिती पण्णत्ता।

१३०. वाणमंतराणं देवाणं जहण्णेणं दस वाससहस्साइं ठिती पण्णत्ता।

१३१. बंभलोगे कप्पे उक्कोसेणं देवाणं दस सागरोवमाइं ठिती पण्णत्ता।

१३२. लंतए कप्पे देवाणं जहण्णेणं दस सागरोवमाइं ठिती पण्णत्ता।

१२९. बादर वनस्पतिकायिक जीवों की उत्कृष्ट स्थिति दस हजार वर्ष की है।

१३०. वानव्यन्तर देवों की जघन्य स्थिति दस हजार वर्ष की है।

१३१. ब्रह्मलोककल्प में देवों की उत्कृष्ट स्थिति दस सागरोपम की है।

१३२. लान्तक कल्प में देवों की जघन्य स्थिति दस सागरोपम की है।

129. The *utkrisht sthiti* (maximum life span) of *badar vanaspatikayik jivas* (gross plant-bodied beings) is ten thousand years.

130. The *jaghanya sthiti* (minimum life span) of *Vanavyantar* gods is ten thousand years.

131. The *utkrisht sthiti* (maximum life span) of gods in *Brahmalok Kalp* is ten *Sagaropam* (a conceptual unit of time)

132. The *jaghanya sthiti* (minimum life span) of gods in *Lantak Kalp* is ten *Sagaropam* (a conceptual unit of time).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१३३. दसहिं ठाणेहिं जीवा आगमेसिभद्दत्ताए कम्मं पगरेंति, तं जहा–अणिदाणताए, दिट्ठिसंपण्णताए, जोगवाहिताए, खंतिखमणताए, जितिंदियताए, अमाइल्लताए, अपासत्थताए, सुसामण्णताए, पवयणवच्छल्लताए, पवयणउब्भावणताए।

१३३. दस कारणों से जीव आगामी भद्रता (आगामीभव में सुख देने वाले कर्म। जो जीव को देवत्व की प्राप्ति और तदनन्तर मनुष्य भव पाकर मुक्ति-प्राप्ति) के योग्य शुभ कर्म का उपार्जन करते हैं।

(१) निदान नहीं करने से–तप के फल से सांसारिक सुखों की कामना न करने से।

(२) दृष्टिसम्पन्नता से–सम्यग्दर्शन की सांगोपांग आराधना से।

(३) योगवाहिता से–मन, वचन, काय की समाधि रखने से तथा स्वाध्याय, अनुप्रेक्षा आदि में योगवाहिता से।

(४) क्षान्ति-क्षमणता से–समर्थ व शान्तिसम्पन्न होकर के भी अपराधी को क्षमा करने एवं क्षमा धारण करने की भावना से।

(५) जितेन्द्रियता से–पाँचों इन्द्रियों के विषयों को जीतने से।

(६) ऋजुता से–मन, वचन, काय की सरलता से।

(७) अपार्श्वस्थता से–चारित्र पालन में शिथिलता न रखने से।

(८) सुश्रामण्य से–श्रमण धर्म का यथाविधि पालन करने से।

(९) प्रवचनवत्सलता से–जिन-आगम जिन प्रवचन और जिन शासन के प्रति गाढ अनुराग रखने से।

(१०) प्रवचन-उद्भावनता से–आगम और शासन की प्रभावना व गुणोत्कीर्तन करने से।

133. For ten reasons *jiva* (soul) acquires pious karmas leading to future nobility (the *karmas* that bring bliss in future reincarnation. This relates to the souls that reincarnate as gods and then as humans to get liberated)—

(1) By *anidaan*—by not having aspirations of mundane pleasures as fruits of austerities.

(2) By *drishtisampannata*—by perfect endeavour for gaining and practicing right perception/faith.

(3) By *yogavahita*—by achieving perfect equanimity of mind, speech and action and sincere indulgence in studies, meditation and other such spiritual practices.

(4) By *kshantikshamanata*—by having a forgiving attitude and forgiving a miscreant in spite of having authority and power to punish.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(5) By *jitendriyata*—by winning over or having absolute control over pleasures of sense organs.

(6) By *rijuta*—by simplicity of mind, speech and action.

(7) By *aparshvasthata*—by avoiding relaxation in observing code of conduct.

(8) By *Sushramanya*—by immaculately following ascetic duties.

(9) By *pravachan-vatsalata*—by having profound love and faith in *Jina-agam* (Jain scriptures) *Jina-pravachan* (word of the *Jina*) and *Jina-shasan* (order of the Jina).

(10) By *pravachan-udbhaavana*—by spreading Jain canon and influence of the *Jina* and singing in its praise.

आशंसा-प्रयोग-पद ASHAMSA-PRAYOGA-PAD (SEGMENT OF HAVING DESIRES)

१३४. दसविहे आसंसप्पओगे पण्णत्ते, तं जहा-इहलोगासंसप्पओगे, परलोगासंसप्पओगे, दुहओलोगासंसप्पओगे, जीवियासंसप्पओगे, मरणासंसप्पओगे, कामासंसप्पओगे, भोगासंसप्पओगे, लाभासंसप्पओगे, पूयासंसप्पओगे, सक्कारासंसप्पओगे।

१३४. आशंसा प्रयोग (इच्छा-का प्रयोग) दस प्रकार का है, जैसे-(१) इहलोकाशंसा-प्रयोग-इस लोक-सम्बन्धी सुख-भोग की इच्छा करना। (२) परलोकाशंसा-प्रयोग-परलोक सम्बन्धी सुख-भोग की इच्छा करना। (३) द्वयलोकाशंसा-प्रयोग-दोनों लोक-सम्बन्धी इच्छा करना। (४) जीविताशंसा-प्रयोग-चिरकाल तक जीवित रहने की इच्छा करना। (५) मरणाशंसा-प्रयोग-संकट आदि आने पर मरने की इच्छा करना। (६) कामाशंसा-प्रयोग-काम (शब्द और रूप) की इच्छा करना। (८) लाभाशंसा-प्रयोग-धन, सत्ता आदि लौकिक लाभों की इच्छा करना। (९) पूजाशंसा-प्रयोग-पूजा, ख्याति और प्रशंसा प्राप्त करने की इच्छा करना। (१०) सत्काराशंसा-प्रयोग-दूसरों से सत्कार पाने की इच्छा करना।

134. *Ashamsa-prayoga* (to wish) is of ten kinds-(1) *Ihalokashamsa-prayoga*—to wish for happiness in this life. (2) *Paralokashamsa-prayoga*—to wish for happiness in next life. (3) *Dvayalokashamsa-prayoga*—to wish for happiness in both worlds. (4) *Jivitashamsa-prayoga*—to wish for immortality. (5) *Maranashamsa-prayoga*—to wish for death when tormented. (6) *Kaamashamsa-prayoga*—to wish for physical gratification (sound and beauty). (7) *Bhogashamsa-prayoga*—to wish for physical gratification (smell, taste and touch). (8) *Labhashamsa-prayoga*—to wish for mundane gains like wealth and power. (9) *Pujashamsa-prayoga*—to wish for worship, fame and praise. (10) *Satkarashamsa-prayoga*—to wish for being honoured and respected by others.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१३५. दसविधे धम्मे पण्णत्ते, तं जहा–गामधम्मे, णगरधम्मे, रट्ठधम्मे, पासंडधम्मे, कुलधम्मे, गणधम्मे, संघधम्मे, सुयधम्मे, चरित्तधम्मे, अत्थिकायधम्मे।

१३५. धर्म दस प्रकार का है, जैसे–(१) **ग्रामधर्म**–गाँव की परम्परा या व्यवस्था का पालन करना। (२) **नगरधर्म**–नगर की परम्परा या व्यवस्था का पालन करना। (३) **राष्ट्रधर्म**–राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्य का पालन करना। (४) **पाषण्डधर्म**–पापों का खण्डन करने वाला आचार अथवा सम्प्रदायों का धार्मिक क्रियाकाण्ड। (५) **कुलधर्म**–कुल के परम्परागत आचार का पालन करना। (६) **गणधर्म**–गणतंत्र राज्यों की परम्परा या व्यवस्था का पालन करना। (७) **संघधर्म**–संघ की समाचारी, मर्यादा और व्यवस्था का पालन करना। (८) **श्रुतधर्म**–द्वादशांग श्रुत की आराधना या अभ्यास करना। (९) **चारित्रधर्म**–श्रमण धर्म व १७ प्रकार के संयम की आराधना करना, चारित्र का पालन। (१०) **अस्तिकायधर्म**–अस्तिकाय अर्थात् बहुप्रदेशी द्रव्यों का धर्म (स्वभाव)।

135. *Dharma* (duty or religion) are of ten kinds—(1) *Gram-dharma* (village duty)—to follow the village traditions customs and codes. (2) *Nagar-dharma* (city duty)—to follow the village traditions customs and codes. (3) *Rashtra-dharma* (national duty)—to follow national duties. (4) *Pakhand-dharma* (heretic religion)—to follow conduct that does not defy sins, also to observe hollow rituals of heretic sects. (5) *Kula-dharma* (family duty)—to follow family traditions and codes. (6) *Gana-dharma* (republic duty)—to follow the customs and codes of republic system. (7) *Sangh-dharma* (duty of religious organization)—to follow praxis, discipline and codes of the religious organization. (8) *Shrut-dharma—to* study and worship the twelve limbed Jain canon. (9) *Chaaritra dharma*—to practice and follow Jain religion and 17 kinds of ascetic-discipline; to practice ascetic conduct. (10) *Astikaya-dharma*—the properties of *Astikaya* or agglomerative entities.

विवेचन–प्रस्तुत सूत्र की भावना को समझाने के लिए आचार्य श्री आत्माराम जी म. ने प्रारम्भ में धर्म की छह परिभाषाएँ दी हैं–(१) धर्म–वस्तु का अपना स्वभाव, (२) जाति, वर्ण, समुदाय आदि से सम्बन्धित कर्त्तव्य व कार्य व्यवहार, (३) समाज की सुरक्षा व शान्ति के लिए निश्चित किया आचरण व वृत्ति। (४) देश व राष्ट्र से सम्बन्धित व्यवहार, (५) उचित-अनुचित का विचार करने वाला, सम्यक् विवेक। (६) ईश्वर तथा परलोक आदि से सम्बन्धित विश्वास तथा आराधना की विधि। धर्म के इन सभी अर्थों के परिप्रेक्ष्य में सूत्रोक्त दस धर्म को समझना चाहिए।

Elaboration—In order to elaborate the sentiment of this aphorism Acharya Shri Atmamarm ji M. has mentioned six meanings of the term *dharma*—(1) the intrinsic nature of a thing; (2) the duties and code of

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

conduct related to caste, creed, sect or other social group; (3) the codes and duties defined for security and peace in society; (4) national duties; (5) sagacity to discern right and wrong; (6) belief and method of worship of god, next life etc. The aforesaid ten kinds of *dharmas* should be seen in context of all these six meanings.

स्थविर-पद STHAVIR-PAD (SEGMENT OF SENIOR PERSON)

१३६. दस थेरा पण्णत्ता, तं जहा-गामथेरा, णगरथेरा, रट्ठथेरा, पसत्थथेरा, कुलथेरा, गणथेरा, संघथेरा, जातिथेरा, सुअथेरा, परियायथेरा।

१३६. स्थविर (ज्येष्ठ या वृद्ध ज्ञानी पुरुष) दस प्रकार के हैं, जैसे-(१) **ग्राम-स्थविर**-ग्रामका व्यवस्थापक, ज्येष्ठ, वृद्ध और बुद्धिमान् पुरुष। (२) **नगर-स्थविर**-नगर का व्यवस्थापक, ज्येष्ठ, वृद्ध और ज्ञानी पुरुष। (३) **राष्ट्र-स्थविर**-राष्ट्र का व्यवस्थापक, ज्येष्ठ, वृद्ध और ज्ञानी पुरुष। (४) **प्रशास्तृ-स्थविर**-प्रशासन करने वाला प्रधान अधिकारी अथवा धर्मोपदेशक। (५) **कुल-स्थविर**-लौकिक पक्ष में कुल का ज्येष्ठ या वृद्ध पुरुष। लोकोत्तर पक्ष में एक आचार्य की शिष्य परम्परा में ज्येष्ठ साधु। (६) **गण-स्थविर**-लौकिक पक्ष में गणराज्य का प्रधान पुरुष। लोकोत्तर पक्ष में साधुओं के गण में ज्येष्ठ साधु। (७) **संघ-स्थविर**-लौकिक पक्ष में राज्य संघ का प्रधान पुरुष। लोकोत्तर पक्ष में साधु संघ का ज्येष्ठ साधु। (८) **जाति-स्थविर**-साठ वर्ष या इससे अधिक आयु वाला वृद्ध। (९) **श्रुत-स्थविर**-स्थानांग और समवायांग श्रुत का धारक। (१०) **पर्याय-स्थविर**-बीस वर्ष की या इससे अधिक की दीक्षा पर्याय वाला साधु।

136. *Sthavir* (senior or experienced person) are of ten kinds—(1) *Gram-sthavir* (village elder)—the senior, elderly and wise leader of a village. (2) *Nagar-sthavir* (city elder)—the senior, elderly and wise leader of a city. (3) *Rashtra-sthavir* (senior national leader)—the senior, elderly and wise leader of a country. (4) *Prashastri-sthavir* (senior administrator)—chief administrative officer or religious preacher. (5) *Kula-sthavir* (family senior)—the senior most or eldest person in personal family or in a family or group of ascetics. (6) *Gana-sthavir* (leader of a *gana*)—the senior most or eldest person in republic (gana) or in a group (*gana*) of ascetics. (7) *Sangh-sthavir* (leader of a *sangh*)—the senior most or eldest person in a federal republic (*sangh*) or in a group (*sangh*) of ascetics. (8) *Jati-sthavir* (elderly)—an old man of 60 or more years of age. (9) *Shrut-sthavir*—a scholar of *Sthananga* and *Samvayanga Shrut*. (10) *Paryaya-sthavir*—an ascetic with twenty years or more of period of initiation.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुत्र-पद PUTRA-PAD (SEGMENT OF SON)

१३७. दस पुत्ता पण्णत्ता, तं जहा–अत्तए, खेत्तए, दिण्णए, विण्णए, उरसे, मोहरे, सोंडीरे, संवुड्ढे, उवयाइते, धम्मंतेवासी।

१३७. पुत्र दस प्रकार के हैं, जैसे–(१) **आत्मज**–अपने पिता से उत्पन्न पुत्र। (२) **क्षेत्रज**–नियोग-विधि से उत्पन्न पुत्र। (३) **दत्तक**–गोद लिया हुआ पुत्र। (४) **विज्ञक**–विद्या दान करने वाले गुरु का शिष्य। (५) **औरस**–स्नेहवश स्वीकार किया पुत्र अथवा विवाहिता पत्नी से उत्पन्न। (६) **मौखर**–अपनी वचन-कुशलता या चापलूसी के कारण पुत्र रूप से स्वीकृत। (७) **शौण्डीर**–शूरवीरता के कारण अपने अधीन किये व्यक्ति पुत्र रूप से स्वीकृत। (८) **संवर्धित**–पालन-पोषण किया गया अनाथ पुत्र। (९) **औपयाचितक**–देवता की आराधना से उत्पन्न पुत्र या प्रिय सेवक। (१०) **धर्मान्तेवासी**–धर्माराधन के लिए समीप रहने वाला शिष्य।

137. *Putra* (sons) are of ten kinds—(1) *Atmaj*—father's son (own son). (2) *Kshetraj*—son by *niyoga* process (consented conception by wife from other person or artificial insemination). (3) *Dattak*—adopted son. (4) *Vijnak*—son-like student of a teacher. (5) *Auras*—accepted as son out of love; also a son by married wife. (6) *Maukhar*—accepted as son due to flattery or glib talking. (7) *Shaundir*—a conquered person accepted as a son due to his bravery. (8) *Samvardhit*—an orphan raised as son. (9) *Aupayachitak*—son or beloved servant bestowed by some deity. (10) *Dharmantevasi*—a disciple living with a guru for religious practices.

अणुत्तर-पद ANUTTAR-PAD (SEGMENT OF MATCHLESS THINGS)

१३८. केवलिस्स णं दस अणुत्तरा पण्णत्ता, तं जहा–अणुत्तरे णाणे, अणुत्तरे दंसणे, अणुत्तरे चरित्ते, अणुत्तरे तवे, अणुत्तरे वीरिए, अणुत्तरा खंती, अणुत्तरा मुत्ती, अणुत्तरे अज्जवे, अणुत्तरे मद्दवे, अणुत्तरे लाघवे।

१३८. केवली के दस (अनुपम या सबसे उत्तम) हैं, जैसे–(१) अनुत्तर ज्ञान, (२) अनुत्तर दर्शन, (३) अनुत्तर चारित्र, (४) अनुत्तर तप, (५) अनुत्तर वीर्य (आत्म शक्ति), (६) अनुत्तर क्षान्ति, (७) अनुत्तर मुक्ति, (८) अनुत्तर आर्जव, (९) अनुत्तर मार्दव, (१०) अनुत्तर लाघव।

138. A *Kevali* has ten *anuttar* (matchless) things—(1) *anuttar jnana* (matchless knowledge), (2) *anuttar darshan* (matchless perception), (3) *anuttar chaaritra* (matchless conduct), (4) *anuttar tap* (matchless austerities), (5) *anuttar virya* (matchless spiritual potency), (6) *anuttar kshanti* (matchless forgiveness), (7) *anuttar mukti* (matchless contentment), (8) *anuttar arjava* (matchless spiritual purity), (9) *anuttar maardava* (matchless gentleness), and (10) *anuttar laghava* (matchless modesty).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कुरा-पद KURA-PAD (SEGMENT OF KURA)

१३९. समयखेत्ते णं दस कुराओ पण्णत्ताओ, तं जहा-पंच देवकुराओ पंच उत्तरकुराओ।

तत्थ णं दस महतिमहालया महादुमा पण्णत्ता, तं जहा-जम्बू सुदंसणा, धायइरुक्खे, महाधायइरुक्खे, पउमरुक्खे, महापउमरुक्खे, पंच कूडसामलीओ।

तत्थ णं दस देवा महिड्ढिया जाव परिवसंति, तं जहा-अणाढिते जंबुद्दीवाधिपती, सुदंसणे, पियदंसणे, पोंडरीए, महापोंडरीए, पंच गरुला वेणुदेवा।

१३९. समयक्षेत्र (मनुष्यलोक) में दस कुरा हैं, जैसे-पाँच देवकुरा, पाँच उत्तरकुरा। (जम्बूद्वीप में १-१, धातकीषण्ड में २-२, पुष्करार्द्ध द्वीप में २-२ यों पाँच देव कुरु, पाँच उत्तर कुरु)

वहाँ दस महातिमहान् दस महाद्रुम हैं, जैसे-(१) (उत्तर कुरु में) जम्बू सुदर्शन वृक्ष, (२) धातकी वृक्ष, (३) महाधातकी वृक्ष, (४) पद्म वृक्ष, (५) महापद्म ये पाँच महावृक्ष हैं तथा देव कुरु में पाँच कूटशाल्मली महा वृक्ष हैं।

वहाँ महर्धिक, महाद्युतिसम्पन्न, महानुभाग, महायशस्वी, महाबली और महासुखी तथा एक पल्योपम की स्थिति वाले दस देव रहते हैं, जैसे-(१) जम्बूद्वीपाधिपति अनादृत, (२) सुदर्शन, (३) प्रियदर्शन, (४) पौण्डरीक, (५) महापौण्डरीक। तथा पाँच गरुड़ वेणुदेव (पाँच कूट शाल्मली वृक्षों पर निवास करते हैं)।

139. In the *Samaya kshetra* (area inhabited by humans) there are ten *Kuras* (specific section of land)—five *Devakuras* and five *Uttar-kuras* (one each in *Jambudveep*, two each in *Dhatakikhand* and two each in *Pushkarardh Dveep*; thus there are five *Devakuras* and five *Uttar-kuras*).

There are ten best among the best *mahadrums* (great trees) there—(in *Uttar-kuru*) (1) *Jambu Sudarshan* tree, (2) *Dhataki* tree, (3) *Mahadhataki* tree, (4) *Padma* tree, (5) *Mahapadma* tree and in Devakur there are five *Koot-shalmcli* great trees.

On these trees reside ten gods having great wealth, great radiance, great power, great fame, great strength, great happiness and life span of one *Palyopam* (a metaphoric unit of time)—(1) *Jambudveepadhipati Anadrit Dev*, (2) *Sudarshan*, (3) *Priyadarshan*, (4) *Paundareek*, (5) *Mahapaundareek*, and five *Garud Venu Devas* on five *Koot-shalmali* trees.

दुःषमा-लक्षण-पद DUKHAMA-LAKSHAN-PAD (SEGMENT OF SIGNS OF DUKHAMA)

१४०. दसहिं ठाणेहिं ओगाढं दुस्समं जाणेज्जा, तं जहा-अकाले वरिसइ, असाहू पूइज्जंति, साहू ण पूइज्जंति, गुरुसु जणो मिच्छं पडिवण्णो, अमणुण्णा सद्दा, (अणुण्णा रूवा, अमणुण्णा गंधा, अमणुण्णा रसा, अमणुण्णा) फासा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१४०. दस निमित्तों से विषम दुःषमा-काल का आगमन जाना जाता है, जैसे-(१) अकाल में वर्षा होने से, (२) समय पर वर्षा न होने से, (३) असाधुओं की पूजा होने से, (४) साधुओं की पूजा न होने से, (५) गुरुजनों के प्रति मनुष्यों का मिथ्या या असद् व्यवहार होने से, (६) अमनोज्ञ शब्दों, (७) अमनोज्ञ रूपों, (८) अमनोज्ञ गन्धों के, (९) अमनोज्ञ रसों के और (१०) अमनोज्ञ स्पर्शों के हो जाने से। (अमनोज्ञ शब्द से भयावह, अनिष्ट कारक, दूषित, रोग वर्धक आदि भाव समझना चाहिए।

140. There are ten signs that indicate the coming of *Dukham kaal* (epoch of sorrow)—(1) untimely rains, (2) absence of rains during monsoon season, (3) worship of the impious, (4) avoidance of worship of the pious, (5) misbehaviour with seniors, (6) amanojna shabd (repulsive and hurting words), (7) amanojna rupa (repulsive and hurting scenes or visions), (8) amanojna gandh (repulsive and hurting smells), (9) amanojna rasa (repulsive and hurting tastes) and (10) amanojna sparsh (repulsive and hurting touch). (amanojna includes fearful, harmful, polluted, contaminated etc.)

सुषमा-लक्षण-पद SUKHAMA-LAKSHAN-PAD (SEGMENT OF SIGNS OF SUKHAMA)

१४१. दसहिं ठाणेहिं ओगाढं सुसमं जाणेज्जा, तं जहा-अकाले ण वरिसति, (काले वरिसति, असाहू ण पूइज्जंति, साहू पुइज्जंति, गुरुसु जणो सम्मं पडिवण्णो, मणुण्णा सद्दा, मणुण्णा रूवा, मणुण्णा गंधा, मणुण्णा रसा), मणुण्णा फासा।

१४१. दस निमित्तों से सुषमा काल की अवस्थिति जानी जाती है, जैसे-(१) अकाल में वर्षा न होने से, (२) समय पर वर्षा होने से, (३) असाधुओं की पूजा नहीं होने से, (४) साधुओं की पूजा होने से, (५) गुरुजनों के प्रति मनुष्य का सद्व्यवहार होने से, (६) मनोज्ञ शब्दों के, (७) मनोज्ञ रूपों के, (८) मनोज्ञ गन्धों के, (९) मनोज्ञ रसों के, (१०) मनोज्ञ स्पर्शों के होने से।

141. There are ten signs that indicate the coming of *Sukham kaal* (epoch of happiness)—(1) absence of untimely rains, (2) timely rains, (3) avoidance of worship of the impious, (4) worship of the pious, (5) good behaviour with seniors, (6) manojna shabd (attractive and beneficent words), (7) manojna rupa (attractive and beneficent scenes or visions), (8) manojna gandh (attractive and beneficent smells), (9) manojna rasa (attractive and beneficent tastes) and (10) manojna sparsh (attractive and beneficent touch).

कल्प-वृक्ष-पद KALPAVRIKSHA-PAD (SEGMENT OF WISH FULFILLING TREE)

१४२. सुसमसुसमाए णं समाए दसविहा रुक्खा उवभोगत्ताए हव्वमागच्छंति, तं जहा-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मतंगया य भिंगा, तुडितंगा दीव जोति चित्तंगा।
चित्तरसा मणियंगा, गेहागारा अणियणा य॥१॥ (संग्रहणी–गाथा)

१४२. सुषम–सुषमा काल में दस प्रकार के वृक्ष उपभोग के लिए सुलभता से प्राप्त होते हैं, जैसे–

(१) **मदंग**–शरीर के लिए पौष्टिक रस देने वाले। (२) **भृंग**–भोजन के लिए आवश्यक पात्र आदि देने वाले। (३) **त्रुटितांग**–मनोरंजन के लिए वादित्रध्वनि उत्पन्न करने वाले। (४) **दीपांग**–प्रकाश करने वाले। (५) **ज्योतिरंग**–सूर्य के समान उष्णता उत्पन्न करने वाले। (६) **चित्रांग**–अनेक प्रकार की माला–पुष्प उत्पन्न करने वाले। (७) **चित्ररस**–अनेक प्रकार के मनोज्ञ रस देने वाले। (८) **मणि–अंग**–आभरण प्रदान करने वाले। (९) **गेहाकार**–आश्रय के लिए घर के आकार वाले। (१०) **अनग्न**–नग्नता को ढाकने वाले। (विशेष वर्णन जीवाभिगम तृतीय प्रतिपत्ती)

142. During the *Sukham-sukhama kaal* (period of extreme happiness) ten kinds of *kalp-vriksha* (wish fulfilling trees) were easily available for subsistence—(1) *Madaanga*—providing nutritious juice, (2) *Bhring*—providing pots (etc.) for food, (3) *Trutitang*—producing instrumental music for entertainment, (4) *Dipang*—producing light, (5) *Jyotirang*—producing heat (like the sun), (6) *Chitrang*—providing a variety of flowers and garlands, (7) *Chitrarasa*—providing a variety of tasty juices, (8) *Mani-ang*—providing ornaments, (9) *Gehakar*—house-shaped, used as abodes, (10) *Anagnak*—used for covering nudity (providing dress). (more details available in Jivabhigam, third Pratipatti).

कुलकर–पद KULAKAR-PAD (SEGMENT OF CLAN FOUNDERS)

१४३. जंबुद्दीवे दीवे भरहे वासे तीताए उस्सप्पिणीए दस कुलगरा हुत्था, तं जहा–

सयंजले सयाऊ य, अणंतसेणे व अजितसेणे य।
कक्कसेणे भीमसेणे महाभीमसेणे य सत्तमे॥१॥
दढरहे दसरहे, सयरहे। (संग्रहणी गाथा)

१४४. जंबुद्दीवे दीवे भारहे वासे आगामीसाए उस्सप्पिणी दस कुलगरा भविस्संति, तं जहा–
सीमंकरे, सीमंधरे, खेमंकरे, खेमंधरे, विमलवाहणे, संमती, पडिसुते, दढधणू, दसधणू, सतधणू।

१४३. जम्बूद्वीप नामक द्वीप में, भारतवर्ष में, अतीत उत्सर्पिणी में दस कुलकर उत्पन्न हुए थे, जैसे–(१) स्वयंजल (शतजल), (२) शतायु, (३) अनन्तसेन, (४) अजितसेन, (५) कर्कसेन, (६) भीमसेन, (७) महाभीमसेन, (८) दृढ़रथ, (९) दशरथ, (१०) शतरथ।

१४४. जम्बूद्वीप नामक द्वीप में, भारतवर्ष में, आगामी उत्सर्पिणी में दस कुलकर होंगे, जैसे–(१) सीमंकर, (२) सीमन्धर, (३) क्षेमंकर, (४) क्षेमन्धर, (५) विमलवाहन, (६) सन्मति, (७) प्रतिश्रुत, (८) दृढधनु, (९) दशधनु, (१०) शतधनु।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

143. In Jambu Dveep in Bharat-varsh there have been seven *kulakars* (clan founders or society makers) during the past *Utsarpini* (progressive cycle of time).—(1) *Svayamjal* (*Shatajal*), (2) *Shatayu*, (3) *Anantasen*, (4) *Ajitasen*, (5) *Karkasen*, (6) *Bhimasen*, (7) *Mahabhimasen*, (8) *Dridharath*, (9) *Dasharath* and (10) *Shatarath*.

144. In Jambu Dveep in Bharat-varsh there will be seven *kulakars* (clan founders or society makers) during the coming *Utsarpini* (progressive cycle of time).—(1) *Simankar*, (2) *Simandhar*, (3) *Kshemankar*, (4) *Kshemandhar*, (5) *Vimalavahan*, (6) *Sanmati*, (7) *Pratishrut*, (8) *Gridhadhanu*, (9) *Dashadhanu* and (10) *Shatadhanu*.

विवेचन—'कुलकर' का अर्थ है, विशिष्ट बुद्धि सम्पन्न, कुल व्यवस्थापक पुरुष। वैदिक परम्परा में इन्हें 'मनु' कहा गया है। वर्तमान अवसर्पिणी काल का यहाँ उल्लेख नहीं है। कारण, कहीं सात व कहीं पन्द्रह कुलकरों का उल्लेख होने से यहाँ उसका कथन नहीं किया है।

Elaboration—*Kulakars* are specially endowed clan founders and heads. In *Vedic* tradition they are called *Manu*. There is no mention of the present regressive cycle of time here. This is because at different places different numbers, such as seven or fifteen, have been mentioned.

वक्षस्कार-पद VAKSHASKAR-PAD (SEGMENT OF VAKSHASKAR)

१४५. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पुरत्थिमे णं सीताए महाणईए उभओकूले दस वक्खारपव्वता पण्णत्ता, तं जहा—मालवंते, चित्तकूडे, पम्हकूडे, (णालिणकूडे, एगसेले, तिकूडे, वेसमणकूडे, अंजणे, मायंजणे), सोमणसे।

१४६. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पच्चत्थिमे णं सीओदाए महाणईए उभओकूले दस वक्खारपव्वता पण्णत्ता, तं जहा—विज्जुप्पभे, (अंकावती, पम्हावती, आसीविसे, सुहावसे, चंदपव्वते, सूरपव्वते, णागपव्वते, देवपव्वते), गंधमायणे।

१४५. जम्बूद्वीप नामक द्वीप में मन्दर पर्वत के पूर्व में सीता महानदी के दोनों कूलों (उत्तरी व दक्षिणी तट) पर दस वक्षस्कार पर्वत हैं, जैसे—(१) माल्यवानकूट, (२) चित्रकूट, (३) पक्ष्मकूट, (४) नलिनकूट, (५) त्रिकूट, (७) वैश्रमणकूट, (८) अंजनकूट, (९) मातांजनकूट, (१०) सौमनसकूट।

१४६. जम्बूद्वीप नामक द्वीप में, मन्दर पर्वत के पश्चिम में शीतोदा महानदी के दोनों कूलों (उत्तर दक्षिण) पर दस वक्षस्कार पर्वत, जैसे—(१) विद्युत्प्रभकूट, (२) अंकावतीकूट, (३) पक्ष्मावतीकूट, (४) आशीविषकूट, (५) सुखावहकूट, (६) चन्द्रपर्वतकूट, (७) सूर्यपर्वतकूट, (८) नागपर्वतकूट, (९) देवपर्वतकूट, (१०) गन्धमादनकूट।

145. In Jambu Dveep in the eastern part of Mandar mountain there are ten *Vakshaskar* mountains on the two banks of great river Sita—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(1) *Malyavan-koot*, (2) Chitrakoot, (3) *Padmakoot*, (4) *Nalinakoot*, (5) *Ekashaila*, (6) *Trikoot*, (7) *Vaishraman-koot*, (8) *Anjan-koot*, (9) *Matanjan-koot* and (10) *Saumanas-koot*.

146. In Jambu Dveep in the western part of Mandar mountain there are ten *Vakshaskar* mountains on the two banks of great river Sitoda—(1) *Vidyutprabh-koot*, (2) *Ankavatikoot*, (3) *Pakshmavatikoot*, (4) Ashivish-koot, (5) *Sukhavah-koot*, (6) *Chandraparvat-koot*, (7) *Suryaparvat-koot*, (8) *Naag-parvat-koot*, (9) *Devaparvat-koot* and (10) *Gandhamadan-koot*.

१४७. एवं धायइसंडपुरत्थिमद्धेवि वक्खारा भाणियव्वा जाव पुक्खरवरदीवड्ढपच्चत्थिमद्धे।

१४७. इसी प्रकार धातकीषण्ड के पूर्वार्ध और पश्चिमार्ध में तथा पुष्करवरद्वीपार्ध के पूर्वार्ध-पश्चिमार्ध में सीता और शीतोदा महानदियों के दोनों कूलों पर दस-दस वक्षस्कार पर्वत है।

147. In the same way in eastern and western halves of Dhatakikhand and those of Pushkaravaradveepardh there are ten *Vakshaskar* mountains each on both the banks of great rivers Sita and Sitoda.

विवेचन—जिन पर्वतों की ऊँचाई, गहराई एवं परिधि सम हो तथा जिनकी सुन्दरता व सुरम्यता भी समान हो, उन्हें 'वक्षस्कार पर्वत' कहा जाता है। महाविदेह क्षेत्र में बीस वक्षस्कार पर्वत है।

Elaboration—The mountains with all the three dimensions—height, depth and circumference—equal and, which are equally beautiful and attractive are called Vakshaskar parvat. There are twenty Vakshaskar parvats in Mahavideh area.

कल्प-पद KALP-PAD (SEGMENT OF DIVINE REALMS)

१४८. दस कप्पा इंदाहिट्ठिया पण्णत्ता, तं जहा—सोहम्मे, (ईसाणे, सणंकुमारे, माहिंदे, बंभलोए, लंतए, महासुक्के), सहस्सारे, पाणते, अच्चुते। १४९. एतेसु णं दससु कप्पेसु दस इंदा पण्णत्ता, तं जहा—सक्के ईसाणे, (सणंकुमारे, माहिंदे, बंभे, लंतए, महासुक्के, सहस्सारे, पाणते), अच्चुते।

१४८. इन्द्रों से अधिष्ठित कल्प (देव विमान) दस हैं, जैसे-(१) सौधर्म कल्प, (२) ईशान कल्प, (३) सनत्कुमार कल्प, (४) माहेन्द्र कल्प, (५) ब्रह्मलोक कल्प, (६) लान्तक कल्प, (७) महाशुक्र कल्प, (८) सहस्रार कल्प, (९) प्राणत कल्प, (१०) अच्युत कल्प। १४९. इन दस कल्पों में दस इन्द्र हैं, जैसे-(१) शक्र, (२) ईशान, (३) सनत्कुमार, (४) माहेन्द्र, (५) ब्रह्म, (६) लान्तक, (७) महाशुक्र, (८) सहस्रार, (९) प्राणत, (१०) अच्युत।

148. There are said to be ten *Indradhishthit kalps* (the divine realms ruled by *Indras*)—(1) *Saudharma kalp*, (2) *Ishan kalp*, (3) *Sanatkumar kalp*, (4) *Maahendra kalp*, (5) *Brahmalok kalp*, (6) *Lantak kalp*,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(7) *Mahashukra kalp*, (8) *Sahasrar kalp*, (9) *Pranat kalp*, and (10) *Achyut kalp*. **149.** There are said to be ten *Indras* (overlords) in these *Kalps*—(1) *Shakra*, (2) *Ishan*, (3) *Sanatkumar*, (4) *Maahendra*, (5) *Brahma*, (6) *Lantak*, (7) *Mahashukra*, (8) *Sahasrar*, (9) *Pranat*, and (10) *Achyut*.

१५०. एतेसि णं दसण्हं इंदाणं दस परिजाणिया विमाणा पण्णत्ता, तं जहा–पालए, पुप्फए, (सोमणसे, सिरिवच्छे, णंदियावत्ते, कामकमे, पीतिमणए, मणोरमे), विमलवरे, सव्वतोभद्दे।

१५०. इन दसों इन्द्रों के पारियानिक (यात्रा पर जाने के लिए) विमान दस हैं, जैसे–(१) पालक, (२) पुष्पक, (३) सौमनस, (४) श्रीवत्स, (५) नन्द्यावर्त, (६) कामक्रम, (७) प्रीतिमना, (८) मनोरम, (९) विमलवर, (१०) सर्वतोभद्र।

(दस कल्पों के इन्द्र आदि का विस्तृत वर्णन प्रज्ञापना पद १ तथा जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति आदि में है)

150. These ten *Indras* are said to have ten *paariyanik vimaans* (celestial vehicles used for traveling)—(1) *Paalak*, (2) *Pushpak*, (3) *Saumanas*, (4) *Shrivatsa*, (5) *Nandyavart*, (6) *Kamakram*, (7) *Pritimana*, (8) *Manoram*, (9) *Vimalavar* and (10) *Sarvatobhadra*. (for more details about *kalps* and *Indras* refer to *Prajnapana*/1 and *Jambudveep Prajnapti*)

प्रतिमा–पद PRATIMA-PAD (SEGMENT OF SPECIAL CODES)

१५१. दसदसमिया णं भिक्खुपडिमा एगेण रातिंदियसतेणं अद्धछट्ठेहि य भिक्खासतेहिं अहासुत्तं (अहाअत्थं अहातच्चं अहामग्गं अहाकप्पं सम्मं काएणं फासिया पालिया सोहिया तीरिया किट्टिया) आराहिया आवि भवति।

१५१. दस-दशमिका भिक्षु-प्रतिमा सौ दिन-रात तथा ५५० भिक्षा-दत्तियों द्वारा यथासूत्र, यथाअर्थ यथातथ्य, यथामार्ग, यथाकल्प तथा सम्यक् प्रकार काय से आचरित, पालित, शोधित, पूरित, कीर्त्तित और आराधित की जाती है। *(विशेष वर्णन अन्तकृद्दशा सूत्र पृष्ठ पर देखें)*

151. The *Dash-dashamika Bhikshupratima* (a specific practice with special codes) is sincerely observed (palit), purified (shodhit; for transgressions), completed (purit); for breaking fast), concluded (kirtit; break the fast) and successfully performed (aradhit) for 100 (10x10) days and nights with 550 bhikshadattis (servings of alms) according to the scriptures (yathasutra), correct interpretation (yatha-arth), prescribed procedure (yathamarg) and code of praxis (yathakalp), perfectly following fundamentals (yathatattva), with equanimity (samata) and touching the body (actually not just conceptually). *(for more details refer to Antakriddashanga Sutra)*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१५२. दसविधा संसारसमावण्णगा जीवा पण्णत्ता, तं जहा–पढमसमयएगिंदिया, अपढमसमयएगिंदिया, (पढमसमयबेइंदिया, अपढमसमयबेइंदिया, पढमसमयतेइंदिया, अपढमसमयतेइंदिया, पढमसमयचउरिंदिया, अपढमसमयचउरिंदिया, पढमसमयपंचिंदिया), अपढमसमयपंचिंदिया।

१५२. संसारी जीव दस प्रकार के हैं, जैसे–(१) प्रथम समय–जिनको उत्पन्न हुए प्रथम समय ही हुआ है ऐसे एकेन्द्रिय जीव। (२) अप्रथम समय–जिनको उत्पन्न हुए एक से अधिक समय हो चुका है ऐसे एकेन्द्रिय जीव। (३) प्रथम समय में उत्पन्न द्वीन्द्रिय जीव। (४) अप्रथम समय में उत्पन्न द्वीन्द्रिय जीव। (५) प्रथम समय में उत्पन्न त्रीन्द्रिय जीव। (६) अप्रथम समय में उत्पन्न त्रीन्द्रिय जीव। (७) प्रथम समय में उत्पन्न चतुरिन्द्रिय जीव। (८) अप्रथम समय में उत्पन्न चतुरिन्द्रिय जीव। (९) प्रथम समय में उत्पन्न पंचेन्द्रिय जीव। (१०) अप्रथम समय में उत्पन्न पंचेन्द्रिय जीव।

152. *Samsar-samapannak jivas* (worldly living beings) are of ten kinds—(1) *Pratham samaya ekendriya jivas*—one-sensed beings at the first moment of birth. (2) *Apratham samaya ekendriya jivas*—one-sensed beings at post birth moments. (3) *Pratham samaya dvindriya jivas.* (4) *Apratham samaya dvindriya jivas.* (5) *Pratham samaya trindriya jivas.* (6) *Apratham samaya trindriya jivas.* (7) *Pratham samaya chaturindriya jivas.* (8) *Apratham samaya chaturindriya jivas.* (9) *Pratham samaya panchendriya jivas.* (10) *Apratham samaya panchendriya jivas.*

१५३. दसविधा सव्वजीव पण्णत्ता, तं जहा–पुढविकाइया, (आउकाइया, तेउकाइया, वाउकाइया), वणस्सइकाइया, बेंदिया, (तेइंदिया, चउरिंदिया), पंचेंदिया, अणिंदिया।

अहवा–दसविधा सव्वजीवा पण्णत्ता, तं जहा–पढमसमयणेरइया, अपढमसमयणेरइया, (पढमसमयतिरिया, अपढमसमयतिरिया, पढमसमयमणुया, अपढमसमयमणुया, पढमसमयदेवा), अपढमसमयदेवा, पढमसमयसिद्धा, अपढमसमयसिद्धा।

१५३. सर्व जीव दस प्रकार के हैं, जैसे–(१) पृथ्वीकायिक, (२) अप्कायिक, (३) तेजस्कायिक, (४) वायुकायिक, (५) वनस्पतिकायिक, (६) द्वीन्द्रिय, (७) त्रीन्द्रिय, (८) चतुरिन्द्रिय, (९) पंचेन्द्रिय, (१०) अनिन्द्रिय (सिद्ध) जीव।

अथवा सर्व जीव दस प्रकार के हैं, जैसे–(१) प्रथम समय–उत्पन्न नारक। (२) अप्रथम समय–उत्पन्न नारक। (३) प्रथम समय में उत्पन्न तिर्यंच। (४) अप्रथम समय में उत्पन्न तिर्यंच। (५) प्रथम समय में उत्पन्न मनुष्य। (६) अप्रथम समय में उत्पन्न मनुष्य। (७) प्रथम में समय में उत्पन्न देव। (८) अप्रथम समय में उत्पन्न देव। (९) प्रथम समय में सिद्धगति को प्राप्त सिद्ध। (१०) अप्रथम समय में सिद्धगति को प्राप्त सिद्ध।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

153. All beings are of ten kinds—(1) *Prithvikayik* (earth-bodied beings), (2) *Apkayik* (water-bodied beings), (3) *Tejaskayik* (fire-bodied beings), (4) *Vayukayik* (air-bodied beings), (5) *Vanaspatikayik* (plant-bodied beings), (6) *Dvindriya* (Two-sensed beings), (7) *Trindriya* (three-sensed beings), (8) *Chaturindriya* (four-sensed beings), (9) *Panchendriya* (five-sensed beings) and (10) *Anindriya* (without sense organs; Siddha).

Also all beings are of ten kinds—(1) *Pratham samaya naarak*—infernal beings at the first moment of birth. (2) *Apratham samaya naarak*—infernal beings at post birth moments. (3) *Pratham samaya tiryanch* (animals). (4) *Apratham samaya tiryanch*. (5) *Pratham samaya manushya* (human beings). (6) *Apratham samaya manushya*. (7) *Pratham samaya deva* (gods). (8) *Apratham samaya deva*. (9) *Pratham samaya Siddha* (liberated beings). (10) *Apratham samaya Siddha*.

शतायुष्क दशा–पद SHATAYUSHK-PAD (SEGMENT OF HUNDRED YEARS OF AGE)

१५४. वाससताउयस्स णं पुरिसस्स दस दसाओ पण्णत्ताओ, तं जहा–

बाला किड्डा य मंदा य, बला पण्णा य, हायणी।
पवंचा पब्भारा य मुम्मुही सायणी तधा॥१॥

१५४. सौ वर्ष की आयु वाले पुरुष की दस दशाएँ (अवस्था) हैं, जैसे–(१) बालदशा, (२) क्रीडादशा, (३) मन्दादशा, (४) बलादशा, (५) प्रज्ञादशा, (६) हायिनीदशा, (७) प्रपंचादशा, (८) प्राग्भारादशा, (९) उन्मुखीदशा, (१०) शायिनीदशा।

154. There are ten *avasthas* (states) of a hundred year old man—(1) *Baal dasha*, (2) *Krida dasha*, (3) *Manda dasha*, (4) *Bala dasha*, (5) *Prajna dasha*, (6) *Hayini dasha*, (7) *Prapancha dasha*, (8) *Pragbhara dasha*, (9) *Unmukhi dasha*, and (10) *Shaayini dasha*.

विवेचन–मनुष्य की पूर्ण आयु सौ वर्ष मानकर, दस-दस वर्ष की एक-एक दशा का वर्णन प्रस्तुत सूत्र में किया है–(१) **बालदशा**–जन्म से दस वर्ष तक की अवस्था। (२) **क्रीडादशा**–इसमें खेल-कूद की प्रवृत्ति प्रबल रहती है। (३) **मन्दादशा**–इसमें भोग-प्रवृत्ति की अधिकता से विशिष्ट बुद्धि के कार्यों की मन्दता रहती है। (४) **बलादशा**–इसमें मनुष्य अपने बल का प्रदर्शन करने की क्षमता प्राप्त करता है। (५) **प्रज्ञादशा**–इसमें मनुष्य की बुद्धि धन कमाने, कुटुम्ब पालने आदि में लगी रहती है। (६) **हायनीदशा**–इसमें शक्ति व इन्द्रिय बल क्षीण होने लगता है। (७) **प्रपंचादशा**–इसमें मुख से लार-थूक आदि गिरने लगते हैं, कफ बढ़ने लगता है। (८) **प्राग्भारदशा**–इसमें शरीर झुर्रियों से व्याप्त हो जाता है। (९) **उन्मुखीदशा**–इसमें मनुष्य बुढ़ापे से आक्रान्त हो मौत के सन्मुख हो जाता है। (१०) **शायिनीदशा**–इसमें मनुष्य दुर्बल, दीनस्वर, होकर शय्या पर पड़ा रहता है। *(हरिभद्रसूरि कृत दसवें टीका पत्र ८ तथा स्थानांग वृत्ति पत्र ४९३)*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Elaboration—Taking the full life span of man to be one hundred years it has been divided into ten states of ten years each—(1) *Baal dasha*—from birth to ten years of age. (2) *Krida dasha*—here the tendency of playfulness is strong. (3) *Manda dasha*—due to the strong tendency of carnal pleasures the intellectual activities become dull here. (4) *Bala dasha*—here man acquires the capacity to display his power. (5) *Prajna dasha*—here man is busy with activities of earning and supporting his family. (6) *Hayini dasha*—here physical strength and capacities start declining. (7) *Prapancha dasha*—here salivation and coughing increases. (8) *Pragbhara dasha*—here the body gets filled with wrinkles. (9) *Unmukhi dasha*—here man is oppressed with dotage and faces death. (10) *Shaayini dasha*—here man gets weak, emaciated and is bed ridden. *(Dashavaikalik Tika by Haribhadra Suri, leaf 8 and Sthananga Vritti leaf 493)*

तृणवनस्पति-पद TRINAVANASPATI-PAD (SEGMENT OF GRAMINEOUS PLANTS)

१५५. दसविधा तणवणस्सतिकाइया पण्णत्ता, तं जहा–मूले, कंदे, (खंधे, तया, साले, पवाले, पत्ते), पुप्फे, फले, बीये।

१५५. तृणवनस्पतिकायिक जीव दस प्रकार के हैं, जैसे–(१) मूल, (२) कन्द, (३) स्कन्ध, (४) त्वक्, (५) शाखा, (६) प्रवाल, (७) पत्र, (८) पुष्प, (९) फल, (१०) बीज।

155. Gramineous plant-bodied beings are of ten kinds—(1) *mool* (root), (2) *kand* (bulbuous root), (3) *skandh* (trunk), (4) *tvak* (bark), (5) *shakha* (branch), (6) *praval* (sprout), (7) *patra* (leaf), (8) *pushp* (flower), (9) *phal* (fruit) and (10) *beej* (seed).

श्रेणि-पद SHRENI-PAD (SEGMENT OF RANGES)

१५६. सव्वाओवि णं विज्जाहरसेढीओ दस–दस जोयणाइं विक्खंभेणं पण्णत्ता।

१५६. दीर्घ वैताढ्य पर्वत पर अवस्थित सभी विद्याधर-श्रेणियाँ दस-दस योजन विस्तृत हैं।

156. Each of the *Vidyadhar* ranges located on *Deergh Vaitadhya* mountain is ten *Yojans* wide.

१५७. सव्वाओवि णं आभिओगसेढीओ दस–दस जोयणाइं विक्खंभेणं पण्णत्ता।

१५७. दीर्घ वैताढ्य पर्वत पर अवस्थित सभी आभियोगिक-श्रेणियाँ दस-दस योजन विस्तृत हैं।

157. Each of the *Aabhiyogik* ranges located on *Deergh Vaitadhya* mountain is ten *Yojans* wide.

विवेचन–भरत और ऐरवत क्षेत्र के ठीक मध्यभाग में पूर्व लवण समुद्र से लेकर पश्चिम लवण समुद्र तक लम्बा और मूल में पचास योजन चौड़ा एक-एक वैताढ्य पर्वत है। इसकी ऊँचाई पच्चीस

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

योजन है। भूमितल से दस योजन की ऊँचाई पर उसके उत्तरी और दक्षिणी भाग पर विद्याधरों की श्रेणियाँ (नगर) हैं। उनमें विद्याधर रहते हैं, जो कि विद्याओं के बल से आकाश में गमनादि करने में समर्थ होते हैं। वे श्रेणियाँ दोनों ओर दस-दस योजन चौड़ी हैं। इन विद्याधर-श्रेणियों से भी दस योजन की ऊँचाई पर दोनों ओर आभियोगिक देवों की श्रेणियाँ हैं, जिनमें अभियोग जाति के व्यन्तर देव रहते हैं। ये देव शक्रेन्द्र आदि इन्द्रों व उनके लोकपालों की आज्ञा का पालन करते हैं। *(विशेष वर्णन जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति में)*

Elaboration—At the center of Bharat as well as Airavat areas there is a Vaitadhya mountain fifty Yojan wide at the base stretching from east Lavan Samudra to west Lavan Samudra. Its height is twenty five Yojans. Ten Yojans above from the ground level there are *Vidyadhar* ranges (group of abodes) on its north and south faces. *Vidyadhars* (gods with special powers) capable of flying and performing other such activities live here. These ranges are ten Yojan long on both sides. Ten Yojans higher than these ranges are ranges of *Aabhiyogik* gods (a kind of *Vyantar* gods). These gods are under the command of Shakra and other *Indras* and their *lok-paals*. *(more details in Jambudveep Prajnapti)*

ग्रैवेयक-पद GRAIVEYAK-PAD (SEGMENT OF GRAIVEYAK)

१५८. गेविज्जगविमाणा णं दस जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता।

१५८. (नव) ग्रैवेयक विमानों के जितने भी विमान हैं, उनकी ऊँचाई दस सौ (१०००) योजन है।

158. All the *vimaans* in the sector of *Graiveyak vimaans* are ten hundred (1000) *Yojan* in height.

तेजसा-भस्मकरण-पद TEJASA-BHASMAKARAN-PAD (SEGMENT OF BURNING BY FIRE-POWER)

१५९. दसहिं ठाणेहिं सह तेयसा भासं कुज्जा, तं जहा-

(१) केइ तहारूवं समणं वा माहणं वा अच्चासातेज्जा, से य अच्चासातिते समाणे परिकुविते तस्स तेयं णिसिरेज्जा। से तं परितावेति, से तं परितावेत्ता तामेव सह तेयसा भासं कुज्जा।

(२) केइ तहारूवं समणं वा माहणं वा अच्चासातेज्जा, से य अच्चासातिते समाणे देवे परिकुविए तस्स तेयं णिसिरेज्जा। से तं परितावेति, से तं परितावेत्ता, तामेव सह तेयसा भासं कुज्जा।

(३) केइ तहारूवं समणं वा माहणं वा अच्चासातेज्जा, से य अच्चासातिते समाणे परिकुविते देवेवि य परिकुविते ते दुहओ पडिण्णा तस्स तेयं णिसिरेज्जा। ते तं परितावेंति, ते तं परितावेत्ता तामेव सह तेयसा भासं कुज्जा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(४) केइ तहारूवं समणं वा माहणं वा अच्चासातेज्जा, से य अच्चासातिते [समाणे ?] परिकुविए तस्स तेयं णिसिरेज्जा। तत्थ फोडा संमुच्छंति, ते फोडा भिज्जंति, ते फोडा भिण्णा समाणा तामेव सह तेयसा भासं कुज्जा।

(५) केइ तहारूवं समणं वा माहणं वा अच्चासातेज्जा, से य अच्चासातिते [समाणे ?] देवे परिकुविए तस्स तेयं णिसिरेज्जा। तत्थ फोडा संमुच्छंति, ते फोडा भिज्जंति, ते फोडा भिण्णा समाणा तामेव सह तेयसा भासं कुज्जा।

(६) केइ तहारूवं समणं वा माहणं वा अच्चासातेज्जा, से य अच्चासातिते [समाणे ?] परिकुविए देवेवि य परिकुविए ते दुहओ पडिण्णा तस्स तेयं णिसिरेज्जा। तत्थ फोडा संमुच्छंति, (ते फोडा भिज्जंति, ते फोडा भिण्णा समाणा तामेव सह तेयसा) भासं कुज्जा।

(७) केइ तहारूवं समणं वा माहणं वा अच्चासातेज्जा, से य अच्चासातिते [समाणे ?] परिकुविए तस्स तेयं णिसिरेज्जा। तत्थ फोडा संमुच्छिंति, ते फोडा भिज्जंति, तत्थ पुला संमुच्छंति, ते पुला भिज्जंति, ते पुला भिण्णा समाणा तामेव सह तेयसा भासं कुज्जा।

(८) (केइ तहारूवं समणं वा माहणं वा अच्चासातेज्जा, से य अच्चासातिते [समाणे ?] देवे परिकुविए तस्स तेयं णिसिरेज्जा। तत्थ फोडा संमुच्छंति, ते फोडा भिज्जंति, तत्थ पुला संमुच्छंति, ते पुला भिज्जंति, ते पुला भिण्णा समाणा तामेव सह तेयसा भासं कुज्जा।

(९) केइ तहारूवं समणं वा माहणं वा अच्चासातेज्जा, से य अच्चासातिते [समाणे ?] परिकुविए देवेवि य परिकुविए ते दुहओ पडिण्णा तस्स तेयं णिसिरेज्जा। तत्थ फोडा संमुच्छंति, ते फोडा भिज्जंति, तत्थ पुला संमुच्छंति, ते पुला भिज्जंति, ते पुला भिण्णा समाणा तामेव सह तेयसा भासं कुज्जा)।

(१०) केइ तहारूवं समणं वा माहणं वा अच्चासातेज्जा, तेयं णिसिरेज्जा, से य तत्थ णो कम्मति, णो पकम्मति, अंतिअंचियं करेति, करेत्ता आयाहिणपयाहिणं करेति, करेत्ता उड्ढं वेहासं उप्पतति, उप्पतेत्ता से णं ततो पडिहते पडिणियत्तति, पडिणियत्तिता तमेव सरीरगं अणुदहमाणे—अणुदहमाणे सह तेयसा भासं कुज्जा—जहा वा गोसालस्स मंखलिपुत्तस्स तवे तेए।

१५९. दस कारणों से श्रमण-माहन (अति-आशातना करने वाले को) तेज से (अपनी तेजोलेश्या से) भस्म कर डालता है, जैसे—

(१) यदि कोई व्यक्ति तथारूप (तेजोलब्धि से सम्पन्न) श्रमण-माहन की तीव्र आशातना (अवज्ञा, अवेहलना) करता है, तो वह उस आशातना से पीड़ित उद्वेलित होता हुआ उस व्यक्ति पर क्रोधित होता है। तेजोलब्धि का प्रयोग करता है तब उसके शरीर से तेज निकलता है। वह तेज उस उपसर्ग करने वाले को परितापित करता है और उसे भस्म कर देता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२) यदि कोई व्यक्ति तथारूप (तेजोलब्धिसम्पन्न) श्रमण-माहन की अत्याशातना करता है, उसकी अत्याशातना करने पर उस श्रमण की सेवा में रहने वाला कोई देव कुपित होता है। तब उस देव के शरीर से तेज निकलता है। वह तेज उस उपसर्ग करने वाले को परितापित करता है और परितापित कर उस तेज से उसे भस्म कर देता है।

(३) कोई व्यक्ति तथारूप (तेजोलब्धिसम्पन्न) श्रमण-माहन की अत्याशातना करता है। उस असह्य अत्याशातना से परिकुपित हो, वह श्रमण-माहन और परिकुपित देव दोनों ही उसे मारने की प्रतिज्ञा करते हैं। तब उन दोनों के शरीर से तेज निकलता है। वे दोनों तेज उस उपसर्ग करने वाले व्यक्ति को परितापित करते हैं और परितापित करके उसे उस तेज से भस्म कर देते हैं।

(४) कोई व्यक्ति तथारूप (तेजोलब्धिसम्पन्न) श्रमण-माहन की अत्याशातना करता है। वह उस अत्याशातना से परिकुपित होता है, तब उसके शरीर से तेज निकलता है, उससे उस उपसर्ग कर्ता व्यक्ति के शरीर में स्फोट (फोड़े-फफोले) उत्पन्न होते हैं। वे फोड़े फूटते हैं और फूटते हुए उसे उस तेज से भस्म कर देते हैं।

(५) कोई व्यक्ति तथारूप (तेजोलब्धिसम्पन्न) श्रमण-माहन की अत्याशातना करता है। उसके अत्याशातना करने पर कोई देव परिकुपित होता है, तब उसके शरीर से तेज निकलता है, उससे उस उपसर्ग करने वाले व्यक्ति के शरीर में स्फोट (फोड़े) उत्पन्न होते हैं। वे स्फोट फूटते हैं और उस तेज से वह भस्म हो जाता है।

(६) कोई व्यक्ति तथारूप (तेजोलब्धिसम्पन्न) श्रमण-माहन की अत्याशातना करता है। उसके अत्याशातना करने पर परिकुपित वह श्रमण-माहन और परिकुपित देव, ये दोनों ही उसे मारने की प्रतिज्ञा करते हैं। तब उन दोनों के शरीरों से तेज निकलता है। उससे उस उपसर्ग कर्ता के शरीर में स्फोट उत्पन्न होते हैं। वे स्फोट फूटते हैं और फूटते हुए उसे उस तेज से भस्म कर देते हैं।

(७) कोई व्यक्ति तथारूप (तेजोलब्धिसम्पन्न) श्रमण-माहन की अत्याशातना करता है। उससे कुपित होकर वह तेज छोड़ता है। उससे उस व्यक्ति के शरीर में स्फोट उत्पन्न होते हैं। वे स्फोट फूटते हैं तब उनमें से पुल-(छोटी-छोटी फुंसियाँ उत्पन्न होती हैं। वे फूटती हैं और फूटती हुई उस तेज से उसे भस्म कर डालती हैं।

(८) कोई व्यक्ति तथारूप (तेजोलब्धिसम्पन्न) श्रमण-माहन की अत्याशातना करता है। उसके अत्याशातना करने पर कोई देव परिकुपित होता है, तब उसके शरीर से तेज निकलता है, उससे उस व्यक्ति के शरीर में स्फोट उत्पन्न होते हैं। वे स्फोट फूटते हैं, तब उनमें पुल-(फुंसियाँ) निकलती हैं। वे फूटती हैं और फूटती हुई उस तेज से उसे भस्म कर देती हैं।

(९) कोई व्यक्ति तथारूप (तेजोलब्धिसम्पन्न) श्रमण माहन की अत्याशातना करता है। उसके अत्याशातना करने पर परिकुपित वह श्रमण-माहन और परिकुपित देव दोनों ही उसे मारने की प्रतिज्ञा करते हैं। तब उन दोनों के शरीरों से तेज निकलता है। उससे उस व्यक्ति के शरीर में स्फोट उत्पन्न होते

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हैं। वे स्फोट फूटते हैं, तब उनमें से पुल (फुंसियाँ) निकलती हैं। वे फूटती हैं और फूटती हुई उस तेज से उसे भस्म कर देती हैं।

(१०) कोई व्यक्ति तथारूप (तेजोलब्धिसम्पन्न) श्रमण-माहन की अत्याशातना अवज्ञेहना करता हुआ उस पर तेज फेंकता है। वह तेज उस श्रमण-माहन के शरीर पर आक्रमण नहीं कर पाता, प्रवेश नहीं कर पाता है। केवल वह तेज उसके ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर आता-जाता है, दायें-बायें प्रदक्षिणा करता है और यह सब करके ऊपर आकाश में चला जाता है। वहाँ से लौटकर उस श्रमण-माहन के प्रबल तेज से प्रतिहत होकर वापिस उसी फेंकने वाले के पास चला जाता है और उसके शरीर में प्रवेश कर उसे उसकी तेजोलब्धि के साथ भस्म कर देता है, जिस प्रकार मंखली पुत्र गोशालक के तपस्तेज ने उसी को भस्म कर दिया था।

159. For ten reasons a *Shraman-mahan* (Jain ascetic) burns a person (who has gravely insulted him) to ashes with his *tej* (*tejoleshya* or fire-power)—

(1) When some person indulges in grave *ashaatana* (disrespect; insult; sacrilege) of a *tatharupa* (endowed with *tejoleshya*) *Shraman*, the *Shraman* gets hurt, agitated and angry at that person. He uses his *tejoleshya* and a fire emanates from his body. This fire burns the offender and reduces him to ashes.

(2) When some person indulges in grave *ashaatana* of a *tatharupa Shraman*, some god in attendance of that *Shraman* gets angry at that person. Then a fire emanates from the god's body. This fire burns the offender and reduces him to ashes.

(3) When some person indulges in grave *ashaatana* of a *tatharupa Shraman*, the *Shraman* and the god in his service both get angry due to that intolerable affliction. They both resolve to kill the offender. Then a fire emanates from the bodies of the two. This fire burns the offender and reduces him to ashes.

(4) When some person indulges in grave *ashaatana* of a *tatharupa Shraman*, the *Shraman* gets hurt, agitated and angry at that person. He uses his *tejoleshya* and a fire emanates from his body. This fire causes blisters (*sfot*) on the body of the offender. These blisters then burst and reduce him to ashes.

(5) When some person indulges in grave *ashaatana* of a *tatharupa Shraman*, some god in attendance of that *Shraman* gets angry at that person. Then a fire emanates from the god's body. This fire causes

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

blisters on the body of the offender. These blisters then burst and reduce him to ashes.

(6) When some person indulges in grave *ashaatana* of a *tatharupa Shraman*, the *Shraman* and the god in his service both get angry due to that intolerable affliction. They both resolve to kill the offender. Then a fire emanates from the bodies of the two. This fire causes blisters on the body of the offender. These blisters then burst and reduce him to ashes.

(7) When some person indulges in grave *ashaatana* of a *tatharupa Shraman*, the *Shraman* gets hurt, agitated and angry at that person. He uses his *tejoleshya* and a fire emanates from his body. This fire causes blisters on the body of the offender. These blisters then burst and produce many small boils (*pul*). These boils then burst and reduce him to ashes.

(8) When some person indulges in grave *ashaatana* of a *tatharupa Shraman*, some god in attendance of that *Shraman* gets angry at that person. Then a fire emanates from the god's body. This fire causes blisters on the body of the offender. These blisters then burst and produce many small boils. These boils then burst and reduce him to ashes.

(9) When some person indulges in grave *ashaatana* of a *tatharupa Shraman*, the *Shraman* and the god in his service both get angry due to that intolerable affliction. They both resolve to kill the offender. Then a fire emanates from the bodies of the two. This fire causes blisters on the body of the offender. These blisters then burst and produce many small boils. These boils then burst and reduce him to ashes.

(10) Some person indulges in grave *ashaatana* of a *tatharupa Shraman* and launches fire-power at him. That fire fails to attack the *Shraman's* body or enter it. This fire only moves up, down and around the *Shraman* and finally goes up in the sky. Returning from the sky and repulsed by the tremendous radiance of the *Shraman* it goes back to the launcher, enters his body and reduces him to ashes along with his fire-power. This happens in the same way as Mankhali Putra Goshalak was reduced to ashes by his own fire-power.

विवेचन–प्रस्तुत सूत्र में आये तीन शब्दों पर वृत्तिकार ने विशेष प्रकाश डाला है। **श्रमण**–तपःप्रधान संयमी जीवन का और **माहन**–अहिंसा करुणा प्रधान त्यागी जीवन का वाचक है। **तेजोलब्धि**–यह विशिष्ट तपः साधना के प्रभाव से उत्पन्न होने वाली दाहक शक्ति है, जो दूसरे को जलाकर भस्म कर सकती है। तेजोलब्धि सम्यग् दृष्टि और मिथ्यादृष्टि, दोनों प्रकार के साधकों को प्राप्त हो सकती है। यहाँ तथारूप श्रमण-माहन से सम्यग्दृष्टि साधक के लिए संकेत है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तेजोलब्धि मारक भी होती है और उपकारक भी। मारक तेजोलब्धि जलाकर भस्म कर सकती है उसकी क्षमता कम से कम एक व्यक्ति को तथा अधिक से अधिक सोलह जनपदों (देशों) को जलाकर भस्म कराने की है। उपकारक तेजोलब्धि का प्रयोग शान्त, हर्षोल्लषित व करुणापूरित चित्त से किया जाता है। *(हिन्दी टीका, भाग २, पृष्ठ ८६२)*

Elaboration—the commentator (*Vritti*) has laid special emphasis on three terms used in the aforesaid aphorism. *Shraman*—this word signifies a disciplined ascetic life with emphasis on austerities. *Mahan*—this word signifies a detached life with emphasis on ahimsa and compassion. *Tejolabdhi*—This is a fire-power acquired through practice of special austerities. It can burn and reduce others to ashes. This power can be acquired both by the righteous as well as the unrighteous. Here *tatharupa Shraman-mahan* indicates a righteous aspirant.

Tejolabdhi is destructive as well as constructive. The destructive *tejolabdhi* can burn and reduce anything to ashes. Its capacity ranges from a single person to sixteen states. The constructive tejolabdhi is employed by serene, joyful and compassionate mind. *(Hindi Tika, part-2, p. 862)*

आश्चर्यक-पद ASHCHARYAK-PAD (SEGMENT OF THE MIRACULOUS)

१६०. दस अच्छेरगा पण्णत्ता, तं जहा–

उवसग्ग गब्भहरणं, इत्थीतित्थं अभाविया परिसा।
कण्हस्स अवरकंका, उत्तरणं चंदसूराणं॥१॥

हरिवंसकुलुप्पत्ती, चमरुप्पातो य अट्ठसयसिद्धा।
अस्संजतेसु पूआ, दसवि अणंतेण कालेणं॥२॥

१६०. दस आश्चर्य कहे हैं, जैसे–(१) उपसर्ग–तीर्थंकरों के ऊपर उपसर्ग होना। जैसे भगवान महावीर को शूलपाणि, संगम के मारणांतिक उपसर्ग हुए। केवलज्ञान होने के पश्चात् गोशालक द्वारा तेजोलब्धि का प्रयोग हुआ। (२) गर्भहरण–भगवान महावीर का गर्भापहरण होना। (३) स्त्री का तीर्थंकर होना। जैसे १९वें तीर्थंकर भगवती मल्ली। (४) अभावित परिषत्–तीर्थंकर भगवान महावीर का प्रथम धर्मोपदेश, वैशाख शुक्ला दसमी के दिन विफल हुआ अर्थात् उसे सुनकर किसी भी श्रोता ने चारित्र अंगीकार नहीं किया क्योंकि उसमें श्रोता देव परिषद् थी। । (५) कृष्ण का द्रौपदी को पद्मनाभ राजा के चंगुल से छुड़ाने के लिए अमरकंका का नगरी (धातकीषण्ड) में जाना। यह क्षेत्र कपिल वासुदेव की अधीनता का था। (६) चन्द्र और सूर्य देवों का कौशाम्बी में विमान-सहित अपने मूल शरीर के साथ भगवान महावीर के दर्शन करने आना। पृथ्वी पर उतरना। (७) हरिवंश कुल की उत्पत्ति। जैसे–हरिवर्ष क्षेत्र में जन्मे युगलिक को देव उठाकर भरतक्षेत्र की चम्पानगरी में ले आया। वहाँ वह राजा बने। उनसे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हरिवंश कुल की उत्पत्ति हुई। युगलियों का राजा बनना व वंश चलाना आश्चर्य है। (८) चमर का उत्पात–चमरेन्द्र का सौधर्मकल्प में जाना। (९) एक सौ आठ सिद्ध–इस अवसर्पिणी काल के तीसरे आरे में एक समय में उत्कृष्ट अवगाहना वाले एक साथ एक सौ आठ जीवों का सिद्ध होना। (१०) इस अवसर्पिणी काल में असंयमी की पूजा बढ़ी। यह भी एक आश्चर्य है।

160. There are said to be ten *ashcharyas* (miracles)—(1) *Upasarg* (affliction)—Afflictions on *Tirthankars*. For example Bhagavan Mahavir had to suffer near fatal afflictions at the hands of Shulapani and Sangam. After attaining omniscience he had to endure the *tejoleshya* of Goshalak. (2) *Garbhaharan*—the transplantation of embryo in case of Bhagavan Mahavir. (3) Female becoming a Tirthankar—Bhagavati Malli, the 19th *Tirthankar*. (4) *Abhavit Parishat*—The first sermon of Bhagavan Mahavir (*Vaishakh Shukla* tenth) went waste as no listener got initiated after the sermon. This was because the assembly consisted of gods only. (5) Krishna going to Amarkanka city (in Dhatakikhand) to get Draupadi released from king Padmanabh. This area was under the rule of Kapil Vaasudev. (6) Descending of gods Chandra and Surya in their original body and with their *vimaans* in Kaushambi to pay homage to Bhagavan Mahavir. (7) Origin of the Harivamsha lineage. Gods brought twins from Harivarsh area to Champanagari in Bharat area. They became rulers and started a lineage. Twins becoming rulers and starting a family lineage is a miracle. (8) Disturbance created by Chamar by going to Saudharma Kalp. (9) One hundred and eight *Siddhas*—Attaining of the *Siddha* status by 108 beings of maximum dimension at once during the third epoch of this regressive cycle. (10) The worship of the non-ascetic has been on the rise during this regressive cycle; this too is a miracle.

विवेचन–जो घटनाएँ सामान्य रूप से सदा नहीं होतीं, किन्तु किसी विशेष कारण से चिरकाल के पश्चात् कभी कभार होती हैं, उन्हें आश्चर्य-कारक होने से 'आश्चर्यक' या अच्छेरा कहा जाता है। जैनशासन में भगवान ऋषभदेव से लेकर भगवान महावीर के समय तक ऐसी दस अद्‌भुत या आश्चर्यजनक घटनाएँ घटी हैं। इनमें से पहली, दूसरी, चौथी, छठी और आठवीं घटना भगवान महावीर के शासनकाल से सम्बन्धित हैं। तीसरी घटना भगवान मल्लीनाथ, पाँचवी घटना भगवान अरिष्टनेमि, सातवीं घटना भगवान शीतलनाथ, नवीं घटना भगवान ऋषभदेव तथा दसवीं घटना भगवान सुविधिनाथ के निर्वाण के पश्चात् भगवान शान्तिनाथ के शासन काल के मध्य में हुई। इनमें निम्न अच्छेरों का वर्णन सम्बद्ध सूत्रों से जाना जा सकता है–

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय १६

Illustration No. 16

दस आश्चर्य (१)

जो घटना चिरकाल के पश्चात् असामान्य रूप से होती है, उसे आश्चर्य कहा जाता है। इस अवसर्पिणीकाल में दस आश्चर्य निम्न प्रकार हुए–

(१) **उपसर्ग**–तीर्थंकरों को उपसर्ग : जैसे गोशालक ने भगवान महावीर पर तेजोलेश्या का प्रयोग किया।

(२) **गर्भ–हरण**–भगवान महावीर का देवानन्दा के गर्भ से त्रिशला माता के गर्भ में स्थानान्तरण।

(३) **स्त्री–तीर्थंकर**–भगवान मल्लीनाथ स्त्री देह में तीर्थंकर हुए।

(४) **अभावित परिषद्**–भगवान महावीर की प्रथम धर्मदेशना में किसी ने चारित्र ग्रहण नहीं किया।

(५) श्रीकृष्ण वासुदेव का धातकीषण्ड की अपर कंकानगरी में गमन तथा कपिल वासुदेव के शंख ध्वनि करने पर दोनों वासुदेवों का शंख ध्वनि से मिलन हुआ। एक वासुदेव की सीमा में दूसरे वासुदेव का जाना आश्चर्य है।

–स्थान १०, सूत्र १६०

(क्रमशः अगले पृष्ठ पर)

TEN ASHCHARYAS (MIRACLES)—I

Unusual happenings after a prolonged gap are called *ashcharya* or miracles. The ten miracles of the current regressive cycle are as follows—

(1) Upasarg (affliction)—Afflictions on *Tirthankars*. For example Bhagavan Mahavir had to endure the *tejoleshya* of *Goshalak*.

(2) Garbhaharan—The transplantation of embryo (to be Bhagavan Mahavir) from the womb of Devananda to mother Trishala.

(3) Female Tirthankar—Bhagavan Mallinaath became *Tirthankar* with female body.

(4) Abhavit Parishat—In the first sermon of Bhagavan Mahavir no listener got initiated.

(5) Krishna going to Amarkanka city (in Dhatakikhand) and exchanging of conch-shell sounds with another Vaasudev, Kapil, there. Going of one Vaasudeva in the territory of another is a miracle.

—Sthaan 10, Sutra 160

(continue on next page)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दस आश्चर्य (2)



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय १७

Illustration No. 17

दस आश्चर्य (२)

(६) चन्द्र-सूर्य देव अपने विमान सहित भगवान के दर्शन करने एक साथ समवसरण में आये।

(७) **हरिवंश कुल की उत्पत्ति**—हरिवर्ष में जन्मे युगलिक को देवता चम्पानगरी में उठाकर ले आय और वहाँ का राजा बना दिया। जिससे हरिवंश कुल की उत्पत्ति हुई।

(८) असुरराज चमरेन्द्र ने शक्र की सौधर्म सभा में जाकर उत्पात मचाया। शक्र द्वारा वज्र फैंकने पर बचने के लिए भागकर ध्यानस्थ श्रमण भगवान महावीर के चरणों में शरण ली।

(९) तीसरे आरे में उत्कृष्ट अवगाहना वाले एक सौ आठ मुनि एक साथ सिद्ध हुए।

(१०) **असंयति पूजा**—भगवान सुविधिनाथ के शासनकाल पश्चात् असंयति जनों की पूजा बढ़ी।

—*स्थान १०, सूत्र १६०*

TEN ASHCHARYAS (MIRACLES)—II

(6) Descending of gods *Chandra* and *Surya* with their vimaans in the *Samavasaran* together to pay homage to Bhagavan Mahavir.

(7) Origin of the Harivamsha lineage—Gods brought twins from Harivarsh area to Champanagari and made them rulers. This was the origin of the Harivamsha clan.

(8) *Chamarendra*, the king of *Asurs* came to *Shakra's* assembly and created disturbance. When *Shakra* launched his *Vajra Chamar* flew and took refuge at the feet of meditating Bhagavan Mahavir.

(9) One hundred and eight ascetics of largest physique attained the *Siddha* status at once during the third epoch of this cycle.

(10) The worship of non-ascetics increased after the period of influence of Bhagavan Suvidhinaath.

—*Sthaan 10, Sutra 160*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(१) ८ अच्छेरा–भगवती सूत्र शतक १५/शतक ३/२।

(२) अच्छेरा–आचारांग २४वाँ अध्ययन आवश्यक निर्युक्ति।

(३) ५ अच्छेरा–ज्ञातासूत्र ८वाँ तथा अध्ययन १६।

(४) ६–७, ९–१० अच्छेरा–स्थानांग वृत्ति, आवश्यक निर्युक्ति, प्रवचन सारोद्धार वृत्ति। *(विवरण के लिए देखें–ठाणं पृष्ठ १०१५)*

Elaboration—Unusual happenings are called Achchhera or ashcharya or miracles. In the Jain order from Bhagavan Risabhadeva to Bhagavan Mahavir there are mentions of ten such miracles. Of the aforesaid miracles the first, second, fourth, sixth and eighth incidents are related to Bhagavan Mahavir's period. The third incident is related to the period of Bhagavan Malli Naath, fifth to that of Bhagavan Arishtanemi, seventh to that of Bhagavan Sheetal Naath, ninth to that of Bhagavan Risabhadeva and tenth to the period between nirvana of Bhagavan Suvidhi Naath and the period of influence of Bhagavan Shanti Naath. The details about some of the miracles can bee seen in the following works—

8th miracle—Bhagavati Sutra (15/3/2)

1st miracle—Acharanga Sutra ch. 24th

5th miracle—Jnata Sutra 8th and 16th chapters; Avashyak Niryukti

6, 7, 9 and 10 miracles—Sthananga Vritti, Avashyak Niryukti and Pravachanasaroddhar Vritti. *(for details see Thanam p. 1015)*

काण्ड–पद KAAND-PAD (SEGMENT OF SECTIONS)

१६१. इमीसे णं रयणप्पभाए पुढवीए रयणे कंडे दस जोयणसयाइं बाहल्लेणं पण्णत्ते।

१६२. इमीसे णं रयणप्पभाए पुढवीए वइरे कंडे दस जोयणसयाइं बाहल्लेणं पण्णत्ते।

१६३. एवं वेरुलिए, लोहितक्खे, मसारगल्ले, हंसगब्भे, पुलाए, सोगंधिए, जोतिरसे, अंजणे, अंजणपुलए, रययं, जातरूवे, अंके, फलिहे, रिट्ठे। जहा रयणे तहा सोलसविधा भाणितव्वा।

१६१. इस रत्नप्रभा पृथिवी का पहला रत्नकाण्ड दस सौ (१०००) योजन मोटा है।

१६२. इस रत्नप्रभा पृथिवी का दूसरा वज्रकाण्ड दस सौ योजन मोटा है।

१६३. इसीप्रकार वैडूर्यकाण्ड, लोहिताक्षकाण्ड, मसारगल्लकाण्ड, हंसगर्भकाण्ड, पुलककाण्ड, सौगन्धिककाण्ड, ज्योतिरसकाण्ड, अंजनकाण्ड, अंजनपुलककाण्ड, रजतकाण्ड, जातरूपकाण्ड, अंककाण्ड, स्फटिककाण्ड और रिष्टकाण्ड भी दस सौ–दस सौ योजन मोटे हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

161. The first section of this *Ratnaprabha Prithvi*, the *Ratna-kaand* is ten hundred *Yojan* thick.

162. The second section of this *Ratnaprabha Prithvi*, the *Vajra-kaand* is ten hundred *Yojan* thick.

163. In the same way the other sections, namely *Vaidurya-kaand, Lohitaksha-kaand, Masaragalla-kaand, Hamsagarbha-kaand, Pulak-kaand, Saugandhik-kaand, Jyotirasa-kaand, Anjana-kaand, Anjanapulak-kaand, Rajat-kaand, Jaatarupa-kaand, Anka-kaand, Sphatik-kaand,* and *Rishta-kaand* (all these are names of various gem stones) are also ten hundred *Yojan* thick.

विवेचन–यह रत्नप्रभा पृथिवी एक राजु परिमाण लम्बी (ऊँची) चौड़ी (विस्तृत) है। इसकी मोटाई एक लाख अस्सी हजार योजन है। इसके तीन काण्ड (हिस्से) हैं। (१) खरकाण्ड, (२) पंक–बहुल काण्ड और (३) जल–बहुल काण्ड। इनमें से से खरकाण्ड सबसे ऊपर है, वह मोटाई में १६ हजार योजन प्रमाण है। उसके नीचे का दूसरा काण्ड पंकबहुल है, जोकि मोटाई में ८४ हजार योजन है। उसके नीचे का तीसरा जलबहुल काण्ड है, जो मोटाई में ८० हजार योजन है। खरकाण्ड १६ भागों में विभाजित है। इनमें एक–एक भाग की मोटाई एक–एक हजार योजन की है। इनमें पहले भाग को रत्नकाण्ड, क्रमशः सोलहवें भाग को रिष्ट काण्ड कहते हैं। ये १६ काण्ड हजार–हजार योजन की मोटाई वाले हैं। खरकाण्ड में सोलह प्रकार के रत्न होने से इस पृथिवी का नाम रत्नप्रभा प्रसिद्ध है। *विस्तृत विवर , जीवाभिगम सूत्र से जानना चाहिए। (चित्र देखें)*

Elaboration—This Ratnaprabha *prithvi* is one *Rajju* long and wide. Its thickness is one hundred eighty thousand *Yojans*. It has three sections *(kaand) Khar-kaand, Pank-bahul kaand,* and *Jal-bahul kaand*. *Khar-kaand* is the top most section and its thickness is sixteen thousand *Yojans*. The section below it is *Pank-bahul kaand* with a thickness of 84 thousand *Yojans*. The lowest section is *Jal-bahul kaand* with a thickness of 80 thousand *Yojans*. *Khar-kaand* is divided into 16 layers with names listed in the aforesaid three aphorisms. As *Khar-kaand* is made up of sixteen kinds of gems (*ratna*) this earth is popularly known as Ratnaprabha. *(for detailed description see Jivabhigam Sutra; also see illustration)*

उद्वेध–पद UDVEDH-PAD (SEGMENT OF DEPTH)

१६४. सव्वेवि णं दीव–समुद्दा दस जोयणसताइं उव्वेहेणं पण्णत्ता।

१६५. सव्वेवि णं महादहा दस जोयणाइं उव्वेहेणं पण्णत्ता।

१६६. सव्वेवि णं सलिलकुंडा दस जोयणाइं उव्वेहेणं पण्णत्ता।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय १८

Illustration No. 18

रत्नप्रभा के तीन काण्ड

रत्नप्रभा प्रथम नरक भूमि की मोटाई एक लाख अस्सी हजार योजन है। इसके तीन खण्ड (भाग) हैं।

सबसे नीचे आकाश है, उस पर तनुवात है, उस पर घनवात और उस पर घनोदधि स्थित है। सबसे नीचे का–(१) जलकाण्ड जल बहुल ८० हजार योजन का है। (२) दूसरा पंककाण्ड (कीचड़मय) यह ८४ हजार योजन का है तथा तीसरा खरकाण्ड (रत्नमय) है। खरकाण्ड के १६ भाग हैं, प्रत्येक काण्ड १–१ हजार योजन का है, जो भिन्न–भिन्न रत्नों की प्रभा लिए हुए है। ऊपर से सबसे पहला वैडूर्यकाण्ड है तथा सबसे नीचे १६वाँ रिष्टकाण्ड है।

–स्थान १०, सूत्र १६१–१६३

THREE SECTIONS OF RATNAPRABHA

This *Ratnaprabha prithvi* (first hell) is one hundred eighty thousand *Yojans* thick. It has three sections (*kaand*).

Lowest is *akash* (space) above which is *tanuvaat*, then *ghanavaat* and then *ghanodadhi*. The lowest section is *Jal kaand* with a thickness of 80 thousand *Yojans*. The second section above it is Pank-bahul kaand with a thickness of 84 thousand *Yojans*. The third *Khar-kaand* is the top most section and its thickness is sixteen thousand *Yojans*. *Khar-kaand* is divided into 16 layers made up of sixteen kinds of gems (*ratna*). The highest among these is *Vaidurya kaand* and the lowest is *Risht kaand*.

—Sthaan 10, Sutra 161-163

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१६७. सीता–सीतोया णं महाणईओ मुहमूले दस–दस जोयणाइं उव्वेहेणं पण्णत्ताओ।

१६४. सभी द्वीप और समुद्र दस सौ–दस सौ (एक–एक हजार) योजन गहरे हैं।

१६५. सभी महाद्रह दस–दस योजन गहरे हैं।

१६६. सभी सलिलकुण्ड (प्रपातकुण्ड) दस–दस योजन गहरे हैं।

१६७. सीता–शीतोदा महानदियों के मुखमूल (समुद्र में प्रवेश करने के स्थान) दस–दस योजन गहरे हैं।

164. All *Dveeps* (continents or islands) and *samudras* (seas) are ten hundred *Yojans* deep.

165. All *Mahadraha* (great lakes) are ten hundred *Yojans* deep.

166. All *Salil kund* (waterfall-lakes) are ten hundred *Yojans* deep.

167. The mouths of Sita and Sitoda great rivers are ten hundred *Yojans* deep.

नक्षत्र–पद NAKSHATRA-PAD (SEGMENT OF CONSTELLATIONS)

१६८. कत्तियाणक्खत्ते सव्वबाहिराओ मण्डलाओ दसमे मंडले चारं चरति।

१६९. अणुराधाणक्खत्ते सव्वब्भंतराओ मंडलाओ दसमे चारं चरति।

१६८. कृत्तिका नक्षत्र चन्द्रमा के सर्वबाह्य–मण्डल से दसवें मण्डल में संचार (गमन) करता है।

१६९. अनुराधा नक्षत्र चन्द्रमा के सर्वाभ्यन्तर–मण्डल से दसवें मण्डल में संचार करता है।

168. Krittika *nakshatra* moves in the tenth orbit counted inwards from the outer most orbit around the moon.

169. Anuradha *nakshatra* moves in the tenth orbit counted outwards from the inner most orbit around the moon.

ज्ञानवृद्धिकर–पद JNANAVRIDDHIKAR-PAD (SEGMENT OF ENHANCEMENT OF KNOWLEDGE)

१७०. दस णक्खत्ता णाणस्स विद्धिकरा पण्णत्ता, तं जहा–

मिगसिरमद्दा पुस्सो, तिण्णि य पुव्वाइं मूलमस्सेसा।
हत्थो चित्ता य तहा, दस विद्धिकराइं णाणस्स॥१॥ (संग्रहणी गाथा)

१७०. दस नक्षत्र ज्ञान की वृद्धि करने वाले हैं, जैसे–(१) मृगशिरा, (२) आर्द्रा, (३) पुष्य, (४) पूर्वाषाढा, (५) पूर्वभाद्रपद, (६) पूर्वफाल्गुनी, (७) मूल, (८) आश्लेषा, (९) हस्त, (१०) चित्रा।

170. Ten *nakshatras* are said to be enhancers of knowledge—(1) Mrigashira, (2) Ardraa, (3) Pushya, (4) Purvashadh,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(5) Purvabhadrapad, (6) Purvaphalguni, (7) Mool, (8) Aashlesha, (9) Hast and (10) Chitra.

विवेचन–ज्ञान वृद्धि के दस नक्षत्रों का तात्पर्य यह है कि इन दस नक्षत्रों में से किसी भी नक्षत्र से यदि चन्द्र का योग लगा हो तो उस समय अध्ययन प्रारम्भ करने से वह ज्ञान वृद्धि में सहायक होता है।

Elaboration—The ten knowledge enhancing constellations means that if studies are commenced when any of these constellations is in conjunction with the moon it helps enhancing knowledge.

कुलकोटि–पद KULAKOTI-PAD (SEGMENT OF SPECIES)

१७१. चउप्पयथलयरपंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं दस जाति–कुलकोडि–जोणिपमुह–सतसहस्सा पण्णत्ता।

१७२. उरपरिसप्पथलयरपंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं दस जाति–कुलकोडि–जोणिपमुह–सतसहस्सा पण्णत्ता।

१७१. पंचेन्द्रिय, तिर्यग्योनिक, स्थलचर चतुष्पद की जाति-कुल-कोटियाँ दस लाख हैं।

१७२. पंचेन्द्रिय, तिर्यग्योनिक स्थलचर उरःपरिसर्प की जाति-कुल-कोटियाँ दस लाख हैं।

171. *Panchendriya tiryagyonik sthalchar chatushpad* (five-sensed terrestrial quadruped animals) have ten lac (hundred thousand) species (*jati kulakoti*) in their genuses (*yoni pramukh*).

172. *Panchendriya tiryagyonik sthalchar uraparisarp* (five-sensed terrestrial non-limbed reptilian animals) have ten lac (hundred thousand) species (*jati kulakoti*) in their genuses (*yoni pramukh*).

पापकर्म–पद PAAP-KARMA-PAD (SEGMENT OF DEMERITORIOUS KARMA)

१७३. जीवा णं दसठाणणिव्वत्तिते पोग्गले पावकम्मत्ताए चिणिंसु वा चिणंति वा चिणिस्संति वा, तं जहा–पढमसमयएगिंदियणिव्वत्तिए, (अपढमसमयएगिंदियणिव्वत्तिए, पढमसमयबेइंदियणिव्वत्तिए, अपढमसमयबेइंदियणिव्वत्तिए, पढमसमयतेइंदियणिव्वत्तिए, अपढमसमयतेइंदियणिव्वत्तिए, पढमसमयचउरिंदियणिव्वत्तिए, अपढमसमयचउरिंदियणिव्वत्तिए, पढमसमयपंचिंदियणिव्वत्तिए, अपढमसमय) पंचिंदियणिव्वत्तिए।

एवं–चिण–उवचिण–बंध–उदीर–वेय तह णिज्जरा चेव।

१७३. जीवों ने दस स्थानों से निर्वर्तित पुद्गलों का पापकर्म के रूप में संचय किया है, करते हैं और करेंगे। जैसे–(१) प्रथम समय–एकेन्द्रिय निर्वर्तित पुद्गलों का। (२) अप्रथम समय–एकेन्द्रिय

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निर्वर्तित पुद्गलों का। (३) **प्रथम समय**–द्वीन्द्रिय निर्वर्तित पुद्गलों का। (४) **अप्रथम समय**–द्वीन्द्रिय निर्वर्तित पुद्गलों का। (५) **प्रथम समय**–त्रीन्द्रिय निर्वर्तित पुद्गलों का। (६) **अप्रथम समय**–त्रीन्द्रिय निर्वर्तित पुद्गलों का। (७) **प्रथम समय**–चतुरिन्द्रिय निर्वर्तित पुद्गलों का। (८) **अप्रथम समय**–चतुरिन्द्रिय निर्वर्तित पुद्गलों का। (९) **प्रथम समय**–पंचेन्द्रिय निर्वर्तित पुद्गलों का। (१०) **अप्रथम समय**–पंचेन्द्रिय निर्वर्तित पुद्गलों का। इसी प्रकार उनका चय, उपचय, बंधन, उदीरण, वेदन और निर्जरण किया है, करते हैं और करेंगे।

173. All beings did, do and will acquire (*sanchit*) *karma* particles in the form of demeritorious *karmas* in the past, present and future respectively ten ways—

(1) *pratham samaya ekendriya nirvartit* (earned as one-sensed beings during the first moment of birth), (2) *apratham samaya ekendriya nirvartit* (earned as one-sensed beings after the moment of birth), (3) *pratham samaya dvindriya nirvartit* (earned as two-sensed beings during the first moment of birth), (4) *apratham samaya dvindriya nirvartit* (earned as two-sensed beings after the moment of birth), (5) *pratham samaya trindriya nirvartit* (earned as three-sensed beings during the first moment of birth), (6) *apratham samaya trindriya nirvartit* (earned as three-sensed beings after the moment of birth), (7) *pratham samaya chaturindriya nirvartit* (earned as four-sensed beings during the first moment of birth), (8) *apratham samaya chaturindriya nirvartit* (earned as four-sensed beings after the moment of birth). (9) *pratham samaya panchendriya nirvartit* (earned as five-sensed beings during the first moment of birth) and (10) *apratham samaya panchendriya nirvartit* (earned as five-sensed beings after the moment of birth).

In the same way all beings did, do and will augment (*upachaya*), bond (*bandh*), fructify (*udiran*), experience (*vedan*) and shed (*nirjaran*) the acquired *karma* particles in the past, present and future respectively in aforesaid ten ways.

विशेष शब्दों का अर्थ–

चय–कर्म पुद्गलों का ग्रहण। **उपचय**–निषेक–कर्मपुद्गलों द्वारा आत्म–प्रदेशों पर रचना विशेष। **बंध**–कर्म व आत्मा का दूध–पानी की तरह मिलना। **उदीरणा**–उदय में आने वाले कर्म पुद्गलों को प्रयत्न करके उदय में लाकर भोगना। **वेदन**–कर्मों का फल भोगना। **निर्जरण**–जीव–प्रदेशों से कर्मपुद्गलों का पृथक् हो जाना।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

TECHNICAL TERMS

Chaya (acquisition)—acquisition of karma particles. Upachaya (augmentation)—specific patterns made by karma particles on soul-space-points. *Bandh* (bondage)—assimilation of karmas and soul like that of milk and water. *Udirana* (fructification)—fructification of karma particles, having tendency of fruition, with conscious effort. *Vedan* (experience)—to experience the fruits of karmas. *Nirjaran* (shedding)—the separation of karma particles from the soul-space-points.

पुद्गल-पद PUDGAL-PAD (SEGMENT OF MATTER)

१७४. दसपएसिया खंधा अणंता पण्णत्ता। १७५. दसपएसोगाढा पोग्गला अणंता पण्णत्ता। १७६. दससमयट्ठितीया पोग्गला अणंता पण्णत्ता। १७७. दसगुणकालगा पोग्गला अणंता पण्णत्ता। १७८. एवं वण्णेहिं गंधेहिं रसेहिं फासेहिं दसगुणलुक्खा पोग्गला अणंता पण्णत्ता।

१७४. दस प्रदेशी पुद्गलस्कन्ध अनन्त हैं। १७५. दस प्रदेशावगाढ पुद्गल अनन्त हैं। १७६. दस समय की स्थिति वाले पुद्गल अनन्त हैं। १७७. दस गुण काले पुद्गल अनन्त हैं। १७८. इसी प्रकार वर्ण तथा गन्ध, रस और स्पर्शों के दस-दस गुण वाले पुद्गल अनन्त कहे गये हैं।

174. There are infinite *das pradeshi pudgal-skandhs* (aggregates of ten ultimate particles). **175.** There are infinite *das pradeshavagadh pudgal-skandhs* (ultimate particles occupying ten space-points). **176.** There are infinite *das samayasthiti pudgal-skandhs* (ultimate particles existing for ten *Samayas*). **177.** There are infinite *pudgal-skandhs* (ultimate particles) with ten units of the attribute of black appearance. **178.** In the same way there are infinite *pudgal-skandhs* (ultimate particles) with ten units of each of the remaining attributes of smell, taste, and touch.

॥ दसम स्थान समाप्त ॥

● END OF THE TENTH STHAAN ●

॥ स्थानांग सूत्र समाप्त ॥

● END OF STHAANANGA SUTRA ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परिशिष्ट-१

आगमों का अनध्यायकाल

(स्व. आचार्यप्रवर श्री आत्माराम जी महाराज द्वारा सम्पादित नन्दीसूत्र से उद्धृत)

स्वाध्याय के लिए आगमों में जो समय बताया गया है, उसी समय शास्त्रों का स्वाध्याय करना चाहिए। अनध्यायकाल में स्वाध्याय वर्जित है।

मनुस्मृति आदि स्मृतियों में भी अनध्यायकाल का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है। वैदिक लोग भी वेद के अनध्यायों का उल्लेख करते हैं। इसी प्रकार अन्य आर्ष ग्रन्थों का भी अनध्याय माना जाता है। जैनागम भी सर्वज्ञोक्त, देवाधिष्ठित तथा स्वर-विद्या संयुक्त होने के कारण, इनका भी शास्त्रों में अनध्यायकाल वर्णित किया गया है।

स्थानांगसूत्र के अनुसार, दस आकाश से सम्बन्धित, दस औदारिक शरीर से सम्बन्धित, चार महाप्रतिपदा, चार महाप्रतिपदा की पूर्णिमा और चार सन्ध्या। इस प्रकार बत्तीस अनध्यायकाल माने गए हैं, जिनका संक्षेप में निम्न प्रकार से वर्णन है :

आकाश सम्बन्धी दस अनध्याय

१. **उल्कापात-तारापतन**-यदि महत् तारापतन हुआ है तो एक प्रहर पर्यन्त शास्त्र-स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

२. **दिग्दाह**-जब तक दिशा रक्तवर्ण की हो अर्थात् ऐसा मालूम पड़े कि दिशा में आग-सी लगी है, तब भी स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

३. **गर्जित**-बादलों के गर्जन पर एक प्रहर पर्यन्त स्वाध्याय न करे।

४. **विद्युत्**-बिजली चमकने पर एक प्रहर पर्यन्त स्वाध्याय न करे।

किन्तु गर्जन और विद्युत् का अस्वाध्याय चातुर्मास में नहीं मानना चाहिए। क्योंकि वह गर्जन और विद्युत् प्रायः ऋतु-स्वभाव से ही होता है। अतः आर्द्रा से स्वाति नक्षत्र पर्यन्त अनध्याय नहीं माना जाता।

५. **निर्घात**-बिना बादल के आकाश में व्यन्तरादिकृत घोर गर्जना होने पर दो प्रहर तक अस्वाध्यायकाल है।

६. **यूपक**-शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा, द्वितीया, तृतीया को सन्ध्या की प्रभा और चन्द्रप्रभा के मिलने को यूपक कहा जाता है। इन दिनों प्रहर रात्रि पर्यन्त स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

७. **यक्षादीप्त**-कभी किसी दिशा में बिजली चमकने जैसा, थोड़े-थोड़े समय पीछे जो प्रकाश होता है वह यक्षादीप्त कहलाता है। अतः आकाश में जब तक यक्षाकार दीखता रहे तब तक स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

८. **धूमिका-कृष्ण**-कार्तिक से लेकर माघ मास तक का समय मेघों का गर्भमास होता है। इसमें धूम्र वर्ण की सूक्ष्म जलरूप धुंध पड़ती है। वह धूमिका-कृष्ण कहलाती है। जब तक वह धुंध पड़ती रहे, तब तक स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

९. **मिहिकाश्वेत**-शीतकाल में श्वेत वर्ण की सूक्ष्म जलरूप धुंध मिहिका कहलाती है। जब तक यह गिरती रहे, तब तक अस्वाध्यायकाल है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१०. रज–उद्‌घात–वायु के कारण आकाश में चारों ओर धूल छा जाती है। जब तक यह धूल फैली रहती है, स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

औदारिक शरीर सम्बन्धी दस अनध्याय

११–१३. **हड्डी, माँस और रुधिर**–पंचेन्द्रिय, तिर्यंच की हड्डी, माँस और रुधिर यदि सामने दिखाई दें, तो जब तक वहाँ से यह वस्तुएँ उठाई न जाएँ, तब तक अस्वाध्याय है। वृत्तिकार आसपास के ६० हाथ तक इन वस्तुओं के होने पर अस्वाध्याय मानते हैं।

इसी प्रकार मनुष्य सम्बन्धी अस्थि, माँस और रुधिर का भी अनध्याय माना जाता है। विशेषता इतनी है कि इनका अस्वाध्याय सौ हाथ तक तथा एक दिन-रात का होता है। स्त्री के मासिक धर्म का अस्वाध्याय तीन दिन तक तथा बालक एवं बालिका के जन्म का अस्वाध्याय क्रमशः सात एवं आठ दिन पर्यन्त का माना जाता है।

१४. **अशुचि**–मल-मूत्र सामने दिखाई देने तक अस्वाध्याय है।

१५. **श्मशान**–श्मशान भूमि के चारों ओर सौ-सौ हाथ पर्यन्त अस्वाध्याय माना जाता है।

१६. **चन्द्रग्रहण**–चन्द्रग्रहण होने पर जघन्य आठ, मध्यम बारह और उत्कृष्ट सोलह प्रहर पर्यन्त स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

१७. **सूर्यग्रहण**–सूर्यग्रहण होने पर भी क्रमशः आठ, बारह और सोलह प्रहर पर्यन्त अस्वाध्यायकाल माना गया है।

१८. **पतन**–किसी बड़े मान्य राजा अथवा राष्ट्र-पुरुष का निधन होने पर जब तक उसका दाह-संस्कार न हो, तब तक स्वाध्याय नहीं करना चाहिए अथवा जब तक दूसरा अधिकारी सत्तारूढ़ न हो, तब तक शनैः-शनैः स्वाध्याय करना चाहिए।

१९. **राजव्युद्‌ग्रह**–समीपस्थ राजाओं में परस्पर युद्ध होने पर जब तक शान्ति न हो जाए, तब तक और उसके पश्चात् भी एक दिन-रात्रि स्वाध्याय नहीं करे।

२०. **औदारिक शरीर**–उपाश्रय के भीतर पंचेन्द्रिय जीव का वध हो जाने पर जब तक कलेवर पड़ा रहे, तब तक तथा १०० हाथ तक यदि निर्जीव कलेवर पड़ा हो तो स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

२१–२८. **चार महोत्सव और चार महाप्रतिपदा**–आषाढ़-पूर्णिमा, आश्विन-पूर्णिमा, कार्तिक-पूर्णिमा और चैत्र-पूर्णिमा ये चार महोत्सव हैं। इन पूर्णिमाओं के पश्चात् आने वाली प्रतिपदा को महाप्रतिपदा कहते हैं। इनमें स्वाध्याय करने का निषेध है।

२९–३२. **प्रातः, सायं, मध्याह्न और अर्ध-रात्रि**–प्रातः सूर्य उगने से एक घड़ी पहले तथा एक घड़ी पीछे, सूर्यास्त होने से एक घड़ी पहले तथा एक घड़ी पीछे, मध्याह्न अर्थात् दोपहर में एक घड़ी पहले और एक घड़ी पीछे एवं अर्ध-रात्रि में भी एक घड़ी पहले तथा एक घड़ी पीछे स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

इस प्रकार अस्वाध्यायकाल टालकर दिन-रात्रि में चार काल का स्वाध्याय करना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Appendix-1

INAPPROPRIATE TIME FOR STUDY OF AGAMS

(Quoted from Nandi Sutra edited by Late Acharya Pravar Shri Atmaram ji M.)

Scriptures should be studied only at the appropriate time as prescribed in the *Agams*. Study of scriptures at a 'time inappropriate for studies' (*anadhyaya kaal*) is prohibited.

Detailed description of *anadhyaya kaal* (time inappropriate for studies) is also included in *Smritis* (the corpus of *Sanatan Dharmashastra*) like *Manusmriti*. Vedic people also mention about the *anadhyaya kaal* (time inappropriate for studies) of the *Vedas*. This rule is applicable to other Aryan holy books. As Jain *Agams* are sermons of the Omniscient, ensconced by the *devas* and phonetically composed, discussion about the *anadhyaya kaal* (time inappropriate for studies) is also included in the scriptures. For example :

According to *Sthananga Sutra* there are thirty two slots of time defined as *anadhyaya kaal* (time inappropriate for studies)—ten related to sky, ten related to the gross physical body (*audarik sharira*), four relating to *mahapratipada* (the date following a specific full moon night), four relating to the date of the said full moon night and four relating to *sandhya* (the four junctions of parts of the day, viz. morning, noon, evening and midnight). They are briefly described as follows :

RELATING TO SKY

1. Ulkapat or Tarapatan—If a falling star or a comet is visible in the sky, scriptures should not be studied for three hours following the incident.

2. Digdaha—As long as the sky looks crimson in any direction, as if there was a fire, then study of scriptures should not be done.

3. Garjit—For three hours following thunder of clouds such studies are prohibited.

4. Vidyut—For three hours following lightening such studies are prohibited.

However, the prohibition related to thunder and lightening is not applicable during the four months of monsoon. This is because frequent thunder and lightening is an essential attribute of that season. Thus this prohibition is relaxed starting from *Ardra* till *Svati Nakshatra* (lunar mansion or 27/28 divisions of the ecliptic on the path of the moon).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

5. Nirghat—For six hours following thunder without clouds (demonic or otherwise) such studies are prohibited.

6. Yupak—The conjunction of solar and lunar glows at twilight hour on first, second and third days of the bright half of a month (*Shukla Paksha*) is called *Yupak*. During these dates such studies are prohibited during the first quarter of the night.

7. Yakshadeepti—Some times there is a lightning like intermittent glow visible in the sky. This is called *Yakshadeepti*. As long as such glow is visible in the sky such studies are prohibited.

8. Dhoomika-krishna—The months from *Kartik* to *Maagh* are months of cloud formation. During this period smoky fog of suspended water particles is a frequent phenomenon. This is called *Dhoomika-krishna*. As long as this fog exists such studies are prohibited.

9. Mihikashvet—The white mist during winter season is called *Mihikashvet*. As long as this exists such studies are prohibited.

10. Raj-udghat—High speed wind causes dust storm. This is called *Raj-udghat*. As long as the sky is filled with dust such studies are prohibited.

RELATING TO GROSS PHYSICAL BODY

11-13. Bone, flesh and blood—As long as bone, flesh and blood of five sensed animals are visible and not removed from sight such studies are prohibited. According to the commentator (*Vritti*) if such things are lying up to a distance of 60 yards the prohibition is effective.

This rule is applicable to human bones, flesh and blood with the amendment that the distance is 100 cubits and the effective period is one day and night. The period prohibited for studies is three days in case of a women in menstruation, seven days in case of male-child birth and eight days in case of a female-child birth.

14. Ashuchi—As long as excreta is visible and not removed from sight such studies are prohibited.

15. Smashan—Up to a distance of hundred yards in any direction from a cremation ground such studies are prohibited.

16. Chandra grahan—At the time of lunar eclipse such studies are prohibited for eight, twelve or sixteen hours.

17. Surya grahan—At the time of solar eclipse such studies are prohibited for eight, twelve or sixteen hours.

18. Patan—On the death of a king or some other nationally eminent person such studies are prohibited as long as he is not cremated. Even after that, the period of study is kept limited as long as his successor does not take over.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

19. Raaj-vyudgraha—During a war between neighbouring states such studies are prohibited as long as peace does not prevail. Studies should be resumed only 24 hours after peace is established.

20. Audarik Sharira—In case a five sensed animal dies or is killed in an *upashraya* (place of stay for ascetics) such studies are prohibited as long as the dead body is not removed. This prohibition also applies if a dead body is lying within 100 yards of the place of stay.

21-28. Four Mahotsavas and four Mahapratipada—*Ashadh, Ashvin, Kartik* and *Chaitra purnimas* (the full moon days of these four months) are called great festival days. The days after these festival days are called *Mahapratipada*. On all these days such studies are prohibited.

29-32. Morning, evening, noon and midnight—During the twenty four minutes preceding and following the four junctions of parts of the day, viz. morning, noon, evening and midnight such studies are prohibited.

Studies of scriptures or other holy books should be done avoiding all these *anadhyaya kaal* (time inappropriate for studies).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विश्व में पहली बार जैन साहित्य के इतिहास में एक नये ज्ञान युग का शुभारम्भ

(जैन आगम, हिन्दी एवं अंग्रेजी भावार्थ और विवेचन के साथ। शास्त्र के भावों को उद्घाटित करने वाले बहुरंगे चित्रों सहित)

१. **सचित्र उत्तराध्ययनसूत्र–** मूल्य ५००/–

भगवान महावीर की अन्तिम वाणी। आदर्श जीवन विज्ञान तथा तत्त्वज्ञान से युक्त मोक्षमार्ग के सम्पूर्ण अंगों का सारपूर्ण वर्णन। एक ही सूत्र में सम्पूर्ण जैन आचार, दर्शन और सिद्धान्तों का समग्र सद्बोध।

२. **सचित्र दशवैकालिकसूत्र** मूल्य ५००/–

जैन श्रमण की अहिंसा व यतनायुक्त आचार संहिता। जीवन में पद-पद पर काम आने वाले विवेक युक्त, संयत व्यवहार, भोजन, भाषा, विनय आदि की मार्गदर्शक सूचनाएँ। आचार विधि को रंगीन चित्रों के माध्यम से आकर्षक और सुबोध बनाया गया है।

३. **सचित्र नन्दीसूत्र** मूल्य ५००/–

मतिज्ञान-श्रुतज्ञान आदि पाँचों ज्ञानों का उदाहरणों सहित विस्तृत वर्णन।

४. **सचित्र अनुयोगद्वारसूत्र (भाग १, २)** मूल्य १,०००/–

यह शास्त्र जैन दर्शन और तत्त्वज्ञान को समझने की कुंजी है। नय, निक्षेप, प्रमाण, जैसे दार्शनिक विषयों के साथ ही गणित, ज्योतिष, संगीतशास्त्र, काव्यशास्त्र, प्राचीन लिपि, नाप-तौल आदि सैकड़ों विषयों का वर्णन है। यह सूत्र गम्भीर भी है और बड़ा भी है। अतः दो भागों में प्रकाशित किया है।

५. **सचित्र आचारांगसूत्र (भाग १, २)** मूल्य १,०००/–

यह ग्यारह अंगों में प्रथम अंग है। भगवान महावीर द्वारा प्रतिपादित अहिंसा, सम्यक्त्व, संयम, तितिक्षा आदि आधारभूत तत्त्वों का बहुत ही सुन्दर वर्णन है। भगवान महावीर का जीवन चरित्र, उनकी छद्मस्थ चर्या का आँखों देखा वर्णन तथा जैन श्रमण का आचार-विचार दूसरे भाग में है। दोनों भाग विविध ऐतिहासिक व सांस्कृतिक चित्रों से युक्त।

६. **स्थानांगसूत्र (भाग १, २)** १,२००/–

यह चौथा अंगसूत्र है। अपनी खास संख्या प्रधान शैली में संकलित यह शास्त्र ज्ञान, विज्ञान, ज्योतिष, भूगोल-गणित, इतिहास, नीति-आचार, मनोविज्ञान, पुरुष-परीक्षा आदि सैकड़ों प्रकार के विषयों का ज्ञान देने वाला बहुत ही विशालकाय शास्त्र है। भावार्थ और विवेचन के कारण प्रत्येक पाठक के लिए समझने में सरल और ज्ञानवर्धक है।

७. **ज्ञाताधर्मकथा (भाग १, २)** मूल्य १,०००/–

भगवान महावीर द्वारा प्रवचनों में प्रयुक्त धर्मकथाएँ, उद्बोधक रूपक, दृष्टान्त आदि जिनके माध्यम से तत्त्वज्ञान सहज ही ग्राह्य हो गया है। विविध रोचक रंगीन चित्रों से युक्त। दो भागों में सम्पूर्ण आगम।

८. **सचित्र उपासकदशा एवं अनुत्तरौपपातिकदशा** मूल्य ५००/–

सप्तम अंग उपासकदशा में भगवान महावीर के प्रमुख १० श्रावकों का जीवन चरित्र तथा उनके श्रावक धर्म का रोचक वर्णन है। नवम् अंग अनुत्तरौपपातिकदशा में उत्कृष्ट तपःसाधना करने वाले ३३ श्रमणों की तप ध्यान-साधना का रोमांचक वर्णन है। भावों को स्पष्ट करने वाले कलात्मक रंगीन चित्रों सहित।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९. **सचित्र निरयावलिका एवं विपाकसूत्र** मूल्य ६००/–

निरयावलिका में पाँच उपांग हैं। भगवान महावीर के परम भक्त राजा कूणिक के जन्म आदि का वर्णन तथा वैशाली गणतंत्राध्यक्ष चेटक के साथ हुए महाशिलाकंटक युद्ध का रोमांचक सचित्र चित्रण तथा भगवान अरिष्टनेमि एवं भगवान पार्श्वनाथ के शासन में दीक्षित अनेक श्रमण–श्रमणियों का चरित्र इनमें है।

विपाकसूत्र में अशुभ कर्मों के अत्यन्त कटु फल का वर्णन है, जिसे सुनते ही हृदय द्रवित हो जाता है, तथा सुखविपाक में दान–तप आदि शुभ कर्मों के महान् सुखदायी पुण्य फलों का मुँह बोलता वर्णन है। भावपूर्ण रोचक कलापूर्ण चित्रों के साथ।

१०. **सचित्र अन्तकृद्दशासूत्र** मूल्य ५००/–

आठवें अंग अन्तकृद्दशासूत्र में मोक्षगामी ९० महान् आत्म साधक श्रमण–श्रमणियों के तपोमय साधना जीवन का प्रेरक वर्णन है। यह सूत्र पर्युषण में विशेष रूप में पठनीय है। विविध चित्र व तपों के चित्रों से समझने में सरल सुबोध है।

११. **सचित्र औपपातिकसूत्र** मूल्य ६००/–

यह प्रथम उपांग है। इसमें राजा कूणिक का भगवान महावीर की वन्दनार्थ प्रस्थान, दर्शन–यात्रा तथा भगवान की धर्मदेशना, धर्म प्ररूपणा आदि विषयों का बहुत ही विस्तृत लालित्ययुक्त वर्णन है। इसी में अम्बड़ परिव्राजक आदि अनेक परिव्राजकों की तपःसाधना का वर्णन भी है।

१२. **सचित्र रायपसेणियसूत्र** मूल्य ५००/–

यह द्वितीय उपांग है। धर्मद्वेषी प्रदेशी राजा को धर्मबोध देकर परम धार्मिक बनाने वाले महान् ज्ञानी आचार्य केशीकुमार श्रमण के साथ आत्मा, परलोक, पुनर्जन्म आदि विषयों पर हुई तर्कयुक्त अध्यात्म चर्चा प्रत्येक जिज्ञासु के लिए पठनीय ज्ञानवर्द्धक है। आत्मा और शरीर की भिन्नता समझाने वाले उदाहरणों के चित्र भी बोधप्रद हैं।

१३. **सचित्र कल्पसूत्र** मूल्य ५००/–

कल्पसूत्र का पठन, पर्युषण में विशेष रूप में होता है। इसमें २४ तीर्थंकरों का जीवन चरित्र है। साथ ही भगवान महावीर का विस्तृत जीवन चरित्र, श्रमण समाचारी तथा स्थविरावली का वर्णन है। २४ तीर्थंकरों के जीवन से सम्बन्धित सुरम्य चित्रों के कारण सभी के लिए आकर्षक उपयोगी है।

- इस प्रकार १७ जिल्दों में १८ आगम तथा कल्पसूत्र प्रकाशित हो चुके हैं। प्राकृत अथवा हिन्दी का साधारण ज्ञान रखने वाले व्यक्ति भी अंग्रेजी माध्यम से जैनशास्त्रों का भाव, उस समय की आचार–विचार प्रणाली आदि को अच्छी प्रकार से समझ सकते हैं। अंग्रेजी शब्द कोष भी दिया गया है।
- पुस्तकालयों, ज्ञान भण्डारों तथा संत–सतियों, स्वाध्यायियों के लिए विशेष रूप से संग्रह करने योग्य आगमों का यह प्रकाशन कुछ समय पश्चात् दुर्लभ हो सकता है।
- इस आगम माला के प्रकाशन में परम श्रद्धेय उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक गुरुदेव भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी महाराज की अत्यन्त बलवती प्रेरणा रही है। उनके शिष्यरत्न जैन शासन दिवाकर आगमज्ञाता उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि जी म. द्वारा सम्पादित है, इनके सह–सम्पादक हैं प्रसिद्ध विद्वान् श्रीचन्द सुराना। अंग्रेजी अनुवादकर्ता हैं श्री सुरेन्द्र बोथरा तथा सुश्रावक श्री राजकुमार जी जैन।
- आगामी प्रकाशन : सचित्र श्री भगवती सूत्र।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

IN THE HISTORY OF JAIN LITERATURE BEGINNING OF A NEW ERA OF KNOWLEDGE FOR THE FIRST TIME IN THE WORLD

(Jain Agams published with free flowing translation in Hind and English. Also included are multicoloured illustrations vividly exemplifying various themes contained in scriptures)

1. **Illustrated Uttaradhyayan Sutra** **Price Rs. 500/-**
   The last sermon of Bhagavan Mahavir. Essence of the ideal way of life and path of liberation based on philosophical knowledge contained in all Angas. The pious discourse encapsulating complete Jain conduct, philosophy and principles.

2. **Illustrated Dashavaikalik Sutra** **Price Rs. 500/-**
   The simple rule book of ahimsa and caution based Shraman conduct rendered vividly with the help of multicoloured illustrations. Useful at every step in life, even of common man, as a guide book of good behaviour, balanced conduct and norms of etiquette, food and speech.

3. **Illustrated Nandi Sutra** **Price Rs. 500/-**
   All enveloping discussion of the five facets of knowledge including Mati-jnana and Shrut-jnana.

4. **Illustrated Anuyogadvar Sutra (Parts 1 and 2)** **Price Rs. 1,000/-**
   This scripture is the key to understanding Jain philosophy and metaphysics. Besides philosophical topics like Naya, Nikshep and Praman it contains discussion about hundreds of other subjects including mathematics, astrology, music, poetics, ancient scripts, and weights and measures. The complexity and volume of this could be covered only in two volumes.

5. **Illustrated Acharanga Sutra (Parts 1 and 2)** **Price Rs. 1,000/-**
   This is the first among the eleven Angas. It contains lucid description of ahimsa, samyaktva, samyam, titiksha and other fundamentals propagated by Bhagavan Mahavir. Eye-witness-like description of the life of Bhagavan Mahavir and his pre-omniscience praxis as well as details abou ascetic conduct and praxis form the second part. Both parts contain multi-coloured illustrations on a variety of historical and cultural themes.

6. **Illustrated Sthananga Sutra (Parts 1 and 2)** **Price Rs. 1,200/-**
   This is the fourth Anga Sutra. Compiled in its unique numerical placement style, this scripture is a voluminous work containing

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

information about scriptural knowledge, science, astrology, geography, mathematics, history, ethics, conduct, psychology, judging man and hundreds of other topics. The free flowing translation and elaboration make the contents easy to understand and edifying even for common readers.

7. Illustrated Jnata Dharma Katha Sutra (Parts 1 and 2) **Price Rs. 1,000/-**

Famous inspiring and enlightening religious tales, allegories and incidents told by Bhagavan Mahavir presented with attractive colourful illustrations. This works makes the abstract philosophical principles easy to understand. This is the sixth Anga complete in two volumes.

8. Illustrated Upasak Dasha and Anuttaraupapatik Dasha Sutra **Price Rs. 500/-**

This book contains the seventh and the ninth Angas. The seventh Anga, Upasak Dasha, contains the stories of life of ten prominent Shravak disciples of Bhagavan Mahavir with a special emphasis on their religious conduct. The ninth Anga Anuttaraupapatik Dasha contains thrilling description of the lofty austerities and meditation done by thirty three specific ascetics. With colourful illustrations.

9. Illustrated Niryavalika and Vipaak Sutra **Price Rs. 600/-**

Niryavalika has five Upangas that contain the story of the birth of King Kunik, a devout disciple of Bhagavan Mahavir. This also contains the thrilling and illustrated description of the famous Mahashilakantak war between Kunik and Chetak, the president of the republic of Vaishali. Besides these it also has life-stories of many Shramans and Shramanis of the lineage of Bhagavan Parshva Naath.

Vipaak Sutra contains the description of the extremely bitter fruits of ignoble deeds. This touching description inspires one towards noble deeds like charity and austerities the fruits of which have been lucidly described in its second section titled Sukha-vipaak. The colourful artistic illustrations add to the attraction.

10. Illustrated Antakriddasha Sutra **Price Rs. 500/-**

This eighth Anga contains the inspiring stories of the spiritual pursuits of ninety great men destined to be liberated. This Sutra is specially read during the Paryushan period. The illustrations related to austerities are specially informative.

11. Illustrated Aupapatik Sutra **Price Rs. 500/-**

This is the first Upanga. This contains lucid and poetic description of numerous topics including King Kunik's preparations to go to pay homage

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

to Bhagavan Mahavir, Bhagavan's sermon and establishment of the religious order. This also contains the description of austerities observed by Ambad and many other Parivrajaks.

12. **Illustrated Raipaseniya Sutra** **Price Rs. 500/-**

This is the second Upanga. It provides an interesting and edifying reading of the discussions between Acharya Keshi Kumar Shraman and the anti-religious king Pradeshi on topics like soul, next life and rebirth. This dialogue turned him into a great religionist. The illustrations of the examples showing the difference between soul and body are also instructive.

13. **Illustrated Kalpa Sutra** **Price Rs. 500/-**

Kalpa Sutra is widely read and recited during the Paryushan festival. It contains stories of life of 24 Tirthankars with more details about Bhagavan Mahavir's life. It also contains the disciple lineage of Bhagavan Mahavir and detailed ascetic praxis. The illustrations connected with the 24 Tirthankars add to its attraction as well as utility.

- Thus till date 18 Agams and Kalpa Sutra have been published in 17 books. The English translation makes it possible for those with passing knowledge of Prakrit and Hind to understand the content of Jain Agams including the religious practices as prevalent in ancient times. Also included in some of these editions are glossaries of Jain terms with their meanings in English.
- Due to its demand by libraries, Jnana Bhandars, ascetics and lay readers this unique series may soon go out of print.
- The publication of this Agam series has been inspired by Uttar Bharatiya Pravartak Gurudev Bhandari Shri Padmachandra ji M. Its editor is his able disciple **Uttar Bharatiya Pravartak Shri Amar Muni ji Maharaj.** His team includes renowned scholar Shri Srichand Surana as associate editor, Shri Surendra Bothara and Sushravak Shri Raj Kumar Jain, as English translators.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि

प्रस्तुत सूत्र के सम्पादक श्री अमर मुनि जी, श्री वर्द्धमान स्थानकवासी जैन श्रमणसंघ के एक तेजस्वी संत हैं। आपकी वाणी में जादू है। श्रोता जब आपश्री के मुख से जिनवाणी का रसास्वाद करते हैं तो झूमने लग जाते हैं।

जिनवाणी के परम उपासक गुरुभक्त श्री अमर मुनि जी का जन्म वि. सं. १९९३ भादवा सुदि ५ (सन् १९३६), क्वेटा (बलूचिस्तान) के मल्होत्रा परिवार में हुआ।

११ वर्ष की लघुवय में आप जैनागम रत्नाकर आचार्यसम्राट श्री आत्माराम जी महाराज की चरण—शरण में आये और आचार्यदेव ने अपने प्रिय शिष्यानुशिष्य भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी महाराज को इस रत्न को तराशने/सँवारने का दायित्व सौंपा। गुरुदेव श्री भण्डारी जी महाराज ने अमर को सचमुच अमरता के पथ पर बढ़ा दिया। आपने संस्कृत—प्राकृत—आगम—व्याकरण—साहित्य आदि का अध्ययन करके एक ओजस्वी प्रवचनकार, तेजस्वी धर्म—प्रचारक तथा जैन आगम साहित्य के अध्येता और व्याख्याता के रूप में जैन समाज में प्रसिद्धि प्राप्त की।

आपश्री ने भगवती सूत्र (४ भगा), प्रश्नव्याकरण सूत्र (२ भाग), सूत्रकृतांग सूत्र (२ भाग) आदि आगमों की सुन्दर विस्तृत व्याख्याएँ की हैं। आगम साहित्य का सचित्र प्रकाशन करने की सुन्दर विस्तृत व्याख्याएँ की हैं। आगम साहित्य का सचित्र प्रकाशन करने की अभिनव अद्वितीय संकल्पना की है।

PRAVARTAK SHRI AMAR MUNI

The editor-in-chief of this Sutra, is a brilliant ascetic affliated with Shri Vardhaman Sthanakvasi Jain Shraman Sangh. He is endowed with a maganetic style of oration. When masses listen to the tenets of Jina they are spellbound.

A great worshiper of the tenets of Jina and a devotee of his Guru, Shri Amar Muni Ji was born in a Malhotra family of Queta (Baluchistan) on Bhadva Sudi 5th in the year 1993 V.

He took refuge with Jainagam Ratnakar Acharya Samrat Shri Atmaram Ji M. at an immature age of eleven years. Acharya Samrat entrusted his dear grand-disciple, Bhandari Shri Padmachandra Ji M. with the responsibility of cutting and polishing this raw gem. Gurudev Shri Bhandari Ji M. indeed, put Amar (immortal) on the path of immortality. He studied Sanskrit, Prakrit, Agams, Grammar and Literature to gain fame in the Jain society as an eloquent orator, an effective religions preacher and a scholar and interpreter of Jain Agam literature.

He has written nice and detailed commentaries of Bhagavati Sutra (in four parts), Prahsnavyakaran Sutra (in two parts), Sutrakritanga Sutra (in two parts) and some other Agams. He is the one who came out with

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org





























Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org